महाकवि भास

प्रथम परिच्छेद

विषय-प्रवेश

संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास वह जाज्वल्यमान मणि है जिसकी कीर्ति-कौमुदी की प्रसृति काल के दुर्दम्य प्रभाव से अस्पृष्ट रही अथच सुदूर दक्षिण से लेकर ध्रुव उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक सम्पूर्ण भरतखण्ड में चमकती रही। नाटक को पञ्चम वेद होने का जो गौरव भरत प्रदान किया तथा कालिदास ने जो उसे भिन्नरुचि-जनों का एकत्र समाराधन कहा, इसकी सम्यक् परिपुष्टि भास के नाटकों से होती है। नाटक कवित्व का चरम परिपाक है—'नाटकान्तं कवित्वम्'। इसमें तीनों लोकों के भावों का अनुवर्तन होता है। जब हम इस दृष्टि से देखते हैं तो भास की महत्ता और बढ़ जाती है। उस सुदूर अतीत में जब लौकिक संस्कृत अभी अपनी दिशा का निर्माण कर रही थी, भास ने तेरह नाटकों की रचना की और केवल रचना ही न की अपितु सफलता भी प्राप्त की। यह नाट्य-साहित्य के इतिहास में चिरस्मरणीय बात है।

भास-नाटकचक्र की प्रशस्ति

बीसवीं सदी के आरम्भ तक भास-नाटकचक्र के बारे में केवल यत्र-तत्र प्रशस्ति-वाक्य ही सुनने को मिलते थे। भास के नाटकों का स्वरूप लोगों को अज्ञात था। केवल दक्षिणभारत की कुछ हस्तप्रतियों में ही भास-नाटकचक्र सीमित था जिसका किसी को पता न था। सर्वप्रथम महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री भास के नाटकों को प्रकाश में लाए। पर, इस प्रकाशन से पूर्व संस्कृत के आचार्यों तथा कवियों ने भास तथा भास के नाटकों की बहुशः प्रशंसा की थी। इन प्रशस्तियों से यह सुस्पष्ट हो जाता है कि अत्यन्त प्राचीन-काल से ही भास के नाटक अपना विशिष्ट स्थान रखते थे और मान्य कवियों

की दृष्टि में सम्मानित थे। इन प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में 'से
निर्देश किया जाता है—

(१) सरस्वती के वरदपुत्र महाकवि कालिदास ने 'मालवि
नाटक में सूत्रधार के मुख से प्रश्न कराया है कि प्रथित यशवाले भास,
कविपुत्र आदि कवियों की निर्मितियों का अतिक्रमण कर कालिदास
का इतना बहुमान क्यों है ?[1]

(२) हर्ष के सभापण्डित बाणभट्ट ने भास के नाटकों की प्रशंसा
हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से आरम्भ किये जाते हैं, बहुत भूमिका
होते हैं, पताका से युक्त होते हैं तथा देवस्थानों की भाँति प्रसिद्ध
हैं।[2] यहाँ यह स्मरणीय है कि संस्कृत के नाटक सामान्यतया नान्दी से प्रा
होते हैं। पर, भास के नाटकों में नान्दी का सर्वथा अभाव रहता है औ
सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यह विलक्षणता इन्हें संस्कृत के अन्य न
से पृथक् करती है।

(३) वाक्पतिराज ने अपने प्राकृत महाकाव्य 'गउडवहो' में भा
'ज्वलणमित्ते'—ज्वलनमित्र (अग्नि का मित्र) कहा है। कुछ विद्वान
धारणा है कि वासवदत्ता के दाह की मिथ्या खबर फैलाकर भास को ना
वस्तु-विकास का उपर्युक्त अवसर प्राप्त हुआ है। अतएव अग्निदाह का
करनेवाले भास को 'ज्वलनमित्र' संज्ञा प्राप्त हुई है।[3]

(४) जयदेव ने भास को कविताकामिनी का 'हास' बताया है।
उल्लेख से भास की हास्य-रस के वर्णन में कुशलता व्यञ्जित होती है।
के उपलब्ध नाटकों में हास्य के प्रसङ्ग बड़ी सफलता से प्रस्तुत किये गये

---

१. प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर
नस्य कवेः कालिदासस्य कृतो बहुमानः—मालविकाग्निमित्र, पृ० ३।

२. सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव।—बाण; हर्षचरित।

३. भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुयारे।
सोबन्धवे अ बन्धम्मि हारिअन्दे अ आणन्दो॥—गउडवहो, ८००

हास्य के उद्धत तथा सुकुमार दोनों रूपों की संघटना बड़ी सफलता के साथ की गई है। उद्धत हास्य के लिये 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' के विदूषक की दिलष्ट भाषा तथा सुकुमार हास्य के लिये वासवदत्ता के औदरिक विदूषक का वर्णन दर्शनीय है, कालिदास में जहाँ हास्य का केवल सुकुमार रूप है, वहाँ भास के नाटकों में तीनों रूपों का सजीव चित्रण है। अतः जयदेव का कथन पूर्णतः यथार्थ है—अर्थवाद-मात्र नहीं।[1]

(५) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास-नाटकचक्र की अग्नि-परीक्षा तथा 'स्वप्नवासवदत्ता' के उस अग्निपरीक्षा में न जलने का उल्लेख किया है।[2]

(६) दण्डी ने 'अवन्तिसुन्दरी कथा' में भास के काव्य-गुणों का वर्णन किया है। उनके अनुसार भास के नाटकों में मुख एवं प्रतिमुख संधियाँ स्पष्ट होती हैं तथा अनेक वृत्तियों के द्वारा इन्होंने अपने काव्य में विभिन्न भावदशाओं की अभिव्यञ्जना की है।[3]

(७) नाट्यदर्पण (लेखक, रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२वीं सदी) में भास के स्वप्न नाटक का स्पष्टतः उल्लेख किया गया है।[4]

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक के प्रसङ्ग में 'स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का निर्देश किया है।

---

१ यस्याश्चोरश्चिकुरनिकुरः कर्णपूरो मयूरो
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
हर्षो हर्षःहृदयवसतिः पञ्चवाणस्तु वाणः
केषां नैषा भवतु कविताकामिनी कौतुकाय॥—जयदेव, प्रसन्नराघव।

२. भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥—राजशेखरः काव्यमीमांसा।

३. सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः।—अवन्तिसुन्दरी।

४. यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः....
—नाट्यदर्पण।

(९) आचार्य अभिनवगुप्त ने नाटयशास्त्र की टीका में भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।[1]

(१०) भोजदेव ने 'शृङ्गारप्रकाश' में स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।[2]

(११) 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में सर्वानन्द ने उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का वर्णन किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराज विजय' की एक टीका में कहा गया है कि भास तथा व्यास में यह विवाद उठा कि कौन बड़ा है। दोनों ने अपनी एक-एक सर्वोत्तम पुस्तक अग्नि में डाल दी। व्यास की पुस्तक तो अग्नि में जल गयी, पर भास का विष्णुधर्म अग्नि से न जल सका। इस कथन का साम्य राजशेखर के वचन से स्पष्ट है यद्यपि राजशेखर ने व्यास के साथ विवाद का उल्लेख नहीं किया है। विष्णुधर्म अब तक अनुपलब्ध है।

इन उल्लेखों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भास के नाटकों का अत्यधिक प्रचार था। कवियों तथा आलोचकों में भास के नाटक सम्मान की दृष्टि से देखे जाते थे। पर, काल के करालचक्र से ये नाटक भी अछूते न रहे। अन्त में केवल सूक्तिवचन से इनका पता लगने लगा।

भास-नाटकचक्र का उद्धार

भास के नाटकों का प्रकाशन संस्कृत-साहित्य के इतिहास में एक विशिष्ट बात है। महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के प्रकाशन से पूर्व ये नाटक प्रेक्षकों के दृष्टिपथ से ओझल हो गये थे। यहाँ यह प्रश्न भी उठाया जा सकता है कि जब भास के नाटक प्राचीन युग में इतने प्रसिद्ध थे कि कालिदास जैसे सर्वोत्कृष्ट कवि से उनका उल्लेख किये बिना न रहा गया तो वे फिर लुप्त कैसे हो गये? यह प्रश्न बड़ा पेचीदा है और इसका कोई मान्य

---

१. क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।

—नाटयशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका।

२. वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।—शृंगारप्रकाश।

समाधान नहीं। वैसे वैदिक ग्रंथ और शाखायें जिनका कि पठन-पाठन कुल-परम्परा में अनिवार्य था लुप्त हो गये तो फिर लोकानुरंजन के साधक इन नाटकों का प्रचार से परे होना कोई अतर्कित बात नहीं। सुमिल्ल आदि के नाटक आज भी कराल काल के गर्त में विलीन ही हैं। तथापि विद्वानों ने इसका उत्तर देने का प्रयास किया है। मुख्यतया वे कारण दो हैं—

(१) देश में मुस्लिम शासन के प्रसार के साथ ही साथ प्राचीन ग्रन्थों पर विपत्ति के बादल घिरने लगे। यह स्वाभाविक है कि देश की समृद्धि तथा शौर्य के गीत गानेवाले, राजसिंह को पृथ्वीपालन का आदेश देनेवाले तथा वैदिक धर्म की प्रशस्ति करनेवाले भास के नाटकों पर मुसलमानों की कुदृष्टि पड़ी हो। मुसलमानों का व्यापक प्रचार-प्रसार उत्तरी भारतवर्ष पर ही विशेष था। इसके अतिरिक्त देशी सरदारों तथा यहाँ रहनेवाले मुसलमानों के लिये देवनागरी लिपि का पाठ भी सरल था। फलतः उन्होंने देवनागरी लिपि में लिखित तथा उत्तरी भारत में प्रचलित भास के नाटकों को नष्ट करने का प्रयास किया। यह संभावना इस बात से भी पुष्ट होती है कि उत्तरी भारत तथा देवनागरी लिपि में लिखित भास-नाटकों की प्रतियाँ अनुपलब्ध हैं। प्रो० वी० राघवन् ने जो हस्तलेखों की खोज की उसमें भी देवनागरी में भास के नाटकों का अभाव है। इसके अतिरिक्त, दक्षिणी केरल देश में मुसलमानों का व्यापक प्रसार न था और ग्रंथा तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुगम न थीं। अतः वहाँ भास के नाटकों के हस्तलेख सुरक्षित रहे।

(२) विदेशियों से बारम्बार पदाक्रान्त होने पर अब यहाँ के लोगों का जीवन नैराश्य की ओर उन्मुख था। वीरतापूर्ण नाटकों को सुनने की अपेक्षा अब वे धर्म तथा दर्शन पर झुक गये थे। अतः भास के ये नाटक प्रचलन से उठ गये।[1]

किमप्यस्तु। ये केवल सम्भावना-मात्र हैं।

सन् १९०९ ई० में महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के समीपवर्ती मनलिक्कारमठम् में स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण,

१. द्रष्टव्य, ए. एस. पी. अय्यर कृत 'भास', पृ०१३–१५।

पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूतघटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्णभार तथा ऊरुभङ्ग के हस्तलेख मिले। इसके अतिरिक्त, दूतवाक्य की भी ताड़पत्र पर एक हस्तप्रति मिली जो खण्डित थी। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने इस विषय में आगे भी अनुसंधान जारी रखा और कैलासपुरम् के एक ज्योतिषी के पास से अभिषेक नाटक तथा प्रतिमा नाटक की हस्तप्रतियाँ प्राप्त कीं। ट्रिवेण्ड्रम राजप्रासाद पुस्तकागार में भी इन दोनों नाटकों की हस्तप्रतियाँ मिलीं जो इन प्रतियों के समान थीं। मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी पण्डित गणपति शास्त्री को दीं। कृष्णतन्त्री से भी गणपति शास्त्री ने हस्तलेख प्राप्त किये। अत्यधिक प्रयत्न के विपरीत भी गणपति शास्त्री को चारुदत्त की कोई पूर्ण हस्तप्रति नही मिली। चारुदत्त नाटक सहसा समाप्त हो जाता है और प्रतीत होता है कि यह कर्णभार का अग्रिम अंश है क्योंकि कर्णभार भी अपूर्ण ही प्रतीत होता है।

गणपति शास्त्री की उपलब्धि से तीन साल पूर्व ही गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट लाइब्रेरी मद्रास के लिये वहाँ के लेखक श्री सम्पतकुमार चक्रवर्ती ने ३ जनवरी, १९०६ ई० को पुस्तकालय के लिये स्वप्नवासवदत्तम् की देवनागरी लिपि में एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने के बाद ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तकालय के लिए प्रतिज्ञायौगन्धरायण की भी एक प्रति नकल की।

पं० गणपति शास्त्री ने १९१२ ई० में भास के इन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया।

भास-नाटकचक्र का एककर्तृत्व

यह प्रश्न प्रारम्भ से ही जोरों से उठाया गया था कि क्या ये ग्रन्थ भास के द्वारा ही लिखे गये और यदि भास इनके लेखक हैं भी तो क्या सभी नाटकों के हैं अथवा कुछेक के ही। पर, इन नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से यह स्पष्ट लक्षित हो जाता है कि इन सभी नाटकों के रचयिता एक ही व्यक्ति थे। इस मत की पुष्टि में कुछ प्रमाणों को यहाँ उपन्यस्त किया जाता है—

(१) इन समस्त नाटकों में (केवल चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के अनन्तर सूत्रधार मंगलपाठ से इनका आरम्भ करता है।[1]

(२) अंकों के मध्य में लघुविस्तारी प्रवेशकों तथा विष्कम्भकों का प्रयोग किया गया है। इनका उपयोग दर्शकों को अंकों के मध्य में घटित घटनाओं की सूचना देने के लिए किया गया है।

(३) इन नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर सर्वत्र 'स्थापना' का प्रयोग किया गया है।

(४) सभी नाटकों में, जिनमें कि भरतवाक्य है (चारुदत्त तथा दूत-घटोत्कच में भरतवाक्य नहीं है) यह कामना कि राजा जिसे कि राजसिंह कहा गया है तथा जो हिमालय से विन्ध्य तथा पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक शासन करता है, सम्पूर्ण पृथ्वी की विजय करे; सभी वर्णों के धर्म की रक्षा हो तथा गौ एवं भले मनुष्यों की रक्षा हो।[2]

(५) सामान्यतया भरत-प्रतिपादित नाट्य-नियमों का इन नाटकों में पालन नहीं हुआ है। मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े, रङ्गमञ्च पर ही प्रदर्शित किये गये हैं तथा अभिषेक, पूजा, शपथ या अश्रु-प्रक्षालन के लिये रङ्गमञ्च पर जल लाया गया है। जैसे 'प्रतिमा' में दशरथ की, 'अभिषेक' में वालि की तथा 'ऊरुभङ्ग' में दुर्योधन की मृत्यु रङ्गमञ्च पर ही दर्शायी गयी है। चाणूर, मुष्टिक और कंस का वध भी प्रेक्षकों को रङ्गमञ्च पर ही दिखायी पड़ता है। बाल-चरित में कृष्ण और अरिष्ट के भयंकर युद्ध का वर्णन है। स्वप्ननाटक में क्रीड़ा और शयन भी दिखाये गये हैं अथवा दूर से उच्च स्वर में पुकारने का वर्णन मध्यमव्यायोग तथा पञ्चरात्र में है।

---

१. (अ) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—उदयनवेन्दुवर्णा....' स स्वप्ननाटक—

(ब) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो... प्रतिज्ञायौ०। इत्यादि।

२. इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।

महीमेकातपत्राङ्का राजसिंहः प्रशास्तु नः॥ स्वप्न० ६-१९; तथा अन्य नाटकों के भरतवाक्य।

(६) विशिष्ट अर्थों में शब्दों का प्रयोग—भास के नाटकों में कुछ शब्दों का प्रयोग अपने प्रचलित अर्थों से भिन्नार्थ में हुआ है। उदाहरणार्थ—आर्यपुत्र शब्द का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है जो भरत के नाट्यशास्त्र में अविहित है।

(७) इन सभी नाटकों में 'आकाशभाषित' प्रायशः मिलता है। 'आकाशभाषित' के अन्तर्गत रङ्गमञ्च पर पात्र ऐसे व्यक्ति से बोलता अथवा उत्तर देता है जो रङ्गमञ्च पर नहीं है अथवा अश्रुत ध्वनियों को सुनता है।

(८) कञ्चुकी और प्रतिहारी के नामों की कई नाटकों में पुनरावृत्ति हुई है। उदाहरणार्थ—कंचुकी का नाम 'प्रतिज्ञा' नाटक में भी बादरायण है और दूतवाक्य में भी। इसी प्रकार प्रतिहारी का नाम स्वप्न, प्रतिज्ञा, अभिषेक तथा प्रतिमा में विजया है।

(९) प्रायेण सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'प्रस्तावना' शब्द का प्रयोग एकमात्र 'कर्णभार' में किया गया है।

(१०) नाट्य-निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में समानभावेन प्राप्य है। जो नाट्यनिर्देश हैं भी उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ पाये जाते हैं। उदाहरणार्थ—'निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य' यहाँ निष्क्रमण तथा प्रवेश सहभावेन निर्दिष्ट हैं।

(११) इन सभी नाटकों के नामों का उल्लेख नाटक के अन्त में किया गया है अन्यत्र नहीं। इन रूपकों में किसी में भी ग्रन्थ के प्रणेता का नाम नहीं मिलता।

(१२) इन नाटकों में यद्यपि विभिन्न छन्दों का प्रयोग हुआ है पर, इन छन्दों के प्रयोग में साम्य है।

(१३) कई नाटकों में ऐसी प्रभावशाली पद्धति का प्रयोग हुआ है कि किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। उदाहरणार्थ, जब महासेन और अङ्गारवती विमर्श कर रहे हैं कि कौन राजा वासवदत्ता के लिये उपयुक्त है उसी समय कञ्चुकी सहसा आकर कहता है—'वत्सराज'। अभिप्राय यह है कि उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर मिल गया यद्यपि कञ्चुकी

कहने यह आया था कि 'वत्सराज वन्दी वना लिया गया।' इसी प्रकार अभिषेक नाटक में जव रावण सीता से कहता है कि 'इन्द्रजित् ने राम और लक्ष्मण को मार डाला। अब तुम्हें कौन मुक्त करेगा ?' उसी समय एक राक्षस आकर कहता है 'राम' यद्यपि वह कहना यह चाहता है कि 'राम ने इन्द्रजित् को मार डाला।'

(१४) इन नाटकों में समान शब्दों तथा दृश्यों की अवतारणा की गई है। किसी विशिष्ट व्यक्ति के आगमन की तुलना ताराओं के मध्य चन्द्रमा के उदय से की गई है। बालि, दुर्योधन तथा दशरथ सभी मृत्यु के वाद पवित्र नदी का दर्शन करते हैं तथा उनके लिये देव-विमान आता है।

(१५) कई नाटकों में समान वाक्यों की उपलब्धि होती है। उदाहरणार्थ-जन-सम्मर्द के वढ़ जाने पर मार्ग साफ करने के लिये—'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह।' (हटिये, हटिये श्रीमानो !) का प्रयोग कई स्थानों पर है। कई विषयों का वर्णन भी समानरूप से अनेक नाटकों से मिलता है। जैसे, सूर्यास्त, रात्र्यागमन, युद्ध और युद्धक्षेत्र आदि का। इनकी वर्णन-पद्धति में समानता सुतरां दर्शनीय है।

(१६) एक ही पात्र के द्वारा या अन्य पात्रों के द्वारा पद्यों के खण्डित प्रयोग होते हैं।

(१७) तेरह नाटकों में से पाँच नाटकों में आद्य श्लोकों में मुद्रालंकार का प्रयोग है। इसमें देवता की स्तुति के साथ-साथ पात्रों का नाम निर्देश तथा कथानक की ओर संकेत किया गया है।

(१८) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण का कठोरता से प्रयोग नहीं हुआ फलतः कई स्थानों पर अपाणिनीय प्रयोग दिखायी पड़ते हैं।

(१९) समान नाटकीय परिस्थितियों की अवतारणा इन नाटकों की विशेषता है। अभिषेक तथा प्रतिमा नाटकों में सीता रावण की प्रार्थना को अस्वीकार कर देती हैं तथा उसे शाप देती हैं। इसी प्रकार चारुदत्त में वसन्तसेना भी शकार के अनुनय को अस्वीकृत कर उसे शाप देती है। वाल-चरित तथा पञ्चरात्र में जव सैनिकों से उनके राजा को नमस्कार करने के लिये कहा जाता है तो वे उपेक्षापूर्वक पूछते हैं कि 'यह किसका राजा है ?' प्रतिज्ञा

नाटक में महासेन तब तक वत्सराज के बन्दी होने को नहीं मानता जब तक बादरायण यह नहीं कहता कि 'क्या उसने कभी पहले महासेन से झूठ कहा है ?' इसी प्रकार चारुदत्त में कंस तब तक यह नहीं मानता कि देवकी को पुत्री हुई है जब तक कञ्चुकी इसी प्रकार का प्रश्न नहीं करता। अविमारक तथा प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिये समान विमर्श है।

(२०) इन रूपकों की भाषा तथा शैली में व्यापक समानता है।

(२१) किसी घटना की सूचना देने के लिये 'निवेद्यतां निवेद्यतां महाराजाय' इत्यादि वचन का प्रयोग पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में समानरूपेण किया गया है।

(२२) प्रायेण इन नाटकों में युद्ध की सूचना भटों, ब्राह्मणों आदि के द्वारा दिलायी गई है।

(२३) भावों की समानता इन नाटकों की एक महती विशेषता है। नारद को कलहप्रिय तथा स्वरतन्त्री का साधक बताया गया है;[1] अर्जुन की वीरता का वर्णन दूतघटोत्कच तथा ऊरुभंग में समानरूपेण किया गया है; राजाओं के मृत्यु के उपरान्त भी यशःशरीर से जीवित रहने का वर्णन समानरूप से किया गया है, लक्ष्मी के साहसियों के पास रहने का विधान भी समानरूपेण किया गया है।

(२४) इन सभी नाटकों में समान सामाजिक परिस्थितियों की अवतारणा की गई है।[2]

इन साम्यों के आधार पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि इन नाटकों का रचयिता कोई एक ही व्यक्ति था। पर, इन नाटकों के प्रणेता भास ही थे अथवा नहीं इस विषय में प्रारम्भ से ही विवाद बना रहा है। डाक्टर ए० डी०

---

१. तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके।—अविमारक, ४।२।
तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि।—बाल०, १।३।

२. इन नाटकों की समानता का डा० पुसालकर ने अपने ग्रन्थ 'भासः ए स्टडी' में बड़ी कुशलता के साथ प्रतिपादन किया है। इस सन्दर्भ में ए० एस० पी० अय्यर का भास ग्रन्थ भी उपादेय है।

पुसाल्कर तथा प्रो० ए० बी० कीथ इन्हें भासकृत बताते हैं। इसके ठीक विपरीत पिशरोती, कुन्हनराजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज इन्हें भासकृत नहीं मानते। मध्यमार्ग डा० सुकथनकर आदि का है जो कुछ नाटकों को तो भास-कृत मानते हैं पर कुछ को भास के नाम के साथ पीछे से जोड़ा गया मानते हैं।

केरलीय चाक्यारों की रचना ?—कुछ आलोचकों ने इन नाटकों को केरलीय रङ्गमञ्च के अभिनेता चाक्यारों की सृष्टि मानी है। उनका कहना है यदि यह नाटक-चक्र भास-प्रणीत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नाम अवश्य होता। इसके अतिरिक्त यदि ये भास-कृत होते तो केरल के अतिरिक्त अन्य प्रान्तों में भी इनकी हस्तप्रतियाँ अवश्य मिलतीं। रीति-ग्रंथों में जो 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण आये हैं उनका भी वर्तमान नाटक में अभाव है। महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का कहना है कि स्वप्नवासवदत्ता तथा प्रतिज्ञा नाटकों में 'विवाह' के लिये 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है। यह शब्द आज भी इसी अर्थ में केरल के चाक्यारों में प्रयुक्त होता है। इस बात से चाक्यार-उद्भव की पुष्टि होती है।

पर ये बातें युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होतीं। इन नाटकों में भास का नाम न होने से इनकी नवीनता कथमपि सिद्ध नहीं होती। यह तो निर्विवाद है कि कालिदास आदि की अपेक्षा भास प्राचीन हैं। यह सम्भव हो सकता है कि उनके समय में नाटककार का नाम न देने की प्रथा रही हो। इसके विपरीत यदि ये अर्वाचीन चाक्यारों की सृष्टि होते तो इनकी प्रामाणिकता बताने के लिये सचेष्ट होकर कर्ता का नाम इनमें दिया होता। केरल के अतिरिक्त अन्य प्रान्तों में अनुपलब्धि भी इनके भास-कृत होने में विप्रतिपत्ति को जन्म नहीं देती। यह बहुत सम्भव है कि किसी कवि की कृति किसी देशविशेष में प्रचलित हो और अन्य प्रांतों में उसका व्यापक प्रचार-प्रसार न हो। यह भी सम्भव है कि उत्तरी भारत की राजनीतिक अस्थिरता भी उत्तरी भारत में उनकी हस्त-प्रतियों के अभाव का कारण हो। प्राचीन ग्रंथों में प्राप्त उद्धरणों के अभाव का जहाँ तक प्रश्न है, हो सकता है वे अंश लेखक के प्रमादवश छूट गये हों। इतना तो निश्चित ही है कि भास के नाटक जन-समुदाय से दूर हो गये थे

फिर कुछ अंशों का छूटना असम्भव नहीं ? इसके अतिरिक्त जिन नाटकों के ये अंश उद्धृत हैं उन-उन नाटकों में उन्हें पिरो देने का उचित अवकाश है। रही बात विवाह अर्थ में 'सम्बन्ध' शब्द के प्रचार की तो मिताक्षरा-पद्धति में यह शब्द इस अर्थ में अब भी दिखायी पड़ता है।

इसके अतिरिक्त चाक्यारों में इतनी काव्य-प्रतिभा, इतना नाट्य-कौशल तथा इतनी समृद्ध भाषा नहीं कि वे ऐसे उच्चकोटि के नाटकों का प्रणयन कर सकें। यदि चाक्यारों में इस प्रकार की कर्तृत्व-शक्ति होती तो क्या वे दूसरे नाटक-चक्रों की रचना नहीं करते ? क्या उनकी कर्तृत्व-शक्ति इन्हीं तेरह नाटकों के बाद कुण्ठित हो गयी ? उन्होंने एक भी इस प्रकार की रचना क्यों नहीं की ? वस्तुस्थिति यह है कि इन नाटकों की सृष्टि चाक्यारों ने नहीं की। यह हो सकता है कि इनमें उन्होंने अपनी आवश्यकतानुसार कुछ काट-छाँट की हो।

इन नाटकों की रचना पल्लव-दरबार में नहीं हुई—यह भी कहा जाता है कि पल्लव द्वितीय नरसिंहवर्मन या तेनमारन के किसी सभापण्डित ने इन नाटकों की रचना की। इसका आधार यह है कि इन दो नरपतियों ने अपनी उपाधि राजसिंह रखी थी। इन नाटकों में 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' की उपस्थिति ने इस कल्पना को जन्म दिया है। इसकी पुष्टि में यह भी तर्क दिया जाता है कि इन नाटकों में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में उद्भूत हुए हैं अथवा दाक्षिणात्य अर्थ रखते हैं। यह तर्क इतिहास से सिद्ध नहीं होता क्योंकि इन राजाओं की सभा में एतादृश विदग्ध कवि का उल्लेख कहीं नहीं है। और यदि इनकी रचना मानी भी जाय तो इसका कोई कारण प्रतीत नहीं होता कि यह तथाकथित सभापण्डित अपना नाम क्यों गुप्त रखता जब कि विक्रम प्रथम सदी के लगभग से ही नाटककार अपना नाम नाटक में रखते आये थे—कालिदास, अश्वघोष, भवभूति आदि औदीच्य तथा शक्तिभद्र, महेन्द्रवर्मन आदि दाक्षिणात्य नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं। इसके अतिरिक्त किसी दाक्षिणात्य नगर वा व्यक्ति का अनुल्लेख तथा औदीच्य व्यक्तियों, जनपदों, नगरों आदि का वर्णन इनमें किंचित् भी सन्देह

के लिये अवकाश नहीं छोड़ता कि ये नाटक पल्लव या पाण्ड्य राजाओं के दरबार में निर्मित नहीं हुये।

इस प्रकार यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि चाक्यारों की रचना या पल्लव-दरबार में इनकी निर्मिति की सम्भावनायें आधार नहीं रखतीं। अब प्रश्न यह है कि क्या इन नाटकों के प्रणेता भास ही हैं? इस विषय में बड़ी विसंमतियाँ हैं। इन विसंवादी सिद्धान्तों को हम तीन वर्गों में रख सकते हैं—

(१) वे विद्वान् जो इन नाटकों को भासकृत नहीं मानते। उनके अनुसार किसी परवर्ती लेखक (चाक्यार, पल्लवनरेश का सभापण्डित या किसी अन्य कवि) ने इन्हें गढ़ा है तथा इनका प्रामाण्य और प्राचीनता सिद्ध करने के लिये इन्हें भास के नाम के साथ संयुक्त कर दिया है जैसा कि पहले दर्शाया गया है। अपने मत के समर्थन में ये विद्वान् कहते हैं कि भास के जो उदाहरण लक्षण-ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं उनका वर्तमान भास-नाटकों में अभाव है। इसके अतिरिक्त इन नाटकों की प्रस्तावना में भास का नाम नहीं मिलता तथा केरल से अन्यत्र इनकी हस्तप्रतियाँ भी नहीं मिलतीं। पर, ये सारे तर्क लचर हैं तथा इनके आधार पर हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सकते। जो उदाहरण वर्तमान भासीय नाटकों में नहीं मिलते उनके समावेश का इन नाटकों के परिवेश में पूरा स्थान है। इसके अतिरिक्त प्राचीन कवियों ने भास के नाटकों की जो विशेषतायें बतायी हैं वे इन नाटकों में पूर्णतः उपलब्ध हैं।

(२) इसके ठीक विपरीत सिद्धान्त उन लोगों का पड़ता है जो इन नाटकों को पूर्णरूपेण भास की कृति मानते हैं।[1]

(३) तृतीय सिद्धान्त उन विद्वानों का है जिनके अनुसार इन नाटकों के कतिपय अंश तो भासरचित अवश्य हैं पर अपने समग्ररूप में ये भास की कृति नहीं। महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्मा इसी मत के समर्थक हैं।[2] उनकी सम्मति में कुछ नाटकों के कतिपय अंश भासरचित तो अवश्य

---

१. इनके विवेचन के लिये द्रष्टव्य, Thomas—Plays of Bhasa, J. R. A. S., 1922, p. 79.

२. द्र० 'शारदा' संस्कृत-पत्रिका वर्ष १, सं० १।

१६ महाकवि भास

है पर समग्र नाटकों की रचना भास ने नहीं की। किसी केरलीय कवि ने भास के प्राशांशों की पूर्ति कर दी। डाक्टर बार्नेट भी इन नाटकों के प्रणेता को प्रसिद्ध भास मानने के लिये तैयार नहीं।[1] इधर परवर्ती समीक्षणों-परीक्षणों से भी यही बात प्रकाश में आयी है कि ये समग्र अंश में भास की रचना नहीं। पं० रामावतार शर्मा जी का मत ही उपयुक्त प्रतीत होने लगा है कि भास के उपलब्धांशों को पूरा कर किसी केरलीय कवि ने इन नाटकों को प्रस्तुत किया।

परस्पर विसंवादी सिद्धान्तों और मान्यताओं के बीच यही बात अधिक उपयुक्त प्रतीत हो रही है कि ये नाटक अंशतः भास-रचित हैं। इसी मत में उन विद्वानों की रायों का भी समावेश हो जाता है जो कहते हैं कि ये नाटक भास के नाटकों के संक्षिप्त रूप हैं। इनके कथन की सार्थकता इतने तक ही है कि इन नाटकों के कुछ अंश भास-प्रणीत हैं। इसके विपरीत जो व्यक्ति यह कहते हैं कि ये नाटक भास-प्रणीत बिलकुल नहीं हैं उनकी बात प्रामाण्य-कोटि में नहीं ली जा सकती।

---

१. द्र० Bulletin of school of oriental studies एवं J. R. A. S., 1919, p. 233 तथा 1921, p. 587.

द्वितीय परिच्छेद

भास के नाटक

'ट्रिवेण्ड्रम प्लेज' के आविष्कर्ता महामहोपाध्याय प० टी० गणपति शास्त्री ने भास के तेरह नाटकों को प्रकाशित किया। बाद में १९४१ ई० में राजवैद्य कालिदास शास्त्री ने 'यज्ञफल' नाम का एक अन्य नाटक प्रकाशित किया और इसे भासकृत बताया। यह नाटक देवनागरी की दो हस्तप्रतियों पर आवृत था। यह रामायण के बालकाण्ड पर आवृत है तथा प्रतिमा एवं अभिषेक नाटकों से साम्य रखता है। इसमें तप तथा वैदिक-यज्ञ की प्रशस्ति है। दशरथ को यज्ञ से पुत्र उत्पन्न होते हैं; विश्वामित्र यज्ञ के द्वारा ब्रह्मर्षि बनते हैं और राम का सीता से परिणय यज्ञ के द्वारा होता है जिसके आधार पर इस नाटक का नामकरण यज्ञफल हुआ। चूँकि प्रारम्भ से ही ट्रिवेण्ड्रम-नाटकों के भास-प्रणीत होने के विषय में घोर विवाद उठ खड़ा हुआ था अतः उस विवाद में इस नाटक के प्रकाशन ने आहुति का काम दिया। लोगों ने इसे जाली बताया और इस कथन को बल इस नाटक की हस्तप्रति के देवनागरी में होने से मिला। परन्तु, डाक्टर पुसालकर ने इसे भास की रचना बताया और कहा कि यह उनकी प्रौढ़ावस्था की रचना है। डाक्टर पुसालकर ने इसकी प्रामाणिकता तेरह ट्रिवेण्ड्रम-नाटकों की भाषा, नाटचशैली तथा भावों की समानता के आधार पर सिद्ध की। उन्होंने उत्तरी भारत में प्राप्त इस हस्तप्रति के आधार पर यह भी सिद्ध करने का प्रयास किया कि अन्य तेरह नाटक भी भास-प्रणीत ही हैं।

किन्तु, १९४२ में ही जयपुर के पं० गोपालदत्त शास्त्री भण्डारकर ओरिण्यटल रिसर्च इन्स्टीच्यूट पूना में पधारे और डा० सुकथनकर तथा डा० पी. के. गोडे से कहा कि यज्ञफल की रचना उन्होंने स्वयं की है तथा प्रयत्न-पूर्वक उसमें भास की शैली का अनुकरण किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यज्ञफल पर उन्होंने तीन टीकायें की हैं जिनसे उनके वास्तविक प्रणेता होने

का पता लग जाय। यह विषय राजवैद्य कालिदास शास्त्री को सौंपा गया और उन्होंने इसे भास-कृत बताया। उन्होंने कहा कि गोपालदत्त शास्त्री ने कपटपूर्वक इसे अपना सिद्ध किया और तीन टीकायें रख दीं। डा० आर. एन. दाण्डेकर ने इस विषय की छानबीन की और प्रथम कुञ्जी को निस्सार बताया। उन्होंने कहा कि चूँकि गोपालदत्त शास्त्री को प्रकाशन का कार्य सौंपा गया था अतः उन्होंने लामुख में इसे अपना बता दिया। उन्होंने यह भी दर्शाया कि हस्तप्रति के मर्मज्ञ डा० गोडे ने १६७० वाली प्रति को सही बताया अतः वह प्रति प्रामाणिक है। यही अवस्था दूसरी कुञ्जी की भी है। पर, तीसरी कुञ्जी जिसमें कि 'भासानुकारी' लिखा है प्रामाणिक सिद्ध हुई। और यह १६७० की हस्तप्रति पर भी प्रामाणिक ही मिली। अतः दाण्डेकर ने कहा कि इस तथ्य को गोपालदत्त शास्त्री ने धोखा से अपने लिये प्रयुक्त किया अथवा १६७० से बहुत पहले किसी कवि ने भास के अनुकरण पर इस ग्रन्थ को रचा था।

प्रोफेसर झाला ने इसकी पुनः विवेचना की (जर्नल आफ दि बाम्बे ब्रान्च आफ एशियाटिक सोसाइटी, १६५४)। इन्होंने कहा कि यद्यपि 'यज्ञफल' अन्य भासीय नाटकों की नाईं ही प्रारम्भ तथा समाप्त होता है पर इसमें बहुत सी नवीन बातें हैं जो भास के समय में न थीं। राम धनुष-भङ्ग से पूर्व उद्यान में सीता से प्रेम-दाढ्र्य के लिए मिलते हैं, राम को दुष्यन्त की ही भाँति शंका है कि सीता कहीं ब्रह्मर्षि की पुत्री तो नहीं, विश्वामित्र नागर तथा ग्राम्य-जीवन की तुलना करते हैं और ग्राम्य-जीवन को श्रेष्ठ बताते हैं, आदि। इस प्रकार भास के आधार पर यह नवीन अनुकृति को सूचित करता है। अतः ज्यादा संभव यही प्रतीत होता है कि यज्ञफल भासीय नाटकों के अनुकरण पर किसी अन्य परवर्ती नाटककार द्वारा गढ़ा गया जो इसका कर्तृत्व न तो भास के मत्थे मढ़ता है और न स्वयं अपने को इसका प्रणेता बताता है।

इस नाटक में सात अङ्क हैं। प्रथम में दशरथ के चार पुत्रों का जन्मोत्सव मनाया जाता है। सुमन्त्र नाना उपहारों को बाँटते हैं। दशरथ सभी बन्दियों की मुक्ति का आदेश देते हैं, पर उस समय कोई जेल में नहीं था। उन्हें विवाह के समय कैकयी को दिये गये वरदान का स्मरण हो आता है जिसमें

उन्होंने उसके पुत्र को राजा बनाने की प्रतिज्ञा की थी। द्वितीय अङ्क में दशरथ अन्तःपुर के उद्यान में सुमन्त्र तथा रानियों से एकान्त में यह विमर्श करते हैं कि किसे राजा बनाया जाय। कञ्चुकी से सभी को बाहर रोकने के लिये कह दिया जाता है। दशरथ राम को राजा बनाने की अपनी इच्छा प्रकट करते हैं और सभी रानियाँ इसका अनुमोदन करती हैं। जब कैकयी से उसके पुत्र को राजा बनाने की बात कही जाती है तो वह कहती है कि केवल राम ही राज्य-पद के उपयुक्त हैं। अन्त में सभी रानियाँ अपने-अपने अन्तःपुरों में सायंकाल अपने-अपने पुत्रों से यह बात बताने का निश्चय कर चली जाती हैं।

तृतीय अङ्क में रावण राम का जिनकी शक्ति को वह सुन चुका है, अनिष्ट करने के लिये अयोध्या जाता है। इन्द्र की आज्ञा से कुबेर राम की रक्षा के लिये गन्धर्वों को भेजते हैं। विश्वामित्र भी अतिबल नामक शिष्य को खोज में आते हैं। वे भी अदृश्य हैं पर रावण उन्हें देख लेता है। विश्वामित्र जृम्भकास्त्र की शिक्षा के लिये राम को अधिक उपयुक्त समझते हैं। वसिष्ठ चारों शिष्यों के साथ आते हैं। बाण छोड़ते हुये शिष्यों को विश्वामित्र तथा रावण दोनों देखते हैं और वे राम का बाण पकड़ लेते हैं इस पर राम आग्नेय अस्त्र छोड़ने को कहते हैं जिसे सुनते ही रावण पलायन कर जाता है। अन्य भाई राम को आग्नेयास्त्र-संधान से विमुख करते हैं। मन्थरादि दासियाँ पुष्पावचय के लिये प्रवेश करती हैं पर वृक्षों पर बाण-सन्धान के चिह्न देख कर भाग जाती हैं। अनन्तर वसिष्ठ रावण तथा विश्वामित्र के आने की बात कहते हैं। वे राम से विश्वामित्र के प्रति श्रद्धा प्रकट करने को कहते हैं तथा बताते हैं कि कल विश्वामित्र दशरथ से राक्षसों के वध के लिये उन्हें भेजने की प्रार्थना करेंगे।

चतुर्थाङ्क में राजभवन के वन्दियों में उनके गायन के विषय में विवाद है। वे विश्वामित्र के ब्रह्मणत्व तथा क्षत्रियत्व के विषय में भी विवाद करते हैं। अनन्तर विश्वामित्र का प्रवेश होता है जिनका दशरथ सुमन्त्र के साथ स्वागत करते हैं। विश्वामित्र वसिष्ठ से राम के शिक्षणादि के विषय में प्रश्न करते हैं तथा राम के उत्तरों को सुनकर सन्तुष्ट हो जाते हैं। विश्वामित्र दशरथ से राक्षसों द्वारा हो रहे उत्पातों से यज्ञ की रक्षा के लिये राम को

याचना करते हैं तथा राम को जृम्भकास्त्र सिखाने का वादा करते हैं। दशरथ उनकी बात मान लेते हैं।

पाँचवें अङ्क के प्रवेशक में विश्वामित्र के शिष्यों में यह वितर्क चल रहा है कि क्यों उनके यज्ञ बाधित हो रहे हैं। यह कहा गया है कि विश्वामित्र क्षत्रिय से ब्राह्मण हुये हैं अतः ब्राह्मणों ने रावण के नेतृत्व में राक्षसों को उत्तेजित किया है जो यज्ञ में बाधा दे रहे हैं। विश्वामित्र इस बात को जान गये हैं और इसीलिये क्षत्रिय-बालक राम को अपने समग्र अस्त्रों की शिक्षा देकर रक्षार्थ लाये हैं। राम मरीचि, सुबाहु आदि राक्षसों को मारते हैं। विश्वामित्र उनके बल तथा उत्साह की प्रशंसा करते हैं। प्रसङ्गतः वे यह बताते हैं कि आगे धर्म की रक्षा के लिये राम की रावण से लड़ाई होगी। वे ग्राम्य तथा अरण्य-जीवन की प्रशंसा करते हैं तथा नागर जीवन के दोषों को दर्शाकर उसकी निन्दा करते हैं। वे दोनों राजकुमारों को असाधारण फल की प्राप्ति की बात कहकर जनक-यज्ञ में सम्मिलित होने के लिये मिथिला ले जाते हैं।

षष्ठ अंक में जनक द्वारा विश्वामित्र की परिचर्या के लिये नियुक्त परिचारक सीता तथा राम के उद्यान में मिलने तथा प्रथम दर्शन में ही प्रेमासक्त होने की चर्चा करते हैं? राम तथा सीता पुनर्मिलन के लिये प्रयत्नशील होते हैं तथा जनक एवं विश्वामित्र इसमें सहायता करते हैं। राम सीता से पुनः मिलते हैं तथा सीता की परिचारिका से यह सुनते हैं कि जनक ने सीता को उस व्यक्ति को सौंपने की प्रतिज्ञा की है जो शिव-धनुष को नमित कर दे। जनक का वहाँ सहसा प्रवेश होता है और राम हट जाते हैं। जनक विश्वामित्र की इस बात पर कि राम धनुष झुका देंगे धनुष-झुकाने के लिए दिन नियत करते हैं।

सप्तम अङ्क में राम तथा सीता का परिणय दर्शाया गया है। परिणय के अवसर पर जनक, दशरथ आदि उपस्थित रहते हैं। धनुष-भङ्ग-जन्य भयङ्कर ध्वनि सुनकर परशुराम का सहसा प्रवेश होता है और राम पर वे रोष प्रकट करते हैं। जनक, विश्वामित्र, वसिष्ठ आदि उन्हें शान्त करते हैं। अन्त में, वे राम को महाविष्णु स्वीकार करते हैं तथा उन्हें अपना धनुष देते हैं एवं स्वयं वन में तप करने के लिए चले जाते हैं।

यज्ञफल नाटक भास-रचित है अथवा नहीं इस विषय पर वाद-प्रतिवादों को ऊपर निर्देश कर दिया गया है। मेरे विचार में यह भास-प्रणीत नहीं है। किसी परवर्ती कवि ने भास के अनुकरण पर इस नाटक की रचना की है और इस तथ्य की सूचना उसने 'भासानुकारी' कह कर दी है। नाटक की शैली वही है जो भास के अन्य नाटकों की। भाषा में भी पर्याप्त साम्य है। विषयों की एकता तथा नाट्य-पद्धति में भी अन्य भासीय नाटकों से साम्य सुतरां दर्शनीय है। अस्तु, अब इस नाटक का संक्षिप्त निर्देश करने के अनन्तर भास के नाटकों का विवेचन किया जायेगा।

भास के नाटकों के कालक्रम के विषय में किंचित् मतवैभिन्य दृग्गोचर होता है। डाक्टर ए० डी० पुसालकर ने नाटकों का क्रम इस प्रकार माना है।

दूतवाक्य, कर्णभार, दूतघटोत्कच, ऊरुभङ्ग, मध्यमव्यायोग, पंचरात्र, अभिषेक नाटक, बालचरित, अविमारक, प्रतिमा, प्रतिज्ञा, स्वप्नवासवदत्तम् तथा चारुदत्त। इस सूची का अन्तिम नाटक अपूर्ण है और सम्भवतः भास की मृत्यु के कारण अधूरा छूट गया था।

डाक्टर पुसालकर ने यह क्रम नाटकों की शैली, पद्धति, संवाद, पद्य आदि के विवेचन के आधार पर स्थिर किया है।

विषय-शैली, मौलिकता आदि के आधार पर श्री ए० एस० पी० अय्यर ने नाटकों का क्रम यह स्वीकार किया है :—

दूतघटोत्कच, कर्णभार, मध्यमव्यायोग, ऊरुभंग, दूतवाक्य, पञ्चरात्र, बाल-चरित, अभिषेक, प्रतिज्ञा, अविमारक, प्रतिमा, स्वप्नवासवदत्तम् एवं चारुदत्त।

१—दूतवाक्य

प्रस्तुत नाटक का आधार एक महाभारतीय आख्यान है। इस आख्यान के अनुसार उत्तरा-अभिमन्यु के परिणय के अनन्तर पूरा प्रयास हुआ कि कौरव-पाण्डवों में समझौता हो जाय और पाण्डवों को अपना प्राप्य प्राप्त हो जाय। पर यह उद्योग कृतकार्य न हो सका। अन्ततः धर्मपुत्र युधिष्ठिर ने भगवान् श्रीकृष्ण के माथे ही यह भार सौंपा कि आप ही सन्धि-सम्पन्न करा दें और हम लोगों का हिस्सा दिला दें। युधिष्ठिर के आग्रह को शिरोधार्य कर भगवान् जनार्दन हस्तिनापुर में दौत्यकर्म के लिये जाते हैं।

नाटक का प्रारम्भ हस्तिनापुर के राजप्रासाद में होता है। कञ्चुकी घोषणा करता है कि आज महाराज सुयोधन समागत राजाओं के साथ मन्त्रणा करेंगे। इसी समय रङ्गमञ्च पर दुर्योधन का आगमन होता है। वह श्यामवर्ण का युवक, श्वेत चद्दर धारण किये हुए, छत्र-चामर से सुशोभित तथा अङ्गराग से युक्त है। नानामणिजटित आभरणों से वह अलंकृत है तथा उसकी शोभा नक्षत्रों के मध्य में अवस्थित पूर्ण चन्द्र जैसी है। वह पाण्डव-सेना के दमन की श्लाघा करता है। कञ्चुकीय आकर निवेदन करता है कि राजमण्डल उपस्थित हो गया। गुरुजनों एवं समागत राजाओं के साथ दुर्योधन मन्त्रणागृह में प्रवेश करता है। सभा में बैठते ही कञ्चुकी का प्रवेश होता है जो यह कहता है कि पाण्डव-सेना से दूत आया है। दूत बनकर स्वयं पुरुषोत्तम नारायण पधारे हैं। कृष्ण को पुरुषोत्तम सुनकर दुर्योधन खीझ जाता है और कञ्चुकीय को डाँटने लगता है। तदनन्तर कञ्चुकीय के अनुनय करने पर स्वस्थ होता है।

केशव का दूत-रूप में आगमन सुनकर दुर्योधन राजाओं से कहता है कि 'कोई भी व्यक्ति कृष्ण के प्रवेश-समय अपने आसन से खड़ा न हो। हमें कृष्ण की पूजा नहीं करनी है, अपितु उन्हें बन्दी बना लेने में ही भलाई है। कृष्ण के बन्धन में आते ही सारे पाण्डव स्वतः ही बद्ध और निःश्रीक हो जायेंगे। जो व्यक्ति कृष्ण के आने पर अपने आसन से खड़ा होगा उसे द्वादश सुवर्ण-भार का दण्ड होगा।' सभी से ऐसा कहकर दुर्योधन द्रौपदी के चीरहरण के समय का चित्र मँगाता है और उसी चित्र को देखने में तल्लीन हो जाता है। चित्र देखते हुये वह भीम, अर्जुनादि की तत्कालीन भाव-भङ्गियों पर व्यंग्य भी कसता जाता है।

इसी समय कञ्चुकीय कृष्ण को वहाँ उपस्थित करता है। कृष्ण सोचते हैं—'युधिष्ठिर की आज्ञा तथा अर्जुन की अकृत्रिम मित्रता से मैंने यह अनुचित दौत्यकर्म स्वीकार किया है। इस दुराग्रही तथा अल्पज्ञ दुर्योधन के पास दौत्यकर्म सर्वथा अनुचित है। अर्जुन के बाणरूपी वायु से प्रदीप्त भीम की क्रोधाग्नि से ये कौरव तो मरे हुये ही हैं।' साथ ही साथ वे दुर्योधन-कृत समागत राजाओं के स्वागत को देखकर प्रसन्न भी हो रहे हैं। वे सोचते हैं कि दुर्योधन कटुभाषी, गुणद्वेषी, शठ तथा स्वजनों के प्रति निर्दय है अतः वह किसी प्रकार सन्धि नहीं करेगा।

कृष्ण के सभा में प्रवेश करते ही सभी राजा विचलित होकर खड़े हो जाते हैं। दुर्योधन उन्हें दण्ड की स्मृति दिलाता है पर, स्वयं ही कृष्ण-प्रभाव से कम्पित होकर आसन से गिर जाता है। श्रीकृष्ण सभी राजाओं को बैठने की आज्ञा देकर स्वयं भी बैठ जाते हैं। उस समय उन्हें दुर्योधन के हाथ में द्रौपदी केश-कर्षण का चित्र दिखाई पड़ता है। उसे देखते ही वे बोल उठते हैं—'अहा! आश्चर्य है। यह दुर्योधन स्वजनों की अवमानना कर मोहवशात् उसमें ही अपना पराक्रम देखता है। संसार में एतादृश क्षुद्र अन्य कौन होगा जो अपना ही दोष परिषद् के सामने प्रस्तुत करे। अब भी तो इस चित्र-फलक को हटाओ।'

कृष्ण के कहने से दुर्योधन वह चित्रपट हटाता है। फिर दुर्योधन केशव से पूछता है—'दूत! धर्म-पुत्र युधिष्ठिर, वायु-पुत्र भीम, इन्द्र-पुत्र मेरा भाई अर्जुन तथा अश्विनीकुमार के पुत्र नकुल-सहदेव भृत्यों के साथ सकुशल तो हैं?'

'गान्धारीपुत्र दुर्योधन के उपयुक्त ही यह प्रश्न है। सभी अच्छी तरह हैं। वे तुम्हारे राज्य के विषय में प्रश्न पूछते हुये निवेदन करते हैं कि उन्होंने तेरह वर्षों तक महान् दुःख झेलकर वनवास किया। प्रतिश्रुत समय अब समाप्त हो गया। अब धर्मानुमोदित उनके पिता का दाय उन्हें लौटा दो।' कृष्ण ने कहा।

दुर्योधन ने कहा—'क्या दायाद माँगते हैं? मेरे चाचा पाण्डु तो वन में आखेट के समय मुनि के शाप को प्राप्त हुये थे और तभी से स्त्री-प्रसङ्ग से विरत रहे। तो फिर दूसरे से उत्पन्न पुत्रों का दायाद्य कैसा!'

कृष्ण ने कहा—'तुम्हारे दादा विचित्रवीर्य अति विषयी होने के कारण क्षयग्रस्त होकर मृत्यु को प्राप्त हुये। फिर व्यास ने अम्बिका में तुम्हारे पिता धृतराष्ट्र को उत्पन्न किया। उनका 'पितृ-दाय' में भाग कहाँ से आया? अथवा इन विवादों से क्या लाभ? आप क्रोध का त्याग कर युधिष्ठिर के कहे अनुसार काम कीजिये।'

दुर्योधन ने कहा—'कृष्ण! राज्य का उपभोग तो बल से होता है। उसकी न तो याचना की जाती है और न दीनों को दिया ही जाता है। यदि उन्हें राज्याकांक्षा हो तो पौरुष दिखावें या शान्ति से मुनियों के आश्रम में प्रवेश करें।'

इसके बाद कृष्ण और दुर्योधन में उत्तर-प्रत्युत्तर बढ़ जाता है। जब कृष्ण बान्धवों के प्रति दुर्योधन से स्नेहालु होने के लिये कहते हैं तो दुर्योधन कहता है कि यह स्नेह आपने कंस के प्रति क्यों नहीं दिखाया। अन्त में दुर्योधन कहता है कि देवात्मजों और मनुष्यों में बन्धुत्व स्थापित नहीं हो सकता। दुर्योधन के उत्तर को सुनकर कृष्ण उसे परुषाक्षरों से भयभीत करने का प्रयास करते हैं। एक ओर तो वे कहते हैं अर्जुन अतुल पराक्रमी हैं। उन्होंने किरात-वेशधारी शंकर को युद्ध से तृप्त किया, निवातकवचों का वध किया और विराटनगर में भीष्मादि को परास्त किया; दूसरी ओर दुर्योधन के लिये कहते हैं कि तुझे चित्रसेन ने जब बाँध लिया था तो अर्जुन ने ही तुझे छुड़ाया। यदि पाण्डवों को उनका दाय नहीं दोगे तो वे जबर्दस्ती छीन लेंगे।

कृष्ण के परुषाक्षरों से विदग्ध दुर्योधन उन्हें नीच कहकर उनसे बोलना छोड़ देता है। इस पर श्रीकृष्ण वहाँ से चलने को उद्यत होते हैं। उनको जाता देख दुर्योधन वहाँ एकत्रित लोगों से कृष्ण को बाँधने के लिये कहता है। पर, कोई उद्यत नहीं होता। जब कोई तैयार नहीं होता तो वह स्वयं बाँधने के लिये उठ खड़ा होता है। इस पर भगवान् श्रीकृष्ण विश्वरूप प्रकट करते हैं। इस पर भी जब दुर्योधन शान्त नहीं होता तो भगवान् सभो को जृम्भित कर देते हैं। कृष्ण अब क्रुद्ध हो जाते हैं और सुदर्शन चक्र का आवाहन करते हैं। सुदर्शन आता है और भगवान् उससे दुर्योधन-वध की बात कहते हैं। इस पर सुदर्शन चक्र कहता है कि 'प्रभो! आप तो धराभार को उतारने के लिये आये हैं। यदि आज ही इसे मार दीजियेगा तो सभी क्षत्रिय युद्ध से विरत हो जायेंगे और आपका कार्य सिद्ध नहीं होगा।' उसकी बात सुनकर श्रीकृष्ण शान्त हो जाते हैं। इसी समय श्रीकृष्ण की गदा, शार्ङ्गधनुष आदि अस्त्र भी आते हैं पर, सभी को सुदर्शन चक्र लौटा देता है।

इसके बाद श्रीकृष्ण भी पाण्डव-शिविर में जाने के लिये तैयार होते हैं। इसी समय धृतराष्ट्र वहाँ आते हैं और अनुनय-विनय कर भगवान् को मनाते हैं। फिर भगवान् की आज्ञा से वे लौट जाते हैं। इसके बाद भरतवाक्य है। और यह नाटक समाप्त हो जाता है।

नाटक की समीक्षा

नाटक का नामकरण बड़ा सटीक हुआ है। भगवान् श्रीकृष्ण पाण्डवों का दूत बनकर कौरव-शिविर में गये हैं। और उन्हीं के वचनों की इसमें प्रधानता है। उनकी नययुक्त वाणी कभी तो साम-वचनों से दुर्योधन को शान्त करती है और कभी फटकारों से उसे दग्ध करती है। सारा नाटक दूतवेषधारी श्रीकृष्ण के वचनों से अनुप्राणित है। अतः नाटक का 'दूतवाक्य' नाम सार्थक है। इस नाटक का प्रधान रस वीर है। सारा नाटक वीर-रस-भरे वचनों से व्याप्त है। श्रीकृष्ण के अस्त्रों की सहसा उद्भावना तथा विराट रूप प्रदर्शन में अद्भुत का चमत्कार है। प्रधानतः आरभटी वृत्ति की योजना है। विद्वानों का यह कथन तो सत्य है कि यह महाभारतीय कथा का ही एकांकी रूप है पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि यहाँ मूल कथा में पर्याप्त परिवर्तन कर दिया गया है। इस नाटक में दुर्योधन बड़े तर्क-युक्त प्रश्नों से श्रीकृष्ण को पराभूत करना चाहता है यद्यपि श्रीकृष्ण और भी अधिक तर्कान्वित वाणी से उसे परास्त करते हैं। नाटकीय दृष्टि से यह 'व्यायोग' की कोटि में समाविष्ट किया जा सकता है। व्यायोग की घटना ऐतिहासिक होती है, नायक गर्वीला होता है तथा स्त्री से असम्बद्ध एवं युद्ध आदि होते हैं। ये सभी लक्षण 'दूतवाक्यम्' में घटित होते हैं। प्रो० विन्टरनित्स का विचार है कि यह नाटक किसी बृहत्तर महाभारतीय नाटक का लघुरूप है। पर, इस तर्क के साधक किसी प्रमाण की अनुपलब्धि से इसे प्रामाण्य कोटि में नहीं लिया जा सकता।

राजनीतिक सिद्धान्तों का तो यह नाटक आकर है। 'दायाद्य' के विषय में दुर्योधन की यह उक्ति कितनी सटीक है—

> वने पितृव्यो मृगयाप्रसङ्गतः कृतापराधो मुनिशापमाप्तवान्।
> तदाप्रभृत्येव स दारनिस्पृहः परात्मजानां पितृतां कथं व्रजेत्॥ २१॥

अर्थात् वन में मृगया खेलते समय में मेरे चाचा पाण्डु को शाप मिल गया और तभी से वे स्त्री से विरक्त हो गये। फिर दूसरे के पुत्रों के साथ दायाद्य कैसे?

इसका ठीक उत्तर श्रीकृष्ण इस प्रकार देते हैं—

विचित्रवीर्यो विषयी विपत्तिं क्षयेण प्राप्तः पुनरम्बिकायाम् ।
व्यासेन जातो धृतराष्ट्र एव लभेत राज्यं जनकः कथं ते ॥ २२ ॥

दुर्योधन का निम्न वचन महान् राजनीतिक सिद्धान्त की उद्घोषणा कर रहा है । यह 'वीरभोग्या वसुन्धरा' का प्रतिपादक है । राज्य-शासन अशक्तों का काम नहीं, यह तो महान् बलशालियों से सिद्ध होता है ।

राज्यं नाम नृपात्मजैः सहृदयैर्जित्वा रिपून् भुज्यते ।
तल्लोके न तु याच्यते न तु पुनर्दीनाय वा दीयते ॥
कांक्षा चेन्नृपतित्वमाप्तुमचिरात् कुर्वन्तु ते साहसं ।
स्वैरं वा प्रविशन्तु शान्तमतिभिर्जुष्टं शमायाश्रमम् ॥ २४ ॥

अर्थात् राज्य तो राजपुत्रों के द्वारा शत्रुओं को जीत कर मिलता है, माँगने से नहीं मिलता और न तो माँगने वाले को दिया ही जाता है । यदि पाण्डवों को राज्य-प्राप्ति की इच्छा हो तो पराक्रम दिखायें अन्यथा शान्ति के लिये आश्रम में चले जायँ ।

२—कर्णभार

कर्णभार नाटक में सूत्रधार सर्वप्रथम रङ्गमंच पर दिखाई पड़ता है । उसी समय उसे नेपथ्य से शब्द सुनाई पड़ता है कि 'कर्ण से निवेदन कीजिये ।' इसके अनन्तर भट आता है जो कर्ण से यह निवेदन करना चाहता है कि अपराजेय पाण्डवों की सेना अर्जुन को आगे कर बढ़ रही है और उनके सैनिक सिंहनाद कर रहे हैं । उनके युद्ध-आह्वान को सुनकर नागकेतु दुर्योधन भी युद्ध के लिये प्रस्थान कर चुका है । उसी समय बलशाली कर्ण उसे दिखाई पड़ता है । वह अत्यन्त उद्दीप्त तेज से मण्डित है तथा पराक्रम-युक्त वचन कह रहा है । किन्तु, उसके मन में उद्विग्नता भी है ।

कर्ण अपने सारथि शल्य से अर्जुन के सामने रथ ले चलने को कहता है । फिर वह मन में सोचता है कि 'युद्ध-समय में यह क्लीवता का भाव मेरे मन में कहाँ से आ गया । मेरा पराक्रम तो क्रुद्ध यमराज-जैसा है । भयङ्कर समराङ्गण में दोनों तरफ अस्त्र-शस्त्र का प्रहार कर सैनिकों को मैं काटता था । कष्ट की बात है कि पहले तो मैं कुन्ती से उत्पन्न हुआ पर मेरी बाद में

नहीं। कठिन युद्धस्थल में प्रविष्ट होकर यशस्वी युधिष्ठिर को मैं बाँध लूँगा और अर्जुन को शर-वर्षा से गिरा दूँगा।' ऐसा कहकर कर्ण शल्य के साथ रथारूढ़ होता है और शल्य युद्धभूमि में रथ को प्रेरित करते हैं।

इसी समय नेपथ्य से शब्द सुनायी पड़ता है—'ऐ कर्ण! मैं बहुत बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ।' इस शब्द को सुनकर कर्ण चौंक कर कहता है कि 'यह कोई सामान्य ब्राह्मण नहीं। इसके शब्द को सुनकर मेरे चलते हुए घोड़े भी कान ऊँचा कर खड़े हो गये।' ऐसा कहकर वह ब्राह्मण को बुलाता है। उसके समीप आने पर वह प्रणाम कर करता है कि 'आपके दर्शन से आज मैं कृतकृत्य हो गया।' उसके प्रणाम को सुनकर विप्रवेशधारी इन्द्र ठिठक जाते हैं कि इसे कौन-सा आशीर्वाद दिया जाय। यदि दीर्घायुष् का आशीर्वचन कहता हूँ तो दीर्घ आयुवाला हो जायेगा और यदि कुछ नहीं कहता हूँ तो मुझे मूर्ख समझेगा।' फिर सोचकर कहते हैं कि 'हिमालय और सागर के समान तेरा यश स्थिर हो।' यह सुनकर कर्ण कहता है कि 'भगवन्, क्या आप दीर्घायुष् होने का वरदान नहीं देते अथवा यही उपयुक्त वरदान है क्योंकि धर्म तो साध्य है, लक्ष्मी सर्प-जिह्वा के समान चञ्चल हैं, अतः प्रजापालक नरेश मृत्यु के अनंतर यश से ही जीवित रहता है।' अब आप अपना प्रयोजन बताइये।

इन्द्र ने कहा—'मैं बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ।'

कर्ण ने उत्तर दिया—'आपको मैं बड़ी भिक्षा दे रहा हूँ। यदि आपको अभीष्ट हो तो स्वर्णमण्डित शृङ्गवाली एक सहस्र गायें आपको देता हूँ जो स्वस्थ और जवान हैं। दुग्धधार का वे क्षरण करती हैं तथा तृप्त बछड़ों से संयुक्त हैं।'

इन्द्र ने कहा—'कर्ण! सहस्र गायों से तो किञ्चित् काल तक दूध पिऊँगा। मैं इन्हें नहीं चाहता।'

कर्ण ने कहा—ब्राह्मणदेव! तो फिर मैं आपको काम्बोजजातीय सहस्रों अश्वों को देता हूँ। ये अश्व सूर्य के घोड़ों के समान, राजलक्ष्मी के साधन तथा समस्त राजाओं में मान्य हैं।'

ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र के इनकार करने पर कर्ण ने पुनः कहा—'यदि यह आपको पसन्द नहीं तो मैं यह हाथियों का झुण्ड आपको देता हूँ।'

किन्तु इन्द्र ने इसे भी इनकार कर दिया। तदनन्तर कर्ण ने अमित स्वर्ण, सम्पूर्ण पृथिवी, अग्निष्टोम यज्ञ का फल और अन्ततोगत्वा अपना शिर दे देने को कहा, पर इन्द्र ने सभी को इनकार कर दिया। उन्हें कुछ स्वीकार करता न देख कर्ण ने कहा—ब्राह्मणदेव! यह कवच मेरे जन्म के साथ ही रक्षा के लिये उत्पन्न हुआ, यह सहस्रों देव-दानवों से भी अभेद्य है। यदि आपको अभीष्ट हो तो कुण्डलों के साथ इन्हें ही आपको दे दूं।

कर्ण की बात सुनकर इन्द्र प्रसन्न हो गये और चट कह दिया, 'दे दो।' जब कर्ण देने को उद्यत हुआ तो शल्य रोकने लगे। इस पर कर्ण ने कहा—'शल्य! समय के साथ सीखी हुई विद्यायें भूल जाती हैं, गहरी जड़वाले वृक्ष भी गिर जाते हैं तथा समयानुसार जलाशय का जल भी सूख जाता है किन्तु दान की हुई वस्तु तथा आहुति दिया हुआ कभी नष्ट नहीं होता। इसलिये हे ब्राह्मण! इसे लो।' ऐसा कहकर वह शरीर से काट कर कवच-कुण्डल ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र को दे देता है। इन्द्र उसे लेकर चले जाते हैं।

इन्द्र के चले जाने पर शल्य कहते हैं कि 'हे कर्ण! इन्द्र ने तुम्हें ठग लिया।' इस पर कर्ण कहता है, वस्तुतः वह नहीं अपितु इन्द्र ही ठगे गये। क्योंकि अनेक यज्ञों से तृप्त इन्द्र आज मेरे द्वारा उपकृत हुये। इसके बाद ब्राह्मणवेश-धारण कर एक देवदूत आता है। वह कहता है कि कवच-कुण्डल लेने पर इन्द्र को पश्चात्ताप हुआ और उन्होंने यह विमला नामक अमोघ शक्ति दी है। इसके द्वारा आप पाण्डवों में से एक जिस किसी को चाहें मार सकते हैं। इस पर कर्ण कहता है कि वह दिये हुये दान का प्रतिग्रहण नहीं करता। देवदूत कहता है कि इसे आप ब्राह्मण का वचन समझकर ले लीजिये। ब्राह्मणाज्ञा समझकर कर्ण उसे ले लेता है और देवदूत कहता है कि जब इसे आप स्मरण कीजियेगा आपके पास चली आयेगी। फिर देवदूत चला जाता है।

कर्ण और शल्य रथारूढ़ होते हैं। उन्हें प्रलयकालीन ध्वनि के समान गम्भीर घोषकारी कृष्ण की शंखध्वनि सुनाई पड़ती है और दोनों अर्जुन के रथ की ओर प्रस्थान करते हैं। भरतवाक्य के साथ यह नाटक समाप्त होता है।

नाटक का आधार—इस नाटक का आधार महाभारत की कथा है।

महाभारत (आदिपर्व, ६७।१४४–४७) में इन्द्र को कवच-कुण्डल काट कर देने का वृत्तान्त है जिससे इसकी संज्ञा वैकर्तन हुई। इसी का उपबृंहित रूप आगे (वनपर्व ३००–३०२, १०) भी मिलता है। शान्तिपर्व (अध्याय ३) में परशुरामजी से शाप-प्राप्ति का वृत्तान्त वर्णित है। इन्हीं कथाओं के आधार पर इस नाटक की रूप-रेखा निर्मित हुई है।

महाभारत से अन्तर—महाभारत में विभिन्न स्थलों पर बिखरी कथाओं को इस नाटक में संकलित किया गया है। पर, इस संकलन में मूल आधार से पर्याप्त पार्थक्य आ गया है। इन पार्थक्यों का निदर्शन इस प्रकार है :—

महाभारत में इन्द्र द्वारा भिक्षुक रूप में कवच-कुण्डल की याचना वनपर्व में ही प्रदर्शित है जब कि पाण्डव वनवास कर रहे थे। वहाँ कर्ण को सूर्य स्वप्न में समझाते हैं कि इन्द्र तुमसे कवच-कुण्डल मागेंगे, उन्हें न देना। इसके अलावे, वहाँ कर्ण भी इसके लिये निश्चय कर बैठा है कि शक्ति पाने के बाद ही वह अपना कवच-कुण्डल देगा। कर्ण वहाँ शक्ति भी स्वयं ही माँगता है। पर, इस नाटक में स्थिति भिन्न है। प्रथमतः तो यहाँ इस घटना की संघटना ही युद्धभूमि में की गई है। सम्भवतः इसका आशय यह रहा हो कि युद्ध में कवच-कुण्डल की महती आवश्यकता होती है और इस अवसर पर कोई भी व्यक्ति सब कुछ दे सकता है पर कवच-कुण्डल नहीं। वह कवच-कुण्डल भी साधारण नहीं अपितु सहजात है। दूसरा अन्तर यह है कि जहाँ महाभारत में कर्ण शक्ति की स्वयं याचना करता है वहाँ इस नाटक में वह कहने पर भी नहीं माँगना चाहता। यह इस नाटक की महान् सफलता और चरित्र का चरम निष्कर्ष है। आदर्श दानवीर कर्ण के लिये इस प्रकार का होना ही चाहिये। इस प्रकार नाटककार ने कर्ण के चरित्र को उच्च-भूमि पर खड़ा कर दिया है।

महाभारत के शल्य तथा इस नाटक के शल्य में भी पर्याप्त अन्तर है। दोनों स्थानों पर शल्य कर्ण के सारथि हैं। पर, जहाँ महाभारत में वे कटु-भाषी, उत्साह-विनाशी तथा वाचाट हैं वहाँ इस नाटक में संयमी, उदारमना तथा स्वामी (रथी) के हितेच्छु हैं। कर्ण जब कवच देता है तो वे उसे मना करते हैं। इस प्रकार शल्य का रूप यहाँ अधिक मानवीय गुणों से युक्त है।

वे बारम्बार कटूक्तियाँ सुनाकर कर्ण को खिन्न नहीं करते और न तो उसके उत्साह को ही भङ्ग करते हैं। ये सभी विशेषतायें नाटककार की अपनी हैं और इस रूप में यह नाटक अधिक निखरा है।

नाटक का नाम—यह प्रश्न भी विचारणीय है कि इस नाटक का नाम कर्णभार क्यों पड़ा? जहाँ तक इस नाम के नाटक में दर्शन का प्रश्न है, यह नाटक में कहीं प्रयुक्त नहीं हुआ है और न तो प्रत्यक्षतः इसका कोई अर्थ ही घटित होता दिखायी पड़ता है। कर्णभार शीर्षक की व्याख्या कई प्रकार से की गई है। प्रो० ए० डी० पुसाल्कर की सम्मति में कानों के भारभूत कुण्डलों का दान कर यहाँ कर्ण की अद्भुत दानशीलता वर्णित की गई है। अतः कानों के भारभूत कुण्डलों के दान को केन्द्र मानकर इस नाटक की रचना करने से इस नाटक का नाम कर्णभार है। इस प्रसङ्ग में उन्होंने यह भी कहा है कि जब कर्ण ने कुण्डलों को वाचिक रूप से दान कर दिया तो उसके बाद वे भारभूत हो गये। वाचिक दान और क्रियात्मक दान के मध्य में उनके भारभूत होने से इस नाटक का नाम कर्णभार हुआ।[1] पर यह व्यवस्था पूर्ण नहीं। वस्तुतः प्रधान देय वस्तु कुण्डल न होकर कवच ही था और कवच का इस शीर्षक की व्याख्या में कोई समावेश नहीं। प्रोफेसर देवधर ने इसीलिये इस व्याख्या को अधूरी करार दिया है। डाक्टर विन्तरनित्ज ने कर्णभार की व्याख्या कर्ण के कठिन कार्य से की है। डाक्टर मैक्स लिण्डेनू भार का अर्थ कवच लेते हैं।[2]

डाक्टर भट्ट की धारणा है कि कर्ण की चिन्ता ही भारस्वरूप हो गई है। इसी बात को ध्यान में रखकर इस नाटक का नाम कर्णभार रखा गया। भार का अर्थ उत्तरदायित्व भी लगाया जाता है। चूँकि इसमें कौरव-सेना की रक्षा का कर्ण पर भार या उत्तरदायित्व है, अतः इस अर्थ में भी इस शीर्षक को घटाने का प्रयास किया गया है। कुछ लोगों की राय में कर्ण द्वारा प्राप्त युद्ध-कौशल उसके लिये भारभूत हो गया था अतः इस नाटक का नाम कर्णभार

1. द्र०, ए. डी. पुसाल्कर 'भासः ए स्टडी', पृ० १८८।
2. द्र०, कर्णभार की प्रो० देवधर-कृत भूमिका, पृ० ३।

पड़ा। युद्ध-कौशल की व्यर्थता के तीन कारण थे—१. परशुराम का शाप, २. कुन्ती को अर्जुन के अतिरिक्त अन्य पाण्डवों को न मारने का वरदान और ३. इन्द्र को कवच-कुण्डल का दान।[1] चाहे जो भी बात स्वीकार की जाय, इतना निश्चयेन कहा जा सकता है कि इस नाटक का शीर्षक बहुत स्पष्ट नहीं है।

चरित्र-चित्रण—इस नाटक में दो पात्रों का चरित्र प्रमुखता प्राप्त कर सका है। एक है इस नाटक के नायक कर्ण और दूसरे हैं छद्म ब्राह्मणवेशधारी देवराज इन्द्र। कर्ण के चरित्र में कई प्रकार के तत्त्वों का सम्मिश्रण दिखायी पड़ता है। एक ओर तो वह महान् शूर-वीर-पराक्रमी है तो दूसरी ओर मानव-सुलभ कमजोरियाँ भी उसे घेरे हुये हैं। प्रारम्भ में ही वह चिन्तातुर दिखायी पड़ता है। घोड़ों के स्खलनादि को देखकर उसका मन आतंकित दिखायी पड़ता है। इसी प्रसंग में वह शल्य से परशुराम के यहाँ से शस्त्र-प्राप्ति तथा शाप का वृत्तान्त कह सुनाता है। शस्त्रों के वैफल्य की उसे आशङ्का होती है और परीक्षण द्वारा इस आशङ्का की पुष्टि हो जाती है। बीच-बीच में उसमें उत्साह का भी संचार होता रहता है और वह रथ प्रेरित करने को कहता है।

कर्ण के चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता जो यहाँ निखरी है वह है उसकी अपूर्व ब्राह्मण-निष्ठा तथा महती दानशीलता। वह ब्राह्मणों के लिये सर्वस्व दान करने के लिये कृतोद्यम दिखायी पड़ता है और जब इन्द्र गौ, सुवर्ण आदि लेना अस्वीकार करते हैं तो अपना शिर देने की बात कहता है। उसका विश्वास है कि मरने पर भी यश ही स्थिर रहता है—

हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते।—१७।

जब शल्य उसे कवच-कुण्डल देने से मना करते हैं तो वह कहता है कि संसार में सब कुछ तो विनाशी है पर यज्ञ और दान ही स्थिर रहने वाले हैं—

हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति।—२२।

कर्ण के चरित्र की दूसरी बड़ी विशेषता है कि वह दान से किसी प्रतिफल की आशा नहीं रखता। इसीलिये जब देवदूत इन्द्रशक्ति देता है तो उसे वह

१. द्र० ए० एस० पी० अय्यर, 'भास', पृ० ६०।

लेना अस्वीकार कर देता है। वह यह नहीं चाहता कि उसे दिये हुये दान के बदले कोई कुछ दे। किन्तु जब ब्राह्मणवेशधारी देवदूत ब्राह्मण का वचन मानकर उसे लेने को कहता है तो कर्ण उसे स्वीकार कर लेता है। इस प्रकार कर्ण महान् उदारमना, यशस्वी और दानी के रूप में चित्रित किया गया है।

इन्द्र के चरित्र में कोई विशेषता लक्षित नहीं होती। हाँ, उनका स्वार्थी रूप अवश्य प्रस्फुटित होता है। वे अपने स्वार्थ के प्रति एकनिष्ठ हैं। कर्ण के द्वारा बहुत-सी वस्तुओं का नाम सुनकर भी वे ध्यान नहीं देते और ज्योंही कवच-कुण्डल का नाम सुनते हैं, उसे स्वीकार कर लेते हैं। किन्तु, इसके बाद उनका उदात्त चरित्र सामने आता है और अपने इस कृत्य का वे परिमार्जन करना चाहते हैं। इसीलिये वे देवदूत से दिव्य अमोघ शक्ति कर्ण के लिए भेजते हैं। इन्द्र के चरित्र की विशेषता उनका प्राकृत बोलना भी है। ब्राह्मणपात्र नाटकों में प्राकृत नहीं बोलते।

शल्य का चरित्र कोई विशेष उभार पर नहीं आया है। जितना वर्णित है उस रूप में वे संयमी, नम्र तथा कर्ण के हितैषी प्रतीत होते हैं।

नाटक का रचना-विधान—अपने लघुविस्तार में यह नाटक पूर्ण है। जिस सीमित घटना को यहाँ उठाया गया है उसका निर्वाह बड़ी सफलता के साथ किया गया है। बहुत से विषयों की सूचना कथनोपकथनों के द्वारा दे दी गई है, उदाहरणार्थ—परशुराम से कर्ण की शापप्राप्ति का वृत्तान्त, कुन्ती को अर्जुन के अतिरिक्त अन्य पाण्डवों को न मारने के वरदान का वृत्तान्त। समय तथा स्थान की दृष्टि से यह नाटक पूर्णतः सफल है। सीमित में यह एक ही स्थान तथा समय से सम्बद्ध है। घटना के आरोहावरोह में भी शैथिल्य का अवकाश नहीं।

समीक्षण—भास नाटकों में कर्णभार अपना विशिष्ट महत्त्व रखता है। काव्य-रस के परिपाक तथा नाटकीय तत्त्वों के निर्वाह दोनों दृष्टियों से यह नाटक उच्च कोटि का है। यद्यपि नाटक का विषय वीर-रस और युद्धभूमि से ही सम्बन्ध रखता है पर, नाटक में करुण-रस की ही विशेष प्रभा दिखायी पड़ती है। अलङ्कारों की योजना में कवि को पर्याप्त सफलता मिली है। कर्ण की यह उपमा कितनी सुन्दर है—

प्राप्ते निदाघसमये घनराशिरुद्धः सूर्यः स्वभावरविमानिव भाति कर्णः ॥ ४ ॥

परशुरामजी का वर्णन साक्षात् उनके वेश को सामने रख देता है—

विद्युल्लताकपिलतुङ्गजटाकलाप-
मुद्यत्प्रभावलयिनं परशुं दधानम् ।
क्षत्रान्तकं मुनिवरं भृगुवंशकेतुं
गत्वा प्रणम्य निकटे निभृतः स्थितोऽस्मि ॥ ६ ॥

संसार की असारता तथा धर्म एवं दान की महत्ता निम्न पद्यों में स्पष्ट की गई है। नाटककार कर्ण के द्वारा गम्भीर तथ्य का उद्घाटन करा रहा है—

धर्मो हि यत्नैः पुरुषेण साध्यो भुजङ्गजिह्वाचपला नृपश्रियः ।
तस्मात्प्रजापालनमात्रबुद्ध्या हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते ॥ १७ ॥

× × ×

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात्
सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति
हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥ २२ ॥

निम्न श्लोक युद्ध की सार्थकता को सूचित करता है—

हतोऽपि लभते स्वर्गं जित्वा तु लभते यशः ।
उभे बहुमते लोके नास्ति निष्फलता रणे ॥ १२ ॥

इस पद्य पर श्रीमद्भगवद्गीता के निम्न श्लोक की छाया स्पष्ट दिखाई पड़ती है।

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः ॥—गीता, २।३७ ।

३—दूतघटोत्कच

इस नाटक का कथानक अभिमन्यु के मरण के उपरान्त की घटनाओं से सम्बन्ध रखता है। संशप्तकगणों के द्वारा अर्जुन के दूर हटा लिये जाने पर कौरवों ने छल-कपट का आश्रय ले एकाकी बालक अभिमन्यु को निहत्था कर मार डाला। अभिमन्यु के मारे जाने का वृत्तान्त सुनाने के लिये भट धृतराष्ट्र के

पास जाता है और कहता है कि अपने पिता अर्जुन के समान पराक्रम प्रदर्शित करने वाले बालक अभिमन्यु को कौरव-वीरों ने मार डाला। इसे सुनकर धृतराष्ट्र स्तब्ध हो जाते हैं और कहते हैं कि किसने यह अमङ्गलकारी सन्देश सुनाया। वहीं बैठी महारानी गान्धारी कहती हैं कि—'महाराज! कुलनाश का समय उपस्थित हो गया।' वे दोनों परस्पर शोकाकुल होकर कह रहे हैं कि कुल के नष्ट होने का समय अब आ गया। वहीं उनकी पुत्री दुश्शला भी बैठी हुई है जो कहती है कि जिसने अभिमन्यु-पत्नी उत्तरा को विधवा बनाया उसने अपनी स्त्री को भी वैधव्य दे दिया। अर्थात् वह भी शीघ्र ही सुरपुर का पथिक होगा। फिर धृतराष्ट्र दूत से पूछते हैं कि यह संवाद किसने सुनाया। भट उत्तर देता है कि 'मैं हूँ जयत्रात।'

धृतराष्ट्र ने पूछा—'जयत्रात! किसने अभिमन्यु को मारा। जीवन किसे अप्रिय है और किसने पाँचों पाण्डवरूपी अग्नि का अपने को ईंधन बनाया।'

जयत्रात ने कहा—'महाराज! बहुत से राजाओं ने मिलकर अभिमन्यु को मारा। पर, इसके निमित्त जयद्रथ थे।'

धृतराष्ट्र ने कहा—'यदि जयद्रथ निमित्त थे तो वे मारे गये।'

धृतराष्ट्र की बात को सुनकर समीप बैठी दुश्शला रोने लगती है। धृतराष्ट्र जब पूछते हैं कि 'कौन रो रहा है' तो उन्हें दुश्शला का पता चलता है। लोग समझाते हैं पर दुश्शला कहती है कि कृष्ण से वैर कर कौन व्यक्ति जी सकता है। उसकी बात सुनकर गान्धारी उसे समझाती है पर धृतराष्ट्र कहते हैं कि कृष्ण के संरक्षण में पले, बलराम को प्रसन्नता देनेवाले तथा देवतुल्य पराक्रमशाली पाण्डवों के प्रीति-पात्र अभिमन्यु को मारकर कौन जी सकता है!

तदनन्तर जयत्रात धृतराष्ट्र को बताता है कि जब संशप्तकों के साथ अर्जुन दूर चले गये तो कौरवों ने मिलकर अभिमन्यु को मारा। युधिष्ठिर आदि पाण्डव मृतक को अर्जुन को दिखाने के निमित्त ही रोक रखे हैं और उसका संस्कार नहीं करते। अब धृतराष्ट्र को कौरवों के विनाश का पक्का भरोसा हो जाता है। इसी बीच दुःशासन और शकुनि के साथ वहाँ दुर्योधन प्रवेश करता है। दुर्योधन दुःशासन से कहता है कि 'अभिमन्यु के वध से वैर बद्धमूल हो गया, हम लोगों को जय मिल गयी, शत्रु निरस्त कर दिये गये, कृष्ण का गर्व चूर्ण हो

गया और मुझे अभ्युदय मिल गया।' दुःशासन कहता है कि 'हम लोगों का भीष्मपातजन्य दुःख कम हो गया और पाण्डवों का दुःख बढ़ गया।' शकुनि भी उन्हीं की हां में हां मिलाता है।

फिर दुर्योधन कहता है कि चलकर पिता धृतराष्ट्र को अभिवादन किया जाय। उसके इस प्रस्ताव का शकुनि यह कह कर विरोध करता है कि 'धृतराष्ट्र को यह कुल-विग्रह पसन्द नहीं। पाण्डव उन्हें प्रिय हैं अतः वे हमारी गर्हणा करते हैं। अतः जब युद्ध में जय प्राप्त कर लेंगे तो चलकर उन्हें अभिवादन करेंगे।' पर दुर्योधन कहता है कि चाहे जो भी हो, पिताजी का अभिवादन करना चाहिये। वे जाकर क्रमशः अपना नाम ले-लेकर प्रणाम करते हैं। उनके प्रणाम करने पर धृतराष्ट्र कोई आशीर्वाद नहीं देते। इस पर वे पूछते हैं—'आप आशीर्वाद क्यों नहीं दे रहे हैं?'

धृतराष्ट्र ने कहा—'कृष्ण-अर्जुन के प्रिय अभिमन्यु को मारकर आप लोग जीवन से पराङ्मुख हो गये हैं अतः अब आशीर्वाद क्या दूं। सौ पुत्रों के बीच एक ही प्रिय पुत्री दुश्शला हुई थी। वह अब तुम लोगों की कृपा से वैधव्य को प्राप्त हो गयी।'

दुर्योधन ने कहा—'पिताजी! अकेले जयद्रथ ने नहीं, बहुतों ने रोक कर अभिमन्यु को मारा।' इस पर धृतराष्ट्र उन सबों की भर्त्सना करते हुये कहते हैं कि अकेले बालक को मिलकर मारते समय तुम लोगों के हाथ नहीं गिर गये। जिसका जवाब दुर्योधन यह कह कर देता है कि यदि छल से भीष्म को पाण्डवों ने गिराया तो उनका हाथ नहीं गिरा तो फिर हमारी आप भर्त्सना क्यों कर रहे हैं? धृतराष्ट्र कहते हैं कि यदि अकेले बालक अभिमन्यु ने इतना पराक्रम दिखाया तो पुत्र-मृत्यु से शोकार्त अर्जुन कितना पराक्रम दिखायेंगे?' इस पर दुर्योधन अवज्ञा से कहता है कि 'अर्जुन का पराक्रम कैसा है?'

धृतराष्ट्र ने कहा—'यदि अर्जुन के पराक्रम को नहीं जानते तो इन्द्र से जाकर पूछो जो निवात-कवच दानवों के जीवनरूपी उपहार से अर्चित हुआ, शङ्कर से पूछो जो किरातरूप में अर्जुन के अस्त्रों द्वारा परितुष्ट किये गये, अग्नि से पूछो जो खाण्डव वन में सर्पों की आहुति से तृप्त हुये, उस चित्राङ्गद नामक यक्ष से पूछो जिसके द्वारा तुम निर्जित हुये और अर्जुन ने तुम्हारी रक्षा की।'

धृतराष्ट्र की बात सुनकर दुर्योधन कहता है कि कर्ण भी इससे कम प्रभावशाली और वीर्यवान् नहीं। धृतराष्ट्र कहते हैं कि इन्द्र ने उसका कवच ले लिया है वह अर्धरथी है, प्रमादी है, झूठ बोलकर अस्त्र सीखने से उसके अस्त्र विफल हो गये हैं, वह दयालु है अतः वह अर्जुन की समानता क्या कर सकता है ?

इसी बीच शकुनि कहता है—'आप हमारी सदैव अवधीरणा किया करते हैं।'

धृतराष्ट्र ने कहा—'द्यूत-क्रीड़ा में दक्ष तूने जिस वैराग्नि का वपन किया है वह शिशु की आहुति देने पर भी शान्त नहीं होगी।'

इस वार्तालाप के समय ही सहसा घोर पटहादि के ताड़न का शब्द सुनायी पड़ता है। दुर्योधन जयत्रात को उसका पता लगाने को भेजता है। वह आकर कहता है कि कृष्ण से बारम्बार प्रेरित होकर अर्जुन ने प्रतिज्ञा की है कि जिस कौरवपक्षीय ने मेरे पुत्र का वध किया है और जिसे देखकर जो राजा परितुष्ट हुये हैं उनका कल सूर्यास्त से पूर्व ही वध कर डालूँगा। और यदि ऐसा न कर सका तो चितारोहण कर प्राण दे दूँगा।

यह सुनकर दुर्योधन आदि प्रसन्न होते हैं कि कल अब अर्जुन चितारूढ़ हो जायेंगे क्योंकि द्रोण की मंत्रणा से ऐसा व्यूह रचा जायेगा कि अर्जुन जयद्रथ का पता न पा सकेंगे और चितारूढ़ हो जायेंगे। इस प्रकार अब निष्कण्टक राज्य प्राप्त हो जायेगा। उनकी बात सुनकर धृतराष्ट्र कहते हैं कि चाहे तुम लोग पृथ्वी में समा जाओ या आकाश में उड़ जाओ पर कृष्ण द्वारा निर्दिष्ट अर्जुन के बाण तुम लोगों को ढूँढ़ लेंगे।

इसी अवसर पर घटोत्कच वहाँ प्रवेश करता है। वह सभाभवन में प्रवेश करते ही कहता है—'श्रीकृष्ण की आज्ञा से मैं हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच अपने कृत्यों से शत्रु बन बैठे गुरुजनों को देखने आया हूँ।' उसकी बात सुनकर दुर्योधन उसे अपने पास बुलाकर सन्देश पूछता है, पास जाकर घटोत्कच धृतराष्ट्र को प्रणाम करता है। धृतराष्ट्र उसके साथ समवेदना प्रकट करते हैं। घटोत्कच भगवान् श्रीकृष्ण का सन्देश सुनाने को कहता है, जिसे सुनने के लिये धृतराष्ट्र आसन से उठ जाते हैं फिर घटोत्कच के कहने से बैठते हैं।

घटोत्कच ने कहा—'दादाजी ! भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है कि एक पुत्र अभिमन्यु के मरने से अर्जुन को जो महत् सन्ताप हुआ तो सौ पुत्रों के मारे जाने से आपको कितना कष्ट होगा अतः आप सम्पूर्ण सेना युद्ध से विरत कर दें।'

यह सुनकर धृतराष्ट्र के अतिरिक्त अन्य कौरव हँस पड़ते हैं। दुर्योधन कहता है कि कृष्ण को देवताओं के साथ मन्त्रणा करते-करते गर्व हो गया है इसीलिये वे एक अर्जुन से सभी क्षत्रियों का विनाश समझ रहे हैं। उसकी इस बात को सुनकर घटोत्कच कहता है कि आप लोगों को भी श्रीकृष्ण ने सन्देश दिया है, उसे सुन लीजिये। इस पर दुश्शासन कहता है कि जिस राजा का शासन पृथ्वी के अन्य राजा मानते हैं उसी के सामने दूसरे का सन्देश सुनाने का तुम प्रयत्न करते हो।' इस पर घटोत्कच श्रीकृष्ण का पराक्रम वर्णित करता है। वह कहता है कि अब क्षत्रियों के विनाश से पृथ्वी हल्की हो जायेगी। वह शकुनि की भर्त्सना करता है तथा दुर्योधन से कहता है कि 'आप लोग तो राक्षसों से भी क्रूरतर हैं।' इस पर दुर्योधन से उसका विवाद बढ़ जाता है और धृतराष्ट्र के शान्त करने पर शमित होता है। चलते समय वह भगवान् श्रीकृष्ण का अन्तिम सन्देश इस प्रकार सुनाता है—

'धर्म का आचरण करो, स्वजनों की उपेक्षा न कर, जो कुछ तुम्हारे मन में अभीष्ट हो सभी इस पृथ्वी पर कर डालो, क्योंकि अर्जुनरूपधारी यमराज तुम्हारे पास सूर्य की किरणों के साथ अनुकूल उपदेश की नाईं आयेंगे।'

नाटक का नामकरण—इस नाटक का नामकरण हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच के दौत्यकर्म से सम्बद्ध है। घटोत्कच श्रीकृष्ण का दूत बनकर जाता है और कौरव-सभा में सन्देश देता है। वस्तुतः इस नाटक में घटोत्कच का प्रवेश आधे नाटक के समाप्त हो जाने पर होता है। घटोत्कच का दौत्य ही इस नाटक में सबसे प्रधान वस्तु है और वही प्रदर्शित करना नाटककार को अभीष्ट भी है। अतः नाटक का नामकरण दूतघटोत्कच किया गया है।

आधार—इस नाटक से सम्बद्ध कोई कथानक महाभारत में उपलब्ध नहीं होता। वस्तुतः यह नाटककार की कल्पना पर आश्रित रूपक है। दूतघटोत्कच के दौत्य का महाभारत में निर्देश नहीं है।

चरित्र-चित्रण—इस नाटक का प्रधान पात्र घटोत्कच है। घटोत्कच में वीररस कूट-कूट कर भरा है। कभी भी वह अवमानना सहन करने के लिये प्रस्तुत नहीं। जब दुर्योधनादि पाण्डवों की तिरस्कृति करते हैं तो वह मुष्टि बाँधकर उनसे युद्ध के लिये प्रस्तुत हो जाता है। वीरता के साथ ही साथ घटोत्कच में शालीनता तथा शिष्टता भी समभावेन दिखायी पड़ती है। धृतराष्ट्र को वह नम्रता के साथ प्रणाम करता है। मर्यादा का भी उसे सदैव ध्यान है। जब वह धृतराष्ट्र को प्रणाम करने लगता है तो सहसा उसे याद आ जाता है और पहले युधिष्ठिरादि पाण्डवों का प्रणाम निवेदन करने के बाद अपना प्रणाम कहता है। वास्तुतः भी घटोत्कच में पर्याप्तश्लेण दिखायी पड़ती है। जब दुर्योधन कहता है कि तुम्हीं राक्षस नहीं हम लोग भी राक्षस की नाईं व्यवहार कर सकते हैं तो घटोत्कच कहता है कि तुम लोग तो राक्षसों से भी निकृष्टतर हो, जैसा व्यवहार तुम लोगों ने किया है वैसा तो राक्षस भी नहीं करते। संक्षेप में यहाँ घटोत्कच का चरित्र बहुत ही उन्नत रूप में प्रदर्शित किया गया है। बहुत अंशों में उसके क्रूर राक्षसी स्वभाव का परिहार कर दिया गया है।

दुर्योधन, शकुनि तथा दुःशासन का चरित्र बहुत अंशों में समानकोटिक है—केवल मात्रा का अन्तर है। ये सभी अत्यन्त अभिमानी तथा क्रूर प्रतीत हो रहे हैं। निहत्थे बालक अभिमन्यु को मारकर ये प्रसन्न हो रहे हैं। इनके विपरीत धृतराष्ट्र हृदकण्ठ से अत्यन्त दुःखी हैं। अभिमन्यु का मारा जाना उन्हें कथमपि अभीष्ट नहीं। इसीलिये वे कौरवों की बारम्बार भर्त्सना तथा पाण्डवों की प्रशंसा करते हैं। घटोत्कच भी जब कभी उत्तेजित होता है वे ही शान्त करते हैं। गान्धारी तथा उनकी पुत्री दुःशला का चरित्र कोई विशेष महत्त्व नहीं रखता।

समीक्षण—नाटक वीर तथा करुण रस का सम्मिलन है। एक ओर अभिमन्यु की मृत्यु से करुण का वातावरण प्रस्तुत है तो दूसरी ओर घटोत्कच तथा दुर्योधनादि के विवाद में वीररस अपना अस्तित्व जताता है। डा० गणपति शास्त्री के अनुसार यह नाटक न सुखान्त है न दुःखान्त।

यहाँ यह प्रश्न भी विचारणीय है कि यह नाटक रूपकों की किस श्रेणी

में आता है। डा० ए० बी० कीथ का अभिमत है कि यह नाटक व्यायोग है। इसके विपरीत पुसालकर महाशय इसे उत्सृष्टिकांक मानते हैं। कीथ ने अपने समर्थन में अधिकांश अंश में युद्ध की योजना और तत्सम्बद्ध वार्ता को माना है। यह सुतरां सत्य है कि व्यायोग के चिह्न कुछ अंशों में इस नाटक में घटित होते हैं। इसके विपरीत उत्सृष्टिकाङ्क के कुछ लक्षण भी इस नाटक में स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं। उत्सृष्टिकांक का लक्षण है—'बुद्धि-प्रपंचित प्रख्यात वृत्त, करुण रस, वाग्युद्ध तथा जय-पराजय, स्त्रियों से घिरा रहना' इत्यादि ये सभी बातें इस नाटक में यथावत् हैं। अतः यह उत्सृष्टिकाङ्क के लक्षणों को भी बहुत अंशों में पूरा करता है। ऐसी स्थिति में, इसे किसी एक कोटि में रखना कठिन है।

डा० विन्तरनित्स ने इस नाटक के अन्तिम श्लोक के प्रति जो कि श्रीकृष्ण के सन्देश के रूप में है, आशंका प्रकट की है। उनका विचार है कि यह श्लोक सन्दर्भ से बाहर प्रतीत होता है। डा० पुसालकर भी इससे सहमति प्रकट करते प्रतीत होते हैं। चाहे जो भी हो, श्लोक अपने स्थान पर नितान्त उचित है।

यह नाटक वास्तविकता के निकट प्रतीत होता है। मानव-हृदय की आशा-कांक्षाओं एवं कमजोरियों के चित्रण में नाटककार अत्यन्त सफल है। जहाँ धृतराष्ट्र कौरवों की भर्त्सना करते हुये कहते हैं कि एकाकी बालक पर प्रहार करते हुये तुम लोगों के हाथ क्यों नहीं गिर गये? वहाँ दुर्योधन तुरत सटीक उत्तर देता है—'यदि वृद्ध भीष्म को छल से मारकर उनके हाथ नहीं गिरे तो हमारी भुजायें कैसे गिरेंगी?' उत्तर-प्रत्युत्तर बड़े मार्मिक हुये हैं। अर्जुन का पराक्रम वर्णित करते हुये धृतराष्ट्र का यह कथन नितान्त अनूठा है—

शक्रं पृच्छ पुरा निवातकवचप्राणापहारार्चितं
पृच्छास्त्रैः परितोषितं बहुविधैः कैरातरूपं हरम्।
पृच्छाग्निं भुजगाहुतिप्रणयिनं यस्तर्पितः खाण्डवे
विद्यारक्षितमद्य येन च जितस्त्वं पृच्छ चित्राङ्गदम्॥ २२॥

श्रीकृष्ण का सन्देश भी अत्यन्त उपयुक्त है। एक ओर वह शान्ति तथा नम्रता का प्रतीक है तो दूसरी ओर वीरता, पौरुष तथा स्वाभिमान से संयुक्त है—

धर्मं समाचर कुरु स्वजनव्यपेक्षां
यत्कांक्षितं मनसि सर्वमिहानुतिष्ठ।
जात्योपदेश इव पाण्डवरूपधारी
सूर्यांशुभिः सममुपैष्यति वः कृतान्तः ॥ ५२ ॥

इस नाटक में भरतवाक्य का अभाव है अतः कुछ लोग इसे अपूर्ण मानते हैं। संभव है आगे इसमें कुछ अंश रहा हो। वैसे यह नाटक अपने तात्पर्य में पूर्ण है।

४—मध्यम व्यायोग

कुरुजाङ्गल प्रदेश के यूपग्राम का निवासी माठरगोत्रीय अध्वर्यु केशवदास अपने मातुल यज्ञबन्धु से, जो उद्यामक ग्राम का निवासी तथा कौशिक गोत्री है, मिलने जा रहा है। यज्ञबन्धु के यहाँ पुत्र का उपनयन संस्कार होनेवाला है उसी में वह सम्मिलित होने जा रहा है। उसके साथ उसके तीन पुत्र तथा उसकी स्त्री भी है। मार्ग में उसे वही जङ्गल पार करना पड़ता है जिसमें दुर्योधन से द्यूत में पराजित पाण्डवगण निवास कर रहे हैं। उनका उस जंगल में एक भयंकर राक्षस पीछा कर रहा है। उस राक्षस का केश-कलाप मध्याह्नकालिक सूर्यकिरणों की नाईं बिखरा हुआ है, आँखें पीली हैं तथा सूर्य-चन्द्र की भाँति चमकीली हैं, वक्षःस्थल विस्तृत है, वह पीला कौशेय वस्त्र धारण किये हुये है, उसके दाँत हाथी के बच्चे के दाँत के समान ईषद् निकले हुये हैं, हल के समान नाक है, हाथी के सूँड़ की नाईं भुजायें हैं, वह अग्नि के समान प्रोद्भासित है तथा त्रिपुरविनाशक रुद्र की भाँति क्रुद्ध है। वह राक्षस भीमपुत्र घटोत्कच है।

उस राक्षस को देखकर कनिष्ठ पुत्र कहता है कि यह तो साक्षात् मृत्यु की भाँति हम लोगों का अनुधावन कर रहा है। इसी समय घटोत्कच उन्हें ललकारते हुये कहता है—'ऐ भीरु ब्राह्मण ? मेरे आगे से तुम कहाँ भाग रहे हो ? तुममें अपने पुत्रों तथा स्त्री की रक्षा का सामर्थ्य नहीं। तुम मेरे सामने वैसे ही हो जैसे क्रुद्ध गरुड़ के सामने स्त्री-सहित डरा हुआ नाग हो।' घटोत्कच की बात सुनकर वृद्ध ब्राह्मण अपने पुत्रों तथा स्त्री से कहता है कि तुम लोग डरो

मत। इसकी वाणी तो विवेकशील प्रतीत हो रही है। घटोत्कच उसी समय अपने मन में सोचता है कि मैं यह भलीभाँति जानता हूँ कि ब्राह्मण पृथ्वी पर अवध्य हैं पर माता के आज्ञावशात् यह अकरणीय कार्य भी शंका को छोड़ कर करना पड़ेगा।

उसी समय वृद्ध ब्राह्मण अपनी पत्नी से कहता है—'ब्राह्मणि, क्या तुम्हें स्मरण नहीं है कि उस जलक्लिन्न तपस्वी ने कहा था कि यह वन निरापद नहीं है अतः तुम लोगों को सावधानी से जाना चाहिये।' ब्राह्मणी कहती है कि 'इस समय आप कर्त्तव्यविमूढ़ क्यों हो रहे हैं, किसी को पुकारिये।' ब्राह्मणी की बात सुनकर ब्राह्मण कहता है कि किसे पुकारूँ? यह वन तो निर्जन है, पर्वतों से घिरा है तथा पशु-पक्षियों से व्याप्त है। फिर उसे स्मरण आता है कि पास ही पाण्डवों का आश्रम है। वे पाण्डव युद्धप्रिय, शरणागतवत्सल, साहसी, दीनों पर दया करनेवाले तथा भयानक प्राणियों को दण्ड देनेवाले हैं। पर, उन्हें परस्पर वार्तालाप से यह पता चलता है कि पाण्डव कहीं बाहर चले गये हैं। इस प्रकार किसी आसन्न सहायक को न देखकर वे घटोत्कच से ही पूछते हैं कि इस संकट से मोक्ष का कोई उपाय है या नहीं? इस पर घटोत्कच कहता है कि मोक्ष तो है पर उसके साथ शर्त है। मेरी माता की आज्ञा है कि इस अरण्य में यदि कोई मानव मिले तो उसे पकड़ कर मेरे पारण के लिये लाओ। यदि आप स्त्री और दो बच्चों के साथ मोक्ष चाहते हैं तो योग्य-अयोग्य का विचार कर एक पुत्र को मेरे साथ कर दीजिये और इस प्रकार आपका कुटुम्ब बच जायेगा।

घटोत्कच की बात सुनकर ब्राह्मण क्रुद्ध हो जाता है और कहता है कि 'इन नीचतापूर्ण बातों से तू विरत हो जा। मेरा ही शरीर वार्धक्य-जर्जर है और अब कृतकृत्य भी हो गया है अतः पुत्रों की रक्षा के निमित्त इसे तो मैं अर्पण करता हूँ।' वृद्ध ब्राह्मण की बात सुनकर ब्राह्मणी ही चलने को कहती है और और इसी में वह अपने पातिव्रत्य धर्म की सार्थकता समझती है। पर घटोत्कच उसे यह कहकर निवारण कर देता है कि मेरी माता को स्त्री अभीष्ट नहीं है। जब घटोत्कच वृद्ध को लेकर चलने को प्रस्तुत होता है तो ज्येष्ठ पुत्र यह कहता है कि वह अपने प्राणों को देकर पिता के प्राण की रक्षा करना चाहता है।

मध्यम पुत्र भी उसकी बात सुनकर उसे रोकता है और कहता है कि आप कुटुम्ब में ज्येष्ठ तथा पितरों के प्रिय हैं। अतः मैं ही अपने शरीर को दूँगा। इसी प्रकार कनिष्ठ पुत्र भी कहता है और वे अहमहमिकापूर्वक जाने को प्रस्तुत होते हैं। पर उन दोनों छोटे भाइयों को बड़ा लड़का यह कहकर रोकना चाहता है कि आपद्ग्रस्त पिता की ज्येष्ठ पुत्र ही रक्षा करता है। पर, ज्येष्ठ की बात सुनकर वृद्ध ब्राह्मण कहता है कि ज्येष्ठ पुत्र मुझे सर्वाधिक प्रिय है अतः इसे मैं काल के गाल में नही प्रेषित कर सकता। वृद्ध की बात सुनकर वृद्धा कहती है कि कनिष्ठ पुत्र उसे प्राणों से बढ़कर प्रिय है अतः उसे भी वह नहीं जाने देगी। इस पर मध्यम पुत्र कहता है कि माता-पिता का अनिष्ट किसे प्रिय होगा। यदि ये लोग दोनों पुत्रों को नहीं जाने देना चाहते तो मैं ही जाऊँगा। उसकी बात सुनकर घटोत्कच प्रसन्न हो जाता है। द्वितीय पुत्र क्रमेण माता, पिता तथा ज्येष्ठ भ्राता को प्रणाम करता है और वे उसे शुभाशीर्वाद देते हैं। चलते समय मध्यम पुत्र घटोत्कच से कहता है कि जरा तुम रुक जाओ जिससे मैं समीपवर्ती जलाशय में जलपान कर लूँ। घटोत्कच उसे शीघ्र आने को कह जाने की अनुमति दे देता है। मध्यम पुत्र चला जाता है।

मध्यम पुत्र के लौटने में कुछ विलम्ब होता है। घटोत्कच उसे मध्यम कहकर जोर से पुकारता है। समीप ही भीमसेन कहीं खड़े हैं। वे उस शब्द को सुनते हैं और वितर्क करते हैं कि अर्जुन उन्हें ही मध्यम कहकर पुकारते हैं। इसी बीच घटोत्कच दुबारा पुकारता है और भीम उधर मुड़कर देखते हैं। घटोत्कच के बलशाली तथा सुपुष्ट शरीर को देखकर वे आश्चर्यान्वित हो जाते हैं। जब पुनः घटोत्कच मध्यम पुत्र को पुकारता है तो वे कहते हैं कि मैं आ गया। घटोत्कच भी भीम के दर्शनीय व्यक्तित्व को देखकर ठिठक जाता है। वह कहता है कि 'क्या आप भी मध्यम हैं, तो भीम कहते हैं कि 'मैं ही मध्यम हूँ।' भीम की बात सुनकर वृद्ध ब्राह्मण मन में सोचता है कि यह अवश्य ही मध्यम पाण्डव भीम हैं जो हम लोगों को मुक्त कराने के लिये ही भाग्यवशात् यहाँ आये हैं। इसी अन्तराल में ब्राह्मण का मध्यम पुत्र भी चला आता है और घटोत्कच उसे लेकर चल देता है। वृद्ध कातर दृष्टि से भीम की शरण में

जाता है और कहता है कि यह राक्षस हम लोगों को खाना चाहता है इससे आप रक्षा कीजिये। वह यह भी बताता है कि वह कौन है तथा कहाँ जा रहा है। उसकी बात सुनकर भीम उसे आश्वासन देते हैं। वे घटोत्कच को पुकार कर कहते हैं कि इस ब्राह्मण परिवाररूपी चन्द्र के लिये तुम क्यों राहु बने हो। ब्राह्मण अवध्य होते हैं अतः इसे छोड़ दो। भीम की बात सुनकर घटोत्कच छोड़ने से इनकार करता है और कहता है कि आप क्या मेरे साक्षात् पिता भी आकर कहें तो मैं इसे नहीं छोड़ सकता। मैं अपनी माता की आज्ञा की पूर्ति के लिये इसे ले जा रहा हूँ। भीम उसकी माता का नाम पूछते हैं और हिडिम्बा नाम सुनकर मन ही मन प्रसन्न होते हैं। पुत्र की मातृभक्ति से भी उन्हें महान् आह्लाद होता है। भीम मध्यम पुत्र को रोक देते हैं और कहते हैं कि तुम मत जाओ, तेरे स्थान पर मैं जाऊँगा। इस पर जब घटोत्कच उनसे चलने के लिये कहता है तो वे कहते हैं कि 'यदि तुम में शक्ति हो तो मुझे ले चलो।'

इसके अनन्तर घटोत्कच वृक्ष, शैलादि से भीम पर प्रहार करता है। पर भीम निगृहीत नहीं होते। बाहुयुद्ध तथा मायायुद्ध से भी घटोत्कच उनका बाल-बाँका नहीं कर सका। अन्त में घटोत्कच उनकी प्रतिज्ञा की याद दिलाता है और भीम उसके साथ चलने लगते हैं। घटोत्कच भीमसेन को खड़ा कर अपनी माता हिडिम्बा को खुशखबरी सुनाने जाता है। हिडिम्बा उसके साथ अपने कल्पित आहार को देखने आती है और देखकर आश्चर्यचकित हो जाती है। वह 'आर्यपुत्र' कहकर भीमसेन का अभिवादन करती है। घटोत्कच भी अपने कृत्य पर लज्जित होता है और भीम को प्रणाम करता है। वह भीम से क्षमायाचना करता है। भीम भी उसे गले से लगा लेते हैं। वृद्ध ब्राह्मण के चरणों में भी घटोत्कच नतमस्तक होता है। अन्त में मङ्गलवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है—

> यथा नदीनां प्रभवः समुद्रः
> यथाहुतीनां प्रभवो हुताशनः।
> यथेन्द्रियाणां प्रभवं मनोऽपि
> तथा प्रभुर्नो भगवानुपेन्द्रः॥—श्लोक ५२।

नाटक का आधार—महाभारत में हिडिम्ब-वध तथा हिडिम्बा से भीम का व्याह वर्णित है। इसके अतिरिक्त हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच का अस्तित्व भी वहाँ विद्यमान है (द्र० महाभारत के आदिपर्व के अन्तर्गत हिडिम्बवधपर्व, अध्याय १५१–१५५, गीता प्रेस संस्करण)। पर, इस प्रकार ब्राह्मण का पीछा तथा भीम द्वारा ब्राह्मणों की मुक्ति महाभारत में अनुल्लिखित है। हाँ, यह महाभारत में अवश्य उल्लिखित है कि घटोत्कच यज्ञ तथा ब्राह्मणों का विद्वेषी है (द्रोणपर्व, अ० १८१।२६–२७)। इस प्रकार यहाँ इस नाटक का आख्यान कल्पित है। भास सुपरिचित पात्रों को लेकर उन्हीं के आधार पर इस नाटक की रूप-रेखा प्रस्तुत करते हैं।

नाटक का नामकरण—यह प्रश्न विचारणीय है कि नाटक का नाम मध्यम व्यायोग क्यों रखा गया है? इसकी व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है—मध्यम अर्थात् मध्यम पाण्डव भीम पर अथवा मध्यम ब्राह्मण पर आधृत व्यायोग नामक नाटक-प्रकार। यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि पाण्डवों में मध्यम तो अर्जुन हैं फिर भीम क्यों मध्यम कहे गये हैं? इसका उत्तर यह है कि भास पाण्डवों में भीम को मध्यम मानते हैं जिसका आधार यह है कि कुन्ती के तीन पुत्रों में भीम ही मध्यम हैं।

इसकी अन्य व्याख्या यह भी हो सकती है कि जिस नाटक में मध्यम पाण्डव भीम का हिडिम्बा से मिलन हुआ अथवा जिसमें दो मध्यमों (पाण्डव-मध्यम भीम तथा मध्यम ब्राह्मण) का प्रयोग हुआ है (विशेषेण आयोगः संयोगः या व्यायुज्यतेऽस्मिन्)।

चरित्राङ्कन—यद्यपि इस नाटक में भीम का व्यक्तित्व सर्वातिशायी प्रदर्शित किया गया है, पर सारे नाटक का घटनाक्रम घटोत्कच पर केन्द्रित है। घटोत्कच के चरित्रांकन में विशेष सावधानी प्रदर्शित की गयी है। घटोत्कच राक्षस होते हुए भी मानवीय भावभूमि पर अधिष्ठित है। उसे यह पता है कि ब्राह्मण अवध्य होता है, पर वह बेचारा करे क्या? माता की आज्ञा का पालन तो उसे करना ही है। इसीलिये वह सोचता है—

जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्।
अकार्यमेतच्च मयाऽद्य कार्यं मातुर्नियोगादपनीय शङ्काम्॥—श्लोक ९।

घटोत्कच का शरीर अत्यन्त सुगठित तथा बलशाली है। उसकी आँखें चन्द्र-सूर्य की भाँति तेजस्वी हैं, उसका वक्षःस्थल पीन तथा विस्तीर्ण है; केशराशि कनककपिशवर्ण की है तथा कौशेय वस्त्र धारण किये हुये है। जब मध्यम ब्राह्मण-कुमार जल पीने के लिये बाहर जाने को कहता है तो वह बिना किसी हिचकिचाहट के वैसी आज्ञा दे देता है। इसमें उसका आत्मविश्वास तथा सहानुभूति लक्षित होती है। भीम के साथ उसकी बातचीत में भी उसका व्यक्तित्व मलिन नहीं होता अपितु, वह निर्भीकता के साथ उनसे संघर्ष ठानता है। घटोत्कच में दृढ़ता के साथ-साथ विनय भी उचित रूप में विद्यमान है। जब भीम को लेकर अपनी माता के पास पहुँचता है और वहाँ जाकर उसे पता लगता है कि ये उसके पिता हैं तो वह उनके चरणों में अवनत हो जाता है और अपने कृत्य के लिये क्षमा-याचना करता है।

भीमसेन का चरित्र इस नाटक में अपेक्षाकृत सबसे उदात्त तथा महनीय प्रदर्शित किया गया है। यद्यपि उनका नाटक में सान्निध्य घटोत्कच और केशव-दास से कम ही रहता है पर, उनके आते ही सारा कथानक उन्हीं पर केन्द्रित हो जाता है। भीमसेन परदुःखकातर, आत्माभिमानी, निर्भीक तथा बलवान् योद्धा क्षत्रिय के रूप में अङ्कित किये गये हैं। वे आते ही ब्राह्मणों की बात सुनकर उन्हें अभयदान देते हैं और राक्षसी का आहार बनने को प्रस्तुत हो जाते हैं। अपने बलशालित्व का भी वे परिचय देते हैं और घटोत्कच से संघर्ष भी कर बैठते हैं। इस संघर्ष में वे विजयी होते हैं पर 'संवित्' का ध्यान कर हिडिम्बा के पास चलने को प्रस्तुत हो जाते हैं। हिडिम्बा के पास जाने पर उनका असली कुटुम्बी रूप प्रकट हो जाता है। उनके वार्तालापों में प्रेम तथा सौहार्द्र की भावना लक्षित होती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि नाटककार भीम के चरित्रांकन में विशेष सचेष्ट है और भीम को नायक के पद पर प्रतिष्ठित करता है।

ब्राह्मण केशवदास तथा उनके परिवार का चरित्र एक विशेष प्रकार का है। वे संयमी तथा तपस्वी हैं। परस्पर एक दूसरे के लिए त्याग की भावना भी उल्लेख्य रूप से वर्तमान है। परन्तु, खटकनेवाली बात एक यह है कि माता-पिता

दोनों ज्येष्ठ-कनिष्ठ पुत्र के प्रति तो विशेष ममता रखते हैं। मध्यम पुत्र के प्रति उनमें वह ममता नहीं है इसीलिये उसे कालकवलित कराने के लिये वे उद्यत हो जाते हैं। इसमें नाटककार का वैदिक सभ्यता और धर्म के प्रति आग्रह का भाव प्रेरक प्रतीत होता है। इस प्रकार ऐतरेय आरण्यक में शुनःशेप को उसके माता-पिता वरुण-बलि बनाने के लिये उद्यत हो जाते हैं। इस प्रकार लेखक यहाँ वृद्ध ब्राह्मण और वृद्धा के साथ न्याय नहीं कर सका है।

हिडिम्बा के चरित्र में कोई उल्लेख्य वैशिष्ट्य नहीं दिखायी पड़ता। इसका कारण यह है कि उसके उभार का इसमें अवसर नहीं दिया गया है।

समीक्षण—जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है यह रूपक 'व्यायोग' नामक नाटक-प्रकार की कोटि में आता है। व्यायोग का इतिवृत्त प्रसिद्ध होता है, नायक धीरोद्धत होता है, गर्भ तथा विमर्शाख्य सन्धियाँ नहीं होतीं, वीर, रौद्र आदि उद्दीप्त रस होते हैं, युद्ध स्त्री-निमित्तक नहीं होता, एक दिन का चरित होता है तथा एक ही अङ्क होता है—

ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः ख्यातोद्धतनराश्रयः।
हीनो गर्भविमर्शाभ्यां दीप्ताः स्युर्डिमवद्रसाः॥
अस्त्रीनिमित्तसंग्रामो जामदग्न्यजये यथा।
एकाहाचरितैकाङ्को व्यायोगो बहुभिर्नरैः॥

—दशरूपक, ६, ६०-६२।

इस मानदण्ड से यह रूपक व्यायोग ही ठहरता है और इस रचना में नाटककार को पर्याप्त साफल्य मिला है। नाटकीय दृष्टि से यह नाटक उत्तम माना जायगा क्योंकि रस-परिपाक तथा भावोन्मेष में नाटककार को पूरी सफलता मिली है। वार्तालापों में भी कहीं वैरस्य नहीं आता और दर्शक का कुतूहल प्रतिक्षण वृद्धिगत होता रहता है। इस कथनोपकथन में भाषा भी बड़ी सहायिका सिद्ध होती है। लम्बे समासान्त पदों का अभाव दर्शक के भाव-बोध में व्यवधान नहीं आने देता। भास की भाषा सरलता में बेजोड़ है। घटनाक्रम में सत्वरता प्रभावोत्पादन में चार-चाँद लगा देती है।

भास का काव्य-कर्म भी इस नाटक में सफल रहा है। घटोत्कच का

उत्प्रेक्षा के आश्रय से ऐसा वर्णन है कि नाटक पढ़नेवाले के सामने में एक वरिष्ठ व्यक्ति खड़ा हो जाता है :—

ग्रहयुगलनिभाक्षः पीनविस्तीर्णवक्षाः,
कनककपिलकेशः पीतकौशेयवासाः ।
तिमिरनिवहवर्णः पाण्डरोद्वृत्तदंष्ट्रो
नव इव जलगर्भो लीयमानेन्दुलेखः ॥—श्लोक ५ ।

इसी प्रकार वृद्ध ब्राह्मण के परिवार का चित्रण भी बड़ा सजीव तथा आकर्षक है। उपमा की छटा भी यहाँ दर्शनीय है—

भ्रान्तैः सुतैः परिवृतस्तरुणैः सदारैः वृद्धो द्विजो निशिचरानुचरः स एषः ।
व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः सन्त्रस्तवत्सक इवाकुलतामुपैति ॥
—श्लोक ३ ।

भयभीत तरुणपुत्रों और पत्नी से युक्त वृद्ध ब्राह्मण का एक राक्षस पीछा कर रहा है। वह ब्राह्मण सिंह के द्वारा आक्रमण किये जाते हुए, डरे हुए वत्सों तथा गायवाले वृषभ की भाँति प्रतीत हो रहा है। वृद्ध ब्राह्मण का यह रूप दर्शक को बरबस करुण-रस में डुबो देता है।

५—पञ्चरात्र

यह तीन अङ्कों का नाटक है। यह महाभारत के विराटपर्व पर आधृत है। द्यूत में पराजित पाण्डव तेरह वर्षों के लिये वनवास तथा अज्ञातवास का संवित् कर राज्य से बाहर चले गये हैं। इस समय वे विराट के यहाँ छद्मवेश में अज्ञातवास कर रहे हैं। इसी समय कुरुराज दुर्योधन का यज्ञ प्रारम्भ होता है। यज्ञ वृहत् सम्भार के साथ होता है। ब्राह्मणोच्छिष्ट अन्न चतुर्दिक अवकीर्ण पड़े हुये हैं। यज्ञधूम की सुगन्धि से पुष्पों की सुगन्धि दब गई है। यज्ञ के सात्त्विक प्रभाव से परस्पर विरोधी स्वभाव के हिंस्र पशु भी वैर को विस्मृत कर दिये हैं। दुर्योधन सारे प्राणियों को तृप्त कर रहा है। बड़े-बड़े वृद्ध विद्वान् ब्राह्मण उस यज्ञ में सम्मिलित हुये हैं। पृथ्वी के सारे नृपतियों ने राजा को कर देकर सन्तुष्ट किया है। इस प्रकार यज्ञ की छटा निराली हो गयी है। यत्र-तत्र बालक औद्धत्य तथा चापल्य भी प्रदर्शित कर रहे हैं।

यज्ञ पूर्ण समारोह के साथ समाप्त होता है। दुर्योधन अपने मित्र कर्ण से

मन्त्रणा कर गुरुजनों को प्रणाम करता है। भीष्म-द्रोण दुर्योधन को यज्ञ में सम्मिलित राजाओं से मिलाते हैं। इसी समय दुर्योधन को पता चलता है कि सम्पूर्ण राजा तो आ गये पर विराट का पता नहीं। शकुनि उसे बताता है कि विराट के यहाँ दूत भेजा जा चुका है, रास्ते में आ रहा होगा। इसके अनन्तर दुर्योधन आचार्य द्रोण से दक्षिणा माँगने को कहता है क्योंकि वे उसके धर्म तथा धनुर्विद्या में गुरु हैं। द्रोणाचार्य दुर्योधन के बहुत आग्रह करने पर कहते हैं कि 'और किसी वस्तु की तो मुझे अपेक्षा नहीं पर यदि तुम्हें दक्षिणा देने की लालसा है तो यही दक्षिणा है कि बारह वर्षों से वन में इधर-उधर भटकने-वाले पाण्डवों को उनका हिस्सा दे दो।' इस पर शकुनि तुरन्त उद्विग्न हो जाता है और कहता है कि ऐसा नहीं हो सकता। यह तो प्रत्यय उत्पन्न कर धर्म-वञ्चना की गयी। इस कथन से द्रोण रुष्ट हो जाते हैं पर भीष्म साम-वचनों से उनको शान्त करते हैं। दुर्योधन, मामा शकुनि से मन्त्रणा करने की अनुमति माँगता है और मन्त्रणा के लिये अनुमति पाकर शकुनि से मन्त्रणा करता है। शकुनि उसे राज्य न देने की राय देता है। कर्ण कहता है कि 'जैसा आप उचित समझिये वैसा कीजिये। भ्रातृ-भाग से मैं इनकार नहीं कर सकता। हम लोग तो समर में आपके सहायक हैं।' जब दुर्योधन गुरु को दक्षिणा देने की प्रतिज्ञा से निस्तार का उपाय पूछता है तो शकुनि उसे द्रोण के पास लाकर कहता है कि दुर्योधन कहते हैं कि यदि पाँच रातों के भीतर पाण्डवों का पता लग जाय तो वह उनका भाग देने को प्रस्तुत है।

पहले तो द्रोणाचार्य उसकी शर्त मानने को प्रस्तुत नहीं होते पर, इसी बीच विराट नगर से दूत लौट आता है और बताता है कि विराट के सम्बन्धी सौ कीचक-भाइयों को किसी व्यक्ति ने बाहों से ही रात्रि में मार डाला अतः शोक-संविग्न होने से वे यज्ञ में सम्मिलित नहीं हुये। भीष्म जब इसे सुनते हैं तो उन्हें प्रत्यय हो जाता है कि भीमसेन ने ही मारा है। वे द्रोण से दुर्योधन की शर्त मान लेने को कहते हैं और कहते हैं कि 'मुझे पूरा विश्वास है कि भीम ने ही कीचकों को मारा है। मुझे अपने बच्चों के पराक्रम का पूरा पता है। द्रोण उसकी शर्त को मान लेते हैं और उस शर्त को सभी समागत राजाओं को सुना देते हैं।

भीष्म कौरवों से विराट के गोधन के हरण की सलाह देते हैं क्योंकि वह यज्ञ में सम्मिलित नहीं हुआ है और गुप्त शत्रुत्व भी चला आता है। इस प्रस्ताव को सभी मान लेते हैं। द्रोण जनान्तिक में इस अपहरण का निषेध करते हैं और कहते हैं कि विराट उनका प्रिय शिष्य है। भीष्म कहते हैं कि जब वहाँ आक्रमण होगा तो कृतज्ञतावशात् पाण्डव साहाय्य के लिये आवेंगे ही और गोधन के प्रति उनका और भी विशिष्ट प्रेम है। इस प्रकार मन्त्रणा करने के उपरान्त भीष्म, द्रोण, कर्ण, कृप, शकुनि आदि कौरव सदल-बल विराट के गोधन पर आक्रमण करते हैं।

द्वितीय अङ्क विराट के गोधन की निवासभूमि से प्रारम्भ होता है। वृद्ध गोपालक अपने परिवार के तथा सम्बन्धी गोपालकों से वार्तालाप कर रहा है? इसी दिन विराट का जन्मदिवस भी है। गोपालक इसी आनन्द में नाच रहे हैं। इसी समय कौरव आकर गोधन का हरण करते हैं। गायें इधर-उधर भागती हैं पर वे सभी को समेट कर ले चलते हैं। गोपालक दौड़कर विराट को इसकी सूचना देते हैं। भट जाकर विराट को गोधन-हरण की सूचना देता है। महाराज विराट शीघ्र ही रणक्षेत्र में जाने लिए उद्यत होते हैं। इसी समय विराट भगवान् नामक ब्राह्मण को बुलाते हैं और उनसे सब वृत्तान्त यथावत् निवेदित करते हैं (वस्तुतः युधिष्ठिर ही भगवान् बने हैं)। विराट रथ सजाने की आज्ञा देते हैं पर, पता चलता है कि उस रथ पर सवार होकर राजकुमार उत्तर शत्रु-सैन्य को विफल करने के लिये चले गये हैं। उन्हें यह भी बताया जाता है कि रथ का सारथि बृहन्नला को बनाया गया है। बृहन्नला को सारथि सुनकर राजा चिन्तित होते हैं पर भगवान् उन्हें ढाढस बँधाते हैं। उन्हें यह भी सूचना दी जाती है कि उत्तर का रथ समराङ्गण को छोड़ कर श्मशान की ओर भाग गया है। भट फिर लौटकर विराट से बताता है कि उत्तर ने बाण से सभी विपक्षियों को पराङ्मुख कर दिया है केवल एक अभिमन्यु ही निर्भय भाव से लड़ रहा है। तदनन्तर यह भी बताया जाता है कि गोधन की रक्षा हो गयी, गायें लौट आयीं। धार्तराष्ट्र परास्त होकर भाग गये।

विराट बृहन्नला बने अर्जुन को सभा में बुलाते हैं। वे बृहन्नला से रण-वृत्तान्त पूछते हैं। इसी बीच भोजन बनाने में नियुक्त भीमसेन द्वारा अभिमन्यु भी

पकड़ लाया जाता है। अभिमन्यु का अर्जुन तथा भीम के साथ वार्तालाप होता है। अभिमन्यु राजा विराट के साथ निर्भीकता से बात करता है और कहता है कि यदि आप लोगों ने बाहुबल से मुझे पकड़ लिया है तो मध्यम पिता भीमसेन बाहुबल से ही मुझे छुड़ा ले जायेंगे। इसी समय वहाँ राजकुमार उत्तर आता है और कहता है कि वस्तुतः यह विजय मेरे द्वारा नहीं अपितु बृहन्नला बने इन अर्जुन के द्वारा हुई है। वह युद्ध का सारा वृत्तान्त भी बताता है। अर्जुन कहते हैं कि यदि मैं अर्जुन हूँ तो ये राजा युधिष्ठिर तथा ये भीमसेन हैं। इस प्रकार सब प्रकट हो जाते हैं। जब राजा विराट उन्हें गुप्त होने को कहते हैं तो युधिष्ठिर कहते हैं कि अब अज्ञातवास का समय पूरा हो गया। सब लोग परस्पर प्रसन्नता के साथ मिलते हैं। विराट अपनी पुत्री उत्तरा को अर्जुन के लिये देने का प्रस्ताव करते हैं। पर, अर्जुन इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं और कहते हैं कि सम्पूर्ण अन्तःपुर की मैंने मातृवत् पूजा की। इस कुमारी को मेरे पुत्र अभिमन्यु को दे दिया जाय। अर्जुन के प्रस्ताव का सभी अनुमोदन करते हैं। युधिष्ठिर कहते हैं कि इस प्रस्ताव के साथ उत्तर कुमार को भीष्म पितामह के पास भेज दिया जाय। सभी लोग इसे स्वीकार करते हैं।

तृतीय अङ्क कौरवों के यहाँ प्रारम्भ होते हैं। सूत आकर निवेदन करता है कि अर्जुनतनय अभिमन्यु को शत्रुओं ने पकड़ लिया है। इस कथन को सुनकर भीष्म, द्रोण, कर्ण आदि उत्तेजित हो जाते हैं। किन्तु शकुनि कहता है कि इसमें चिन्ता करने की कोई बात नहीं। विराट पाण्डवों और श्रीकृष्ण के भय से उसे छोड़ देंगे। सूत बताता है कि कोई पैदल ही आकर अभिमन्यु को पकड़ ले गया। वह अपने बाहुवेग से अश्वों के वेग को रोककर रथ पर चढ़ गया और अभिमन्यु को अपने कब्जे में कर लिया। यह सुनकर भीष्म कहते हैं कि वह व्यक्ति भीमसेन है। द्रोण भी इसका समर्थन करते हैं। शकुनि इसका प्रतिवाद करता है और कहता है कि इस पृथ्वी पर आप लोगों को केवल पाण्डव ही बलवान् दिखायी पड़ते हैं। इस समय सूत आकर कहता है कि जिस बाण ने आपकी ध्वजा को विद्ध किया उस पर किसी का नाम अङ्कित है। उसे देखने पर अर्जुन का नाम मालूम पड़ता है। शकुनि कहता है कि यह किसी दूसरे

अर्जुन का बाण होगा। दुर्योधन कहता है कि यदि आप लोग युधिष्ठिर को लाकर दिखा देंगे तो मैं उनका राज्यांश दे दूँगा।

इसी समय दूतरूप में विराटनगर से राजकुमार उत्तर आते हैं और प्रणाम पुरस्सर निवेदन करते हैं कि धर्मराज ने कहा है कि 'उत्तरा मुझे पुत्रवधू के रूप में प्राप्त हुई है, उसका विवाह आप लोगों के यहाँ हो या वहीं पर।' शकुनि झट उत्तर देता है कि वहीं पर। द्रोण तत्काल दुर्योधन की प्रतिज्ञा का स्मरण कराते हैं और कहते हैं अभी पञ्चरात्र पूरा नहीं हुआ है और पाण्डवों का पता लग गया। अतः दुर्योधन अपनी गुरुदक्षिणा पूरी करे। दुर्योधन अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण करना स्वीकार करता है और कहता है कि 'मैंने पाण्डवों को आधा राज्य दे दिया। सत्य बना रहेगा तो मरने के बाद भी हम यशःशरीर से जीवित रहेंगे।

भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का आधार—इस नाटक के कथानक का ताना-बाना महाभारतीय विराटपर्व के आधार पर निर्मित है, यद्यपि नाटककार ने परिवर्तन कर दिया है। युधिष्ठिरादि पाण्डवों का वेश बदल कर विराट के यहाँ रहना, कौरवों से युद्ध, कीचक-वध आदि की कथा विराटपर्व में सविस्तार वर्णित है (द्र० विराटपर्व, अ० ७ से ७१ तक)। पर मुख्य आधार जिस पर कि नाटक का नामकरण पाञ्चरात्र हुआ है, महाभारत में अनिर्दिष्ट है। द्रोण का पाण्डवों को राज्य देने को कहना, दुर्योधन का पाँच दिन के अन्दर पता लगने पर देने की प्रतिज्ञा करना तथा पता लग जाने पर राज्य दे देना पूर्णतः काल्पनिक है और महाभारत में इसका संकेत तक नहीं। दूसरे शब्दों में इस आख्यान को मानने पर महाभारत का मुख्य विषय भारत-युद्ध ही समाप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त इस नाटक में विराट युद्ध में नहीं जाते जब कि महाभारत में वे युद्ध करते हुये जीवित ही सुशर्मा के द्वारा पकड़ लिये जाते हैं (द्र० विराटपर्व, अ० ३२, ३३)। इस प्रकार हम देखते हैं कि कथानक-निर्माण में नाटककार ने पर्याप्त स्वतंत्रता बरती है और मूलकथा को एक नया रूप दे दिया है। यह परिवर्तन नाटक की प्ररोचनावृद्धि करने में पर्याप्त सहायक हुआ है।

नामकरण—इस नाटक का नामकरण पञ्चरात्र द्रोण का दुर्योधन से पाण्डवों को राज्य देने का अनुरोध और दुर्योधन का पाँच दिनों के अन्दर पाण्डवों के मिल जाने पर देने की प्रतिज्ञा पर आधृत है। सारा कथानक इस पर केन्द्रित है। द्रोण, भीष्म के साथ कौरवों का विराट के यहाँ गोधन का हरण, उत्तर के साथ अर्जुन का कौरवों को परास्त करना तथा पता लग जाने पर दुर्योधन द्वारा पाण्डवों को राज्यांश देना, इसी पञ्चरात्र की धुरी पर प्रतिष्ठित है। अतः इस नाटक का नामकरण पञ्चरात्र सटीक है।

चरित्राङ्कन—इस नाटक में सर्वप्रधान व्यक्तित्व दुर्योधन का है। आरम्भ से अन्त तक वह नाटक में वर्तमान है। नाटक का सारा क्रिया-कलाप उसी के वचनों से सञ्चालित हो रहा है। नाटक में उसका रूप धार्मिक राजा के रूप में सर्वप्रथम प्रदर्शित किया गया है। पाण्डवों को राज्य-भ्रष्ट कर वह महान् यज्ञ का प्रवर्तन करता है। यज्ञ में सभी देश-देशान्तर के राजा दुर्योधन को कर देने उपस्थित होते हैं। यह उसके महान् शौर्य-पराक्रम को घोषित करता है। यज्ञ में उसने विपुल सम्पत्ति व्यय की है। ब्राह्मणगण प्रभूत दक्षिणाओं को प्राप्त कर आप्तकाम हो गये हैं। होमधूमों से वह देवताओं का प्रीणन करता है।

अवभृथस्नान के समय दुर्योधन की अटूट गुरुभक्ति भी सामने आती है। गुरु द्रोणाचार्य को वह बार-बार यथेच्छ दक्षिणा माँगने को बाध्य कर रहा है। जब द्रोण पाण्डवों को उनका राज्य देने को कहते हैं तो उसके स्वार्थ को करारा झटका लगता है। उसके स्वार्थ-वृक्ष को द्रोण का वचनवायु झकझोर देता है। मंत्रणाओं का साथी तथा कुटिल मातुल शकुनि उसे न देने को बार-बार उत्साहित करता है। पर दुर्योधन पर गुरु का गौरव अपनी अटूट छाप डाले हैं। वह शकुनि से कहता है कि चाहे गुरुदेव ने वञ्चना ही की हो पर, यदि मैंने उनके हाथ में जल संकल्प के लिये दे दिया है तो उसे अवश्य ही पूरा करूँगा। कुलवृद्धों के सामने की प्रतिज्ञा से मैं मुकर नहीं सकता—

गुरुकरतलमध्ये तोयमावर्जितं मे,
श्रुतमिह कुलवृद्धैर्यत् प्रमाणं पृथिव्याम्।
तदिदमपनयो वा वञ्चना वा यथा वा
भवतु नृप! जलं तत् सत्यमिच्छामि कर्तुम्॥ ४७॥

इसीलिये वह एक शर्त पर द्रोण की याचना को स्वीकार करता है। वह शर्त है—पाँच रातों के अन्दर पाण्डवों का पता लग जाना।

दुर्योधन में स्वाभिमान की भावना भी कूट-कूट कर भरी हुई है। जब द्रोणाचार्य कहते हैं कि यदि पाण्डवों को उनका राज्यांश नहीं दिया जायेगा तो वे हठात् छीन लेंगे तो दुर्योधन उत्तेजित हो जाता है और कहता है कि यदि उनमें ऐसी सामर्थ्य है तो जब द्रौपदी का भरी सभा में केश-कर्षण किया गया तो उन्होंने क्यों नहीं अपना पराक्रम प्रदर्शित किया।

पाण्डवों के साथ प्रबल वैर होने पर भी अभिमन्यु के प्रति उसके हृदय में वात्सल्य प्रेम भरा है। जब उसे सूचना दी जाती है कि अभिमन्यु बन्दी बना लिया गया है तो वह कहता है कि इसके पितरों से मेरा वैर है अतः बन्दी बनाये जाने पर मुझे ही दोषी ठहरायेंगे। इसके अतिरिक्त वह पहले मेरा पुत्र है फिर पाण्डवों का। कुल-विरोध होने पर बालकों का उसमें अपराध नहीं होता—

मम हि पितृभिरस्य प्रस्तुतो ज्ञातिभेद-
स्तदिह मयि तु दोषो वक्तृभिः पातनीयः।
अय च मम स पुत्रः पाण्डवानां तु पश्चात्
सति कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः॥ अङ्क ३, श्लो० ४।

दुर्योधन अपने वचनों पर दृढ़ रहनेवाला है। जब उसे पाण्डवों का पता लग जाता है तो उनका राज्यांश लौटा देना स्वीकार कर लेता है और कहता है कि सत्य के ही सहारे व्यक्ति मरने पर भी जीवित रहता है। संक्षेप में दुर्योधन का रूप अत्यन्त उदात्त प्रदर्शित किया गया है।

द्रोणाचार्य—अत्यन्त शिष्यवत्सल आचार्य हैं। अन्याय उन्हें रञ्चमात्र भी नहीं भाता। दुर्योधन से सर्वभावेन परितुष्ट किये जाने पर भी पाण्डवों का राज्यच्युत किया जाना उन्हें सन्ताप देता है। इसीलिये दुर्योधन द्वारा दक्षिणा लेने के लिये प्रार्थना किये जाने पर वे पाण्डवों का राज्यांश लौटाने का आग्रह करते हैं। इसी शिष्यवत्सलता के कारण वे शकुनि जैसे शठ व्यक्ति को भी अनुकूल बनाने का प्रयास करते हैं यद्यपि धूर्त शकुनि उनकी चालाकी ताड़ जाता है। द्रोण उदात्तमना, निःस्पृह तथा शिष्यवत्सल आचार्य के रूप में दर्शाये गये हैं।

भीष्म का चरित्र भी अत्यन्त प्रशस्त प्रदर्शित किया गया है। उनमें विनय तथा शिष्टाचार भी कूट-कूट कर भरा है। धर्म की तो साक्षात् मूर्ति हैं। पाण्डवों के प्रति अटूट प्रेम तथा सहानुभूति के साथ ही साथ न्याय मार्ग का प्रदर्शन उनका लक्ष्य है। दुर्योधन को सदैव वे नेक सलाह देते हैं जिससे कुलविग्रह शान्त हो तथा पाण्डवों का न्याय अंश मिले। यद्यपि इस नाटक में वे कभी उत्तेजित प्रदर्शित नहीं किये गये हैं पर नीति का उपदेश वे सदैव करते हैं। द्रोण को भी वे समझाते हैं तथा शान्ति से काम लेने का उपदेश देते हैं।

शकुनि का चरित्र सभी दुर्गणों का आकर है। छल ही उसका स्वभाव है। वक्रता उसके व्यक्तित्व का अभिन्न अङ्ग है। जब द्रोण दक्षिणा के रूप में दुर्योधन से पाण्डवों को राज्यांश देने को कहते हैं तो शकुनि इसे धर्म-वञ्चना कहता है। तदनन्तर जब दुर्योधन उससे मंत्रणा करने चलता है और द्रोण उसका आलिङ्गन करते हैं तो शकुनि कहता है कि यह आचार्य बड़ा शठ है जो मुझे वञ्चित करना चाहता है। अभिमन्यु के विराटनगर में बन्दी बनाने का समाचार जब सुनाया जाता है और दुर्योधनादि उसे छुड़ाने के लिये उद्विग्नता प्रदर्शित करते हैं, उस समय भी शकुनि कहता है कि विराट अभिमन्यु को पाण्डवों या कृष्ण या बलराम के भय से छोड़ देगा फिर छुड़ाने की क्या जरूरत है! इतनी दुष्टता के साथ-साथ उसे पाण्डवों के बल का भी पता था। जब दुर्योधन कोई देश बताने को कहता है जिसे पाण्डवों को दिया जाय तो वह कहता है कि देने योग्य कोई भी देश नहीं, यहाँ तक कि शून्य भी नहीं—

शून्यमित्यभिधाष्यामि कः पार्थाद्बलवत्तरः।
ऊषरेष्वपि शस्यं स्याद्यत्र राजा युधिष्ठिरः॥ १,४८॥

कर्ण का चरित्र यद्यपि इस नाटक में थोड़ा ही आया है पर उसके चरित्राङ्कन में नाटककार ने पूर्ण सावधानी तथा सहानुभूति बरती है। वह विनयशील तथा कार्य-साफल्य का विश्वासी है। जब द्रोण उत्तेजित हो जाते हैं तो उन्हें शान्त कर अपना काम निकालने को कहता है। दुर्योधन के प्रति मित्रता को वह अन्तिम दम तक निभाने का पक्षपाती है। जब दुर्योधन उससे पूछता हैं कि पाण्डवों का अंश उन्हें दिया जाय या नहीं तो वह बड़े ही कुशल

शब्दों में उत्तर देता है कि यह तो आपके ऊपर है। हम लोग तो लड़ाई शुरू होने पर अपना प्राणार्पण करने को प्रस्तुत हैं। भातृ-भाव का मैं निषेध नहीं कर सकता—

रामेण भुक्तां परिपालितां च सुभ्रातृतां न प्रतिषेधयामि।
क्षमाक्षमत्वे तु भवान् प्रमाणं संग्रामकालेषु वयं सहायाः ॥ १,४५ ॥

युधिष्ठिर धर्म के प्रबल पक्षपाती हैं। उनका चरित्र आदर्शभूत है। मर्यादा के वे प्रबल पोषक हैं। कौरवों ने यद्यपि उनका बड़ा अपकार किया तथापि उनके प्रति उनमें सहानुभूति विद्यमान है। जब कौरवों ने विराट पर आक्रमण किया तो उनको बड़ा आघात लगा और वे बोल उठे—

एकोदकत्वं खलु नाम लोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि—अंक २। जब विराट अर्जुन के साथ उत्तरा के विवाह का प्रस्ताव करते हैं तो उन्हें दुःख हुआ। वे सोचने लगे कि कहीं अर्जुन का चित्त विचलित न हो जाय इसीलिये वे कहते हैं—'एतदवनतं शिरः'। पर जब अर्जुन इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर अभिमन्यु के साथ उत्तरा के परिणय का आवेदन करते हैं तो युधिष्ठिर प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि युधिष्ठिर का चरित्र बड़ा ही प्राञ्जल तथा उदात्त प्रदर्शित किया गया है।

अर्जुन का चरित्र वीररूप में प्रदर्शित किया गया है। अपने धनुर्विद्या के बल से वे उत्तर को साथ ले भीष्म, द्रोण आदि प्रमुख कौरवों को परास्त कर विराट की गायें लौटा लाते हैं। पर, अभिमान का उनके हृदय में लेश भी नहीं। इस विजय का वे अपने ऊपर श्रेय नहीं लेते। इससे बढ़कर उनके बाहुबल की प्रशंसा क्या हो सकती है कि शकुनि भी कह उठता है—कः पार्थाद् बलवत्तरः'। अर्जुन के चरित्र की शालीनता तब अपने चरम उत्कर्ष को प्राप्त होती है जब उत्तरा के साथ शादी का प्रस्ताव वे ठुकरा कर कहते हैं—

इष्टमन्तःपुरं सर्वं मातृवत् पूजितं मया।
उत्तरैषा त्वया दत्ता पुत्रार्थे प्रतिगृह्यते ॥ अङ्क २।

अभिमन्यु भी अपने पिता के समान वीर तथा स्वाभिमानी है। उसकी बातों से स्वाभिमान का दर्प द्योतित होता है। भीम का चरित्र भी बली तथा

उदात्त है। अन्य पात्रों का चरित्राङ्कन भी मर्यादा के अनुरूप हुआ है यद्यपि उनमें स्थानाभाव से विकास नहीं हो सका है।

समीक्षण

डा० ए. बी. कीथ ने पञ्चरात्र को रूपकों के दश भेदों में 'समवकार' माना है। साहित्यदर्पण में समवकार का लक्षण निम्न प्रकार से दिया है—

वृत्तं समवकारे तु ख्यातं देवासुराश्रयम्।
सन्धयो निर्विमर्शास्तु त्रयोऽङ्कास्तत्र चादिमे ॥ इत्यादि।

यद्यपि भास के नाटकों में नाट्यशास्त्र के नियमों का कठोरता से पालन नहीं हुआ है पर, 'प्राधान्येन व्यपदेशा भवति' के आधार पर इसे समवकार ही कहा जायेगा। कुछ विद्वानों के अनुसार यह व्यायोग नामक नाट्य-प्रकार है।

काव्योत्कर्ष की दृष्टि से यह नाटक उत्तम कोटि का कहा जायेगा। सरल शब्दावली में भावोन्मेष भास की अपनी विशेषता है। शब्दों के आश्रय से भास ऐसा चित्र खड़ा कर देते हैं कि पूरा दृश्य ही सामने आ जाता है। शकुनि के मुख से 'ऊपरेष्वपि शस्यं स्याद्यत्र राजा युधिष्ठिरः' की उक्ति बरबस हृदय को आकृष्ट कर लेती है। अलङ्कारों की संघटना भी नितान्त स्पृहणीय है। दुर्योधन की यज्ञ-समृद्धि का वर्णन नाटककार ने बड़ी ही कुशलता के साथ किया है।

स्थान-स्थान पर सूक्तियाँ इस बारीकी के साथ दी गई हैं कि प्रभावोत्पादन में वे दूनी वृद्धि कर देती हैं। ये सूक्तियाँ बड़ी ही हृदयहारिणी हैं—'सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः', 'मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति', 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' इत्यादि।

पाँच रातों में पाण्डवों का पता लग जाने पर उनका राज्य लौटाने की दुर्योधन की प्रतिज्ञा तथा पता लग जाने पर राज्य लौटा देना नाटककार की अपनी सूझ है। इस कल्पना के आश्रय से नाटककार ने दुर्योधन के चरित्र को उदात्त बनाने का प्रयत्न किया है और उसके सारे कल्मषों को धो डालने की कोशिश की है। इस कल्पना के द्वारा महाभारती आख्यान ने एक नया ही रूप

ले लिया है। इस नाटक का प्रधान रस वीर है। शृंगार का इसमें पूर्णतः अभाव है जो नाटक में स्त्रीपात्रों के न आने से हुआ है। संक्षेप में इसे भास की नाट्य-चातुरी का एक ज्वलन्त उदाहरण कहा जा सकता है।

६—ऊरुभङ्ग

यह नाटक महाभारत-युद्ध के अन्तिम अंश से सम्बन्ध रखता है। सारी कौरव तथा पाण्डव सेना युद्ध में विनष्ट हो चुकी है। केवल कौरव-पक्ष में कुरुराज दुर्योधन बचा है। जिसके साथ पाण्डव भीम का गदायुद्ध होता है। प्रारम्भ में क्षत-विक्षत वीरों वाली युद्धभूमि का सूत्रधार वर्णन करता है और दुर्योधन-भीम के गदायुद्ध का संकेत करता है। इसके अनन्तर पुनः युद्धभूमि और क्षत्रियों की विनाशावस्था का विस्तृत विवरण है। फिर दर्शक के सामने भीम एवं दुर्योधन के गदायुद्ध का दृश्य आता है।

युद्धभूमि में अत्यन्त कुपित पराक्रमी भीमसेन तथा गदायुद्ध में निष्णात दुर्योधन परस्पर गदाओं का प्रहार कर रहे हैं। पाण्डवों तथा कृष्ण के अतिरिक्त हलधर बलराम भी दर्शकों की कक्षा में हैं। दोनों की गदाओं से वज्रपात जैसी कठोर कर्कश ध्वनि हो रही है। दोनों युद्ध की पैंतरेबाजियाँ भी भलीभाँति प्रदर्शित कर रहे हैं। गदाओं की चोट से दोनों के शरीर खून से लथपथ हो रहे हैं। सहसा दुर्योधन के गदाघात से भीम मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर आ जाते हैं।

भीम के गिरते ही विदुरादि खिन्न हो जाते हैं। उधर शिष्य के नैपुण्य से बलरामजी प्रसन्न हो रहे हैं। इसी समय भीम स्वस्थ होते हैं। कृष्ण उन्हें कुछ गुप्त संकेत बताते हैं। भीम इससे उछल पड़ते हैं, उनमें नई शक्ति का सञ्चार हो जाता है और पुनः गदायुद्ध प्रारम्भ होता है। इस बार मौका देखकर भीम गान्धारीनन्दन दुर्योधन की जंघा पर गदा मारते हैं। गदा-प्रहार से दुर्योधन की जाँघें टूट जाती हैं और वह जमीन पर गिर पड़ता है, दुर्योधन को इस प्रकार गिरते देख बलरामजी कुपित हो उठते हैं और भीम को उनके भय से पाण्डव लोग घेरे में कर कृष्ण के साथ वहाँ से चल देते हैं। बलदेवजी क्रोध के मारे बोल उठते हैं—'मेरे रहते ही मेरी अवहेलना

कर भीम ने मर्यादा के विपरीत दुर्योधन की जाँघ पर गदा-प्रहार कर उसे गिरा दिया। आज मैं अपने हल से भीम का वक्षस्थल चीर डालूँगा।' बलदेवजी की इन बातों को सुनकर दुर्योधन कहता है—'भगवन्! भीमसेन ने युद्ध-मर्यादा का ध्यान न कर गदा से मारकर मुझे गिरा दिया। मेरा शरीर जर्जर हो गया है। आप प्रसन्न होइये। पृथ्वी पर गिरा मेरा मस्तक आपके चरणों में प्रणाम कर रहा है। आप क्रोध छोड़िये जिससे कुरुकुल को जलाञ्जलि देने के लिये पाण्डव जीवित रहें। वैर, वैर की कथा और हम लोग तो अब नष्ट हो गये।'

बलराम ने कहा—'दुर्योधन! तुम क्षणमात्र तक जीवन को धारण करो जिससे मैं सबलवाहन पाण्डवों को मारकर तुम्हारी स्वर्गयात्रा में सहायक बना दूँ।'

दुर्योधन ने कहा—हलायुध! भीम की प्रतिज्ञा अब पूरी हो चुकी क्योंकि मेरे सौ भाई मारे गये तथा मेरी यह दशा हो गयी। अतः अब विग्रह से क्या लाभ?'

बलराम ने कहा—'दुर्योधन! मुझे इसी बात का क्षोभ है कि मेरे सामने तुम छल से मारे गये और वह छल भीम ने किया।' इस पर दुर्योधन ने कहा कि यदि आपको यह विश्वास हो कि मैं छल से मारा गया तो मुझे पूर्ण सन्तोष है। पर आपने जो यह कहा कि भीम ने छल से मुझे जीता, वैसी बात नहीं। मुझे तो क्षीरसागरशायी, पारिजात वृक्ष के हरणकर्ता जगत्प्रिय भगवान् श्रीकृष्ण ने भीम की गदा में प्रविष्ट होकर काल का ग्रास बनाया।

इसी बीच वहाँ परिचरों एवं अन्य सम्बन्धियों के साथ धृतराष्ट्र-गान्धारी आते हैं। वे दोनों दुर्योधन को ढूँढ़ रहे हैं। वे कह रहे हैं कि छल से गदायुद्ध में दुर्योधन का मारा गया सुनकर मेरी आँखें और अन्धी हो गयीं। साथ ही वे क्रूर काल को भी कोसते हैं जिसने सौ पुत्रों में से एक को भी नहीं छोड़ा। धृतराष्ट्र को अब कोई तिलांजलि देनेवाला न रहा। इस प्रकार प्रलाप करते हुए वे दुर्योधन के पास पहुँचते हैं। दुर्योधन से उनकी बातचीत होती है और वह उन्हें वीरोचित सान्त्वना देता है। वह अपनी स्त्रियों से कहता है कि 'वेदोक्त विविध यज्ञों से मैंने देवताओं को संतृप्त किया, बान्धवों

को उचित आश्रय दिया और मेरे सौ भाइयों ने शत्रुओं पर आधिपत्य रखा, आश्रितों को कभी मैंने निराश्रित नहीं बनाया, युद्ध में अठारह अक्षौहिणी सेनाओं के नृपति मेरे नियन्त्रण में रहे। अतः मेरे मान को देखकर तुम लोग शोक को छोड़ दो। ऐसे राजाओं की स्त्रियाँ नहीं रोतीं।' उसका दुर्जय के प्रति यह उपदेश भी कि 'तुम यह सोचकर दुःख छोड़ दो कि प्रशंसित श्रीवाला तथा अभिमानी दुर्योधन तुम्हारा पिता था। जलांजलि-दान के अवसर पर रेशमी वस्त्रों में ढँकी युधिष्ठिर की बायीं भुजा को छूकर मेरे नाम के अन्त में जल देना।'

इसी समय वहाँ गुरुपुत्र अश्वत्थामा का आगमन होता है। अश्वत्थामा अत्यन्त उत्तेजित है और वह दुर्योधन को ढूँढ़ रहा है। दुर्योधन से मिलते ही वह कह उठता है—'राजन्! गरुड़ की पीठ पर आरूढ़ तथा हाथ में शार्ङ्ग धनुष लिये हुए कृष्ण को मैं पाण्डुपुत्र अर्जुन के साथ मार डालूँगा।'

अश्वत्थामा की उत्तेजना-पूर्ण बातों को सुनकर भूमिशायी दुर्योधन अत्यन्त विनयान्वित तथा समयोचित बात कहता है—'गुरुपुत्र! सारा राजसमाज पृथ्वी की गोद में सो गया, कर्ण दिवङ्गत हो चुका, गांगेय भीष्म का शरीर-पात हो गया, मेरे सौ भाई सयुग में निहत हो गये तथा मेरी भी ऐसी दशा हो गयी अतः अब आप धनुष का त्याग कर दीजिये।'

अश्वत्थामा ने व्यंग्य से कहा—'राजन्! प्रतीत होता है, भीम ने गदा का प्रहार तथा केश पकड़ कर आपकी जांघों के साथ ही आपके दर्प को भी नष्ट कर दिया।'

अश्वत्थामा के व्यंग्य-बाणों के प्रहार से दुर्योधन उत्तेजित हो जाता है। वह बोल उठता है—'अश्वत्थामन्! बलपूर्वक मैंने भरी सभा में द्रौपदी के केश खींचे, अभिमन्यु को युद्ध में मरवाया तथा द्यूत में हराकर उन्हें वन्य पशुओं का सहचरी बनाया। इन अपमानों के सामने पाण्डव-कर्तृक मेरा अपमान छोटा ही है।'

दुर्योधन की बात सुनकर अश्वत्थामा ने कहा—'राजन्! मैं आपकी, अपनी तथा वीरलोक की शपथ खाकर कहता हूँ कि आज रात्रि रण-रचना कर युद्ध में पाण्डवों को जला डालूँगा।'

अश्वत्थामा के कथन का दुर्योधन, बलदेव तथा धृतराष्ट्र अनुमोदन करते हैं। अश्वत्थामा पितृराज्य पर दुर्जय का अभिषेक करता है। दुर्योधन यह देखकर मृत व्यक्तियों का स्मरण करता हुआ महाप्रयाण करता है। धृतराष्ट्र बोल उठते हैं—'अब मैं मुनिजनों के धनभूत तपोवन को जा रहा हूँ। पुत्रों के नाश से विकल राज्य का धिक्कार है।' अश्वत्थामा कहता है—मैं धनुष-बाण लेकर सौप्तिकगणों के वध के लिये जा रहा हूँ।'

अन्त में भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक का सारा कथासूत्र केवल एक ही बात पर केन्द्रित है और वह है भीम द्वारा गदायुद्ध में दुर्योधन का ऊरुभङ्ग। ऊरुभङ्ग से पूर्व के सारे संवाद और कथावृत्त इसी ऊरुभङ्ग के दृश्य की ओर आकर्षण कर रहे हैं। नाटक का चरम परिपाक भी इसी घटना से सम्बद्ध है जब कि भगवान् श्रीकृष्ण के संकेत से भीमसेन छलपूर्वक दुर्योधन की जाँघ पर प्रहार करते हैं और उसे तोड़ डालते हैं। श्रीबलदेवजी का अमर्ष भी यहीं उभरता है। तदनन्तर की सारी घटनायें, यथा—धृतराष्ट्र का शोक-संवाद, अश्वत्थामा का आगमन, अमर्षपूर्ण उद्गार, दुर्योधन का उसे शान्त करना इत्यादि भी ऊरुभङ्ग से ही सम्बद्ध हैं। अतः नाटक का ऊरुभङ्ग नामकरण सार्थक तथा यथार्थ है।

चरित्राङ्कन—इस नाटक का नायक दुर्योधन है। उसके चरित्र-विन्यास में नाटककार ने पर्याप्त कौशल प्रदर्शित किया है। महाभारतीय दुर्योधन की नाईं वह शठ, दुर्विनीत तथा अहङ्कारी यहाँ नहीं प्रदर्शित किया गया है अपितु, नाटककार ने उसके चरित्र को नितान्त उदात्त तथा प्राञ्जल रूप में प्रदर्शित किया है। वह शौर्य-पराक्रम का जीवन्त प्रतीक है। उसका शरीर नितान्त पुष्ट तथा बलिष्ठ है। अस्त्र-कौशल में वह निष्णात है और इस दृष्टि से वह अपने प्रतिद्वन्द्वी भीम से अधिक कुशल है। उसके सुप्रयुक्त प्रहार से भीम विचलित हो उठते हैं और मूर्च्छित होकर धराशायी हो जाते हैं। यदि श्रीकृष्ण-प्रेरित-भीम अधर्म का आश्रय नहीं लेते तो यह स्पष्ट है कि जयश्री दुर्योधन को ही वरण करती। पर, भीम कैतव का आश्रयण कर

उसकी जाँघों को तोड़ डालते हैं और कुरुकुल का महान् शासक दुर्योधन जिसने १८ अक्षौहिणी सेना को अपने संकेत पर नर्तन कराया, भूलुण्ठित हो जाता है।

यहाँ तक तो दुर्योधन के शौर्य-पराक्रम वाले प्रश्न की बात रही। उसके भूशायी होने के बाद का चरित्र और भी प्रकृष्ट तथा प्रोज्ज्वल है। उसे अधर्म से मारा गया देख श्रीकृष्णाग्रज बलदेव, जो उसके गदायुद्ध के गुरु भी हैं अत्यन्त कुपित हो जाते हैं। वे पाण्डवों का विनाश करने पर उद्यत हो जाते हैं। उस समय उन्हें युद्ध से विरत करते हुए दुर्योधन अत्यन्त विनयपूर्ण तथा नीति-भरी बात कहता है—विग्रह या तो इसलिये किया जाता है कि शत्रु का अभीष्ट पूरा न हो या सम्बन्धियों को जय प्राप्त कर आनन्द मिले अथवा आत्मसुख ही मिले। पर भीम ने तो अपनी सारी प्रतिज्ञायें पूर्ण कर लीं। भाई-बन्धु भी युद्ध में काम आये और मेरी यह दयनीय स्थिति रही। अतः अब युद्ध से क्या सधेगा—

प्रतिज्ञावसिते भीमे गते भ्रातृशते दिवम्।
मयि चैवं गते राम! विग्रहः किं करिष्यति॥ ३३॥

इसके बाद जब बलदेवजी कहते हैं कि तुम अधर्म वा छल से मेरे सामने मारे गये तो दुर्योधन कहता है कि यदि आप यह मानते हैं कि मैं छल से हराया गया तो हारकर भी मेरी जीत हुई है। यह वञ्चना वस्तुतः भीम ने न कर श्रीकृष्ण ने की है।

दुर्योधन का धृतराष्ट्र, दुर्जय तथा रानियों से संवाद भी उसके चरित्र की महनीयता एवं कमनीयता के परिचायक हैं; धृतराष्ट्र से वह अत्यन्त धैर्य तथा पराक्रमपूर्ण उत्तर देता है। इस दयनीय अवस्था में भी उसका चित्त जरा भी विचलित नहीं हुआ है। वह कहता है—'पिताजी! जिस सम्मान से मैंने जन्म लिया था उसी सम्मान से जा रहा हूँ। मुझे जलती चिता की भी चिन्ता नहीं।' वह अपनी स्त्री मालवी से भी यही बात कहता है—'मालवि! गदाघात से मेरी भृकुटी भिन्न हो गयी है, वक्षःस्थल भी रुधिराप्लुत हो गया है पर तू इसलिये मत रो कि तेरा पति युद्ध में मारा गया है, वह पराङ्मुख

होकर युद्ध से भागा नहीं है।' उसमें शौर्य तथा अभिमान की भावना अन्तिम समय तक स्थिर है। जब अश्वत्थामा कहता है कि प्रतीत होता है ऊरुभङ्ग के साथ भीम ने तुम्हारा मान-भङ्ग भी कर डाला तो वह बोल उठता है—मैंने भरी सभा में द्रौपदी के केश को खींचा। द्यूत में हराकर पाण्डवों को बनैला पशु बना दिया और पूरे समर में सबके सामने अभिमन्यु को मारा। फिर इस अवमानना के सामने मेरी यह पराजय तो तुच्छ है।' (श्लोक ६३) परन्तु अभिमान और दर्प के प्रतीक के साथ ही साथ दुर्योधन शम-विनय का भी जीवन्त लक्ष्य है। वह दुर्जय से कहता है—

श्लाघ्यश्रीरभिमानदीप्तहृदयो दुर्योधनो मे पिता
तुल्येनाभिमुखं रणे हत इति त्वं शोकमेवं त्यज।
स्पृष्ट्वा चैव युधिष्ठिरस्य विपुलं क्षौमापसव्यं भुजं
देयं पाण्डुसुतैस्त्वया मम समं नामावसाने जलम्॥ ५३॥

संक्षेप में दुर्योधन स्वाभिमानी, पराक्रमी तथा अदीन पात्र है।

दुर्योधन के अतिरिक्त अश्वत्थामा तथा बलराम का व्यक्तित्व भी अपने में महत्त्वपूर्ण है। अश्वत्थामा का चरित्र एकाङ्गी प्रतीत होता है। उसमें शौर्य–पराक्रम प्रदीप्त हो रहा है। वैराग्नि उसके हृदय से शान्त नहीं हुई है। वह पाण्डवों के समूलोच्छेद के लिये कृतसंकल्प है। वह युद्धाग्नि में पाण्डवों की अन्तिम आहुति डालना चाहता है। वीरता के अतिरिक्त उसमें विनयहीनता भी लक्षित होती है। इसलिये जब दुर्योधन विग्रह की समाप्ति के लिये उससे कहता है तो वह उसे भी खरी-खोटी सुनाने से नहीं चूकता—

संयुगे पाण्डुपुत्रेण गदापातकचग्रहे।
सममूरुद्वयेनाद्य दर्पोऽपि भवतो हृतः॥ ६२॥

सबके अन्त में भी वह अपनी पाण्डवविनाश की बात से नहीं हटता और कहता है—

भवता चात्मना चैव वीरलोकैः शपाम्यहम्।
निशासमरमुत्पाद्य रणे धक्ष्यामि पाण्डवान्॥ ६४॥

संक्षेप में वह क्रोधी, पराक्रमशील तथा दुराग्रही के रूप में दिखायी पड़ता है।

बलराम का चरित्र अपेक्षाकृत अधिक प्रशस्त प्रदर्शित किया गया है। यद्यपि वे भी अमर्षशील तथा क्रोधी दिखाये गये हैं पर, उनका क्रोध अधर्मयुद्ध देखकर उभरा है अतः यह न्याय कोटि में आ जाता है। उन्हें अपने शिष्य के विद्याकौशल पर अभिमान है। जब दुर्योधन को गदायुद्ध के आचार्य बलराम के सामने ही भीमसेन छल से मार डालते हैं तो उनकी आँखें क्रोध से लाल हो जाती हैं, वे माला को समेटने लगते हैं तथा वस्त्र को कसने लगते हैं—

चलविलुलितमौलिः क्रोधताम्रायताक्षो
भ्रमरमुखविदष्टां किञ्चिदुत्कृष्य मालाम्।
असिततनुविलम्बिस्रस्तवस्त्रानुकर्षी
क्षितितलमवतीर्णः परिवेषीव चन्द्रः ॥ २६ ॥

क्रुद्ध बलरामजी उस समय बोल उठते हैं—भीम ने शत्रु-विनाशक मेरे हल का ख्याल नहीं किया, युद्ध में छल करते हुये उसने मेरा स्मरण नहीं रखा तथा दुर्योधन को छल से गिराते हुये उसने अपने कुल की विनय को भी ध्वस्त कर दिया—

मम रिपुबलकालं लाङ्गलं लङ्घयित्वा
रणकृतमतिसन्धिं मां च नावेक्ष्य दर्पात्।
रणशिरसि गदां तां तेन दुर्योधनोर्वोः
कुलविनयसमृद्ध्या पातितः पातयित्वा ॥ २७ ॥

इस प्रकार बलराम धर्मयुद्ध के प्रेमी, वीर तथा उग्र स्वभाव के दर्शाये गये हैं।

धृतराष्ट्र और गांधारी का चरित्र विशेष विकास नहीं पा सका है और उसमें करुणा का प्राधान्य है।

समीक्षण—संस्कृत-नाटक-साहित्य में ऊरुभङ्ग अपना विशिष्ट स्थान रखता है। संस्कृत नाटचशास्त्र में दुःखान्त नाटकों का निषेध किया गया है। पर, यह नाटक इस निषेध के विपरीत दुःखान्त है। दुर्योधन की मृत्यु रङ्गमञ्च पर ही होती है। युद्धादि की संघटना भी जो कि शास्त्रीय दृष्टि से निषिद्ध है, रङ्गमञ्च पर की गई है। इससे यह स्पष्ट अवभासित होता है कि इस नाटक का प्रणयन इन परम्पराओं के प्रचलन से ऊर्ध्वतर काल में हो चुका

था। दुर्योधन के दुर्जय नामक पुत्र की अवतारणा भी नाटककार की अपनी विशेषता है। इस पात्र की कल्पना स्वयं भास ने की है, महाभारतकार को इसका पता नहीं। इसी प्रकार इस नाटक में अन्य भी कई महत्त्वपूर्ण नवीन तथ्यों को नाटककार ने संघटित किया है जिनका महाभारत में अभाव है।

ऊरुभंग एक अत्यन्त प्रशस्त रूपक है। भरत-नाट्यशास्त्र के निर्देशों के विपरीत भी होने पर इसके महत्त्व में जरा भी अन्तर नहीं आता। नाटकीय कौशल की दृष्टि से यह नाटक श्लाघ्य है। कथनोपकथनों में स्वाभाविकता का साम्राज्य विराजमान है। समय और पात्र के अनुकूल ही वार्तालापों की संघटना की गई है। दुर्योधन के ऊरुभंग हो जाने पर बलदेवजी की चेष्टाओं तथा कथनों में पर्याप्त स्वाभाविकता है। साथ-साथ उनके स्वभाव की भी स्पष्ट झलक मिल जाती है। निम्न पद्य में अमर्ष तथा वीररस का अद्भुत परिपाक हुआ है—

सौभोच्छ्रिष्टमुखं महासुरपुरप्राकारकूटाङ्कुशं
कालिन्दी जलदेशिकं रिपुबलप्राणोपहारार्चितम्।
हस्तोत्क्षिप्तहलं करोमि रुधिरस्वेदार्द्रपङ्कोत्तरं
भीमस्योरसि यावदद्य विपुले केदारमार्गाकुलम्॥ २८॥

इसी प्रकार दुर्योधन के उत्तर भी नितान्त मर्यादित तथा शौर्यान्वित हैं। चरित्रांकन में नाटककार ने विशेष सावधानी बरती है। अपने चरितनायक को वह निम्न भावभूमि में अधिष्ठित करना नहीं चाहता इसीलिए महाभारतीय कथा में परिवर्तन कर वह उसे उदात्त तथा प्रतिष्ठित भूमि पर प्रतिष्ठापित करता है। अश्वत्थामा में कुछ औद्धत्य अवश्य है, पर नाटक में उसका व्यक्तित्व विशेष निखर नहीं सका है। यही कारण है कि वह दर्शकों पर अपना कोई विशेष प्रभाव नहीं छोड़ता।

रस की दृष्टि से भी नाटककार को पर्याप्त साफल्य मिला है। नाटक में करुण तथा वीररस परस्पर अनुस्यूत हैं। यदि गदायुद्ध, बलदेव के कथन तथा अश्वत्थामा के उद्गारों में वीररस की स्थिति है तो धृतराष्ट्र और गान्धारी के कथनों, दुर्जय के वार्तालाप तथा दुर्योधन की मृत्यु में करुण की भी सत्ता स्पष्ट है। इन दोनों रसों के चित्रण में लेखक को पर्याप्त सहायता मिली है।

७—अभिषेक नाटक

अभिषेक नाटक भास के उन दो नाटकों में से है जो रामकथा पर आवृत हैं। अन्य रामकथा पर आश्रित नाटक है प्रतिमा। नाटक का आरम्भ किष्किन्धा प्रदेश में होता है। भगवान् श्रीरामचन्द्र की धर्मपत्नी सीता का हरण हो गया है और वालि ने अपने अनुज सुग्रीव को राज्य से निर्वासित कर उसकी पत्नी तथा धन का हरण कर लिया है। दोनों में मैत्री स्थापित हुई है और वालि को मारने की श्रीराम ने प्रतिज्ञा की है। राम ने सात सालवृक्षों को एक ही बाण से गिराकर धराशायी कर दिया। उनके इस पराक्रम से सुग्रीव को यह निश्चय हो गया कि इनके द्वारा वालि का वध हो जायगा। राम, लक्ष्मण तथा हनुमान के साथ सुग्रीव किष्किन्धा में जाकर वालि का युद्ध के लिये आह्वान करता है। परोत्कर्षासहिष्णु वानरराज वालि उस उत्तेजक आह्वान को सुनकर युद्ध के लिये निकलना ही चाहता है कि उसकी पत्नी तारा उसे रोक लेती है और नाना प्रकार से उसे समझाने का प्रयत्न करती है। वालि उसके कहे को नहीं मानता और उसे ढाढस बँधाकर युद्ध करने चला जाता है। वालि और सुग्रीव परस्पर युद्ध करने लगते हैं और श्रीरामचन्द्र, लक्ष्मण तथा हनुमान के साथ युद्ध को देखते हैं। युद्ध में वालि को सबल पड़ता देख हनुमानजी श्रीराम को उनकी प्रतिज्ञा का स्मरण दिलाकर सुग्रीव की दयनीय अवस्था को बताते हैं। श्रीराम बाण छोड़ते हैं और उससे विद्ध होकर वालि धराशायी हो जाता है। वालि को कुछ समय तो मूर्च्छा रहती है। सचेत होने पर वह राम के बाण को देखता है और उस पर श्रीराम का नाम खुदा हुआ पाता है। सामने राम को देखकर वह कहता है—'हे राम! आप राजधर्म पर आरूढ़ हैं तथा धर्म के स्वरूप को भी आप निश्चित रूप से जानते हैं। आप वीर हैं तथा छल-प्रपञ्च को दूर करनेवाले हैं। तो फिर क्या मुझे इस तरह से अन्याय से मारना आपके लिये उचित था? आपने यशस्वी तथा वीर होकर भी मुझे छल से मारा और अपकीर्ति के पात्र बने।'

राम कहते हैं, 'वालि! तू अगम्या-गमन के कारण दोषी है। तूने धर्माधर्म का विवेक होने पर भी भ्रातृनारी का अभिमर्षण किया है। अतः तुम वध्य हो।'

वालि कहता है कि तब तो सुग्रीव ने भी भ्रातृदारानिमर्षण किया है अतः वह वध्य क्यों नहीं हुआ ? राम यह कहकर उसे निरुत्तर कर देते हैं कि ज्येष्ठ भाई की स्त्री का अभिमर्षण कहीं-कहीं होता है।

इसी समय स्त्रियाँ तथा कुमार अङ्गद भी वहाँ पहुँचते हैं। अङ्गद को वालि, राम तथा सुग्रीव के हाथों सौंप देता है। वालि इसके बाद प्राणों का त्याग कर देता है। राम सुग्रीव का अभिषेक करने के लिये लक्ष्मण को आज्ञा देते हैं।

द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में यह पता चलता है कि सभी दिशाओं में सीतान्वेषण के लिये प्रेषित बन्दर तो लौट आये पर, दक्षिण दिशा से अभी नहीं आये। यह भी पता चलता है कि जटायु से सीता का समाचार सुनकर हनुमान ने समुद्र को पार कर लिया है। इसके बाद लङ्का का दृश्य प्रारम्भ होता है। सीता राक्षसियों से घिरी हुई हैं और वे विलाप कर रही हैं। हनुमान भी इसी समय सामने आते हैं। चारों तरफ ढूँढ़ने के बाद राक्षसियों से घिरी सीता को देखते हैं। अशोकवृक्ष के कोटर में बैठकर वे वहाँ का वृत्तान्त देखते हैं। रावण नाना प्रकार से सीता को समझाता है और अपनी प्रणयिनी बनाने का प्रयास करता है पर, सीता उसे अस्वीकार कर देती हैं। इसी समय स्नानवेला होने से रावण चला जाता है। हनुमानजी अच्छा अवसर जानकर उसी समय सीताजी से राम का समाचार बताते हैं और उनकी वियोगजन्या अवस्था का वर्णन करते हैं। पहले तो सीताजी को प्रत्यय नहीं होता, पर राम का सुग्रीव के साथ सख्य-वृत्तान्त सुनकर विश्वस्त हो जाती हैं। हनुमानजी राम को लाने का विश्वास देकर सीताजी से अनुमति लेकर चल देते हैं। पर, बीच में सोचते हैं कि रावण को अपने आगमन की सूचना देने के लिये त्रिकूट उपवन को उजाड़ना चाहिये।

तृतीय अङ्क में हनुमान के उपवन-विध्वंस का वृत्तान्त शंकुकर्ण नामक परिचर रावण से कहलवाता है। रावण तुरन्त उस वानर को बाँधकर लाने की आज्ञा देता है। पर शंकुकर्ण लौटकर बताता है कि ज्योंही पाँच सेनापति उस वानर को पकड़ने के लिये गये उसने पाँचों को मार डाला और उसने आगे बढ़ रहे कुमार अक्ष को भी मुट्ठी से मार डाला। रावण यह सुनकर स्वयं पकड़ने चलने लगता है, पर शंकुकर्ण कहता है कि इन्द्रजित् उसे पकड़ने चले

गये हैं अतः आपके जाने की आवश्यकता नहीं। फिर रावण से यह बताया जाता है कि इन्द्रजित् ने युद्ध में उस बन्दर को बांध लिया। इसी समय रावण विभीषण को बुलाता है। हनुमान को लेकर राक्षस भी आ जाते हैं। हनुमान अपने को राघवेन्द्र श्रीरामचन्द्र का दूत बताते हैं। वे राम का अनुशासन सुनाते हुये कहते हैं कि चाहे शङ्कर की शरण में जाओ या गिरिकन्दरा में प्रविष्ट हो जाओ पर राम के बाण तुम्हें यमालय अवश्य भेज देंगे। हनुमान की बात का विभीषण भी समर्थन करते हैं और श्रीराम-पत्नी सीता को लौटा देने के लिये रावण से प्रार्थना करते हैं। रावण इस पर रुष्ट हो जाता है तथा विभीषण और श्रीराम दोनों को खरी-खोटी सुनाता है। उत्तर में हनुमानजी रावण का कटु वचनों से सत्कार करते हैं। रावण उन्हें निकलवा कर बाहर भेज देता है। विभीषण पुनः उसे सीता देने तथा राक्षसकुल की रक्षा का उपदेश देता है। रावण रुष्ट होकर उसे भी निकाल देता है और विभीषण राम की शरण में जाने के लिये चल देता है।

चतुर्थ अङ्क राम के शिविर में आरम्भ होता है। हनुमान से सीता का सन्देश पाकर सन्नद्ध वानरवाहिनी समुद्र के तट पर आकर खड़ी हो गयी है। आगे जाने का अब कोई मार्ग नहीं। इसी समय आकाश से विभीषण उतरते दिखायी पड़ते हैं। उसे देखकर सब वानर चौंक जाते हैं और सावधानी से प्रतीक्षा करने लगते हैं। इसी समय विभीषण नीचे आता है और हनुमान उसे पहचान लेते हैं। वे श्रीरामचन्द्र से जाकर उसके आने का समाचार देते हैं और कहते हैं कि आपके ही लिये यह निकाला गया है।

विभीषण को सत्कार के साथ राम आश्रय देते हैं। समुद्र पार होने के लिये मंत्रणा होती है और विभीषण कहता है कि यदि समुद्र मार्ग नहीं देता तो इस पर दिव्यास्त्रों का प्रयोग कीजिये। राम ज्योंही शरसन्धान के लिये उद्यत होते हैं त्योंही भीत वरुण वहाँ प्रकट होते हैं और समुद्र के बीच से मार्ग देते हैं। समुद्र का जल बीच में सूख जाता है और सारी सेना पार हो जाती है। सेना का शिविर सुवेल पर्वत पर बनता है।

सेना की गिनती होने पर दो बन्दर अधिक मिलते हैं। वे राम के सामने लाये जाते हैं। वे अपने को कुमुद का सेवक कहते हैं। पर विभीषण उन्हें

पहचान लेता है और बताता है कि ये शुक और सारन राक्षस हैं। राम उनके द्वारा रावण को यह सन्देश देकर विदा करते हैं कि मैं युद्ध का अतिथि बनकर आ गया हूँ।

पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में काञ्चुकीय के द्वारा यह पता चलता है कि युद्ध प्रारम्भ हो गया है और कुम्भकर्ण आदि प्रमुख वीर युद्ध में मारे जा चुके हैं। इन्द्रजित् लड़ने के लिये निकल चुका है। रावण के निर्देश से विद्युज्जिह्व नामक राक्षस राम तथा लक्ष्मण के सिर की प्रतिकृति लाता है। राक्षसीगणों से परिवृता सीता के पास रावण जाता है और कहता है कि 'राम-लक्ष्मण मेरे द्वारा युद्ध में आज मारे जायेंगे, तू मेरा वरण कर।' सीता उसका तिरस्कार करती हैं। इसी समय राक्षस आकर राम-लक्ष्मण के सिर की प्रतिकृति लाकर प्रस्तुत करता है। सीता उसे देखकर विलाप करने लगती हैं। इसी अवसर पर एक राक्षस आकर निवेदन करता है कि उन तापसों ने इन्द्रजित् को मार डाला। इस महान् अप्रिय समाचार को सुनकर रावण मूर्च्छित हो जाता है और सचेत होने पर विलाप करने लगता है। वह क्रुद्ध होकर सीता को ही मारने के लिये उद्यत होता है पर, जो राक्षस उपस्थित है उसको स्त्री-वध से रोकता है। रावण युद्ध के लिये चल देता है।

षष्ठ अङ्क में राम-रावण के युद्ध का दृश्य है। तीन विद्याधर उस युद्ध को देखते हुये उसका वर्णन कर रहे हैं। राम-रावण के भयानक युद्ध में दोनों वीर लड़ रहे हैं। राम के लिये इन्द्र-सारथि मातलि दिव्य रथ लाता है जिस पर चढ़कर वे रावण को मार डालते हैं। विभीषण राज्य का अधिकारी होता है। सीता राम के समीप आती हैं। पर, राम उन्हें राक्षसों के स्पर्श से कलङ्किता समझ कर दूर रखते हैं। अपने पातिव्रत्य के परीक्षण के लिये सीता अग्नि में प्रवेश करती हैं। वे अग्नि में प्रविष्ट होकर और दीप्तिमती हो जाती हैं और अग्निदेव उन्हें लेकर बाहर आते हैं और सीता को निष्पाप बताते हैं। नेपथ्य में दिव्य गन्धर्व भगवान् श्रीराम को साक्षात् नारायण कहकर स्तुति करते हैं। समस्त देवता, देवर्षि और ऋषिगण भगवान् राम का अभिषेक करते हैं। भरत, शत्रुघ्न और प्रजाजन भी उपस्थित होते हैं। अभिषेक के अवसर पर

दशरथजी भी वहाँ उपस्थित रहते हैं। भरत-वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का शीर्षक—इस रूपक का शीर्षक अभिषेक नाटक बड़ा सटीक है। इस नाटक में दो अभिषेक हैं। एक तो सुग्रीव का और दूसरा श्रीरामचन्द्र का। इस नाटक की अन्तिम परिणति राम के राज्याभिषेक में होती है जो कि इस नाटक का फल भी है अतः उसी के आधार पर इस नाटक का नामकरण हुआ है।

नाटक का आधार—अभिषेक नाटक का आधार किष्किन्धाकाण्ड से प्रारम्भ कर लङ्काकाण्ड के उत्तरार्ध तक की कथा है। कथा बहुचर्चित तथा सुपरिचित है। कथानक को सजाने-सँवारने में नाटककार ने पर्याप्त मौलिकता का परिचय दिया है। वालि-वध को न्याय रूप देने का भी नाटककार ने पर्याप्त प्रयास किया है। दो स्थानों पर कवि ने अपनी नवीन सूझ उड़ायी है। पहला तो है समुद्र का मार्ग देना। प्रचलित कथाओं के अनुसार श्राराम ने नल-नील की सहायता से समुद्र पर सेतु बाँधा जिससे वानर-सेना पार हुई। पर, इस नाटक में भीत वरुणदेव ने समुद्र के जल को बीच से सुखाकर मार्ग दे दिया है। जटायु और राम का मिलन भी प्रचलन के अनुसार सुग्रीव के साथ सख्य से पूर्व ही हो चुका था पर, इस नाटक में संकेत किया गया है कि जटायु से समाचार जानकर हनुमानजी ने समुद्र पार किया। हो सकता है, इनका अन्यत्र कहीं आधार नाटककार को मिला हो।

चरित्राङ्कन—इस नाटक के नायक मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र हैं। जैसा कि विद्याधरों, अग्निदेव, वरुणदेव आदि के कथनों से पता चलता है, वे साक्षात् विष्णु के अवतार हैं तथा सृष्टि की सर्जना, पालन और विसृष्टि के कर्ता हैं। पृथ्वी पर धर्म की संस्थापना ही उनका उद्देश्य है। इसीलिये वे वालि का वध करते है। लोकोपदेश उनके चरित्र का प्रधान भाग है। सीता को निष्कलंक जानने पर भी वे तब तक उन्हें अङ्गीकार नहीं करते जब तक अग्नि में उनकी परीक्षा नहीं हो जाती। अभीरुता उनके प्रत्येक शब्दों से द्योतित होती है। जब विभीषण शरणागत होकर आता है तो सुग्रीव उस पर नियंत्रण रखने की इच्छा प्रकट करते हैं क्योंकि निशाचरी माया से सदैव

सतर्क रहना चाहिये। पर, श्रीरामचन्द्र उनके इस प्रस्ताव का अनुमोदन नहीं करते। यही अवस्था शुक-सारण नाम वाले राक्षसों के पकड़े जाने पर होती है। वे वानर-वेश बनाकर राम के सैन्य-सञ्चार की गतिविधि का पता लगाने आते हैं और वानरों की गणना के समय पकड़े जाते हैं। लोगों की इच्छा उन्हें दण्ड देने की है पर, श्रीराम उन्हें छुड़ा देते हैं। वे सोचते हैं कि इन नगण्य जीवों को मारकर मेरी न तो कोई उन्नति होगी और न रावण की हानि, अतः इन्हें मारना व्यर्थ ही है। वे यह भी उनसे कहते हैं कि मैंने स्वयं यह युद्ध नहीं ठाना है बल्कि रावण ने मेरी स्त्री का हरण कर मुझे युद्ध का निमन्त्रण दिया है।

लक्ष्मण का चरित्र इस नाटक में विशेष प्रस्फुटित नहीं हो सका है। वे श्रीराम के एक आज्ञाकारी सेवक तथा विनीत भक्त के रूप में सामने आते हैं। जैसा राम का निर्देश होता है वैसा सद्यः निष्पन्न कर देते हैं। राम द्वारा सीता के परीक्षण का प्रस्ताव किये जाने पर वैसा करना उन्हें उचित नहीं लगता। पर, आज्ञा का वे पालन करते हैं। अपनी असमर्थता को व्यक्त करते हुए वे कहते हैं—

'निष्फलो मम तर्कः। अथवा वयमार्यस्याभिप्रायमनुवर्तितारः। गच्छामस्तावत्।'—अङ्क ६।

सुग्रीव का चरित्र इस नाटक में प्रारम्भ से लेकर अब तक किसी-न-किसी रूप में वर्तमान रहता है। वालि से संत्रस्त होकर वे राम की शरण में जाते हैं और वालि-वध होने पर किष्किन्धा के अधिपति होते हैं। राज्य-प्राप्ति के अनन्तर वह सच्चे मित्र की भाँति राम के कार्य को सम्पादित कराने में सहयोग देते हैं। इस रूप में वे एक कृतज्ञ मित्र हैं। सुग्रीव में राजनीतिक पटुता पर्याप्तरूपेण विद्यमान है। जब राम विभीषण को शरण देते हैं तो सुग्रीव पर्याप्त सशङ्कित दिखायी पड़ता है। शत्रु के भाई का विश्वास क्या? पर, यहाँ तो स्थिति ही दूसरी है। राम के सामने छल-कपट कैसे चल सकता है! उनके चरित्र का कोई विशेष महत्त्व नहीं प्रदर्शित किया गया है।

हनुमानजी का चरित्र एक महान् पराक्रमी योद्धा, स्वामिकार्यसम्पादन में निपुण भक्त तथा अतुलित साहसी के रूप में प्रकट होता है। सुग्रीव और राम

की मित्रता वे ही सम्पन्न कराते हैं तथा वालि-वध के लिये भी श्रीराम को वे ही प्रेरित करते हैं। समुद्र पार कर सीता का अन्वेषण करते हैं तथा राम का परिचय देने के निमित्त रावण के उपवन को ध्वस्त करते हैं। वहाँ अपनी निर्भीकता का पूर्ण परिचय देते हैं। राक्षसों के बीच उनके बल का अतिक्रमण कर उन्हें संत्रस्त करना साधारण बूते की बात नहीं।

जब विभीषण शरणागत होता है तो वानर उसके प्रति सशंक दृष्टिगत होते हैं। उस समय हनुमानजी उन्हें शान्त करते हैं और कहते हैं—'देवे यथा वयं भक्तास्तथा मन्ये विभीषणम् ।' संक्षेप में उनका चरित्र नितान्त उदात्त है।

विभीषण न्यायप्रिय भगवद्भक्त के रूप में अङ्कित किया गया है। दूसरे की स्त्री का हरण नितान्त अनुचित तथा अधर्मसम्मत है। इसीलिये वह अपने बड़े भाई रावण से विवाद करता है और परिणामस्वरूप देशनिकाला होता है। वह महान् अनुभवी तथा कुशल उपदेष्टा के रूप में आता है। आते ही वह श्रीराम से कहता है कि यदि समुद्र मार्ग नहीं देता तो दिव्यास्त्रों के प्रयोग से इसे सन्त्रस्त कीजिये। राम वैसा ही करते हैं और उन्हें मार्ग मिल जाता है। शुक-सारण राक्षसों को भी विभीषण ही पहचानता है। राम की लङ्का-विजय का वह एक प्रमुख सहायक है।

रावण क्रूर, दुराचारी तथा परस्त्री-लंपट के रूप में चित्रित किया गया है। न्याय मार्ग का उल्लंघन कर वह श्रीरामचन्द्रजी की धर्मपत्नी सीताजी को हर लाया है। वह बड़ा ही क्रोधी प्रकृति का है और हितोपदेशी विभीषण को राज्य से बाहर निकाल देता है। इसी प्रकार एक बार वह सीता को मारने के लिये भी उद्यत हो जाता है और बहुत समझाने पर मानता है। अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिये वह उचित-अनुचित कुछ भी कर सकता है। सीता को अपनी ओर आकर्षित करने के लिये वह राम-लक्ष्मण की मायामय आकृति तैयार कराता है और उन्हें मारा गया दिखाता है। इतने अवगुणों तथा क्रूर राक्षसी स्वभाव के होने पर भी उसे अपने बाहुबल पर अटूट विश्वास है और इसी विश्वास के बल पर अन्तिम समय तक युद्ध कर वीरगति को प्राप्त होता है।

समीक्षण

अभिषेक नाटक के प्रणयन में भास ने पर्याप्त सफलता प्राप्त की है।

यद्यपि काव्य तथा नाटकीयता की दृष्टि से यह नाटक प्रतिमा नाटक की अपेक्षा अवर कोटि का है तथापि इस नाटक की अपनी विशेषतायें हैं। राम-रावण-युद्ध अपनी विशिष्टता में बेजोड़ है। रावण की चारों तरफ से पराजय होती है। सीता को वह मायामय राम-लक्ष्मण की प्रतिकृति दिखाकर वश में करना चाहता है पर इसमें उसे सफलता नहीं मिलती। दूसरे, ठीक इसी समय उसे मेघनाद के वध का दुःखद समाचार मिलता है और अन्ततोगत्वा वह स्वयं युद्ध में पराजित होता है। इस प्रकार नाटककार ने रावण-वध की एक पीठिका प्रस्तुत की है जिस पर अन्तिम बार रावण की समाप्ति होती है।

पात्रों का कथनोपकथन भी प्रभावुक बन पड़ा है। छोटे-छोटे तथा सरल वाक्यों का विन्यास भास की अपनी विशेषता है और उस विशेषता का दर्शन यहाँ भी होता है। कथनोपकथनों से सारा दृश्य प्रस्तुत हो जाता है और दर्शकों को उसे हृदयङ्गम करने में कठिनाई नहीं रहती। कथनोपकथनों में कहीं-कहीं भास ने ऐसी विचित्रता उत्पन्न कर दी है कि दर्शक उन्हें सुनकर दङ्ग रह जाते हैं। उदाहरणार्थ, जब रावण सीता से कहता है कि—

व्यक्तमिन्द्रजिता युद्धे हते तस्मिन् नराधमे।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा केनत्वं मोक्षयिष्यसे ॥ अङ्क ५, १०॥

ठीक उसी समय नेपथ्य से ध्वनि आती है—'रामेण-रामेण।' और यह भी पता चलता है कि इन्द्रजित् युद्ध में मारा गया। दर्शकों की वृत्ति एक दूसरी ओर इस कौशल से मोड़ दी गयी है कि जिसकी कोई सम्भावना तक नहीं थी।

वैसे इस नाटक का प्रधान रस तो वीर ही है जो समग्र नाटक मे व्याप्त है पर करुण रस भी यत्र-तत्र अनुस्यूत है। इसकी सत्ता वालि-वध के अनन्तर, सीता के सन्ताप आदि में देखी जा सकती है। शृङ्गार का इसमें अभाव है और उसके लिये कहीं अवसर भी नहीं आया है।

वस्तुतः इस नाटक के माध्यम से नाटककार रामकथा को दर्शाना चाहता था अतः काव्यकौशल का प्रस्फुटन सम्यक्रूपेण नहीं हो सका है। नाटकीयता की दृष्टि से इसमें कोई कोर-कसर नहीं है।

८—बाल-चरित

यह नाटक भगवान् श्रीकृष्ण की बाललीलाओं पर आवृत है। पुराणों में

यह प्रसङ्ग बहुचर्चित है। विशेषतः श्रीमद्भागवत महापुराण का तो यही सार है। यह नाटक पाँच अङ्कों में विभक्त है। प्रथम अङ्क में भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म वर्णित है। देवर्षिगण आकाश में स्थित होकर भगवान् के जन्मधारण के समय कोलाहल करते हैं। नारदजी भी उपस्थित हैं। भगवान् जन्म लेते हैं। अर्धरात्रि का सुनसान समय है। सारे प्राणी निद्रित हो चुके हैं। वसुदेव उस अद्भुत बालक को लेकर मथुरा से बाहर निकलते हैं। सघन अन्धकार में कहीं मार्ग नहीं सूझता। उस बालक को लेकर वे यमुना के किनारे पहुँचते हैं। यमुना नदी जल से पूर्णतः भरी है। कहीं नाव-बेड़ का भी प्रबन्ध नहीं है। अन्ततोगत्वा वसुदेव तैर कर ही नदी को पार करना चाहते हैं। इसी समय एक आश्चर्यजनक घटना घटित होती है। यमुना का जल दो भागों में विभक्त हो जाता है, बीच में मार्ग बन जाता है। वसुदेव उसी मार्ग से यमुना को पार करते हैं। नदी पार कर वे कहाँ जायँ यह सोचते हैं। सोचते-सोचते उन्हें नन्दगोप का स्मरण आता है जिसका उन्होने एक बार उपकार किया था। कंस ने नन्द को बाँधकर कोड़े लगाने की सजा दी थी। वसुदेव ने उसे बाँधा तो सही पर, कोड़े नहीं लगाये। पर, इस सघन रात्रि में वहाँ जाना भी ठीक नहीं, अतः वे न्यग्रोध वृक्ष के नीचे बैठ जाते हैं। प्रभात वेला में नन्द के यहाँ जाने का निश्चय करते हैं।

दैव की लीला ही कुछ विचित्र है। इसी रात नन्दगोप की. स्त्री यशोदा ने एक कन्या उत्पन्न किया। प्रसव-वेदना से वे मूर्च्छित हो गयीं। उन्हें पता भी नहीं कि पुत्री उत्पन्न हुई या पुत्र। कन्या भी उत्पन्न होते ही मर गयी। उसी को लेकर वे यमुना में विसर्जित करने आते हैं। वे तर्क-वितर्क और सन्ताप कर रहे हैं जिसे सुनकर वसुदेव उन्हें पहचान लेते हैं। वसुदेव उन्हें पुकारते हैं। पहले तो नन्द, भूत आदि की आशंका कर नहीं आते पर बाद में वसुदेव को पहचान कर आते हैं। वसुदेव उन्हें अपनी रामकहानी सुनाकर बालक को ले जाने का प्रस्ताव करते हैं। कंस के भय से नन्द उस बालक को ले जाने के लिये उद्यत नहीं होते पर, जब वसुदेव अपने उपकार का स्मरण दिलाते हैं तो नन्द बालक को ले जाते हैं। वसुदेव भी उस कन्या को लेकर मथुरा लौटते हैं। लौटते समय उस कन्या में प्राण का सञ्चार होता है। विष्णु के आयुध

तथा गरुड़ भी बालगोपों का वेश रखकर उनकी सहायता के लिए अवतीर्ण होते हैं। यमुना का जल उसी प्रकार दो भागों में विभक्त है। वसुदेव नदी पार कर यमुना में आते हैं। सभी लोग पूर्ववत् सोये हैं। वे अपने घर में चले जाते हैं।

द्वितीय अङ्क कंस के राजमहल से प्रारम्भ होता है। उसे चाण्डाल युवतियाँ दिखायी पड़ती हैं जो उसके साथ परिहास करती हैं। कंस उन्हें खदेड़ता है कि मधूक ऋषि का शाप अलक्ष्मी, खलति, कालरात्रि, महानिद्रा और पिङ्गलाक्षि के साथ प्रवेश करता है। कंस कहता है कि तुम हमारे यहाँ नहीं आ सकते। कंस की राजलक्ष्मी भी उन्हें रोकती हैं पर, विष्णु की आज्ञा समझ स्वयं ही चली जाती हैं और सपरिचर शाप कंस के शरीर में प्रविष्ट होता है। कंस ज्योतिषियों तथा पुरोहित से पूछता है कि रात में भूमिकम्प, उल्कापात, आँधी तथा देवमूर्तियों के जो दर्शन हुए हैं उनका क्या फल होनेवाला है। ज्योतिषी बताते हैं कि कोई दैवी प्राणी लोकोपकार के लिये भूतल पर अवतरित हुआ है। राजा कञ्चुकीय को पता लगाने के लिये भेजता है कि आज रात को किस व्यक्ति के यहाँ पुत्र उत्पन्न हुआ है। कञ्चुकीय पता लगाकर बताता है कि देवकी को कन्या हुई है। पहले तो कंस को यह विश्वास नहीं होता कि कन्या हुई है पर, कञ्चुकीय के शपथ लेने पर उसे विश्वास हो जाता है।

कंस वसुदेव को बुलाता है। वसुदेव तर्क-वितर्क करते हुए आते हैं और कंस से कहते हैं कि देवकी को कन्या हुई है। कंस उस कन्या को मँगाता है। धात्री उस कन्या को लेकर आती है और कंस उसे कंसशिला पर पटक देता है। उसका एक भाग तो जमीन पर गिरता है पर, एक तेजोमय अंश आकाश में उड़ जाता है और त्रिशूल लेकर कात्यायनी के रूप में दिखायी पड़ता है। कात्यायनी के साथ कुण्डोदर, शूल, नील तथा मनोजव नामक उसके परिवार के सदस्य भी है। भगवती कात्यायनी कंस का नाश करने को कहती हैं। यही बात कुण्डोदर, शूल, नील तथा मनोजव भी कहते हैं।

तृतीय अङ्क में गोपालगण गौओं को चराते हुये श्रीकृष्ण को पराक्रम-गाथा गा रहे हैं। नन्दगोप के यहाँ बालक का जन्म होने से गोधन में महान् वृद्धि हुई है। उस बालक की अपूर्व पराक्रमशालिता से सभी लोग आश्चर्या-

न्वित हो गये हैं। उसने बचपन में ही पूतना, शकट, धेनुक, केशी आदि दानवों का वध कर डाला तथा यमलार्जुन को गिरा दिया। संकर्षण बलदेव ने प्रलम्ब नामक असुर का वध कर दिया। गोपालों तथा गोपकन्याओं के साथ श्रीकृष्ण हल्लीसक नृत्य करते हैं। इसी समय अरिष्टवृषभ नामक दानव वहाँ आता है और गौओं को सन्ताप देना शुरु करता है। कृष्ण गोप-गोपिकाओं को अलग हटाकर उस दानव से भिड़ जाते हैं तथा उसका वध कर डालते हैं। अरिष्टवृषभ के मारे जाने पर बलरामजी ने देखा कि कालियनाग कालियह्रद से ऊपर उठ आया है। वे उसका दर्प-प्रशमन करने के लिये उधर दौड़ते हैं। जब श्रीकृष्ण को यह समाचार विदित होता है तो वे भी उधर चल देते हैं।

चतुर्थ अङ्क में भगवान् श्रीकृष्ण कालियह्रद में प्रवेश करना चाहते हैं और गोपिकायें उन्हें जलाशय में प्रवेश न करने का अनुरोध करती हैं। भगवान् श्रीकृष्ण सभी को सान्त्वना देकर ह्रद में प्रविष्ट हो जाते हैं। बलरामजी सभी को शान्त करते हैं। कालिय और श्रीकृष्ण में वाग्युद्ध होता है तथा भगवान् फणों पर आरूढ़ हो जाते हैं। कालिय उन्हें भयंकर विषज्वाल से भस्मसात् करने की कोशिश करता है पर, असफल रहता है और भगवान् उसका दमन कर डालते हैं। कालिय भगवान् का शरणागत होता है और कहता है कि आपके वाहन गरुड़ के भय से ही मैं यहाँ आया हूँ। भगवान् कहते हैं कि 'तेरे फण पर मैंने अपने चरणों का चिह्न बना दिया है। अब तुझे गरुड़ सन्ताप नहीं देंगे। कालिय सपरिजन ह्रद से निकल कर चला जाता है। भगवान् श्रीकृष्ण भी गोप-गोपियों से आकर मिलते हैं। इसी समय कंस के यहाँ से भट आता है और श्रीकृष्ण से कहता है कि मथुरा में 'धनुर्यज्ञ' हो रहा है जिसमें कंस ने आप लोगों को सपरिजन बुलाया है। भगवान् श्रीकृष्ण कंस को मारने की दृष्टि से सद्यः उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेते हैं।

पञ्चम अङ्क में कंस, कृष्ण-बलराम को पहलवानों से मरवाने की बात सोचता है। इसी समय ध्रुवसेन नामक भट आकर कहता है कि दामोदर तथा बलराम ने नगर में प्रविष्ट होते ही धोबी से वस्त्र छीन लिये तथा कुवलयापीड हाथी को मार डाला। दामोदर मदनिका नामक कुब्जा को देखकर जो कि

सुगन्धित द्रव्य लेकर राजप्रासाद में आ रही थी, उसके हाथ से सुगन्धित द्रव्य लेकर अपने अङ्ग में लगा लिया तथा कुब्जा के कुबड़ेपन को ठीक कर दिया। उसने धनुःशाला के रक्षक को मारकर धनुष के दो खण्ड कर डाले। राजा, चाणूर और मुष्टिक को उन गोप-बालों के साथ युद्ध करने की आज्ञा देता और स्वतः भवन पर चढ़कर युद्ध देखने को प्रस्तुत होता है। युद्ध-पटह बजता है और कृष्ण के साथ चाणूर का तथा बलराम के साथ मुष्टिक का मल्लयुद्ध होता है। राम-कृष्ण असुरों को मार डालते हैं। चाणूर को मारकर कृष्ण प्रासाद पर चढ़ जाते हैं और कंस का सिर पकड़ कर नीचे गिरा देते हैं। कंस के प्राण छूट जाते हैं। सभा में कोलाहल होता है और कंस की सेना युद्ध के लिए सन्नद्ध होती है। इधर बलरामजी भी सैन्य-मथन के लिये उद्यत दिखायी पड़ते हैं। इसी समय वहाँ वसुदेव आते हैं और बताते हैं कि ये उन्हीं के पुत्र रौहिणीकुमार बलराम तथा देवकीनन्दन श्रीकृष्ण हैं। कंस का वध करने के लिए साक्षात् भगवान् वासुदेव ही अवतरित हुए हैं। वसुदेव के निर्देश से उग्रसेन को कारागार से मुक्त किया जाता है और उनका अभिषेक होता है। वृष्णिराज्य की प्रतिष्ठा पुनः होती है।

आकाश से दुन्दुभिनाद तथा पुष्पवृष्टि होती है। देवर्षि नारद भगवान् का गुणानुवाद करते हुए प्रकट होते हैं और भगवान् को प्रणाम कर चले जाते हैं। भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का शीर्षक—इसमें बालकरूपधारी भगवान् श्रीकृष्ण की लीलायें वा चरित प्रदर्शित है अतः इस नाटक का नाम बालचरित रखा गया है।

आधार—इस नाटक का श्रीमद्भागवत तथा अन्य पुराण एवं महाभारतादि में वर्णित प्रसिद्ध श्रीकृष्णचरित का ही संक्षिप्त रूप है। कहीं कोई व्यतिक्रम नहीं किया गया है।

चरित्र-चित्रण—इस नाटक के नायक रूप में भगवान् श्रीकृष्ण आये हैं। नाटककार इन्हें साक्षात् परात्पर ब्रह्म के रूप में चित्रित करता है। भूभार-हरण तथा गो-ब्राह्मण की रक्षा एवं असुरों के संहार के लिये उन्होंने नर-रूप धारण किया है। श्रीकृष्ण के जन्म से ही अलौकिक घटनायें घटित होने लगती हैं। मध्यरात्रि में उनका जन्म होता है और वसुदेव उन्हें लेकर व्रज में चलते

हैं। बीच में अथाह जलोंवाली यमुना नदी हिलोरें ले रही है। श्रीकृष्ण को देखकर बीच से उनका जल सूख जाता है और मार्ग बन जाता है जिससे निकल कर वसुदेवजी पार करते हैं।

व्रज में निवास करते समय श्रीकृष्ण बाल्यावस्था में ही पूतना राक्षसी का स्तनपान करते हुये वध कर डालते हैं। केशी, अरिष्टवृषभ का वध भी गायें चराते समय ही करते हैं। कालिय-दमन की घटना भी उनकी अलौकिक महत्ता का परिचायक है। कंस उन्हें मथुरा में 'धनुर्यज्ञ' के बहाने मरवाने के लिये बुलाता है पर कृतकार्य नहीं होता और उसी को अपने प्राण गँवाने पड़ते हैं।

अलौकिकता के साथ ही साथ कृष्ण में माननीय पक्ष भी सुतरां स्पष्ट है। गोप-बालकों के साथ क्रीड़ा तथा गोपिकाओं के साथ हल्लीस नृत्य उनकी बालसुलभ चेष्टा के निदर्शक हैं। गोपियों के घरों में घुसकर माखन-चोरी भी प्रेक्षक के हृदय में अपूर्व रस का सञ्चार करती है। वीरता तथा तेजस्विता की तो वे साक्षात् प्रतिमूर्ति हैं। कुब्जा के शरीर को ठीक करना उनकी कृतज्ञता का सूचक है। कृष्ण के शरीर-संगठन तथा शरीर-सौन्दर्य को देखकर कंस भी प्रभावित हो जाता है (५. ८)। संक्षेपेण कृष्ण के चरित्राङ्कन में नाटककार का मुख्य उद्देश्य उनके भगवत्तत्व को प्रदर्शित करना रहा है, यद्यपि साथ-साथ मानवीय अंश को प्रदर्शित करना गया है।

बलराम के चरित्र में भी प्रायेण वे ही गुण दिखायी पड़ते हैं जो कृष्ण के। सर्वप्रथम कालिय-दमन के प्रसङ्ग में वे सामने आते हैं। कृष्ण के लिये व्याकुल लोगों को वे सान्त्वना देते हैं। कृष्ण के साथ वे भी कंस के धनुर्यज्ञ में सम्मिलित होते हैं और वहाँ मुष्टिक नामक कंस के मल्ल का वध करते हैं। बलरामजी के शरीर-सौन्दर्य का प्रभाव कंस पर भी पड़ता है और उसकी प्रशंसा करता है।

वसुदेवजी का चरित्र अपनी शालीनता में अद्वितीय है। कृष्ण का जन्म होने पर वे अपूर्व साहस के साथ उन्हें लेकर बाहर निकलते हैं। भरी यमुना को पार कर जाने का उनमें उत्साह है यद्यपि यमुना स्वयं मार्ग दे देती है। उनमें स्वाभिमान तथा पराक्रम की भावना भी अनुस्यूत है। जब कृष्ण को ले जाते समय बिजली कौंधती है तो उन्हें आशंका होती है कि कहीं कंस का

कोई अनुचर तो उनका अनुधावन नहीं कर रहा है। सद्यः वे प्रतीकार के लिये प्रस्तुत हो जाते हैं। बालक की रक्षा के लिये नन्दगोप को अपने उपकार का स्मरण दिलाते हैं। उनकी सत्यवादिता पर कंस को भी विश्वास है। जब लोग कहते हैं कि देवकी ने कन्या-प्रसव किया है तो कंस कहता है कि वसुदेव झूठ नहीं कहेंगे अतः उन्हीं से पूछ लिया जाय, पर वसुदेव यहाँ कंस को प्रवञ्चित करते हैं। कंस-वध के बाद पुनः वसुदेवजी अपने दोनों पुत्रों से मिलते हैं और उत्तेजित मथुरावासियों को शान्त करते हैं। वसुदेवजी के चरित्र में त्याग की अपूर्व आभा दिखायी पड़ती है। कंस के मारे जाने पर राज्य उनको स्वतः सुलभ था। पर, उन्होंने कंस के पिता उग्रसेन को राजा बनाया।

कंस का चरित्र अत्यधिक कठोर प्रदर्शित किया गया है। अपनी प्राणरक्षा के लिये उसने वसुदेव के छः अबोध शिशुओं को कंस-शिला पर पटक कर मार डाला। औद्धत्य की मात्रा उसमें प्रचुर है। उसमें वसुदेव के बालक द्वारा मारे जाने का भय प्रविष्ट हो गया है इसीलिये चाण्डाल युवतियों तथा मधूक ऋषि के शाप को देखकर तथा भूकम्प आदि दुर्निमित्तों का अवलोकन कर वह ज्योतिषियों तथा पुरोहितों से उसका फल पूछता है। कृष्ण को मारने का उसका उद्योग चलता रहता है और अनेकों असुरों को वह भेजता रहता है और इस प्रयत्न में कृतकार्य न होने पर यज्ञ के बहाने राम-कृष्ण को मथुरा में बुलाता है। यहाँ भी वह उन्हें मरवाने का हर-सम्भव प्रयास करता है पर, अन्त में उसे अपने ही प्राण गँवाने पड़ते हैं।

समीक्षण—नाटकीय दृष्टि से बालचरित एक सफल नाटक कहा जा सकता है। इस नाटक का नायक प्रख्यात तथा धीरोदात्त है। वह नायक के सभी गुणों से सम्पन्न है। रस की दृष्टि से इसमें वीर ही प्रधान रस है और करुण, रौद्र आदि रस अङ्ग रूप से आये हैं। शृङ्गार-रस का इस नाटक में अभाव है। भास के लघु-विस्तारी वाक्यों तथा सरल भाषा दर्शक के हृदय पर अपना अपूर्व प्रभाव डालती है। इस दृष्टि से कथनोपकथन सुतरां स्तुत्य हैं। चुस्तता, नाटकीयता तथा भावप्रवणता इनके नाटकों की प्रमुख विशेषता है।

काव्य-परिपाक की दृष्टि से बालचरित बहुत ही प्रशंसनीय कहा जा

सकता है। बालचरित का निम्न श्लोक अलङ्कार ग्रन्थों में बहुत उल्लिखित हो चुका है—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ॥—बालचरित १,१५।

(मानो तम अङ्गों का लेप कर रहा है, आकाश अञ्जन की वर्षा कर रहा है। जिस प्रकार असत्पुरुष की सेवा व्यर्थ जाती है उसी प्रकार दृष्टि निष्फल हो गयी है—कुछ सूझता नहीं।)

यह श्लोक काव्य-प्रकाश (दशम उल्लास, उत्प्रेक्षालङ्कार), कुवलयानन्द (संसृष्टि अलङ्कार प्रकरण) इत्यादि ग्रंथों में उद्धृत है।

रात्रि के वर्णन में कवि की विशेष निपुणता लक्षित होती है। नन्दगोप द्वारा रात्रि का निम्न वर्णन अलंकार तथा भाव दोनों दृष्टियों से नितान्त उदात्त है—

दुर्दिनविनष्टज्योत्स्ना रात्रिर्वर्तते निमीलिताकारा।
संप्रावृतप्रसुप्ता नील निवसना यथा गोपी ॥—१,१६।

यह रात्रि जिसकी ज्योत्स्ना बरसात से नष्ट हो गयी है तथा जिसने अपने आकारों को छिपा लिया, नील वस्त्रों को पहने सोती गोपी के समान मालूम पड़ रही है।

शब्दों के द्वारा भावदशा के चित्रण में भास ने महान् सफलता प्राप्त की है। शब्दों के आश्रय से सारी भाव-दशा, सारी परिस्थितियाँ साक्षात् दिखायी पड़ने लगती हैं। पाठक के सामने दृश्य खड़ा हो जाता है। गोपकुमारों का निम्न चित्रण दर्शनीय है—

रक्तैर्देसुकडिण्डिमैः प्रमुदिताः केचिन्नदन्तः स्थिताः
केचित्पङ्कजपत्रनेत्रवदनाः क्रीडन्ति नानाविधम्।
घोषे जागरिमा गुरुप्रमुदिता हुम्भारशब्दाकुले
वृन्दारण्यगते समप्रमुदिता गायन्ति केचित् स्थिताः ॥—३।३।

(कुछ गोपकुमार रंगीन नगाड़ों के साथ आनन्दित होकर नाच रहे हैं, कमल के समान नेत्रवाले कुछ बालक नाना प्रकार से खेल रहे हैं। घोष में जागरण है और गौओं के हुम्भारव से व्याप्त वृन्दावन में कुछ लोग प्रसन्न होकर गा रहे हैं।)

कालियदमन के समय गोपियों की स्थिति का सजीव दर्शन इस पद्य में कीजिये—

एता मत्तचकोरशावकनयनाः प्रोद्भिन्नकन्नस्तनाः
कान्ताः प्रस्फुरिताधरोष्ठरुचयो विस्रस्तकेशस्रजः ।
सम्भ्रान्ता गलितोत्तरीयवसनास्त्रासाकुलव्याहृता-
स्त्रस्ता मामनुयान्ति पन्नगपतिं दृष्ट्वैव गोपाङ्गनाः ॥–४।१ ।

(मत्त चकोरशावकों के तुल्य नेत्रोंवाली, विकसित स्तनोंवाली, लाल ओठों से सुन्दर कान्तिवाली, केश से गिरते हुये मालावली, चकित, खिसक रहे उत्तरीय वस्त्रोंवाली, भयकातर वचन बोलनेवाली ये गोपाङ्गनायें कालियनाग को देखकर मेरे पीछे आ रही हैं ।)

९—अविमारक

छः अङ्कों का यह नाटक सौवीर-राजकुमार अविमारक तथा राजा कुन्तिभोज की कन्या कुरङ्गी के प्रणय-व्यापार पर आश्रित है । इस नाटक की कथा लोक-कथा पर आश्रित है । अविमारक काशिराज की पत्नी सुदर्शना में अग्नि से उत्पन्न हुए थे । सुदर्शना ने अपने इस पुत्र को सौवीरराज की पुत्री सुलोचना को दे दिया जो सौवीरराज से ब्याही गयी थी । पर, इस वृत्तान्त का किसी को पता न था । सौवीरराज के यहाँ इस कुमार का लालन-पालन हुआ और विष्णुसेन नाम पड़ा । विष्णुसेन बड़ा ही सुन्दर, बलवान् तथा निर्भीक युवक निकला । एक बार निसर्गतः क्रोधी चण्डभार्गव नामक ऋषि सौवीर-नरेश के राज्य में पधारे । उनके शिष्य को व्याघ्र ने मार डाला । उसी समय सौवीर-राज भी मृगयाप्रसङ्ग से उनके आश्रम में गये और उन्हें देखकर ऋषि उन्हें कटूक्तियाँ सुनाने लगे । बिना कारण बताये इस प्रकार कटूक्ति कह रहे ऋषि को सौवीरराज ने चाण्डाल कह दिया । बस क्या था ? मुनि का क्रोध उबल पड़ा । उन्होंने राजा को शाप दे दिया—'सदारपुत्र चाण्डाल हो जा ।' उनके इस शाप को सुनकर राजा ने बहुत अनुनय-विनय किया और मुनि ने अनुग्रह-भाव से शाप की अवधि एक वर्ष कर दी । इसी अन्त्यज वेष में सौवीरराज को सपरिवार रहना पड़ा ।

प्रथम अङ्क में राजा कुन्तिभोज की कन्या कुरङ्गी उद्यान में टहलने जाती है। स्थापना के अनन्तर राजा कुन्तिभोज सपरिवार दिखायी पड़ते हैं। उन्हें अपनी कन्या की बड़ी चिन्ता है। राजा और रानी दोनों योग्य पति को कन्या सौंप देना चाहते हैं। पर, उनका विचार है कि कन्यादान से पूर्व जामाता के सम्पत्तिशील का सम्यक् विचार कर लेना चाहिये। यदि कोई बिना विचारे कन्या दूसरे को दे देता है तो कन्या दोनों का नाश कर डालती है। इसी समय कौञ्जायन नामक अमात्य वहाँ आता है और कहता है कि उद्यान में एक बड़ी अप्रत्याशित घटना घटित हो गयी। जब राजकुमारी उद्यान में विहार कर लौट रही थीं उसी समय एक हाथी उन्मत्त हो गया। उसने अपने पीलवान को मार डाला और धूल उछालता हुआ राजकुमारी के पास पहुँच गया। सभी अङ्गरक्षक उसे देखते ही भाग गये और स्त्रियाँ हाहाकार करने लगीं। वह हाथी राजकुमारी की सवारी पर झपटा ही था कि कोई सुन्दर युवा पुरुष वहाँ उपस्थित हो गया और उसने हाथी को पीट कर वहाँ से हटा दिया। हाथी के हटते ही राजकुमारी को अन्तःपुर में प्रवेश करा दिया गया। पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि वह युवा अन्त्यज है। अमात्य भूतिक उसी का पता लगाने के लिये रुक गये हैं। राजा को कौञ्जायन की बात सुनकर यह विश्वास नहीं होता कि अकुलीन व्यक्ति इतना गुणवान् हो सकता है। इसी बीच भूतिक भी आता है और बताता है कि यद्यपि वह अपने को अन्त्यज कहता है पर इतनी सहृदयता, इतनी दयालुता और इतना दाक्षिण्य किसी अन्त्यज में नहीं हो सकता। उसके पिता के बारे में भी भूतिक कहता है कि वह देखा गया है तथा अन्त्यज बलवान् एवं सुन्दर है। अमात्यों के साथ राजा के वार्तालाप से यह भी विदित होता है कि काशिराज से कन्या माँगने के लिये दूत आया है पर इसमें शीघ्रता करने की कोई आवश्यकता नहीं। भली-भाँति सोच-विचार कर सौवीरराज अथवा काशिराज में से किसी एक को कुरङ्गी देना चाहिये। सौवीरराज तथा काशिराज दोनों राजा कुन्तिभोज के बहनोई हैं, पर सौवीरराज कुन्तिभोज की महारानी के भाई भी हैं।

द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में सौवीर-राजकुमार अविमारक का विदूषक दिखायी पड़ता है। वह कहता है कि ऋषिशापवशात् चाण्डालत्व को प्राप्त

अविमारक कुरङ्गी के सौन्दर्यपाश से आबद्ध हो गये हैं। वे कामवाण से पीड़ित होकर घूमना-फिरना सब छोड़कर दिन-रात उसी की चिन्ता किया करते हैं। इसी के उपरान्त अविमारक कामदशापन्न दिखायी पड़ता है। इधर राजकुमारी कुरङ्गी भी उस हस्तिसंकट के दिन से अविमारक की अनर्घ सुन्दरता पर मुग्ध हो गयी। उसकी भी आहार-विहार से विरक्ति हो गयी। उसकी इस दयनीय दशा पर तरस खाकर उसकी सहेली नलिनिका धात्री के साथ अविमारक का पता लगाने निकल पड़ती है। धात्री मार्ग में नाना प्रकार का तर्क-वितर्क करती है। वह सोचती है कि यदि उस युवक को राजकुल में प्रवेश करा दिया जाय तो राजकुल दूषित हो जायेगा और यदि उसे प्रवेश न कराया जाय तो कुरङ्गी ही अपने प्राण छोड़ देगी। इसी समय उन्हें कहीं से ध्वनि सुनायी पड़ती है कि ऐसा गुणी व्यक्ति अकुलीन नहीं हो सकता। वे अविमारक के आवास मे जाती हैं और वहाँ अविमारक को कुरङ्गी से सम्बद्ध प्रलाप करते सुनती हैं। वे वहाँ जाती हैं और पूछती हैं कि इस एकान्त में आप क्या सोच रहे हैं? अविमारक बहाना करता है और कहता है कि वह योगशास्त्र का चिन्तन कर रहा है। धात्री कहती है कि हम लोग भी योगशास्त्र की इच्छा से ही यहाँ आयी हैं। एकान्त राजकुल में प्रवेश कर उसे सम्पन्न कीजिये। वे दोनों अविमारक से राजमहल में प्रवेश का भी उपाय बताती हैं। कुछ देर में विदूषक भी वहाँ आता है और अविमारक उससे कहता है कि वह आज राजमहल में प्रवेश करेगा।

तृतीय अङ्क में कुरंगी अपनी परिचारिकाओं से अविमारक के विषय में पूछती है। वे परिहास करती हैं। शिलातल पर बैठकर मागधिका कहती है कि काशिराज के यहाँ से दूत आया था और महाराज ने दामाद को यहीं बुलाया है। इसी समय अविमारक चौरवेश में राजान्तःपुर में प्रविष्ट होता है। मार्ग में वह सशङ्क होकर चलता है। अविमारक को देखकर नलिनिका उसे पहचान लेती है। राजकुमारी सो गयी है, उसी के पार्श्व में अविमारक बैठ जाता है। इसी समय कुरंगी की निद्रा-भंग होती है और वह पूछती है कि उस निर्दय ने क्या कहा? कुरंगी अपनी सहेली नलिनिका से कहती है कि 'मेरा आलिंगन करो।' नलिनिका की प्रेरणा से अविमारक उसका

आलिंगन करता है। राजकुमारी उसे देखकर कांप जाती है और चारित्रिक पतन से दुःखी होती है। अविमारक समझा-बुझाकर उसे शान्त करता है। सखियाँ हट जाती हैं और अविमारक तथा कुरंगी भीतर शयनागार में चले जाते हैं।

चतुर्थ अंक के प्रारम्भ में मागधिका और विलासिनी राजकुमारी कुरंगी तथा अविमारक के रूप-सौंदर्य की प्रशंसा करती हैं। इसी बीच नलिनिका आती है और उससे पता चलता है कि अविमारक के अन्तःपुर में ठहरने के वृत्तान्त का राजा कुन्तिभोज को पता लग गया है। अविमारक सकुशल अन्तःपुर से बाहर निकाल दिये गये हैं और लज्जा, भय तथा शोक से कुरंगी की हालत अत्यन्त शोचनीय हो गयी है। सखियाँ राजकुमारी कुरंगी को आश्वासन देने चली जाती हैं। इसके अनन्तर अविमारक सामने आता है। उसकी अवस्था बड़ी विचित्र है। उसे दुहरा दुःख है। एक ओर तो कुरंगी के वियोग से उसका शरीर जल रहा है, दूसरे कुरंगी की दशा का ध्यान कर उसे और भयानक सन्ताप हो रहा है। वह सोचता है कि कुरंगी परिजनों में इस वृत्तान्त से लज्जित हो रही होगी। राजा ने उस पर कड़ा पहरा बैठा दिया होगा तथा मेरे वियोग से उसे वेदना हो रही होगी। इस सन्ताप से छुट्टी पाने के लिये वह प्राणहत्या करने पर तैयार हो जाता है। उसे यह भी स्मरण है कि आत्महत्या अविहित मरणमार्ग है, पर उसे कोई दूसरा रास्ता नहीं दिखायी पड़ता। वह दावाग्नि में प्रवेश करता है किन्तु विधि का विधान कौन रोक सकता है? अग्निदेव शीतल हो जाते हैं। इसके बाद वह शैलशिखर से कूदकर अपना प्राण गंवाना चाहता है। इसी समय एक विद्याधर अपनी प्रिया के साथ उस शैलशिखर पर आता है। उस विद्याधर को अविमारक दिखायी पड़ता है। उसकी भव्य आकृति को देखकर वह प्रभावित हो जाता है। वह अविमारक के पास जाता है और उसे अपना परिचय देते हुये बताता है कि वह मेघनाद नाम का विद्याधर है और उसकी स्त्री का नाम सौदामिनी है। अविमारक अपने को सौवीरराजकुमार बताता है। पर, विद्याधर को उसकी बातों का प्रत्यय नहीं होता और वह मंत्र-विद्याबल से अविमारक का सम्पूर्ण वृत्तान्त ज्ञात कर लेता है। कुरङ्गी से उसके वियोग

को जानकर उसे सहानुभूति होती है और वह अविमारक को एक अंगूठी देता है जिसके सहारे वह प्रच्छन्न होकर राजान्तःपुर में प्रविष्ट हो सकता है। उस अंगूठी को दाहिने हाथ में धारण करने पर व्यक्ति अदृश्य हो जाता है और वायें हाथ में पहनने पर प्रत्यक्ष हो जाता है। उस अंगुलीयक को देकर विद्याधर अपने गन्तव्य स्थान को चला जाता है।

अविमारक वहीं बैठकर विश्राम करता है और इसी बीच उसे ढूँढ़ते हुये विदूषक वहाँ पहुँच जाता है। दोनों की भेंट होती है और विदूषक को अंगुलीयक का वृत्त ज्ञात होता है। विदूषक को साथ लेकर अविमारक उस अंगूठी के सहारे राजपुर में प्रवेश करता है।

पञ्चम अङ्क में नलिनिका तथा कुरङ्गी राजप्रासाद पर बैठी हुई हैं। कुरङ्गी अविमारक के वियोग से सन्तप्त हो रही है। इसी बीच अविमारक और विदूषक भी वहाँ पहुँच जाते हैं। कुरङ्गी को देखकर अविमारक की प्रसन्नता की सीमा नहीं रहती। इसी बीच महारानी के पास से लेप लेकर हरिणिका आती है और नलिनिका तथा हरिणिका क्रमशः चली जाती हैं। कुरङ्गी गले में फन्दा लगाकर प्राणत्याग करना चाहती है पर, मेघस्तनित सुनकर डर जाती है। इसी समय अविमारक जाकर उसका आलिङ्गन कर लेता है। हरिणिका और नलिनिका भी आती हैं और विदूषक को वहाँ से हटा ले जाती हैं। वृष्टि होने लगती है और अविमारक तथा कुरङ्गी भीतर चले जाते हैं।

षष्ठ अङ्क के प्रारम्भ में धात्री से ज्ञात होता है कि काशिराजकुमार जयवर्मा अपनी माता सुदर्शना के साथ कुरङ्गी से शादी करने के लिये कुन्तिभोज के यहाँ आ गये हैं। यह भी ज्ञात होता है, सौवीरराज के मंत्रियों ने कुन्तिभोज को पत्र लिखा कि सौवीरराज सदारपुत्र उन्हीं के नगर में निवास कर रहे हैं। राजा कुन्तिभोज को सौवीरराज मिल जाते हैं पर, उनके पुत्र का पता नहीं लगता। सौवीरराज कुन्तिभोज से चण्डभार्गव ऋषि के शाप का समाचार बताते हैं। वे कुन्तिभोज से अविमारक द्वारा धूमकेतु राक्षस के मारे जाने का भी वृत्तान्त बताते हैं। पर उसका पता न लगने से सभी को क्लेश है। इसी समय वहाँ देवर्षि नारदजी उपस्थित होते हैं। वे बताते हैं कि सौवीरराजकुमार कुन्तिभोज के अन्तःपुर में कुरङ्गी के साथ गान्धर्व

विवाह कर समय यापन कर रहा है। हस्तिसंभ्रम के समय से ही दोनों में प्रणय-व्यापार चल रहा है। वे सुदर्शना तथा कुन्तिभोज को अलग हटाकर सुदर्शना में अग्नि से उत्पन्न अविमारक का स्मरण दिलाते हैं। अविरूपधारी असुर को मारने से उसकी संज्ञा अविमारक हुई। नारदजी कुरङ्गी की छोटी बहिन सुमित्रा से जयवर्मा की शादी कराते हैं। अविमारक, कुरङ्गी और भूतिक भी वहीं आ जाते हैं। परस्पर सबका प्रेम-मिलन होता है और स्त्रियाँ अन्तःपुर में जाती हैं। भरत-वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक में सौवीरराजकुमार अविमारक का आख्यान वर्णित होने से इसका नाम अविमारक रखा गया है। अविमारक का यथार्थ नाम विष्णुसेन था और अविरूपधारी असुर को मारने से उसकी संज्ञा अविमारक है।

चरित्र-चित्रण—इस नाटक का नायक विष्णुसेन या अविमारक है। वह काशिराज की पत्नी सुदर्शना में अग्निदेव से उत्पन्न हुआ, पर सौवीरराज की पत्नी सुलोचना को जन्म के समय ही दे दिया गया। वह अतुलित पराक्रमशाली है और बचपन में ही उसने राक्षस का वध कर डाला है। दैवदुर्विपाक से वह चण्डभार्गव ऋषि के शापवशात् वर्ष-भर चाण्डालत्व को प्राप्त होता है। सहजपराक्रमशालिता तथा परदुःखकातरता उसके स्वभाव के अङ्ग हैं। इसी कारण वह राजकुमारी कुरङ्गी पर हाथी के आक्रमण करने पर उसे मुक्त करता है। उसके शरीर की शोभा निराली है और इसी सौन्दर्य के कारण प्रथम दर्शन में ही कुरङ्गी उस पर न्योछावर हो जाती है।

हस्तिसंभ्रम के अनन्तर अविमारक एक प्रेमी के रूप में प्रकट होता है। प्रथम दर्शन में ही कुरङ्गी के सौन्दर्य पर वह रीझ जाता है और उसके केश-पाशों में बँधने के लिये लालायित हो जाता है। उसकी कामापन्न अवस्था भी चरम कोटि को पहुँचती है। कुरङ्गी के वियोग में उसकी दयनीय अवस्था हो जाती है और छद्मवेश में वह एक वर्ष तक राजभवन में रहता है। जब उसका पता राजा को लगता है तो वह भाग निकलता है और आत्महत्या तक करने को सन्नद्ध हो जाता है। संक्षेप में, वह धीरललित नायक कहा जा सकता है।

इस नाटक की नायिका कुरङ्गी है। वह रूपयौवनसंपन्ना अविवाहिता

कन्या है। इस यौवन के उभार के अवसर पर उसे अविमारक का दर्शन होता है और वह मदनज्वर से ग्रस्त हो जाती है। यहाँ यह स्पष्ट है कि उसका प्रेम शुद्ध है और उसमें किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं। अविमारक के कुलशील का उसे पता नहीं, फिर भी उसके तरुणयौवन तथा सुगठित सुन्दर शरीर को देखकर वह लुब्ध हो जाती है। प्रथम दर्शन में ही उसकी आसक्ति इतनी बढ़ती है कि उसकी दशा दयनीय हो जाती है और सखियों को उसकी प्राणरक्षा के लिये अविमारक को ढूँढ़ना पड़ता है।

इस चरम कामदशा को प्राप्त होने पर भी शीलसंरक्षण की भावना उसमें सुरक्षित है। जब प्रथम बार रात्रि में उसके अनजाने अविमारक उसका आलिङ्गन करता है और उसे पता चलता है कि यह अविमारक है तो उसे पश्चात्ताप होता है और वह कहती है कि यह महान् चारित्रिक पतन हुआ। स्त्रीसुलभ हाव-भाव तथा रूठने की भावना भी उसमें वर्तमान है और जब सखियाँ परिहास करती हैं तो वह रूठने का अभिनय करती है। एक वर्ष के संयोग के बाद उसे अविमारक का वियोग होता है और उस समय की दशा का जैसा सटीक अनुमान अविमारक ने किया है, वह नितान्त यथार्थ है—

ह्रीता भवेत् प्रेष्यजनप्रवादैः
भीता च राज्ञा दृढसन्निरुद्धा।—४।२।

अविमारक के वियोग में वह भी प्राणात्यय पर तुल जाती है और गले में पाश तक लगा लेती है पर मेघस्तनित से सहसा भयभीत होकर इस कर्म से प्रत्यावृत्त होती है। संक्षेपेण कुरङ्गी का प्रेम अपनी परिणति को पहुँचा प्रदर्शित किया गया है।

सौवीरराज ऋषि के शापवश चाण्डालत्व को प्राप्त हुए हैं। इस अवधि में वे छद्मवेश में कालयापन करते हैं और राजा कुन्तिभोज से मिलने पर शाप की सारी कथा उनको सुना देते हैं।

कुन्तिभोज का चरित्र सौवीरराज की अपेक्षा अधिक प्रस्फुटित हुआ है। नाटक की सारी घटनायें उन्हीं के राज्य में केन्द्रित हैं। उनके वचनों से पता चलता है कि राजनीति का उन्हें सम्यक् ज्ञान है—

धर्मः प्रागेव चिन्त्यः सचिवमतिगतिः प्रेक्षितव्या स्वबुध्या
प्रच्छाद्यौ रागरोषौ मृदुपरुषगुणौ कालयोगेन कार्यौ।
ज्ञेयं लोकानुवृत्तं परचरनयनैर्मण्डलं प्रेक्षितव्यं
रक्ष्यो यत्नादिहात्मा रणशिरसि पुनः सोऽपि नावेक्षितव्यः ॥—१।१२।

अन्य पात्रों में देवर्षि नारद स्वरगणों के साधक, कलह के उत्पादक (६।११), शाप-प्रसाद-समर्थ एवं नष्ट कार्यों के सुधारक (६।१६) दर्शाये गये हैं। कुन्तिभोज के अमात्यद्वय कौञ्जायन तथा भूतिक महान् स्वामिभक्त तथा नयज्ञ हैं।

स्त्रीपात्रों में कुरङ्गी की सखियां तथा परिचारिकायें उसकी हितैषिणी के रूप में चित्रित की गई हैं। कुरंगी का अभीष्ट पूरा करने के लिये वे सब कुछ करने को उद्यत हैं। सौवीरराज की पत्नी तथा काशिराज की पत्नी एवं कुरङ्गी की माता का चरित्र प्रस्फुटित नहीं हो सका है।

समीक्षण—अविमारक एक काल्पनिक नाटक है और प्रेमाख्यान का यहाँ प्रदर्शन हुआ है। नाटकीय दृष्टि से इसे प्रकरण कहा जा सकता है यद्यपि इसे कुछ लोग नाटक भी कह सकते हैं। प्रकरण का लक्षण निम्न है—

भवेत् प्रकरणं वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम्।
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक् ॥

प्रकरण के अन्य लक्षण तो यहाँ घटित हो जाते हैं पर इसका नायक न तो विप्र ही है, न अमात्य ही और न वणिक् ही। इस नाटक का प्रधान रस शृङ्गार है और अन्य रस उसके सहायक बनकर आये हैं। इसका नायक अविमारक धीरललित कहा जायेगा।

नाटकीयता की दृष्टि से भास के अन्य नाटकों की भाँति यह नाटक भी सफल है। अभिनेय यह भी उसी भाँति है जिस भाँति भास के नाटक। सरल भाषा का प्रयोग इनकी अभिनेयता में चार चाँद लगा देता है। कथनोपकथनों में स्वाभाविकता तथा भावाङ्कन भास की अपनी विशेषता है। छोटे-छोटे वाक्य, सरल भाषा, रसानुकूल भाषा का प्रयोग एवं भावों का सम्यक् उन्मेष इस नाटक को बरबस उच्चकोटि में बैठा देते हैं।

काव्यकला की दृष्टि से भी यह नाटक नितान्त उदात्त है। नाटकों में भास

का कविकर्म सर्वत्र प्रस्फुटित हुआ है। परिस्थितियों, अवस्थाओं एवं भावों का सटीक शब्दों एवं आलंकारिक भाषा में वर्णन सर्वत्र विद्यमान है। प्रकृति चित्रण में नाटककार ने पर्याप्त दक्षता प्रदर्शित की है। ग्रीष्म का यह वर्णन नितान्त परिष्कृत तथा यथार्थ है :—

अत्युष्णा ज्वरितेव भास्करकरैरापीतसारा मही
यस्मार्त्ता इव पादपाः प्रमुषितच्छाया दवाग्न्याश्रयात् ॥–४।४।

इसी प्रकार रात्रि के अन्धकार, चार के कार्यकलाप, राजपुर आदि का वर्णन भी भास की सूक्ष्म अन्वीक्षण शक्ति के परिचायक हैं। अन्धकार का यह वर्णन दर्शनीय है :—

तिमिरमिव वहन्ति मार्गनद्यः
पुलिननिभाः प्रतिभान्ति हर्म्यमालाः।
तमसि दशदिशो निमग्नरूपाः
प्लवतरणीय इवायमन्धकारः ॥—३।४।

नाटक में सूक्तियाँ यत्र-तत्र बिखरी हुई हैं। प्रसिद्ध सूक्ति 'कन्यापितृत्वं खलु नाम कष्टम्' का भास ने यहाँ उत्तर उपस्थित किया है—'कन्यापितृत्व बहुवन्दनीयम्' (१।९)। इस प्रकार सभी दृष्टियों से अविमारक एक प्रशस्त नाटक कहा जा सकता है।

१०—प्रतिमा नाटक

सात अङ्कों का प्रतिमा नाटक भास के सर्वोत्तम नाटकों मे से है। श्रीराम के युवराज पद पर अभिषेक के प्रसङ्ग से आरम्भ कर चौदह वर्षों बाद वन से लौटने तक का कथानक इसमें समाविष्ट है। चौदह वर्षो के उपरान्त राम के राज्याभिषेक के साथ यह नाटक समाप्त होता है।

प्रथम अङ्क में प्रतीहारी कञ्चुकी से कहती है कि महाराज दशरथ राम का युवराज पद पर अभिषेक करनेवाले हैं अतः उनकी आज्ञा है कि इसके लिये सारी तैयारियाँ कर दी जायँ। कञ्चुकी कहता है कि उनकी आज्ञा के अनुसार सारे सम्भार एकत्र कर दिये गये हैं। इसी समय अवदातिक नामक परिचारिका हाथ में वल्कल लिये पधारती है। वह परिहास में किसी को वल्कल देने जा

रही है। सीता की दृष्टि उस पर पड़ती है और वे उसे बुला लेती हैं। वे कुतूहलदृष्ट्या उन वल्कल को धारण करती हैं। सीता को इसी समय चेटी बताती है कि आज श्रीरामचन्द्रजी का महाराज दशरथ युवराज पद पर अभिषेक करनेवाले हैं। उन्हें नगर में वाद्यध्वनि सुनायी पड़ती है जो सहसा बन्द हो जाती है। सबका कुतूहल बढ़ जाता है।

श्रीरामचन्द्रजी वहाँ उपस्थित होते हैं। वे भी वल्कल को पहनना चाहते हैं। इसी समय जनता का कोलाहल सुनायी पड़ता है। कञ्चुकी आकर बताता है कि कैकयी ने राजा को आपका अभिषेक करने से रोक दिया और राज्यपद भरत के लिये माँग लिया है। महाराज इस अमंगल वचन से मूर्छित होकर गिर पड़े हैं और संकेत द्वारा यह समाचार आपको बताने के लिये भेजा है। सहसा हाथ में धनुष लिये लक्ष्मण प्रवेश करते हैं और हठात् राज्य छीन लेने के लिये राम को उत्तेजित करते हैं, पर राम उनका क्रोध शान्त करते हैं। लक्ष्मण उनसे बताते हैं कि राज्य आपको नहीं मिला इसकी मुझे चिन्ता नहीं और न तो उसके लिये खेद ही है। खेद केवल इस बात का है कि चौदह वर्षों तक आपको वनवास करना पड़ेगा। श्रीरामचन्द्र फिर भी लक्ष्मण को शान्त करते हैं। वे अकेले तो वन जाने के लिये तैयार होते हैं किन्तु सीता तथा लक्ष्मण भी उनके साथ चलने के लिये उद्यत होते हैं। राम, लक्ष्मण और सीता के साथ वन को प्रस्थान करते हैं।

द्वितीय अङ्क में राम को वन जाने से विरत करने में असमर्थ राजा दशरथ समुद्रगृहक में जाकर सो गये। राम के लिये वे नाना प्रकार से विलाप कर रहे हैं। कौशल्या तथा सुमित्रा उन्हें नाना प्रकार से सान्त्वना देती हैं। इसी बीच राम, लक्ष्मण तथा सीता को वन में पहुँचाकर सुमन्त्र लौट आते हैं। उनके लौट कर न आने का समाचार सुनकर महाराज दशरथ मूर्छित होकर गिर पड़ते हैं। सचेत होने पर वे उनका समाचार पूछते हैं। किन्तु उन्हें शान्ति नहीं मिलती और इस वार्धक्य जर्जरावस्था में इस महान् विपत्ति को सहन करने में असमर्थ वे प्राणों का त्याग कर देते हैं।

तृतीय अङ्क में प्रवेशक से ज्ञात होता है कि अयोध्या में मृत इक्ष्वाकु-वंशीय राजाओं की प्रतिमायें स्थापित की जाती हैं। महाराज दशरथ की

प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जिसका दर्शन करने के लिए कौशल्या आदि महारानियाँ प्रतिमा-गृह में आनेवाली हैं। इसके अनन्तर रथारूढ़ भरत तथा सूत दिखायी पड़ते हैं। अयोध्या तथा परिवार के कुशल को जानने के लिये आतुर भरत शीघ्रता से रथ वाहित करने के लिये सूत से कहते हैं। उन्हें महाराज दशरथ की व्याधि का समाचार मिला है। सूत, भरत से महाराज की मृत्यु का समाचार नहीं बताता। रथ अयोध्या के समीप आता है और नगर से एक भट आकर कहता है कि आचार्यों की राय है कि कृत्तिका नक्षत्र बीत रहा है, इसके अवशिष्ट एक चरण के बीत जाने पर आप नगर में प्रवेश करें। भरत उनकी राय मानकर बाहर ही रुक जाते हैं। विश्राम करने के लिये वे इक्ष्वाकु-नृपतियों के प्रतिमा-गृह में जाते हैं। वहाँ उस प्रतिमा-गृह का संरक्षक देवकुलिक वहाँ जाता है और मूर्तियों का परिचय देता है। वह यह भी बताता है कि यहाँ केवल मृत नृपतियों की प्रतिमायें स्थापित की जाती हैं, जीवन्तों की नहीं। उन प्रतिमाओं में महाराज दशरथ की प्रतिमा को देखकर भरत शोक से मूर्छित हो जाते हैं। देवकुलिक का परिचय भी ज्ञात हो जाता है और राम के वनवास आदि की कथा वह सुनाता है। इसी समय कौशल्या आदि देवियाँ वहाँ प्रतिमा-दर्शन के लिये आती हैं। भरत, कौशल्या से अपनी अनपराधता को बताते हैं तथा कैकयी को कोसते हैं। वसिष्ठ, वामदेव आदि महर्षि भरत का अभिषेक करना चाहते हैं, पर भरत राम-लक्ष्मण के पास जाने के लिये वन को प्रस्थान करते हैं।

चतुर्थ अङ्क में भरत रथारूढ़ होकर सुमन्त्र के साथ राम के तपोवन में पहुँचते हैं। सुमन्त्र के साथ वे राम के विषय में वार्तालाप करते जाते हैं। वे राम के आश्रम के पास पहुँचते हैं और उनकी ध्वनि राम-लक्ष्मण-सीता को सुनायी पड़ती है। उन्हें किसी परिचित बन्धु की आवाज प्रतीत होती है। इसी बीच भरत वहाँ पहुँच जाते हैं। वे परस्पर स्नेहार्द्र होकर मिलते हैं। वन में करुणा का साम्राज्य व्याप्त हो जाता है। भरत उनसे लौट चलने तथा राज्यभार सँभालने का आग्रह करते हैं। पर, राम उनसे पिता के सत्य की रक्षा के लिए प्रस्ताव करते हैं। राम के आग्रह को भरत स्वीकार कर लेते हैं, पर शर्त यह लगाते हैं कि चौदह वर्षों के बाद आप अपना राज्य लौटा लें।

तब तक मैं केवल न्यास के रक्षक के रूप में कार्य करूँगा। वे राम की चरण-पादुकायें भी माँग लेते हैं जो राम के प्रतिनिधि के रूप में रखी रहेंगी। राम, भरत को राज्यरक्षा में अनवधानता न बरतने का आदेश देते हैं। सुमन्त्र को भी भरत की सावधानी से रक्षा का उपदेश देते हैं। अन्ततः भरत अयोध्या को लौट आते हैं।

पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में सीता छोटे-छोटे वृक्षों में पानी सींच रही है। इसी समय श्रीरामचन्द्र वहाँ आते हैं और सीता से पिता दशरथ के श्राद्ध-दिवस के बारे में बताते हैं। वे कहते हैं कि 'कल पिताजी का श्राद्ध-दिन है। पितरों का श्राद्ध सामर्थ्यानुकूल करने का विधान है। पर, मेरे पास आवश्यक पदार्थ नहीं है।' सीताजी कहती हैं कि 'वैभवानुकूल श्राद्ध तो भरत करेंगे ही, आप वन्य पुष्प-फलों से श्राद्ध कीजिये।' राम कहते हैं कि सो तो ठीक है पर, कुश पर फलों को देखकर पिताजी को वनवास का प्रसंग याद आ जायेगा और वे दुःखी होंगे।

राम और सीता के वार्तालाप करते समय ही संन्यासी के वेश में वहाँ रावण आता है। वह अपने को काश्यपगोत्रीय बताता है। वह अपने को नाना शास्त्रों तथा प्राचेतस् श्राद्धकल्प में निष्णात कहता है। श्राद्धकल्प का नाम सुनकर राम विशेष अभिरुचि दिखाते हैं और पूछते हैं कि पिण्डदान के समय पितरों को किस पदार्थ से तृप्त करना चाहिये ? रावण पिण्डदान योग्य पदार्थों का नाम बताता है। वह बताता है कि सर्वाधिक पितरों के प्रीतिकारक हिमालय के सहस्र शृङ्ग पर रहनेवाले काञ्चनपार्श्व नामक मृग होते हैं। पर, उनकी प्राप्ति दुर्लभ है। इसी समय काञ्चनमृग वहाँ दिखायी पड़ता है और रावण कहता है कि हिमालय आपका अभिनन्दन कर रहा है। राम, सीता को संन्यासी की शुश्रूषा करने को कह स्वयं मृग पकड़ने दौड़ते हैं। रावण इस अवसर का लाभ उठाने को सोचता है। सीता उटज में प्रवेश करना ही चाहती हैं कि रावण अपने लोकरावण विग्रह को धारण कर उन्हें पकड़ लेता है। वह अपना परिचय भी उन्हें देता है। सीता विलाप करती हैं, पर रावण उन्हें हठात् लेकर भाग चलता है। गृध्रराज जटायु सीता को ले जा रहे रावण पर आक्रमण करता है।

षष्ठ अङ्क में दो तापस सीता का हरण कर रहे रावण को देखकर भय-भीत हो जाते हैं। वे जटायु के पराक्रम को देखकर उसकी चर्चा करते हैं और देखते हैं कि रावण द्वारा मारा जाकर जटायु भूमिशायी हो गया है। इसके बाद विष्कम्भक के अनन्तर अयोध्या में दृश्य केन्द्रित होता है। कञ्चुकीय कहता है कि सुमन्त्र राम का पता लेने वन गये थे जहाँ से वे लौट आये हैं। सुमन्त्र आकर सीताहरण का वृत्तान्त भरत को सुनाते हैं। वे कहते हैं कि 'जब मैं उन्हें देखने के लिये तपोवन में पहुँचा तो तपोवन को शून्य पाया। सुनने में आया कि वे वानरों की नगरी किष्किन्धा में गये हैं। वहाँ सुग्रीव नामक वानर है जिसकी स्त्री को उसके बड़े भाई ने हर लिया है। समान दुःखवाले श्री-रामचन्द्रजी वहाँ चले गये हैं क्योंकि माया का आश्रयण कर सीता को राक्ष-सेन्द्र रावण ने हर लिया है।' सुमन्त्र द्वारा सीताहरण का आख्यान सुनकर भरत को अत्यन्त सन्ताप होता है। वे माताओं के पास पहुँचते हैं और कैकयी को उलाहना देते हुये कहते हैं कि 'तेरे ही कारण अनवर्ष्य इक्ष्वाकुकुल की स्त्री का हरण हुआ।' कैकयी, भरत के उपालम्भ से जर्जर हो जाती है। वह सुमन्त्र से दशरथ को मिले शाप का वर्णन करने को कहती है और बताती है कि उसी ऋषिशाप को सत्य करने के लिये मैंने राम को वन भेजा। भरत की आज्ञा से सुमन्त्र दशरथ के शाप का वर्णन करते हुये कहते हैं कि 'पहले शिकार के लिये निकले महाराज ने कलश में जल भर रहे एक ऋषिपुत्र को वन्यगज समझकर मार डाला। जब ऋषि ने उसे सुना तो महाराज को शाप दिया कि तुम भी पुत्र-शोक से मरोगे।' कैकयी ने भरत से यह भी बताया कि मैंने तेरा वनवास इसलिये नहीं माँगा कि ननिहाल में रहने से तेरा वियोग सहने के महाराज अभ्यस्त हो गये थे और मैं तो केवल चौदह दिन कहनेवाली थी पर मानसिक व्याकुलता से चौदह वर्ष निकल गया।' सब वृत्तान्त सुनकर भरत कैकयी से क्षमा माँगते हैं और राम की सहायता के लिये ससैन्य प्रस्थान करने को कहते हैं।

सप्तम अङ्क में तापस बताता है कि श्रीरामचन्द्र ने सीता का हरण करने-वाले रावण का वध कर डाला। उन्होंने विभीषण का अभिषेक किया है और वानरों सहित वे पधार रहे हैं। सीता और राम तापसों के बीच आकर उन्हें

आनन्दित कर रहे हैं। वे सीता को वनवास के स्थल दिखाकर उनकी स्मृति दिला रहे हैं। इसी समय उन्हें पटहनाद, हवा से उठती हुई धूल तथा वाजों की ध्वनि सुनायी पड़ती है। लक्ष्मण आकर राम को बताते हैं कि ससैन्य भरत आपके दर्शन करने आ रहे हैं। राम, सीता के साथ उत्सुकता से उनकी प्रतीक्षा करते हैं और भरत माताओं के साथ वहाँ आते हैं। सबका प्रेम-मिलन होता है। सारे मुनिजन, सारी प्रजायें और अमात्य श्रीरामचन्द्र का अभिषेक करते हैं और कैकयी इसका अनुमोदन करती हैं। रावण का पुष्पक विमान वहाँ उपस्थित होता है और सब लोग उस पर आरूढ़ हो अयोध्या को प्रस्थान करते हैं। भरत-वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक का नामकरण प्रतिमा इसलिये रखा गया है कि इक्ष्वाकुवंशीय मृत राजाओं के प्रतिमा-निर्माण पर यहाँ विशेष महत्त्व दिया गया है। प्रतिमा-निर्माण की कथा भास की अपनी मौलिकता है और प्रतिमा के दर्शन से ही भरत को दशरथ के मरने का सारा वृत्तान्त ज्ञात होता है। सारा घटनाक्रम एक बार इस प्रसंग पर आवृत हो जाता है और भरत को राम के वनवासादि के प्रसंग का पता चलता है। कुछ लोगों की धारणा है कि प्रतिमा नाटक का नाम कुछ बृहत् रहा होगा (संभवतः 'प्रतिमादशरथ' ?) क्योंकि भास के अन्य नाटकों का नाम वहाँ छोटे नामों से भी उसका अभि-धान किया जाता है, जैसे—स्वप्नवासवदत्तम् का स्वप्ननाटक और प्रतिज्ञायौगन्ध-रायण का प्रतिज्ञा !

भास की मौलिकता—भास ने इस नाटक में मौलिकता लाने में प्रच-लित रामचरित से पर्याप्त पार्थक्य ला दिया है। यद्यपि ये सारी घटनायें प्रचलित कथा से भिन्न हैं, पर नाटकीय दृष्टि से इनका महत्त्व सुतरां ऊँचा है और पाठक वा दर्शक की कुतूहलवृद्धि में ये सहायक हुई हैं। इस नाटक में रामायणीय कथा से भिन्नतायें इस प्रकार हैं—प्रथम अङ्क में सीता द्वारा परिहास में वल्कल पहनना भास की मौलिकता है। तृतीय अङ्क में प्रतिमा का सारा प्रकरण ही कविकल्पित है और यह कल्पना ही नाटक की आधारभूमि बनायी गयी है। भरत को प्रतिमा के प्रसंग में ही अयोध्या में हुये सारे वृत्तान्त का परिचय मिलता है। पाँचवें अङ्क में सीता का हरण भी यहाँ नवीन ढङ्ग से बताया गया

है। यहाँ राम के उटज में वर्तमान रहने पर ही रावण वहाँ आता है और दशरथ के श्राद्ध के लिए उन्हें काञ्चनपार्श्व मृग लाने को कहता है और उन्हें काञ्चनमृग दिखाकर दूर हटाता है। यह सारा प्रसङ्ग नाटककार के द्वारा गढ़ा गया है। पाँचवें अङ्क में सुमन्त्र का वन में जाना और लौटकर भरत से सीताहरण बताना कवि-कल्पना का प्रसाद है। कैकयी द्वारा यह कहना भी कि उसने ऋषिवचन सत्य करने के लिये राम को वन भेजा, भास की प्रसूति है। अन्ततः सप्तम अङ्क में राम का वन में ही राज्याभिषेक इस नाटक में मौलिक ही है।

इस प्रकार इस नाटक में भास ने प्रचलित कथा को दूसरे ढङ्ग से मोड़ा है और सारे नाटक को एक नवीन रूप दे दिया है।

चरित्राङ्कन—प्रतिमा नाटक के नायक के रूप में श्रीरामचन्द्र दिखाये गये हैं और फलसंप्राप्ति का उन्हीं से सम्बन्ध है। श्रीरामचन्द्र सारे सद्‌गुणों के आकर हैं। राज्य की अप्राप्ति तथा वनगमन की आज्ञा से उनके चित्त में जरा भी विकार उत्पन्न नहीं होता और लक्ष्मण को शांत करना उनके चरित्र का नितान्त प्रोज्ज्वल अंश है। यह प्रसङ्ग उन्हें दैवी स्तर पर प्रतिष्ठित कर देता है। कैकयी के प्रति जितनी उनकी भक्ति है उसका पता निम्न श्लोक से लग जाता है—

> **यस्याः शक्रसमो भर्ता मया पुत्रवती च या।**
> **फले कस्मिन् स्पृहा तस्या येनाकार्यं करिष्यति ॥—अङ्क १।**

उनकी शक्ति तथा महत्ता का वर्णन पद-पद पर मिलता है। भरत जब वन में उन्हें लौटाने के लिये जाते हैं तो बड़े ही नयपूर्ण तथा भ्रातृवात्सल्य से आपूर्ण शब्दों से उनका समाधान करते हैं—

> **मैवं नृपः स्वसुकृतैरनुयातु सिद्धिं**
> **मे शापितो न परिरक्षसि चेत्स्वराज्यम् ॥—३।२४।**

उनकी शक्ति तथा साहस की प्रशंसा रावण भी खुले मुख से करता है। जब सुवर्णमृग राम के सामने दिखायी पड़ता है तो रावण उनका हिमालय द्वारा इसे अभिनन्दन बताता है। पर, श्रीरामचन्द्रजी इसे दशरथजी का प्रभाव कहते हैं। अन्ततः भी उनके मन में अपकारिणी कैकयी के प्रति कोई विकार

नहीं उत्पन्न होता और वे उसकी आज्ञा को विनीत होकर शिरोधार्य करते हैं। राज्याभिषेक होने पर भी वे उसे दशरथजी का अभीष्ट बताते हैं कि धर्म से प्रजापालन करने का अवसर मिला है। सहायक वनौकसों के प्रति भी उनका सद्भाव सुतरां स्तुत्य है। लंकाविजय को वे उन्हीं का प्रयास मानते हैं।

भरत का चरित्र राम के चरित्र की भाँति ही अत्यन्त उदात्त प्रदर्शित किया गया है। इस चरित्र मे कहीं भी कालिमा का लेश नहीं। वे ननिहाल में हैं तभी अयोध्या में सारी अनभीष्ट घटनायें घटित हो जाती हैं। दूत उन्हें लाने जाता है और वे अत्यन्त उत्सुकता से अयोध्या को प्रस्थान करते हैं। पर, अयोध्या में भी नहीं पहुँच पाते कि प्रतिमादर्शन के अवसर पर मार्ग में ही सारा वृत्तान्त ज्ञात हो जाता है। सारे वृत्तान्त को जानकर उन्हें अयोध्या जाना व्यर्थ-सा लगता है। किसी पिपासित का निर्जला नदी में जल पीने जाना व्यर्थ ही तो है—

अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम्।
पिपासार्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ॥—३।१०।

उनका कैकयी पर आक्रोश उनके चारित्र्य और मनोभाव की निर्मलता के प्रतीक हैं। सारे मुनिजन तथा प्रकृतियाँ भरत के राज्याभिषेक का निश्चय करती हैं, पर भरत के लिये तो यह प्रसंग ही दुःखद है। वे तुरन्त राम को उनका राज्य लौटाने वन चल देते हैं। वन में वे राम के राज्याभिषेक का प्रस्ताव करते हैं। पर, राम कहते हैं कि धर्म तो इसी में है कि जिसे माता ने राज्य दिया वह राज्य भोगे। यह सुनकर भरत की दशा बड़ी विचित्र होती है। मानो उनका व्रण छू गया हो। वे कहते हैं कि आपका जन्म जिस वंश में हुआ है उसी में मेरा भी हुआ है। हम दोनों के एक ही पिता हैं। केवल मातृदोष से पुरुषों को दोषी नहीं गिना जाता। मैं आर्त हूँ, मुझ पर दया कीजिये—

अपि सुगुण ! मयापि त्वत्प्रसूतिः प्रसूतिः
स खलु निभृतधीमांस्ते पिता मे पिता च।
सुपुरुष ! पुरुषाणां मातृदोषो न दोषो
वरद ! भरतमार्तं पश्य तावद्यथावत् ॥—४।२१।

अन्य प्रसङ्गों पर भी भरत का चरित्र निखरता ही गया है और उन्नति की पराकाष्ठा को प्राप्त हुआ है।

सीता—सीता का चरित्र आदर्श पतिव्रता नारी के रूप में अङ्कित किया गया है। पति के सुख-दुःख में वे सहधर्मचारिणी हैं। राम के साथ वन में निवास को 'महान् खलु मे प्रासादः' कहती हैं और रोकने पर भी नहीं रुकतीं। वन में भी वे तापस जीवन व्यतीत करती हैं और परिस्थितियों के अनुकूल व्यवहार करती हैं। वे लघु वृक्षों को अपने हाथों से सींचती हैं। जब राम कहते हैं कि पिताजी का श्राद्ध वैभव के अनुरूप करना है तो वे कहती हैं कि वैभवानुरूप श्राद्ध तो भरत करेंगे ही, आप वन्य जीवन के उपयुक्त पुष्प-फल से ही श्राद्ध कीजिये। सीताहरण में सीता के चरित्रोत्कर्ष को प्रदर्शित करने के लिये नाटककार ने लक्ष्मण को वहाँ से हटा दिया है जिससे लक्ष्मण के प्रति कटुवचन कहने का अवसर ही नहीं रह जाता। इस प्रकार यहाँ सीता का चरित्र नितान्त उदात्त तथा प्रोज्ज्वल प्रदर्शित किया गया है।

कैकयी—नाटकीय कथावस्तु के विन्यास-विस्तार में कैकयी का महत्त्व बहुत अधिक है। उसके वचनों से राम का वनवास और दशरथ-मरण तथा परवर्ती सारी घटनायें घटित हो रही हैं। इसलिये उसे सभी की ताड़ना तथा उपालम्भोक्तियों को सहना पड़ता है पर, नाटककार ने उसके एक नये रूप का ही चित्रण किया है। जब भरत कहते हैं कि तेरे कुकृत्य से प्रतापी इक्ष्वाकुओं की स्त्रियों का भी हरण होने लगा तो उससे नहीं रहा जाता। वह कहती है कि ऋषिशाप को सत्य करने मात्र के लिये उसने राम के वनवास का वर माँगा तथा वह चौदह दिन के लिये ही वनवास कहना चाहती थी, किन्तु मानसिक विकलता से चौदह वर्ष निकल गया। यह वरदान सभी ऋषियों को सम्मत था। इस प्रकार नाटककार ने कैकयी के चरित्र का परिमार्जन करने का पर्याप्त प्रयास किया है, भले ही यह स्थिति वस्तुस्थिति से उलटी हो।

सुमन्त्र—वृद्ध सचिव सुमन्त्र महाराज दशरथ का परम हितैषी तथा सुख-दुःख में सहकारी है। वही श्रीराम को वन में पहुँचाने जाता है। वह वृद्ध है तथा राम के वनवास ने उसे झकझोर कर जर्जर बना दिया है। वह नितान्त सौम्य प्रकृति का साधु पुरुष है। वह सभी का विश्वासभाजन है। इसी से श्री-

रामचन्द्र वन में भरत आदि के जाने पर उससे कहते हैं कि 'आप महाराज दशरथ की ही भाँति भरत का हितसाधन तथा संरक्षण कीजिये।' भरत पुनः उसे वन में राम का पता लगाने के लिये भेजते हैं तथा वह आकर सीता-हरण की बात सुनाता है।

अन्य पात्रों में लक्ष्मण श्रीरामचन्द्र तथा सीता के प्रति असीम भक्ति रखनेवाले दर्शाये गये हैं। उनके स्वभाव का औद्धत्य भी कुछ नाटक में उभरा है। शत्रुघ्न का प्रसंग बहुत ही कम आया है तथा वे मातृभक्त दिखायी पड़ते हैं। कौशल्या तथा सुमित्रा पर पुत्रों के वन जाने से विपत्ति का पहाड़ टूट गया है। फिर भी धैर्य से वे उसे सहन करती हैं। वे वार्धक्यपीड़ित हैं। पुत्रों के प्रति उनकी असीम ममता है।

समीक्षण

प्रतिमा नाटक भास के सर्वोत्तम नाटकों में से एक है। सप्ताङ्कविस्तारी इस नाटक में भास की कला पर्याप्त ऊँचाई को प्राप्त कर चुकी है। इस नाटक में भास ने पर्याप्त मौलिकता का परिचय दिया है और सम्पूर्ण नाटक को एक नये रूप में ढाल दिया है। इस नाटक में भास ने पात्रों का चारित्रिक उत्कर्ष दिखाने का भरसक प्रयास किया है। इतिवृत्त तथा चरित्र-चित्रण दोनों दृष्टियों से यह नाटक सफल हुआ है। भावों के अनुरूप भाषा तथा लघुविस्तारी वाक्य भास के नाटकों की अपनी विशेषताएँ हैं।

प्रतिमा का प्रधान रस करुण है और अन्य रस इसी के सहायक बनकर आये हैं। महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री इसमें 'धर्मवीररस' का अस्तित्व स्वीकार करते हैं, पर यह मात्र ऊहा है। वनवास का प्रसंग उपस्थित होने पर लक्ष्मण के वचनों में वीररस स्फुटित हुआ। वैसे करुणा का प्रसंग व्यापक है।

काव्यकला की दृष्टि से यह नाटक पर्याप्त सफल है। अलङ्कार-योजना सर्वत्र मनोहारिणी है। उपमा का निम्न उदाहरण सहृदयाह्लादकारी है।

> अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्राता च वर्जिताम्।
> पिपासार्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ॥ ३।१० ।

'पिता और भाई से हीन इस वनतुल्य अयोध्या में मैं उसी भाँति प्रवेश

कर रहा हूँ जैसे कोई तृषित व्यक्ति जलहीन नदी में जल पीने जाय।' उपमा कितनी सटीक है।

पांचवें अङ्क में अपने हाथों वृक्षों को सींच रही सीता का वर्णन देखिये—

योऽस्याः करः श्राम्यति दर्पणेऽपि स नैति खेदं कलशं वहन्त्याः।
कष्टं वनं स्त्रीजनसौकुमार्यं समं लताभिः कठिनीकरोति ॥—५।३।

'जिस सीता का हाथ दर्पण उठाने में भी थक जाता था, वह कलश उठाने से भी नहीं थकता। वन, लताओं के साथ ही स्त्रीजनों की सुकुमारता को भी कठोर बना देता है।'

निम्न पद्य में अलङ्कार-योजना के साथ वर्ण्य-विषय का चित्रांकन दर्शनीय है :

मेरुश्चलन्निव युगक्षयसन्निकर्षे
शोषं व्रजन्निव महोदधिरप्रमेयः।
सूर्यः पतन्निव च मण्डलमात्रलक्ष्यः
शोकाद् भृशं शिथिलदेहमतिर्नरेन्द्रः ॥—२।१।

११—प्रतिज्ञायौगन्धरायण

यह नाटक लोककथाओं पर आश्रित है। प्रथम अङ्क में मन्त्री यौगन्धरायण सालक के साथ रङ्गमञ्च पर दिखायी पड़ता है। वह वार्तालाप में यह बात कहता है कि कल प्रातः वत्सराज उदयन वेणुवन के समीप अवस्थित नागवन के लिये प्रस्थान करेंगे। वहीं महासेन प्रद्योत उन्हें बन्दी बनाने का प्रयास करेगा। वह पत्र एवं रक्षासूत्र के साथ सालक को उनकी सुरक्षा के लिये भेजना चाहता है। वह सालक से पूछता है कि उसने मार्ग देखा है या नहीं। सालक कहता है कि यद्यपि उसने मार्ग देखा नहीं है पर सुना अवश्य है अतः शीघ्रता से वहाँ पहुँच जाता है। यौगन्धरायण राजमाता के पास से रक्षासूत्र मँगाता है।

इसी समय उदयन के साथ सदैव रहनेवाला अंगरक्षक हंसक वहाँ आता है और उदयन के बन्दी बनाये जाने का वृत्तान्त बताता है। वह बताता है कि स्वामी बिना किसी को सूचित किये प्रातःकाल नागवन चले गये। उन्हें कुछ

दूर पर एक नीला हाथी दिखायी पड़ा। उसे देखकर उन्होंने उसे चक्रवर्ती हस्ती समझा और कुछ सैनिकों के साथ अपनी वीणा लेकर उसे पकड़ने चल दिये। अमात्य रुमण्वान् ने उन्हें रोका पर, उसे अपनी शपथ देकर वे चले गये। वहाँ जाकर वे अश्व से उतरकर अपनी वीणा लेकर वहाँ पहुँचे। उनके वहाँ पहुँचते ही उस कृत्रिम गज के भीतर से अस्त्रधारी योद्धा निकल पड़े। उदयन इसे प्रद्योत का कपट समझ गये और उन्होंने अपने सीमित सैनिकों के साथ शत्रु-सैन्य में प्रवेश किया। उन्होंने अत्यन्त पराक्रम से युद्ध किया और सन्ध्या समय तक अनेकों शत्रुओं को काल के गाल में पहुँचा दिया। संध्या होते-होते उनका श्रमित तथा प्रहार से विद्ध अश्व धराशायी हो गया। उदयन भी इसी समय मूर्च्छित होकर गिर पड़े और शत्रु-सैनिकों ने उन्हें बाँध लिया। उन्हें वे तब तक पीड़ित करते रहे जब तक चेतना न आयी। चेतना आने पर सभी सैनिक उन्हें मारने के लिये टूट पड़े पर, प्रद्योत के मन्त्री शालङ्कायन ने उन सभी को रोका और उन्हें बन्धन से मुक्त किया। उसने नाना प्रकार से शान्तिवचन कहकर उन्हें शान्त किया और पालकी पर बिठाकर उन्हें उज्जयिनी ले गया। यह सारी कथा सुनाकर हंसक चुप हो जाता है। वह यह भी कहता है कि स्वामी उदयन ने अन्तिम बार मुझसे यह कहा कि यौगन्धरायण से भेंट करना चाहता हूँ। यौगन्धरायण प्रतिज्ञा करता है कि 'यदि राहुग्रस्त चन्द्रमा की भाँति शत्रुओं द्वारा पकड़े गये स्वामी उदयन को मैं मुक्त न कर दूँ तो मेरा नाम उदयन नहीं।' यौगन्धरायण उदयन के बन्दी बनाये जाने का वृत्तान्त राजमाता को सुना देता है। इसी समय महर्षि व्यास वहाँ आते हैं और अपना वस्त्र छोड़ जाते हैं तथा यह भी आशीर्वाद दे जाते हैं कि राजकुल का अभ्युदय होगा। उस वस्त्र को पहनकर यौगन्धरायन अपना वेश परिवर्तन करता है।

द्वितीय अङ्क महासेन प्रद्योत की राजधानी में ला देता है। प्रद्योत-पुत्री वासवदत्ता को माँगने के लिये अनेकों राजाओं के प्रस्ताव आ रहे हैं। काशिराज ने अपने उपाध्याय जैवन्ति को दूत बनाकर भेजा है। राजा प्रद्योत कांचुकीय से वासवदत्ता के विवाह के विषय में बातचीत करते हैं। महासेन की राजमहिषी भी बुलायी जाती है। वह कहती है कि वासवदत्ता को वीणा सीखने

की उत्सुकता है और वह उत्तरा नाम की वैतालिका के पास वीणा सीखने गयी है। रानी के साथ भी काशिराज के यहाँ से आये दूत की चर्चा होती है। राजा कहते हैं कि मगध, काशी, वंग, मिथिला तथा शूरसेन देश के अधिपति कन्याग्रहण के इच्छुक हैं, पर किसे दिया जाय यह निश्चय नहीं होता। इसी समय सहसा कांचुकीय आकर कहता है कि वत्सराज! राजा सतर्क हो जाते हैं। इस अपने अक्रम वचन के लिये क्षमा माँगते हुये कांचुकीय निवेदन करता है कि वत्सराज बन्दी बना लिये गये। पहले तो प्रद्योत को विश्वास नहीं होता, पर कांचुकीय के प्रत्यय दिलाने पर विश्वस्त होते हैं। राजा कांचुकीय से कहते हैं कि राजकुमार के अनुरूप सत्कार कर वत्सराज को भीतर लाओ। उसके चले जाने पर रानी उदयन को ही योग्य वर कहती हैं पर, राजा कहते हैं कि यह बड़ा उद्दण्ड है, मेरे सम्मान का ध्यान नहीं रखता। उसे अपने भरतवंश, गान्धर्ववेद, सौन्दर्य तथा पोरप्रेम का दर्प है। कांचुकीय लौटकर कहता है कि वत्सराज की घोषवती नामक वीणा को शालङ्कायन ने आपके पास भेजा है। राजा उसे वासवदत्ता को दे देते हैं। राजा प्रद्योत वत्सराज की सुख-सुविधा का पूरा ध्यान रखने को कहते हैं। रानी कहती हैं कि अभी वासवदत्ता बच्ची है। अतः अभी विवाह की कोई चिन्ता नहीं।

तृतीय अङ्क के प्रारम्भ में महासेन प्रद्योत की राजधानी में वत्सराज का विदूषक दिखायी पड़ता है। उसने अपना वेष परिवर्तित कर दिया है। वत्सराज के चर तथा अमात्य भी वेष-परिवर्तन कर वहाँ जुट गये हैं। यौगन्धरायण ने उन्मत्तक का वेष बनाया है और रुमण्वान् ने श्रमणक का। विदूषक के लड्डुओं को उन्मत्तक ने लिये हैं। सांकेतिक भाषा में वे बात कर रहे हैं। विदूषक अपने मोदकों को माँग रहा है, पर उन्मत्तक उन्हें नहीं दे रहा है। इसी समय वहाँ श्रमणक के वेश में रुमण्वान् आ जाता है। वे कुछ बातचीत करके मध्याह्न-काल समझ मंत्रणा के लिये अग्निगृह में प्रविष्ट होते हैं। विदूषक बताता है कि वह वत्सराज से मिला था। यद्यपि उनको हमलोगों ने मुक्त करने का सारा उपक्रम कर डाला है पर, उन्हें तो वासवदत्ता का दर्शन हो गया है और वे उसे लेकर चलने को कहते हैं। विदूषक के बाद रुमण्वान् भी यही कहता है। यौगन्धरायण कहता है कि यह तो बड़ी हास्यास्पद बात है

कि इस निन्दनीय अवस्था को प्राप्त होकर भी स्वामी को काम सता रहा है। पर चाहे जो हो, हमलोगों को तो उनकी इच्छा का अनुवर्तन करना ही है। वह प्रतिज्ञा करता है कि 'यदि जिस भाँति गांडीवधन्वा अर्जुन ने सुभद्रा का हरण किया उसी भाँति राजा वासवदत्ता का हरण नहीं कर लेते तो मेरा नाम यौगन्धरायण नहीं। यदि घोपवती वीणा, नीलगिरि हस्ती, वासवदत्ता तथा राजा को हर कर कौशाम्बी न पहुँचा दूँ तो मेरा नाम यौगन्धरायण नहीं।' इसी समय दुपहरी ढल जाने तथा जनकोलाहल सुनायी देने से वे इधर-उधर चल देते हैं।

चतुर्थ अङ्क में गात्रसेवक को ढूँढते हुये भट आता है। गात्रसेवक वस्तुतः वत्सराज का चर है जो वेश वदलकर प्रद्योत के यहाँ भद्रवती हस्ती का संरक्षक बना है। यह हाथी का पता न पाकर उसे ढूँढ़ता है और गात्रसेवक कृत्रिक रूप से मद्यप होने का अनुकरण करता है। वह भट को वताता है कि उसने हाथी के अंकुश, घण्टा आदि समस्त पदार्थों को शौण्डिक के यहाँ दे दिया है। वह नशे में एकदम चूर होने का अनुकरण कर रहा है। इसी समय कोलाहल वढ़ता है और शोर में पता लगता है कि वत्सराज वासवदत्ता को लेकर भाग गया। गात्रसेवक अपना असली रूप प्रकट करता है और कहता है कि हमलोग अमात्य यौगन्धरायण के द्वारा विभिन्न स्थलों पर नियुक्त वत्सराज के चरपुरुष (गुप्तचर) हैं। वत्सराज के भाग जाने पर युद्ध प्रारम्भ होता है और उसमें यौगन्धरायण वन्दी वना लिया जाता है। यौगन्धरायण को पकड़े जाने का किञ्चित् भी खेद नहीं, क्योंकि उसने स्वामी का कार्य तो निष्पन्न कर ही दिया। यौगन्धरायण को शस्त्रागार में टिकाया जाता है। शस्त्रागार में प्रद्योत का अमात्य भरतरोहक उससे मिलता है। भरतरोहक वत्सराज के कृत्यों की निन्दा करता है, पर यौगन्धरायण सभी आक्षेपों का उत्तर दे देता है। भरतरोहक उसे शृङ्गार नामक स्वर्णपात्र पुरस्कार में देता है। पहले तो यौगन्धरायण लेना नहीं चाहता, पर जब सुनता है कि प्रद्योत ने वत्सराज द्वारा वासवदत्ता के भगाये जाने का अनुमोदन कर चित्रफलक के द्वारा दोनों का विवाह कर दिया है तो इस उपहार को स्वीकार करता है।

भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक का नामकरण अमात्य यौगन्धरायण की प्रतिज्ञाओं पर आश्रित है। प्रथम बार जब वह सुनता है कि कपट के माध्यम से प्रद्योत ने वत्सराज को बन्दी बना लिया तो प्रतिज्ञा करता है कि 'यदि मैं वत्सराज को छुड़ा नहीं लेता तो यौगन्धरायण नहीं।' इस प्रतिज्ञा के उत्तीर्ण होने के अवसर पर ही एक दूसरी बात सामने आ जाती है। उदयन के भागने का वह सारा प्रबन्ध कर देता है, पर उदयन कहता है कि मैं वासवदत्ता को लेकर भागना चाहता हूँ। विदूषक तथा रुमण्वान् के द्वारा जब यौगन्धरायण इस बात को सुनता है तो पुनः प्रतिज्ञा करता है—'यदि वत्सराज के द्वारा मैं अर्जुन के द्वारा सुभद्रा की भाँति वासवदत्ता का हरण नहीं करा देता तो मैं यौगन्धरायण नहीं। यदि घोषवती वीणा, भद्रवती हाथी तथा वासवदत्ता का मैं हरण नहीं करा देता तो यौगन्धरायण नहीं।' यौगन्धरायण की इन्हीं प्रतिज्ञाओं पर इस नाटक का नामकरण हुआ है।

नाटकीय कथा का आधार—उदयन तथा वासवदत्ता की प्रेमकहानी उज्जयिनी के लोगों के मुख पर रहती थी। इसका स्पष्ट उल्लेख कालिदास ने किया है—'प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्'—(मेघदूत)। इसी लोकप्रचलित कथा को आधार बनाकर भास ने इस नाटक की रचना की है। वत्सराज उदयन का आख्यान गुणाढ्य की बृहत्कथामञ्जरी तथा सोमदेव के कथासरित्सागर में उपलब्ध हैं। सम्भव है, लोककथा का वही वास्तविक रूप रहा है जो कथासरित्सागर तथा बृहत्कथामञ्जरी में उपलब्ध है, और भास ने उसमें यथेच्छ परिवर्तन किया हो। यह भी सम्भावना है कि भास के नाटकों में उपलब्ध कथा का रूप भी प्रचलित रहा हो। यह प्रायेण पाया जाता है कि एक ही लोककथा विभिन्न स्थानों तथा व्यक्तियों के माध्यम से विभिन्न रूप धारण कर लेती है। उदयन की कथा इतनी लोकप्रिय रही है कि विभिन्न नाटककारों ने इसे वर्णित करने में अपनी लेखनी की सार्थकता समझी। उन्मयवासवदत्ता, वीणावासवदत्ता तथा रत्नावली ऐसी ही नाट्यकृतियाँ हैं। किमप्यस्तु, भास के नाटक में प्रचलित लोककथा से अन्तर स्पष्ट है।[1]

---

१. भास के नाटकों में उदयन की कथा के परिवर्तन के लिये द्र० अय्यर-कृत 'भास' पृष्ठ २०३-२०६।

चरित्र-चित्रण—वत्सदेशाधीश उदयन कलाकारों का शिरमौर है। उसका जन्म प्रख्यात भरतवंश में हुआ है। वह अद्वितीय रूपवान् है और उसके रूप-गुण पर महासेन प्रद्योत की स्त्री भी लुब्ध है। वीणावादन में वह आचार्य है। उसके वीणा बजाने में इतना गुण है कि उन्मत्त गज भी सहज में ही वशीभूत हो जाते हैं। इसी वीणा के सहारे वह प्रद्योत के मायागज को वशीभूत करना चाहता है पर, दैव-दुर्विपाक से स्वयं ही वशीभूत हो जाता है। उसके वीणा की प्रसिद्धि देश-देशान्तर में फैली हुई है और वन्दी अवस्था में ही उसे प्रद्योतपुत्री वासवदत्ता को वीणा सिखाने का दायित्व मिलता है। अतुलित कलाप्रेमी होने के साथ-ही-साथ उसमें शौर्य-पराक्रम की भी कमी नहीं। कृत्रिम गज को पकड़ने का प्रयास करते समय जब प्रद्योत की सेना उस पर टूट पड़ती है तो वह जरा भी विचलित नहीं होता और अनेकों को मृत्यु के घाट भेज देता है। यहाँ उसके धैर्य तथा पराक्रम की परीक्षा होती है और इसमें वह सफल होता है। अन्ततोगत्वा वह वन्दी बना लिया जाता है। वहाँ भी उसके गुणों तथा रूप की धाक जम जाती है। वन्दी अवस्था में भी वह मन से वन्दी नहीं है और यौगन्धरायण द्वारा मुक्ति का पूरा प्रबन्ध कर लेने पर भी वासवदत्ता को लेकर चलने की ही ठानता है। इस काम में वह अपने कौशल तथा यौगन्धरायण के बुद्धिकौशल से सफल होता है। यह भास की महती सफलता है कि नायक को रङ्गमञ्च पर आने का मौका न देकर भी कथासूत्र को उसी में पिरोये हैं।

यौगन्धरायण—अमात्य यौगन्धरायण बुद्धिमत्ता तथा नीतिकौशल का चूडान्त निदर्शन है। वैसे अमात्य का पाना ईर्ष्या की वस्तु है। कलाकार और विलासी राजा का इस प्रकार संरक्षण कि उसका पराधीन होने पर भी बाल बाँका न होने देना उसकी सफलता के प्रतीक हैं। यद्यपि पहली बार वह चूक जाता है और छल से वत्सराज वन्दी बना लिये जाते हैं, पर अपनी इस असफलता का वह इतना सुन्दर प्रतीकार करता है कि विरोध पक्ष के मन्त्रियों का शिर सर्वदा के लिये अवनमित हो जाता है। प्रथम अङ्क में ही वह प्रतिज्ञा करता है कि यदि वत्सराज को मुक्त नहीं कराता तो मैं यौगन्धरायण नहीं। यह महान् आत्मविश्वास का निदर्शन है। यदि उसने मूल गँवाया है तो व्याज के

साथ—वह भी बड़ी ऊँची दर की ब्याज से, उसे वापस लाता है। वासवदत्ता का हरण सामान्य बात नहीं, वह भी महासेन के संरक्षण से। वह इतना बड़ा नीतिज्ञ है कि सारी उज्जयिनी को अपने गुप्तचरों से पाट देता है। वत्सराज को मुक्त कराने में वह स्वयं को दाँव पर रख देता है। वह वेश बदलकर विपत्तियों का सामना करता है और स्वयं को विपत्ति में डाल देता है। वह बन्दी बना लिया जाता है, किन्तु इसका उसे रञ्चमात्र भी खेद नहीं। उसकी बन्दी अवस्था में जब भरतरोहक वत्सराज पर आक्षेप करता है तब यौगन्धरायण तर्कयुक्त वचनों से उसका समाधान कर देता है।

उज्जयिनी के स्वामी महासेन प्रद्योत प्रतापी राजा हैं। सर्वत्र उनके आधिपत्य का सम्मान है। इसमें यदि कोई बाधक है तो केवल उदयन। इसी की उसे चिढ़ है। पर, वह गुणग्राहक भी है। मन-ही-मन वह वत्सराज के गुणों का प्रशंसक है। जब उसकी रानी उदयन को कन्या देने के विषय में कहती है तो वह कहता है कि वर के सर्वथा उपयुक्त होने पर भी वत्सराज दर्प से भरा है। उसकी सदाशयता इसी से स्पष्ट हो जाती है कि वत्सराज के बन्दी बनाये जाने पर वह उसके साथ राजकुमार-जैसा व्यवहार करने को कहता है। जब वत्सराज प्रद्योततनया वासवदत्ता का हरण कर भगा ले जाता है, उस समय भी वह सबका समाधान कर इस सम्बन्ध का अनुमोदन करता है और चित्रफलक के सहारे दोनों का विवाह कर देता है।

रुमण्वान् तथा विदूषक दोनों स्वामिभक्त हैं। राजा का दुःख-सुख में सदैव साथ देते हैं। पर विदूषक में धैर्य की मात्रा कम दिखायी पड़ती है। अग्निगृह में मन्त्रणा करते समय वत्सराज के वासवदत्ता के हरण का प्रस्ताव सुनाकर वह खिन्न होता है और साथ छोड़कर चल देने का प्रस्ताव करता है। पर यौगन्धरायण उसे धैर्य दिलाता है। वैसे, इन दोनों का चरित्र इस नाटक में विकसित नहीं हो सका है। प्रद्योत के मंत्रियों में भी बुद्धिमत्ता की कमी नहीं, पर यौगन्धरायण के सामने वे असफल हो जाते हैं। प्रद्योत की पत्नी गुणग्राही तथा कन्या के प्रति असीम स्नेह रखने वाली प्रतीत होती है।

समीक्षण—प्रतिज्ञायौगन्धरायण भास के सफल नाटकों में से एक है। यह उस समय रचा गया जब भास की कला पूर्ण प्रौढ़ि को प्राप्त कर चुकी थी।

कथानक का विन्यास, पात्रों का चरित्राङ्कन, संवाद और प्रभावान्विति—सभी इस नाटक में सफलता को प्राप्त कर चुके हैं। कथावस्तु का विन्यास इस क्रम से हो रहा है कि एक-पर-एक घटनायें त्वरित गति से बढ़ रही हैं। कथाभाग को शीघ्रता से प्रदर्शित करने के लिये सूच्यांश की अधिकता इस नाटक में अधिक है। उदयन के बन्दी बनाये जाने का सारा वृत्तान्त दर्शक को सुनना पड़ता है। वासवदत्ता के हरण का वृत्तान्त भी सूचित ही कर दिया जाता है। इस सन्दर्भ में संवादों का महत्त्व सुतरां बढ़ जाता है। प्रसङ्गानुकूल ऐसे संवाद जड़ दिये गये हैं जो दर्शकों के सामने एक नया ही वातावरण उपस्थित कर देते हैं। जब प्रद्योत अपनी महिषी से नाना देश के राजाओं का नाम बताकर कहते हैं कि इसमें किसे कन्या दी जाय, उसी समय सहसा बाहर से आकर काञ्चुकीय कहता है 'वत्सराज'। यद्यपि उसका तात्पर्य वत्सराज को बन्दी बताना है पर, वहाँ सहसा यह मालूम पड़ता है कि वह उदयन को उपयुक्त वर बता रहा है।

चरित्र-चित्रण की दृष्टि से नाटककार ने पात्रों के चरित्र को बड़े ही आकर्षक रूप में रखा है। जहाँ उदयन कलाप्रेमी, रूपवान् तथा शौर्य के प्रतीक प्रदर्शित किये गये हैं, वहीं यौगन्धरायण नीति-विशारद के रूप में दर्शाया गया है। प्रद्योत का चरित्र भी उदात्त प्रदर्शित किया गया है। लघुविस्तारी वाक्यों तथा बोधगम्य भाषा के द्वारा सामाजिकों का परितोष भास की अपनी विशेषता है।

मनोविकारों के यथातथ्य वर्णन का यहाँ प्राचुर्य है। वत्सराज के बन्दी बनाये जाने पर जहाँ यौगन्धरायण को अपनी नीति पर खीझ होती है, वहीं उसमें आत्मविश्वास का भी पर्याप्त परिचय मिलता है। प्रद्योत के द्वारा कन्यादान के विषय में माताओं की प्रवृत्ति का वर्णन मनोविकारों के सूक्ष्म अन्वीक्षण का परिणाम है :—

अदत्तेत्यागता चिन्ता दत्तेति व्यथितं मनः।
धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता दुःखिताः खलु मातरः ॥—२।७।

काव्यकला के परिपाक की दृष्टि से भी यह नाटक ऊँची कक्षा को प्राप्त है। इस नाटक में राजनीति और कूटनीति का साम्राज्य है। परवञ्चना ही इसकी

रीढ़ है। स्वामिभक्ति का महत्त्व इस नाटक में सर्वत्र लक्षित होता है। स्वामिभक्तिपरक यह पद्य दर्शनीय है :—

नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत् ॥—४·२।

सूक्तियों का इस नाटक में प्राचुर्य है। इसके कुछ उदाहरण ये हैं : सर्वं हि सैन्यमनुरागमृते कलत्रम् (१।४), भूमिर्भर्तरिमापन्नं रक्षिता परिरक्षति (१।६), मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति (१।१८), नीते रत्ने भाजने को निरोधः (४।११) इत्यादि।

१२—स्वप्नवासवदत्तम्

यह भास का सर्वोत्कृष्ट नाटक है। इसकी 'स्वप्ननाटक' भी संज्ञा है। इसके कथानक का भी आधार वत्सराज उदयन का चरित्र है। घटनाक्रम की दृष्टि से यह प्रतिज्ञानाटक का परवर्ती भाग है। स्वप्नवाला दृश्य नितान्त महत्त्वपूर्ण है और संस्कृत नाटकों की कक्षा में इस नाटक को ऊँचाई पर पहुँचा देता है। प्रथम अङ्क में तपोवन का दृश्य है। अमात्य यौगन्धरायण परिव्राजक के वेष में तथा वासवदत्ता आवन्तिका के वेष में दिखायी पड़ते हैं। मगधनरेश दर्शक की माता तपोवन में निवास कर रही हैं। उसी को देखने के लिये मगधेश्वर की बहन पद्मावती आ रही है। उसके संरक्षक लोगों को खदेड़ कर मार्ग खाली करा रहे हैं। उनके द्वारा इस निस्सारण-क्रिया को देखकर यौगन्धरायण को आश्चर्य होता है कि इस शान्त तपोवन में निस्सारण-क्रिया कैसे हो रही है! अपमान को न सहनेवाली वासवदत्ता को इस बात का क्लेश होता है कि उसकी भी अवधीरणा होगी। यौगन्धरायण उसे सान्त्वना देता है और कहता है कि भाग्य की दशा चक्र के आरे की भाँति ऊपर-नीचे आती-जाती रहती है अतः इसमें चिन्ता नहीं करनी चाहिये। इसी समय मगधराज का काञ्चुकीय वहाँ आता है और भटों को इस निस्सारण-क्रिया से विरत करता है।

पद्मावती राजमाता का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करती है। उसकी इच्छा है कि अभ्यर्थियों को दान-मान से सन्तुष्ट किया जाय। उसके निदेश से काञ्चुकीय आश्रमवासियों से पूछता है कि जिस किसी को जो वस्तु अभीष्ट हो

वह माँग ले। वहाँ के तापसों में से तो कोई याचना नहीं करता पर, यौगन्धरायण आगे बढ़कर कहता है कि 'यह मेरी भगिनी है, इसका आप संरक्षण करें। बिचारी प्रोषितपतिका है।' पद्मावती पहले तो उस भार को वहन करने में ढील दिखाती है पर, प्रतिज्ञा का स्मरण कर उसे रख लेती है। दैवज्ञों से यौगन्धरायण ने सुना है कि पद्मावती उदयन की पत्नी होगी अतः वासवदत्ता को उसे सौंपना वह नितान्त उपयोगी समझता है। पद्मावती ही वासवदत्ता की साक्षिणी होगी।

इसी समय वत्सदेश के लावाणक ग्राम से एक ब्रह्मचारी आता है और बताता है कि 'वहाँ बड़ी दुर्घटना घटित हो गयी। उस ग्राम में वत्सराज उदयन अपनी पत्नी वासवदत्ता तथा अमात्यों के साथ ठहरे हुए थे। एक दिन जब वे मृगया के लिये गये थे, उनके आवास में आग लग गई। उदयन की पत्नी वासवदत्ता उसी से जल गयी तथा उसी को बचाने के प्रयास में मन्त्री यौगन्धरायण भी जल गया। जब राजा आखेट से लौटे तो उन्हें महान् सन्ताप हुआ। वे प्राणत्याग कर रहे थे कि अमात्यों ने बड़े प्रयत्न से उन्हें विरत किया। पत्नी के विरह से उनकी अवस्था अत्यन्त शोचनीय हो गयी है पर, मन्त्री रुमण्वान् उनका सम्यक् रक्षण कर रहा है।' ब्रह्मचारी यह सुनाकर चला जाता है। यौगन्धरायण भी आज्ञा लेकर चला जाता है।

द्वितीय अङ्क में पद्मावती और वासवदत्ता कन्दुक खेलती दिखाई पड़ती हैं। वासवदत्ता, पद्मावती के साथ परिहास भी कर रही है। पद्मावती को वह महासेन की होनेवाली वधू कहती है। इसी समय चेटी कहती है कि भर्तृदारिका पद्मावती उसके साथ सम्बन्ध नहीं चाहती। यह वत्सराज उदयन को चाहती है क्योंकि वह बड़ा दयालु है। वासवदत्ता सोचती है कि इसी तरह वह भी उन्मत्त हो गयी थी। इसी समय धात्री आती है और कहती है कि पद्मावती उदयन को दे दी गई। वासवदत्ता को यह सुनकर ठेस लगती है और सहसा कह उठती है कि यह तो बड़ा बुरा हुआ। यद्यपि मनोवेग के कारण वह बोल जाती है पर, समाधान करते हुये कहती है कि पहले तो वह अपनी स्त्री के लिये इतना उन्मत्त था और अब विरक्त हो गया। वासवदत्ता यह भी पूछती है कि क्या उसने स्वयं पद्मावती का वरण किया? धात्री बताती है कि वह किसी

प्रसङ्ग से यहाँ आया हुआ था तो हमारे महाराज ने स्वयं उसे कन्या दे दी। इसी समय एक चेरी आकर कहती है कि आज ही मंगल-मुहूर्त है अतः शीघ्रता कीजिये। धात्री के साथ सभी चली जाती हैं।

तृतीय अङ्क के प्रारम्भ में चिन्ताकुला वासवदत्ता दिखायी पड़ती है। उसे बड़ा दुःख है कि वत्सराज उदयन भी अब दूसरे के हो गये। वह तर्क-वितर्क कर ही रही है कि पुष्पों को लेने वहाँ चेटी पहुँचती है। वह वासवदत्ता से कहती है कि मालकिन ने कहा है कि 'आप महाकुलप्रसूता, स्निग्धा तथा निपुणा हैं अतः आप ही इस कौतुकमाला को गूँथें।' वासवदत्ता मानसिक कष्ट के साथ माला गूँथती है। माला गूँथते समय वह उदयन की प्रशंसा सुनती जाती है। चेटी माला लेकर चली जाती है।

चतुर्थ अङ्क में विदूषक रङ्गमञ्च पर दिखायी पड़ता है और उदयन के विवाह सम्पन्न हो जाने की सूचना देता है। उसे इस बात की प्रसन्नता है कि वासवदत्ता का दाहल्प महान् अनर्थ हो जाने से जो आपत्ति आ गई थी उसका पद्मावती-परिणय से शमन हो गया। मगधराज के यहाँ उदयन का आदर-सत्कार हो रहा है। इसके अनन्तर पद्मावती वासवदत्ता के साथ शेफालिका गुच्छों का अवलोकन करने के लिये आती है। उसके साथ में चेटी भी है। वासवदत्ता पद्मावती से पूछती है कि क्या तेरा प्रति प्रिय है? पद्मावती इसका उत्तर यह कहकर देती है कि 'यह तो पता नहीं, पर, इतना अवश्य है कि उसके बिना मेरा मन नहीं लगता।' पद्मावती यह भी कह बैठती है कि जितने हमें आर्यपुत्र प्रिय हैं उतने ही क्या वासवदत्ता को भी प्रिय थे?' वासवदत्ता स्वभावतः कह बैठती है कि 'इससे भी अधिक प्रिय थे।' पद्मावती तुरन्त पूछती है कि यह तुम्हें कैसे पता है? वासवदत्ता कहती है कि यदि ऐसा न होता तो वह परिजनों को क्यों छोड़ती? वे आपस में इस प्रकार वार्तालाप कर ही रही हैं कि उदयन वहाँ विदूषक के साथ आ जाता है। उसे देखकर पद्मावती तथा वासवदत्ता लता-गुल्म में छिप जाती हैं। उदयन वहाँ की छटा को देखता है। इसी समय विदूषक वसन्तक उससे पूछता है कि वासवदत्ता तथा पद्मावती में आपको कौन अधिक प्रिय है? पहले तो वत्सराज आनाकानी करता है पर विदूषक के ज्यादा आग्रह करने पर कहता है कि यद्यपि रूप, गुण तथा दाक्षिण्य में पद्मावती अधिक है, पर, वासवदत्ता

में आकृष्ट मेरे मन को आकर्षित नहीं कर रही है। यह सुनकर वासवदत्ता को परम प्रीति होती है और राजा के दाक्षिण्य की पद्मावती भी प्रशंसा करती है। अब उदयन भी वसन्तक से पूछता है कि तुम्हें कौन अधिक प्रिय है और वसन्तक पद्मावती की अधिक प्रशंसा करता है। राजा अनजाने ही कहता है कि मैं इसे वासवदत्ता से कहूँगा। वसन्तक उसे मरा बताता है। सहसा प्रबुद्ध होने पर उदयन को वासवदत्ता की स्मृति हो जाती है और वह रोने लगता है। उपयुक्त अवसर पाकर वासवदत्ता वहाँ से चली जाती है। पद्मावती अब उदयन के पास जाती है। उदयन बहाना करते हुये कहता है कि पुष्पों की रेणु से आँख में आँसू आ गये। पद्मावती जल से उसका मुखमार्जन कराती है।

पञ्चम अङ्क में ज्ञात होता है कि पद्मावती को शीर्षवेदना हो रही है और वह समुद्रगृहक में पड़ी है। मधुरिका वासवदत्ता को समाचार बताने जाती है जिससे आकर वह मधुर कथाओं से पद्मावती का मनोविनोद करे। पद्मिनिका यह खबर उदयन को बताने जाती है। उसे मार्ग में विदूषक मिल जाता है और स्वामी को सूचना देने के लिये कहकर शीर्षानुलेपन लाने चली जाती है। विदूषक जाकर यह समाचार उदयन से कहता है और समुद्रगृहक में चलने के लिये कहता है। उदयन कहता है, ज्योंही मेरा पूर्व शोक मन्द हो रहा था यह दूसरी विपत्ति आ पड़ी। वह समुद्रगृहक में जाता है। वहाँ जाकर देखता है कि पद्मावती अभी नहीं आयी है। वह लेट जाता है और विदूषक उसे कहानी सुनाने लगता है। उसे नींद आ जाती है और प्रावारक लाने के लिये विदूषक वहाँ से चला जाता है। इसी समय वहाँ वासवदत्ता भी आ जाती है। वह उदयन को सोया हुआ देखकर उसे पद्मावती समझती है और पार्श्व में लेट जाती है। उदयन स्वप्न में वासवदत्ता का नाम लेकर बोलने लगता है। वासवदत्ता को पता लगता है कि यह पद्मावती नहीं अपितु, उदयन है। वह कुछ देर तक वहाँ रहती है और उदयन की नीचे लटकती बाँह को ऊपर उठाकर चली जाती है। उसके निकलते ही उदयन की नींद टूटती है और वह स्वप्नावस्था में ही उसका पीछा करता है पर, द्वार का धक्का लगने से गिर पड़ता है कि इसी समय वहाँ विदूषक आ जाता है। उदयन उससे कहता है कि उसने वासवदत्ता का दर्शन कर लिया है। पर विदूषक इसे स्वप्न अथवा माया

कहता है। उदयन कहता है कि यदि यह स्वप्न है तो स्वप्न ही सदैव बना रहे क्योंकि जागरण से यही अधिक हितावह है। उनके बातचीत करते समय ही मगधराज का कांचुकीय वहाँ आता है और कहता है कि आपका अमात्य रुमण्वान् आरुणि को मारने के लिये सेना के साथ सन्नद्ध है और मगधराज की सेना भी उसका अनुगमन कर रही है अतः आप तैयार हो जाइये।

षष्ठ अङ्क में महासेन का काञ्चुकीय रैभ्य तथा वासवदत्ता की धात्री वसुन्धरा अवन्ती से उदयन से भेंट करने के लिये आती है। प्रतीहारी से यह भी पता चलता है कि किसी व्यक्ति ने नर्मदातटीय जंगल में घोषवती नामक वीणा पायी थी जिसकी ध्वनि को सुनकर महाराज ने उसे मँगा लिया है तथा वासवदत्ता का स्मरण कर विलाप कर रहे हैं। उदयन को महासेन के यहाँ से कांचुकीय तथा धात्री के आने की सूचना दी जाती है और पद्मावती के साथ वह उनसे भेंट करता है। महासेन की महिषी अङ्गारवती का सन्देश सुनाते हुये धात्री कहती है कि महारानी ने कहा है 'तुम्हारा और वासवदत्ता का सम्बन्ध तो हम-लोगों को अभीष्ट था ही, पर तुम चापल्यवश जल्दी ही भाग गये। तुम्हारे जाने पर हमलोगों ने चित्रफलक के सहारे तुम दोनों की शादी कर दी। अब इस चित्रफलक को लेकर धैर्य धारण करो।' उस चित्रफलक को देखकर पद्मावती कहती है कि ऐसी ही स्त्री एक मेरे पास है जिसे एक ब्राह्मण ने प्रोषितपतिका कहकर न्यास के रूप में रखा है। ब्राह्मण का न्यास सुनकर उदयन कहता है कि तुल्यरूपता संसार में होती है अतः वह कोई दूसरी स्त्री होगी।

इसी समय अपना न्यास लौटाने यौगन्धरायण भी आ जाता है। वासव-दत्ता लायी जाती है और सब लोग उसे पहचान लेते हैं। यौगन्धरायण राजा के पैरों पर गिर पड़ता है। पद्मावती भी अविनय के लिये वासवदत्ता से क्षमा माँगती है। वत्सराज उदयन के द्वारा इस प्रपञ्च का रहस्य पूछे जाने पर यौगन्ध-रायण बताता है कि दैवज्ञों ने आपका पद्मावती के साथ परिणय बताया था। अतः यह परिणय एवं मगधराज के साहाय्य से वत्सभूमि की प्राप्ति, दोनों ही कार्य सिद्ध हो गये। महासेन को यह प्रियसंवाद सुनाने के लिये पद्मावती के साथ सभी लोग उज्जयिनी जाने के लिये प्रस्तुत होते हैं। भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक का नाम 'स्वप्नवासवदत्तम्' राजा के द्वारा स्वप्न में वासवदत्ता के दर्शन पर आवृत है। स्वप्न वाला दृश्य संस्कृत नाटय-साहित्य में अपना विशेष स्थान रखता है। पञ्चम अङ्क में पद्मावती को शीर्षवेदना से पीड़ित जानकर उदयन उसे देखने समुद्रगृहक में आता है और उसे वहाँ न पाकर वहीं सो जाता है। इसी समय वासवदत्ता भी वहाँ आती है और उदयन को पद्मावती समझ लेट जाती है। पर राजा को स्वप्न में बोलते सुन उसे पहचान कर वह चल देती है। राजा भी सहसा उठकर दौड़ता है पर, दरवाजा से टकराकर गिर जाता है। यह घटना बड़ी ही सरस तथा हृदयावर्जक है। भास की कल्पना ने पद्मावती की शीर्षवेदना के व्याज से उदयन और वासवदत्ता को एकत्र संघटित कर दिया है। कुछ लोग इस नाटक के नामकरण के विषय में कहते हैं कि इसका नाम 'पद्मावती-परिणय' या 'उदयनोदय' होना चाहिये। परन्तु, जो सरसता और कल्पना का प्रसाद स्वप्न दृश्य में है वह इस नाटक की आत्मा है और उस आधार पर यह नामकरण सर्वथा यथार्थ है।

नाटक का आधार—प्रतिज्ञायौगन्धरायण की ही भाँति स्वप्नवासवदत्तम् की कथा का आधार उदयन से संबन्धित लोककथा है। इस नाटक में भी प्रचलित कथा से नाटककार ने पर्याप्त परिवर्तन किया है। प्रसिद्ध कथा में यौगन्धरायण ने वासवदत्तादाह की झूठी अफवाह फैलाकर तथा पद्मावती के साथ उसका परिणय कराकर इसे चक्रवर्ती सम्राट् बनाने का काम किया। कदाचित् दर्शक इस कथा को पसन्द न करते इसीलिये नाटककार ने चक्रवर्ती बनाने के उद्देश्य से नहीं, अपितु, आरुणि से पदाक्रान्त कौशाम्बी की रक्षा के लिये वासवदत्तादाह की झूठी अफवाह का कथानक बनाया है। इसी प्रकार 'स्वप्न' वाला दृश्य भी लोककथा में नहीं है। यह नाटककार की उद्भावना है। अन्य परिवर्तन भी तुलना करने पर स्पष्ट हो जाते हैं।

चरित्र-चित्रण—इस नाटक का नायक उदयन कलाप्रेमी, विलासी तथा रूपवान् है। इसके रूप की प्रशंसा सभी समानरूपेण करते हैं (द्र० द्वितीय अङ्क जहाँ वासवदत्ता उसे दर्शनीय कहती है तथा तृतीय अङ्क जहाँ चेटी उसे शरचापहीन कामदेव बताती है)। वह वत्सदेश का अधिपति है। उसके

वीणावादन की प्रसिद्धि सर्वत्र फैल चुकी है। राजा मृगया का भी प्रेमी है। मृगया के लिये बाहर जाने पर ही लावाणकदाह की घटना घटित होती है। वह दाक्षिण्यगुण से युक्त है। वासवदत्ता की स्मृति उसे सदैव बनी है और पद्मावती-परिणय के अनन्तर भी विदूषक के पूछने पर कहता है कि पद्मावती वासवदत्ता की भाँति मन को आकृष्ट नहीं कर रही है। इसी दाक्षिण्यगुण के कारण अपने वासवदत्ता के प्रति प्रेम को वह पद्मावती के सामने प्रकट नहीं होने देता।

राजा में विवेक की कुछ कमी प्रतीत होती है। इसी कारण अन्तिम अङ्क में यौगन्धरायण के विरोध करने पर भी वह वासवदत्ता को भीतर जाने के लिये कहता है, यद्यपि उसे उसका पूर्ण परिचय नहीं प्राप्त हो सका है। यह उसके सद्यः पूर्व के वक्तव्य—'परस्परगतालोके दृश्यते तुल्यरूपता' से मेल नहीं खाता। यवनिका-प्रक्षेप के बाद ही उसे वस्तुस्थिति का ठीक ज्ञान होता है। नायक के वर्गीकरण में उदयन धीरललित नायक ठहरता है। साहित्यदर्पण के अनुसार धीरललित नायक 'निश्चिन्तो मृदुरनिशं कलापरो धीरललितः स्यात्' होता है। ये गुण उसमें पूर्णता के साथ हैं। निश्चिन्त तो वह इतना है कि राज्यभार पूर्णतः मन्त्रियों पर छोड़ देता है। कलापरायणता का पूछना ही नहीं। मृदु इतना है कि क्रोध का दर्शन नहीं होता।

परन्तु, धीरललित होने के अलावे शौर्य का उसमें अभाव नहीं। पञ्चम अंक के अन्त में जब उसे सूचना मिलती है कि रुमण्वान् ने आरुणि पर आक्रमण कर दिया है और सहायता के लिये मगधनरेश की सेना सन्नद्ध है तो वह भी उद्यत हो जाता है। गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना उसमें भरी है। जब महासेन तथा अङ्गारवती के यहाँ से आया ब्राह्मण तथा धात्री सन्देश सुनाते हैं तो 'क्या आज्ञा है' कहकर वह आसन से उठ जाता है। जो व्यक्ति किसी के आदेश को सुनने के लिये आसन से उठ जाता है वह गुरुजनों के प्रत्यक्ष होने पर कितना सम्मान करेगा, यह सहज अनुमेय है।

वासवदत्ता—रूपयौवनशालिनी वासवदत्ता अत्यन्त पतिभक्ता रमणी है। वह ऐसी पतिव्रता रमणियों की कक्षा में दिखायी पड़ती है जो स्वामिहित के लिये सर्वस्व त्यागने के लिये प्रस्तुत रहती है—प्रस्तुत ही नहीं रहतीं, त्याग देती हैं। वासवदत्ता उज्जयिनी-नरेश महासेन प्रद्योत की पुत्री है। बन्दी अवस्था में

उदयन के रहते समय उसका परिचय हुआ। यही परिचय प्रगाढ़ होकर प्रेम में परिणत हो गया। महासेन दोनों का व्याह करानेवाले ही थे कि चापल्यवश उदयन वासवदत्ता को लेकर भाग गया।

वासवदत्ता में स्वाभिमान की भावना कूट-कूटकर भरी है। अवधीरणा की बात सुनकर भी वह काँप उठती है। प्रथम अंक में जब देखती है कि मगध-राज के अनुचर लोगों को रास्ते से खदेड़ रहे हैं तो उसे सम्भावना होती है कि वह भी हटायी जायेगी। इस परिभव से वह खिन्न होती है। वह गुणग्राहिणी है। पद्मावती के रूप की प्रशंसा वह खुले मुँह से करती है—अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम्। उसे पतिव्रता के धर्म का ज्ञान है और इसीलिये सदैव पर-पुरुषदर्शन का निषेध करती है। वह 'धीरा' वर्ग की नायिका है। वह उदयन की मंगलकामना करती है इसीलिये उसके विरहपर्युत्सुक मन के लिये पद्मावती को विश्रामभूता मानती है। परन्तु सब कुछ होते हुये भी 'आर्यपुत्रोऽपि परकीयः संवृत्तः' का स्मरण उसे रह-रहकर खल जाता है। उदयन के द्वारा अपनी प्रशंसा सुनकर वह फूल उठती है।

पद्मावती—यह मगधनरेश की भगिनी है। वह अत्यन्त रूपवती है। उसके रूप की प्रशंसा स्वयं वासवदत्ता प्रथम अंक में करती है। उसकी वाणी भी मधुर है। उदयन भी उसके रूप की प्रशंसा करता है। विदूषक के शब्दों में तो वह सर्वसद्गुणों की आकर है। वह तरुणी, दर्शनीया, अकोपना, अनहंकारा, मधुरवाक् और सदाक्षिण्या है (द्र० चतुर्थ अंक—विदूषक की उक्ति)। अपने कर्तव्य के पालन में वह कभी नहीं चूकती। क्योंकि वासवदत्ता परपुरुषदर्शन का वर्जन करती है अतः उसी के लिये वह उदयन के पास नहीं जाती। वह बुद्धिमती नारी है। जब विदूषक उदयन से पूछता है कि वासवदत्ता और पद्मावती में कौन अधिक प्रिय है तो उदयन कहता है कि नहीं बताऊँगा। इस पर जब वसन्तक पुनः पूछता है तो कहती है कि यह इतने से भी नहीं समझा।

वह उदारमना तथा बड़ों का सम्मान करनेवाली है। वन में जिस किसी को उसका अभीष्ट पूरा करने की उद्घोषणा करती है। जिस प्रकार वासवदत्ता आदर्श सपत्नी है उसी प्रकार पद्मावती भी। वह वासवदत्ता के पिता-माता का

अपने अभिभावकों जैसा सम्मान करती है। वासवदत्ता का पता चल जाने पर वह उसके पैरों पर गिर जाती है और अविनय के लिये क्षमा-याचना करती है।

संक्षेप में उदयन की दोनों पत्नियाँ आदर्श गुणों से युक्त हैं।

यौगन्धरायण—यौगन्धरायण आदर्श मंत्री है। नाटक का सारा घटनाचक्र उसी के बुद्धिकौशल से चल रहा है। कलाप्रिय, विलासी तथा राज्य से उदासीन राजा का मंगल-निष्पादन सरल कार्य नहीं है। यह उसी के बुद्धिवैभव का प्रसाद है। 'स्वामिभक्ति' उसमें पूर्णतः भरी है। स्वामी के भला के लिये वह सब कुछ सहने के लिये तैयार है। स्वामिभक्ति उसमें इतनी है कि 'ज्योतिषियों के मुख से उसने सुन रखा है कि पद्मावती उदयन की पत्नी होगी। मात्र इतने से ही वह अपना मानने लगा—भर्तृदाराभिलाषित्वादस्यां मे महती स्वता।'

इतना बड़ा बुद्धिकौशल तथा स्वामिभक्ति होने पर भी वह निरभिमानी है और कहता है कि—स्वामिभाग्यस्यानुगन्तारो वयम्। जब उदयन खोयी वत्स-भूमि को पुनः प्राप्त कर लेता है तथा वासवदत्ता भी मिल जाती है, उस समय यौगन्धरायण उसके पैरों पर गिर पड़ता है। धन्य है स्वामिभक्ति! वह कहता है कि यह सारा प्रपञ्च उसने इसलिये रचा कि राज्यविस्तार हो तथा पद्मावती से ब्याह हो। वह आदर्श अमात्य है।

विदूषक (वसन्तक)—पेटू ब्राह्मण वसन्तक उदयन का मित्र है। वह नटखट तथा विनोदी है। पेटपूजा का ध्यान उसे सदैव बना रहता है, भले ही अधिक खाने से उदरपीड़ा हो। मगधराज के यहाँ खाने से वह बीमार पड़ गया है। इसका ज्ञान बहुत ही सीमित है। कहानी तो सुनाता है पर इसे पता नहीं कि नगर का ब्रह्मदत्त नाम है या व्यक्ति का। यद्यपि दूसरों के प्रेम में उसे आनन्द आता है पर प्रतीत होता है कि अपने लिये उसे प्रेम नामक वस्तु का ज्ञान नहीं।

समीक्षण—स्वप्नवासवदत्तम् भास की कला की सर्वोत्तम परिणति है। समीक्षकों ने बहुत पहले ही यह जान लिया था कि इसकी रसवत्ता अग्नि में भी नहीं जल सकी। नाटकीय संविधान, कथोपकथन, चरित्र-चित्रण, प्राकृतिक वर्णन और रसोन्मेष—सभी इस नाटक में पूर्ण परिपाक को प्राप्त हुये हैं। स्वप्न-वाला दृश्य इस नाटक में विशेष महत्त्व रखता है। दर्शक इस दृश्य को देखकर भास के महान् व्यक्तित्व से अभिभूत हुये बिना नहीं रह सकते। धीरललित

नायक उदयन का कलाप्रेम यदि एक ओर सहृदय-हृदय का आवर्जन करता है तो दूसरी ओर नीतिज्ञ यौगन्धरायण का बुद्धिविलास मस्तिष्क को चमत्कृत कर देता है।

भास के इस नाटक में एक विचित्र अनूठापन है। लघुविस्तारी वाक्यों में जितना सरस पदविन्यास प्रभावित करता है उतने ही भाव भी रसाप्लावित करते हैं। मानव-हृदय की सूक्ष्मातिसूक्ष्म भावदशाओं का चित्रण इस नाटक में सर्वत्र देखा जा सकता है।

भास ने इस नाटक में प्राकृतिक दृश्यों का बड़ा ही व्यापक तथा हृदयहारी वर्णन किया है। ये वर्णन इतने हृदयवर्जक तथा साङ्गोपाङ्ग हैं कि पूरा दृश्य ही सामने नाचने लगता है। तपोवन का यह वर्णन देखिये—

विश्रब्धं हरिणाश्चरन्त्यचकिता देशागतप्रत्यया
वृक्षाः पुष्पफलैः समृद्धविटपाः सर्वे दयारक्षिताः।
भूयिष्ठं कपिलानि गोकुलधनान्यक्षेत्रवत्यो दिशो
निःसन्दिग्धमिदं तपोवनमयं धूमो हि बह्वाश्रयः॥

(स्थान के विश्वास से हरिण विश्वस्त होकर घूम रहे हैं। तोड़ी न जाने से वृक्षों की शाखायें फूल-फलों से लदी हैं। कपिला गायें बहुत दिखायी पड़ रही है तथा खेत भी नजर नहीं आ रहे हैं। यज्ञीय धूम चारों ओर से निकल रहा है अतः निश्चय ही यह तपोवन है।)

सन्ध्या का वर्णन देखिये—

खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद् रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम्॥—१।१६॥

(पक्षिगण नीडों में चले गये हैं। मुनिजन स्नानार्थ जल में प्रविष्ट हो चुके हैं। सायंकालीन होम-अग्नि जला दी गई है और धूम जंगल में फैल रहा है। दूर से आने के कारण सूर्य की धीरे-धीरे किरणें भी संकुचित हो गयी हैं तथा यह रथ को घुमाकर धीरे-धीरे अस्ताचल में प्रविष्ट हो रहा है।)

इस नाटक में सूक्तियाँ भी सर्वत्र दिखायी पड़ती हैं। ये सूक्तियाँ इतनी

मार्मिक तथा सार्वभौम हैं कि पाठक के हृदय में स्थायी निवास बना लेती हैं। कुछ उदाहरण ये हैं :—

कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः ।—१।४ ।

दुःखं न्यासस्य रक्षणम् ।१।१० ।

दुःखं त्यक्तुं बद्धमूलोऽनुरागः ।४।६ ।

प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते ।—६।७ ।

कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले ।६।१० इत्यादि ।

इस नाटक का प्रधान रस रसराज शृंगार है। वासवदत्ता और उदयन की दृष्टि से विप्रलम्भ शृंगार का ही प्राधान्य है। शृंगार के अलावे उत्साह का भी वर्णन मिलता है। पद्मावती तथा वासवदत्ता के विनोद में शिष्ट हास्य भी दिखाई पड़ता है। विदूषक के वचनों से भी हास्योद्भावना होती है। चिन्ता, स्मृति, शङ्का, सम्भ्रम आदि मनोदशाओं का भी दर्शन होता है। प्रधान रस की दृष्टि से कोई उद्दोत रस लक्षित नहीं होता। मात्र रसों की उद्बुद्धि होती है।

१३—चारुदत्त

महाकवि भास की नाट्य-शृंखला में चारुदत्त अन्तिम कड़ी माना जाता है। यह नाटक चार अंकों में विभक्त है। यह नाटक तब रचा गया जब भास की कला चरम प्रौढ़ि को प्राप्त कर चुकी थी। यह नाटक सहसा समाप्त हो जाता है जिससे प्रतीत होता है कि भास की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका था। इस कथा की पूर्ति शूद्रक ने अपने मृच्छकटिक में की है। नान्दी के अनन्तर स्थापना में नट रङ्गमञ्च पर दिखायी पड़ता है। प्रातःकाल ही उसे भूख लग गयी है अतः कुछ खाने के उद्देश्य से घर लौट आता है। नटी कहती है कि वह अभिरूपपति नामक उपवास का अनुष्ठान कर रही है अतः किसी ब्राह्मण को निमंत्रण देकर खिलाना है। नट ब्राह्मण को निमन्त्रित करने के लिये बाहर निकलता है और उसे चारुदत्त का मित्र मैत्रेय (विदूषक) दिखाई पड़ता है। वह उसे भोजन के लिये निमंत्रण देता है पर मैत्रेय अस्वीकार कर देता है। प्रस्तावना के अनन्तर विदूषक रङ्गमञ्च पर दिखाई पड़ता है। वह कहता है कि आर्य चारुदत्त उसका स्वागत-सत्कार करता है। यद्यपि चारुदत्त

इस समय दारिद्रय से ग्रस्त हो गया है पर वह उसका साथ नहीं छोड़ने को। षष्ठी तिथि के दिन देववलि करने के लिये वह चारुदत्त के पास पुष्प ले जा रहा है। इसके वाद चारुदत्त, विदूषक तथा चेटी रदनिका दिखायी पड़ रहे हैं। चारुदत्त अपनी दरिद्रता पर पश्चात्ताप करता है। उसे इस वात का दुःख नहीं कि वह दरिद्र हो गया है। दुःख इस वात का है कि धन समाप्त हो जाने से सुहृज्जन भी निरादर करने लगे हैं। दुःख के वाद सुख होना अच्छा है पर, सुख के वाद दुःख की प्राप्ति जीते ही मृत्यु है। विदूषक उसे सान्त्वना देता है।

तदनन्तर शकार और विट द्वारा पीछा की जा रही गणिका वसन्तसेना दिखायी पड़ती है। गहन अन्धकार से आपूर्ण रात्रि है। अपनी कामपिपासा की परिशान्ति के लिये वे दोनों उसका पीछा कर रहे हैं। उनके वार्तालापों से यह विदित होता है कि वे अत्यन्त क्रूर-प्रकृति के व्यक्ति हैं। उन्हें नरहत्या करने में भी कुछ परेशानी महसूस नहीं होती। शकार अत्यधिक मूर्ख मालूम पड़ता है। पास ही आर्य चारुदत्त का मकान है। उस गहन अन्धकार में गणिका चारुदत्त के दरवाजे से चिपक जाती है। वह अपनी माला को भी फेंक देती है जिससे उसकी सुगन्धि से विट और शकार आहट न पा जायें। चारुदत्त, विदूषक तथा रदनिका को वलि देने के लिये चतुष्पथ पर भेजता है। विदूषक हाथ में दीपक लेकर चलता है। द्वार खोलते ही वसन्तसेना दीपक को वुझा देती है। विदूषक समझता है कि हवा के झोंके से दीपक वुझ गया है और रदनिका को वाहर चलने के लिये कहकर स्वयं दीपक जलाने भीतर चला जाता है। इसी वीच वसन्तसेना भी भीतर चली जाती है। इधर रदनिका को वाहर देख शकार और विट उसे ही वसन्तसेना समझकर पकड़ लेते हैं। जव दीपक लेकर विदूषक आता है तो वे पहचान कर छोड़ देते हैं। विट क्षमा माँगता है और चारुदत्त से न कहने की प्रार्थना कर चला जाता है। पर शकार, विदूषक से यह कहता है कि वह जाकर चारुदत्त से कहें कि चारुदत्त वसन्तसेना को लौटा दे नहीं तो उसका सर तोड़ डालेगा। विदूषक तथा रदनिका उससे छुट्टी पा अपना कार्य समाप्त कर चले जाते हैं। पास खड़ी वसन्तसेना को चारुदत्त रदनिका समझकर वलिकार्य के वारे में पूछता है पर, वह मौन खड़ी

रहती है। इसी समय विदूषक आकर सब वृत्तान्त सुनाता है। वसन्तसेना पहचानी जाती है। वह अपना हार चारुदत्त के यहाँ न्यास रूप में रखकर चली जाती है। उसे पहुँचाने विदूषक जाता है।

द्वितीय अङ्क में गणिका वसन्तसेना और उसकी चेटी परस्पर बातें कर रही हैं। वसन्तसेना वणिक्पुत्र चारुदत्त के प्रति अपनी अनुरक्ति को बताती है। चेटी चारुदत्त को दरिद्र कहती है। पर वसन्तसेना कहती है कि यह भी सौभाग्य की बात है क्योंकि दरिद्र की कामना करने पर यह अपवाद नहीं रहेगा कि वेश्यायें धनिकजनों पर अनुरक्त होती हैं। इसी समय एक व्यक्ति डरा हुआ-सा वसन्तसेना के घर में आता है। वसन्तसेना उसे सान्त्वना देकर उसके बारे में पूछती है। वह बताता है कि 'पाटलिपुत्र का रहनेवाला है। वह जन्म से वणिक् है पर भाग्यदशा के फेर से संवाहक (अङ्गमर्दन करनेवाला) बन गया। उज्जयिनी में रईसों को सुनकर वह यहाँ आया और चारुदत्त के यहाँ संवाहक का कार्य करने लगा। चारुदत्त के यहाँ उसे प्रभूत स्नेह मिला। पर उसके निर्धन होने पर भृत्यों का भरण-पोषण सम्भव न रहा और उसने उसको दूसरे की सेवा करने को कह भेज दिया। वह भी किसी इतर व्यक्ति की सेवा करना ठीक न समझकर जुआरी बन गया। बहुत दिन जीतने के बाद एक दिन जुये में हार गया और आज विजेता की दृष्टि उस पर पड़ गयी। वह उसका पीछा कर रहा है।' वसन्तसेना जीतनेवाले को उसका द्रव्य दे देती है। और संवाहक को पुनः चारुदत्त की सेवा में जाने को कहती है। संवाहक को वैराग्य उत्पन्न हो गया है। उसके जाने के बाद वसन्तसेना के यहाँ चेट आता है और बताता है कि राजमार्ग पर एक हाथी ने परिव्राजक को पकड़ लिया। कोई भी व्यक्ति छुड़ाने को उद्यत नहीं हुआ पर, उसने स्वयं हाथी का शुण्डदण्ड पकड़कर उसे मुक्त कर दिया। इस पर सभी लोग आश्चर्यान्वित होकर वाह-वाह करने लगे और किसी ने तो उसे कुछ नहीं दिया पर एक व्यक्ति ने निर्धनतावश और कुछ न देकर अपना प्रावारक दे दिया। वसन्तसेना उस व्यक्ति का नाम पूछती है पर चेट उसको नहीं जानता। इसी समय चारुदत्त उधर से निकलता है और चेट उसे दिखा देता है कि इसी व्यक्ति ने प्रावारक दिया है।

तृतीय अङ्क चारुदत्त के घर के दृश्य से प्रारम्भ होता है। रात्रि का समय है। चारुदत्त विदूषक से वीणा की प्रशंसा करता है। विदूषक कहता है कि सोने का समय हो गया है पर नींद नहीं आ रही है। बातचीत करते-करते नायक कहता है कि अष्टमी का चन्द्रमा अस्त होने जा रहा है। अब अर्धरात्रि हो चली। पैर धुलाकर वह सोने का उपक्रम करता है। इसी समय चेटी वसन्त-सेना का दिया हुआ सुवर्णभाण्ड विदूषक को देती है कि वह इस रात उसकी रक्षा करे। विदूषक पहले तो रखने से इनकार करता है पर चारुदत्त के शपथ दिलाने पर रख लेता है। सब लोग सो जाते हैं।

इसी समय सज्जलक नामक चोर चारुदत्त के घर में प्रविष्ट होता है। वह बहुत परिश्रम से सेंध लगाता है और सेंध मापने के लिये यज्ञोपवीत का उपयोग करता है। अपने इस कुकृत्य पर उसे रह-रहकर पश्चात्ताप भी होता है। प्रवेश करने के बाद दीपक के प्रकाश में वह सारे घर को देख जाता है पर, कोई मूल्यवान् वस्तु नहीं दिखायी पड़ती। इसी समय विदूषक स्वप्न में बोलने लगता है और चारुदत्त से कहता है कि अपना सुवर्णभाण्ड ले लो। मेरी बाँयी आँख फड़क रही है। सज्जलक उसे ध्यान से देखता है और उसे सोया पाता है। वह सुवर्णभाण्ड को देखता है। तदनन्तर वह एक भ्रमर को छोड़ता है जो जाकर दीपक को बुझा देता है। इसी समय विदूषक फिर स्वप्न में ही बोल उठता है कि चोर सुवर्णभाण्ड ले जा रहा है। इसे ले लो। सज्जलक पटह की ध्वनि सुनकर भोर हुआ समझता है और सुवर्णभाण्ड लेकर भाग जाता है।

जागने पर चेटी उस चोर-निर्मित मार्ग को देखती है। धीरे-धीरे सुवर्ण-भाण्ड की चोरी ज्ञात होती है। विदूषक कहता है कि उसने चारुदत्त को लौटा दिया है। पर पीछे विदूषक को विश्वास होता है कि वस्तुतः चोर ने उठा लिया है। वे चिन्ता में पड़ जाते हैं। इसी समय चारुदत्त की पत्नी वहाँ आती है और जब उसे इस बात का पता लगता है तो अपनी शतसाहस्र-मूल्यवाली माला को देती है। चारुदत्त उसे विदूषक को देकर वसन्तसेना के पास भेजता है कि जाकर यह माला दे दो और कह दो कि तुम्हारे हार को चारुदत्त जुये में हार गया और उसी के बदले में तुम्हें यह माला भेजा है।

चतुर्थ अङ्क में एक चेटी आकर वसन्तसेना से कहती है कि यह आभरण तुम्हारी माता ने भेजा है। और इसे पहनकर बाहर खड़ी गाड़ी में बैठकर राजश्यालक के पास जाओ। वसन्तसेना जाने से इनकार कर देती है। इसी समय सज्जलक वहाँ पहुँचता है। वह वसन्तसेना की चेटी मदनिका का प्रेमी है। उसी को मुक्त कराने के लिये उसने आर्य चारुदत्त के घर चोरी की और सुवर्णभाण्ड को प्राप्त किया। वह मदनिका को पास बुलाता है और उससे बातें करता है। वसन्तसेना भी उन्हें देखकर छिप जाती है और उनकी बातें सुनने लगती है। सज्जलक उसे हार दिखाता है और चेटी देखकर तुरन्त पहचान जाती है। सज्जलक अपनी चोरी की बात बताता है। मदनिका कहती है कि वह जाकर वसन्तसेना को दे दे और कहे कि चारुदत्त ने भेजा है। वह स्वीकार लेता है और मदनिका उसे दूर बैठा देती है। इसी समय वहाँ विदूषक आता है और चारुदत्त की आज्ञानुसार शतसाहस्र-मूल्यवाली माला को लौटा देता है। वह जुयें में चारुदत्त के हारने की झूठी बात भी बताता है। वसन्तसेना, चारुदत्त के इस व्यवहार से और अधिक अनुरक्त हो जाती है।

विदूषक के जाने पर मदनिका सज्जलक को गणिका के पास ले जाती है। वह अपने को चारुदत्त द्वारा भेजा गया बताता है और हार को लौटा देता है। गणिका कहती है कि उसे सज्जलक के साहस का पता है कि किस प्रकार वह हार लाया है। वह गाड़ी मँगाती है। मदनिका का स्वयं अलङ्करण कर सज्जलक के साथ उसे विदा करती है। सज्जलक तथा मदनिका, वसन्तसेना के इस उपकार पर नतमस्तक होते हैं और गाड़ी पर चढ़कर चले जाते हैं।

वसन्तसेना को इन घटनाओं पर आश्चर्य होता है। वह समझ नहीं पाता कि यह सब स्वप्न हुआ है या यथार्थ है। वह चतुरिका नामक चेटी को बुलाती है। गणिका उससे कहती है कि इस अलंकार को पहनकर वह चारुदत्त के पास अभिसरण करेगी। चेटी कहती है कि अभिसार के योग्य दुर्दिन भी हो गया है। गणिका कहती है कि 'तू मेरे काम को और उदीप्त न कर'। दोनों चली जाती हैं और नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण—इस नाटक का नायक वणिक् पुत्र आर्य चारुदत्त है। उसी के नाम पर इस नाटक का नामकरण हुआ है। नाटक की सारी

घटनायें उसी के सुकृत्यों पर केन्द्रित हैं। चारुदत्त की दरिद्रता का वर्णन होने से इसे दरिद्र-चारुदत्त भी कहा जाता है।

नाटक का आधार—संभवतः इस कथानक का आधार भी लोककथा रहा हो। पीछे शूद्रक ने इसी कथा को आधार बनाकर अपनी अमर कृति 'मृच्छकटिक' की रचना की। मृच्छकटिक पर इस नाटक की छाया स्पष्टतः देखी जा सकती है।

चरित्र-चित्रण—इस नाटका का नायक चारुदत्त वणिक्-पुत्र है। वह अत्यन्त दानी, गुणवान् एवं रूपवान् है। उसके यहाँ याचना व्यर्थ नहीं जाती। उसकी समृद्धि सबकी समृद्धि है। वह उस सरोवर की भाँति है जो दूसरों की तृषा का शमन कर स्वयं सूख जाता है। इस दानशीलता के कारण वह दरिद्र हो गया है। दरिद्रता भी इतनी हुई है कि वह अपने भृत्यों का भी भरण-पोषण नहीं कर सकता। इसीलिये अपने संवाहक को अपने पास से हटा दिया है।

चारुदत्त अत्यन्त धीर प्रकृति का आदमी है। इस दारिद्रय में भी वह अपने धर्म से विचलित नहीं होता। उसने अपने दारिद्रय की इसलिये चिन्ता नहीं की कि उसे विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है, अपितु इसलिये कि द्रव्ययाभाव में आत्मीय जन भी मुँह फेर लेते हैं। उसे इस बात का अभिमान है कि इस विपत्ति की अवस्था में भी उसे विदूषक जैसे मित्र, उसकी पत्नी जैसी सहगामिनी तथा धैर्यवान् मन मिला—ये दरिद्रता के सहायक हैं।

इस विपत्तिग्रस्त अवस्था में भी उदारता में कमी नहीं। वसन्तसेना की वह रक्षा करता है और उसके न्यास को सुरक्षित रखता है। वसन्तसेना का चेट जब हाथी से परिव्राजक की रक्षा करता है, उस समय वह और कुछ अपने पास न देखकर अपना प्रावारक ही दे देता है। वसन्तसेना का जब न्यास चोर द्वारा चुरा लिया जाता है, उस समय वह अपकी स्त्री के हार को उसके पास भेज देता है और झूठा बहाना भी बना लेता है।

चारुदत्त कला का मर्मज्ञ है। तृतीय अङ्क में वह विदूषक से वीणा की प्रशंसा करता है। वह महान् धार्मिक है और दरिद्रावस्था में भी पूजा और बलि को सम्पन्न करता है। यह सब होते हुये भी वह गणिका के प्रति आकृष्ट हो जाता है।

वसन्तसेना—इस नाटक की नायिका वसन्तसेना है। मातृपरम्परा से वह उज्जयिनी की एक प्रसिद्ध गणिका है। अत्यन्त रूपवती वसन्तसेना बहुतों को अपने कटाक्षों का आखेट बना चुकी है। शकार और विट उसके रूप-जल के पिपासु हैं। परन्तु गणिका होते हुये भी उनका चारित्रिक स्तर ऊँचा है। वह जिस किसी के साथ प्रणय-सम्बन्ध स्थापित करनेवाली नहीं। यही कारण है कि वह राजश्यालक से सम्बन्ध स्थापित करने से इनकार करती है।

वसन्तसेना हृदय से अत्यन्त सहृदय है। जब उसे पता लगता है कि सज्जलक ने मदनिका को मुक्त कराने के लिये ही चारुदत्त के घर चोरी की तो न केवल वह मदनिका को मुक्त ही करती है अपितु, स्वयं मदनिका का शृङ्गार कर गाड़ी में बैठा सज्जलक के साथ उसे विदा करती है। वह चारुदत्त के गुणों पर अनुरक्त है। उसके एक-एक गुण वसन्तसेना के प्रेम को दृढ़ करते जाते हैं। जहाँ कहीं वह किसी गुण को सुनती है उसे चारुदत्त का ही समझती है तथा नाटकीय कथावस्तु में वह गुणवान् चारुदत्त ही सिद्ध होता है। शकार से रात्रि में रक्षा और विदूषक के साथ वसन्तसेना को सकुशल घर पहुँचाना; चेट को प्रावारक देना, वसन्तसेना के न्यास की चोरी हो जाने पर उसे अपनी स्त्री का अत्यन्त मूल्यवान् हार देना—ये सभी गुण वसन्तसेना के हृदय में स्थायी प्रभाव डालते हैं और वह स्वयं अभिसार के लिये उसके पास चल देती है।

वसन्तसेना गणिका होने पर भी धनलोभिनी नहीं। वह अत्यन्त उदार मनवाली नायिका है। संवाहक पर आपत्ति देखकर वह स्वयं अपने पास से उसका ऋण चुकाती है और उससे प्रत्युपकार की भी आशा नहीं रखती। इसी भाँति सज्जलक का सारा कृत्य जानकर भी वह मदनिका की निष्क्रति का मूल्य बिना लिये ही उसे सज्जलक के साथ विदा कर देती है। वह चारुदत्त के प्रति अपनी आसक्ति को बताती है और चेटी कहती है कि चारुदत्त दरिद्र है तो वह दरिद्र के पास जाने में ही अपना सौभाग्य बताती है। दरिद्र के पास जाने पर कोई यह नहीं कहेगा कि वसन्तसेना व्यक्ति पर नहीं, धन पर अनुराग रखती है।

विदूषक—चारुदत्त का विदूषक मित्र मैत्रेय जन्मना ब्राह्मण है। वह

चारुदत्त का विपत्ति-सम्पत्ति दोनों समयों में साथ देनेवाला है। चारुदत्त को विदूषक की मित्रता का अभिमान है। विदूषक चारुदत्त के सभी कार्यों को निष्पन्न करता है। एक तरफ वह वलि आदि धार्मिक कार्यों का सम्पादन करता है तो दूसरी तरफ स्वर्णभाण्ड की रखवाली, वसन्तसेना को रात्रि में उसके घर पहुँचाना तथा चारुदत्त की पत्नी के हार को वसन्तसेना के हाथ सौंपना भी उसी के मत्थे पड़ता है। चारुदत्त के लिये वह झूठ भी वोलता है और वसन्तसेना से कहता है कि तुम्हारे हार को चारुदत्त द्यूत में हार गया। चारुदत्त के दान-मान से वह सर्वथा परितुष्ट है और चारुदत्त को अभावावस्था में भी नट के निमन्त्रण को अस्वीकार कर देता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि चारुदत्त का विदूषक केवल भोजनभट्ट मूर्ख ब्राह्मणमात्र नहीं है। वह समयानुसार उसके हित-सम्पादन के लिए कठिन कार्यों को भी सम्पन्न करता है।

ब्राह्मणी—चारुदत्त की धर्मपत्नी ब्राह्मणी में आदर्श पतिव्रता नारी के गुण विद्यमान हैं। यद्यपि नाटकीय मञ्च पर उसका अल्प कर्तृत्व ही है तथापि उस अल्प हिस्से ने ही उसके चरित्र को इतना प्रोज्ज्वल तथा उदात्त बना दिया है कि उसका चरित्र दर्शक के हृदय पर स्थायी प्रभाव डाल देता है। वसन्तसेना के अपेक्षाकृत अल्प मूल्यवाले हार के चुराये जाने पर वह अपनी महार्ह माला को विना किसी ननु-नच के वसन्तसेना को देने के लिये देती है। वह वसन्तसेना भी कोई उसके लिये सुखदायिनी नहीं, अपितु उसी के सौभाग्य में हिस्सा लेनेवाली है।

सज्जलक—सज्जलक चोर के रूप में प्रदर्शित किया गया है। वह अत्यन्त बलवान् तथा चोरी में निपुण है। चारुदत्त के महल में वह सेंध लगाकर चोरी करता है। यद्यपि उसे चारुदत्त के घर में वसन्तसेना के सुवर्णभाण्ड रखे जाने का पता नहीं है और वह केवल इसीलिये चोरी करने जाता है कि चारुदत्त का महल सुन्दर है, पर विदूषक-स्वप्न-वचन से उसे सुवर्णभाण्ड का पता लग जाता है। वह सुवर्णभाण्ड लेकर चम्पत हो जाता है। सज्जलक की चोरी के पीछे भी नाटककार ने एक सुदृढ़ मनोवैज्ञानिक आधार रख दिया है। वह उदर-पूर्ति या किसी दुर्व्यसन के लिये चोरी नहीं करता। वह चोरी प्रेमपाश में बँध जाने के कारण करता है। वह वसन्तसेना को चेटी

मदनिका से प्रेम करता है। मदनिका वसन्तसेना की क्रीतदासी है और विना उसका मूल्य चुकाये सज्जलक उसे प्राप्त नहीं कर सकता। इसीलिये वह चोरी करता है। इस मनोवैज्ञानिक आधार के सन्दर्भ में उसका जघन्य अपराध छोटा हो जाता है। सेंध लगाते समय उसके मन में उठ रहे तर्क-वितर्कों से यह स्पष्ट पता लगता है कि चोरी करना उसे प्रिय नहीं है। पर, दूसरा कोई उपाय न पाकर उसने चोरी की है।

संवाहक—संवाहक का जन्म पाटलिपुत्र में हुआ था पर, उज्जयिनी के अमीरों को सुनकर वह उज्जयिनी चला गया। वहाँ चारुदत्त के यहाँ वह गात्र-संवाहक का कार्य करने लगा। चारुदत्त की दरिद्रावस्था का उस पर प्रभाव पड़ा और वह सेवा से हटा दिया गया। पर वैसे गुणज्ञ व्यक्ति की सेवा करने के अनन्तर वह दूसरे व्यक्ति की सेवा नहीं करना चाहता इसलिये उसने द्यूत का आश्रय लिया है। द्यूत में वहुत दिन जीत कर जीवनचर्या चलानेवाला संवाहक एक दिन हार जाता है। पर, देने के लिये उसके पास द्रव्य नहीं। अतः जेता के डर से वह भागने लगता है। एक दिन इसी भाग-दौड़ में वह वसन्तसेना के घर में भाग जाता है। वसन्तसेना उसके वृत्तान्त को जानकर उसका ऋण चुका देती है। इस प्रकार संवाहक एक कलाकार व्यक्ति के रूप में दर्शाया गया है।

शकार—खलनायक शकार राजश्यालक है। वह मूर्खता का आगार प्रतीत होता है। सामान्य-से-सामान्य वात का भी उसे ज्ञान नहीं। उदाहरणार्थ, उसे यह भी पता नहीं कि श्रवणेन्द्रिय से गन्ध का ज्ञान नहीं होता तथा घ्राणेन्द्रिय से प्रत्यक्ष नहीं होता—'शृणोमि गन्धं श्रवणाभ्याम्' अन्धकारपूरिताभ्यां नासापुटाभ्यां सुष्ठु न पश्यामि' (अङ्क १)। लोकप्रचलित प्रसिद्ध कथाओं का भी उसे ज्ञान नहीं। तभी तो कहता है—अहं त्वां गृहीत्वा केशहस्ते दुःशासनः सीतामिवाहरामि। (अङ्क १)। गुणवानों के प्रति इसका कोई आकर्षण नहीं। इसलिये विट के क्षमा माँगने के वाद भी यह चारुदत्त के विदूषक मैत्रेय से धमकी-भरे शब्द कहता है।

समीक्षण—यह भास का अन्तिम नाटक है और उनकी कला यहाँ ललित लास्य दिखाती है। परन्तु दैव-दुर्विपाकवश यह नाटक सहसा समाप्त हो जाता है और यह सहज में अनुमित हो जाता है कि अपने वर्तमान रूप में यह पूर्ण

नहीं। हो सकता है, इस नाटक की रचना करते समय ही भास की मृत्यु हो गयी हो और इस प्रकार यह नाटक अधूरा रह गया हो।

चारुदत्त सरल होने से सुबोध है। अभिनेय भी यह बड़ी सरलता से हो सकता है। चरित्र-चित्रण की दृष्टि से यह नाटक बेजोड़ है। नाना प्रकार के सज्जन-से-सज्जन तथा खल-से-खल नायक यहाँ वर्तमान हैं। यदि एक ओर चारुदत्त सज्जनता की सीमा है तो दूसरी तरफ शकार दुर्जनता का चूडान्त प्रतीक है। सरस कोमल नायिकायें सभी को अपनी ओर आकृष्ट कर रही हैं। प्रभावोत्पादिका तथा सूक्तिबहुला भासीय भाषा प्रेक्षक के मन में अनुराग की धारा उँडेल देती है। कथनोपकथन की दृष्टि में भी यह नाटक उच्चकोटि का है।

इस नाटक में भास का कविहृदय भी पूर्णरूप से अभिव्यक्ति पा गया है। नाना प्रकार की भावदशाओं का वर्णन भास के क्रान्तदर्शी कवि होने का प्रमाण है। चारुदत्त द्वारा वर्णित दारिद्रय का वर्णन सूक्ष्म अन्वीक्षण के परिणाम हैं। उदाहरण लीजिये—

> दारिद्रयात् पुरुषस्य बान्धवजनो वाक्ये न सन्तिष्ठते
> सत्त्वं हास्यमुपैति शीलशशिनः कान्तिः परिम्लायते।
> निर्वैरा विमुखीभवन्ति सुहृदः स्फीता भवन्त्यापदः
> पापं कर्म च यत्परैरपि कृतं तत्तस्य सम्भाव्यते॥—१।६।

दरिद्रता के कारण बन्धुजन आज्ञा में नहीं रहते, बल वा तेज हास्य का विषय बन जाता है और सदाचार क्षीण हो जाता है। बिना शत्रुता के ही मित्र-जन शत्रु हो जाते हैं, आपत्तियाँ प्रकट हो जाती हैं तथा दूसरे के द्वारा किये हुये पापकर्म की भी उसी में सम्भावना की जाने लगती है। कितना यथार्थ वर्णन है।

प्रकृति-चित्रण सुतरां तथ्यानुकारी है। अन्धकार का वर्णन देखिये—

> लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
> असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥—१।१९।

चन्द्रोदय का यह वर्णन देखिये—

> उदयति हि शशाङ्कः क्लिन्नखर्जूरपाण्डु—
> र्युवतिजनसहायो राजमार्गप्रदीपः।

तृतीय परिच्छेद
भास की समीक्षा
भास की शैली

भासीय नाटकों की शैली अपनी विशिष्ट महत्ता रखती है। इनकी शैली में व्यञ्जकता तथा प्रभावोत्पादकता का मणि-काञ्चन संयोग है। लघु वाक्यों में गम्भीर तथा रसपेशल भावों की व्यंजना अपना विशेष महत्त्व रखती है। दुरूह तथा दीर्घविस्तारी समस्त पदों की संघटना भले ही काव्य के लिये कोई उपयोगी बतावे, पर, नाटक में लघुविस्तारी एवं सरल वाक्यों की महत्ता अक्षुण्ण है। इस दृष्टि में भास सफलता के शिखर पर दिखायी पड़ते हैं। इनकी भाषा एवं शैली से स्पष्ट लक्षित होता है कि संस्कृत लोकव्यवहार की भाषा रही होगी। छोटे-छोटे वाक्यों को लोकोक्तियों तथा सूक्तियों से अलंकृत करना भास की शैली का गुण है।

अलंकारविहीन सरल भाषा यदि भावव्यंजना में सफल रहे तो यह कवि की महती विशेषता होगी। भास के नाटकों में हमें यही विशेषता लक्षित होती है। प्रभावमयी सरल भाषा भावों की अभिव्यक्ति में इतनी समर्थ है कि दर्शक के हृदय को हठात् आकृष्ट कर लेती है। भास की शैली की विशिष्टता उनके कथनोपकथनों में देखी जाती है। कथनोपकथन में इनके पात्र नितान्त विदग्ध हैं। उक्ति-प्रत्युक्ति की विदग्धता के लिये प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण में यौगन्धरायण तथा भरतरोहक के संवादों में देखी जा सकती है। भरतरोहक जिन आक्षेपों को उदयन पर लगाता है उनकी बड़ी बारीकी से यौगन्धरायण उत्तर देता है। उक्ति-प्रत्युक्तियों के बीच कहीं-कहीं ऐसी अप्रत्याशित घटनाएँ टपक पड़ती हैं जो नाटकीय रसचर्वणा में अतीव मिठास ला देती हैं। उदाहरण के लिये प्रतिज्ञा नाटक में जब महासेन अपनी स्त्री से वासवदत्ता के वर के विषय में विमर्श कर रहा है, उसी समय कञ्चुकी सहसा प्रवेश कर उदयन का नाम लेता है। यह उक्ति पाठकों और दर्शकों के हृदय को सहसा झकझोर देती है।

ऐसी आकस्मिक उक्तियाँ भास की अपनी विशेषताओं के रूप में हैं और अन्य नाटकों में भी इनकी सम्यक् उपलब्धि होती है।

भास अपने वर्ण्य-विषयों को बड़ी सूक्ष्मता के साथ पेश करते हैं। विषय या दृश्य का वर्णन करते समय उसके सूक्ष्मातिसूक्ष्म अंश को भी वे उपस्थापित कर देते हैं। दरिद्र-चारुदत्त नाटक में दरिद्रता का वर्णन जितना स्वाभाविक है उतना ही बारीक भी। सुख को दुःख के बाद प्राप्त होना चाहिये, यह भास को अच्छी तरह विदित था। सुखावस्था के बाद दुःख का आना मरण-तुल्य ही है। इस वर्णन को देखकर पाठक भास की शैली की प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकता। यदि किसी दृश्य का वे वर्णन करने लगते हैं तो इतनी स्पष्टता के साथ उसे उपस्थित करते हैं कि पाठक को पूर्ण बिम्बग्रहण हो जाता है। यह कवि वा नाटककार की चरमसिद्धि है। उदाहरणार्थ सन्ध्या का वर्णन लीजिये—

पूर्वा तु काष्ठा तिमिरानुलिप्ता
सन्ध्यारुणा भाति च पश्चिमाशा।
द्विधा विभक्तान्तरमन्तरिक्षं
यात्यर्धनारीश्वररूपशोभाम् ॥
—अवि० २।१२।

और—

खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद्रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम् ॥
—स्वप्न० १।

इसी प्रकार कृष्ण-रात्रि का वर्णन भी हृदयहारी है—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ॥
—चारुदत्त १।१९।

अविमारक में मध्यरात्रि का वर्णन देखिये—

तिमिरमिव वहन्ति मार्गनद्यः
पुलिननिभाः प्रतिभान्ति हर्म्यमालाः।
तमसि दशदिशो निमग्नरूपाः
प्लवतरणीय इवायमन्धकारः ॥—अविमारक ३।४।

इसी प्रकार वनवर्णन, मध्याह्नवर्णन, तारुण्यवर्णन इत्यादि में भास की सफलता देखी जा सकती है।

भास सरल पद्धति के जनक हैं। शास्त्रीय दृष्टि से इनकी भाषा प्रसादगुण से संयुक्त है। रसपेशलता, भावों की सम्यक् अभिव्यक्ति, मनोरञ्जकता, गम्भीरता, औदात्य तथा माधुर्य इनकी शैली के गुण हैं। अवस्था तथा पात्र के अनुसार उग्रता एवं संयम का प्रयोग इनके नाटकों की विशेषता है। हास्य की सम्यक् संयोजना भी इनकी शैली की सफलता का एक कारण है। स्वप्नवासवदत्ता का विदूषक यदि यह नहीं जानता कि राजा का नाम ब्रह्मदत्त है या नगर का, तो चारुदत्त का प्रतिनायक शकार उससे भी घोर मूर्ख निकलता है। इनकी उक्तियाँ रससिद्धि में सहायक होती हैं।

वाक्यसंघटना की विशेषता भी भास की निराली ही है। इसकी प्रशंसा महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने खुले मुँह से की थी। उनके अनुसार भास की शैली की तुलना अन्य किसी कवि से नहीं की जा सकती। चरित्र-चित्रणों में भास ने इतनी सफलता प्राप्त की है कि पात्रों में काल्पनिकता का भान तक नहीं होता। इनकी भाषा शैल-निर्झरिणी की भाँति बिना किसी तड़क-भड़क के स्वाभाविक गति से प्रवाहित होती है। भास भारतीवृत्ति के महनीय आचार्य हैं। शब्दार्थ-योजना में अभिव्यञ्जना का प्रश्रय आकर्षक लगता है। भाव, रस, देश-काल एवं पात्रों के अनुसार भाषा में परिवर्तन दिखायी पड़ता है।

भास की शैली में कृत्रिमता नहीं, स्वाभाविकता है। इसमें ऊहा की अपेक्षा नहीं। पाठकों को सामान्य बुद्धि के प्रश्रय से ही चरम आनन्द की अनुभूति होती है। ओज तथा प्रसादगुणभूयिष्ठा इनकी भाषा माधुर्य से ओत-प्रोत है। लोग ओज तथा समासबाहुल्य को गद्य का जीवन बताते रहें पर, भास के लिये

समास-विहीन भाषा भी गद्य की उच्च कक्षा में विराजमान हो सकती है। इनके गतिशील प्रवाह में कहीं भी गतिरोध नहीं और न तो तोड़-फोड़ ही है। सरल स्वच्छन्द गति है। इनकी शैली की आलङ्कारिकता में आस्था नहीं है अपितु; रसाभिव्यक्ति और भावव्यञ्जना को यह प्रधान मानकर चलनेवाली है। भास की सरल शैली को कुछ लोगों ने रामायणीय प्रभाव माना है।

भास की शैली की प्रशंसा महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने बड़े ही प्रशस्त शब्दों में की है। उनके अनुसार इन नाटकों की शैली अद्वितीय है।[1] भास की सरल शैली का कारण उन पर काव्यों की शैली का प्रभाव है। शैली प्रवहण-शील तथा प्रभावुक है। उद्दाम भावनाओं का बड़ा ही सशक्त वर्णन किया गया है। विपत्तियों के चित्रण में भास सिद्धहस्त हैं। नाटकों की अभिनेयता पर भास की दृष्टि थी इसीलिये कृत्रिमता तथा आलङ्कारिता का अभाव दिखायी पड़ता है। अलंकरण यद्यपि काव्य के लिये आवश्यक होता है पर, नाटक में यह उसकी अभिनेयता का विघातक होता है। इसी कारण भास के नाटकों में अलङ्करण का प्राचुर्य नहीं है।

भास की शैली के तीन गुण हैं—प्रसाद, ओज और माधुर्य। ये तीनों गुण उनके नाटकों में सर्वत्र दृष्टिगत हो सकते हैं। अवस्था तथा समय के अनुसार उनकी शैली में सहसा मोड़ आता है जिससे प्रभावशालिता एवं व्यञ्जकता में वृद्धि होती है। अपने भावों की व्यञ्जकता में भास इतने सिद्ध हैं कि कहीं भी विवक्षित भाव दब नहीं सकता। सीमित शब्दों एवं सरल भाषा के द्वारा विवक्षित अर्थ का उद्बोध यह भास की महती विशेषता है।

भास की शैली का गुण मौन भाषण भी है। अल्प शब्दों के द्वारा अधिकाधिक भावों की व्यञ्जना के अतिरिक्त मौन से भी अर्थबोध कराया गया

---

1. The superior excellence of sentences which are not subject to the restriction of verification is everywhere to be observed in these Rupakas. It really surpasses in grandeur, the style of other works is incomparable.

है। ये तीन शब्दों से कहीं अधिक प्रभावशाली हुये हैं एवं रस तथा भावों की प्रतीति में सहायक हुये हैं। इसी कारण समीक्षकों ने उन्हें 'मौन के आचार्य' विशेषण से विभूषित किया है।

भास की शैली के अपने विशेष गुण हैं। परवर्ती कवियों और नाटककारों पर इसका प्रभाव पड़ा है, फिर भी वह अपना पार्थक्य स्थिर रखे और अपनी महत्ता को सँजोये है।

भास के नाटकों के पात्र

भास की नाट्यकला की सफलता में पात्रों के चरित्र-चित्रण का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। भास ने सभी प्रकार के पात्रों का चरित्र-चित्रण बड़ी ही कुशलता के साथ किया है। इन नाटकों में जितने प्रकार के पात्र मिलते हैं, संस्कृत नाट्यसाहित्य में कदाचित् ही किसी नाटककार को इनके पात्रों से सरोकार पड़ा हो। प्रोज्ज्वल चरित्र के धीरोदात्त नायक, धीरोद्धत, धीरललित, खल, दैवी, आसुरी जितने भी प्रकार के नाटकीय पात्रों की सम्भावना की जा सकती है, वे सभी यहाँ उपलब्ध हैं। बाण ने भास के नाटकों को 'सूत्रधार-कृतारम्भैर्नाटकैः बहुभूमिकैः' कहा है। इसका आशय यह है कि भास के नाटकों में बहुत से पात्रों का समावेश हुआ है। बाणभट्ट का यह कथन अक्षरशः सत्य है। पर, यह बात विशेष महत्त्व रखती है कि इतने अधिक पात्रों के होने पर भी एक भी पात्र अधिक नहीं। इन नाटकों के कथानक में ऐसा कहीं भी आभास नहीं होता कि अमुक पात्र की आवश्यकता नहीं है।

इतने अधिक पात्रों का समावेश भास ने केवल एक वर्ग से नहीं किया है। पशु-पक्षी तक पात्र-कोटि में लाये गये हैं। मानवों में केवल एक ही वर्ग वा जाति के पात्र नहीं हैं अपितु, सभी स्तरों के पात्र यहाँ दिखायी पड़ते हैं। इन पात्रों का वर्गीकरण इस प्रकार हो सकता है :

(१) देवता—राम, कृष्ण, बलराम, इन्द्र, अग्नि आदि।

(२) यक्ष आदि—विद्याधर।

(३) देवपत्नियाँ—सीता, कात्यायनी आदि।

(४) राक्षस—रावण, विभीषण, कंस, घटोत्कच आदि।

(५) राक्षसियाँ—हिडिम्बा।
(६) राजा—धृतराष्ट्र, दशरथ, शल्य, शकुनि, दुर्योधन आदि।
(७) रानियाँ—कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी, गांधारी, पौरवी आदि।
(८) राजकुमार—दुःशासन, दुर्जय आदि।
(९) राजकुमारियाँ—दुःशला, कुरङ्गी आदि।
(१०) अमात्य—यौगन्धरायण, रुमण्वान्, शालंकायन, भरतरोहक, सुमंत्र आदि।
(११) विदूषक—वसन्तक, मैत्रेय आदि।
(१२) वीर—कर्ण, अविमारक, लक्ष्मण, भीष्म, द्रोण, अर्जुन आदि।
(१३) काञ्चुकीय—बादरायण, बालाकि आदि।
(१४) सन्देशवाहक—हंसक।
(१५) वानर—हनुमान्, अङ्गद, सुग्रीव, बालि आदि।
(१६) धात्री—वसुन्धरा, विजया आदि।
(१७) विद्यार्थी—स्वप्न नाटक के प्रथमांक में लावाणक से नगर आने-वाला ब्रह्मचारी।
(१८) मल्ल—चाणूर और मुष्टिक।
(१९) चोर—सज्जलक।
(२०) जुआरी—संवाहक।
(२१) खल—शकार।
(२२) वारवनिता—वसन्तसेना।
(२३) नाग—कालिय।
(२४) पशु—अरिष्टवृषभ, गरुड़, जटायु।

इस प्रकार हम देखते हैं कि पात्रों का वर्गीकरण बहुत विस्तृत है। जिन-जिन वर्ग के पात्रों की भास ने उद्भावना की है उनमें तत्तद् गुणों का विन्यास भी बड़ी सफलता के साथ किया है और यही कारण है कि बाणभट्ट जैसे महाकवि को भी भास के पात्र-बाहुल्य की प्रशंसा करनी पड़ी। उन्होंने यह भी स्पष्ट कह दिया कि भारतीय नाटकों के प्रथित होने का एक कारण पात्र-बाहुल्य भी है। इन पात्रों के चरित्र-विन्यास में भास ने बड़ी ही सतर्कता तथा

कुशलता प्रदर्शित की है। यदि देववर्ग का पात्र है तो उसमें देवत्व का पूर्णतः समावेश किया गया है। उसमें कोई भी ऐसी बात नहीं आने दी गई है जो उसके स्वभाव के विपरीत पड़े। प्रयत्न तो यह किया गया है कि उसके असदंश को भी निकालकर उसे नितान्त परिष्कृत रूप में प्रदर्शित किया जाय। इसी भाँति यदि दानव-वर्ग का पात्र है तो उसमें दानवोचित सभी दोष-गुणों को प्रदर्शित किया गया है। कंस, घटोत्कच, हिडिम्बा के चरित्र को उदाहरण रूप में उपन्यस्त किया जा सकता है। भास ने तो यह भी प्रयास किया है कि पात्रों के अशिष्ट आचरण को इस मनोवैज्ञानिक संदर्भ में प्रस्तुत किया जाय कि पाठकों की उस पर सहानुभूति हो जाय। उदाहरण के लिए घटोत्कच के चरित्र को देखिये। माता की आज्ञावश यद्यपि वह ब्राह्मण को पकड़ता है, फिर भी उसका मन उसे कोसता है। चारुदत्त में सज्जलक भी यद्यपि चोरी करता है पर, उसकी अन्तरात्मा इस कार्य के लिये गवाही नहीं करती।

पात्रों के चरित्र को उत्कृष्ट दिखाने के लिये भास को लोक-प्रसिद्ध कथानकों में भी परिवर्तन कर देना पड़ा है। पर इस कार्य में उन्हें जरा भी संकोच नहीं हुआ है। उदाहरण के लिये कैकयी के चरित्र को ले लीजिये। पाठकों को यह पूर्वविदित है कि कैकयी ने अपनी अल्पज्ञता और अदूरदर्शिता-वश राम का वनवास माँगा। पर भास ने यहाँ दूसरा ही कारण उपस्थित कर कैकयी के कलङ्क को शमित या कम करने का प्रयास किया है। यहाँ यह दर्शाया गया है कि कैकयी ने भरत को राज्य देने के लिये नहीं अपितु, ब्राह्मण का शाप सत्य करने के लिये राम के लिये वनवास का वर माँगा। वह भरत का भी वनवास माँग सकती थी पर, उसे यह बात विदित थी कि भरत का वियोग सहते-सहते राजा दशरथ उसके अभ्यस्त हो गये थे अतः उनके वियोग से वह नहीं मर सकते इसीलिये उसने राम का वनवास माँगा। वनवास भी वह चौदह दिनों के लिये माँगना चाहती थी पर मानसिक असन्तुलन के कारण १४ वर्ष मुँह से निकल गया (द्र० प्रतिमा नाटक)। यहाँ यह कथानक भास की कल्पना द्वारा प्रसूत है। पर, सिर्फ़ अपनी पात्रभूता कैकयी के चरित्रोत्कर्ष के लिये उन्होंने ऐसा परिवर्तन कर डाला। इसीलिये हम देखते हैं कि उन्होंने पात्रों के चरित्र-विन्यास में बड़ी सहानुभूति तथा कुशलता से काम लिया है।

भास के नाटकों में जिस प्रकार का नाटक है वैसा पात्र मिलेगा। यदि नाटक प्रकार का रूपक है तो उसका नायक धीरोदात्त होगा। पात्रों के चरित्र-चित्रण में कवि ने इतनी सच्चाई प्रदर्शित की है कि कहीं भी कृत्रिमता का लेश नहीं दिखायी पड़ता। दर्शक, पात्रों को अपने बीच का प्राणी पायेगा और इस प्रकार रसानुभूति में शीघ्रता तथा तीव्रता रहेगी। इस कुशल चित्रण का कोई भी पात्र अपवाद नहीं। चाहे वे राम हों या भरत, कृष्ण हों या बलराम या चारुदत्त—सभी का सजीव अङ्कन हुआ है।

भास के पात्रों में व्यर्थ का आडम्बर नहीं दिखायी पड़ता। कथनोपकथनों में वे इतने कुशल हैं कि कम-से-कम शब्दों में अधिक-से-अधिक व्यञ्जना का प्रयास करते हैं। व्यर्थ का वार्तालाप ढूँढ़ने पर भी कहीं दिखायी नहीं पड़ेगा। सरल भाषा एवं संक्षिप्त शब्दों में मनोगत अभिप्राय को प्रकट करना ही इन पात्रों का स्वभाव है। अन्तर्द्वन्द्व को भी स्पष्ट शब्दों में ही प्रकट किया जाता है। मनोवैज्ञानिक स्थिति का निर्वाह भी बड़ी सफलता के साथ किया गया है। कौन पात्र किस परिस्थिति में कैसी भावदशा के अधीन होगा, कैसी चेष्टा करेगा तथा क्या कहेगा, यह भास को भली-भाँति विदित है। इस कारण दर्शकों को कहीं भी विचित्रता का अनुभव नहीं होगा। सर्वत्र उसे परिचित व्यक्तियों तथा वातावरण में विचरण करना पड़ेगा।

भास के पात्र सामान्य धरातल पर हैं। अति कहीं भी दिखायी नहीं पड़ेगी। यथासाध्य बुरे पात्रों में भी आदर्श गुणों का ही सन्निधान किया गया है। भरत आदर्श भाई हैं, वासवदत्ता और पद्मावती आदर्श सपत्नियाँ हैं, सुमन्त्र, यौगन्धरायण आदर्श अमात्य हैं, वसन्तसेना आदर्श गणिका है और उदयन तथा चारुदत्त आदर्श प्रेमी हैं—सर्वत्र आदर्श ही आदर्श हैं। इन पात्रों के चरित्राङ्कन अपनी विशदता एवं उत्कृष्टता के कारण सदैव स्मरण किये जायेंगे।

भास के नाटकों में पात्रों एवं उनके प्रकार की बहुलता होने पर भी अनावश्यक पात्रों का प्रवेश सावधानी से हटाया गया है। यही कारण है कि प्रतिज्ञा नाटक में मुख्य पात्र उदयन और वासवदत्ता ही नहीं आते। अविमारक में काशिराज का अभाव भी इसी कारण है। भास के पात्र अन्य नाटककारों

के पात्रों से अपना स्पष्ट वैभिन्य रखते हैं। वे कालिदास के पात्रों की भाँति अति शृङ्गारिक तथा कल्पनाप्रधान नहीं। भवभूति के पात्रों की भाँति अति भावुक नहीं, भट्टनारायण के पात्रों की भाँति अति बलशाली नहीं तथा शूद्रक के पात्रों की भाँति हँस-मुख नहीं।

भास की नाट्यकला

नाट्यकला के अन्तर्गत सभी नाटकीय तत्त्वों का समावेश होता है। जहाँ तक कथावस्तु का प्रश्न है, भास का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है। पुराण-इतिहास, महाभारत, आख्यायिका ग्रन्थ और लोक में प्रचलित कथानकों का भास ने अपने नाटकों में उपयोग किया है। संस्कृत नाटक-साहित्य में किसी भी इतर नाटककार ने इतने बड़े क्षेत्र में सञ्चरण नहीं किया है। इन आधारों के साथ-ही-साथ भास ने अपने कथानकों में मौलिकता को भी पर्याप्त प्रश्रय दिया है। कहीं-कहीं तो मौलिकता इतनी अधिक हो जाती है कि वह पाठकों की स्थिर भावना को झकझोर देती है। उदाहरण के लिये प्रतिमा नाटक में प्रतिमावाला सम्पूर्ण प्रसङ्ग भास की कल्पना की उद्भूति है। इसी कारण कैकयी का यह कहना भी भासीय कल्पना का ही प्रसाद है कि उसने मात्र ऋषि-वचन की सत्यता के लिये राम का वनवास माँगा। परन्तु, इतने बड़े क्षेत्र में अपनी मौलिकता के साथ सञ्चरण करने पर भी भास के पैर कहीं नहीं लड़खड़ाये हैं। उन्होंने बड़ी ही कुशलता के साथ इन कथाओं का विन्यास किया है। कथावस्तु का विन्यास सदैव दर्शक की कुतूहल-वृत्ति का विवर्धक रहा है।

विस्तृत क्षेत्र से कथानकों का संकलन करने के कारण निसर्गतः पात्रों की संख्या तथा कोटियों में भी वृद्धि हो गई है। जितने प्रकार के पात्र यहाँ हैं उतने प्रकार के पात्रों का अन्य नाटककारों की कृतियों में पाना सुगम नहीं। इतने अधिक पात्र होने पर भी सभी मानव लोक के जीते-जागते प्राणी हैं। दर्शक को यह कभी आभास नहीं होगा कि यह पात्र काल्पनिक है। उनके आचरण में कहीं भी कृत्रिमता नहीं दिखायी पड़ेगी। जैसा हम सर्वत्र देखते-सुनते हैं, वैसे ही वे भी दिखायी पड़ेंगे। यह अन्य बात है कि अपने दृढ़ वैदिक संस्कारों तथा ब्राह्मणीय संस्कृति के प्रवक्ता होने से उन्होंने कहीं-कहीं उसका जान-बूझकर प्रदर्शन कर दिया है। इस प्रकार का वृत्तान्त हमें मध्यम

व्यायोग में मिलता है। इस रूपक में पिता-माता अपने मध्यम पुत्र को स्वेच्छया मृत्यु के हवाले करने में जरा भी संकोच नहीं करते। यहाँ दर्शकों को यह सहज अनुमेय है कि यह शुनःशेप के आख्यान का प्रभाव है और उसका नाटककार ने यहाँ प्रदर्शन किया है। ब्राह्मणीय संस्कृति तथा धर्म का प्रभाव अविमारक तथा प्रतिमा नाटक में दिखायी पड़ता है। अविमारक ब्राह्मण के शाप को सत्य करने के लिये स्वेच्छया चाण्डाल बना हुआ है। इसी प्रकार कैकयी भी ऋषि-शाप को सत्य करने के लिये राम का वनवास माँगती है।

भास ने पात्रों के चरित्राङ्कन में सर्वत्र उदात्त आदर्श रखा है। यथासाध्य उन्होंने यही प्रयास किया है कि पात्रों का चरित्र प्रोज्ज्वल प्रदर्शित किया जाय। इस कार्य के लिये यदि कथानक में परिवर्तन करना अपेक्षित रहा तो उसमें भी वे संकोच नहीं करते। नायक-नायिका, अमात्य, विदूषक, काञ्चुकीय, गणिका, सेवक आदि सभी पात्र इस प्रकार उन्नत चरित्र के ही दिखायी पड़ते हैं। यदि पात्रों के कलुष अंश को हटाना सम्भव न रहा तो उनको कम तो अवश्य ही कर दिया गया है। पर, यदि नाटकों के नायकों पर इसका प्रभाव पड़नेवाला होता है तो उसी हद तक परिष्कार किया गया है जितने तक प्रधान नायक पर कोई प्रभाव न पड़े।

पात्रों के संवादों में भी भास ने विशेष दक्षता प्रदर्शित की है। संवाद प्रायेण लघु-विस्तारवाले हैं। वाग्विस्तार का परिहार भास की महती विशेषता है। कोई भी पात्र उतना ही बोलता है जितना आवश्यक है। पाठक को यह कहीं भी भान नहीं होगा कि वार्तालाप का अमुक अंश फालतू है। ये संवाद सर्वत्र विवक्षित भाव के द्योतक हैं। अभीष्ट अर्थ के द्योतन में अशक्ति कहीं भी लक्षित नहीं होती। वार्तालापों के आश्रय से ही सारे दृश्य को उपस्थित करने में नाटककार सफल रहा है। वार्तालापों को सुनकर दर्शकों को यदि सूच्य विषय है तो भी उसका पूरा दृश्य सामने आ जायेगा। संवादों में भास की सरल तथा असमस्त भाषा ने श्रीवृद्धि की है। भास सरल शब्दावली के आचार्य हैं। यह बात नितान्त अपेक्षित है कि नाटक की भाषा यथासाध्य सरल तथा भावव्यञ्जन में समर्थ हो। तभी नाटक सार्ववर्णिक और सार्वजनीन होगा। नाटक के दर्शक परिष्कृत और अपरिष्कृत दोनों प्रकार के होते हैं।

इसीलिये नाटककार का यह प्रधान कर्तव्य है कि भाषा को सरल तथा भाववहन में समर्थ बनाये। जब इस दृष्टि से हम विचार करते हैं तो भास सफल दिखायी पड़ते हैं। वस्तुतः भास की इतनी प्रसिद्धि का एक कारण यह भी है।[१]

भास ने अपने नाटकों के अलङ्करण का भी पर्याप्त प्रयास किया है। यथा—सन्ध्या, रात्रि, तपोवन, मध्याह्न इत्यादि का वर्णन भी किया गया है। ये वर्णन सूक्ष्म अन्वीक्षण के परिणाम हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भास ने इन प्राकृतिक दृश्यों को बड़ी ही बारीकी तथा सहानुभूति के साथ देखा है। ये वर्णन बड़े ही सजीव हुए हैं तथा पूरे दृश्य का बिम्बग्रहण कराते हैं। नाटकीय कथानक में इनका उपन्यास भी प्रसङ्गोपात्त होने पर ही किया गया है। कहीं भी यह प्रतीत नहीं होता कि मात्र आकारवृद्धि तथा पाण्डित्य-प्रदर्शन के लिये ही इन्हें इकट्ठा किया गया है।

रस-परिपाक की दृष्टि से भी भास के नाटक पर्याप्त ऊँचे हैं। इनके नाटकों में नवों रसों का अस्तित्व दिखायी पड़ता है। इन रसों की सिद्धि बड़ी ही दक्षता के साथ की गयी है, रसाभास से इन्हें बचाया गया है। वीर, शृङ्गार तथा करुण—ये तीन रस प्रायेण इनके नाटकों में अङ्गी बनकर आये हैं। शृंगार में संयोग और विप्रलम्भ दोनों का अस्तित्व दिखायी पड़ता है। वीरकोटिक नायकों में भी दानवीर, युद्धवीर इत्यादि वीरों के दर्शन होते हैं। हास्यरस की स्थिति तो विदूषक प्रायेण सर्वत्र बनाये रहते है। अन्य रसों की भी स्थिति यथावसर दिखायी पड़ती है। जयदेव ने भास को कविता-कामिनी का हास कहा है—'भासो हासः'। इससे यह ध्वनित होता है कि भास शृङ्गार कवि न होकर हास्य के ही प्रमुख प्रवर्तक हैं। यद्यपि इन नाटकों में हास्यरस की सर्वातिशायिता तो नहीं है और न तो भास के जिस प्रकार के नाटक हैं उसमें

---

१. महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास की वाक्य-रचना की प्रशंसा इस प्रकार की है :—

'The sentences are everywhere replete with a wealth of ideas beautifully expressed, which cultured minds appreciate.'—Critical Study, p. 27.

यह सम्भव ही है कि हास्यरस अङ्गी बनकर आवे, पर, हाँ इतना अवश्य है कि भास ने हास्यरस का बड़ा ही उदात्त वर्णन किया है। हास्य के दृश्य मात्रा और विस्तार में सीमित भले ही हों पर, सुन्दरता में अपनी विशिष्टता बनाये रखते हैं। यदि प्रतिज्ञा का विदूषक उद्धत हास्य का प्रदर्शन करता है तो स्वप्नवासवदत्तम् सुकुमार हास की संसृष्टि करता है।

भास के नाटकों में काव्यकौशल भी पूर्णरूपेण प्रस्फुटित हुआ है। भास का कवि-हृदय मौका पाते ही अपनी कला का प्रदर्शन कर देता है। नाना प्रकार की छन्दयोजना इन नाटकों में दर्शनीय है। अलङ्कारों का विधान भी काव्यकर्म की सफलता में सहायक होता है। उपमा, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास आदि अलङ्कार अपूर्व छटा को उत्पन्न करते हैं। सुन्दर-से-सुन्दर उपमायें यहाँ मिल सकती हैं। उपमा की छटा इस पद्य में भलीभाँति दिखायी पड़ती है :

अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम्।
पिपासार्त्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ॥—प्रतिमा ना० ३।१०।

अलङ्कारशास्त्र का यह सुप्रसिद्ध उदाहरण भी भासीय कला का ही परिणाम है :

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ॥—बालचरित १।१५।

भास के नाटकों की अभिनेयता—यहाँ यह प्रश्न भी प्रसङ्गोपात्त है कि भास के नाटक रङ्गमञ्च की दृष्टि से अभिनेय हैं या नहीं? इसका उत्तर बड़ा ही स्पष्ट है। भास के समस्त नाटक अभिनय कला की दृष्टि से सफल हैं। भले ही संस्कृत के अन्य नाटकों में अभिनेयता की दृष्टि से आंशिक कठिनाई का सामना करना पड़े पर, भास के नाटकों में ऐसी स्थिति नहीं। ये नाटक सभी दृष्टियों से अभिनेय हैं। कथानक, पात्र, भाषा-शैली, देशकाल, संवाद आदि सभी तत्त्व इनकी अभिनेयता के अनुकूल हैं। जिन लोगों ने इन्हें चाक्यारों की सृष्टि माना है वे भी कहते हैं कि ये चाक्यार नाटकों का प्रदर्शन करते थे और उन्होंने रङ्गमञ्च के अनुरूप इन नाटकों की सृष्टि की। उनके इस मत से इतना तो स्पष्टतः सिद्ध हो जाता है कि भास के नाटक अभिनय की दृष्टि से सुतरां सफल हैं।

भास के नाटकों की रचना उस समय में हुई थी जब नाट्य-सिद्धान्त तथा नाट्यकला पूर्णतः विकसित न हुई थी। अतः ऐसे प्रसङ्ग यहाँ सुलभ हैं जो नाट्यनियमों के विरुद्ध पड़ते हैं। यथा वध, अभिषेक आदि। पर, इन वर्ज्य दृश्यों का अस्तित्व होने पर भी इनकी अभिनेयता में कोई व्याघात नहीं पड़ता और स्थिति तो यह है कि सिद्धान्तों के विकसित होने तथा उनके बाद निर्मित होनेवाले नाटकों की अपेक्षा भास के नाटक अधिक अभिनेय हैं।

रंगमञ्च—लगे हाथ भासकालीन रङ्गमञ्च का भी संकेत कर देना उचित है। भास के समय में बड़े-बड़े प्रेक्षागृहों के अस्तित्व की सूचना इन नाटकों से नहीं मिलती। यह भी स्पष्ट नहीं है कि रङ्गमञ्च का पूर्ण निर्देश करनेवाला भरत का नाट्यशास्त्र उस समय था या नहीं। पर, इतना स्पष्ट है कि रङ्गमञ्च की भावना भास के समय में वर्तमान थी। नाटकों का अभिनय बड़े-बड़े उत्सवों या पर्वों के अवसर पर मन्दिरों, सड़कों या मैदानों में होता था। प्राचीन भारतीय लोग बड़े-बड़े थियेटरों में विश्वास नहीं रखते थे जैसा कि ग्रीक लोग रखते थे। क्योंकि दृश्य तथा दर्शक में दूरी पर्याप्त होने से रस में बाधा होगी और नाट्यप्रदर्शन का प्रधान लक्ष्य ही नष्ट हो जायेगा। हो सकता है, मन्दिरों में नाट्यप्रदर्शन के लिये ही स्थान बने हों। रंगमञ्च को सजाने का प्रयास अवश्य किया जाता था और इसमें नाना रंगों का उपयोग होता था। पशुओं को कभी-कभी कृत्रिम रूप में दिखाया जाता था और कभी-कभी जीवित पशुओं को ही रंगमंच पर पकड़ लाया जाता था।[1]

भास के नाटकों में नव रस

संस्कृत नाटकों का प्रधान लक्ष्य है रसों की सम्यक् उद्बुद्धि तथा परिपाक। 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' की परिभाषा देनेवालों ने स्पष्टतः रस की सत्ता सर्वोपरि मानी है और 'काव्येषु नाटकं रम्यम्' कहनेवालों ने इसे स्पष्ट कर दिया है कि नाटकों का जीवन रसवत्ता ही है। किसी विशिष्ट रस का उद्बोधन कराकर नाटककार नैतिक आदर्श की सिद्धि करता है। इस प्रकार हम देखते हैं

---

१. भास के रंगमञ्च के विस्तृत विवेचन के लिये द्रष्टव्य, ए० एस० पी० अय्यरकृत 'भास' नामक ग्रन्थ, पृ० ५३५–५४१।

कि नाटक में पात्र, चरित्रांकन, कथोपकथन आदि साधन हैं, साध्य नहीं। साध्य तो एकमात्र रसाद्बोध ही है। भास इस लक्ष्य से सुपरिचित थे और उन्होंने बड़ी सतर्कता से रसों का परिपाक किया है। इन नाटकों में रसों का परिपाक बड़े ही समीचीन ढङ्ग से किया गया है।

संस्कृत साहित्यशास्त्र में रसों की संख्या के विषय में ऐकमत्य नहीं। पर, यहाँ विश्वनाथ के ग्रन्थ साहित्यदर्पण को आदर्श मानकर रसों की संख्या नव स्वीकार की जाती है। भास के प्रत्येक नाटक एक या दो रस-प्रधान बनकर आये हैं और अन्य रस उसके उपस्कारक रूप में दिखायी पड़ते हैं। इन नाटकों में प्रमुख रसों की स्थिति इस प्रकार मानी जा सकती है :

(१) दूतवाक्य—वीर तथा अद्भुत।
(२) कर्णभार—करुण और वीर।
(३) दूतघटोत्कच—वीर तथा करुण।
(४) ऊरुभङ्ग—वीर, करुण तथा शान्त।
(५) मध्यम व्यायोग—वीर, भयानक, करुण तथा रौद्र।
(६) पञ्चरात्र—वीर, हास्य, वात्सल्य।
(७) अभिषेक—वीर, करुण तथा भयानक।
(८) बालचरित—वीर, अद्भुत तथा हास्य।
(९) अविमारक—शृङ्गार, वीर, हास्य, तथा करुण।
(१०) प्रतिमा—करुण तथा वीर।
(११) प्रतिज्ञा—वीर, शृङ्गार, अद्भुत तथा हास्य।
(१२) स्वप्नवासवदत्तम्—शृङ्गार एवं करुण।
(१३) चारुदत्त—करुण, शृङ्गार तथा हास्य।

अब संक्षेप में इन रसों का दिग्दर्शन कराया जायेगा।

(१) शृङ्गार—शृङ्गार को रसराज पद पर अधिष्ठित किया गया है। इससे इसकी महत्ता का सहज अनुमान हो जाता है। शृङ्गार के पाँच प्रकार हैं : १. धर्म-शृङ्गार, २. काम-शृङ्गार, ३. अर्थ-शृङ्गार ४. मुग्ध-शृङ्गार और ५. मूढ-शृङ्गार। भास के नाटकों में शृङ्गार के ये पाँचों प्रकार उपलब्ध होते हैं। प्रतिमा तथा अभिषेक नाटकों में वर्णित राम तथा सीता का प्रेम धर्म-

शृङ्गार के अन्तर्गत आता है। उनका प्रेम शुद्ध प्रेम है जो वासना से असम्पृक्त है। वह धार्मिक कृत्यों के निष्पादन के लिये है। धर्म शृङ्गार का परिपाक इन नाटकों में बड़े ही कौशल के साथ कराया गया है।

शृङ्गार का दूसरा प्रकार है—काम-शृङ्गार। इसमें विवाहजन्य प्रेम का वर्णन रहता है। यहाँ पर कायिक वियोग दुःखावह होता है। इस प्रकार का शृङ्गार वासवदत्ता तथा उदयन के प्रेम एवं अविमारक तथा कुरङ्गी के प्रणय-व्यापार में दिखायी पड़ता है।

शृङ्गार की तीसरी कोटि अर्थ-शृङ्गार की होती है। राजनीतिक, आर्थिक या अन्य लाभों के निमित्त किया गया विवाह तथा तज्जन्य शृङ्गार इस कोटि में आते हैं। स्वप्नवासवदत्तम् में उदयन तथा पद्मावती का विवाह इसी प्रकार का है। इस शृङ्गार में भौतिक तत्त्वों की प्रधानता रहती है।

मुग्ध-शृङ्गार चौथी कोटि का शृंगार है। इसमें प्रेम के शारीरिक सम्बन्ध की प्रधानता रहती है। भीम तथा हिडिम्बा का प्रेम इसी कोटि में आता है।

शृङ्गार का पञ्चम प्रकार मूढ-शृङ्गार है। यहाँ एकमात्र वासना का प्राधान्य रहता है। यह मांसल प्रेम का उदाहरण है। यह कभी-कभी एक-पक्षीय ही होता है और दोनों पक्ष यदि इसमें भाग लेते भी हैं तो भी एक-निष्ठता का अभाव रहता है। इसमें भय, तर्जना आदि का आश्रय लिया जाता है। दरिद्र-चारुदत्त में शकार और वसन्तसेना का प्रेम इस शृङ्गार का सर्वोत्तम निदर्शक है। यहाँ विट, वसन्तसेना को हाट का सामान बताता है जिसे जो चाहे मूल्य दे प्राप्त कर सकता है।

(२) हास्यरस—जयदेव ने भास को कविताकामिनी का हास कहा था। इससे यह स्पष्ट है कि जयदेव को भासीय नाटकों के हास्य प्रशंसनीय लगे थे। भास के नाटकों में हास्य के प्रचुर उदाहरण उपलब्ध होते हैं। दरिद्र-चारुदत्त में शकार की मूर्खता स्मित हास्य को उत्पन्न करती है। स्वप्न नाटक में विदूषक कहता है कि कोकिला के अक्ष परिवर्त की भाँति उसका पेट उलट-पुलट गया है। प्रतिज्ञा में विदूषक यौगन्धरायण और रुमण्वान् से कहता है कि उन दोनों की योजनायें असफल होंगी और वे पूछते हैं कि यह कैसे ? उस समय वह उत्तर देता है 'मैं अपने विचारों को पहले जानता हूँ और आपलोगों के विचारों

को बाद में।' चारुदत्त में सूत्रधार तथा नटी के संवाद भी हास्य के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जब नट भोजन माँगता है तो पहले तो वह कहती है कि सब कुछ प्रस्तुत है और जब वह पूछता है कि कहाँ है तो कहती है कि 'बाजार में।' नटी का यह कथन कि वह दूसरे जन्म में सुन्दर पति पाने के लिये उपवास कर रही है, हास्य का जनक है। चारुदत्त में सज्जलक का यज्ञोपवीत के विषय में यह विचार कि दिन में तो वह यज्ञोपवीत है तथा रात्रि में सेंध-मापने का तागा, हास्योद्बोधक है। व्यंग्यात्मक हास्य का भी कहीं-कहीं समावेश है। दूत घटोत्कच में जब दुर्योधन कहता है कि 'हम लोग भी दानवों की भाँति उग्र तथा रौद्र हैं' उस समय घटोत्कच का यह कथन कि तुम लोग तो राक्षसों से भी अधिक क्रूर हो', कठोर किन्तु सत्य व्यंग्य है।

(३) करुण—भास के नाटकों में करुण रस की अभिव्यक्ति भी बड़ी सटीक दिखायी पड़ती है। यद्यपि भास, भवभूति की भाँति 'एको रसः करुण एव निमित्त-भेदात्' के पुजारी नहीं हैं, पर, करुण रस भी इनके प्रिय रसों में प्रतीत होता है। अविमारक नाटक में कुरङ्गी तथा अविमारक के वियोग में, प्रतिमा नाटक में राम के वन-प्रसंग में, स्वप्न नाटक में वासवदत्ता-दाह की खबर होने पर उदयन के विषय में करुण रस दिखायी पड़ता है। इसी प्रकार दूतघटोत्कच में धृतराष्ट्र, गान्धारी तथा दुश्शला की भावनाओं तथा उक्तियों में करुण का प्रसंग है। अभिषेक नाटक में इन्द्रजित् की मृत्यु के अनन्तर रावण की दशा के प्रसंग में भी करुण की संसृष्टि दिखायी पड़ती है।

(४) रौद्ररस—रौद्र रस का अस्तित्व मध्यम व्यायोग में घटोत्कच के साथ भीम के संघर्ष में दिखायी पड़ता है। ऊरुभंग में भीम के द्वारा अधर्म-पूर्वक दुर्योधन की जाँघ तोड़ी जाने पर बलराम का क्रोध तथा बालचरित में उथल-पुथल के अवसर पर कंस की दृष्टि भी रौद्र रस का सञ्चार करते हैं। प्रतिमा में भरत का कैकयी को बुरा-भला कहना भी इसी की सीमा में आते हैं।

(५) वीररस—वीर रस का प्रदर्शन भास ने प्रधानता से किया है। वीरों के क्रम के अनुसार इस रस की भी तीन कोटियाँ हैं—युद्धवीर, धर्मवीर तथा दयावीर। युद्धवीर का वर्णन इन युद्धों में दिखायी पड़ता है—राम-रावण

युद्ध, भीम-दुर्योधन युद्ध, कुमार उत्तर तथा कौरवों का युद्ध; उदयन तथा महासेन की सेना का युद्ध एवं अभिमन्यु तथा विराट् की सेना में युद्ध। राम का पिता की आज्ञा के अनुसार राजत्याग तथा पञ्चरात्र में अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार दुर्योधन का पाण्डवों को आधा राज्य देना धर्मवीर के उदाहरण हैं। द्रोण का कौरव-पाण्डवों को युद्धजन्य अनर्थ से बचाने के लिये दुर्योधन से पाण्डवों को आधा हिस्सा दिलाना दयावीर का उदाहरण है।

(६) **भयानक**—भयानक रस **मध्यमव्यायोग** के उस दृश्य में दिखायी पड़ता है जब ब्राह्मण-परिवार के सम्मुख सहसा घटोत्कच आ जाता है। राम के द्वारा मायामृग का अनुसरण करने के बाद जब रावण अपने विकराल राक्षसी रूप को सीता के सामने प्रदर्शित करता है, उस समय भी भयानक रस की उद्भूति होती है। यह दृश्य प्रतिमा नाटक में है। इन्द्रजित् की मृत्यु के बाद अभिषेक में भी भयानक रस दिखायी पड़ता है जब कि रावण, सीता को मारने के लिये उद्यत दिखायी पड़ता है। बालचरित में केश-कर्षण के द्वारा कंस के वध के अवसर पर भी भयानक की सृष्टि हुई है। ऊरुभङ्ग के युद्ध-दृश्य के वर्णन में भी भयानक रस है।

(७) **अद्भुत**—अद्भुत रस भास के नाटकों में अनेक स्थलों पर दिखायी पड़ता है। अविमारक में विद्याधर के द्वारा अंगुरीयक प्राप्त कर अविमारक के अदृश्य होने में अद्भुत रस की सृष्टि हुई है। दूतवाक्य में कृष्ण को बाँधने का दुर्योधन प्रयास करता है पर, उनके विराट् रूप धारण कर लेने से वह अपने प्रयास में असफल रहता है। कृष्ण का विराट् रूप अद्भुत रस का जनक है। कंस के यहाँ मानव-रूप में लक्ष्मी तथा शाप का आना इसी रस के जनक है। यमुना के जल का संकुचित हो जाना, नन्दकन्या का जीवित हो जाना, नन्द द्वारा कन्या को कंस के हाथ सौंपना तथा कंस के द्वारा कंसशिला पर पटकते ही उस कन्या का आधे शरीर से आकाश में उड़ जाना—ये सारे प्रसङ्ग अद्भुत रस की सृष्टि करते हैं। अभिषेक नाटक में राम के लिये समुद्र का, जल को दो भागों में विभक्त कर मार्ग देना अद्भुत रस का उदाहरण है।

(८) **शान्त रस**—भास के नाटकों में शान्त रस भी अनेकों स्थलों पर उपलब्ध होता है। कर्णभार में जिस समय इन्द्र द्वारा कवच-कुण्डल माँग लेने

पर शल्य कर्ण से कहते हैं कि वह इन्द्र द्वारा वञ्चित कर लिया गया। उस समय कर्ण का यह कथन कि वस्तुतः इन्द्र ही वञ्चित किया गया है, शान्त का अच्छा उदाहरण है। अभिषेक नाटक में जब राम, सीता की शुद्धता का वर्णन करते हैं तब भी शान्त का दृश्य दिखायी पड़ता है। सीता जिस समय राम से वन्य पदार्थों के द्वारा ही दशरथ का श्राद्ध करने को कहती हैं, उस समय भी शान्त का वातावरण दिखायी पड़ता है।

(६) वात्सल्य—कुछ लोगों ने इसे शृङ्गार के अन्तर्गत ही समाविष्ट कर दिया है। पर वस्तुतः इसकी पृथक् सत्ता मानना ही युक्तिसंगत है। मध्यम-व्यायोग में भीम का घटोत्कच के लिये प्रेम, पञ्चरात्र में भीम अर्जुन का अभिमन्यु के प्रति, दशरथ का राम के प्रति प्रेम तथा रावण का इन्द्रजित् के प्रति प्रेम इसी कोटि में आते है। ऊरुभङ्ग में दुर्योधन का अपने पुत्र के प्रति प्रेम भी इसी कोटि में है।

कुछ लोगों ने भक्ति रस को भी पृथक् कोटि में गिना है। अन्य लोगों ने इसे शान्त में समाहित किया है। भक्ति रस का भास के नाटकों में उचित स्थानों पर निवेश है। आरम्भ-मङ्गल के श्लोक भक्तिपरक हैं। बालचरित में राम तथा कृष्ण के प्रति भक्ति इसी रस के अधीन है।

इस प्रकार यह स्पष्ट दिखायी पड़ता है कि भास ने नव रसों का बड़ा ही समीचीन परिपाक दर्शाया है। यद्यपि उनका विशेष आग्रह वीर, हास्य, करुण, रौद्र, वत्सल तथा शृङ्गार के प्रति ही लक्षित होता है पर, इससे अन्य रसों के उचित स्थान पर सन्निवेश तथा परिपाक में किञ्चित् भी न्यूनता नहीं आने पायी है। अन्य रसों के प्रसंग मात्रा में कम होने पर भी विशिष्टता में कम नहीं हैं। रसों का सम्यक् परिपाक ही भास की प्रसिद्धि का एक प्रमुख कारण है।

भास का प्रकृति-वर्णन

महाकवि भास प्रकृति के प्रेम-पुजारी हैं। प्राकृतिक दृश्यों को उन्होंने बड़े ही सान्निध्य से देखा था। प्राकृतिक दृश्यों को वर्णित करते समय उनका वे ऐसा सांगोपांग चित्र प्रस्तुत करते हैं कि पाठक की वृत्ति उनमें पूर्णतः तल्लीन हो जाती है। ये वर्णन रोचक, यथार्थ तथा व्यापक हैं। जिस चित्र का वे वर्णन करते हैं उसका पूर्ण विम्ब ग्रहण कराने का प्रयास करते हैं और

एतदर्थ वे उस दृश्य के विभिन्न अङ्ग-प्रत्यङ्गों तथा तत्सम्पृक्त अन्य पदार्थों का भी वर्णन करते हैं।

भास के प्रकृति-वर्णन का विश्लेषण करते समय इस तथ्य पर हमें सर्वदा ध्यान रखना चाहिये कि वे नाटककार हैं तथा उतना ही वर्णन कर सकते हैं जितना उस नाटक के प्रकृत अंश के लिये आवश्यक हो। उनको काव्यग्रन्थों के रचयिताओं जैसी छूट नही है कि ऋतु-वर्णन आदि पर ही सर्ग-का-सर्ग रच डालें। पर, इस सीमित परिधि में भास किसी भी कवि से न्यून नहीं ठहरते। प्रसङ्गोपात्त दृश्यों का वे इतनी सूक्ष्मता तथा मनोहारिता के साथ वर्णन करते हैं कि चित्त-वृत्ति उन दृश्यों का अवगाहन करने लगती है। कहीं-कहीं तो इन दृश्यों के वर्णन में अलङ्कार-योजना इतनी सटीक बैठ जाती है कि उनके सौन्दर्य तथा रमणीयता में द्विगुणित वृद्धि हो जाती है।

स्वप्नवासवदत्तम् के प्रथम अङ्क में वन-प्रान्त की सन्ध्या का यह वर्णन सुतरां दर्शनीय है :

> खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
> प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
> परिभ्रष्टो दूराद्रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
> रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम् ॥—१।१६।

(पक्षिगण नीडों में चले गये हैं, मुनिजन जल में स्नान करने के लिये प्रविष्ट हो गये हैं, सायंकालीन अग्नि प्रज्वलित हो गया है, धूम तपोवन में चारों तरफ प्रसृत हो गया है, और सूर्यदेव दूर से आकर किरणों को समेट अस्ताचल की ओर प्रविष्ट हो रहे हैं।)

अभिषेक-नाटक का सूर्यास्त का वर्णन देखिये—

> अस्ताद्रिमस्तकगतः प्रतिसंहृतांशुः
> सन्ध्यानुरञ्जितवपुः प्रतिभाति सूर्यः।
> रक्तोज्ज्वलांशुकवृते द्विरदस्य कुम्भे
> जाम्बूनदेन रचितः पुलको यथैव ॥—४।२३।

इसी प्रकार अविमारक (२।१२) में भी सन्ध्या तथा रात्र्यागमन का वर्णन बड़े ही मनोहर रूप में किया गया है।

रात्रि तथा अन्धकार का वर्णन भास के बहुत प्रिय विषय प्रतीत होते हैं। रात्रि के सघन अन्धकार के वर्णन के लिये चारुदत्त के निम्न पद्य देखिये :—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।

असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥–१।१९।

सुलभशरणमाश्रयो भयानां वनगहनं तिमिरं च तुल्यमेव।

उभयमपि हि रक्षतेऽन्धकारो जनयति यश्च भयानि यश्च भीतः॥–१।२०।

चारुदत्त में चन्द्रोदय का वर्णन भी बड़ा सुन्दर हुआ है :

उदयति हि शशाङ्कः क्लिन्नखर्जूरपाण्डु-

र्युवतिजनसहायो राजमार्गप्रदीपः।

तिमिरनिचयमध्ये रश्मयो यस्य गौराः

हृतजल इव पङ्के क्षीरधाराः पतन्ति॥–१।२९।

(सिक्तखर्जूर की भाँति पाण्डुर वर्ण का चन्द्रमा उदित हो रहा है। वह युवतियों का सहायक तथा राजमार्ग का दीपक है। अन्धकारसमूह में इसकी गौर-किरणें जलहीन पंक में दुग्धधारा की भाँति बरस रही हैं।)

समुद्र का वर्णन भी भास ने सूक्ष्म दृष्टि के साथ किया है। अभिषेक-नाटक में समुद्र का यह वर्णन देखिये :

क्वचित् फेनोद्गारी क्वचिदपि च मीनाकुलजलः

क्वचिच्छङ्खाकीर्णः क्वचिदपि च नीलाम्बुद निभः।

क्वचिद्वीचीमालः क्वचिदपि च नक्रप्रतिभयः

क्वचिद् भीमावर्तः क्वचिदपि च निष्कम्पसलिलः॥–४।१७।

स्वप्न नाटक में तपोवन का यह वर्णन देखिये :

विश्रब्धं हरिणाश्चरन्त्यचकिता देशागतप्रत्यया

वृक्षाः पुष्पफलैः समृद्धविटपाः सर्वे दयारक्षिताः।

भूयिष्ठं कपिलानि गोकुल धनान्यक्षेत्रवत्यो दिशो

निःसन्दिग्धमिदं तपोवनमयं धूमो हि बह्वाश्रयः॥–१।१२।

(अपने देश के विश्वास से यहाँ हरिण निःशङ्क होकर विचरण कर रहे हैं, वृक्षों की शाखायें फूल-फलों से समृद्ध हैं। कपिला गायें बहुत-सी दिखायी पड़ रही हैं तथा कृषि-भूमि दिखायी नहीं पड़ रही है। अतः यह निस्सन्देह

तपोवन है क्योंकि यज्ञीय धूम भी बहुत से आश्रमों में दिखाई पड़ रहा है।)

स्वप्न नाटक में उदयन उड़ रही बक-पंक्ति का वर्णन करते हुये कह रहा है:

ऋज्वायतां च विरलां च नतोन्नतां च
सप्तर्षिवंशकुटिलां च निवर्तनेषु।
निर्मुच्यमानभुजगोदरनिर्मलस्य
सीमामिवाम्बरतलस्य विभज्यमानाम्॥—४।२।

अविमारक में वर्षाऋतु का वर्णन बड़े ही सजीव रूप में किया गया है। इसी प्रकार यहाँ ग्रीष्मऋतु का वर्णन भी सुन्दर बन पड़ा है।

अत्युष्णा ज्वरितेव भास्करकरैरापीतसारा मही
यक्ष्मार्ता इव पादपाः प्रमुषितच्छाया दवाग्न्याश्रयात्।
विक्रोशन्त्यवशादिवोच्छ्रितगुहा व्यात्ताननाः पर्वताः
लोकोऽयं रविपाकनष्टहृदयः संयाति मूर्च्छामिव॥—४।४।

रथ के वेग से सामने की वस्तुयें कितनी तेजी से भाग रही हैं, इसका वर्णन प्रतिमा नाटक में दिखायी पड़ता है।

द्रुमा धावन्तीव द्रुतरथगतिक्षीणविषया
नदीवोद्वृत्ताम्बुर्निपतति महीनेमिविवरे।
अरव्यक्तिर्नष्टा स्थितमिव जवाच्चक्रवलयं
रजश्चाश्वोद्धूतं पतति पुरतो नानुपतति॥—३।२।

इस वर्णन को देखने पर शाकुन्तल के रथ-वर्णन (प्रथम अङ्क) वाले प्रसङ्ग की स्मृति हो जाती है और यह कोई असंभव नहीं है कि कालिदास ने इसे देखा हो।

ऊरुभङ्ग नाटक में युद्ध-भूमि की यज्ञ से तुलना की गई है। इसमें युद्धभूमि का चित्र उपस्थित किया गया है।

करिवरकरयूपो बाणविन्यस्तदर्भो
हतगजचयनोच्चो वैरवह्निप्रदीप्तः।
ध्वजविततवितानः सिंहनादोच्चमंत्रः
पतितपतिमनुष्यः संस्थितो युद्धयज्ञः॥—श्लोक ६।

युद्धभूमि में उड़नेवाले गृध्रों का यह वर्णन देखिये :

गृध्रा मयूकमुकुलोन्नतपिङ्गलाक्षा
दैत्येन्द्रकुञ्जरनतांकुशतीक्ष्णतुण्डाः ।
भान्त्यम्बरे विततलम्बविकीर्णपक्षा
मांसैः प्रवालरचिता इव तालवृन्ताः ॥–श्लोक ११ ।

अभिषेक नाटक में लंका की सुन्दरता का वर्णन देखिये :

कनकरचितचित्रतोरणाढ्या
मणिवरविद्रुमशोभितप्रदेशा ।
विमलविकृतसञ्चितैर्विमानै
र्वियति महेन्द्रपुरीव भाति लङ्का ॥—२।२ ।

इसी प्रकार अन्य अनेकों प्रकृति-वर्णनपरक पद्य भास के नाटकों में व्याप्त है। यह तो निर्देशमात्र है। इन वर्णनों को देखकर यह सहज ही पता लग जाता है कि नाटककार का जीवन प्राकृतिक दृश्यों से घनिष्ठता के साथ संपृक्त था। कवि ने प्रकृति के नाना दृश्यों को सावधानी और सहृदयता के साथ देखा था। इनके वर्णनों में प्रकृति के सभी अंग सम्मिलित हैं। सुन्दर के प्रति न तो कोई इनका विशेष आग्रह है और न असुन्दर का विरूप से घृणा। प्रकृति का कोई भी अंश चाहे वह सुन्दर हो या कुरूप, भास के लिये समान है। प्रसङ्गोपात्त होने पर वे सभी का समानाभिनिवेश से चित्रण करेंगे।

—:०:—

चतुर्थ परिच्छेद

भास का समय तथा परिचय

जिस प्रकार भास की कीर्ति संस्कृत-साहित्य में प्रथित है उस प्रकार उनके समय के विषय में ज्ञान नहीं। भास का अस्तित्व आज भी एक समस्या बना हुआ है। संस्कृत का कोई भी ऐसा कवि नहीं जिसके समय के विषय में इतनी विषमतायें हों। यदि एक पक्ष भास को ई० पू० चौथी सदी में मानता है तो अपर पक्ष ईसा की १० वीं सदी में। इस प्रकार १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। जहाँ तक दसवीं सदी में माननेवालों का प्रश्न है, वे भासनाटकचक्र को उस भास की कृति नहीं मानते जिसका कालिदास, बाणभट्ट आदि ने उल्लेख किया है। इस नाटकचक्र को वे किसी केरलीय कवि या चाक्यारों की सृष्टि मानते हैं।

विभिन्न मतों का सारांश इस प्रकार है :

(१) डाक्टर बार्नेट इस नाटकचक्र के कल्पित भास को सातवीं सदी का केरलीय कवि कहते हैं। उसी समय महेन्द्रवीरविक्रम रचित 'मत्तविलास' प्रहसन (७ वीं सदी) से इन नाटकों की भाषा मिलती-जुलती है। पारिभाषिक शब्दों में भी पूर्ण साम्य है। अधिकांश भरतवाक्यों में प्रयुक्त 'राजसिंह' शब्द केरलीय राजा का वाचक है।

इस तर्क का निरास बड़ा ही सरल है। जब बाण तथा कालिदास ने भास का सातवीं सदी से पूर्व ही उल्लेख कर दिया था तो फिर सातवीं सदी में भास का समय निश्चित करना हास्यास्पद है। यह प्रश्न इससे सम्बन्ध नहीं रखता कि इन नाटकों में प्रक्षेप है। यह सही है कि इन नाटकों में यत्र-तत्र प्रक्षेप की पुष्टि होती है पर, इन प्रक्षेपों से भास की प्राचीनता में कोई बाधा नहीं पड़ती।

(२) डा० ए० पी० बैनर्जी शास्त्री ने भास का समय ईसा की दूसरी सदी के बाद और तीसरी सदी के पूर्व माना है।[1] उनके मत का सारांश इस प्रकार है :

---

१. द्र०, 'दि जर्नल आफ दि बिहार एण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी', खण्ड १, भाग १, मार्च १९२३, पृ० ४९–११३।

(३) डा० लेस्नी, प्रिण्ट्ज तथा सुकथनकर जैसे विद्वानों ने प्राकृत-भाषा की समीक्षा कर इन्हें कालिदास से प्राचीन तथा अश्वघोष से नवीन सिद्ध किया है। भास की प्राकृत-भाषा कालिदास से प्राचीन ठहरती है पर, अश्वघोष की भाषा का समय इससे भी पूर्वतर है। ये विद्वान् कालिदास को ईसा की पाँचवीं सदी में मानते हैं। इस आधार पर वे भास का समय तीसरी सदी में निश्चित करते हैं। एक तो भाषा का आधार ही लचर है क्योंकि लिपिक लोग भाषा लिखते समय पर्याप्त सावधानी नहीं वरतते। दूसरे, भाषा एक तरल पदार्थ है जो बहुत समय तक प्रवाहित होती रहती है। यदि कोई शब्द इस समय प्रचलित है तो वह पहले प्रचलित न रहा होगा, यह नहीं कहा जा सकता।

अब कतिपय अन्तरंग तत्त्वों का समीक्षण कर भास का समय निश्चित करने का प्रयास किया जाता है :

(१) भास के नाटकों का आधार रामायण, महाभारत तथा लोककथायें हैं। उदयन का आख्यान ऐतिहासिक है। उदयन, प्रद्योत तथा दर्शक ६वी सदी ई० पू० के ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। ई० पू० ६वीं सदी में रामायण तथा महाभारत भी मूलरूप में विद्यमान थे अतः भास की उपरितम समय-सीमा ई० पू० छठी सदी ठहरती है।

(२) प्रतिज्ञा, अविमारक तथा स्वप्ननाटक हमें ऐतिहासिक तथ्य दर्शाते हैं। प्रतिज्ञा तथा अविमारक में दो राजाओं की स्मृतियाँ अभी नवीन हैं अतः उस काल के समीप ही लेखक रहा होगा। राजगृह का राजधानी के रूप में वर्णन तथा पाटलिपुत्र का साधारण नगर के रूप में उल्लेख इसे ५वीं सदी के समीप स्थिर करता है।

(३) प्रतिमा नाटक में वर्णित विद्यायें ई० पू० षष्ठ शतक से प्राचीन हैं। मानवीय धर्मशास्त्र (मनुस्मृति का मूलरूप) गौतम-धर्मसूत्र से प्राचीन है क्योंकि गौतम-धर्मसूत्र में इसका उल्लेख हुआ है। गौतम-धर्मसूत्र प्राचीनतम धर्मसूत्र है तथा इसका समय छठी ई० पू० है।[1] बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र का महाभारत में उल्लेख है तथा कौटिल्य ने भी इसे उद्धृत किया है। मेधातिथि का

१. द्र० गौतमधर्मसूत्र, स्टेन्जलर द्वारा सम्पादित, लन्दन १८७८।

न्यायशास्त्र' मनुस्मृति पर मेधातिथि की टीका नहीं है अपितु, प्राचीन न्यायग्रन्थ है। माहेश्वरयोगशास्त्र भी पातञ्जल-योग से प्राचीन है। ये सभी उल्लेख भास को प्राचीन सिद्ध करते हैं।

(४) इन नाटकों में वर्णित सामाजिक दशायें, अर्थशास्त्र तथा नाटकों से सम्बद्ध प्रतीत होती हैं। प्रतिमा में मन्दिर के परिवेश में वालुका डालने का विधान केवल आपस्तम्ब सूत्रों में ही मिलता है, मरे हुये व्यक्तियों को प्रतिमाओं की स्थापना भी शिशुनाग-राजाओं के युग की स्मृति दिलाती है। मथुरा में शिशुनाग-राजाओं की प्रस्तर मूर्तियाँ खोज में मिली हैं।

(५) भरतवाक्यों में उल्लिखित राजसिंह शब्द व्यक्तिवाचक नहीं है। हिमालय से लेकर विन्ध्य तक शासन करनेवाले राजा का संकेत सम्भवतः नन्दवंश की ओर है।

(६) भास की भाषा भी प्राचीन ही प्रतीत होती है और भाषा की दृष्टि से भी इसी समय इनको मानना अयुक्तिक नहीं है।

इन सब बातों का परीक्षण करने पर यही ज्ञात होता है कि भास चतुर्थ तथा पञ्चम सदी ई० पूर्व में हुये थे।

बहिरङ्ग परीक्षण

अन्तरङ्ग परीक्षण से जिन बातों की सिद्धि होती है, बहिरङ्ग परीक्षण उन्हें पुष्ट करता है। बहिरङ्ग परीक्षण से भी भास का समय चौथी-पाँचवीं सदी ई० पू० के भीतर ही प्रतीत होता है। बहिःसाक्ष्य निम्न हैं—

(१) महाकवि कालिदास ने मालविकाग्निमित्र नाटक में सूत्रधार के मुख से भास आदि की कृतियों का इस प्रकार उल्लेख कराया है :

'प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासकृतौ बहुमानः।'

कालिदास के इस उल्लेख से भास निश्चितरूपेण उनसे पूर्ववर्ती ठहरते हैं। कालिदास का समय ई० पू० विक्रम की पहली सदी है अतः भास निश्चित-रूपेण इससे पूर्व हुये थे।

(२) बाण ने (७ वीं सदी) भास के नाटकों का स्पष्ट उल्लेख किया है। अतः बाण से इनकी पूर्ववर्तिता सिद्ध है।

(३) बौद्ध आचार्य दिङ्नाग अपनी 'कुन्दमाला' में दशरथ को पडिमागदो महाराओ (प्रतिमागतो महाराजः) कहते हैं। दशरथ की प्रतिमा का उल्लेख ज्ञात साहित्य में केवल प्रतिमा नाटक में ही है। स्वयं रामायण में यह तथ्य नहीं है। अतः दिङ्नाग को भास का यह नाटक ज्ञात रहा होगा।

(४) कौटिल्य के अर्थशास्त्र (१०।३) में 'तदीह श्लोको भवता' कहकर दो श्लोक उद्धृत हैं। इनमें दूसरा श्लोक प्रतिज्ञा (४।२) में भी मिलता है। वह श्लोक इस प्रकार है :

नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं
सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद्
यो भर्तृपिण्डस्य कृते च युद्ध्येत्॥

कौटिल्य ने यह ग्रन्थ अवश्य ही भास से लिया होगा। यदि किसी स्मृति का होता तो अवश्य ही 'इति स्मृतौ' लिखते।

(५) शूद्रक के मृच्छकटिक का आधार भास का चारुदत्त नाटक ही प्रतीत होता है। दोनों में अन्तर होने पर भी आश्चर्यजनक समानतायें हैं।

(६) वामन (८ वीं सदी) अपने ग्रन्थ काव्यालंकारसूत्रवृत्ति (४।३।२५) में एक पद्य उद्धृत करते हैं जो भास के नाटक स्वप्नवासवदत्तम् (४।३) में मिलता है। पद्य इस प्रकार है :

शरच्चन्द्रांशुगौरेण वाताविद्धेन भामिनि।
काशपुष्पलवेनेदं साश्रुपातं मुखं कृतम्॥

स्वप्न नाटक में केवल 'चन्द्रांशु' के स्थान पर 'शशांक' तथा 'कृतं' के स्थान पर 'मम' पाठ है। वामन ने चारुदत्त (१।२) तथा प्रतिज्ञा (४।२) के पद्यों को भी अपने ग्रन्थ में उद्धृत किया है।

(७) अश्वघोष के बुद्धचरित (१३।६०) में निम्न पद्य है :

काष्ठं हि मथ्नन् लभते हुताशं
भूमिं खनन् विन्दति चापि तोयम्।
निर्बन्धिनः किञ्चन नाप्यसाध्यं
न्यायेन युक्तं च कृतं च सर्वम्॥

इसकी भास के निम्न पद्य से तुलना कीजिये—

काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद्
भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां
मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति॥—प्रतिज्ञा १।१८।

अश्वघोष पर भास का प्रभाव स्पष्ट है।

इस प्रकार बाह्य साक्ष्यों से भास का समय चौथी सदी ई० पू० मानने में कोई विप्रतिपत्ति नहीं पड़ती तथा ये बाह्य साक्ष्य अन्य समयों के मानने का विरोध करते हैं। अतः ई० पू० चतुर्थ शतक तथा पञ्चम शतक के बीच भास का समय मानना युक्तिसंगत प्रतीत होता है।

भास ब्राह्मण थे?—भास के नाटकों से यह स्पष्ट आभास मिलता है कि वे ब्राह्मण थे।[1] ब्राह्मणीय धर्म तथा समाज-व्यवस्था के प्रति उनका महान् *आग्रह; अकुलीनों का तुल्य न होना (अविमारक) आदि तथ्य उन्हें ब्राह्मण* सिद्ध करते हैं। परम्परा से भी विद्या का क्षेत्र ब्राह्मणों के आधिपत्य में ही मुख्यतः था अतः यही सही प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे।

भास का जीवनवृत्त—भास का जीवनवृत्त भी ज्ञात नहीं। कहा जाता है कि एक बार इनके ग्रन्थों की अग्नि-परीक्षा हुई थी। भास के सभी नाटक अग्नि में डाल दिये गये। अग्नि ने सब नाटकों को तो जला दिया पर, स्वप्न नाटक बच गया। इससे यही सिद्ध होता है कि स्वप्न नाटक भास के नाटकों में सर्वश्रेष्ठ है।

भास, उत्तर भारत के निवासी प्रतीत होते हैं। इनके नाटकों में उत्तर भारत के नगर, नदी, पर्वत तथा रीति-रिवाजों का बड़ा ही व्यापक वर्णन है। उज्जयिनी, अयोध्या तथा मथुरा में इनकी वृत्ति विशेष रमी है। अतः यह मालूम पड़ता है कि भास ने इन स्थानों का आँखों-देखा वर्णन किया है। 'हिमवद्-विन्ध्यकुण्डलाम्' स्पष्ट संकेत करता है कि वे उत्तर भारत के निवासी थे। उत्तर भारत की तुलना में भास का दक्षिण भारत का ज्ञान बहुत ही सीमित

---

१. ए० एस० पी० अय्यरकृत 'भास', पृ० ७; यही मत डा० पुसाल्कर का भी है।

प्रतीत होता है। अतः उनका दक्षिण भारत का ज्ञान रामायण तथा महाभारत तक सीमित प्रतीत होता है। रामकथा वर्णित करने पर भी रामेश्वरम् जैसे तीर्थ का अनुल्लेख इस अनुमान की पुष्टि करता है।

भास का राजकुलों से गहरा सम्बन्ध दिखाई पड़ता है। राजप्रासादों, अन्तःपुरों आदि के वर्णन में इन्होंने विशेष रुचि प्रदर्शित की है। अतः हो सकता है किसी राजसभा से इनका सम्बन्ध रहा हो। 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' की उक्ति इसी का समर्थन करती दिखायी पड़ती है। अमात्यों, सेना, द्वन्द्व आदि का वर्णन इनके नाटकों में सर्वत्र दिखाई पड़ता है। राजकुल के अतिरिक्त धनी-मानी नागरजनों से भी इनका सम्पर्क रहा होगा। चारुदत्त नाटक नागर-जनों के जीवन का सच्चा प्रतिनिधि है।

भास के नाटकों के अध्ययन से उनका अनेक शास्त्रों में निष्णात होना लक्षित होता है। वेद, इतिहास-पुराण, लोककथाएँ, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र आदि नाना शास्त्रों का इन्होंने गम्भीर अध्ययन किया था। साहित्यशास्त्र में उनकी निपुणता असन्दिग्ध है। वे स्वभाव से नम्र तथा विनोदप्रिय प्रतीत होते हैं। उनका कौटुम्बिक जीवन भी सुखमय रहा होगा।

भास का धर्म—भास वैष्णवधर्म के अनुयायी हैं। राम तथा कृष्ण के चरितों में उनकी अनुरक्ति इस विषय में प्रमाण है। भक्त वैष्णव होने के साथ-ही-साथ भास वैदिक कर्मकाण्ड में पूर्ण विश्वास रखते थे। गो-ब्राह्मणों में भी उनकी परम अनुरक्ति थी।

भास का देश-काल

भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की देश की परिस्थितियों का सम्यक् पता चल जाता है। भास के नाटकों में बहुत से देशों का उल्लेख है जिनमें अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, सूरसेन, कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तर कुरु, कोशल, विराट, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला (विदेह), अंग, वंग, जनस्थान, दक्षिणापथ तथा लङ्का प्रमुख हैं। इन नामों के उल्लेख से यह स्पष्ट पता चलता है कि भास को दक्षिण भारत के स्थानों का विशेष ज्ञान न था। जो जनस्थान, दक्षिणापथ तथा सिंहल का वर्णन है वह भी रामायण आदि

ग्रन्थों के अध्ययन से ही भास को ज्ञात था। अन्य नामों से यही ज्ञात होता है कि भास उत्तर भारत के क्षेत्रों में ही अधिक रमे थे। पर्वतों में हिमालय, विन्ध्य, महेन्द्र, मलय, त्रिकूट, मेरु, मन्दर, क्रौञ्च, कैलास आदि का उल्लेख है।

भास के नाटकों से उस समय की सामाजिक परिस्थितियों का भी ज्ञान होता है।

वर्ण-व्यवस्था—भास के समय में चातुर्वर्ण्य की व्यवस्था दृढ़ दिखायी पड़ रही है। बौद्धों के प्रबल प्रहार के बाद भी ब्राह्मण वर्ण सर्वोच्च स्थान का अधिकारी था। वे विद्वान्, धार्मिक तथा सत्यवादी माने जाते थे। राजा लोग विशिष्ट ब्राह्मणों का सत्कार करने के लिये आसन से उठ जाया करते थे। ब्राह्मणों के वचनों को लोग सत्य करने का प्रयास करते थे। ब्राह्मणों को विशिष्ट अवसरों पर भोजन कराया जाता था और उन्हें दक्षिणा दी जाती थी। ब्राह्मणों में पुरोहित, तपस्वी तथा विद्वान् हुआ करते थे। कुछ ब्राह्मण अन्य प्रकार की वृत्तियों का आश्रय लेते थे। ब्राह्मणों में कुछ लोग दुष्ट प्रकृति के होते थे और चोरी आदि जैसे कुकृत्य भी करते थे (सज्जलक का चरित्र)।

ब्राह्मणों के बाद श्रेष्ठता क्रम में क्षत्रियों का दूसरा स्थान था। वे युद्धविद्या में कुशल हुआ करते थे। राज्यपद के भी वे ही अधिकारी हुआ करते थे। दान करने में वे संकोच नहीं करते थे। युद्ध से भागना अक्षम्य अपराध था। दुर्बल की बलिष्ठ से रक्षा उनका प्रधान कर्तव्य था। ब्राह्मणों का क्षत्रिय सम्मान करते थे। वैश्य व्यापार में संलग्न रहते थे। शूद्रों का कर्म सेवा था और छोटे पैमाने पर कृषि आदि में भी वे संलग्न रहते थे।

चारों वर्णों के अतिरिक्त वर्णबाह्य चाण्डाल हुआ करते थे। ये जन्मना होते थे तथा कुछ दूसरी जातियों से बहिष्कृत लोग भी इस कोटि में आते थे। ये लोगों की दृष्टि से ओझल रहने का प्रयास करते थे। साधारणतया ये लोग नगर के बाहर रहते थे। अनुक्रोश तथा दया का इनमें अभाव माना जाता था। वर्ण में ये काले होते थे और सुन्दरता का इनमें अभाव होता था।

आश्रम-व्यवस्था—भास के समय में चारों आश्रमों की भी व्यवस्था स्थिर मालूम पड़ती है। प्रारम्भिक आश्रम ब्रह्मचर्य था। लोग ब्रह्मचर्य आश्रम में विद्याध्ययन किया करते थे। उपयुक्त गुरु की खोज में दूर तक चले जाते

थे। उनका जीवन संयमित तथा कठोर होता था। ब्रह्मचर्य के बाद गृहस्थाश्रम में लोग दारपरिग्रह कर सांसारिक जीवन में व्यस्त रहते थे। संन्यासियों के दो वर्ग प्रतीत होते हैं—एक तपस्वी जो तपोवन में रहकर तपस्या करते थे और दूसरे परिव्राजक, जो घूमा करते थे। स्वप्नवासवदत्तम् के प्रथम अङ्क में यह भी ज्ञात होता है कि स्त्रियाँ भी तपस्विनी होकर जंगलों में रहती थीं। मगधराजमाता इसका उदाहरण हैं।

संयुक्त परिवार-प्रथा—भारत में संयुक्त परिवार की प्रथा बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है। भास के समय में भी परिवार संयुक्त ही दिखायी पड़ता है। इसमें कुटुम्ब का ज्येष्ठ व्यक्ति प्रधान होता था। उसकी आज्ञा सर्वोपरि होती थी। पिता यदि पुत्र को मृत्यु के गाल में भी भेज दे तो वह सहर्ष जाने के लिये उद्यत दिखायी पड़ता है। राम का वनवास तथा मध्यम-व्यायोग में मध्यम पुत्र का राक्षसी का आहार बनने के लिये उद्यत होना इसी बात का प्रमाण है।

विवाह-विधि—मनु ने विवाह की आठ विधियाँ बताई हैं :

> ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यास्तथासुरः।
> गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमो मतः॥—३।२१।

भास के नाटकों में इनमें से कई का उल्लेख मिलता है। पद्मावती तथा उदयन का विवाह ब्राह्म कोटि में आता है। अविमारक में काशिराज अपने पुत्र जयवर्मा के लिये कुन्तिभोज की कन्या माँगने के लिये दूत भेजते हैं। अविमारक में कुरंगी तथा अविमारक का विवाह गान्धर्व कोटि में आता है। उदयन तथा वासवदत्ता का विवाह भी इसी कोटि में आता है। यह विवाह राक्षस कोटि में भी आ सकता है क्योंकि वासवदत्ता को उदयन ने उसके माता-पिता के यहाँ से भगाया था। सज्जलक तथा मदनिका का परिणय अनुलोम विवाह के अन्तर्गत आता है।

स्त्रियों का महत्त्व—भास के नाटकों से स्त्रियों के विभिन्न रूपों का पता लगता है। कन्यायें पितृगृह में स्वच्छन्दता से घूम-फिर सकती थीं। वे गीत-वाद्य आदि नाना कलाओं को सीखती थीं। वे सखियों के साथ कन्दुक-क्रीडन भी करती थीं। विवाह के बाद उनका जीवन संकुचित हो जाता था। पर्दा

प्रथा का अस्तित्व भी दिखाई पड़ता है। स्त्रियाँ पतियों की अर्धांगिनी होती थीं तथा पति को उनके भरण और संरक्षण का दायित्व था। स्त्री का कर्तव्य सभी अवस्थाओं में पति का अनुकरण करना था। राजपरिवार की स्त्रियाँ पर्दा-प्रथा का अनुकरण करती थीं।

जन-विश्वास—लोगों का जादू-टोने में विश्वास था। अभिचार के आश्रय से लोग अन्तर्धान या प्रकट हो जाते थे। मन्त्रों के बल से कपाट खुल या बन्द हो जाते थे। ऋषियों का शाप अक्षरशः सत्य माना जाता था। कभी-कभी शाप साक्षात् विग्रह धारण कर लेता था। विपत्तियों को दूर करने के लिये यंत्र-मंत्र का उपयोग होता था। ज्योतिर्विद्या में लोगों का पूर्ण विश्वास था। यौगन्धरायण दैवज्ञों के वचन के अनुसार ही कार्य करता दिखायी पड़ता है। मानव जीवन के साफल्य वा असाफल्य मे दैव का प्रधान हाथ माना जाता था। शान्ति-सम्पन्न करना तथा ब्राह्मणों का भोजन करना प्रचलित था।

मनोरंजन—लोग नाच-गान से मनोरंजन किया करते थे। पर्वों के अतिरिक्त विशिष्ट अवसरों पर साज-सज्जा के साथ महोत्सव मनाये जाते थे। कामदेव महोत्सव या कामदेवानुयान इसी प्रकार का महोत्सव था। यह कामदेव से सम्बद्ध उत्सव था और युवक-युवतियाँ इसमें भाग लेते थे। प्रायेण यह वसन्त ऋतु में मनाया जाता था जब कि प्रकृति अपने पूर्ण यौवन पर रहती है। मल्लविद्या का भी समय-समय पर प्रदर्शन किया जाता था और इसमें दूर-दूर के लोग भाग लेते थे।

नैतिकता—द्यूत तथा गणिकावृत्ति, जिसका आगे उल्लेख किया जायगा, के विपरीत भी नैतिकता का मानदण्ड बहुत ऊँचा था। सत्य के सभी लोग पुजारी प्रतीत होते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने वचन से मुकरना उचित नहीं समझता था। दूसरे की गोपनीय बातों का सुनना भी लोग उचित नहीं समझते थे। हास्य में भी लोग असत्य बोलना उचित नहीं समझते थे।[1] दूसरे की रखी

१. हास्य इत्यादि में असत्य भाषण प्राचीन युग में क्षम्य माना जाता था—

न नर्मयुक्तं वचनं हिनस्ति स्त्रीषु राजन्नविवाहकाले।
प्राणात्यये सर्वधनापहारे पंचानृतान्याहुरपातकानि॥

हुई वस्तु (न्यास) की लोग पूर्णतः रक्षा करते थे। दान देने में लोग अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते थे। चारित्रिक स्तर लोगों का बहुत ऊँचा था।

द्यूत—भास के समय द्यूत कोई अनुचित व्यवहार नहीं माना जाता था या कम-से-कम शिष्टजनानुमोदित था। चारुदत्त में इस विद्या का विशेष महत्त्व दिखायी पड़ता है। संवाहक द्यूत में ही हारकर वसन्तसेना के घर में प्रविष्ट होता है। चारुदत्त भी वसन्तसेना का आभूषण चोरी जाने पर यही कहकर विदूषक को वसन्तसेना के पास भेजता है कि वह जाकर कहे कि उसका आभूषण वह द्यूत में हार गया। इससे यही व्यञ्जित होता है कि चारुदत्त द्यूत खेलता था।

वेश्यावृत्ति—समाज में वेश्यावृत्ति का भी अस्तित्व दिखायी पड़ता है। यद्यपि उनमें कुछ शिष्ट भी होती थीं पर, सामान्यतया लोग उन्हें बाजारू वस्तु समझते थे जिसे जो चाहे पैसा देकर खरीद ले।[1] सामान्य स्त्रियों की अपेक्षा पण्यस्त्रियाँ कलाओं में दक्ष हुआ करती थीं। कलाओं की उन्हें विशेष रूप से शिक्षा दी जाती थी। वेश्याओं में कुछ ऊँचे चरित्र की भी हुआ करती थीं और केवल गुणियों पर ही रीझा करती थीं। वसन्तसेना इसी का उदाहरण है। वह राजश्यालक के आमन्त्रण को ठुकरा देती है और दरिद्र किंतु गुणी चारुदत्त को अंगीकार करती है।

चौर्य—भास के समय में चौर्यवृत्ति का भी पता चलता है। चोरी करने की कला में चोर निष्णात हुआ करते थे। वे रात में घर की दीवाल को काटकर घर में प्रविष्ट होते थे। जल रहे दीपक को बुझाने के लिये भ्रमरों का उपयोग करते थे। भ्रमर पेटिका से निकाले जाने पर सीधे दीपक की लपट पर जाकर बैठता था और अपने प्राण गवाँकर दीपक को बुझा देता था। चोरी करनेवाले बलिष्ठ शरीर के होते थे।

दासप्रथा—दासप्रथा के भी संकेत मिलते हैं। मूल्य देकर आदमी खरीद लिये जाते थे और वे तब तक सेवा करते थे जब तक मूल्य लौटा न दिया जाय। वसन्तसेना की दासी मदनिका क्रीत ही थी। उसी को मुक्त कराने के लिये उसका प्रेमी सज्जलक चोरी करता है।

---

१. द्र० चारुदत्त, अङ्क २।

बहु-विवाह—भास के समय में बहु-विवाह की प्रथा प्रचलित थी। लोग एक से अधिक विवाह करते थे। बहु-विवाह की प्रथा प्रायः धनिकों या राजाओं में थी।

गुप्तचर—राजा लोग दूसरे राजाओं तथा कवियों के क्रियाकलापों का अवलोकन किया करते थे। इस काम के लिये वे गुप्तचरों का उपयोग करते थे। विशेष आशङ्का होने पर या आवश्यकता पड़ने पर गुप्तचरों के जाल बिछ जाते थे। गुप्तचरों को राजाओं की आँख कहा जाता था। गुप्तचर नाना वेशों को धारण कर घूमते थे और शत्रु के नगर में नाना प्रकार की नौकरियों में लग जाते थे। उदयन के महासेन प्रद्योत के यहाँ बन्दी बनाये जाने पर यौगन्धरायण ने अवन्ती में गुप्तचरों का जाल बिछा दिया। अविमारक में कुन्तिभोज चरों के द्वारा ही सौवीरराज के राज्य का समाचार ज्ञात करता है। कभी-कभी गुप्तचर विभाग असफल भी हो जाया करता था। उदयन को जब छल से प्रद्योत ने बन्दी बनाया तब यही अवस्था थी।

राजसैन्य और युद्ध—सेनाओं को विभिन्न प्रकार से सज्जित रखा जाता था। युद्ध की सेना में गज, अश्व, रथ तथा पैदल सिपाही सम्मिलित थे। राजा, अमात्य तथा सहायक सभी युद्ध में सम्मिलित होते थे।

प्राचीन काल में हाथियों का युद्ध में प्राधान्य रहता था। एक विशिष्ट प्रकार का हस्ती चक्रवर्ती चिह्न से युक्त होता था जिसको प्राप्त कर राजा चक्रवर्ती बनने की आशा करते थे। हाथियों का नाना प्रकार से शृङ्गार किया जाता था तथा उसे प्राप्त करने के लिए भी प्रयत्न किये जाते थे। राजा उदयन वीणा बजाकर हाथियों को वश में करने की कला का आचार्य था। हाथियों के बाद रथों का महत्त्व है। रथ का सारथि रथ-कला में विशेष निपुण होता था जो आवश्यकता पड़ने पर रथ को रोक तथा घुमा सकता था। रथों पर विशिष्ट व्यक्तियों के विशेष ध्वज हुआ करते थे। घोड़ों का रथों के बाद महत्त्व आता है। कम्बोज देश के घोड़े विशेष प्रसिद्ध थे। पैदल सेना भी युद्ध में काम आती थी। सभी सैनिक कवचों तथा अस्त्र-शस्त्रों में सुसज्जित रहते थे। अस्त्र-शस्त्रों में धनुष-बाण का विशेष प्राधान्य था। मुसल, मुद्गर, गदा, त्रिशूल, चक्र, शक्ति, रिष्टि, खड्ग इत्यादि का भी इन नाटकों में निर्देश है।

युद्धोद्धत सैनिक प्राण छूटने तक स्वामी के नमक का प्रतिफल चुकाने का प्रयास करते थे। एक ओर तो वे स्वामी के अनुराग में अनुरक्त होने के कारण प्राणों का मोह छोड़कर युद्ध करते थे, दूसरी ओर धर्मभावना भी उन्हें युद्ध से पराङ्मुख होने से रोकती थी। धर्मभावना का प्रतिज्ञायौगन्धरायण में बड़ा ही सुन्दर उल्लेख है—

नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत् ॥–४।२।

यही प्रमुख मनोवृत्ति थी, जिसके कारण सैनिक कभी पराङ्मुख नहीं होते थे।

वास्तु-कला—भास के समय में वास्तु-कला भी बड़े ऊँचे दर्जे की थी। महलों का निर्माण बड़े ठाठ बाट से होता था। ये महल समृद्धि के द्योतक थे। चारुदत्त के प्रासाद को देखकर ही सज्जलक उसमें प्रविष्ट हुआ था। राजमहल का निर्माण विशेष प्रकार से होता था। महल के अन्दर ही उद्यान, वापी तथा क्रीड़ास्थल बने होते थे। प्रासाद के भीतर ही राजकुमारियाँ अपना मनोविनोद किया करती थीं। प्रासादों की वापिकाओं में कमल का पुष्प खिला रहता था। राजकुमारियाँ कमलिनी-पत्र का उपयोग दाह-शान्ति के लिये किया करती थीं।

देव-मन्दिरों का निर्माण भी पर्याप्त संख्या में होता था। समय-समय पर राजा आदि देव-मन्दिरों में दर्शन के लिये जाया करते थे। इस समय के मूर्तिकार विशेष कुशल प्रतीत होते थे। वे व्यक्तियों की प्रतिमा का निर्माण करते थे। प्रतिमा नाटक में रघुवंशी राजाओं की प्रतिमा का उल्लेख इसी तथ्य को दर्शाता है। विशिष्ट अवसरों पर इन मूर्तियों का श्रृङ्गार किया जाता था।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भास के नाटकों में तत्काली समाज का सम्यक् चित्रण किया गया है। यहाँ संक्षेप में इसका उल्लेख किया गया है। धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक—सभी दशाओं का इन नाटकों के अध्ययन से पता चल जाता है।

भास का परवर्ती कवियों पर प्रभाव

भास अपने युग के महान् साहित्यकार थे जिनकी अमर कृतियों की छाया परवर्ती कवियों पर पड़ी। संस्कृत के परवर्ती नाटककार जाने-अनजाने भास की

कृतियों से प्रभावित होते रहे। यह बात इसकी कृतियों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट हो जाती है।

कालिदास पर भास का प्रभाव दिखाई पड़ता है। विक्रमोर्वशी की उनकी प्रस्तावना से यह स्पष्ट है कि भास के नाटक उस समय बहुत ही प्रसिद्ध थे। उनका व्यापक प्रचलन था। अतः यह स्वाभाविक है कि भास की कृतियों का उन पर प्रभाव पड़े। इसी प्रभाववश कालिदास के ग्रंथों में समान भाववाले पद्य मिलते हैं। यहाँ यह भी स्मरण रखना चाहिये कि कालिदास की काव्य-प्रतिभा इतनी समुन्नत थी कि वे दूसरे के भावों को परिवर्तित कर देते थे या उसमें और परिष्कार कर देते थे। अतः स्पष्ट साम्य दिखाना सम्भव नहीं। पर घटनाओं, विचारों, परिस्थितियों आदि के मूलतत्त्व दोनों में समानरूप से मिल सकते हैं।

शाकुन्तल में दुष्यन्त, आश्रमवासी तपस्वियों को किसी प्रकार कष्ट न देने का आदेश देते हैं। इसी प्रकार की बात स्वप्न नाटक के प्रथम अङ्क में पद्मावती का कांचुकीय भी कहता है। दोनों नाटकों में आश्रम का वर्णन भी समान है। शकुन्तला में जहाँ दुर्वासा का शाप है वहाँ अविमारक में चण्डभार्गव का। क्रोधी दोनों समानरूप से हैं।

शूद्रक पर भास का प्रभाव स्पष्ट है। उन्होंने अपने मृच्छकटिक नाटक की योजना भास के चारुदत्त के आधार पर की है। उन्होंने न केवल पात्र, कथानक और घटनाओं को ही लिया है अपितु, उचित परिष्कार तथा दोषों के परिहार के साथ वाक्यों को भी लिया है। भास का भवभूति पर भी प्रभाव दिखायी पड़ता है। मालतीमाधव नाटक में उन्होंने अविमारक से प्रेरणा ग्रहण की है। दोनों नाटकों का आधार लोककथा है। प्रकृति-वर्णन दोनों में समान शैली में हुआ है। जहाँ अविमारक में हाथी का उत्पात है वहाँ मालती-माधव में व्याघ्र का। अविमारक में उसका जीवन विद्याधर के द्वारा रक्षित हुआ है और मालती-माधव में योगिनी के द्वारा। दण्डक छन्द का प्रयोग भी दोनों में हुआ है।

विशाखदत्त का मुद्राराक्षस नाटक ऐतिहासिक तथा राजनीतिक नाटक है। इस नाटक पर प्रतिज्ञायौगन्धरायण का प्रभाव लक्षित होता है। मुद्राराक्षस के

चाणक्य में प्रतिज्ञा के यौगन्धरायण जैसे गुण हैं। हर्ष के नागानन्द, रत्नावली और प्रियदर्शिका पर भी भास का प्रभाव देखा जा सकता है। प्रियदर्शिका (अङ्क २) में अगत्स्यपूजा, अविमारक (अङ्क ४) के आधार पर है। वेणीसंहार तथा पञ्चरात्र के पात्रों के स्वभाव में साम्य है। प्रबोधचन्द्रोदय में सूक्ष्म मनोभाव पात्र रूप में आये हैं जो बालचरित के शापादि के पात्रत्व-कल्पना से साम्य रखता है। केरल के नाटकों पर भी भास का प्रभाव दिखायी पड़ता है। भास के उदयन आख्यान ने वीणावासवदत्ता, उन्मादवासवदत्ता, तापसवत्सराजचरित आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार पाया है।

—:०:—

पंचम परिच्छेद

भास के दोष

परन्तु इन गुणों के विपरीत भास में कुछ दोष भी हैं जो दर्शक का ध्यान बरबस आकृष्ट कर लेते हैं। कुछ लोगों ने विचार प्रकट किया है कि बहु-विवाह का समर्थन, ब्राह्मणीय महत्ता का प्रतिपादन तथा वर्णाश्रम धर्म का गुणगान अनुचित है। परन्तु इस आलोचना में कोई सार नहीं प्रतीत होता। भास उस सभ्यता तथा संस्कृति की उद्भूति थे जो ब्राह्मणीय धर्म-व्यवस्था में पूर्ण विश्वास करती थी। उस सभ्यता तथा संस्कृति के लिये ये सर्वोच्च आदर्श थे। इस कारण भास को इनके लिये उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। उस वैदिक संस्कृति का ही यह प्रभाव है कि मध्यमव्यायोग में भास पिता-माता के द्वारा मध्यम पुत्र के त्याग का संकेत करते हैं। स्पष्टतः यह वैदिकी कथा (शुनःशेप) का प्रभाव है। अतः भास को इनके लिये दोषी ठहराना ऐतिहासिक भूल होगी।

इन सामाजिक चित्रणों को छोड़कर कुछ नाटकीय त्रुटियाँ हैं जिनका परिहार कठिन है। ये त्रुटियाँ ऐसी हैं जिनकी जिम्मेदारी भास पर ठहरती है। सबसे प्रमुख दोष यह है कि भास, काल की अन्विति पर ध्यान नहीं देते। घटनाओं में दीर्घकालीन समय बिखरा रहता है। कालान्विति का अभाव स्वप्न नाटक, चारुदत्त, बालचरित, अभिषेक आदि नाटकों में देखा जा सकता है। बालचरित नाटक में जब वसुदेव नन्दगोप को बालक देकर लौटने का उद्योग करते हैं उस समय प्रभात समीप रहता है (वयस्य प्रभाता रजनी—अङ्क १) पर, जब वे गोकुल से मथुरा लौटते हैं तो भी घना अन्धकार ही रहता है और लोग सोये रहते हैं। यदि वहाँ प्रभात का उल्लेख नहीं होता तो नाटकीय व्यवस्था में कोई अन्तर नहीं पड़ता।

नाटकों में कञ्चुकीय, धात्री और चेटी आदि का प्रवेश बड़ी शीघ्रता से

होता है। यद्यपि नाटककार कथानक में तीव्रता लाने के लिये ही ऐसा करता है पर, इनका आधिक्य इनकी वास्तविकता में सन्देह उत्पन्न कर देता है।

आकाशभाषित का अस्तित्व भी निरापद नहीं। यद्यपि आकाशभाषित रङ्गमञ्च की दृष्टि से निरर्थक विस्तार को कम करनेवाले तथा इस रूप में उपयोगी भी होते हैं, पर वास्तविकता से इनका सम्बन्ध छूट जाता है और इस रूप में अपनी प्रभावशालिता खो बैठते हैं।

ऐसे पात्रों का बोलना जो रङ्गमञ्च पर नहीं है पर बोल रहे हैं, अस्वाभाविक लगता है। उदाहरण के लिए प्रतिज्ञा नाटिका में भट को पता लगता है कि उदयन वासवदत्ता को लेकर भाग गया। यह सूचना उसे ऐसे व्यक्ति से मिलती है जो रङ्गमञ्च पर नहीं है। वही उसे युद्ध प्रारम्भ होने की भी सूचना देता है। भास के नाटकों में ऐसे कई स्थल मिलते हैं।

भास के नाटकों में कुछ उपमायें तथा रूपक परम्परागत प्रतीत होते हैं और कई बार उनका पिष्टपेषण मात्र हुआ है। उपमायें भी प्रसिद्ध ही दिखायी पड़ती हैं। इसके अतिरिक्त दक्षिण भारत के प्रदेशों के चित्रण में भास अत्यंत संकुचित दिखायी पड़ते हैं। यही प्रतीत होता है कि दक्षिण भारत का उनका ज्ञान प्रसिद्ध ग्रंथों पर ही आधृत है।

परंतु ये दोष बहुत ही साधारण हैं तथा भास के महत्त्व में किसी प्रकार की कमी नहीं करते। भास संस्कृत-नाट्य-साहित्य के ऐसे जाज्वल्यमान नक्षत्र हैं जिनकी ज्योति काल तथा देश से परे है। ये दोष तो मात्र उनके महत्त्व को दर्शाते हैं—एको हि दोषो गुणसंनिपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः॥

—※—

भासनाटक-सुभाषितानि

(१) दूतवाक्यगतम्—

१. राज्यं नाम नृपात्मजैः सहृदयैर्जित्वा रिपून् भुज्यते ।
तल्लोके न तु याच्यते न तु पुनर्दीनाय वा दीयते ॥–१।२४ ।

(२) कर्णभारगतानि—

१. हतोऽपि लभते स्वर्गं जित्वा तु लभते यशः ।
उभे बहुमते लोके नास्ति निष्फलता रणे ॥–१।१२ ।

२. धर्मो हि यत्नैः पुरुषेण साध्यो
भुजङ्गजिह्वा चपला नृपश्रियः ।
तस्मात् प्रजापालनमात्रबुद्ध्या
हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते ॥–१।१७ ।

३. शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात्
सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति
हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥–१।२२ ।

(३) दूतघटोत्कचगतम्—

१. को हि संनिहितशार्दूलां गुहां धर्षयितुं समर्थः ।
(पृ० ११, चौखम्बा प्रकाशन)

(४) मध्यमव्यायोगगतानि—

१. जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम् ॥–१।६।
२. वनं निवासाभिमतं मनस्विनाम् ॥–१।१० ।
३. ज्येष्ठो भ्राता पितृसमः कथितो ब्रह्मवादिभिः ॥–१।१८ ।
४. आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते ॥–१।१६ ।
५. माता किल मनुष्याणां देवतानां च दैवतम् ॥–१।३७ ।

(५) पञ्चरात्रगतानि—

१. एतदग्नेर्बलं नष्टमिन्धनानां परिक्षयात् ।
दानशक्तेरिवार्यस्य विभवानां परिक्षयात् ॥–१।१७ ।

२. अतीत्य बन्धूनवलंघ्य मित्रा-
ण्याचार्यमागच्छति शिष्यदोषः ।
बालं ह्यपत्यं गुरवे प्रदातु-
र्नैवापराधोऽस्ति पितुर्न मातुः ॥–१।२१ ।

३. बाणाधीना क्षत्रियाणां समृद्धिः
पुत्रापेक्षी वञ्च्यते सन्निधाता ।
विप्रोत्सङ्गे वित्तमावर्ज्य सर्वं,
राज्ञा देयं चापमात्रं सुतेभ्यः ॥–१।२४ ।

४. भेदाः परम्परगता हि महाकुलानां
धर्माधिकारवचनेषु शमीभवन्ति ॥–१।४१ ।

५. रणशिरसि गवार्थे नास्ति मोक्षः प्रयत्नो
निधनमपि यशः स्यान्मोक्षयित्वा तु धर्मः ॥–२।५ ।

६. एकोदकत्वं खलु नाम लोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि ॥–२।६ ।

७. अकारणं रूपमकारणं कुलं ।
महत्सु नीचेषु च कर्म शोभते ॥–२।३३ ।

८. मिथ्या प्रशंसा खलु नाम कष्टा ।–२।६० ।

९. सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः ॥–३।४ ।

१०. मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति ॥–३।२१ ।

(६) ऊरुभङ्गगतानि—

१. नमस्कृत्य वदामि त्वां यदि पुण्यं मया कृतम् ।
अन्यस्यामपि जात्यां मे त्वमेव जननी भव ॥–१।५९ ।

२. मानशरीरा राजानः । (पृ० ५४ : चौखम्बा प्रकाशन)

३. सज्जनवनानि तपोवनानि ।–१।६६ ।

(७) अभिषेकनाटकगतानि—

१. मज्जमानमकार्येषु पुरुषं विषयेषु वै ।
निवारयति यो राजन् ! स मित्रं रिपुरन्यथा ॥–६।२२ ।

(८) बालचरितगतानि—

१. स्मरताऽपि भयं राजा भयं न स्मरताऽपि वा ।
उभाभ्यामपि गन्तव्यो भयादप्यभयादपि ॥–२।१३ ।

२. दारिकासु स्त्रीणामधिकतरः स्नेहो भवति ॥
(पृ० ४४ : चौखम्बा प्रकाशन)

(९) अविमारकगतानि—

१. कन्या पितुर्हि सततं बहु चिन्तनीयम् ॥–१।२ ।

२. विवाहा नाम बहुशः परीक्ष्य कर्तव्या भवन्ति—
जामातृसम्पत्तिमचिन्तयित्वा
पित्रा तु दत्ता स्वमनोऽभिलाषात् ।
कुलद्वयं हन्ति मदेन नारी
कूलद्वयं क्षुब्धजला नदीव ॥–१।३ ।

३. छन्ना भवन्ति भुवि सत्पुरुषाः कथञ्चित्
स्वैः कारणैर्गुरुजनैश्च नियम्यमानाः ।

भूयः परव्यसनमेत्य विनोक्तुकामा
विस्मृत्य पूर्वनियमं विवृता भवन्ति ॥–१।६ ।

४. न तत्र कर्त्तव्यमिहास्ति लोके
कन्यापितृत्वं वहु वन्दनीयम् ।
सर्वे नरेन्द्रा हि नरेन्द्रकन्यां
मल्लाः पताकामिव तर्कयन्ति ॥–१।६ ।

५. महद्भारो राज्यं नाम—
धर्मः प्रागेव चिन्त्यः सचिवमतिगतिः प्रेक्षितव्या स्वबुद्ध्या
प्रच्छाद्यौ रागरोषौ मृदुपरुषगुणौ कालयोगेन कार्यौ ।
ज्ञेयं लोकानुवृत्तं परचरनयनैर्मण्डलं प्रेक्षितव्यं
रक्ष्यो यत्नादिहात्मा रणशिरसि पुनः सोऽपि नावेक्षितव्यः ॥–१।१२ ।

६. मनश्च तावदस्मदिच्छया न प्रवर्तते । इह हि—
प्रतिषिद्धं प्रयत्नेन क्षणमात्रं न वीक्षते ।
चिराभ्यस्तपथं याति शास्त्रं दुर्गुणितं यथा ॥–३।४ ।

७. हस्तिहस्तचञ्चलानि पुरुषभाग्यानि भवन्ति ।
(पृ० ४७ : चौखम्बा प्रकाशन)

८. एकः परगृहं गच्छेद् द्वितीयेन तु मंत्रयेत् ।
बहुभिः समरं कुर्यादित्ययं शास्त्रनिर्णयः ॥–२।१० ।

९. यत्ने कृते यदि न सिध्यति कोऽत्र दोषः
को वा न सिध्यति ममेति करोति कार्यम् ।
यत्नैः शुभैः पुरुषता भवतीह नृणां
दैवं विधानमनुगच्छति कार्यसिद्धिः ॥–३।१२ ।

(१०) प्रतिमानाटकगतानि—

१. शरीरेऽरिः प्रहरति हृदये स्वजनस्तथा ॥–१।१२ ।

२. अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा
पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च ।

त्यजति न च करेणुः पङ्कलग्नं गजेन्द्रं
व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः ॥–१।२५ ।

३. निर्दोषदृश्या हि भवन्ति नार्यो यज्ञे विवाहे व्यसने वने च ॥
–१।२६ ।

४. बहुदोषाण्यरण्यानि '–२।१५ ।

५. गोपहीना यथा गावो विलयं यान्त्यपालिताः ।
एवं नृपतिहीना हि विलयं यान्ति वै प्रजाः ॥–३।२३ ।

६. सुपुरुषपुरुषाणां मातृदोषो न दोषो ॥–४।२१ ।

७. कुतः क्रोधो विनीतानां लज्जा वा कृतचेतसाम् ॥–६।६ ।

(११) प्रतिज्ञायौगन्धरायणगतानि—

१. सर्वं हि सैन्यमनुरागमृते कलत्रम् ॥–१।४ ।

२. परचक्रैरनाक्रान्ता धर्मसङ्करवर्जिता ।
भूमिर्भर्तारमापन्नं रक्षिता परिरक्षति ॥–१।६ ।

३. काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद्
भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति ।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां
मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति ॥–१।१८ ।

४. कन्याया वरसम्पत्तिः पितुः प्रायः प्रयत्नतः ।
भाग्येषु शेषमायत्तं दृष्टपूर्वं न चान्यथा ॥–२।५ ।

५. अदत्तेत्यागता लज्जा दत्तेति व्यथितं मनः ।
धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता दुःखिताः खलु मातरः ॥–२।७ ।

६. व्यवहारेष्वसाध्यानां लोके वा प्रतिरज्यताम् ।
प्रभाते दृष्टदोषाणां वैरिणां रजनी भयम् ॥–३।३ ।

७. नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं
सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम् ।

तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद्
यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत् ।।–४।२ ।

(१२) स्वप्नवासवदत्तगतानि—

१. कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना
चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः ।–१।४ ।

२. प्रद्वेषो बहुमानो वा संकल्पादुपजायते ।–१।७ ।

३. सुखमर्थो भवेद् दातुं सुखं प्राणाः सुखं तपः ।
सुखमन्यद् भवेत् सर्वं दुःखं न्यासस्य रक्षणम् ।।–१।१० ।

४. तस्मिन् सर्वमधीनं हि यत्राधीनं नराधिपः ।–१।१५ ।

५. दुःखं त्यक्तुं बद्धमूलोऽनुरागः
स्मृत्वा स्मृत्वा याति दुःखं नवत्वम् ।
यात्रा त्वेषा यद् विमुच्येह बाष्पं
प्राप्ताऽनृण्यं याति बुद्धिः प्रसादम् ।।–४।६ ।

६. कामं धीरस्वभावेयं स्त्रीस्वभावस्तु कातरः ।–४।८ ।

७. गुणानां वा विशालानां सत्काराणां च नित्यशः ।
कर्तारः सुलभा लोके विज्ञातारस्तु दुर्लभा ।।–४।९ ।

८. कातरा येऽप्यशक्ता वा नोत्साहस्तेषु जायते ।
प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते ।।–६।७ ।

९. कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले
रज्जुच्छेदे के घटं धारयन्ति ।
एवं लोकस्तुल्यधर्मो वनानां
काले काले छिद्यते रुह्यते च ।।–६।१० ।

१०. परस्परगतालोके दृश्यते तुल्यरूपता ।।–६।१४ ।

(१३) चारुदत्तगतानि—

१. सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते
    यथान्धकारादिव दीपदर्शनम् ।
सुखात् यो याति दशां दरिद्रतां
    स्थितः शरीरेण मृतः स जीवति ॥—१।१३ ।

२. दारिद्र्यात् पुरुषस्य बान्धवजनो वाक्ये न सन्तिष्ठते
    सत्त्वं ह्रास्यमुपैति शीलशशिनः कान्तिः परिम्लायते ।
निर्वैरा विमुखीभवन्ति सुहृदः स्फीता भवन्त्यापदः
    पापं कर्म च यत्परैरपि कृतं तत्तस्य सम्भाव्यते ॥—१।१६ ।

३. जनयति खलु शेषं प्रश्रयो भिद्यमानः ॥—१।१४ ।

४. स्वैर्दोषैर्भवति हि शङ्कितो मनुष्यः ॥—४।६ ।

—:०:—

नाटकीयवस्तुलक्षणानि

प्रकरणम्—

भवेत् प्रकरणं वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम् ।
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक् ॥

नान्दी—

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥
माङ्गल्यशङ्खचन्द्राब्जकोककैरवशंसिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ॥

सूत्रधारः—

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुनः ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इहोदितः ॥

प्रयोगातिशयः—

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तदा ॥

नेपथ्यम्—

कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते ।

प्रस्तावना—

सूत्रधारो नटीं ब्रूते मारिषं वा विदूषकम् ।
स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत् तदामुखम् ॥

अङ्कः—

(क) अङ्क इति रूढशब्दो भावैश्च रसैश्च रोहयत्यर्थान् ।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्माद् भवेदङ्कः ॥

(ख) यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च बीजस्य भवति संहारः ।
किञ्चिदवलग्नबिन्दुः सोऽङ्क इति सदावगन्तव्यः ॥

विष्कम्भकः—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ॥

स्वगतम्—

अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम् ।

प्रकाशम्—

सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात् ।

नायकः—

त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही ।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान् नेता ॥

—:o:—

भास की प्रशस्तियाँ

(१)

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ।।

—बाणभट्ट : हर्षचरित, १।१५ ।

(२)

भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ।।

—राजशेखर ।

(३)

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ।।

—दण्डी : अवन्तिसुन्दरी, ११ ।

(४)

भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अ जस्स रहुआरे ।
सो बन्धवे अ बन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दो ।।
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हारिचन्द्रे च आनन्दे ।।]

—गउडवहो ।

(५)

भासो हासोः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।

जयदेव : प्रसन्नराघव ।

(६)

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।

—कालिदास : मालविकाग्निमित्र ।

—:०:—

भासनाटकचक्रे

दूतवाक्यम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

सूत्रधारः—

पादः पायादुपेन्द्रस्य सर्वलोकोत्सवः स वः ।
व्याविद्धो नमुचिर्येन तनुताम्रनखेन खे ॥ १ ॥

निर्विघ्नसमाप्तिं चिकीर्षुः महाकविर्भासः दूतवाक्याभिधानं नाटकं विघ्नविघाताय सूत्रधारद्वारा मंगलाचरणं सूचयन् उपेन्द्रचरणं प्रस्तौति—पादेति । सर्वलोकोत्सवः-सर्वेषां लोकानामुत्सवः येन = अशेषभुवनमंगलदात्रा उपेन्द्रस्य = इन्द्रावरजस्य (उपेन्द्र इन्द्रावरजश्चक्रपाणिश्चतुर्भुजः । अमरः ।) विष्णोरित्यर्थः । सः = प्रसिद्धः पादः = अङ्घ्रिः (पदङ्घ्रिश्चरणोऽस्त्रियाम् । अमरः ।) वः = युष्मान् सामाजिकान् दर्शकांश्च पायात् = रक्षेत् (रक्षणार्थक पा + विधिलिङि प्रथमैकवचने) तनुताम्रनखेन—तनुताम्राणि नखानि यस्य तेन = अल्परक्तनखेन येन = पादेन खे = आकाशे नमुचिः = एतन्नामको राक्षसः न मुञ्चतीति नमुचिः अत्र 'नभ्राण्नपाद्' इति शासनेन नस्य प्रकृतिभावे व्याविद्धः = प्रक्षिप्तः । 'सर्वलोको-

---

(नान्दीपाठ के बाद सूत्रधार आता है ।)

सूत्रधार—सारे संसार को आनन्द देने वाला भगवान् विष्णु का वह चरण आप लोगों की रक्षा करे जिसने अपने पैने तथा लाल नखों से नमुचि नामक दैत्य को आकाश में वेध डाला था ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग! पश्यामि।

(नेपथ्ये)

भो भोः प्रतिहाराधिकृताः! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति।

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम्।

उत्पन्ने धार्तराष्ट्राणां विरोधे पाण्डवैः सह
मन्त्रशालां रचयति भृत्यो दुर्योधनाज्ञया ॥ २ ॥

रसवः र वः' इत्यत्र छेकानुप्रासः। अनुष्टुप्वृत्तम् तल्लक्षणं यथा—

पञ्चमं लघु सर्वत्र सप्तमं द्विचतुर्थयोः।
गुरु षष्ठं च पादानां चतुर्णां स्यादनुष्टुभिः ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि—आर्याः = कुलशीलदयाधर्मसत्यादिसद्गुणसम्पन्नाः सभ्याः ते च ते मिश्राः = पूज्यास्तान् = श्रेष्ठसामाजिकान् एवम् = अनेन प्रकारेण (अहं) विज्ञापयामि = निवेदयामि।

नेपथ्यशब्दान्विज्ञाय तानेव सूत्रधारः स्पष्टयति—उत्पन्नेति।

धार्तराष्ट्राणां—धृतराष्ट्रे जाताः धार्तराष्ट्राः तेषां = धृतराष्ट्रपुत्राणां दुर्योधनादीनां पाण्डवैः—पाण्डौ जाताः तैः = युधिष्ठिरादिभिः सह = साकं विरोधे = वैरे उत्पन्ने = प्रादुर्भूते सति दुर्योधनाज्ञया—दुःखेन युद्धयत इति दुर्योधनः तस्य आज्ञा तया = कौरवज्येष्ठादेशेन भृत्यः = सेवकः (भरतीति भृत्यः।) मंत्रशालां-मंत्रस्यशाला ताम् = विचारगृहं सभास्थानमिति यावत् रचयति = निर्मापयति। अत्राप्यनुष्टुप्छन्दः ॥ २ ॥

इस प्रकार (अब) मैं आप महानुभावों को बतलाता हूँ। अरे मुझ सूचना देने में व्यग्र (सूत्रधार) को यह कैसा शब्द सुनाई पड़ रहा है? अच्छा देखता हूँ!

(नेपथ्य में)

हे हे द्वाररक्षाधिकारियो! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहे हैं।

सूत्रधार—अच्छा, समझा।

धृतराष्ट्र के वंश में उत्पन्न होने वाले दुर्योधनादि से और पाण्डुवंश में उत्पन्न होने वाले युधिष्ठिरादि से विरोध उत्पन्न होने पर दुर्योधन की आज्ञा से उनके सेवक सभागृह का निर्माण कर रहे हैं ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

स्थापना

(ततः प्रविशति काञ्चुकीयः ।)

काञ्चुकीयः—भो भोः प्रतिहाराधिकृताः ! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति—अद्य सर्वपार्थिवैः सह मन्त्रयितुमिच्छामि । तदाहूयन्तां सर्वे राजान इति । (परिक्रम्यावलोक्य) अये अयं महाराजो दुर्योधन इत एवाभिवर्तते । य एषः,

श्यामो युवा सितदुकूलकृतोत्तरीयः
सच्छत्रचामरवरो रचिताङ्गरागः ।
श्रीमान् विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गो

प्रतिहाराधिकृताः = द्वाररक्षाधिकारिणः ।

दुर्योधनं विशिनष्टि दूतः—श्यामो युवा इति ।

एषः = दुर्योधनः श्यामः = श्यामवर्णः युवा = तरुणः सितदुकूलकृतोत्तरीयः—सितेन=शुभ्रेण तद्दुकूलेन=क्षौमेण (क्षौमं दुकूलं स्यादित्यमरः ।) कृतं=विहितम् उत्तरीयं=प्रावारः (द्वौ प्रावारोत्तरासङ्गौ समौ बृहतिका तथा । संव्यानमुत्तरीयं चेत्यमरः।) येन स तथोक्तः सच्छत्रचामरवरः—सत् समीचीनं छत्रं चामरवरश्च यस्मिन् सः= शोभनच्छत्रव्यजनवरः रचिताङ्गरागः—रचितः अंगेषु रागः येन सः=विहिताङ्गानुलेपनः श्रीमान्—श्रीः = अस्ति अस्य श्रीमान् शोभायुक्तः लक्ष्मीयुक्तो वा विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गः—विभूषणाय मणयः तेषां द्युतयः ताभिः रञ्जितानि अङ्गानि यस्य

(चला जाता है ।)

स्थापना

(तब कन्चुकी आता है ।)

कन्चुकी—हे हे द्वाररक्षको ! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहे हैं—आज अपने सभासदों के साथ मन्त्रणा करना चाहता हूँ । तो सब राजाओं को पुकारो । (मुड़कर देखकर) अरे यह महाराज दुर्योधन इधर ही आ रहे हैं । यह जो—

साँवला, युवक और श्वेत वस्त्र का उत्तरीय धारण किया हुआ (दुर्योधन) छत्र, चामरश्रेष्ठ तथा शरीर में अङ्गरागादि लगाकर शोभित हो रहा है । वह धनवान्

नक्षत्रमध्य इव पर्वगतः शशाङ्कः ॥ ३ ॥

(ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टो दुर्योधनः ।)

दुर्योधनः—

उद्धूतरोषमिव मे हृदयं सहर्षं
प्राप्तं रणोत्सवमिमं सहसा विचिन्त्य ।
इच्छामि पाण्डवबले वरवारणाना-
मुत्कृत्तदन्तमुसलानि मुखानि कर्तुम् ॥ ४ ॥

सः=आभरणोत्पलमणिकान्तिशोभितविग्रहः नक्षत्रमध्ये-नक्षत्राणां मध्यं तस्मिन्= उडुगणपरिवृतः पर्वगतः-पर्वणि गतः = पूर्णमासि जनितः शशाङ्कः-शशः = मृगः अङ्के = क्रोडे यस्य सः = चन्द्र इव शोभते इति शेषः । उपमालङ्कारः । वसन्ततिलकं वृत्तम् । यथा—'ज्ञेया वसन्ततिलका तभजा जगौ गः' ॥ ३ ॥

उद्धूतरोषमिव-उद्धूतः रोषः यस्मिन् तत् = विनष्टक्रोधमिव मे = मम हृदयं = चित्तं (चित्तं तु चेतो हृदयमित्यमरः ।) इमं = वर्तमानं रणोत्सवं— रणस्य उत्सवः तम् = संग्राममहम् (महस्तूत्सवतेजसोः । अमरः ।) प्राप्तं = समागतम् सहसा = द्राक् विचिन्त्य=विमृश्य अतः पाण्डवबले-पाण्डवानां बलं तस्मिन्= पाण्डवसेनायां वरवारणानां वराश्च ते वारणाः तेषां = महागजानां मुखानि = आननानि (आननं लपनं मुखमित्यमरः ।) उत्कृत्तदन्तमुसलानि-उत्कृत्ताः = उत्पाटिताः दन्ताः = रदाः मुसला इव येषु तानि = उत्पाटितरदानि इत्यर्थः । कर्तुं = विधातुम् इच्छामि = ईहे । अस्मिन् रणे पाण्डवीयसैनिकगजानां विनाशं करोमीति भावः । वसन्ततिलकं वृत्तम् उपमालंकारः ॥ ४ ॥

आभूषणों के मणियों की छटा से ऐसा शोभित हो रहा है जैसे नक्षत्रों के मध्य में पूर्णचन्द्र की शोभा होती है ॥ ३ ॥

(तब उपर्युक्त प्रकार का दुर्योधन आता है ।)

दुर्योधन—क्रोध के नष्ट होने के कारण मेरा मन प्रसन्न है तथा इस एकाएक रण के उत्सव के उपस्थित होने पर पाण्डव-सेना के मत्त गजराजों के दन्त को मूसल की भांति उखाड़कर उनके मुखों को दन्तहीन करने की इच्छा होती है ॥४॥

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः। महाराजशासनात् समानीतं सर्वराजमण्डलम्।

दुर्योधनः—सम्यक् कृतम्। प्रविश त्वमवरोधनम्।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रान्तः।)

दुर्योधनः—आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः। अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हति। किं किमाहतुर्भवन्तौ—महान् खल्वयमर्थः। मन्त्रयित्वा वक्तव्यमिति। सदृशमेतत्। तदागम्यतां मन्त्रशालामेव प्रविशामः। आचार्य अभिवादये प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम्। पितामह! अभिवादये। प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम्। मातुल! अभिवादये। प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम्। आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ! प्रविशतां भवन्तौ। भो भोः सर्वक्षत्रियाः! स्वैरं प्रविशन्तु भवन्तः। वयस्य! कर्ण! प्रविशामस्तावत्।

समानीतम् = आहूतम्। अवरोधनम् = अन्तःपुरं (भूभुजामन्तःपुरं स्यादवरोधनम्। अमरः।)

किमाहतुर्भवन्तौ—किं कथम्। यथा दशरूपके—

काञ्चुकीय—महाराज की जय हो। महाराज की आज्ञा से सब राजागण बुला लिए गए हैं।

दुर्योधन—उचित किया। तो तुम अन्तःपुर के अन्दर प्रवेश करो।

काञ्चुकीय—जैसी महाराज की आज्ञा। (चला गया)

दुर्योधन—हे श्रेष्ठ वैकर्ण और वर्षदेव! बतलाओ मेरी ग्यारह अक्षौहिणी सेना का समूह है? इनका सेनापति कौन हो सकता है। क्या क्या आप लोग कहते हैं? अवश्य ही यह गूढ़ बात है। मंत्रणा करने के बाद बतलाइए। ठीक ही यह है। तो आइए हम सब सभाभवन में ही प्रवेश करें। आचार्य अभिवादन करता हूँ। आप मन्त्रशाला में ही प्रवेश करें। पितामह! अभिवादन करता हूँ। आप सभाभवन में चलें। मामाजी! अभिवादन करता हूँ। आप भी सभाभवन में चलें। आर्य वैकर्ण और वर्षदेव! आप दोनों भी प्रवेश करें। हे, हे सब क्षत्रियगण! धीरे-धीरे आप लोग भी प्रवेश करें। मित्र कर्ण! तब तक हम सब भी प्रवेश करें।

(प्रविश्य)

आचार्य ! एतत् कूर्मासनम् , आस्यताम्,। पितामह ! एतत् सिंहासनम् , आस्यताम् । मातुल ! एतच्चर्मासनम् , आस्यताम् । आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! आसातां भवन्तौ । भो भोः सर्वक्षत्रियाः ! स्वैरमासतां भवन्तः । किमिति किमिति महाराजो नास्त इति । अहो सेवाधर्मः । नन्वयमहमासे । वयस्य कर्ण ! त्वमप्यास्स्व । (उपविश्य ।) आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः । अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति । किमाहतुर्भवन्तौ—अत्रभवान् गान्धारराजो वक्ष्यतीति । भवतु, मातुलेनाभिधीयताम् । किमाह मातुलः—अत्रभवति गाङ्गेये स्थिते कोऽन्यः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति । सम्यगाह मातुलः । भवतु भवतु, पितामह एव भवतु । वयमप्येतदभिलषामः ।

सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादै·

किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत् ।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम् ॥ (१।६७)
दुर्योधनः सर्वाभिमतं गाङ्गेयं सेनापतित्वेन प्रतिष्ठापयति–सेनानीत्यादिना ।

(प्रवेश कर)

आचार्य ! यह कूर्मासन है, (आप) बैठिये । पितामह ! यह सिंहासन है, आप बैठिये । मामाजी, यह चर्म का आसन है आप भी बैठिये । आर्य वैकर्ण और वर्षदेव ! आप दोनों भी बैठें ! हे, हे, सब क्षत्रियो धीरे-धीरे आप लोग भी बैठ जाँय । यह क्या यह क्या महाराज नहीं बैठेंगे ऐसा (आप क्षत्रियगण कहते हैं) । धन्य है (आप लोगों का) सेवाधर्म । अवश्य ही मैं बैठता हूँ । मित्र कर्ण ! तुम भी बैठो । (बैठकर) आर्य वैकर्ण और वर्षदेव ! बोलो—मेरी ग्यारह अक्षौहिणी सेना-समूह है न ? इसका सेनापति कौन हो सकता है । क्या कहा आप लोगों ने—गान्धार देश के राजा बतलायेंगे । अच्छा, मेरे मामा जी को कहने दो । क्या कहा मामा—यहाँ श्री भीष्म के रहते सैन्य-सञ्चालक (दूसरा) कौन हो सकता है । मामा जी ने ठीक कहा । अच्छा, अच्छा पितामह भीष्म ही हों । हम सब ऐसी अभिलाषा रखते हैं ।

सेना के पटह, शंख आदि के बजने से घोर झंझावात में समुद्र के गर्जन-सी

श्चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः ।
गाङ्गेयमूर्ध्नि पतितैरभिषेकतोयैः
सार्धं पतन्तु हृदयानि नराधिपानाम् ॥ ५ ॥

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः । एष खलु पाण्डवस्कन्धावाराद् दौत्येनागतः पुरुषोत्तमो नारायणः ।

सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादैः—सेनायाः निनादः = सैनिकघोषः पटहानां स्वनः = आनकशब्दः (आनकः पटहोऽस्त्री स्यात् । अमरः ।) शङ्खनादः=शङ्खानां नादः= कम्बुरवश्च इत्येतैः उपलक्षितैः चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः—चण्डानां = प्रचण्डानाम् अनिलानाम् आहतस्य महोदधेः नादेन ईषद्नैः = प्रचण्डवायुताडित-महासागरशब्दतुल्यैः गाङ्गेयमूर्ध्नि—गङ्गाया अपत्यं तस्य मूर्ध्नि—भीष्ममस्तके (मूर्धा ना मस्तकोऽस्त्रियाम् । अमरः ।) पतितैः = प्रक्षिप्तैः अभिषेकतोयैः—अभिषेकस्य तोयानि तैः = सेनापतिपदाभिषेकजलैः सार्धं=साकं नराधिपानाम्—अधिकं पान्तीति अधिपाः नराणामधिपाः तेषां नृपाणां हृदयानि = चेतांसि पतन्तु = पितामहसमीपे आपतन्तु = पितामहाधीना भवन्त्विति भावः । वसन्ततिलकं वृत्तम् । सहोक्तिरलंकारः । यथा-'सहोक्तिः सहभावश्चेद् भासते जनरञ्जनः ।' (कुवलयानन्दः) ॥ ५ ॥

पाण्डवस्कन्धावारात्—पाण्डौ जातः पाण्डवः तस्य स्कन्धावारः = शिविरः तस्मात् दौत्येनागतः—दूतस्य भावं दौत्यं तेन आगतः = आयातः पुरुषोत्तमः—पुरुषेषु उत्तमः = मानवश्रेष्ठः कृष्ण इत्यर्थः ।

आवाज होगी और उसी समय मन्त्रपूत जल के अभिषेक के साथ भीष्मपितामह के ऊपर अनेक राजा-महाराजाओं का हृदय भी गिरे ॥ ५ ॥

(प्रवेश कर)

काञ्चुकीय—महाराज की जय हो । यह पाण्डवों के शिविर से दूत के रूप में पुरुषोत्तम नारायण पधारे हैं ।

दुर्योधनः—मा तावद् भो बादरायण !। किं किं कंसभृत्यो दामोदरस्तव पुरुषोत्तमः । स गोपालकस्तव पुरुषोत्तमः । बार्हद्रथापहृतविषयकीर्तिभोगस्तव पुरुषोत्तमः । अहो पार्थिवासन्नमाश्रितस्य भृत्यजनस्य समुदाचारः । सगर्वं खल्वस्य वचनम् । आः अपध्वंस ?

काञ्चुकीयः—प्रसीदतु महाराजः । सम्भ्रमेण समुदाचारो विस्मृतः । (पादयोः पतति ।)

दुर्योधनः—संभ्रम इति । आः मनुष्याणामस्त्येव संभ्रमः । उत्तिष्ठोत्तिष्ठ ।

काञ्चुकीयः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

दुर्योधनः—इदानीं प्रसन्नोऽस्मि । क एष दूतः प्राप्तः ।

काञ्चुकीयः—दूतः प्राप्तः केशवः ।

दुर्योधनः—केशव इति । एवमेष्टव्यम् । अयमेव समुदाचारः । भो

दामोदरः—दाम = रज्जुः अस्ति उदरे कटिप्रदेशे यस्य सः = कृष्णः । बाल्यावस्थायां मात्रा रज्ज्वा उलूखले बद्धः कृष्णः अतः तस्य एतन्नाम । गोपालकः—गां पालयतीति = गोपालः 'अल्पे' इति कप्रत्ययः । बृहद्रथस्य पुत्रः जरासन्धः तेन अपहृतः विषयकीर्तिः भोगः यस्य सः = कृष्णः । आचारोल्लङ्घनं प्रति भृत्यं भर्त्सयति–समुदाचार इति । सदाचारोल्लङ्घनम् ।

एष्टव्यम्—(इच्छार्थकस्य इष्धातोः तव्यत प्रत्ययः) एषितुं योग्यं राजानः

दुर्योधन—हे बादरायण ! ऐसा न कहो । क्या क्या कंस का सेवक दामोदर ही तुम्हारा पुरुषोत्तम है । जरासंध के द्वारा जिसकी कीर्त्ति नष्ट कर दी गई वही तुम्हारा पुरुषोत्तम है ? क्या, महाराजाओं के दरबार में रहने वाले सेवक का यही आचरण है ? यह वाणी तो बड़ी गर्वीली है । अरे नीच !

कान्चुकीय—महाराज प्रसन्न हों (कृपा करें) । घबड़ाहट के कारण शिष्ट आचरण भी भूल गया था (पैर पर गिरता है ।)

दुर्योधन—घबड़ाहट । आह मनुष्य के आने से इतनी घबड़ाहट, उठो उठो ?

कान्चुकीय—अनुगृहीत हुआ ।

दुर्योधन—अब मैं प्रसन्न हूँ । कौन सा दूत आया है ?

कान्चुकीय—केशव (नामक) दूत आया है ।

दुर्योधन—केशव । यही योग्य (परिचय) है । यही सभ्यता है । हे, हे,

भो राजानः ! दौत्येनागतस्य केशवस्य किं युक्तम् । किमाहुर्भवन्तः । अर्घ्यप्रदानेन पूजयितव्यः केशव इति । न मे रोचते । ग्रहणमस्यात्र हितं पश्यामि ।

ग्रहणमुपगते तु वासुभद्रे
हृतनयना इव पाण्डवा भवेयुः ।
गतिमतिरहितेषु पाण्डवेषु
क्षितिरखिलापि भवेन्ममासपत्ना ॥ ६ ॥

अपि च योऽत्र केशवस्य प्रत्युत्थास्यति, स मया द्वादशसुवर्णभारेण

केशवस्य अर्घ्यादिसपर्यया पूजनमिति इच्छन्तोऽपि दुर्योधनाय ग्रहणमेव रोचते (रुच्यर्थानामिति सम्प्रदानत्वम्) तदेवात्र प्रतिपादयति—ग्रहणेति ।

वासुभद्रे ('विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदलोपो वक्तव्यः' इति पाणिनिशासनात् वासु-पदं वासुदेवपदबोधकम् ।) = कृष्णे ग्रहणं = बन्धनं नदर्थानमिति भावः । उप-गते = प्राप्ते सति । पाण्डवाः = युधिष्ठिरादयः हृतनयनाः—हृतानि नयनानि येषां ते = विनष्टचक्षुषः (लोचनं नयनं नेत्रमीक्षणं चक्षुरक्षिणी । अमरः ।) इव = यथा स्यात् तथा भवेयुः = स्युः एवं च यदा गतिमतिरहितेषु—गतिश्च मतिश्च तयोः रहिताः तेषु = प्रयत्नदर्शकबुद्धिदातृरहितेषु पाण्डवेषु = पाण्डुपुत्रेषु सत्सु तथा अखिलापि = अशेषापि क्षितिः = भूमिः मम = दुर्योधनस्य असपत्ना = विपक्ष-रहिता भवेत् = स्यात् । पुष्पिताग्रावृत्तम् । यथा—'अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा' ॥ ६ ॥

द्वादशसुवर्णभारेण—सुवर्णः = कर्षः, द्वादशकर्षात्मको नाणकविशेषः द्वादश-

---

राजाओ ! दूतरूप में आए हुए केशव के लिए क्या (बर्ताव) युक्त है ? क्या कहा आप लोगों ने ? अर्घ्य देकर केशव की पूजा करनी चाहिये ? यह मुझे नहीं पसन्द है । उसे कैद करने में ही अपना हित देखता हूँ ।

कृष्ण को बन्धन में ले लेने के बाद पाण्डव अन्धे (हरण कर लिया गया है नेत्र जिनका ऐसे) होकर (शारीरिक) गति और (बौद्धिक) चिंतन शक्ति से हीन हो जाएँगे तब समग्र पृथ्वी का एक मात्र मैं ही स्वामी बनूँगा ॥ ६ ॥

और भी जो यहाँ कृष्ण के आने पर (आदर-प्रदर्शनार्थ) उठेगा उसे बारह

दण्ड्यः। तदप्रमत्ता भवन्तु भवन्तः। को नु खलु ममाप्रत्युत्थानस्योपायः। हन्त दृष्ट उपायः। बादरायण! आनीयतां स चित्रपटो ननु, यत्र द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणमालिखितम्। (अपवार्य) तस्मिन् दृष्टिविन्यासं कुर्वन् नोत्थास्यामि केशवस्य।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रम्य प्रविश्य) जयतु महाराजः। अयं स चित्रपटः।

दुर्योधनः—ममाग्रतः प्रसारय।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (प्रसारयति।)

दुर्योधनः—अहो दर्शनीयोऽयं चित्रपटः। एष दुःशासनो द्रौपदीं केशहस्ते गृहीतवान्। एषा खलु द्रौपदी,

दुःशासनपरामृष्टा सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना।

सुवर्ण इति प्रसिद्धः—द्वादशसुवर्णानां भारः = पलसहस्रद्वयं द्वादशसुवर्णभारः (भारः सहस्रद्वितये पलानाम् गरिम्णि च इति यादवः।) तेन दण्ड्यः = दण्डयितुं योग्यः दण्डनीय इत्यर्थः।

दुर्योधनः द्रौपदी चीरहरणचित्रपटे द्रौपदीं विशिनष्टि—दुःशासनेति। एषा = द्रौपदी दुःशासनपरामृष्टा—दुःशासनेन = दुर्योधनकनिष्ठभ्राता परामृष्टा = केशा·

स्वर्ण से दण्डित किया जायगा। तो आप लोग सतर्क हो जाइये। (अब) मेरे न उठने का कौन सा उपाय है। ठीक है एक उपाय सूझा। बादरायण! जिसमें द्रौपदी के केश और वस्त्र खींचे जाने का चित्रण है उस चित्रफलक को ले आओ (अपवारित करके) उसी पर दृष्टि जमाकर केशव के आने पर भी (बैठा ही रहूँगा) नहीं उठूँगा।

कञ्चुकी—महाराज की जैसी आज्ञा। (जाकर पुनः लौटकर) महाराज की जय हो। यही वह चित्रपट है।

दुर्योधन—मेरे सम्मुख फैलाओ।

कञ्चुकी—जैसी महाराज की आज्ञा। (फैलाता है।)

दुर्योधन—अहा, यह चित्र तो दर्शन करने के योग्य है। द्रौपदी के केश को हाथ में पकड़े हुए यह दुःशासन है। यह द्रौपदी है।

दुःशासन के द्वारा केश खींचाजाने पर क्षोभ के कारण विकसित नेत्रोंवाली

राहुवक्त्रान्तरगता चन्द्रलेखेव शोभते ॥ ७ ॥

एष दुरात्मा भीमः सर्वराजसमक्षमवमानितां द्रौपदीं दृष्ट्वा प्रवृद्धामर्षः सभास्तम्भं तुलयति । एष युधिष्ठिरः,

सत्यधर्मघृणायुक्तो द्यूतविभ्रष्टचेतनः ।
करोत्यपाङ्गविक्षेपैः शान्तामर्षं वृकोदरम् ॥ ८ ॥

एष इदानीमर्जुनः,

कृत्वा सती सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना—सम्भ्रमेण उत्फुल्ले लोचने यस्याः सा = संक्षुभितविकसितनेत्रा राहुवक्त्रान्तरगता—राहोः वक्त्रं तस्य अन्तरगता = राहुवदनमध्यगता चन्द्रलेखा—चन्द्रस्य लेखा = इन्दुकला इव यथा शोभते = प्रतिभाति । अत्रोपमालङ्कारः, अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ७ ॥

दुर्योधनस्तथैव युधिष्ठिरं विशिनष्टि—सत्येति ।

सत्यधर्मघृणायुक्तो—सत्यञ्च धर्मश्च घृणा च ताभिः = युक्तः सत्यधर्मदयासहितः द्यूतविभ्रष्टचेतनः—द्यूतेन=कैतवेन ('द्यूतोऽस्त्रियामक्षवती कैतवं पण इत्यपि' इत्यमरः ।) विभ्रष्टा = विगता चेतना = चैतन्यं यस्य स एवंभूतः, एषः युधिष्ठिरः (चित्रपटे दर्शयति) अपाङ्गविक्षेपैः—अपाङ्गानां = कटाक्षाणां विक्षेपाः = प्रक्षेपाः तैः वृकोदरं—वृकः = वृकनामाग्निः, उदरे=जठरे यस्य तम् = भीमं शान्तामर्षं—शान्तः=उपशमितः आमर्षः = द्वेषः यस्य तम् शमितकोपं करोति = विदधाति । अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ८ ॥

(यह द्रौपदी) राहु के जबड़ों में स्थित चन्द्र की कला की भाँति शोभित हो रही है ॥ ७ ॥

यह दुरात्मा भीम है जो समस्त राजाओं के सम्मुख अपमानित होती हुई द्रौपदी को देखकर अत्यन्त क्रुद्ध होने के कारण सभा के खम्भे को उखाड़ रहा है । यह युधिष्ठिर है ।

सत्य, धर्म, दया से युक्त होकर भी जुए के खेलने से हतचेतन हो भीम के क्रोध को अपाङ्ग-विक्षेप के द्वारा शान्त कर रहा है ॥ ८ ॥

यह अर्जुन है ।

रोषाकुलाक्षः स्फुरिताधरोष्ठ—
स्तृणाय मत्वा रिपुमण्डलं तत् ।
उत्सादयिष्यन्निव सर्वराज्ञः
शनैः समाकर्षति गाण्डिवज्याम् ॥ ९ ॥

एष युधिष्ठिरोऽर्जुनं निवारयति । एतौ नकुलसहदेवौ,
कृतपरिकरबन्धौ चर्मनिस्त्रिंशहस्तौ
परुषितमुखरागौ स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ ।

दुर्योधनः पूर्वोक्तप्रकारेण क्रमशः अर्जुनमपि विशिनष्टि-रोषाकुलेति ।

रोषाकुलाक्षः—रोषेण = क्रोधेन आकुले = व्याप्ते अक्षिणी = नेत्रे यस्य सः स्फुरिताधरोष्ठः = अधरोष्ठः = अधरदन्तच्छदः येन स एषः नर्तितः अर्जुनः तत् = तत्कालीनं रिपुमण्डलं—रिपूणां मण्डलं = शत्रुराजकं तृणाय मत्वा = अकिञ्चित्करं ज्ञात्वा सर्वराज्ञः=सर्वे च ते राजानः सर्वराजानः तान्=समस्तभूपान् उत्सादयिष्यन्निव (उत् + सद् + णिच् + लृट् शतृप्रत्ययः) = निर्मूलयिष्यन्निव गाण्डिवज्यां = गाण्डिवस्य ज्या ताम् = निजचापमौर्वीं (मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुणः । अमरः ।) शनैः = मन्दं यथा स्यात् तथा समाकर्षति (सम् + आ + कृष् लट् + तिप्) = सम्यक् प्रकारेण आकर्षणं करोति । उत्प्रेक्षालङ्कारः, उपजातिवृत्तम् यथा—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः । तथा—उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ । इत्यनयोरुपजातिः ॥ ९ ॥

यथाक्रमं दुर्योधनः नकुलसहदेवौ विशिनष्टि-कृतपरिकरेति । कृतपरिकर-बन्धौ—कृतः परिकरस्य बन्धः ययोस्तौ = विहितकटिबन्धौ, चर्मनिस्त्रिंशहस्तौ-चर्म = फलकं (फलकोऽस्त्री फलं चर्मेत्यमरः ।) निस्त्रिंशः-निर्गतः त्रिंशदङ्गुलिभ्यः खड्गश्च हस्ते ययोस्तौ = फलकखड्गपाणी, परुषितमुखरागौ, परुषितः मुखरागः

इसकी आँखें क्रोध से विस्फारित हो गई हैं अधरोष्ठ भी फड़क रहे हैं। यह उस शत्रुसमूह को तृण के समान मानकर समस्त भूपाल-मण्डल को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए ही मानो अपने धनुष की प्रत्यञ्चा को कान तक खींच रहा है ॥ ९ ॥

यह युधिष्ठिर अर्जुन को मना कर रहा है। ये दोनों नकुल और सहदेव हैं। (जिन्होंने) अपना ढाल-तलवार लेकर तैयार हो गए हैं क्रोध के कारण मुख का

विगतमरणशङ्कौ सत्वरं भ्रातरं मे
हरिमिव मृगपोतौ तेजसाभिप्रयातौ ॥ १० ॥

एष युधिष्ठिरः कुमारावुपेत्य निवारयति—

नीचोऽहमेव विपरीतमतिः कथं वा
रोषं परित्यजतमद्य नयानयज्ञौ ।
द्यूताधिकारमवमानममृष्यमाणाः
सत्त्वाधिकेषु वचनीयपराक्रमाः स्युः ॥ ११ ॥

ययोस्तौ = ताम्राननौ, स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ = स्पष्टः दन्तेन दष्टः अधरोष्ठः ययोस्तौ = चर्विताधरोष्ठौ, विगतमरणशङ्कौ—विगता = विनष्टा मरणस्य = मृत्योः शङ्का = सन्देहः ययोस्तौ, मृगपोतौ-मृगस्य पोतः तौ=मृगार्भकौ (पोतः पाकोऽर्भको डिम्भः पृथुकः शावकः शिशुरित्यमरः ।) नकुलसहदेवौ मे = मम दुर्योधनस्य भ्रातरं = दुःशासनं तेजसा = पराक्रमेण हरिमिव = सिंहमिव (सिंहो मृगेन्द्रः पंचास्यो हर्यक्षः केशरी हरिः । अमरः ।) अभिप्रयातौ (अभि + प्र + या + क्त)=अभियानं कृतवन्तौ । अत्रोपमालङ्कारः, मालिनीवृत्तम् । यथा—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ॥१०॥

युधिष्ठिरः नकुलसहदेवौ निवारयति—नीचोऽहमेवादिना ।

विपरीतमतिः—विपरीता मतिर्यस्य सः = विपर्ययबुद्धिः अहमेव = युधिष्ठिर-एव नीचः = निकृष्टः नयानयज्ञौ—नयम् अनयञ्च जानीतः = कार्याकार्यविदौ (युवाम्) अद्य = अस्मिन्नवसरे रोषं = क्रोधं परित्यजतं=परिजहीतं सत्त्वाधिकेषु-सत्त्वेषु—अधिकाः तेषु = बलज्ञानाद्यधिकेषु ज्येष्ठेष्वस्मासु द्यूताधिकारमवमानम-मृष्यमाणाः = द्यूतस्य = कैतवस्य अधिकारं = क्रीडासामर्थ्यम् अवमानम् = अप-

---

रङ्ग कठोर हो गया है (मुख लाल हो उठा है।) तथा दाँतों से ओठ दबाए हुए मरण-भय की चिन्ता से रहित मृगशावक मेरे सिंह के समान पराक्रमी भाई (दुःशासन) पर आक्रमण किया है ॥ १० ॥

यह युधिष्ठिर कुमारों के पास जाकर उन्हें (ऐसा करने से) मना कर रहा है। मैं नीच हूँ, मेरी बुद्धि पलट गई है पर तुम दोनों न्याय-अन्याय जानने वाले हो अतः आज क्रोध को त्याग दो। जुआ में हारकर अपमान को न सहकर शत्रु-पक्ष पर शक्ति-प्रदर्शन करना केवल वाचिक वीरता होगी ॥ ११ ॥

एष गान्धारराजः,

> अक्षान् क्षिपन् स कितवः प्रहसन् सगर्वं
> सङ्कोचयन्निव मुदं द्विषतां स्वकीर्त्या ।
> स्वैरासनो द्रुपदराजसुतां रुदन्तीं
> काक्षेण पश्यति लिखत्यभिखं नयज्ञः ॥ १२ ॥

एतावाचार्यपितामहौ तां दृष्ट्वा लज्जायमानौ पटान्तान्तर्हितमुखौ स्थितौ। अहो अस्य वर्णाढ्यता। अहो भावोपपन्नता। अहो युक्त-

---

मानम् अमृष्यमाणाः = असहमानाः, वचनीयपराक्रमाः—वक्तुं योग्यः वचनीयः पराक्रमः येषां ते कथं वा स्युः=केन प्रकारेण भवेयुः। वसन्ततिलका वृत्तम् ॥११॥

गान्धारराजं विशिनष्टि—अक्षानिति।

कितवः = धूर्तः स शकुनिः अक्षान् = द्यूतक्रीडापाशान् क्षिपन् = प्रसारयन् सगर्वं—गर्वेण सहितं = सदर्पं प्रहसन् = हास्यं कुर्वन् स्वकीर्त्या—स्वस्य कीर्तिः तया = निजयशसा द्विषतां = शत्रूणां (पाण्डवानां) मुदं—मोदनम् इति मुत ताम् मुदं = हर्षं संकोचयन्निव = निवारयन्निव स्वैरासनः स्वैरं = स्वच्छन्दम् आसनम् = उपवेशनस्थानं यस्य स स्वच्छन्दोपविष्टः सन् नयज्ञः—नयं = द्यूतन्यायं जानातीति = द्यूतपण्डितः शकुनिः रुदन्तीम् = अश्रुप्रवाहवतीं द्रुपदराजसुतां—द्रुपदानां राजा तस्य सुता ताम् = द्रुपदराजकुमारीं द्रौपदीं काक्षेण = अपाङ्गेन पश्यति = विलोकयति अभिखम् = आकाशसम्मुखं (खस्य सम्मुखमिति अभिमुखम् अव्ययीभावसमासः।) लिखति = आकाशे स्वाभिप्रायं निक्षिनोति। अत्रापि वसन्ततिलकावृत्तम् उत्प्रेक्षालङ्कारः ॥ १२ ॥

यहाँ गान्धार देश का राजा है,

यह धूर्त पासे को फेंकता है और गर्व से पूर्ण हो हंसता है जैसे अपनी कीर्त्ति से शत्रुओं की प्रसन्नता संकुचित कर रहा हो।

यह द्यूतनीति का पारंगत पण्डित शकुनि स्वच्छन्दतापूर्वक बैठा हुआ सम्मुख के आकाश (हवा) में कुछ लिखता हुआ सा रोती हुई द्रुपदराज की पुत्री को कनखियों से देखता है ॥ १२ ॥

यह आचार्य द्रोण और पितामह भीष्म इस (प्रकार की) द्रौपदी को देखकर लज्जित होकर अपने मुखों को वस्त्र से ढंक लिया है। अहा, कितना सुन्दर रंगों

लेख्यता । सुव्यक्तमालिखितोऽयं चित्रपटः । प्रीतोऽस्मि । कोऽत्र ।

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः ।

दुर्योधनः—बादरायण ! आनीयतां स विहगवाहनमात्रविस्मितो दूतः ।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः । (निष्क्रान्तः ।)

दुर्योधनः—वयस्य कर्ण !

प्राप्तः किलाद्य वचनादिह पाण्डवानां
दौत्येन भृत्य इव कृष्णमतिः स कृष्णः ।
श्रोतुं सखे ! त्वमपि सज्जय कर्ण ! कर्णौ
हे देवताओं के देव ! हे शार्ङ्गचापधारी ! तुम्हारे पैरों पर आज मेरा मस्तक अपने पुत्रों के अपराध करने से गिरा हुआ है ॥ ५५ ॥

वासुदेव—हा धिक्कार है आप मेरे पैरों पर गिर पड़े । उठिए उठिए ।

धृतराष्ट्र—अनुगृहीत हुआ । भगवन् यह अर्घ्य, यह पाद्य ग्रहण करें ।

वासुदेवः—सर्वं गृह्णामि । किं ते भूयः प्रियमुपहरामि ।

धृतराष्ट्रः—यदि मे भगवान् प्रसन्नः, किमतः परमिच्छामि ।

वासुदेवः—गच्छतु भवान् पुनर्दर्शनाय ।

धृतराष्ट्रः—यदाज्ञापयति भगवान् नारायणः । (निष्क्रान्तः ।)

(भरतवाक्यम् ।)

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ ५६ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

दूतवाक्यं समाप्तम् ।

सागरपर्यन्तां—सागरः = समुद्रः पर्यन्तः सीमा यस्याः ताम् = समुद्रावसानां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्—हिमवान् = हिमालयः, विन्ध्यः = विन्ध्याचलः, कुण्डले कर्णभूषणे यस्याः सा ताम् एकातपत्राङ्काम्—एकं = केवलम्, आतपत्रं = छत्रं अङ्कः = चिह्नं यस्याः सा ताम् महीम् = वसुन्धराम् नः = अस्माकं राजसिंहः = राजश्रेष्ठः प्रशास्तु = शासनं करोतु रक्षतु इत्यर्थः ॥ ५६ ॥

वासुदेव—सब ग्रहण करता हूँ । पुनः तुम्हारा क्या कल्याण करूं ?

धृतराष्ट्र—यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो इससे अधिक और क्या चाहिये ।

वासुदेव—आप पुनः दर्शन देने के लिए जांय ।

धृतराष्ट्र—भगवान् नारायण की जैसी आज्ञा । (जाता है ।)

(भरतवाक्य)

जिसके कुण्डल स्वरूप हिमालय और विन्ध्याचल पर्वत हैं । ऐसी सागर पर्यन्त विस्तृत भूमि पर हमारे राजश्रेष्ठ राजा एकच्छत्र राज्य करें ।

(सब चले जाते हैं ।)

दूतवाक्य समाप्त ॥

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

५०

भासनाटकचक्रे

'प्रकाश'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

पं० श्रीरामजीमिश्रः एम० ए०

(रिसर्च-स्कालर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय)

चौखम्बा विद्याभवन

वाराणसी २२१००१

प्रकाशक—
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),
पो० बा० नं० ६९, वाराणसी–२२१००१

चतुर्थ संस्करण १९८१

मूल्य २–५०

भास-नाटक-चक्रम्
('महाकवि' भास के सम्पूर्ण नाटकों का संकलन)
'प्रकाश'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्
१–२ भाग सम्पूर्ण
मूल्य ५०–००

अन्य प्राप्तिस्थान—
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन, पो० बा० १२९,
वाराणसी–२२१००१

मुद्रक :—
श्रीजी मुद्रणालय
वाराणसी

प्राक्कथन

महारथी कर्ण के त्यागपूर्ण दिव्य चरित्र का गान कर अनेक कवियों ने अपनी वाणी को सफल बनाया है। महाकवि भास ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से उनके जीवन की एक कारुणिक झाँकी प्रस्तुत नाटक में उपस्थित की है। 'एको रसः करुण एव' की सार्थकता यद्यपि उत्तर-रामचरितम् में पूर्ण रूप से प्राप्त होती है यथापि करुण रस का जैसा मार्मिक संस्पर्श इस कर्णभार के छोटे से कलेवर में प्राप्त होता है वैसा अन्यत्र नहीं। कवि की प्रतिभा एवं सहृदयता के निदर्शक अनेक स्थल इस उत्सृष्टिकाङ्क में प्राप्त होते हैं। यहाँ मैं एक उदाहरण देने का लोभ संवरण नहीं कर सकता—

अत्युग्रदीप्तिविशदः समरेऽग्रगण्यः
शौर्ये च सम्प्रति सशोकमुपैति धीमान्।
प्राप्ते निदाघसमये घनराशिरुद्धः
सूर्यः स्वभावरुचिमानिव भाति कर्णः॥

भास की इस अमूल्य कृति को संस्कृत साहित्य के नवीन अध्येताओं के योग्य बनाने के लिए ही इसमें समासविरहित सरल संस्कृत और हिन्दी का प्रयोग किया गया है।

कर्णभार को प्रस्तुत रूप देने में वेद-व्याकरणाचार्य पूज्य पण्डित मंगलदत्त जी त्रिपाठी एवं अन्य महानुभावों से मुझे जो सहायता मिली है उसके लिए मैं विनम्रतापूर्वक अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। चौखम्बा विद्याभवन के अध्यक्ष महोदय ने यह कार्य मुझे सौंपा इसके लिए उन्हें धन्यवाद है।

यदि विद्यार्थियों को प्रस्तुत पुस्तक से कुछ भी लाभ हुआ तो मैं अपना परिश्रम सफल समझूँगा।

श्रावणी पूर्णिमा
२०१७

रामजी मिश्र

महाकवि भास

संस्कृत वाङ्मय का भण्डार भास ने लालित्यपूर्ण सफल नाटकों से सम्पन्न किया है। मानवीय भावनाओं का जैसा सफल चित्रण हमें भास के नाटकों में मिलता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। महाकवि अश्वघोष और कालिदास से भास किसी भी क्षेत्र में न्यून नहीं दृष्टिगोचर होते। श्री सुशीलकुमार डे ने तो कहा है कि अश्वघोष के नाटकों को पढ़ने के बाद जब हम कालिदास के नाटकों को पढ़ते हैं तो उसमें काफी ऊँची भावभूमि पर आना पड़ता है, रचना-विधान की भी दृष्टि से पर्याप्त सौष्ठव मिलता है। सहसा इतनी अधिक प्रगति पाकर हमें आश्चर्य होता है, पर जब हम भास की कृतियों का आस्वादन कर लेते हैं तो विकासक्रम हमें बिलकुल स्वाभाविक प्रतीत होता है। अतः मैंने महाकवि भास को अश्वघोष और कालिदास के बीच की कड़ी माना है।

भास को साहित्य-जगत् में पुनः प्रतिष्ठित करने का श्रेय महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को है। इन्होंने सन् १९१२ ई० में अनन्तशयन ग्रन्थमाला (त्रिवेन्द्रम्) से भास के स्वप्नवासवदत्तम् आदि १३ नाटकों का बड़ा ही प्रामाणिक-प्रकाशन कराया। साहित्य-समीक्षकों और सहृदयों के मन में 'प्रियविषये जिज्ञासा' खूब बढ़ी और भास के विषय में सर्वांगीण गवेषणाओं का श्रीगणेश हुआ। ये सब नाटक अपनी रचना-पद्धति, भाषाशैली एवं रसवत्ता की दृष्टि से बेजोड़ हैं, इसे मानने में किसी को भी आपत्ति नहीं, पर सब नाटक एक ही कवि की कृति हैं या नहीं इस पर विद्वानों में बड़ा मतभेद है। इतने बड़े कवि के जन्मकाल की समस्या तो अनेक ऊहापोह के बाद भी अभी सुलझी नहीं।

प्राचीन महाकवियों की भाँति भास ने भी अपनी रचनाओं में अपना चर्चा नहीं की है। जिस प्रकार कविकुलगुरु कालिदास के विषय में अनेक पाश्चात्य और पूर्वीय विद्वानों के परस्पर विरुद्ध मत हैं उसी प्रकार भास के विषय में भी पाये जाते हैं। उन सभी मत-मतान्तरों का मन्थन कर श्री पुशलकर जी ने निम्नलिखित तालिका बनाई है—[1]

भिडे, दीक्षितार, गणपति शास्त्री, हरप्रसाद शास्त्री, खुपेरकर, किरत और टटके	छठी से ४ थी शताब्दी ई०पू०

---

१. देखिए—पुशलकर—Bhasa : A Study पृष्ठ ६१ की टिप्पणी।

विन्सेन्ट ए० स्मिथ के मतानुसार ई० पू० २२० से १९७ तक शूद्रक का शासन था जिसके 'मृच्छकटिक' पर 'दरिद्र चारुदत्त' का स्पष्ट प्रभाव माना जाता है।[१] अतः अपने 'दरिद्र चारुदत्त' की रचना भास ने संभवतः ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी में की होगी।

भास के ऐतिहासिक नाटकों में जिन तीन राजाओं की कथा का आश्रय लिया गया है उनमें १ कौशाम्बी के राजा उदयन, २ उज्जैन के राजा प्रद्योत और ३. मगध के राजा दर्शक के नाम उल्लेख्य हैं और इनका शासन-काल छठी शताब्दी ई० पू० के बाद नहीं माना जा सकता।'[२] इनके भी पूर्व रामायण और महाभारत की रचना हुई होगी ?

महाकवि ने जिस नागवन, वेणुवन, राजगृह और पाटलीपुत्र का उल्लेख किया है इन सबने बुद्ध के समय में ही प्रसिद्धि प्राप्त की होगी। अतः कवि का समय बुद्ध के बाद ही माना जा सकता है। इससे डा० गणपति शास्त्री की यह मान्यता खण्डित होती है कि भास बुद्ध-पूर्व स्थित थे। इनके नाटकों में जिन समाज का चित्रण है वह अनेक प्रमाणों से भास को एक निश्चित समय में स्थित सिद्ध करता है। श्री ए० डी० पुसलकर ने सामाजिक स्थिति के विस्तृत विवेचन के द्वारा भास का समय ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी निश्चित किया है,[३] जिसमें मुझे भी पर्याप्त तथ्य मिलते हैं।

द्वितीय मत (ईसा की द्वितीय-तृतीय शताब्दी)—डा० कीथ के अनुसार भास की अन्तिम तिथि-सीमा ३५० ई० हो सकती है क्योंकि कालिदास ने इसके पश्चात् ४ थी शताब्दी में इनके यश का वर्णन किया है अर्थात् ये तब तक प्रथित-यश हो चुके थे।[४] अश्वघोष ने इनकी कहीं चर्चा नहीं की है और न इनका कोई प्रभाव ही उन पर दृष्टिगत होता है पर इनके 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' में 'बुद्ध-

---

१. देखिए—पुसलकर-Bhasa : A Study, अध्याय ६।

२. देखिए विन्सेन्ट स्मिथ कृत 'Early History of India' पृ. ३८, ३९, ५१

३. देखिए ए० डी० पुसलकर कृत 'Bhasa : A Study' पृ० ६७-६८।

४. "It is difficult to arrive at any precipe determination of Bhasa's date. That Kalidas knew his as firmly established is clear, and, if we may falrly safely date Kalidas about A. D. 400, this gives us a periad of nof later than AD 350 for Bhasa."

(The Sanskrit drama, Page 93. 1954.)

चरित' के एक श्लोक की स्पष्ट छाया मिलती है[1]। इसलिए यह सिद्ध होता है कि भास अधिक से अधिक द्वितीय शताब्दी (अश्वघोष) के बाद और कम से कम पाँचवीं शताब्दी (कालिदास) से पूर्व अवश्य रहे होंगे ? अब भास कालिदास के अधिक निकट हैं या अश्वघोष के, यह एक प्रश्न है, जिसके उत्तर में डा० कीथ ने इन्हें कालिदास के अधिक निकट माना है।[2]

भास महाभारत या कृष्ण से सम्बद्ध कथावस्तुओं के निर्वाह में जैसे तल्लीन और सफल हुए हैं। वैसे अन्यत्र नहीं, संभवतः क्षत्रप राजाओं के आश्रित होने से ही उन्होंने यह प्रभाव ग्रहण किया हो जो कि परम कृष्ण-भक्त थे। इन क्षत्रपों का राज्य-काल स्टेन कोनो के मतानुसार दूसरी शताब्दी ईस्वी ठहरता है और भास इसी समय वर्तमान माने जाते हैं।

तृतीय मत (सातवीं शताब्दी)--भास के नाटकों का समय सातवीं शताब्दी ईस्वी मानने वालों में डा० बार्नेट प्रमुख हैं। बार्नेट ने 'नाटक चक्र' के कर्त्ता महाकवि भास नहीं है अपितु कोई केरलीय कवि है जो ईसा की सातवीं शताब्दी में वर्तमान था, ऐसा सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त भास के भरतवाक्यों में जिस राजसिंह का उल्लेख है उसे वे केरल का कोई राजा मानते हैं पर स्टेन कोनो ने इसे क्षत्रप रुद्रसिंह प्रथम, ध्रुव ने शुंग पुष्यमित्र तथा दूसरों ने अन्य किसी राजा का विशेषण माना है। पुशलकर ने इसे विन्ध्य और हिमवत् तक फैले हुये उत्तरी भारत पर एकच्छत्र राज्य करने वाले प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्त को मानकर अपने मत की पुष्टि की है।[3]

सिद्धान्त मत--अन्ततोगत्वा भास के नाटकों का अन्तःपरीक्षण एवं बहिःपरीक्षण करके यह सिद्ध किया जा सकता है कि कवि मौर्यकाल के पूर्व वर्तमान था क्योंकि इन्होंने भी कहीं अपनी रचनाओं में अपना नामोल्लेख नहीं किया है। भरतवाक्यों को दृष्टि में रखते हुये भास की स्थिति उग्रसेन महापद्मनन्द (चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी) के समय में मानी जा सकती है।

जैसे कालिदास, शूद्रक और कौटिल्य का समय असंदिग्ध है वैसे ही भास को अश्वघोष के पहले रखा जाय या पश्चात् यह भी एक समस्या है। भास को सब

---

१. दे० बुद्धचरित सर्ग १३ श्लोक ६०

२. देखिए. 'The Sanskrit drama'–A. B. Keith p. 95.

३. देखिए पुशलकर—'Bhasa : A Study' पृ० ६९।

प्रकार से मौर्यकाल के पूर्व सिद्ध किया जाता है तथा कौटिल्य (४थी शताब्दी ई० पू०) के पश्चात् इन्हें किसी प्रकार नहीं लाया जा सकता।[1]

कर्तृत्व—महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित 'नाटकचक्र' के सम्पूर्ण नाटकों के कर्त्ता महाकवि भास ही हैं या कुछ अन्य कवियों की भी कृतियाँ इसमें जोड़ी गई हैं[2] यह अब तक निश्चित नहीं हो सका है। अधिकांश विद्वान् अब डा० गणपति शास्त्री से सहमत हो गये हैं, जैसे डा० कीथ, डा० थामस, डा० सरूप, प्रो० परांजपे और प्रो० देवधर आदि। प्रो० जागीरदार ने स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् एवं पंचरात्र को भास की कृति मानकर शेष नाटकों को दो भागों में विभक्त करके भिन्न-भिन्न काल की रचनाएँ माना है। डा० विंटरनित्ज और डा० सुक्थनकर ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायणम्' को भास की कृति माना है, शेष के बारे में कोई निश्चित मत नहीं व्यक्त किया है।

धर्म—प्रो० विंटरनित्ज ने इनके नाटकों को ब्राह्मण-धर्म का पोषक माना है, क्योंकि भास के नाटकों में ब्राह्मणों के प्रति बड़ी श्रद्धा दिखाई गई है।[3] इन्हीं प्रमाणों के आधार पर डा० व्यास ने अपना मत व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भास के समय तक ब्राह्मण-धर्म का पुनरुत्थान हो चुका था।[4]

इन नाटकों के कर्त्ता के प्रमाणस्वरूप हमें इनके अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्य पर विचार करना आवश्यक है।

अन्तः साक्ष्य (रचना-विधान में साम्य)—

१. नांदीपाठ के स्थल पर मंगलपाठ का विधान तथा सूत्रधार के द्वारा नाटकों का प्रारम्भ ('नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः')।

२. 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' का सर्वत्र प्रयोग।

३. प्ररोचना का अभाव।

४. तेरह नाटकों में से पाँच नाटकों के प्रथम श्लोकों से मुद्रालंकार (देवता

---

१. देखिए पुसलकर—'Bhasa : A Study' पृ० ७९-८२।

२. इस विषय में बार्नेट का मत पृष्ठ ४ के 'तृतीय मत' में देखिए।

३. 'द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्' मध्य० १।९, 'ब्राह्मणवचनमिति न मयातिक्रान्तपूर्वम्' कर्णभारम् १।२३, बालचरित २।११ आदि।

४. डा० भोलाशंकर व्यास : 'संस्कृत कवि दर्शन' पृ० २२०।

की स्तुति के साथ-साथ पात्रों का भी नामोल्लेख तथा कथानक की ओर भी हल्का संकेत[1] पाया जाता है।

५. भरतवाक्य में 'राजसिंह' का नामोल्लेख।[1] (केवल चारुदत्त और दूतघटोत्कच में भरतवाक्य का विधान नहीं है।)

६. सब नाटकों की भूमिका अल्प तथा प्रारम्भिक वाक्य एक से हैं।[2] (केवल 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्', 'चारुदत्त', 'अविमारक' और 'प्रतिमा' में कुछ भेद है।)

७. कंचुकी और प्रतिहारी (बादरायण और विजया) का नाम अनेक नाटकों में दुहराया गया है।

८. अनेक नाटकों में (नाटकीय व्यंग्य) 'पताकास्थान' का प्रयोग।

९. कई वाक्यों का समान रूप से अनेक नाटकों में प्रयोग।

१०. नाटकों की संस्कृत का विशुद्ध-पाणिनीय-व्याकरण सम्मत न होना।

११. भरत-प्रतिपादित नाट्यशास्त्रीय विधि-निषेधों का उल्लंघन इनके प्रायः सभी नाटकों में पाया जाता है, जैसे (क) दशरथ की मृत्यु 'प्रतिमा' और वालि की 'अभिषेक' में तथा दुर्योधन की मृत्यु 'ऊरुभंग' में प्रदर्शित है। (ख) चाणूर, मुष्टिक और कंस का वध। (ग) कृष्ण और अरिष्ट के घोर युद्ध का दृश्य 'बालचरित' में। (घ) क्रीडा और शयन का विधान 'स्वप्नवासवदत्तम्' में। (ङ) दूर से जोर से पुकारने का वर्णन 'पंचरात्र' और 'मध्यमव्यायोग' में।

१२. कथानकों का साम्य।

१३. युद्ध की सूचना इन्होंने भटों, ब्राह्मणों आदि से अधिकांश नाटकों में दिलाई है।

१४. किसी उच्च पदाधिकारी जैसे राजा, राजकुमार या मन्त्री के आगमन की सूचना 'उस्सरह उस्सरह। अय्या! उस्सरह' आदि के द्वारा दी गई है। स्वप्नवासदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, प्रतिमा आदि में इसके पर्याप्त उदाहरण हैं।

१५. किसी विशिष्ट घटना की सूचना के लिए 'निवेद्यतां निवेद्यतां महा-

---

१. इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥'

२. 'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किन्नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।'

राजाय' इत्यादि का विधान पंचरात्र, कर्णभारम्, दूतघटोत्कच आदि में किया गया है।

१६. एक की मुख मुद्रा को ही देखकर उनके आन्तरिक भावों का परिज्ञान इनके एकाधिक नाटकों—जैसे प्रतिमा, अविमारक, अभिषेक आदि—में कराया गया है।

भावों में साम्य—भावों की एकता तो प्रत्येक नाटक में पाई जाती है। कुछ विशेष भावसाम्य का नीचे उल्लेख किया जाता है—

१. कवि ने वीर के स्वाभाविक शस्त्र उसके हाथों को ही सिद्ध किया है जिसके उदाहरण बालचरित, मध्यमव्यायोग, पञ्चरात्र, अविमारक आदि में पाए जाते हैं।

२. नारद की अवतारणा कलहप्रिय और स्वरसाधक के रूप में सर्वत्र की गई है।[1]

३. अर्जुन की वीरता का वर्णन दूतवाक्य (श्लो० ३२-३३), दूतघटोत्कच (श्लो० २२) और ऊरुभंग (श्लो० १४ में) किया गया है।

४. राजाओं का शरीर से मरकर भी यशःशरीर से चिरकाल तक जीवित रहने का विचार 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' (पञ्चरात्र श्लो० १, १३) तथा 'हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते' (कर्ण० श्लो० १७) में वर्णित है।

५. लक्ष्मी केवल साहसी के पास रहती है और सन्तोष नहीं धारण करती। ऐसा वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

अन्त में कतिपय अन्य साम्यों को भी परिगणित करते हुए यह सिद्ध किया जाता है कि अन्तःसाम्य के आधार पर तेरहों नाटक एक ही कवि की प्रतिभा से प्रसूत हैं—

१. पताकास्थानकों और नाटकीय व्यंग्यों में काफी समता।

२. समान नाटकीय स्थितियाँ।

३. समान नाटकीय दृश्य।

४. समान अप्रस्तुत विधान।

---

१. तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके। (अविमारक ४।२)
तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि (बाल० १।४)

५. समान वाक्यविन्यास और कथोपकथन ।[1]

६. समान छन्द एवं अलंकारविधान ।

७. समान नाटकीय पात्रों के नाम ।

८. समान सामाजिक व्यवस्था का चित्रण ।[2]

वहिःसाक्ष्य—अनेक आचार्यों ने इनके नाटकों के उल्लेख और गद्यांशों या पद्यांशों के उद्धरण अपने ग्रन्थों में दिए हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि ये नाटक महाकवि भासरचित ही हैं। यहाँ कतिपय आचार्यों एवं कवियों का साक्ष्य दिया जाता है—

१. आचार्य अभिनवगुप्तपाद (१० वीं शती) ने नाट्यशास्त्र पर टीका करते हुए क्रीडा के उदाहरण में स्वप्नवासवदत्तम् का उल्लेख किया है—

'क्वचित् क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।'

२. भोजदेव (११वीं शती) के 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः ।'·······आदि का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

३. शारदातनय (१३वीं शती) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक की व्याख्या करते हुए पूरा स्वप्नवासवदत्तम् का कथानक उद्धृत किया है।

४. सर्वानन्द (११ वीं शती) ने 'अमरकोशटीकसर्वस्व' में शृङ्गार के भेद करते हुए धर्म, अर्थ और काम की गणना की है। इसी में अर्थ के उदाहरण-स्वरूप उदयन और वासवदत्ता के विवाह का वर्णन किया है।

५. रामचन्द्र और गुणचन्द्र (१२ वीं शती का उत्तरार्द्ध) के 'नाट्यदर्पण' में उद्धृत—'यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः'·· आदि से स्वप्नवासवदत्तम् का भासकृत होना स्पष्ट सिद्ध है।

६. राजशेखर ने सूक्तिमुक्तावली में स्पष्ट ही घोषित किया है—

भासनाटकचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

---

१. देखिए डा० सुकथन्कर का (भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट के १९२३ वें वार्षिक विवरण परिशिष्टांक में प्रकाशित) 'Studies in Bhasa, iv' 'Recurreuce and parallelisms' की सूची ।

२. देखिए—पुशलकर 'Bhasa : A study' पृ० ५-२१ ।

इस प्रकार राजशेखर ने पूरे नाटकचक्र में से स्वप्नवासवदत्तम् को तो अग्नि-परीक्षा के द्वारा भी भासकृत सिद्ध किया है।

७. बाणभट्ट द्वारा उल्लिखित विशेषताओं को कसौटी मानकर भास के नाटकों की यदि परीक्षा की जाय तो बड़ी सरलता से नाटकचक्र के नाटकों का रचयिता भास घोषित किया जा सकता है।[१]

८. वाक्पतिराज (८वीं शती) ने गउडवहो (५, ८००) में भास को 'अग्निमित्र' कहा है। इस विशेषण को दृष्टिपथ में रखकर डा० विंटरनित्ज, डा० बनर्जी शास्त्री और प्रो० घटक आदि ने भास के नाटकों को प्रमाणित सिद्ध किया है।

९. जयदेव (१२वीं ई० शती) ने प्रसन्नराघव की प्रस्तावना में भास के काव्य की मुख्य विशेषता हास मानी है।[२] इसके उदाहरण 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण, प्रतिमा और मध्यमव्यायोग' में पाए जाते हैं।

१०. दण्डी ने 'अवन्तिसुन्दरीकथा' में भास के काव्यगुणों का वर्णन करते हुए बताया है कि—(१) मुख-प्रतिमुख सन्धियाँ इनके काव्यों में स्पष्ट लक्षित होती हैं तथा (२) अनेक वृत्तियों के द्वारा इन्होंने अपने काव्य में विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति की है।[3]

इस प्रकार बाह्य साक्ष्यों में बाण, वाक्पति, जयदेव और दण्डी के द्वारा निर्दिष्ट विशेषताओं पर ध्यान देने से यह निश्चित हो जाता है कि त्रिवेन्द्रम् में सम्पादित भास-नाटकचक्र के सभी नाटक भास की प्रामाणिक कृतियाँ हैं।

भास के तेरह नाटकों को कथावस्तु के आधार पर यों बाँट सकते हैं—

१. उदयन-कथा—इन ऐतिहासिक नाटकों के प्रणयन में कवि को गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' से पर्याप्त सहायता मिली होगी ऐसी डा० कीथ की मान्यता है।[४]

---

१. विशेष देखिए—पुसालकर—'Bhasa A Study' पृष्ठ ३७-४२

२. भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।

....

केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय ॥ (प्रस्तावना, प्रसन्नराघव)

३. सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥ ११ ॥

४. देखिए—कीथ-कृत संस्कृत ड्रामा, पृ० १००।

पर भास के नाटकों में वर्णित घटनाएँ अधिक सत्य और गम्भीर हैं जब कि कथासरित्सागर आदि में केवल सामान्य उल्लेख मात्र है। इसलिए उदयन की कथाओं के लिए भास पर अधिक विश्वास किया जाता है अपेक्षाकृत उक्त दो ग्रन्थों के।[१]

२. महाभारत-कथा—महाकवि भास ने महाभारत के कथानकसूत्रों को लेकर मनोरम कल्पना का उसमें सम्मिश्रण करके उसे नाटकीय परिधान दिया है। कई नाटकीय परिस्थितियाँ कवि की मौलिक प्रतिभा का प्रतीक हैं। इन्होंने कई नाटकों के पात्रों के चरित्र भी अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार परिवर्तित कर लिए हैं जैसे दुर्योधन, कर्ण, हिडिम्बा, घटोत्कच आदि के।

३. कृष्ण-कथा—कृष्णकथा पर आधारित 'बालचरित' का मूल स्रोत डा० स्वरूप और डा० ध्रुव ने हरिवंशपुराण को माना है पर उसे मानने पर भास का समय ४ थी शती ईस्वी मानना होगा जो कि उचित नहीं, अतः डा० वेबर का ही मत ग्राह्य मालूम होता है। उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि इस नाटक में कृष्ण का आरम्भिक काल का रूप चित्रित है। डा० कीथ ने विष्णुपुराण और भागवतपुराण से भी पूर्व बालचरित की रचना मानी है।

४. राम-कथा—प्रतिमा की कथावस्तु का मूल आधार वाल्मीकीय रामायण के द्वितीय-तृतीय स्कंध हैं जिनसे कवि ने कोरा कथानक लिया है। उसकी साज-सज्जा में कवि ने अपनी मौलिक प्रतिभा का विनियोग किया है। इनके चरित्र रामायण की अपेक्षा अधिक उदात्त और भावोद्बोधक हैं। अभिषेक नाटक के लिए कवि ने किष्किन्धा, सुन्दर और युद्ध काण्डों से सामग्रीसंचयन किया है।

५.लोक-कथा (मौलिक कल्पना)—चारुदत्त के लिए किसी निश्चित स्रोत का पता नहीं चलता। एक वेश्या का निर्धन वणिक्प्रेम तो लोक-कथा के रूप में बहुत समय से प्रचलित था। वैसे कवि की मौलिक कल्पना भी हो सकती है। यों तो जातक की 'सुन्दरी-कथा' को संभावित स्रोत माना जाता है और इसकी बहुत कुछ संभावना भी है। डा० स्वरूप की निश्चित धारणा है कि

---

१. 'Bhasa' treats the incident in a more realistic and serious fashion than does the light-hearted account of the Kathasarit-sagar and herein he is probably more faithful to the Udayana legends.'
J: A. O. S. 43 page 169.

६. दूतघटोत्कच—अभिमन्यु वध के पश्चात् अर्जुन के प्रतिज्ञा करने पर श्रीकृष्ण का घटोत्कच को धृतराष्ट्र के पास विनाश की सूचना देने के लिए भेजना और अन्त में भयंकर युद्ध। उद्धत वीर घटोत्कच और दुर्योधनादि का वार्तालाप बड़ा सफल बन पड़ा है।

७. कर्णभार—प्रस्तुत उत्सृष्टिकांक में कर्ण का ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र को अपना कवच-कुण्डल देना वर्णित है? इसमें कर्ण के उज्ज्वल चरित्र एवं दान-शीलता का प्रभावशाली निरूपण किया गया है।

८. मध्यमव्यायोग—इस व्यायोग में मध्यम पाण्डव (भीम) का मध्यम ब्राह्मण कुमार की रक्षा करना और हिडिम्बा से अन्त में मिलन वर्णित है। पुत्र का पिता को न पहचानते हुए धृष्टतापूर्वक माँ के सम्मुख ला उपस्थित करना बड़ा ही सरस और कौतूहलपूर्ण है।

९. प्रतिमा—सात अंकों के इस नाटक में राम-वनवास से रावण-वध तक की कथा वर्णित है। भरत का ननिहाल से अयोध्या आते हुए प्रतिमा-मन्दिर में अपने पिता राजा दशरथ की 'प्रतिमा' दिवंगत पूर्वजों में देख उनकी मृत्यु का अनुमान लगा लेना वर्णित है।

१०. अभिषेक—कुल छः अंक हैं। रामायण के किष्किंधा, सुन्दर और युद्ध काण्डों की संक्षिप्त कथा पर इसका कथानक आधारित है और अन्त में रामराज्याभिषेक भी वर्णित है।

११. अविमारक—छः अंक हैं। राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरंगी का राजकुमार अविमारक से प्रणय एवं विवाह वर्णित है। अविमारक का संकेत कामसूत्रों में है अतः इसे लोककथानक कह सकते हैं।

१२. चारुदत्त—चार अंकों का एक 'प्रकरण' है। शूद्रक के प्रसिद्ध 'मृच्छ-कटिक' नाटक का इसे आधार माना जाता है। इस अधूरे नाटक में निर्धन परन्तु सदाचारी ब्राह्मण चारुदत्त तथा गुणवती वेश्या वसन्तसेना का प्रणय वर्णित है। बृहत्कथा में वेश्या-ब्राह्मण के प्रेम पर आधारित कई कहानियाँ हैं, बाद में वे लोककथाओं के रूप में प्रचलित हो गई, अतएव इस नाटक का भी आधार यही लोककथाएँ मानी जा सकती हैं।

१३. बालचरित—यह एक पाँच अङ्कों का पौराणिक नाटक है। इसका उपजीव्य हरिवंश पुराण माना जाता है। इसमें कृष्ण-जन्म से कंस-वध तक की कथाएँ वर्णित हैं।

अविमारक की कथा कवि-कल्पना-प्रसूत है। डा० ध्रुव इसे लोकगीतों पर आधृत मानते हैं।

भासनाटकचक्र के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

१. स्वप्नवासवदत्तम्—इस नाटक में ६ अङ्क हैं। इसमें स्वप्न को यथार्थ में परिणत करके कवि ने सफल प्रेम का मनोरम चित्रण किया है। मंत्री यौगन्धरायण अपने बुद्धि-वैभव के बल पर उदयन के अपहृत राज्य को पुनः प्राप्त कराता है। वह 'वासवदत्ता अग्नि में जल गई' ऐसा प्रवाद फैला कर पद्मावती से विवाह कराता है जिससे उदयन पुनः राज्य प्राप्त करते हैं।

२. प्रतिज्ञायौगन्धरायण—यह नाटक ५ अंकों का है। 'स्वप्नवासवदत्तम्' के पूर्व की कथा इसमें निबद्ध है। मंत्री यौगन्धरायण के प्रयत्न से वत्सराज उदयन और अवन्तिकुमारी वासवदत्ता के रहस्यमय (गुप्त) परिणय और मंत्री के कौशल तथा दृढ प्रतिज्ञा का रोमांचक वर्णन है।

३. ऊरुभंग—इस एकांकी में भीम के प्रतिज्ञा-निर्वाह की दृढ़ता का भयानक (रौद्र) एवं वीररसपूर्ण वर्णन है। भीम और दुर्योधन के गदा युद्ध में दुर्योधन की कारुणिक मृत्यु का वर्णन है। संस्कृत नाट्य-परम्परा में एक मात्र यही दुःखान्त नाटक है।

४. दूतवाक्य—यह एक अङ्क का व्यायोग है। भास ने इसमें सर्वथा विरुद्ध प्रकृति के दो पात्रों को चुना है, एक जहाँ अपनी उदारता के कारण ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति का है वहाँ दूसरा ईर्ष्या की ज्वाला में जलता हुआ निम्नगामी मनोवृत्ति का प्रतीक। महाभारत-युद्ध के विनाशकारी परिणाम से सबकी रक्षा के लिए पाण्डवों की ओर से श्रीकृष्णका सन्धि-प्रस्ताव लेकर जाना पर दुर्योधन की सभा से विफल होकर लौटना इसमें वर्णित है। कृष्ण और दुर्योधन के कथोपकथन में नाटकीयता का चरम दिग्दर्शन है।

५. पञ्चरात्र—तीन अंकों के इस समवकार में तथ्य (फैक्ट्स) और कथ्य (फिक्शन) का सम्यक् सम्मिलन हुआ है। विराट पर्व के कथासूत्र को लेकर कवि ने इस सुन्दर नाटक का कल्पनापूर्ण निर्माण किया है। द्रोणाचार्य को दक्षिणा-रूप में पाण्डवों का आधा राज्य देने का वचन और अज्ञातवास की स्थिति में पाँच रात्रि के भीतर ही पाण्डवों के मिलने पर दुर्योधन का आधा राज्य दे देना ही इसकी कथावस्तु है।

नाटकों की सामान्य विशेषताएँ—भास के पात्र चाहे स्त्री हों या पुरुष सामान्य भूमिका पर ही सर्वदा दृष्टिगत होते हैं। इन्हें हम कल्पनालोक के प्राणी नहीं कह सकते, जिनमें वायवीय तत्वों के कारण कुछ अलौकिकता या अस्वाभाविकता आ गई हो। यही कारण है कि श्रोता या पाठक इनके नाटकों को देखते-सुनते पात्रों के साथ पूरी सहानुभूति प्रकट करता है एवं अपनी भावनाओं की मानसिक क्रिया-प्रतिक्रियाओं को उनमें बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव से पाता है। देवगुणसम्पन्न पात्र जैसे राम, सीता, लक्ष्मण आदि में भी हम मानवीय भावों की ही झलक पाते हैं। उनके विचारों और क्रियाओं में कहीं भी असाधारणता नहीं आने पाई है।

जहाँ तक पात्रों के मनोवैज्ञानिक चरित्र-चित्रण का प्रश्न है हम भास को बिल्कुल आधुनिक युग के नाटककारों के साथ पाते हैं। श्री मीरवर्ष ने भास के इस गुण की प्रशंसा की है।[१]

इन्होंने अपने नाटकों में जितने पात्रों का विनियोजन किया है सभी सार्थक हैं और सबका अपने-अपने स्थान पर एक विशेष महत्त्व है। कवि ने व्यक्ति-वैचित्र्य पर सर्वथा ध्यान दिया है और यही कारण है कि एक वर्ग के प्रतीक के रूप की अपेक्षा व्यक्तिगत विशेषताओं से युक्त पात्र हमारे सामने आते हैं।

महाभारत-कथा पर आधारित नाटकों के चरित्र-चित्रण में यद्यपि कवि को स्वतंत्रता नहीं थी, फिर भी कर्ण और दुर्योधन का चरित्र हमारे हृदय में उदात्त भावनाओं को उत्पन्न करने में समर्थ है और इस प्रकार सहज ही वे सहानुभूति के पात्र बनते हैं।

लोककथाओं पर आश्रित नाटकों में कवि को कल्पना की रंगीनी का विनियोग करनेकी काफी छूट थी फिर भी उनमें अस्वाभाविकता नहीं है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि भास के पात्र कालिदास और बाण की भाँति न तो रोमांटिक और कल्पनाप्रवण हैं, न भवभूति की भाँति काव्यात्मक और भावुक और न तो भट्टनारायण की भाँति अति ओजस्वी, न श्रीहर्ष की भाँति अति काल्पनिक और न शूद्रक की भाँति हास्य-प्रधान और अति यथार्थ ही है।

---

१. '...in psychological subtlety Bhasa is almost modern'
J. A. S. B. 1917 p. 278.

नाट्यकला—नाटककार और भास ने अपने नाटकों की विषयवस्तु का चुनाव बड़ी बुद्धिमानी और कुशलता से किया है। इनकी भाषा में प्रसाद और माधुर्य के साथ यथा-अवसर ओजगुण की भी प्रधानता पाई जाती है। घटनाओं का विधान अत्यन्त स्वाभाविक होते हुए भी प्रभावोत्पादक और कौतूहलपूर्ण है। पात्रों के चरित्र-चित्रण में व्यक्ति-वैचित्र्य के द्वारा सजीवता ला देना भास का प्रिय कौशल है। वाक्य सरल, चुटीले और भावोत्तेजक होने के कारण कथोपकथन के स्थलों पर विशेष नाटकीयता ला देते हैं। घटनाओं का निश्चित लक्ष्य की ओर उत्तरोत्तर बढ़कर प्रभावान्वित करना तथा अन्तर्द्वन्द्व और आघात-प्रतिघातों में पड़े हुए पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उद्घाटन करना इनके नाटकों का मुख्य गुण है। इनके नाटक अपने युगधर्म और सांस्कृतिक तथा सामाजिक गति-विधियों के प्रतिनिधि माने जाते हैं।

इनके नाटकों को देखने से पता चलता है कि रामचरित्र से सम्बद्ध नाटकों में न तो वह रसवत्ता ही पाई जाती है और न चरित्रों का चित्रण ही उतना प्रभावपूर्ण हो सका है जितना कि एक रससिद्ध नाटककार के लिए अपेक्षित है। महाभारत या कृष्णचरित्र से सम्बन्ध रखने वाले कथानकों में नाटककार की भावनाएँ अधिक उदात्त हैं और रसानुकूल घटना-विधान का नियोजन किया गया है अतः ये नाटक मध्यम श्रेणी में आते हैं। तीसरी स्थिति उन नाटकों की है जो उदयन-कथा पर आधारित हैं! इन्हें हम कवि की सर्वोत्कृष्ट रचनाएँ मान सकते हैं तथा इनमें नाटककार या कवि पाठकों या दर्शकों को भावमग्न करने में अधिक सफल हुआ है। प्रणय जैसे व्यापक विषय को लेकर कवि ने बड़ी सफलता से मानव-मन की भावनाओं का रंगीन चित्रण किया है। महाकवि भास आदर्शवादी नाटककार के रूप में हमारे सामने आते हैं। उन्होंने सामाजिक और पारिवारिक आदर्शों का निर्वाह बड़ी मनोरमता से किया है। नाटकीय व्यंग्य से दर्शक या पाठक के कौतूहल का पूर्ण वर्द्धन हुआ है। 'प्रतिज्ञा' के द्वितीय अंक में वासवदत्ता के माता-पिता जब अपनी पुत्री के भावी पति के बारे में विचार करते हैं उसी समय कंचुकी का 'वत्सराज' कहना और बन्दी उदयन के आने का समाचार मिलना 'घटना-साहचर्य' का उज्ज्वल उदाहरण है। ऐसा ही 'अभिषेक' के पाँचवें अंक में सीता-रावण संवाद के सिलसिले में द्रष्टव्य है।

भास के नाटक उस समय रचे गए जब कि नाटक-कला का पूर्ण विकास नहीं हो पाया था, इस कारण भी कुछ त्रुटियाँ इनके नाटकों में आ गई हैं।

कहीं-कहीं 'निष्क्रम्य प्रविशति' आदि द्रुतगति वाले नाटकीय निर्देशों से अस्वाभाविक औपचारिकता-सी आ गई है। कवि ने कथानक-सूत्रों के संघटन में कहीं-कहीं समय की अन्विति का ध्यान नहीं दिया है। कृष्ण के निर्जीव शस्त्रास्त्रों को मानवरूप में रंगमंच पर उपस्थित करके सारी स्वाभाविकता नष्ट कर दी गई है। नाट्यशास्त्र के द्वारा वर्जित दृश्यों (युद्ध, मरणादि) को भी इन्होंने 'ऊरुभंग' आदि में सामाजिक के सम्मुख उपस्थित किया है। इनके नाटकों की अस्वाभाविकता का कारण अपरिचित पात्रों का रंगमंच पर सहसा उपस्थित होना भी है।[1] इसी प्रकार की त्रुटि 'स्वप्नवासवदत्तम्' में 'वासवदत्ता जली नहीं है' ऐसा कहकर बाद की घटनाओं को नीरस और सामान्य बना देने में है। सामाजिकों की सारी उत्कंठा और भविष्य के परिणाम की अनिश्चितता इस भावना के बद्धमूल होने पर समाप्तप्राय हो जाती है।

कतिपय त्रुटियों के होते हुए भी भास की कला महान् है। उनमें प्रौढत्व न होने पर भी भाव-गाम्भीर्य और रमणीयता है। वीर रस के तो ये सफल नाटककार हैं ही पर मानव के मन का कोमल से कोमलतम पक्ष भी इनकी लेखनी के लिए अछूता नहीं। इन्होंने प्रणय, करुणा एवं विस्मय का बड़ा सुन्दर निर्वाह अपनी कृतियों में किया है।

भास की शैली—शैली की सारी विशेषताओं से विशिष्ट भास कवि की अभिव्यंजना बड़ी ही प्रभावोत्पादक है। प्रसाद और ओज के साथ-साथ माधुर्य की संयोजना सहृदयों को मुग्ध कर देती है। पूरे के पूरे नाटक पढ़ जाइए, कहीं भी दुरारूढ़ कल्पना, समासबहुलता या प्रवाह में अवरोध नहीं मिलेगा। इसे कुछ विद्वानों ने रामायण का प्रभाव माना है। इनकी शैली अलंकारों पर नहीं, भावनाओं के निखार पर गर्व करती है जिसमें कृत्रिमता की जगह स्वाभाविकता आ गई है। सरलता से समझ में आने वाले उन अलंकारों का प्रयोग भास ने किया है जिनसे वस्तु-चित्र और भी स्पष्ट हो गए हैं। भावबोधन में जैसी सफलता इन्हें मिली, इनके पूर्ववर्ती किसी भी कवि को नहीं। इसका एकमात्र कारण इनकी सरल शैली और अद्भुत मनोवैज्ञानिक दृष्टि ही है। इनके काव्य को हम मानव-मन के अन्तस् की विभिन्न स्थितियों में होने वाली प्रतिक्रियाओं का संकलित-चित्र (एलबम) आसानी से कह सकते हैं। पिता की

१. विशेष के लिए देखिए—पुसलकर : Bhasa : A study, P. 1024.

मृत्यु का कारण जान कर भरत के हार्दिक उद्‌गारों की मार्मिक अभिव्यञ्जना कवि ने एक ही लघु श्लोक में कर दी हैं—'तुम्हारी पुत्र के प्रति कितनी प्रगाढ़ ममता थी और हमारा भाई के प्रति यह ऐसा प्रेम है ?'[1] बात सीधी पर बड़ी मर्मस्पर्शिणी है। वे प्रकृति को मानवीय भावों के प्रतिविम्ब रूप में उपस्थित करते हैं। पाठक या दर्शक इन वर्णनों को सुनते ही भावमयता की उच्च भूमिका में पहुँच जाता है और साधारणीकरण की स्थिति आ जाती है।[2]

भास के नाटकों में तुलसी के समान पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्धों एवं आचारों का आदर्श उपस्थित किया गया है।[3]

भास ने लोकोक्तियों के द्वारा गागर में सागर भर दिया है।[4] भास के संश्लिष्ट चित्र नाटकों के कथानक में विशेष प्रभाव उत्पन्न कर देते हैं।[5]

—: ० :—

१. अद्य खल्ववगच्छामि पित्रा मे दुष्करं कृतम्।
कीदृशस्तनयस्नेहो भ्रातृस्नेहोऽयमीदृशः ॥ प्रतिमा ४।१२

२. देखिए—अविमारक ४।४, प्रतिमा २।७, तथा स्वप्नवासवदत्तम् ४।६

३. देखिए—सूर्य इव गतो रामः सूर्य दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः।
सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ॥ प्रतिमा २।७
तथा
गोपहीना यथा गावो विलयं यान्त्यपालिताः।
एवं नृपतिहीना हि विलयं यान्ति वै प्रजाः ॥ प्रतिमा ३।२४

४. 'आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते।' १९। मध्यमव्यायोग।
'दृष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेद्वने।' ४४। मध्यमव्यायोग।

५. स्वप्न० १।१६ तथा प्रतिमा १।३ और १।१८

कर्णभार-समालोचना

कथावस्तु—कवि अपनी भावभूमि के प्रसार के लिए एक क्षीण-सा आधार लेता है पर उसी को अपनी प्रतिभा, सूझ-बूझ और कल्पना के द्वारा सजा कर पाठक के सम्मुख ऐसा उपस्थित करता है कि उसे पढ़ कर वह चमत्कृत हो जाय। महाकवि भास ने भी अपने नाटकों का आधारसूत्र महाकाव्यों से ग्रहण किया है और उसी का विस्तार अपनी मौलिक उद्भावना और बहुवस्तु-स्पर्शिनी प्रतिभा के सहारे बड़े मनोरम वातावरण में उपस्थित किया है।

मूलस्रोत—प्रस्तुत नाटक महाभारत की कथा पर आश्रित है जैसा कि हम पूर्व निर्देश कर चुके हैं। महाभारत के शान्तिपर्व के पंचम अध्याय में कर्ण की अनेक कठिनाइयों, बाधाओं और समस्याओं का उल्लेख है। यह मानना पड़ेगा कि कर्ण की पराजय इन्हीं बाधाओं के द्वारा हुई वरना पूरे महाभारत का इतिहास ही कुछ बदला हुआ सामने आता।

छद्म वेश में इन्द्र ने अर्जुन के लिए कर्ण से उसका बहुमूल्य और स्वाभाविक कवच दान में ले लिया। दानवीर कर्ण अपने पिता सूर्य के द्वारा स्वप्न में वर्जन किए जाने पर भी उसे प्रसन्नतापूर्वक ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र को दे देते हैं! कुपित ब्राह्मण और परशुराम के शाप, कुन्ती के वरदान माँगने और शल्य के द्वारा बारं-बार अनुत्साहित किए जाने के कारण कर्ण को बड़ी बाधा हुई। भीष्मपितामह ने इनके अधिकार को भी सीमित कर दिया था। कृष्ण ने अपनी कूटनीति और अर्जुन के दैवी शस्त्रास्त्रों की सहायता से कर्ण के उत्साह को और भी ठण्डा कर दिया। इस स्थिति में भी वह अपने मन में जय-पराजय को समान रूप से ग्रहण करता हुआ युद्ध के लिए कटिबद्ध होता है।

कर्ण के आख्यान महाभारत के अनेक पर्वों में यों निबद्ध हैं :—

१. वन पर्व के ३००-३१० अध्यायों में सूर्य कर्ण को इन्द्र की कपट-लीला से बचने के लिए चेतावनी देते हैं। यह कथा जिस भाग में वर्णित है उसे कुण्डल-

हरण पर्व कहा गया है। जब कर्ण ने सूर्य की चेतावनी पर कुछ भी ध्यान न दिया तो सूर्य ने इन्द्र से कवच और कुण्डल के बदले में एक मायाविनी शक्ति माँगने को कहा। महाभारत का कर्ण सूर्य के इस सुझाव को मान जाता है और उससे वह शक्ति प्राप्त करता है जिसके द्वारा बाद में घटोत्कच की मृत्यु होती है। यह कथा शान्ति और वन पर्वो के अतिरिक्त आदि पर्व के अन्तर्गत सभापर्व के अध्याय ६८।४४-४५ और अध्याय १२०।३९-५३ में निवद्ध है।

२. कर्ण का अर्जुन से घोर संग्राम और अर्जुन के द्वारा कर्ण के वध की कथा कर्ण पर्व में निवद्ध है। कर्ण कौरवी सेना का संचालन करते हुए अर्जुन को परास्त करने के लिए कटिवद्ध होता है। अर्जुन के लिए जैसे कृष्ण सारथी थे वैसे ही कर्ण के लिए शल्यराज। कृष्ण ने जैसे इस शर्त पर रथ चलाना स्वीकार किया था कि वे रणक्षेत्र में अस्त्र नहीं ग्रहण करेंगे वैसे ही शल्य ने भी यह वचन ले लिया था कि किसी भी समय वह जो चाहे जिससे चाहे कह सकता है। उसके वचन की धारा को रोकने का किसी को अधिकार नहीं।

महाभारत का शल्य अनेक कटूक्तियाँ बोलता है और कर्ण को निर्वलता का वर्णन करके उसका उत्साह भंग करता है। वह अनेक अपशकुनों को दिखा कर वात-वात में कर्ण से झगड़ बैठता है। ऐसी ही परिस्थिति में रह कर कर्ण पाँच पांचालों को मारता है तथा युधिष्ठिर को निःशस्त्र करके उनका अपमान करता है।

३. कर्ण की अस्त्रशिक्षा और परशुराम के अभिशाप की कहानी महाभारत के कर्ण पर्व के २६ वें अध्याय और शान्ति पर्व के तीसरे अध्याय में वर्णित है।

इस प्रकार हम देखते है कि कर्ण की इतस्ततः बिखरी हुई कथाओं को संकलित करके उसका एक ऐसा संघटनात्मक रूप उपस्थित किया गया है जो अपनी समग्रता में एक प्रभाव उत्पन्न कर सके।

मूल स्रोतों से अन्तर

१. मूलकथा में इन्द्र का ब्राह्मण भिक्षुक के रूप में आना और कर्ण से कवच कुण्डल का दान माँगना बहुत पहले ही वर्णित है जब कि पाण्डव जंगल में निवास कर रहे थे, किन्तु कवि ने उस घटना का संयोजन युद्ध को जाते हुए सैनिक-परिच्छद में उपस्थित कर्ण के साथ किया जिससे एक प्रभावात्मकता उत्पन्न होती

है और एकाएक इस घटना के घटित होने पर कुछ आश्चर्य और कौतूहल भी होता है, साथ ही करुणा की गहरी अनुभूति, एक बार दर्शक को कर्ण के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के लिए विवश होना पड़ता है।

२. महाभारत में सूर्य पहले ही कर्ण को स्वप्न में आकर चेतावनी दे देते हैं कि इन्द्र के कपट-जाल में मत पड़ना किन्तु कवि ने इस कथांश को निकाल दिया है क्योंकि इससे उस घटना का प्रभाव और कौतूहल को जागृत करने की क्षमता नष्ट हो जाती। बहुत संभव है उसकी समय, घटना और क्रिया की अन्विति भी न बन पाती।

३. मूलकथा में तो कर्ण का इन्द्र से शक्ति की स्वयं याचना करना वर्णित है पर भास ने अपने चरित्रनायक को जिस उच्च भूमिका पर प्रतिष्ठित किया है उसके लिए सम्भवतः यह प्रतिदान की इच्छा शोभन नहीं मालूम होती। अतः वह अपने कवच-कुण्डल निःस्पृह होकर दान करता है और देवदूत के कहने पर भी उसके बदले में इन्द्रप्रदत्त शक्ति को नहीं ग्रहण करना चाहता। अन्त में स्वयं देवदूत ब्राह्मण-वचन के पालनार्थ शक्ति को स्वीकार करने के लिए कहता है कर्ण इसीलिये उसे स्वीकार करता है कि ब्राह्मण की आज्ञा उसने कभी उल्लंघित नहीं की।

४. नाटक के शल्य में महाभारत के शल्य से पर्याप्त अन्तर है। नाटक का शल्य एक मृदुभाषी, शुभचिंतक और कर्ण का सहायक-सा प्रतीत होता है। उसका रूप उचित परामर्शदाता सारथी की भूमिका में निखर आता है। महाभारत का शल्य क्रूर, निर्दय, कर्ण का विरोधी और बात-बात में कर्ण को कटुवचन से आघात पहुँचाने वाला है।

५. नाटक में यह बड़ी कौतूहल और आश्चर्य की बात है कि ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र प्राकृत भाषा का प्रयोग करता है, जब कि यह सर्वमान्य नियम है कि केवल भृत्य या अशिक्षित वर्ग और स्त्रियाँ ही प्राकृत का प्रयोग करें तो एक शास्त्रज्ञ ब्राह्मण का वैसा बोलना अस्वाभाविक और शंकास्पद है :

डा० जी० के० भट्ट एक निबन्ध में 'कर्णभार की समस्याओं'[1] पर विचार

---

१. देखिए—'The problem of Karnabhara' (Journal of the Universtiy of Bombay Nov. 1947. Vol. XVI New Series part 3.)

करते हुए लिखते हैं कि कविवर भास ने कर्ण की कथा में कुछ नवीन बातें जोड़ कर उसे पूर्ण बनाया है। ये बातें कविकल्पनाप्रसूत हैं। इसी सिलसिले में वे कर्ण के उस रूप का वर्णन करते हैं जिसे कवि ने अपने नाटक के लिए चुना है। कर्ण सर्वप्रथम जब रंगमंच पर आता है तो उसका मानस अनेक बाधाओं एवं तज्जन्य चिन्ताओं से ग्रस्त है। यही स्थिति अन्त तक बनी रहती है और इसी मानसिक दशा में वह अपने शास्त्रशिक्षण और परशुराम के अभिशाप की भी बात शल्य से कह डालता है।

इस प्रकार कथानक श्री देवधर के विचार से कुछ अंशों में सही नहीं है। महाभारत के शल्य पर्व के अन्तर्गत २९ वें अध्याय में निबद्ध कथा कुछ इस प्रकार है —

कर्ण शल्य से अपने कृष्ण एवं अर्जुनादि से युद्ध का वर्णन करते-करते एक पीड़ा और उदासी की भी बात उद्घाटित करता है। वह बतलाता है कि पहले कभी उसने किस प्रकार अज्ञानवश एक ब्राह्मण की पवित्र गाय के बछड़े की निर्मम हत्या कर डाली थी। इसी से कुपित ब्राह्मण ने उसे शाप दिया कि जब युद्ध क्षेत्र में तुम्हारा पहिया पृथ्वी में धँस जायगा तो तुम्हारी भी इसी प्रकार की निर्मम हत्या शत्रु के द्वारा होगी। इसी समय उसने शल्य से अपने कपट-व्यवहार से अर्जित अत एव परशुराम के शाप से व्यर्थ हुई अस्त्र-विद्या की भी कथा कही है। वह न तो अर्जुन से डरता है न कृष्ण से ही, पर ब्राह्मण और परशुरामका शाप उसके मानस को बोझिल बना रहा है।

इन्द्र का कवच-कुण्डल प्राप्त कर लेने के पश्चात् पश्चात्ताप करना उनकी सहृदयता का द्योतक है जिसके फलस्वरूप वह स्वयं ही देवदूत भेजकर कर्ण को अमोघ शक्ति देता है। यह कवि की भावना और मौलिक कल्पना का ही परिणाम है।

गृहीत रूप :—नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार यह निर्देश करता है कि दुर्योधन का दूत कर्ण के पास, युद्ध प्रारम्भ होने वाला है, इसकी सूचना देने जल्दी-जल्दी जा रहा है। कर्ण को युद्ध की साज सज्जा से सज्जित देखकर भट को दुर्योधन की आज्ञा का निवेदन आवश्यक न जान पड़ा। वह स्वयं ही युद्ध क्षेत्र की ओर शल्यराज के साथ प्रस्थान कर रहा है। वह यह भी ज्ञात कर

लेता है कि जैसे कर्ण अपने शिविर के बाहर आए हैं वैसे ही उनका हृदय अनेक आगत-अनागत चिन्ता और आशंका में व्याप्त हो गया है ! कर्ण रंचमंच पर यथानिर्दिष्ट रूपमें प्रवेश करता है। उसका प्रथम वाक्य ओजोमय है। वह छूटते ही कहता है कि अर्जुन आज यदि रणक्षेत्र में दिखाई दे जाय तो अपने तीक्ष्ण वाणों से कौरवों की इष्ट-सिद्धि कर दूँ। वह शल्य से वही रथ ले चलने को कहता है जहाँ अर्जुन है। जिस प्रकार धधकती हुई अग्नि पर धीरे-धीरे राख की पर्त्त जमती है उसी प्रकार कर्ण के इन उग्र विचारों पर भी चिन्ता की पर्त्तें जमने लगती हैं। स्वयं कर्ण को भी अपनी इस असंभावित उदासीनता से बड़ा असन्तोष होता है। वह कहता है—जब युद्ध के समय शत्रु-पक्ष की चतुरंगिणी सेना पर मेरी वाण-वर्षा होती थी तो मैं क्रुद्ध यमराज-सा मालूम पड़ने लगता था पर आज इस शुभ अवसर पर जब कि मेरे अन्तर में उत्साह और वीरता का भाव जागृत होना चाहिये यह उदासी और निर्वीर्यता की-सी स्थिति क्यों उत्पन्न हो गई है ? अपनी असामयिक मानस-चिन्ताओं का विश्लेषण करते हुए महारथी कर्ण शल्य से अपना सारा पूर्व वृत्तान्त वर्णित करता है। बड़े कष्ट के साथ वह कहता है कि पहले वह कुन्ती के गर्भ से उत्पन्न हुआ पर राधा नाम की अज्ञातकुलशीला स्त्री ने उसका पालन-पोषण किया जिससे लोक में वह राधेय (राधा पुत्र) के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज उसे ही अपने छोटे भाई युधिष्ठिरादि से युद्ध करना होगा। बड़े दिन से जिसकी प्रतीक्षा थी वह समय आज आ गया है और वह कौरवों की अभिलाषा को पूर्ण करने के लिए कृतसंकल्प है। किन्तु अनेक बन्धनों, अभिशापों और अपने वचनों के द्वारा वह जकड़ा हुआ है।

जिस प्रकार कोई अपने दैन्य की कथा किसी साथी को बैठकर सुनाए वैसे ही कर्ण अपने सारथी शल्य से कहता है। अपनी अस्त्रशिक्षा की व्यर्थता की कथा कहते हुए कर्ण कहता है कि 'पहले मैं परशुराम के आश्रम पर शस्त्रशिक्षा प्राप्त करने के लिए गया और उस दिव्यज्योति से मण्डित अद्भुत छवि को धारण करने वाले परशु से शोभित जामदग्न्य को प्रणाम करके चुपचाप एक कोने में खड़ा हो गया।

परशुराम ने मुझे आशीर्वाद दिया और पूछा कि आप कौन हैं ? किस लिए आये हैं ? मैंने कहा कि आपसे समस्त शस्त्रास्त्र विद्या सीखने के लिए ही आया

हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल ब्राह्मणों को ही शिक्षा देता हूँ न कि क्षत्रिय आदि ब्राह्मणेतर वर्ग को। मैंने उस समय गुरु से कपट किया और अपने को ब्राह्मण बतला कर अस्त्रशिक्षा ग्रहण करने लगा।

एक बार वे जंगल में फल-फूल आदि लाने अकेले जा रहे थे। मेरे अनुरोध करने पर मुझे भी अपने साथ ले लिया। वन में भ्रमण करने के कारण अधिक थक जाने से गुरुवर मेरी जंघा पर सिर रखकर सो गए। तभी एक वज्रमुख नामक कीड़ा आया जिसने मेरी जंघा में काट लिया। उस कठिन पीड़ा को,आचार्य जग न जायँ, इस भय से मैंने धैर्यपूर्वक सहन किया। कुछ देर के बाद जब उनकी निद्रा पूरी हुई, वे उठे, तो अपने वस्त्रों को रक्तरंजित देखकर और मेरे धैर्य तथा साहस से मुझे क्षत्रिय समझ कर क्रोध से काँपने लगे और मुझे शाप दिया कि समय पड़ने पर मेरे अस्त्र व्यर्थ सिद्ध हों। इसीलिए इस समय मेरे अत्युग्र अस्त्र भी निर्बल और तेजहीन से प्रतीत होते हैं। आज तो मेरे सेना के हाथी, घोड़े आदि भी ऊँघ से रहे हैं और मुझे लौट जाने को विवश कर रहे हैं। शंख और दुन्दुभि भी निःशब्द हो गये हैं।' इस बात को सुनकर शल्य को बड़ा क्षोभ होता है। कर्ण सच्चे योद्धा की भाँति शल्य के क्षोभ का निवारण करते हुए कहता है कि वह किसी प्रकार की चिन्ता न करे। क्षत्रियों के लिए रण में मरना या विजय प्राप्त करना दोनों समान रूप से श्रेयस्कर हैं। यदि वह विजयी हुआ तो अनन्त सुख भोगेगा और यदि वीर गति पाई तो स्वर्ग का द्वार उन्मुक्त रहेगा।

'ब्राह्मणों, सती स्त्रियों और योद्धाओं का कल्याण हो। मैं प्रसन्न हूँ। यह शुभ अवसर मुझे उपलब्ध है इसीलिए अब समर की सीमा में प्रवेश करके युधिष्ठिर को बाँध कर तथा पराक्रमी अर्जुन को तीखे शराघातों से आहत करके सारी सेना को ध्वस्त कर दूँगा।'

इस प्रकार का दृढ़ निश्चय करके वह रथ पर चढ़ता है और शल्य से पुनः वहीं रथ ले चलने को कहता है जहाँ अर्जुन है। इधर युद्ध के प्रस्थान की तैयारी हो चुकी थी कि दैवदुर्विपाकसे एक भिक्षुक (ब्राह्मण वेशमें स्वयं देवराज इन्द्र) आता है और एक महती भिक्षा माँगता है। उसे आदरपूर्वक प्रणाम करके सन्तुष्ट करने के लिए दानवीर कर्ण सैकड़ों गायों को देने के लिये तत्पर होता है पर हठी भिक्षुक उसे नहीं स्वीकार करता। मत्त गजराजों का समूह देने के लिए कर्ण

तैयार होता है पर वह उसे भी नहीं लेता। काबुली घोड़ों, अनन्त स्वर्ण और वसुन्धरा देने पर भी वह नहीं लेता। अन्त में जब कर्ण अपने सिर को समर्पित करने को कहता है तो भिक्षुक डर जाता है और हाय-हाय (अविहा-अविहा) कह कर जाने लगता है। कर्ण के लिए भिक्षुक का असन्तुष्ट होकर लौटना सह्य नहीं होता है। इसलिए वह अपने शरीर के साथ-साथ अद्भुत कवच और कुण्डलों को भी देने का वचन देता है। इस वचन को सुनते ही ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र प्रसन्न होकर ओ-ओ कहता है। अब कर्ण को इसमें शंका नहीं रही कि यह कपट-बुद्धि इन्द्र का ही उपाय हो सकता है। पर जब वह वचन से देने को कह चुका तो इस प्रकार का वितर्क उसे सर्वथा अशोभन लगा और हर्षयुक्त मनसे कवच-कुण्डल दे देता है। शल्यराज से इन्द्र का कपट सह्य नहीं हुआ। वह कर्ण को दान देने से रोकता है पर वह स्पष्ट कहता है कि इस असार संसार में कुछ भी नित्य नहीं है। यदि कुछ शाश्वत है तो वह अग्नि में डाली हुई आहुति और सत्पात्र को दिया हुआ दान ही है।

इन्द्र कर्ण से कवच-कुण्डल दान में ले तो लेता है पर बाद में उसे ग्लानि होती है और वह दूत के द्वारा कर्ण को विमला नामक अमोघ अस्त्र का वरदान भेजता है पर दानी कर्ण अपने दान का प्रतिदान नहीं चाहता। वह उसे भी स्वीकार नहीं करता पर बाद में ब्राह्मण के वचन को आदर देने के ही लिए उसे ले लेता है।

कर्ण में अपने कर्तव्य की भावना फिर जागती है और वह रथ पर चढ़ता हुआ अपने सारथी शल्य से वहीं रथ ले चलने को कहता है जहाँ पर उसका प्रतिद्वन्द्वी अर्जुन है तत्पश्चात् नाट्य परम्परा के अनुसार भरतवाक्य से नाटक की परिसमाप्ति होती है।

इस प्रकार सम्पूर्ण कथानक में कर्ण की उदात्त भावना और दानशूरता की उज्ज्वल गाथा के साथ उसकी कठिन परिस्थितियों का मार्मिक उद्घाटन है।

चरित्र-चित्रण

कर्ण—प्रस्तुत नाटक का नायक कर्ण एक सहृदय, शूर और दानी योद्धा है। एक ओर जहाँ वह अपने उत्तरदायित्व को उत्साहपूर्वक निबाहने के लिए आगे बढ़ता है दूसरी ओर उसके सम्मुख अनेक बाधाएँ और निराशाएँ आ उपस्थित

होती है। इसी कारण उसका उत्साह ठण्डा पड़ जाता है और निराशा छा जाती है। शारीरिक बल से वह किसी प्रकार निर्बल नहीं है पर पाण्डवों पर वह अस्त्र प्रयोग कैसे करे। उसके गुरु (परशुराम) ने तो उसे पहले ही शाप दे दिया है कि उनके अस्त्र समय पड़ने पर व्यर्थ होंगे। वह शल्य से अपने रथ को वहीं ले चलने के लिए कहता है जहाँ अर्जुन है पर उसे यह भी ज्ञात है कि दुःखित ब्राह्मण का शाप व्यर्थ नही जायगा। युद्धक्षेत्र में उसके रथ का पहिया अवश्य पृथ्वी में धँस जायगा और उसकी मृत्यु का कारण बनेगा (इस घटना का उल्लेख यद्यपि नाटक में नहीं है पर हल्कासा संकेत 'ब्राह्मण-शाप' का अवश्य है)। कर्ण के सामने इतनी समस्यायें एक ही समय आ जाती हैं। वह वीर क्षत्रिय है। युद्ध के समय कर्ण के लिए ये भाव सर्वथा घातक और अस्वाभाविक हैं पर अपनी भाग्य पंक्ति को वह नहीं मिटा सकता। अपनी इच्छा पूर्ति के लिए उसमें अथाह उत्साह है जिससे वह बार-बार रथ को चलाने के लिए कहता है पर कभी सफल नहीं होता। रथ पर बैठने के पूर्व ही ब्राह्मण भिक्षुक का ओजपूर्ण दृढ़ स्वर उसे आगे बढ़ने से रोक देता है। उसके हृदय में ब्राह्मण, गौ, धर्म के प्रति बड़ी आस्था है। वह (संभवतः रथ से उतर कर) ब्राह्मण से उसकी अभिलाषा पूछता है। वह हर प्रकार से भिक्षुक को सन्तुष्ट करना अपना परम कर्तव्य समझता है। यद्यपि कर्ण उसकी दृढ़ व्यापक प्रभाव वाली वाणी से कुछ शंकित हो जाता है पर जिसने अपने जीवन में त्याग से महान् किसी अन्य वस्तु को माना ही नहीं उस कर्ण के लिए किसी ब्राह्मण को कुछ भी अदेय नहीं है। वह निःशंक होकर उस प्राकृत-भाषा-भाषी सर्वथा विचित्र ब्राह्मण को क्रमशः गाय, घोड़े, हाथी, अग्निष्टोमयाग का फल, अनन्त पृथ्वी, धन और अन्त में अपना सिर तक देने को तत्पर होता है। कर्ण की महानता और दानवीरता वहाँ चरम सीमा पर पहुँच जाती है जब कि वह अपने स्वाभाविक अंगत्राण कवच और कुण्डल को भी ब्राह्मण की रुचि के अनुसार देने को स्वयं ही स्वीकार करता है। यद्यपि बाद में ब्राह्मण के प्रसन्न होने पर सारा षड्यंत्र उसके सामने स्पष्ट हो जाता है तथापि कर्ण को अपने विचारों की क्षुद्रता तनिक भी नहीं भाती। वह शल्य के द्वारा वर्जन किए जाने पर भी उन्हें निकाल कर दे देता है। कर्ण को भारतीय आदर्श और संस्कृति के प्रति अगाध श्रद्धा है, वह राजपुरुष है, साथ ही वीर योद्धा भी। वह जानता है कि राजाओं का परम कर्तव्य प्रजा का सब प्रकार से पालन करना है। शरीर

विनाशवर्ती है। यदि कुछ शाश्वत है तो वह उसका यश ही है। इसकी पुष्टि वह वचन मात्र से ही न करके क्रियात्मक रूप से भी करता है। संकटापन्न कर्ण अपने कवच और कुण्डल को सब कुछ समझते हुए भी एक ब्राह्मण को इसीलिए दे देता है कि वह दान कर रहा है जो कि एक शाश्वत वस्तु है। उसमें मानवकुलभ दया की भी भावना विद्यमान है और इसीलिए वह कहता है कि मैं यद्यपि राधेय के नाम से विख्यात हूँ तथापि अन्ततः पुत्र तो कुन्ती का ही हूँ और इसीलिए ये युधिष्ठिरादि मेरे कनिष्ठ भाई हैं जो धर्मानुसार पुत्रवत् हैं[1] अतः उनपर अस्त्र प्रहार कैसे किया जाय। अन्त में जब इन्द्र के द्वारा भेजा गया देवदूत कर्ण को कवच-कुण्डल के बदले में दैवी-शक्तिसम्पन्न 'विमला' को देने की बात कहता है तो कर्ण स्पष्ट ही अस्वीकार करता है। यह है भारतीय त्याग की पराकाष्ठा जिसका चरम निदर्शन कर्ण के द्वारा होता है।

अन्त में हम देखते हैं कि कर्ण ब्राह्मण-वचन को आदर देने के कारण उस दैवी शक्ति को आशीर्वाद के रूप में ग्रहण करता है। नाटक के आदि से लेकर अन्त तक कर्ण एक कर्तव्यपालक वीर क्षत्रिय के रूप में चित्रित होता है। कुछ भी हो, कर्ण का जैसा चरित्र महाकवि ने उपस्थित किया है वह सर्वथा भारतीय गौरव और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है।

शल्यराज—सम्पूर्ण नाटक पर कर्ण का व्यक्तित्व इतना प्रभाव डालता है कि अन्य पात्र उसके सम्मुख बौने से लगते हैं। शल्यराज भी जैसे कर्ण के ही चरित्र को उभारने के लिए एक माध्यम मात्र है। वह कर्ण की प्रत्येक अनुभूति से प्रभावित होकर पूरी सहानुभूति प्रदर्शित करता है। महाभारत के शल्य में यह बात नहीं है। वह क्रूर और निर्दय तथा विश्वासघाती है जब कि भास का शल्य मानवतावादी। जहाँ दुःखद घटना का वर्णन होता है वह स्वयं भी कष्ट का अनुभव करता है। इस प्रकार सब कुछ मिलाकर देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि शल्य कर्ण की ही भाँति एक ही भावधारा में अनेक तरंगों के घात-प्रतिघात को सहता हुआ बहता चला जाता है। जहाँ कर्ण इन्द्र को एक ब्राह्मण समझ कर अपने एक मात्र रक्षा के साधनभूत कवच-कुण्डल को देने लगता है वहाँ शल्य का शुभचिन्तक रूप प्रस्फुटित हो उठता है और वह कर्ण को दान देने से रोकता है।

---

१. पितेव पालयेत् पुत्रान् ज्येष्ठो भ्रातॄन् यवीयसः।
पुत्रवच्चापि वर्तेरन् ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः॥ मनु० ९।१०८

अन्त में वह कहता है 'हे अङ्गराज ! आप अवश्य ही ठग लिए गए ।' यह वाक्य स्पष्ट ही उसकी मानसिक व्यथा और निर्मल हृदय कर्ण के प्रति अपार सहानुभूति को व्यक्त करता है । सब प्रकार से वह कर्ण की सुख-सुविधा का चिन्तन करते हुए अन्त तक एक सहृदय सारथी-सा बना रहता है ।

इन्द्र—इन्द्र के चरित्र की एक क्षणिक पर गहरी झलक हमें इस नाटक में मिलती है । वह अपने पक्ष की (देव, कृष्ण के पक्ष की) विजय किसी भी प्रकार चाहता है और अन्त में उसकी पूर्ति कपट व्यवहार से कर लेता है । इस एक कार्य ने इन्द्र के पूरे जीवन का समग्र चित्र उपस्थित कर दिया है । इन्द्र में स्वार्थसिद्धि और पक्षपात की कितनी दृढ़ भावना है यह स्पष्ट सिद्ध होती है । बाद में उसका वह रूप भी हमारे सामने आता है जब कि वह अपने कपट-व्यवहार के लिए ग्लानि करता है । यही मानवता का तकाजा है। इसी भाव से प्रेरित होकर वह कर्ण के पास देवदूत भेज कर उन्हें 'विमला' नाम शक्ति प्रदान करता है । स्वार्थसाधक इन्द्र का भारतीय परम्परायुक्त रूप यहाँ भी मिलता है ।

रचना विधान—रचना विधान की दृष्टि से विचार करने पर इस नाटक में कुछ ऐसे दोष हैं जो एक प्रथितयश नाटककार के लिए खटकते हैं । नाटक प्रारम्भ होते ही कर्ण शल्य से कहता है, 'जहाँ वह अर्जुन है वहीं मेरे रथ को ले चलो ।' फिर कुछ देर बाद कर्ण अपनी अस्त्रविद्या की प्रासंगिक कथा समाप्त कर लेता है तो फिर दोनों रथ पर बैठते हैं[1] और कर्ण कहता है कि अर्जुन के ही समीप मेरे रथ को ले चलो । दोनों के रथ पर बैठने के बाद शायद ब्राह्मण का ओजस्वी स्वर सुनाई पड़ता है । अन्ततोगत्वा वे पुनः उसी रथ पर चढ़ते हैं ऐसा रंगमंचीय निर्देश पुनः होता है ।[2] यह रंगमंचीय निर्देश की त्रुटि बहुत बड़ी भूल है । अभिनय में यह एक समस्या उपस्थित हो सकती है कि कब कर्ण रथ पर आरूढ़ होता है, कब उतरता है ?

संकलनत्रय के निर्वाह में यह नाटक बड़ा ही सफल है । इसमें सारी घटनाएँ

---

१. शल्यः—बाढम् । (उभौ रथारोहणं नाटयतः ।)
 कर्णः—शल्यराज ! यत्रासावर्जुनस्तत्रैव चोद्यतां मम रथः ।

२. कर्णः—शल्यराज ! यावद्रथमारोहावः । शल्यः—बाढम् । (रथारोहणं नाट्यतः ।)
 कर्णः—अये शब्द इव श्रूयते ।...............

एक ही स्थान पर एक ही समय में और सीमित पात्रों के द्वारा तथा एक ही मुख्य ध्येय की ओर उन्मुख दिखाई पड़ता है।

कर्णभार को नाट्य-रचना के किस प्रकार में रखा जाय यह एक समस्या-सी है। यह 'व्यायोग' नहीं हो सकता क्योंकि इसमें न तो कोई संघर्ष या युद्ध आदि ही है और न वीर रस ही है। इसे **उत्सृष्टिकाङ्क** नामक एकांकी नाटक माना जा सकता है। दशरूपककार ने इसकी व्याख्या यों की है—

उत्सृष्टिकाङ्के प्रख्यातं वृत्तं बुद्ध्या प्रपञ्चयेत्।
रसस्तु करुणः स्थायी नेतारः प्राकृता नराः॥
भाणवत्सन्धिवृत्त्यङ्गैर्युक्तः स्त्रीपरिदेवितैः।
वाचा युद्धं विधातव्यं तथा जयपराजयौ॥

(दशरूपक ३ प्रकाश : ७०-७२)

कथानक प्रख्यात ऐतिहासिक प्रबन्धकाव्य महाभारत का है जिसमें कल्पना का भी पर्याप्त योग है। करुणरस की अनुभूति आदि से अन्त तक होती रहती है। इसमें कहीं भी दैवी व्यक्ति नहीं आए हैं। यदि इन्द्र आते भी हैं तो मनुष्य के ही रूप में। इसमें केवल मुख और निर्वहण सन्धियाँ हैं तथा वाग्युद्ध का ही विधान है, केवल युद्ध की पृष्ठभूमि उपस्थित की गयी है। स्त्रीपात्रों की योजना नहीं है और न स्त्रियों का रुदन ही। यद्यपि भास के नाटकों को शास्त्रीय दृष्टि से किसी एक श्रेणी में पूरा का पूरा नहीं बैठाया जा सकता तथापि प्रस्तुत नाटक को हम **अंक या उत्सृष्टिकाङ्क** के अधिक निकट पाते हैं।

काव्यतत्त्व—भास ने अपने नाटकों में काव्य तत्त्व का अधिक से अधिक विनियोग किया है। करुण रस की अभिव्यक्ति में यद्यपि कोई स्पष्ट प्रयत्न नहीं दिखाई देता है पर समग्र नाटक पढ़ने या देखने के पश्चात् द्रष्टा का हृदय करुण रस से पूर्ण हो जाता है। सम्पूर्ण वातावरण में करुणा की धुँधली छाया विद्यमान रहती है। डा० पुसालकर ने इन्द्र के ब्राह्मणवेश धारण करने पर प्राकृत के प्रयोग को हास्य का पुट माना है।[1] कर्ण जैसे महारथी योद्धा के लिए

---

1. The whole atmosphere is serene and serious, relieved to some extent by a high class character (Indra in the disguise of a begging Brahman) speaking Prakrit and his peculiar mannerisms, which supply some sort of humour (Hasya). (Bhasa : A study, page 190).

दैन्यभाव का ऐसे समय में उद्भव सूर्य का ज्येष्ठ मास में बादल से आच्छन्न होने के समान है—

अस्त्रप्रवीणविभवः समरेऽप्यनन्यः शौर्ये च सन्नति तथोऽकलुषैति दीनान् ।
प्राप्ते निदाघसमये घनराशिरुद्धः सूर्यः स्वभावरुचिमानिव भाति कर्णः ॥
(कर्णभारम् ४)

कवि ने उक्त वसन्ततिलका में अप्रस्तुतविधान के द्वारा कर्ण की स्थिति की बड़ी सजीव व्यंजना दी है।

'अयं स कालः क्रमलब्धशोभनो' आदि श्लोक के द्वारा कर्ण की बेबसी और मन की झुंझलाहट स्पष्ट हो जाती है। इतने उदात्त चरित्र को बार-बार वंचित और कुण्ठित दिखाकर कवि ने करुणा की अजस्र धारा बहा दी है।

शीर्षक—प्रस्तुत एकांकी का नाम 'कर्णभारम्' है। इस शीर्षक पर विचार करते हुए दो शब्द स्पष्ट सामने आते हैं पहला 'कर्ण' और दूसरा 'भारम्'। कर्ण के दो अर्थ—कौरवसेनापति और कर्णेन्द्रिय। इसी प्रकार भार के अनेक अर्थ विद्वानों ने किए हैं।

डा० जी० के० भट्ट के अनुसार कर्ण की मानसिक चिंता भी भारस्वरूप होकर उन्हें कष्ट दे रही है। इसी विषयवस्तु को दृष्टिपथ में रखते हुए इस नाटक का उक्त शीर्षक रखा गया है। वास्तव में 'भार' शब्द बड़ा व्यापक एवं अनेकार्थी है और इसी कारण आलोचक को इस नाटक पर कई दृष्टिकोणों से विचार करने पर विवश होना पड़ता है। 'भार' का सामान्य अर्थ 'बोझ' किसी प्रकार छोड़ा नहीं जा सकता। कर्ण के लिए सबसे बड़ा भार उनका उत्तरदायित्व है जिसे कर्ण अनेक बाधाओं के साथ बोझ की तरह वहन करता है।

स्वयं भीष्मपितामह ने जब कौरवीय सेना के सञ्चालन का महान् उत्तरदायित्व महाभारत के युद्ध के आदि में ग्रहण किया तो स्वयं कहा था, 'सुमहतोऽयं भारो मे सुमहान् सागरोपमः (उद्योग, १६५।३०)।' इसी आधार पर म० म० गणपति शास्त्री ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें कर्ण का सेनापति का रूप निखर नहीं सका है। यदि एक अंक और बढ़ा दिया जाता तो कर्ण का चरित्र पूर्ण हो जाता और उसके गम्भीर उत्तरदायित्व की झलक भी स्पष्ट हो जाती। जहाँ तक साहित्यिक सौन्दर्य और विषयवस्तु के सम्यक् निर्वाह

का प्रश्न है प्रस्तुत नाटक अपने में पूर्ण है। इसमें किसी प्रकार की प्रभावमयता या सोद्देश्यता की त्रुटि नहीं दिखाई देती अत एव एक अंक और बढ़ने वाली बात जमती नहीं। जिस धैर्य और अपूर्व साहस के साथ कर्णने अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने लक्ष्य की पूर्ति का प्रयत्न किया है इससे उसके भावी सैन्य-सञ्चालन की सफल अभिव्यञ्जना हो जाती है।

डा० पुसलकर ने भी नाटक को अपने में पूर्ण मानते हुए उसके शीर्षक की यों व्याख्या की है—'कानों के लिए भारस्वरूप हुए कुण्डलों को देखकर कर्ण के द्वारा अद्भुत दानशूरता प्रकट की गई है। उसी को केन्द्रबिन्दु मानकर यह नाटक लिखा गया है।'[1] अपने कथन की पुष्टि में उन्होंने लिखा है कि वाचिक दान और वास्तविक (क्रियात्मक) दान के बीच जो समय बीता उसमें कर्ण को वे कुण्डल कानों को भारवत् प्रतीत हुए।[2] उन्होंने इसी मत की व्याख्या करते हुए आगे लिखा है कि कर्ण की निःस्वार्थता, उदारहृदयता और उच्चाशयता इतनी ऊँचाई तक उठी कि जिस क्षण उसने अपने मुख से कुण्डलों को दान देने का वचन दिया उसी क्षण से वे कुण्डल दूसरे के प्रतीत होने लगे और कर्ण के लिए भारस्वरूप हो गए।

प्रो० सी० आर० देवधर ने इस व्याख्या को अधूरी माना है। उनका कथन है कि यह व्याख्या विषयवस्तु का पूरा उद्घाटन नहीं करती क्योंकि इसमें कहीं कवचों का उल्लेख नहीं है। कर्ण की रक्षा के लिए कुण्डलों की अपेक्षा कवच का महत्त्व स्पष्ट स्वीकार किया जा सकता है डा० मैक्स लिण्डेन्यू ने 'भार' का अनुवाद करते हुए उसका अर्थ कवच किया है। एक महोदय ने तो इस नाटक का पर्याय 'कवचांक' दिया है। कर्णभार के अतिरिक्त 'भार' का अर्थ ऐसा (कवच) नहीं ग्रहण किया गया है। डा० विंटरनित्ज ने 'कर्णभार' की व्याख्या में

---

१. कर्णयोः भारभूतानि कुण्डलानि दत्त्वा कर्णेनापूर्वा दानशूरता प्रकटीकृता। तामधिकृत्य कृतं नाटकम्। Pusalkar-Bhasa : A Study, Page 188

२. During the interval of time that elapsed between the varbal gift of the kundalas and their actul delivery, those kundalas were felt as if a burden (bhar) to the ears (karna) by karna. —वही पृष्ठ १८८।

कर्ण के कठिन कार्य का ही संकेत किया है। जैसे कर्ण का यह वचन-निर्वाह कि वह ब्राह्मण को किसी भी वस्तु के लिए कोरा जवाब नहीं देंगे।[1]

प्रो० जी० सी० झाला ने अपने निबन्ध में यह स्पष्ट कर दिया है कि पञ्चरात्र का 'कर्णः' और 'भारार्थम्' शब्द बड़े महत्वपूर्ण हैं (यदि द्रोणाचार्य के द्वारा यह वाक्य कहलाया जाता तो) तथापि यह केवल सामान्य उक्ति नहीं है अपितु जैसे कवि ने कर्णभार' की व्याख्या प्रसंग प्राप्त कर स्वयं ही करके दी है। प्रो० झाला का अनुमान है कि संभवतः 'पञ्चरात्र' की रचना के समय उन्हें 'कर्णभार' के अनेकार्थ का पूरा ध्यान रहा हो। जैसे 'कर्णभारम्' में कर्ण युद्ध के लिए प्रस्थान कर रहे हैं ऐसे ही पञ्चरात्र में भी। पञ्चरात्र में वे रथ को मँगाते हैं जब कि कर्णभार में स्वयं रथ के समीप जाते हैं। इस प्रकार 'कर्णभारम्' शीर्षक यह स्पष्ट करता है कि कवि का इससे 'कर्ण का प्रस्थान' द्योतन करना ही अभीष्ट है। अब शंका उठती है कि यह प्रस्थान किसलिए हो रहा है। श्री उलनर महोदय का कथन है कि प्रस्तुत एकांकी दुःखान्त है और इसका ध्येय कर्ण का दुःखान्त (Karna's trrgedy) भी हो सकता है या कर्ण का मृत्यु के निकट प्रस्थान भी। इसकी निवृत्ति कर्ण के तीन-तीन बार (शल्य से) रथ को प्रेरित करने के लिए कहने से हो जाती है। स्पष्ट है कि कर्ण प्रतिपल मृत्यु (अर्जुन) के सम्मुख या समीप जाने को उद्यत है।

———

१. He (Dr. Winternitz) interprets the title 'Karnabhara' as 'the difficult task of Karna' viz. his vow that he would not refuse any thing to a Brahmin (श्रीदेवधर संपादित कर्णभार की भूमिका पृ० ३)

कर्णभारस्य कथावस्तु

महाकविभासविरचितेऽस्मिन्कर्णभारनामके नाटके कर्णं प्रत्याहववार्तां नयन् दूतः स्पष्टतया वदत्येवं यदासन्नो युद्धावसरः। स्वयमेव साङ्ग्रामिकेण परिच्छदेन सज्जितमायान्तं कर्णमवलोक्य तद्वृत्तनिवेदनमकिञ्चित्करमिति मत्वा न निवेदयति। किन्तु चिन्तितं कर्णं प्रत्यक्षीकृत्य दूतस्य चिन्ता जागर्ति। कर्णस्यापि स्वीयामिमामसम्भावितमनोदशां विचार्य महान्पश्चात्तापो भवति। अनन्तरं नैजं भारं लघूकर्तुमत्रं पुरातनं, परशुरामेण ब्राह्मणेन च दत्तं शापवृत्तं महाराजशल्यं प्रति कथयति। कथञ्च मात्रा कुन्त्या सह वचनबद्ध आसीदिति च प्राबोधयत्। एतादृशेऽन्धतमसे निराशायाञ्च कर्णो यशःस्वर्णरेखां पश्यति, यया विश्वस्तः सन् स जयपराजययोः सरूपतां गृह्णाति। अस्ति कर्णो वस्तुतो महान् योद्धा। तस्य च सेनापतेरुत्तरदायित्वनिर्वहणे महती चेष्टा वर्तते। अतो मुहुर्मुहुः शल्यराजं प्रेरयति यन्मदीयं रथं तत्रैव नय यत्रार्जुनो वर्तते। मध्येमार्गं याचकविप्रवेषं धृत्वा इन्द्रः सम्प्राप्तो भवति। याचको हि राधेयाद्दानीयवस्तुमध्ये गां गजं भूमिमन्यदपि न किञ्चदपीच्छति ग्रहीतुमवसाने च कर्णस्याभेद्यं कवचं कुण्डलं च जन्मजातं गृहीत्वैव तुष्यति। कर्णोऽपि विप्रच्छद्मवेषिणो याचकस्यास्वाभाविकैरसामान्यैश्च व्यापारैरित्थमवश्यमवगतः यदयमपि कृष्णस्य कश्चित्कार्यसाधकश्चर एव। किन्तु दानं प्रदाय पुनस्तद्धरणं न्यायविरुद्धमिति विचार्य महाराजशल्येन दानाऽवरोधे कृतेऽपि नैजे कवचकुण्डले इन्द्राय प्रददाति। पश्चाच्च इन्द्रेण दैवी शक्तिर्देवदूतद्वारा कर्णाय प्रेषिता ताञ्च पूर्वं कर्णो न स्वीकरोति। किन्तु पश्चाद् ब्राह्मणोऽयं ददाति—एवं बुद्ध्वा शिरसा दधाति यतो विप्रवचनोल्लङ्घनं कदापि न कृतं तेन। इत्थं सः सेनानी कर्णः स्वकर्तव्यपथे भूयसीर्बाधा अधीयन् विपदश्चानुभवन्नपि युद्धार्थं पुरोयायी भवति। स भूयोभूयः शल्यमादिशति यत्रासौ अर्जुनो वर्तते तत्रैव मदीयं रथं नयेति। अन्ते च शास्त्रीयभरतवाक्यानन्तरं नाटकं सम्पूर्णतां याति।

पात्राणि

कर्णः—अङ्गेश्वरः कौरवसेनापतिः ।

शल्यः—शल्यराजः कर्णसूतः ।

भटः—सूचकः ।

शक्रः—ब्राह्मणरूपधारीन्द्रः ।

देवदूतः—इन्द्रसन्देशवाहकः ।

भासनाटकचक्रे

कर्णभारम्

'प्रकाश'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

—:o:—

करजकुलिशपालीभिन्नदैत्येन्द्रवक्षाः
सुररिपुबलहन्ता श्रीधरोऽस्तु श्रिये वः ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि । (परिक्रम्य, कर्णं दत्त्वा ।) अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

भो भो ! निवेद्यतां निवेद्यतां महाराजायाङ्गेश्वराय ।

सूत्रधारः—भवतु विज्ञातम् ।

येन सः । करजकुलिशपालीभिन्नदैत्येन्द्रवक्षाः—करे जातः करजः = नखः स एव कुलिशं = वज्रं तस्य पाल्या = कोट्या (कोणस्तु स्त्रियः पाल्यश्रिकोटयः—अमरः) भिन्नं = विदीर्णं दैत्येन्द्रस्य = हिरण्यकशिपोः वक्षः = उरःस्थलम् येन सः (उरो वत्सञ्च वक्षश्च—अमरः) सुररिपुबलहन्ता—सुराणां = देवानां रिपवः = दैत्याः तेषां बलं हन्तीति = दनुजबलविनाशकः भगवान् नृसिंहः श्रीधरः—धरतीति धरः श्रियः धरः = इन्दिरापतिः, वः युष्माकं श्रिये = कल्याणाय अस्तु = भवतु । पूर्वोक्तगुणगणविशिष्टः लक्ष्मीपतिः भवतां श्रोतॄणां दर्शकानां च कल्याणं कुर्यादिति भावः । मालिनी वृत्तम् यथा—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैरिति । पर्यायोक्तिरलङ्कारः ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि—आर्याः कुलशीलदयाधर्मसत्यादिसद्गुणसम्पन्नाः सभ्याः ते च ते मिश्राः = पूज्यास्तान् श्रेष्ठसामाजिकान् विज्ञापयामि = निवेदयामि । अङ्गेश्वराय = अङ्गानां = देशविशेषाणाम् ईश्वरः = अधिपतिः तस्मै कर्णाय ।

कठोर नख के अग्रभाग से दैत्यराज (हिरण्यकशिपु) का हृदय विदीर्ण किया ऐसे दानवों की सेना को परास्त करनेवाले विष्णु भगवान् आप लोगों का कल्याण करें ॥ १ ॥

इस प्रकार मैं आप महानुभावों को सूचित करता हूँ । (घूमकर, कान देकर) अरे मुझ सूचना देने में व्यग्र (सूत्रधार) को यह कैसा शब्द-सा सुनाई पड़ता है । अच्छा ! देखता हूँ ।

(नेपथ्य में)

हे हे ! निवेदन करो, निवेदन करो महाराज अङ्गदेशाधिपति (कर्ण) से ।

सूत्रधार—अच्छा, समझा ।

संग्रामे तुमुले जाते कर्णाय कलिताञ्जलिः ।
निवेदयति संभ्रान्तो भृत्यो दुर्योधनाज्ञया ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः)

प्रस्तावना ।

(ततः प्रविशति भटः ।)

भटः—भो भो ! निवेद्यतां निवेद्यतां महाराजायाङ्गेश्वराय युद्धकाल उपस्थित इति ।

करितुरगरथस्थैः पार्थकेतोः पुरस्तात्
मुदितनृपतिसिंहैः सिंहनादः कृतोऽद्य ।

सूत्रधारः सामाजिकान् प्रति पूर्वरङ्गं स्थापयन्नाह—संग्राम इति ।

संग्रामे = आहवे तुमुले = भयङ्करे जाते = भूते सम्भ्रान्तः व्याकुलः भृत्यः = राजसेवकः दुर्योधनाज्ञया—दुर्योधनस्य = धार्तराष्ट्रश्रेष्ठस्य आज्ञया = आदेशेन कलिताञ्जलिः—कलितः = विहितः अञ्जलिः = करसम्पुटो येन सः = करं बद्ध्वा निवेदयति = विज्ञापयति । इदानीं भयङ्करः संग्रामोऽभूदिति सूचयति । अनुष्टुप् छन्दः ।

प्रस्तावना—आमुखं स्थापना चेति । अयं प्रयोगातिशयो नाम प्रस्तावनाभेदः । उक्तं साहित्यदर्पणे—

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयोज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तदा ॥ इति ।

पार्थकेतोः—पृथायाः पुत्रः तस्य केतुः तस्य = अर्जुनध्वजस्य पुरस्ताद् =

दुर्योधन की आज्ञा से कर्ण को घबड़ाया हुआ हाथ जोड़े हुये परिचारक भयङ्कर युद्ध होने की सूचना दे रहा है ॥ २ ॥

(सब चले जाते हैं)

प्रस्तावना समाप्त ॥

(भट प्रवेश करता है)

भट—हे हे ! निवेदन करो, निवेदन करो महाराज अङ्गेश्वर (कर्ण) को कि युद्धकाल उपस्थित हो गया है !

आज अर्जुन के ध्वज के सम्मुख सिंह के समान राजागण, जो हाथी, घोड़े

त्वरितमरिनिनादैर्दुस्सहालोकवीरः
समरमविगतार्थः प्रस्थितो नागकेतुः ॥ ३ ॥

(परिक्रम्य विलोक्य) अये अयमङ्गराजः समरपरिच्छदपरिवृतः शल्यराजेन सह स्वभवनान्निष्क्रम्येत एवाभिवर्तते। भोः किं नु खलु युद्धोत्सवप्रमुखस्य दृष्टपराक्रमस्याभूतपूर्वो हृदयपरितापः ।

अग्रे करितुरगरथस्थैः—करिणां तुरगाणां रथानां तेषु तिष्ठन्तीति तैः = नागाश्वस्यन्दनस्थितैः मुदितनृपतिसिंहैः—मुदिताः = प्रसन्नाः नृपतयः = राजानः ते एव सिंहाः तैः प्रमुदितभूपमृगेन्द्रैः अद्य आहवे सिंहनादः = सिंहानां नाद इव नादः यथा स्यात् तथा = शार्दूलगर्जनम् अरिनिनादैः—निनदन्तीति निनादाः अरीणां निनादास्तैः : = शत्रुकोलाहलैः कृतः = विहितः । अतः दुःसहालोकवीरः—दुस्सहः सोढुमशक्यः आलोकः तेजोविशेषो यस्य एतादृशश्चासौ वीरश्च = अनभिभूतपराक्रमयोद्धा । अविगतार्थः—अधिगतः = ज्ञातः अर्थः येन सः = ज्ञातप्रयोजनः नागकेतुः—नागः मणिमयो हस्ती केतौ = ध्वजे यस्य = हस्तिचिह्नध्वजः दुर्योधनः त्वरितं = द्रुतं (त्वरितं चपलं द्रुतमित्यमरः) समरं = युद्धभूमिं प्रस्थितः = प्रस्थानं कृतवान् । मालिनी वृत्तम् ॥ ३ ॥

समरपरिच्छदपरिवृतः—समरस्य = समराङ्गणस्य परिच्छदेन = नेपथ्येन (वेशभूषया) परिवृतः = युक्तः, कर्णः । युद्धोत्सवप्रमुखस्य—युद्धस्य = समरस्य उत्सवः = समारोहः तस्मिन् प्रमुखः—मुखं प्रगतः = अग्रगण्यः तस्य । दृष्टपराक्रमस्य—दृष्टः = अवलोकितः पराक्रमः = वीरता यस्य तस्य । अभूतपूर्वः = नूतनः हृदयस्य = हार्दिकः परितापः = चिन्ता । इदानीं भटः कर्णं विशिनष्टि—अत्युग्रेति ।

रथोंपर सवार हैं सिंहनाद (जयनाद) कर रहे हैं और अपराजेय शक्तिवाले नागकेतु, (हाथी का चिह्न वाली ध्वजा है जिसकी) दुर्योधन ने युद्ध के लिए आह्वान सुनकर तुरन्त प्रस्थान किया ॥ ३ ॥

(घूमकर, देखकर) हे, यह अङ्गराज (कर्ण) युद्धवेष को धारण करके शल्यराज (सारथि) के साथ अपने भवन से निकलकर उसी ओर (युद्धस्थल की ओर) जा रहे हैं । अरे ! युद्धरूपी उत्सव में सर्वप्रमुख (सेनापति) अत्यन्त पराक्रमी कर्ण का यह अभूतपूर्व मानसिक संताप कैसा ?

एष हि—

अत्युग्रदीप्तिविशदः समरेऽग्रगण्यः
शौर्ये च संप्रति सशोकमुपैति धीमान् ।
प्राप्ते निदाघसमये घनराशिरुद्धः
सूर्यः स्वभावरुचिमानिव भाति कर्णः ॥ ४ ॥

यावदपसर्पामि । (निष्क्रान्तः ।)

(ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टः कर्णः शल्यश्च ।)

अत्युग्रदीप्तिविशदः—अत्युग्रा चासौ दीप्तिः तया विशदः = प्रतापातिशय-प्रद्योतितः समरे = आयोधने शौर्ये—शूरस्य भावः (गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः ष्यञ् इति ष्यञि) तस्मिन् पराक्रमे च अग्रगण्यः—अग्रे गणितुं—योग्यः = अग्रेसर इत्यर्थः । धीमान्—धीः अस्ति अस्य (धी + मतुप्) = बुद्धिमान् कर्णः सम्प्रति = सशोकं—शोकेन सहितं = विषादयुक्तम्—उपैति = प्राप्नोति निदाघसमये—निदाघस्य समयः तस्मिन् = ग्रीष्मर्तौ घनराशिरुद्धः—घनानां = मेघानां राशयः = समूहाः तैः रुद्धः = आच्छादितः स्वभावरुचिमान्—स्वस्य भावः तस्य रुचिः अस्ति अस्य = सहजकान्तिमान् सूर्यः—दिवाकरः इव कर्णः = राधेयः भाति = शोभते । आतपर्तौ मेघाच्छन्नः सूर्यः यथा द्योतते तथैवेदानीं कर्णः प्रतिभाति इति भावः । 'ज्ञेया वसन्ततिलका तभजा जगौगः' इत्यत्र वसन्ततिलका वृत्तम् । वृत्त्यनुप्रासः । तथा विशेषस्य सामान्येन पुष्टिर्भवति अतः अत्र अर्थान्तरन्यासालङ्कारः ॥ ४ ॥

यहाँ यह—

अत्यन्त प्रखर पराक्रम से युक्त, युद्धस्थल में सर्वप्रमुख (योद्धा), बलशाली कर्ण बुद्धिमान् होकर भी इस समय शोक से ऐसे परितप्त हो रहे हैं । जैसे ग्रीष्मऋतु में स्वाभाविक प्रखर किरणों वाला सूर्य मेघमाला से आच्छादित हो जाय ॥ ४ ॥

अच्छा तो जाता हूँ (जाता है ।)

(तब पूर्वनिर्दिष्ट कर्ण और शल्य प्रवेश करते हैं ।)

कर्णः—

> मा तावन्मम शरमार्गलक्षभूताः
> संप्राप्ताः क्षितिपतयः सजीवशेषाः ।
> कर्तव्यं रणशिरसि प्रियं कुरूणां
> द्रष्टव्यो यदि स भवेद्धनञ्जयो मे ॥ ५ ॥

शल्यराज ! यत्रासावर्जुनस्तत्रैव चोद्यतां मम रथः ।

शल्यः – बाढम् । (चोदयति ।)

कर्णः—अहो नु खलु

सम्प्रति कर्णः हृद्गतं स्वाभिप्रायं सूचयति—**मा तावदिति** ।

तावत् = आदौ मम = कर्णस्य शरमार्गलक्षभूताः—शराणां = विशिखानां मार्गेषु—पदवीषु (अयनं वर्त्म मार्गाध्वपन्थानः पदवी सृतिः—अमरः ।) लक्षभूताः = लक्ष्यत्वेन स्थिताः क्षितिपतयः—क्षितीनां = भूमीनां पतयः = स्वामिनः = नरेन्द्राः सजीवशेषाः—जीवेन सहिताः तैः शेषाः जीवनयुक्ताः सम्प्राप्ताः = उपस्थिताः । ते मा आयान्तु मम सन्मुख इति शेषः । सम्प्रति रणशिरसि—रणस्य शिरः तस्मिन् = संग्राममूर्द्धनि कुरूणां—कुरुवंशीयानां = दुर्योधनादीनामित्यर्थः । प्रियम् = अभिलषितं कर्तव्यं—विधातव्यं वर्तते यदि चेत् स धनञ्जयः—धननामानम् अग्निं जयतीति = विभावसुविजेता अर्जुनः मद्विद्वेष्टा मे = मम कर्णस्य द्रष्टव्यः = चक्षुर्गोचरीभूतः स्यात् तदा तं विजित्य अवश्यं कौरवाभिलाषं पूरयिष्यामि इति भावः । 'म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्' इत्यत्र प्रहर्षिणी वृत्तम् । ओजो गुणः ॥ ५ ॥

कर्ण—नहीं, ऐसा कभी नहीं हुआ है कि मेरे शरसंधान के लक्ष्य बन कर राजे-महराजे जीवित बच जांय । मैं कौरवों का अभीष्ट पूर्ण कर दूँ यदि (मैं) युद्ध क्षेत्र में अर्जुन को पा जाऊँ ॥ ५ ॥

ओ शल्यराज (सारथि) ! जहाँ वह अर्जुन है वहीं मेरे रथ को प्रेरित करो (ले चलो) ।

शल्य—बहुत अच्छा । (ले जाता है ।)

कर्ण—अरे, यह कैसे—

अन्योन्यशस्त्रविनिपातनिकृत्तगात्र-
योधाश्ववारणरथेषु महाहवेषु ।
क्रुद्धान्तकप्रतिमविक्रमिणो ममापि
वैधुर्यमापतति चेतसि युद्धकाले ॥ ६ ॥

भोः कष्टम् ।

पूर्वं कुन्त्यां समुत्पन्नो राधेय इति विश्रुतः ।
युधिष्ठिरादयस्ते मे यवीयांसस्तु पाण्डवाः ॥ ७ ॥

पुरा कदाचिदपि आहवे अननुभूतभावो हृदये प्रादुर्भवतीति शल्यं सूचयति—अन्योन्येति ।

अन्योन्यं=मिथः शस्त्राणाम्=आयुधानां विनिपातैः=प्रहारैः निकृत्तगात्राः =कर्तितविग्रहाः योधाः=सैनिकाः अश्वाः=तुरगाः वारणाः=करिणः रथाः= स्यन्दनाश्च येषु तेषु । महाहवेषु—महान्तश्च ते आहवाः तेषु=महायुद्धेषु युद्धकाले—युद्धस्य कालः तस्मिन्=रणसमये क्रुद्धान्तकप्रतिमविक्रमिणः— क्रुद्धः=कुपितः अन्तकः=यमः तस्य प्रतिमा इव प्रतिमा यस्य एतादृशः यः विक्रमः सः अस्य अस्तीति (अत इनिठनौ इति इनि प्रत्ययः ।) तस्य= कुपितयमसदृशपराक्रमस्य ममापि=कर्णस्यापि चेतसि=मनसि वैधुर्यं—विधु- रस्य भावः=दीनता आपतति=आगच्छति तन्न युक्तमिति भावः । उपमा- लङ्कारः । वसन्ततिलका वृत्तम् । ओजोगुणः ॥ ६ ॥

कर्णः स्वहृदयवैधुर्यकारणं निरूपयन्नाह—**पूर्वं कुन्त्यामिति** ।

पूर्वं=प्रथमं कुन्त्यां=पाण्डुपत्न्यां समुत्पन्नः=उत्पन्नः अहं राधेयः—राधाया अपत्यं पुमान् राधेयः (स्त्रीभ्यो ढक् इति ढकि) इति=इत्थं (लोके) विश्रुतः= प्रसिद्धः अतः ते युधिष्ठिरादयः=युधिष्ठिर आदिर्येषां ते=युधिष्ठिरप्रमुखाः पञ्च

जिनकी अतुल शक्ति की तुलना क्रुद्ध यमराज से हो सकती है और जो युद्धस्थल में दोनों तरफ शस्त्र-प्रहार के द्वारा अनेक योद्धाओं, घोड़ों, रथों और हाथियों के टुकड़े-टुकड़े कर डालता था, ऐसे मेरे मन में भी युद्ध का समय उपस्थित होने पर कायरता का भाव आ रहा है ॥ ६ ॥

अरे, महान् कष्ट है ।

मैं पहले कुन्ती से उत्पन्न होकर तब राधा के पुत्र के नाम से संसार में प्रसिद्ध हुआ (इसलिए) युधिष्ठिर आदि पांचों पाण्डव मेरे छोटे भाई हैं ॥ ७ ॥

अयं स कालः क्रमलब्धशोभनो
गुणप्रकर्षो दिवसोऽयमागतः ।
निरर्थमस्त्रं च मया हि शिक्षितं
पुनश्च मातुर्वचनेन वारितः ॥ ८ ॥

भोः शल्यराज ! श्रूयतां ममास्त्रस्य वृत्तान्तः ।

शल्यः—ममाप्यस्ति कौतूहलमेनं वृत्तान्तं श्रोतुम् ।

कर्णः—पूर्वमेवाहं जामदग्न्यस्य सकाशं गतवानस्मि ।

शल्यः—ततस्ततः

पाण्डवाः—पाण्डौ जाताः (तत्र जात इति अणि)=पाण्डुपुत्राः मे=मम (कर्णस्य) यवीयांसः=कनिष्ठाः (अतः अनुजाः पुत्रसमाः ख्याता इति) जानन्नपि कथं तेषां हननं मद्विधानाम् युक्तमिति भावः। अत्र दैन्यं संचारी भावः। अनुष्टुप् श्लोकः ॥ ७ ॥

अयमिति। गुणप्रकर्षः—गुणेन=प्रतीक्ष्येण गुणेन प्रकर्षः=उत्कृष्टः क्रमलब्धशोभनः—क्रमेण=दिनक्रमेण लब्धः=प्राप्तः शोभनः सुन्दरः स कालः=समयः अयं=प्रवर्तमानः दिवसः=वासरः (वा क्लीवे दिवसवासरौ—अमरः) आगतः=सम्प्राप्तः हि=यतः मया=कर्णेन शिक्षितम्=अभ्यस्तम् अस्त्रम्=आग्नेयादिविशिष्टायुधं निरर्थम्—अर्थेभ्यः निष्क्रान्तम् अनर्थकं व्यर्थमिति भावः। पुनश्च मातुः=जनन्याः कुन्त्याः वचनेन=वचसा च वारितः=निषिद्धः। त्वया युधिष्ठिरादिषु इमान्यस्त्राणि न कदाचिदपि प्रक्षेपणीयानीति। वंशस्थवृत्तम्, यथा 'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' इति ॥ ८ ॥

यह समय अत्यन्त उपयुक्त और अनेक दिनों से प्रतीक्षित दिन आ गया किंतु मेरी अस्त्र-शिक्षा इस समय व्यर्थ सिद्ध हो रही है और माता ने मुझे मना भी किया है (कि युधिष्ठिरादि अपने छोटे भाइयों पर अस्त्र न चलाना) ॥ ८ ॥

हे शल्यराज, सुनो मेरे अस्त्रों की कथा।

शल्य—इस वृत्तान्त को सुनने का मुझे भी बड़ा कौतूहल है।

कर्ण—मैं पहले जामदग्न्य (परशुराम) के पास गया था।

शल्य—तब फिर।

कर्णः—ततः

> विद्युल्लताकपिलतुङ्गजटाकलाप-
> मुद्यत्प्रभावलयिनं परशुं दधानम् ।
> क्षत्रान्तकं मुनिवरं भृगुवंशकेतुं
> गत्वा प्रणम्य निकटे निभृतः स्थितोऽस्मि ॥ ९ ॥

शल्यः—ततस्ततः ।

कर्णः—ततो जामदग्न्येन ममाशीर्वचनं दत्त्वा पृष्टोऽस्मि । को भवान् किमर्थमिहागत इति ।

राधेयः स्वस्मिन् दिव्यानाम् आयुधानां समागमनवृत्तान्तं स्मारयति शल्यं प्रति—विद्युल्लतेति ।

. (अहं कर्णः) विद्युल्लताकपिलतुङ्गजटाकलापं—विद्युच्चासौ लता = तडित् (तडित् सौदामिनी विद्युत्—अमरः) इव कपिलः = पिङ्गलवर्णः तुङ्गः = महान् जटायाः कलापः जटाकलापः यस्य तम् उद्यत्प्रभावलयिनं—उद्यन्ती चासौ प्रभा तस्या वलयम् अस्ति यस्य (अत इनिठनौ) तम् = प्रद्योतितच्छविपरिविनन्तं परशुम् = आयुधविशेषं दधानं = धारयन्तं क्षत्रान्तकं—क्षत्राणामन्तकः तम् = क्षत्रिय-जातिनाशकं भृगुवंशकेतुं-भृगोर्वंशः तस्य केतुः तम् = भार्गवान्वय-श्रेष्ठं मुनिवरं—मुनिषु वरं = तपस्विमहत्तमं परशुरामं निकटे = समीपे गत्वा = उपसृत्य प्रणम्य च निभृतः = मौनमवलम्ब्य स्थितः = उपविष्टः = अस्मि = भवामि । अत्र वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ ९ ॥

कर्ण—तब,

विद्युत् की लता के समान पीली और लम्बी जटा के समूह एवं प्रभा की परिधि से घिरे हुए परशु को धारण करनेवाले मुनियों में श्रेष्ठ, भृगुवंश के ध्वज और क्षत्रियों के विनाशक (परशुराम) के निकट जाकर (मैं उन्हें) प्रणाम करके चुपचाप एक तरफ खड़ा हो गया ॥ ९ ॥

शल्य—तब फिर ।

कर्ण—तब परशुराम ने आशीर्वाद देकर (मुझसे) पूछा 'आप कौन हैं ? क्यों यहाँ आये हैं ?

शल्यः—ततस्ततः ।

कर्णः—ततः भगवन् अखिलान्यस्त्राण्युपशिक्षितुमिच्छामीत्युक्तवानस्मि ।

शल्यः—ततस्ततः ।

कर्णः—तत उक्तोऽहं भगवता ब्राह्मणेपूपदेशं करिष्यामि न क्षत्रियाणामिति ।

शल्यः—अस्ति खलु भगवतः क्षत्रियवंश्यैः पूर्ववैरम् । ततस्ततः ।

कर्णः—ततो नाहं क्षत्रिय इत्यस्त्रोपदेशं ग्रहीतुमारब्धं मया ।

शल्यः—ततस्ततः ।

कर्णः—ततः कतिपयकालातिक्रमे कदाचित्फलमूलसमित्कुशकुसुमाहरणाय गतवता गुरुणा सहानुगतोऽस्मि ।

शल्यः—ततस्ततः ।

कर्णः—ततः स गुरुर्वनभ्रमणपरिश्रमान्मदङ्के निद्रावशमुपगतः ।

शल्यः—ततस्ततः ।

शल्य—तब फिर ।

कर्ण—तब 'भगवन्' (मैं) समस्त अस्त्र-विद्या सीखना चाहता हूँ । ऐसा मैंने कहा ।

शल्य—तब फिर ।

कर्ण—तब भगवान् ने मुझसे कहा कि मैं केवल ब्राह्मणों को ही (अस्त्रविद्याका) उपदेश देता हूँ, क्षत्रियों को नहीं ।

शल्य—भगवान् को तो क्षत्रिय वंश से पुराना वैर है । तब फिर ।

कर्ण—तब मैं क्षत्रिय नहीं हूँ (ऐसा कहकर मैंने) अस्त्रका उपदेश लेना प्रारम्भ कर दिया ।

शल्य—तब फिर ।

कर्ण—तब कुछ समय बीतने पर एकबार फल, मूल, समिधा, कुश, कुसुम लाने के लिए जाते हुए गुरु के साथ मैं भी (जंगल को) गया था ।

शल्य—तब फिर ।

कर्ण—तब गुरुजी वन में भ्रमण करने के परिश्रम से (थककर) मेरी गोद में ही सो गए ।

शल्य—तब फिर ।

कर्णः—ततः

कृत्ते वज्रमुखेन नाम कृमिणा दैवान्ममोरुद्वये
निद्राच्छेदभयादसह्यत गुरोर्धैर्यात्तदा वेदना।
उत्थाय क्षतजाप्लुतः स सहसा रोषानलोद्दीपितो
बुद्ध्वा मां च शशाप कालविफलान्यस्त्राणि ते सन्त्विति ॥१०॥

शल्यः—अहो कष्टमभिहितं तत्रभवता।

कर्णः—परीक्षामहे तावदस्त्रस्य वृत्तान्तम्। (तथा कृत्वा) एतान्यस्त्राणि

पूर्वं निरर्थम् अस्त्रं मया शिक्षितमिति यदुक्तं तदेव कर्णः स्पष्टयति—कृत्त इति। दैवात्=(मम) दुर्भाग्यवशात् वज्रमुखेन—वज्रवत् मुखं यस्य तेन एतन्नामकेन कृमिणा=कीटेन मम=मे (कर्णस्य) ऊरुद्वये कृत्ते=दष्टे सति तदा=तस्मिन् समये गुरोः=शिक्षकस्य (परशुरामस्य) निद्राच्छेदः—निद्रायाः=शयनस्य छेदः=भङ्गः तस्य भयं तस्मात्=शयनभङ्गभीतेः धैर्यात्=क्षत्रियत्व-दाढ्र्येन तद् वेदना असह्यत=सोढा। क्षतजाप्लुतः—क्षताज्जातं तेन आप्लुतः=रुधिराप्लुतः स महर्षिः परशुरामः उत्थाय=निद्रामुन्मुच्य सहसा=झटिति (द्राक्) रोषानलोद्दीपितः—रोष एव अनलः अग्निः तेनोद्दीपितः=क्रोधवह्नि-ज्वलितः माम् (कर्णम्) बुद्ध्वा=क्षत्रियोऽयमिति ज्ञात्वा ते=तव (कर्णस्य) अस्त्राणि=आयुधानि यानि मया (परशुरामेण) शिक्षितानि तानि कालविफलानि काले=प्रयोगसमये विफलानि=फलरहितानि विस्मृतानि सन्तु=भवन्तु इति=एवं शशाप=शापं ददौ। अत एव इदानीं तानि विस्मृतानि। अत्र शार्दूलविक्रीडितम् छन्दः ॥ १० ॥

कर्ण—तब,

(मेरे) दुर्भाग्यवश वज्रमुख नामक कीड़े ने मेरे जंघों में काट लिया पर (ऊपर) सोए हुए गुरु के निद्राभंग के भय से मैंने उस पीड़ा को धैर्यपूर्वक सह लिया, रक्त से भींगे हुए वे उठकर बैठ गये तथा उनकी क्रोधाग्नि धधक उठी और क्रुद्ध होकर उन्होंने मुझे शाप दिया कि 'युद्धकाल में तुम्हारे अस्त्र विफल हो जाँय' ॥ १० ॥

शल्य—अरे, बड़ी कष्टकर बात उन्होंने कही।

कर्ण—तब तो मैं अपने अस्त्रों की कथा की परीक्षा करता हूँ। (वैसा करके)

निर्वीर्याणीव लक्ष्यन्ते । अपि च ।

इमे हि दैन्येन निमीलितेक्षणा
मुहुः स्खलन्तो विवशास्तुरङ्गमाः ।
गजाश्च सप्तच्छददानगन्धिनो
निवेदयन्तीव रणे निवर्तनम् ॥ ११ ॥

शङ्खदुन्दुभयश्च निःशब्दाः ।

शल्यः—भोः कष्टं किं नु खल्विदम् ।

कर्णः—शल्यराज ! अलमलं विषादेन ।

इदानीमन्यानि यानि लक्षणानि दृश्यन्ते तेभ्यः न ममाभीष्टसिद्धिः स्फुरति इति सूचयति—इमे हीति ।

हि=यतः दैन्येन—दीनतायाः भावः दैन्यं (गुणवचनत्वात् ष्यञ्) तेन = कातरतया निमीलितेक्षणाः (नि+मिल् सङ्गमे+निष्ठा-क्त-प्रत्यये) निमीलितानि ईक्षणानि येषां ते=सम्पुटित—(निद्रित)—नेत्राः अत एव मुहुः=भूयो भूयः स्खलन्तः = भ्रश्यन्तः विवशाः=विगतं वशं = स्वच्छन्दता येषां ते = पराधीनाः इमे =पुरतो वर्तमानाः तुरङ्गमाः तुरं = शीघ्रं गच्छन्तीति = घोटकाः, सप्तच्छद-दानगन्धिनः—सप्तच्छदस्य इव दानस्य गन्धः स एषां ते = सप्तपर्णगन्ध-मदस्राविणः गजाः=करिणश्च रणे = संग्रामे निवर्त्तन = परावर्तनं निवेदयन्ति = प्रकटयन्ति एव । अत्र वर्तमानाः तुरगाः करिणश्च रणान्निवर्तनमेव वाञ्छन्तीति भावः । अत्र वंशस्थवृत्तम् ॥ ११ ॥

ये अस्त्र भी निःशक्त से दिखाई पड़ते हैं । और भी,

ये दीनभावापन्न विवश से घोड़े अपनी आँखों को बन्द करके बारम्बार ठोकर खा रहे हैं । सप्तच्छद के समान मदधारा की गन्ध से युक्त ये मस्त गजराज भी (दीन होकर) जैसे रणस्थल से लौट चलने का निवेदन कर रहे हैं ॥ ११ ॥

शङ्ख और दुन्दुभी भी निश्शब्द हो गए हैं ।

शल्य—बड़ा कष्ट है यह सब क्या है ।

कर्ण—शल्यराज ! विषाद करना व्यर्थ है ।

हतोऽपि लभते स्वर्गं जित्वा तु लभते यशः ।
उभे बहुमते लोके नास्ति निष्फलता रणे ॥ १२ ॥

अपि च

इमे हि युद्धेष्वनिवर्तिताशा
हयाः सुपर्णेन समानवेगाः ।
श्रीमत्सु काम्बोजकुलेषु जाता
रक्षन्तु मां यद्यपि रक्षितव्यम् ॥ १३ ॥

अक्षयोऽस्तु गोब्राह्मणानाम् । अक्षयोऽस्तु पतिव्रतानाम् । अक्षयोऽस्तु

हत इति । रणे = संग्रामे हतोऽपि = पञ्चत्वं गतोऽपि स्वर्ग = स्वर्गलोकं लभते = प्राप्नोति जित्वा = रणं विजित्य तु यशः = कीर्ति लभते = आदत्ते लोके = भुवने (लोकस्तु भुवने जने—इत्यमरः) उभे = स्वर्गयशसी बहुमते = दुर्लभे अतः कदाचिदपि रणे निष्फलता = व्यर्थता नास्ति = न वर्तते ॥१२॥

इमे इति । हि = यतः युद्धेष्वनिवर्तिताशा-युद्धेषु = संग्रामेषु अनिवर्तिता आशा यैस्ते = अत्याजिताभिलाषाः सुपर्णेन = गरुत्मता समानवेगाः समानो वेगो येषां ते = तुल्यरयाः इमे संग्रामे वर्तमानाः हयाः = अश्वाः श्रीमत्सु-श्रीः अस्ति एषां ते तेषु = लक्ष्मीयुक्तेषु काम्बोजकुलेषु = कम्बोजे जाताः तेषां कुलानि तेषु = कम्बोजदेशोत्पन्नवंशेषु (काबुलीति लोके प्रसिद्धिः) जाताः = प्रादुर्भूताः यद्यपि मया रक्षितुं योग्यं तथापि ते इदानीं माम् (राधेयं) रक्षन्तु = रक्षां कुर्वन्तु अत्र 'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः' तथा 'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' इत्यनयोरुपजातिः ॥१३॥

संग्राम में मारे जाने पर स्वर्ग प्राप्त होता है और जीतने पर यश मिलता है, अतः लोक में दोनों ही अधिक माननीय माने जाते हैं इससे युद्ध करने में निष्फलता नहीं है ॥१२॥

और भी—

युद्ध में अभिलाप रखने वाले, गरुड़ के समान वेगशाली शोभायुक्त काबुली घोड़ों की जाति के ये घोड़े, जिनकी रक्षा मुझे करनी चाहिये, मेरी रक्षा करें । १५

गो ब्राह्मणों का कल्याण हो । सभी स्त्रियों का कल्याण हो । रण में पीठ न

रणेष्वपराङ्मुखानां योधपुरुषाणाम् । अक्षयोऽस्तु मम प्राप्तकालस्य । एष भोः प्रसन्नोऽस्मि ।

समरमुखमसह्यं पाण्डवानां प्रविश्य
प्रथितगुणगणाढ्यं धर्मराजं च बद्ध्वा ।
मम शरवरवेगैरर्जुनं पातयित्वा
वनमिव हतसिंहं सुप्रवेशं करोमि ॥१४॥

गोब्राह्मणानाम्-गावश्च ब्राह्मणाश्च तेषां=धेनुभूदेवानाम् अक्षयोऽस्तु—न क्षयः—क्षतिरहितः कल्याणमिति यावत् अस्तु=भूयात् । पतिव्रतानां=पतिधर्मपरायणानामङ्गनानाम् । रणेष्वपराङ्मुखानां—रणेषु=संग्रामेषु अपराङ्मुखानां—न पराङ्मुखाः तेषाम् अपृष्ठदर्शिनां योधपुरुषाणां—युध्यन्ते इति योधाः ते च ते पुरुषाः तेषां=प्रतिभटानां प्राप्तकालस्य—प्राप्तः कालः यस्य तस्य=लब्धावसरस्य मम=कर्णस्य अक्षयः=कल्याणम् अस्तु भूयात् ।

इदानीं चिकीर्षितं निर्दिशति कर्णः—समरमुखमिति । पाण्डवानां—पाण्डोर्भवाः जाताः तेषां=पाण्डुपुत्राणां युधिष्ठिरादीनामित्यर्थः । असह्यम्=सोढुमशक्यम् समरमुखं—समरस्य मुखं रणस्थलं (अस्त्रियां समरानीकरणाः कलहविग्रहावित्यमरः) प्रविश्य=प्रवेशं विधाय तत्र गत्वेत्यर्थः । प्रथितगुणगणाढ्यं—प्रथितेन=प्रसिद्धेन गुणगणेन=गुणसंहत्या (गणः स्त्रियां तु संहतिर्वृन्दमित्यमरः ।) आढ्यः=युक्तः तम् धर्मराजं—धर्माणां राजा तम्=धर्मपुत्रं युधिष्ठिरं बद्ध्वा=पाशैः संयोज्य किं च मम=कर्णस्य शरवरवेगैः=शरेषु वराः बाणश्रेष्ठाः तेषां वेगाः प्रवाहास्तैः (वेगः प्रवाहजवयोरपि—अमरः) अर्जुनम् एतन्नामानं पाण्डवं पातयित्वा=विनाश्य हतसिंहं हतः सिंहः यस्मिन् तत् (हिंसार्थकस्य हन् धातोः निष्ठाप्रत्यये नकारस्य अनुदात्तोपदेशवनतीत्यादिना लोपे हत इति)=विनष्टमृगपतिं वनमिव=अरण्यमिव

दिखाने वाले वीर योद्धाओं का कल्याण हो ! मुझ, सुअवसर प्राप्त किये हुये का भी कल्याण हो । अब मैं प्रसन्न हूँ ।

पाण्डवों की कठिन रण सीमा में प्रवेश करके अत्यन्त प्रसिद्ध गुणों वाले धर्मराज (युधिष्ठिर) को बांध कर अपने तीव्र एवं प्रखर बाणों से अर्जुन को गिराकर (मारकर) [इस दुर्गम पाण्डवों की सेना को] भयानक सिंह के मर जाने पर सुगम (निरापद) जङ्गल की भांति बना दूँगा ॥ १४ ॥

शल्यराज ! यावद्रथमारोहावः ।

शल्यः—बाढम् ।

(उभौ रथारोहणं नाटयतः ।)

कर्णः—शल्यराज ! यत्रासावर्जुनस्तत्रैव चोद्यतां मम रथः ।

(नेपथ्ये)

भो कण्ण ! महत्तरं भिक्खं याचेमि । [भोः कर्ण ! महत्तरां भिक्षां याचे ।]

कर्णः— (आकर्ण्य) अये वीर्यवान् शब्दः ।

श्रीमानेप न केवलं द्विजवरो यस्मात्प्रभावो महा-
नाकर्ण्य स्वरमस्य धीरनिनदं चित्रार्पिताङ्गा इव ।

(अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम्—अमरः) सुप्रवेशं=सुखेन प्रवेशयोग्यं करोमि=विदधामि । वीरान् पातयित्वा सुलभमार्गं करोमीति भावः । मालिनी-वृत्तम्, दृष्टान्तालङ्कारः ॥ १४ ॥

वीर्यवान् = ओजस्वी गम्भीर इति !

भिक्षु-याचितं शब्दं श्रुत्वा सा वाक् ओजस्विनीति कर्णः निरूपयन्नाह—श्रीमा-निति । एपः = याचकः शब्दोच्चारणकर्त्ता केवलम् = एकमात्रं द्विजवरः = ब्राह्मण श्रेष्ठः न अपितु श्रीमान्—श्रीः अस्ति यस्य = शोभायुक्तः यस्मात् = द्विज-वचनात् महान् = व्यापकः प्रभावः = इदं माहात्म्यम् अस्य = याचकस्य धीरनिनदं—धीरो

शल्यराज ! तो हम लोग रथ पर चढ़ें ।

शल्य—बहुत अच्छा ।

(दोनों रथ पर चढ़ने का नाटच करते हैं ।)

कर्ण—शल्यराज ! जहाँ वह अर्जुन है वहीं मेरे रथ को ले चलो ।

(नेपथ्य)

हे कर्ण ! मैं बहुत बड़ी भिक्षा मांगता हूँ ।

कर्ण—(सुनकर), अरे, यह तो बड़ा तेजस्वी शब्द है ।

यह केवल साधारण ब्राह्मण नहीं अपितु कोई ऐश्वर्यवान् व्यक्ति है जिसके गम्भीर घोप को सुनकर उसके प्रभाव से मेरे चलते हुये घोड़े, कान खड़े करके,

उत्कर्णस्तिमिताञ्चिताक्षवलितग्रीवार्पिताग्राननाः-
स्तिष्ठन्त्यस्ववशाङ्गयष्टि सहसा यान्तो ममैते हयाः ॥ १५ ॥

आहूयतां स विप्रः । न न । अहमेवाह्वयामि । भगवन्नित इतः ।

(ततः प्रविशति ब्राह्मणरूपेण शक्रः)

शक्रः—भो मेघाः, सूर्येणैव निवर्त्य गच्छन्तु भवन्तः । (कर्णमुपगम्य) भो कण्ण ! महत्तरं भिक्खं याचेमि । [भोः कर्ण ! महत्तरां भिक्षां याचे ।]

निनदो यस्मिन् स तं = गम्भीरघोषं स्वरं = वाचम् आकर्ण्य = श्रुत्वा मम = कर्णस्य एते प्रस्थिताः हयाः = तुरगाः उत्कर्णस्तिमिता०—उत्कर्णाः—उद्गताः कर्णाः येषां ते = उत्थितश्रवणाः स्तिमिताञ्चिताक्षाः—स्तिमितानि = निमीलितानि अञ्चितानि शोभनानि च अक्षीणि = नेत्राणि येषां ते, वलितायां = भुग्नायां ग्रीवायां = शिरोधरायाम् अर्पितानि = दत्तानि अग्राननानि = मुखाग्रभागा येषां ते,उत्कर्णाश्च ते स्तिमिताञ्चिताक्षाश्च ते, वलितग्रीवार्पिताननाश्च (अत्र कर्मधारय—बहुव्रीहिसमासद्वयम्) अस्ववशाङ्गयष्टि—स्ववशा न भवति इति अस्ववशा अङ्गयष्टिः यस्मिन् कर्मणि तद् यथा स्यात् तथा (बहुव्रीहिसमासः) = पराधीनशरीरं सहसा = झटिति-यान्तः = गच्छन्तः चित्रार्पिताङ्गा इव—चित्रे = चित्रफलके अर्पितानि = दत्तानि अङ्गानि = शरीराणि येषां ते = चित्रलिखिता इव तिष्ठन्ति = गमनप्रतिनिवृत्ताः सन्ति । आगन्तुकस्यास्य याचकस्य वाचः प्रभावादेव इमे मे तुरंगाः चित्रे निवेशिता इव जाता इति भावः । शार्दूलविक्रीडितम् वृत्तम् । अत्युक्तिगर्भितोपमालङ्कारः ॥ १५ ॥

भगवन् = भग ऐश्वर्यमस्ति अस्य तत्संबुद्धौ । अङ्ग ऐश्वर्यवन् !

निर्निमेष दृष्टि से गर्दन टेढी करके उसी ओर देखते हुए यकायक रुक गये जैसे चित्र लिखित हों और उनका अपने शरीर पर कुछ वश ही नहीं रह गया हो ॥१५

इस ब्राह्मण को बुलाओ । नहीं नहीं । मैं ही बुलाता हूँ । श्रीमान् ! इधर आइये इधर ।

(तब ब्राह्मणवेषधारी इन्द्र आते हैं ।)

शक्र—हे मेघ ! सूर्य के साथ तुम सब चले जाओ । **(कर्ण के समीप जाकर)** हे कर्ण ! बहुत बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ ।

कर्णः—दृढं प्रीतोऽस्मि भगवन् !

यातः कृतार्थगणनामहमद्य लोके
राजेन्द्रमौलिमणिरञ्जितपादपद्मः ।
विप्रेन्द्रपादरजसा तु पवित्रमौलिः
कर्णो भवन्तमहमेप नमस्करोमि ॥ १६ ॥

शक्रः—(आत्मगतम्) किं नु खलु मया वक्तव्यं, यदि दीर्घायुर्भवेति वक्ष्ये दीर्घायुर्भविष्यति। यदि न वक्ष्ये मूढ इति मां परिभवति। तस्मादुभयं परिहृत्य किं नु खलु वक्ष्यामि। भवतु दृष्टम्। (प्रकाशम्) भो कण्ण ! सुय्ये विअ, चन्दे विअ, हिमवन्ते विअ, सागले विअ,

---

इदानीं विप्रदर्शनेन तस्य आशीर्वादलाभेन च आत्मानं कृतकृत्यं मन्यते, कर्णः। कथयति च—याति इति।

अद्य = इदानीं लोके = भुवने (लोकस्तु भुवने जने इत्यमरः।) राजेन्द्रमौलिमणिरञ्जितपादपद्मः—राजेन्द्राणां = भूपतीनां मौलौ = शिरसि ये मणयः = रत्नानि तैः रञ्जितं = सुशोभितं पादपद्मं = चरणाब्जं यस्य स एवम्भूतः कृतार्थगणनां—कृतः अर्थः यैस्ते तेषां कृतकृत्यार्थानां जनानां गणना संख्यानम् अहं = कर्णः यातः = प्राप्तः। तु किन्तु (इदानीं) विप्रेन्द्रपादरजसा विप्रेषु इन्द्राः तेषां पादाः तेषां रजः तेन = भूसूरचरणरेणुना पवित्रमौलिः—पवित्रो मौलिः यस्य स—पूतमस्तकः एषः = तव पुरतः स्थितः कर्णः = राधेयः भवन्तं = विप्रं याचकम् अहं नमस्करोमि = प्रणमामि। वसन्तलिका वृत्तम्। छेकानुप्रासश्च ॥ १६ ॥

कर्ण—हे ऐश्वर्यवन् ! मैं बहुत प्रसन्न हूँ।

अनेक प्रतापी महाराजाओं के मणिमय मुकुट से जिसका चरण कमल शोभित होता है (अर्थात् अनेक राजे-महाराजे जिसके चरणों पर झुकते हैं) वह कर्ण आज ब्राह्मणश्रेष्ठ के चरणों की धूलि से पवित्र मस्तकवाला संसार में कृतार्थ होकर आपको नमस्कार करता है ॥ १६ ॥

शक्र—**(अपने मन में)** अब मुझे क्या कहना चाहिए, यदि दीर्घायु हो ऐसा कहता हूँ तो चिरंजीवी होगा, यदि नहीं कहता हूँ तो मुझे मूर्ख समझेगा। तो

चिट्ठुदु दे जसो । [भो कर्ण ! सूर्य इव, चन्द्र इव, हिमवान् इव, सागर इव तिष्ठतु ते यशः ।]

कर्णः—भगवन् ! किं न वक्तव्यं दीर्घायुर्भवेति । अथवा एतदेव शोभनम् । कुतः—

धर्मो हि यत्नैः पुरुषेण साध्यो भुजङ्गजिह्वाचपला नृपश्रियः ।
तस्मात्प्रजापालनमात्रबुद्ध्या हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते ॥ १७ ॥

भगवन्, किमिच्छसि । किमहं ददामि ।

शक्रः—महत्तरं भिक्खं याचेमि । [महत्तरां भिक्षां याचे ।]

कर्णः—महत्तरां भिक्षां भवते प्रदास्ये । श्रूयन्तां मद्विभवाः ।

यद् ब्राह्मणेन आशीर्वचनं दत्तं मह्यं तदेव शोभनमिति स्पष्टयति—धर्मो हीति ।

हि = यतः पुरुषेण = मानवेन धर्मः = शास्त्रोक्तं कर्तव्यं यत्नैः = स्वोद्योगैः साध्यः = कर्तव्यः नृपश्रियः—नृपाणां श्रियः = राजलक्ष्म्यः भुजङ्गजिह्वाचपलाः—भुजङ्गानां जिह्वा इव चपलाः = फणिनां रसना इव चञ्चलाः तस्मात् = तस्मात् कारणात् हतेषु = नष्टेषु देहेषु = विग्रहेषु प्रजापालनमात्रबुद्ध्या–प्रजायाः पालनं तन्मात्रा बुद्धिः तया = जनरक्षणमात्रमत्या गुणाः = दयादाक्षिण्यादयः धरन्ते (धृ + लट् + झोऽन्तादेशः) = तिष्ठन्ति । उपजातिर्वृत्तम् ॥ १७ ॥

दोनों को छोड़कर मैं क्या कहूँ । अच्छा देखा । (**प्रकाश में**) हे कर्ण ! सूर्यकी भाँति, चन्द्र, हिमवान् एवं सागर की भाँति, तुम्हारा यश हो ।

कर्ण—भगवन् । 'दीर्घायु हो' ऐसा क्यों नहीं कहा । अथवा यही अति सुन्दर है । क्योंकि,

केवल धर्म ही मनुष्य के द्वारा यत्नपूर्वक साध्य है । राजलक्ष्मी तो सर्प की जिह्वा की भाँति चञ्चल है इसलिए प्रजा का पालन करने वाला अपने शरीर-पात के बाद केवल यश से ही जीवित रहता है ॥ १६ ॥

भगवन् ! क्या चाहते हैं ? क्या दूँ ?

शक्र—बहुत बड़ी भिक्षा चाहता हूँ ।

कर्ण—आपको बहुत बड़ी भिक्षा दी जाएगी । मेरा ऐश्वर्य सुनिए ।

गुणवदमृतकल्पक्षीरधाराभिवर्षि
द्विजवर! रुचितं ते तृप्तवत्सानुयात्रम्।
तरुणमविकमर्थिप्रार्थनीयं पवित्रं
विहितकनकशृङ्गं गोसहस्रं ददामि ॥ १८ ॥

शक्रः—गोसहस्सं त्ति। मुहुत्तअं क्खिरं पिबामि। णेच्छामि कण्ण! णेच्छामि। [गोसहस्रमिति। मुहूर्तकं क्षीरं पिबामि। नेच्छामि कर्ण! नेच्छामि।]

कर्णः—किं नेच्छति भवान्। इदमपि श्रूयताम्।

रवितुरगसमानं साधनं राजलक्ष्म्याः
सकलनृपतिमान्यं मान्यकाम्बोजजातम्।

विभवाः=ऐश्वर्याणि।

गुणवदिति। हे द्विजवर—द्विजेषु वरः तत्सम्बुद्धौ=ब्राह्मणश्रेष्ठ! अहं=कर्णः गुणवदमृतकल्पक्षीरधाराभिवर्षि—गुणवतां=गुणयुक्तानाम् अमृतकल्पानां=पीयूषतुल्यानां क्षीराणां=दुग्धानां धारा=प्रस्रवणं तामभिवर्षितुं शीलमस्येति गुणवदमृतकल्पक्षीरधाराभिवर्षि तृप्तवत्सानुयात्रं—तृप्तानां वत्सानाम् अनुयात्रा यस्य तत्=तृप्ततृप्तवत्सानुगतं तरुणं=युवानम् अविकं=विनीरम् अर्थिप्रार्थनीयम्—अर्थिनां=याचकानां प्रार्थनीयं=प्रार्थनायोग्यं=याचकवाञ्छितम् विहितकनकशृङ्गं=विहितानि कनकानां शृङ्गाणि यस्मिन् तत्=कृतसुवर्णशृङ्गं पवित्रं=जगदिदोषपरहितं रुचितं=रुचिकरं गोसहस्रं—गवां=धेनूनां सहस्रं=दशशतसंख्याकं ते=तुभ्यं ददामि=समर्पयामि। मालिनी वृत्तम् ॥ १८ ॥

इदानीमन्यद् देयवस्तु प्रतिपादयति कर्णः—रवीति।

ओ ब्राह्मणश्रेष्ठ, यदि तुम्हें पसन्द हो तो, जिनके सींग का ऊपरी भाग स्वर्ण मण्डित है, जो स्वस्थ सुन्दर और युवती हैं, अमृत के तुल्य मधुर दुग्ध की धारा बहानेवाली, सन्तुष्ट बछड़ों के साथ, पवित्र तथा अन्य धन-धान्य साहित्य में (तुम्हें) हजारों गाएँ दे सकता हूँ ॥ १८ ॥

शक्र—हजार गाएँ! कुछ समय तक दूध पिऊँगा। नहीं चाहता, कर्ण नहीं चाहता।

कर्ण—क्या आप नहीं चाहते। इसे भी सुनिए—

सूर्य के घोड़ों के सदृश, राजश्री के साधनभूत, अनेक राजाओं से प्रशंसित

सुगुणमनिलवेगं युद्धदृष्टापदानं
सपदि बहुसहस्रं वाजिनां ते ददामि ॥ १९ ॥

शक्रः—अस्स त्ति । मुहुत्तअं आलुहामि । णेच्छामि कण्ण ! णेच्छामि ।

कर्णः—किं नेच्छति भगवान् । अन्यदपि श्रूयताम् !

मदसरितकपोलं षट्पदैः सेव्यमानं
गिरिवरनिचयाभं मेघगम्भीरघोषम् ।

रवितुरगसमानं—रवेः तुरगाः तेषां समानं = सूर्याश्वतुल्यं राजलक्ष्म्याः—राज्ञां लक्ष्मीः तस्याः = नृपश्रियः साधनं = करणम् सकलनृपतिमान्यं—सकलानां = सर्वेषां नृपतीनां = राज्ञां मान्यं = माननीयं मान्यकाम्बोजजातम्—मान्येषु = आदरणीयेषु काम्बोजेषु = कम्बोज (काबुल इति लोके) देशोद्भवेषु जातम् = उत्पन्नं सुगुणं सु शोभनाः गुणाः यस्मिन् तत् = समीचीनगुणयुक्तम् अनिलवेगं—अनिलस्य वेग इव वेगः यस्मिन् तत् = वायुजवम् युद्धदृष्टापदानं—युद्धेषु दृष्टानि अपदानानि यस्मिन् तत् = आहवदृष्टपराक्रमादिकर्मवृत्तम् वाजिनां = तुरगाणां बहुसहस्रम् = अनेकसहस्रसंख्याकं सपदि = सद्यः ते = तुभ्यं (याचकाय) ददामि = दानं करोमि । अत्रापि मालिनीवृत्तम् ॥ १९ ॥

मदेति । मदसरितकपोलं मदेन = दानेन (गण्डः कटो मदो दानम्—अमरः ।) सरिताः = दिग्धाः कपोला यस्मिन् तत् = दानसिक्तगण्डस्थलम् अतएव षट्पदैः = भ्रमरैः (द्विरेफपुष्पलिड्भृङ्गषट्पदभ्रमरालयः—अमरः ।) सेव्यमानं = युक्तं गिरिवरनिचयाभं—गिरिवराणां = पर्वतश्रेष्ठानां निचयाः = पुञ्जाः तेषाम् आभा इव आभा यस्मिन् तत्, मेघगम्भीरघोषम्—मेघः = जलदः इव गम्भीरः = ओजस्वी

उत्तम काबुली जाति के, अद्भुतगुणों से युक्त, अनिल के समान तीव्र वेगवाले, तथा युद्धक्षेत्र में जिनकी वीरता देखी जा चुकी है ऐसे हजारों घोड़े मैं तुरन्त दे दूँगा ॥ १९ ॥

शक्र—घोड़े । थोड़े समय तक चढ़ूँगा । नहीं चाहता कर्ण ! नहीं चाहता ।

कर्ण—क्या नहीं चाहते आप ? अच्छा दूसरा सुनिए ।

मद की नदियां जिनके कपोलों से बह रही हैं और जिनपर भ्रमर मँडरा रहे हैं । गिरि-समूह के समान जिनकी शोभा है, जो मेघ के समान गम्भीर घोष वाले, श्वेत

सितनखदशनानां वारणानामनेकं
रिपुसमरविमर्दं वृन्दमेतद्ददामि ॥ २० ॥

शक्रः—गअ त्ति । मुहुत्तअं आलुहामि । णेच्छामि कण्ण ! णेच्छामि ।

कर्णः—किं नेच्छति भवान् । अन्यदपि श्रूयताम् अपर्याप्तं कनकं ददामि ।

शक्रः—गह्णिअ गच्छामि । (किंचिद् गत्वा) णेच्छामि कण्ण ! णेच्छामि । [गृहीत्वा गच्छामि । नेच्छामि कर्ण ! नेच्छामि ।]

कर्णः—तेन हि जित्वा पृथिवीं ददामि ।

शक्रः—पुहुवीए किं करिस्सम् । [पृथिव्या किं करिष्यामि ।]

कर्णः—तेन ह्यग्निष्टोमफलं ददामि ।

घोषः=स्वरः यस्मिन् तत् सितनखदशनानां—सिताः=शुभ्राः नखा दशनाश्च येषां तेषां=स्वच्छकरजदन्तानां वारणानां=गजानां रिपुसमरविमर्दं—रिपूणां=शत्रूणां समरे=संग्रामे विमर्दं=विमर्दकारक (विमर्दयति विमर्दम् पचाद्यच् ।) एतत्=इदम् अनेकं=बहु वृन्दं=समूहं ददामि=दानं करोमि । मालिनी वृत्तम् ॥ २० ॥

अग्निष्टोमफलं=वैतानिकेऽग्नौ साध्यः स्वर्गफलकः मर्त्यलोकोत्पन्नवेदविद्भिः अवश्यमाचरणीयो वेदोक्तः अग्निष्टोमनामको यज्ञः स्वकर्तृकः तस्य फलं ददामि=दातुमिच्छामि ।

नख और दाँत से युक्त तथा युद्धभूमि में अनेक शत्रुओं को विनष्ट करने वाले अनेक हाथियों का समूह (तुम्हें) दूँगा ॥ २० ॥

कर्ण—गज ! थोड़े समय तक चढूँगा । नहीं चाहता कर्ण ! नहीं चाहता ।

कर्ण—क्या आप इसे भी नहीं चाहते । और भी सुनो । अतुल स्वर्ण दूँगा ।

शक्र—लेकर चला जाऊँगा । (कुछ दूर जाकर) नहीं चाहता कर्ण ! नहीं चाहता ।

कर्ण—तो भूमि को जीतकर दूँगा ।

शक्र—पृथ्वी लेकर क्या करूँगा ?

कर्ण—तो अग्निष्टोम (यज्ञ) का फल दूँगा ।

शक्रः—अग्निट्ठोमफलेण किं कय्यं । [अग्निष्टोमफलेन किं कार्यम् ।]

कर्णः—तेण हि मच्छिरो ददामि । [तेन हि मच्छिरो ददामि ।]

शक्रः—अविहा अविहा । [अविहा अविहा !]

कर्णः—न भेतव्यं न भेतव्यम् । प्रसीदतु भवान् । अन्यदपि श्रूयताम् ।

अङ्गैः सहैव जनितं मम देहरक्षा
देवासुरैरपि न भेद्यमिदं सहस्त्रैः ।
देयं तथापि कवचं सह कुण्डलाभ्यां
प्रीत्या मया भगवते रुचितं यदि स्यात् ॥२१॥

कर्णः विप्राय भिक्षवे अभिलषिते कवचकुण्डले दातुं प्रतिश्रृणोति--अङ्गैः सहेति । (यद्यपि) अङ्गैः = गात्रैः सहैव = सार्धमेव जनितम् = प्रादुर्भूतम् (अनेन) मम = कर्णस्य देहरक्षा--देहस्य रक्षा (षष्ठी समासः) = शरीरसंरक्षणं (भवति) इदं = कवचं सहास्त्रैः—अस्त्रैः सार्धम् = आयुधयुक्तैः देवासुरैरपि—देवाश्च असुराश्च तैः (द्वन्द्वसमासः) = अमरदानवैरपि न भेद्यम् न भेत्तुं योग्यं नहि खण्डनीयमित्यर्थः । तथापि कुण्डलाभ्यां सह = कर्णाभरणाभ्यां साकं कवचं = वर्म (तनुत्रं वर्म दशनम् । उरच्छदः कङ्कटकोऽजगरः कवचोऽस्त्रियाम्–अमरः ।) यदि = चेत् भगवते = ब्राह्मणाय रुचितम् = अभिलषितं स्यात् = भवतु (तर्हि) मया = कर्णेन प्रीत्या = प्रसन्नतया देयं = दातुं योग्यम् । यद्यप्यनेन कवचेन ममाङ्ग-रक्षा भवति तथापि तवाभीष्टं चेत् तर्हि ददामीति भावः । अत्र वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ २१ ॥

शक्र—अग्निष्टोम का फल लेकर क्या होगा ?

कर्ण--तो अपना शिर दूँगा ।

शक्र—ईश्वर रक्षा करे, रक्षा करे ।

कर्ण—न डरिए, न डरिए । आप प्रसन्न हों । और भी सुनिए ।

अंगों के साथ ही मेरे शरीर रक्षा के लिए हजारों अस्त्रों से देवता और दानवों से भी अभेद्य यह (कवच) है । यदि आपको ईप्सित हो तो मैं प्रसन्नतापूर्वक अपने कवच के साथ कुण्डल को भी आपको दे दूँ ॥ २१ ॥

शक्रः—(सहर्षम् ।) देदु, देदु । [ददातु, ददातु ।]

कर्णः—(आत्मगतम्) एष एवास्य कामः । किं नु खल्वनेककपटबुद्धेः कृष्णस्योपायः । सोऽपि भवतु । धिगयुक्तमनुशोचितम् । नास्ति संशयः । (प्रकाशम्) गृह्यताम् ।

शल्यः—अङ्गराज ! न दातव्यं न दातव्यम् ।

कर्णः—शल्यराज ! अलमलं वारयितुम् । पश्य

शिला क्षयं गच्छति कालपर्ययात्
सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति
हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥ २२ ॥

शल्यराजेन वारितोऽपि दानस्यैव माहात्म्यं प्रतिपादयति कर्णः—शिलेति । कालपर्ययात्—कालस्य पर्ययः तस्मात् = समयपरिवर्तनात् शिला = विद्यार्जनं क्षयं = नाशं गच्छति = याति प्राप्नोतीति भावः । सुबद्धमूलाः = शोभनं बद्धं मूलं येषां ते सुदृढवृक्षाः (मूलं वृक्षोऽङ्घ्रिनामकः—अमरः ।) निपतन्ति (नि + पत् + लट् प्रथमपुरुषबहुवचने) = विशीर्णाः भवन्ति । जलस्थानगतं—जलस्य स्थानं तस्मिन् गतं = जलाशयस्थं जलं = नीरं च शुष्यति = शुष्कतां याति । किन्तु यत् हुतम् = अग्नौ प्रक्षिप्तं यच्च दत्तं = सत्पात्रे प्रतिपादितं तत् तथैव = अविकृतमेव तिष्ठति अत इदं दानमेव प्रशस्तमिति भावः । वंशस्थवृत्तम् ॥ २२ ॥

शक्र—(प्रसन्नतापूर्वक) दीजिए, दीजिए ।

कर्ण—(मन में) यही इसका मतलब था ! अवश्य ही यह अनेक कपट-व्यवहार में रत बुद्धि वाले कृष्ण का ही उपाय है । वह भी हो । धिक्कार है, यह मैंने अनुचित विचार किया । कोई संशय नहीं । (प्रकाश में) लीजिए ।

शल्य—अङ्गराज ! न दीजिए, न दीजिए ।

कर्ण—शल्यराज ! बस, अब मत रोको । देखो,

समय बीतने पर उपार्जित विद्या भी नष्ट हो जाती है और मजबूत जड़वाले वृक्ष भी गिर पड़ते हैं, जल भी सरोवर में जाकर (गर्मी आने पर) सूख जाता है किन्तु जो हवनादि किया हुआ पदार्थ या दान में दिया हुआ है वह ज्यों का त्यों बना रहता है, अर्थात् पुण्य का नाश नहीं होता ॥ २२ ॥

तस्मात् गृह्यताम् (निष्कृत्य ददाति ।)

शक्रः—(गृहीत्वा, आत्मगतम् ।) हन्त गृहीते एते । पूर्वमेवा-(हम् ?) र्जुनविजयार्थं सर्वदेवैर्यत् समर्थितं तदिदानीं मयानुष्ठितम् । तस्मादहमप्यैरावतमारुह्यार्जुनकर्णयोर्द्वन्द्वयुद्धं पश्यामि । (निष्क्रान्तः ।)

शल्यः—भो अङ्गराज ! वञ्चितः खलु भवान् ।

कर्णः—केन ?

शल्यः—शक्रेण ।

कर्णः—न खलु । शक्रः खलु मया वञ्चितः । कुतः,

अनेकयज्ञाहुतितर्पितो द्विजैः
किरीटवान् दानवसङ्घमर्दनः ।
सुरद्विपास्फालनकर्कशाङ्गुलि-
र्मया कृतार्थः खलु पाकशासनः ॥ २३ ॥

अनेकेति । द्विजैः = ब्राह्मणक्षत्रियविड्भिः अनेकयज्ञाहुतितर्पितः—अनेके च ते यज्ञाः तेषु या आहुतयः ताभिः तर्पितः = असंख्यमखाहुत्याप्यायितः किरीटवान्—किरीटम् अस्ति अस्य = किरीटवान् = मुकुटवान् दानवसङ्घमर्दनः—दानवानां सङ्घास्तान् मर्दयतीति = दैत्यनिकरनाशकः सुरद्विपास्फालनकर्कशाङ्गुलिः—द्वाभ्यां मुखशुण्डाभ्यां पिबतीति द्विपः सुरस्य द्विपः ऐरावतस्तस्य आस्फालनानि संचालनानि

इसलिए लीजिये । (निकाल कर देता है ।)

शक्र—(लेकर अपने मन में) ओह ! यह ले लिया गया । पहले ही मैंने अर्जुन की विजय के लिए जो सब देवताओं से प्रतिज्ञा की थी वह आज मैंने कर लिया । अतएव अब मैं ऐरावत पर चढ़ कर कर्ण और अर्जुन के युद्ध को देखूंगा ।

(चला जाता है ।)

शल्य—हे अङ्गराज ! आप ठग लिए गए ।

कर्ण—किसके द्वारा ?

शल्य—इन्द्र से ।

कर्ण—नहीं, इन्द्र ही मुझसे ठगा गया क्योंकि—

ब्राह्मणों के अनेक यज्ञों के फल से तृप्त हुआ, दानवों के समूह का विनाशक, मुकुट को धारण करने वाला और ऐरावत को थपथपाने से कठोर अङ्गुलियों वाला इन्द्र (आज) अवश्य ही मेरे द्वारा उपकृत हुआ ॥ २३ ॥

(प्रविश्य ब्राह्मणरूपेण)

देवदूतः—भोः कर्ण ! कवचकुण्डलग्रहणाज्जनितपश्चात्तापेन पुरन्दरेणानुगृहीतोऽसि । पाण्डवेष्वेकपुरुषवधार्थममोघमस्त्रं विमला नाम शक्तिरियं प्रतिगृह्यताम् ।

कर्णः—धिग्, दत्तस्य न प्रतिगृह्णामि ।

देवदूतः—ननु ब्राह्मणवचनाद् गृह्यताम् ।

कर्णः—ब्राह्मणवचनमिति । न मयातिक्रान्तपूर्वम् । कदा लभेय ।

देवदूतः—यदा स्मरसि तदा लभस्व ।

कर्णः—बाढम् । अनुगृहीतोऽस्मि । प्रतिनिवर्ततां भवान् ।

देवदूतः—बाढम् । (निष्क्रान्तः)

कर्णः—शल्यराज ! यावद्रथमारोहावः ।

टी॰ कर्कशा अङ्गुलयो यस्य = ऐरावतबालककठिनकराग्रः (अङ्गुल्यः करशाखाः स्युः—अमरः ।) पाकशासनः—पाकनामानं दैत्यं शासति=इन्द्रः (इन्द्रो मरुत्वान् मघवा बिडौजाः पाकशासनः—अमरः ।) मया=कर्णेन कृतार्थः—कृतः अर्थः यस्य सः=कृतकृत्यः खलु । वंशस्थवृत्तम् ॥ २३ ॥

(ब्राह्मण रूप से प्रवेश करके)

देवदूत—हे कर्ण ! कवच और कुण्डल के लेने के पश्चाताप से युक्त इन्द्र के द्वारा तुम उपकृत किए गए हो । पाण्डवों में से एक पुरुष के वध करने का यह अचूक अस्त्र विमला नामक शक्ति ग्रहण करो ।

कर्ण—धिक्कार है । दान का बदला नहीं लेता ।

देवदूत—अवश्य ही ब्राह्मण वचन से ले लो ।

कर्ण—ब्राह्मण का वचन । मैंने पहले कभी नहीं टाला । कब प्राप्त करूँगा (शक्ति) ।

देवदूत—जब स्मरण करोगे तभी प्राप्त होगी ।

कर्ण—अच्छा उपकृत हुआ । आप लौट जाँय ।

देवदूत—बहुत अच्छा । (चला गया)

कर्ण—शल्यराज ! तब (तक) रथ पर चढ़ा जाय ।

शल्यः--बाढम् । (रथारोहणं नाटयतः ।)

कर्णः--अये शब्द इव श्रूयते । किं नु खल्विदम्

शङ्खध्वनिः प्रलयसागरघोषतुल्यः
कृष्णस्य वा न तु भवेत्स तु फाल्गुनस्य ।
नूनं युधिष्ठिरपराजयकोपितात्मा
पार्थः करिष्यति यथाबलमद्य युद्धम् ॥ २४ ॥

शल्यराज ! यत्रासावर्जुनस्तत्रैव चोद्यतां मम रथः ।

शल्यः--बाढम् !

आहवे शंखध्वनिं श्रुत्वा स कृष्णस्य फाल्गुनस्य वा शब्द इति निर्णीयते--शङ्खध्वनिरिति ।

प्रलयसागरघोषतुल्यः--प्रलयसागरः=प्रलयकालीनसमुद्रः तस्य घोषः=शब्दः तेन तुल्यः=सदृशः शङ्खध्वनिः-शङ्खस्य ध्वनिः=कम्बुरवः (शङ्खः स्यात् कम्बुरस्त्रियौ--अमरः ।) कृष्णस्य=यादवेन्द्रस्य वा=एव (व वा यथा तथैवैवम्--अमरः) न तु भवेत्=न स्यात् स तु=ध्वनिस्तु फाल्गुनस्य=अर्जुनस्यैव भवितुमर्हति । यतः युधिष्ठिरपराजयकोपितात्मा--युधिष्ठिरस्य पराजयः तेन कोपितः आत्मा यस्य सः धर्मराजपराजयक्रुद्धमानसः पार्थः=पृथायाः पुत्रः=अर्जुनः अद्य=वर्तमाने संग्रामे यथाबलं=बलमनतिक्रम्य (अव्ययीभावसमासः) यावच्छक्ति इति युद्धम्=आयोधनं करिष्यति=विधास्यति । उपमालंकारः । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ २४ ॥

शल्य--बहुत अच्छा । (रथ पर चढ़ने का नाट्य करते हैं ।)

कर्ण--अरे शब्द सा सुनाई पड़ता है । यह क्या है ?

यह प्रलयकालीन समुद्र के समान अत्यन्त गम्भीर ध्वनि करने वाला कृष्ण का शंख है अथवा अर्जुन का । युधिष्ठिर के पराजय से कुपित मन होकर अर्जुन आज मुझसे अवश्य ही यथाशक्ति युद्ध करेगा ॥ २४ ॥

शल्यराज ! वहीं मेरे रथ को प्रेरित करो जहाँ वह अर्जुन हो ।

शल्य--अच्छा ।

(भरतवाक्यम्)

सर्वत्र सम्पदः सन्तु नश्यन्तु विपदः सदा।
राजा राजगुणोपेतो भूमिमेकः प्रशास्तु नः ॥ २५ ॥

(निष्क्रान्तौ)

कर्णभारमवसितम्।

—:०:—

इदं नाटकावसानसमये भरतवाक्यं—सर्वत्रेति।

सर्वत्र=सर्वस्मिन् जगति सम्पदः—सम्पत्तयः सन्तु=भवन्तु सदा=सर्वदा विपदः=विपत्तयः नश्यन्तु=विनाशभावं प्राप्नुवन्तु। राजगुणोपेतः—राज्ञां गुणाः तैः उपेतः=नृपगुणयुक्तः एकः=केवलः राजा=भूपः राजसिंहः नः=अस्माकं भूमिं=वसुन्धराम् प्रशास्तु (प्र+शास्+लोट् प्रथमपुरुषैकवचने)=शासनं करोतु। अत्रानुष्टुब् वृत्तम् ॥ २५ ॥

—:०:०:—

(भरत वाक्य)

सब संसार भर में संपत्तियां हों, विपत्तियों का सर्वथा नाश हो और हम लोगों की पृथ्वी पर कोई योग्य राजा, राजाओं के गुणों से युक्त हो शासन करे ॥२५॥

(चले जाते हैं।)

कर्णभार सम्पूर्ण।

—::*:*::—

श्लोकानुक्रमणिका

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

५१

भासनाटकचक्रे

दूतघटोत्कचम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

पं० श्रीरामजीमिश्रः एम० ए०

(रिसर्चस्कालर, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९६८

प्राक्कथन

यों तो महाभारत सम्पूर्ण परवर्ती साहित्य का उपजीव्य रहा है फिर भी महाभारत के किसी एक सूत्र को लेकर सरस और हृदयावर्जक काव्य उपस्थित करना कवि की अपनी मौलिक प्रतिभा पर निर्भर रहा है। इस क्षेत्र में महाकवि भास को जैसी सफलता मिली इसके उदाहरण स्वयं वे ही हैं। प्रस्तुत एकांकी को कवि ने बड़ा ही ओजस्वी बनाया है।

दूतघटोत्कच के अन्य संस्करण होने पर भी विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक सरल संस्करण की अपेक्षा थी, इसके लिए मैंने एक सरल किन्तु महत्त्वपूर्ण भूमिका भी लिखी है।

दूतघटोत्कच के इस संस्करण का निर्माण प्रकाशक के सुझाव एवं परामर्शों से ही हुआ है। यदि पण्डित मंगलदत्त जी त्रिपाठी शब्द-शोधन एवं वाक्य-परिमार्जन का कार्य सहर्ष स्वीकार न करते तो मेरे लिए यह कार्य दुरूह था। अतएव उनकी कृपा का स्मरण करते ही विनत हो जाता हूँ। कुछ अपेक्षित पुस्तकों की सहायता करके डॉ० भोला शंकर व्यास जी ने मेरा उत्साह-वर्धन किया है, अस्तु।

अन्त में मैंने जिन महानुभावों के ग्रंथों का उपयोग किया है उन सभी के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन मेरा पुण्य कर्म है और आशा है भविष्य में भी उनकी कृपा मेरी कठिनाइयों को दूर करती रहेगी। इस जीवन-पथ में निर्भीक बढ़ने के लिए मेरे पास एकमात्र संबल गुरुजनों का आशीर्वाद है।

रामजी मिश्र

महाकवि भास

संस्कृत वाङ्मय का भण्डार भास ने लालित्यपूर्ण सफल नाटकों से सम्पन्न किया। मानवीय भावनाओं का जैसा सफल चित्रण हमें भास के नाटकों में मिलता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। महाकवि अश्वघोष और कालिदास से भास किसी भी क्षेत्र में न्यून नहीं दृष्टिगोचर होते। श्री सुशीलकुमार डे ने तो कहा है कि अश्वघोष के नाटकों को पढ़ने के बाद जब हम कालिदास के नाटकों को पढ़ते हैं तो उसमें काफी ऊँची भावभूमि पर आना पड़ता है, रचना-विधान की भी दृष्टि से पर्याप्त सौष्ठव मिलता है। सहसा इतनी अधिक प्रगति पाकर हमें आश्चर्य होता है, पर जब हम भास की कृतियों का आस्वादन कर लेते हैं तो विकासक्रम हमें बिल्कुल स्वाभाविक प्रतीत होता है। अतः महाकवि भास को अश्वघोष और कालिदास के बीच की कड़ी माना है।

भास को साहित्य-जगत् में पुनः प्रतिष्ठित करने का श्रेय महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को है। इन्होंने सन् १९१२ ई० में अनन्तशयन ग्रन्थ-माला (त्रिवेन्द्रम्) से भास के स्वप्नवासवदत्तम् आदि १२ नाटकों का बड़ा ही प्रामाणिक-प्रकाशन कराया। साहित्य-समीक्षकों और सहृदयों के मन में 'प्रियविषये जिज्ञासा' खूब बढ़ी और भास के विषय में सर्वांगीण गवेषणाओं का श्रीगणेश हुआ। ये सब नाटक अपनी रचना-पद्धति, भाषाशैली एवं रसवत्ता की दृष्टि से बेजोड़ हैं, इसे मानने में किसी को भी आपत्ति नहीं, पर सब नाटक एक ही कवि की कृति हैं या नहीं इस पर विद्वानों में बड़ा मतभेद है। इतने बड़े कवि के जन्मकाल की समस्या तो अनेक ऊहापोह के बाद भी अभी सुलझी नहीं।

प्राचीन महाकवियों की भाँति भास ने भी अपनी रचनाओं में अपनी चर्चा नहीं की है। जिस प्रकार कविकुलगुरु कालिदास के विषय में अनेक पाश्चात्य और पूर्वीय विद्वानों के परस्पर विरुद्ध मत हैं उसी प्रकार भास के विषय में भी पाये जाते हैं। उन सभी मत-मतान्तरों का मन्थन कर श्री पुशल्कर जी ने निम्नलिखित तालिका बनाई है[1]—

---

१. देखिए—पुशल्कर–Bhāsa : A Study पृष्ठ ६१ की टिप्पणी।

भिंडे, दीक्षितार, गणपति शास्त्री, हरप्रसाद शास्त्री, खुपेरकर, किरन और टटके	६ठी से ४थी शताब्दी ई० पू०
जागीरदार, कुलकर्णी, गेम्ब्रवनेकर, चौधुरी, ध्रुव एवं जायसवाल	३री शताब्दी ई० पू०
कोनो, लिण्डेन्यू, सरूप, मौली एवं वेलर	२री शताब्दी ई०
बनर्जी शास्त्री, भण्डारकर, जेकोबी, जौली एवं कीथ	३री शताब्दी ई०
लेस्नी और विण्टरनित्ज़	४थी शताब्दी ई०
शंकर	५वीं या ६ठी शताब्दी ई०
बार्नेट, देवधर, हीरानन्द शास्त्री निलरकर, पिसरोटी और सरस्वती	७वीं शताब्दी ई०
काने और कुन्हनराजा	९वीं शताब्दी ई०
रामावतार शर्मा	१०वीं शताब्दी ई०
रेड्डी शास्त्री	११वीं शताब्दी ई०

उपर्युक्त मतों को तीन भागों में बाँट कर उनकी प्रामाणिकता पर विचार करने में सुविधा होगी। इन्हें यों रखा जा सकता है—

प्रथम मत (चतुर्थ-पंचम शताब्दी ई० पू०)—महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री, दीक्षितार आदि के अनुसार महाकवि भास पाणिनि और कौटिल्य से भी अधिक प्राचीन ठहरते हैं। कौटिल्य ने युद्ध-क्षेत्र में शूरों के उत्साहवर्द्धन के लिए जिन श्लोकों का उद्धरण दिया है उनमें से एक श्लोक भासकृत 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' में उपलब्ध है।[1] भास के 'प्रतिमानाटक' में भी महापण्डित रावण ने स्वयं अपने को बृहस्पति-अर्थशास्त्र का ज्ञाता कहा है।[2] इससे भी यह सिद्ध होता है कि भास के समय में कौटिल्य के प्रसिद्ध अर्थशास्त्र का प्रणयन नहीं हुआ था।

---

१. नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं च गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्॥
(अर्थशास्त्र, १०।३ पृ० ३६७-३६८) तथा प्रतिज्ञा ४।२

२. 'भोः काश्यपगोत्रोऽस्मि। साङ्गोपाङ्गं वेदमधीये, मानवीयं धर्मशास्त्रं, माहेश्वरं योगशास्त्रं बार्हस्पत्यमर्थशास्त्रं, मेधातिथेर्न्यायशास्त्रं प्राचेतसं श्राद्धकल्पं च॥'
प्रतिमा, अंक ५

पाणिनीय व्याकरण के नियमों की व्यवस्था भास के ग्रन्थों में नहीं पाई जाती। इससे यह सिद्ध होता है कि भास पाणिनि से पूर्ववर्ती अवश्य थे।

विन्सेन्ट ए० स्मिथ के मतानुसार ई० पू० २२० से १९७ तक शूद्रक का शासन था जिसके 'मृच्छकटिक' पर 'दरिद्र चारुदत्त' का स्पष्ट प्रभाव माना जाता है।[१] अतः अपने 'दरिद्र चारुदत्त' की रचना भास ने संभवतः ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी में की होगी।

भास के ऐतिहासिक नाटकों में जिन तीन राजाओं की कथा का आश्रय लिया गया है उनमें १. कौशाम्बी के राजा उदयन, २. उज्जैन के राजा प्रद्योत और ३. मगध के राजा दर्शक के नाम उल्लेख्य हैं और इनका शासन-काल छठी शताब्दी ई० पू० के बाद नहीं माना जा सकता।[२] इसके भी पूर्व रामायण और महाभारत की रचना हुई होगी।

महाकवि ने जिस नागवन, वेणुवन, राजगृह और पाटलिपुत्र का उल्लेख किया है इन सबने बुद्ध के समय में ही प्रसिद्धि प्राप्त की होगी। अतः कवि का समय बुद्ध के बाद ही माना जा सकता है। इससे डा० गणपति शास्त्री की यह मान्यता खण्डित होती है कि भास बुद्ध-पूर्व स्थित थे। इनके नाटकों में जिस समाज का चित्रण है वह अनेक प्रमाणों से भास को एक निश्चित समय में स्थित सिद्ध करता है। श्री ए० डी० पुसालकर ने सामाजिक स्थिति के विस्तृत विवेचन के द्वारा भास का समय ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी निश्चित किया है,[३] जिसमें मुझे भी पर्याप्त तथ्य मिलता है।

द्वितीय मत—(ईसा की द्वितीय-तृतीय शताब्दी)—डा० कीथ के अनुसार भास की अन्तिम तिथि-सीमा ३५० ई० हो सकती है क्योंकि कालिदास ने इसके पश्चात् ४थी शताब्दी में इनके यश का वर्णन किया है अर्थात् ये तब तक प्रथित-यश हो चुके थे।[४] अश्वघोष ने इनकी कहीं चर्चा नहीं की है और न इनका कोई

---

१. देखिए—पुसलकर-'Bhāsa : A Study', अध्याय ६।

२. देखिए विन्सेन्ट स्मिथ कृत 'Early History of India' पृ० ३८, ३९, ५१।

३. देखिए ए० डी० पुसलकर कृत 'Bhāsa : A Study' पृ० ६७–६८।

४. "It is difficult to arrive at any precise determination of Bhāsa's date, that Kalidas knew his fame as firmly established is clear, and, if we may fairly safely date Kalidas about A. D. 400, this

प्रभाव ही उन पर दृष्टिगत होता है पर इनके 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' में 'बुद्धचरित' के एक श्लोक की स्पष्ट छाया मिलती है[1]। इसलिए यह सिद्ध होता है कि भास अधिक से अधिक द्वितीय शताब्दी (अश्वघोष) के बाद और कम से कम पाँचवीं शताब्दी (कालिदास) से पूर्व अवश्य रहे होंगे। अब भास कालिदास के अधिक निकट हैं या अश्वघोष के, यह एक प्रश्न है, जिसके उत्तर में डा० कीथ ने इन्हें कालिदास के अधिक निकट माना है।[2]

भास महाभारत या कृष्ण से सम्बद्ध कथावस्तुओं के निर्वाह में जैसे तल्लीन और सफल हुए हैं वैसे अन्यत्र नहीं, संभवतः क्षत्रप राजाओं के आश्रित होने से ही उन्होंने यह प्रभाव ग्रहण किया हो जो कि परम कृष्ण-भक्त थे। इन क्षत्रपों का राज्य-काल स्टेन कोनो के मतानुसार दूसरी शताब्दी ईस्वी ठहरती है और भास इसी समय वर्तमान माने जाते हैं।

तृतीय मत (सातवीं शताब्दी)—भास के नाटकों का समय सातवीं शताब्दी ईस्वी मानने वालों में डा० बार्नेट प्रमुख हैं। बार्नेट ने 'नाटक-चक्र' के कर्त्ता महाकवि भास नहीं हैं अपितु कोई केरलीय कवि है जो ईसा की सातवीं शताब्दी में वर्तमान था ऐसा सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त भास के भरतवाक्यों में जिस राजसिंह का उल्लेख है उसे वे केरल का कोई राजा मानते हैं पर स्टेन कोनो ने इसे क्षत्रप रुद्रसिंह प्रथम, ध्रुव ने शुंग पुष्यमित्र तथा दूसरों ने अन्य किसी राजा का विशेषण माना है। पुसालकर ने इसे विन्ध्य और हिमवत् तक फैले हुए उत्तरी भारत पर एकच्छत्र राज्य करने वाले प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्त को मानकर अपने मत की पुष्टि की है।[3]

सिद्धान्त मत—अन्ततोगत्वा भास के नाटकों का अन्तःपरीक्षण एवं बहिःपरीक्षण करके यह सिद्ध किया जा सकता है कि कवि मौर्यकाल के पूर्व

---

gives us a period of not later than A. D. 350 for Bhāsa."
(The Sanskrit drama, Page 93, 1954.)

१. दे० बुद्धचरित सर्ग १३ श्लोक ६० ।
२. देखिए "The Sanskrit drama'–A. B. Keith p p. 95,
३. देखिए पुसालकर—'Bhāsa : A Study' पृ० ६१ ।

वर्तमान था क्योंकि इन्होंने भी कहीं अपनी रचनाओं में अपना नामोल्लेख नहीं किया है। भरतवाक्यों को दृष्टि में रखते हुए भास की स्थिति उग्रसेन महापद्मनन्द (चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी) के समय में मानी जा सकती है।

जैसे कालिदास, शूद्रक और कौटिल्य का समय असंदिग्ध है वैसे ही भास को अश्वघोष के पहले रखा जाय या पश्चात् यह भी एक समस्या है। भास को सब प्रकार से मौर्यकाल के पूर्व सिद्ध किया जाता है तथा कौटिल्य (४र्थी शताब्दी ई० पू०) के पश्चात् इन्हें किसी प्रकार नहीं लाया जा सकता।[1]

कर्तृत्व—महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित 'नाटक-चक्र' के सम्पूर्ण नाटकों के कर्त्ता महाकवि भास ही हैं या कुछ अन्य कवि की भी कृतियाँ इसमें जोड़ी गई हैं[2] यह अब तक निश्चित नहीं हो सका है। अधिकांश विद्वान् अब डा० गणपति शास्त्री से सहमत हो गये हैं, जैसे डा० कीथ, डा० थामस, डा० सरूप, प्रो० परांजपे और प्रो० देवधर आदि। प्रो० जागीरदार ने स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् एवं पंचरात्र को भास की कृति मानकर शेष नाटकों को दो भागों में विभक्त करके भिन्न-भिन्न काल की रचनाएँ मानी हैं। डा० विंटरनित्ज़ और डा० सुक्थनकर ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्' को भास की कृति मानी है, शेष के बारे में कोई निश्चित मत नहीं व्यक्त किया है।

धर्म—प्रो० विंटरनित्ज़ ने इनके नाटकों को ब्राह्मण-धर्म का पोषक माना है, क्योंकि भास के नाटकों में ब्राह्मणों के प्रति बड़ी श्रद्धा दिखाई गई है।[3] इन्हीं प्रमाणों के आधार पर डा० व्यास ने अपना मत व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भास के समय तक ब्राह्मण-धर्म का पुनरुत्थान हो चुका था।[4]

इन नाटकों के कर्त्ता के प्रमाणस्वरूप हमें इनके अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्य पर विचार करना आवश्यक है।

---

१. देखिए पुशल्कर—'Bhāsa : A Study' पृ० ७९–८१।

२. इस विषय में बार्नेट का मत पृष्ठ ४ के 'तृतीय मत' में देखिये।

३. 'द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्' मध्य० १।९, 'ब्राह्मणवचनमिति न मयातिक्रान्तपूर्वम्' कर्णभारम् १।२२, बालचरित २।११ आदि।

४. डा० भोलाशंकर व्यास : 'संस्कृत कवि दर्शन' पृ० २३०।

अन्तःसाक्ष्य (रचना-विधान में साम्य)—

१. नांदीपाठ के स्थल पर मंगलपाठ का विधान तथा सूत्रधार के द्वारा नाटकों का प्रारम्भ ('नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः')।

२. 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' का सर्वत्र प्रयोग।

३. प्ररोचना का अभाव।

४. तेरह नाटकों में से पाँच नाटकों के प्रथम श्लोकों में मुद्रालंकार (देवता की स्तुति के साथ-साथ पात्रों का भी नामोल्लेख तथा कथानक की ओर भी हल्का संकेत) पाया जाता है।

५. भरतवाक्य में 'राजसिंह' का नामोल्लेख।[1] (केवल चारुदत्त और दूतघटोत्कच में भारतवाक्य का विधान नहीं है।)

६. सब नाटकों की भूमिका अल्प तथा प्रारम्भिक वाक्य एक से हैं।[2] (केवल 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्', 'चारुदत्त', 'अविमारक' और 'प्रतिमा' में कुछ भेद है।)

७. कंचुकी और प्रतिहारी (बादरायण और विजया) का नाम अनेक नाटकों में दुहराया गया है।

८. अनेक नाटकों में (नाटकीय व्यंग्य) 'पताकास्थान' का प्रयोग।

९. कई वाक्यों का समान रूप से अनेक नाटकों में प्रयोग।

१०. नाटकों की संस्कृत का विशुद्ध-पाणिनीय-व्याकरण-सम्मत न होना।

११. भरत-प्रतिपादित नाट्यशास्त्रीय विधि-निषेधों का उल्लंघन इनके प्रायः सभी नाटकों में पाया जाता है, जैसे (क) दशरथ की मृत्यु 'प्रतिमा' और बालि की 'अभिषेक' में तथा दुर्योधन की मृत्यु 'ऊरुभंग' में प्रदर्शित है। (ख) चाणूर, मुष्टिक और कंस का वध। (ग) कृष्ण और अरिष्ट के घोर युद्ध का दृश्य 'बालचरित' में। (घ) क्रीडा और शयन का विधान 'स्वप्न-वासवदत्तम्' में। (ङ) दूर से जोर से पुकारने का वर्णन 'पंचरात्र' और 'मध्यमव्यायोग' में।

१२. कथानकों का साम्य।

---

१. 'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥'

२. 'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किन्तु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।'

१३. युद्ध की सूचना इन्होंने भटों, ब्राह्मणों आदि से अधिकांश नाटकों में दिखाई है।

१४. किसी उच्च पदाधिकारी जैसे राजा, राजकुमार या मन्त्री के आगमन की सूचना 'उस्सरह-उस्सरह। अय्या! उस्सरह' आदि के द्वारा दी गई है। स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, प्रतिमा आदि में इसके पर्याप्त उदाहरण हैं।

१५. किसी विशिष्ट घटना की सूचना के लिए 'निवेद्यतां निवेद्यतां महाराजाय' इत्यादि का विधान पंचरात्र, कर्णभारम्, दूतघटोत्कच आदि में किया गया है।

१६. एक की मुख-मुद्रा को ही देखकर उसके आन्तरिक भावों का परिज्ञान इनके एकाधिक नाटकों—जैसे प्रतिमा, अविमारक, अभिषेक आदि—में कराया गया है।

भावों में साम्य—भावों की एकता तो प्रत्येक नाटक में पाई जाती है। कुछ विशेष भावसाम्य का नीचे उल्लेख किया जाता है:—

१. कवि ने वीर के स्वाभाविक शस्त्र उसके हाथों को ही सिद्ध किया है जिसके उदाहरण बालचरित, मध्यमव्यायोग, पञ्चरात्र, अविमारक आदि में पाए जाते हैं।

२. नारद की अवतारणा कलहप्रिय और स्वरसाधक के रूप में सर्वत्र की गई है।[1]

३. अर्जुन की वीरता का वर्णन दूतवाक्य (श्लो० ३२-३३), दूतघटोत्कच (श्लो० २२) और ऊरुभंग (श्लो० १४) में किया गया है।

४. राजाओं का शरीर से मरकर भी यशःशरीर से चिरकाल तक जीवित रहने का विचार 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' (पञ्चरात्र श्लो० १, २२) तथा 'हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते' (कर्ण० श्लो० १७) में वर्णित है।

५. लक्ष्मी केवल साहसी के पास रहती है और संतोष नहीं धारण करती। ऐसा वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

---

[1]. तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके। (अविमारक ४।२)
तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि। (बाल० १।४)

अन्त में कतिपय अन्य साम्यों को भी परिगणित करते हुए यह सिद्ध किया जाता है कि अन्तःसाक्ष्य के आधार पर तेरहों नाटक एक ही कवि की प्रतिभा से प्रसूत हैं—

१. पताकास्थानकों और नाटकीय व्यंग्यों में काफी समता।

२. समान नाटकीय स्थितियाँ।

३. समान नाटकीय दृश्य।

४. समान अप्रस्तुत विधान।

५. समान वाक्यविन्यास और कथोपकथन।[1]

६. समान छन्द एवं अलंकारविधान।

७. समान नाटकीय पात्रों के नाम।

८. समान सामाजिक व्यवस्था का चित्रण।[2]

बहिःसाक्ष्य—अनेक आचार्यों ने इनके नाटकों के उल्लेख और गद्यांशों या पद्यांशों के उद्धरण अपने ग्रन्थों में दिए हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि ये नाटक महाकविभासरचित ही हैं। यहाँ कतिपय आचार्यों एवं कवियों का साक्ष्य दिया जाता है—

१. आचार्य अभिनवगुप्तपाद (१०वीं शती) ने नाट्यशास्त्र पर टीका करते हुए क्रीडा के उदाहरण में स्वप्नवासवदत्तम् का उल्लेख किया है—

'क्वचित् क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

२. भोजदेव (११वीं शती) के 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'...आदि, का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

३. शारदातनय (१२वीं शती) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक की व्याख्या करते हुए पूरा स्वप्नवासवदत्तम् का कथानक उद्धृत किया है।

४. सर्वानन्द (१२वीं शती) ने 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में शृङ्गार के

---

१. देखिए डा० सुकथन्कर का (भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट के १९२३वें वार्षिक विवरण के परिशिष्टांक में प्रकाशित) 'Studies in Bhasa, iv' में 'Recurrence and parallelisms' की सूची।

२. देखिए—पुसल्कर 'Bhasa : A study' पृ० ५-२१।

नाटक में कृष्ण का आरम्भिक काल का रूप चित्रित है। डा० कीथ ने विष्णु-पुराण और भागवत पुराण से भी पूर्व बालचरित की रचना मानी है।

४. राम-कथा—प्रतिमा की कथावस्तु का मूल आधार वाल्मीकीय रामायण के द्वितीय-तृतीय स्कंध हैं जिनसे कवि ने कोरा कथानक लिया है। उसकी साज-सज्जा में कवि ने अपनी मौलिक प्रतिभा का विनियोग किया है। इनके चरित्र रामायण की अपेक्षा अधिक उदात्त और भावोद्बोधक हैं। अभिषेक नाटक के लिए कवि ने किष्किन्धा, सुन्दर और युद्ध काण्डों से सामग्री-संचयन किया है।

५. लोक-कथा (मौलिक कल्पना)—चारुदत्त के लिए किसी निश्चत स्रोत का पता नहीं चलता। एक वेश्या का निर्धन वणिक्प्रेम तो लोक-कथा के रूप में बहुत समय से प्रचलित था। वैसे कवि की मौलिक कल्पया भी हो सकती है। यों तो जातक की 'सुन्दरी-कथा' को संभावित स्रोत माना जाता है और इसकी बहुत कुछ संभावना भी है। डा० स्वरूप की निश्चित धारणा है कि अविमारक की कथा कवि-कल्पना-प्रसूत है। डा० ध्रुव इसे लोकगीतों पर आधृत मानते हैं।

भासनाटकचक्र के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

१. स्वप्नवासवदत्तम्—इस नाटक में ६ अङ्क हैं। इसमें स्वप्न को यथार्थ में परिणत करके कवि ने सफल प्रेम का मनोरम चित्रण किया है। मंत्री यौगन्धरायण अपने बुद्धि-वैभव के बल पर उदयन के अपहृत राज्य को पुनः प्राप्त कराता है। वह 'वासवदत्ता अग्नि में जल गई' ऐसा प्रवाद फैला कर पद्मावती से विवाह कराता है जिससे उदयन पुनः राज्य प्राप्त करते हैं।

२. प्रतिज्ञायौगन्धरायण—यह नाटक ४ अंकों का है। 'स्वप्नवासवदत्तम्' के पूर्व की कथा इसमें निबद्ध है। मंत्री यौगन्धरायण के प्रयत्न से वत्सराज उदयन और अवन्तिकुमारी वासवदत्ता के रहस्यमय (गुप्त) परिणय और मंत्री के कौशल तथा दृढ़ प्रतिज्ञा का रोमांचक वर्णन है।

३. ऊरुभंग—इस एकांकी में भीम के प्रतिज्ञा-निर्वाह की दृढ़ता का भयानक (रौद्र) एवं वीररसपूर्ण वर्णन है। भीम और दुर्योधन के गदायुद्ध

में दुर्योधन की कारुणिक मृत्यु का वर्णन है। संस्कृत नाट्य-परम्परा में एक मात्र यही दुःखान्त नाटक है।

४. दूतवाक्य—यह एक अङ्क का व्यायोग है। भास ने इसमें सर्वथा विरुद्ध प्रकृति के दो पात्रों को चुना है, एक जहाँ अपनी उदारता के कारण ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति का है वहाँ दूसरा ईर्ष्या की ज्वाला में जलता हुआ निम्नगामी मनोवृत्ति का प्रतीक। महाभारत-युद्ध के विनाशकारी परिणाम से सबकी रक्षा के लिए पाण्डवों की ओर से श्रीकृष्ण का सन्धि-प्रस्ताव लेकर जाना पर दुर्योधन की सभा से विफल हो कर लौटना इसमें वर्णित है। कृष्ण और दुर्योधन के कथोपकथन में नाटकीयता का चरम निदर्शन है।

५. पंचरात्र—तीन अङ्कों के इस समवकार में तथ्य (फैक्ट्स) और कथ्य (फिक्शन) का सम्यक् सम्मिलन हुआ है। विराट पर्व के कथासूत्र को लेकर कवि ने इस सुन्दर नाटक का कल्पनापूर्ण निर्माण किया है। द्रोणाचार्य को दक्षिणा-रूप में पाण्डवों को आधा राज्य देने का वचन और अज्ञातवास की स्थिति में पाँच रात्रि के भीतर ही पाण्डवों के मिलने पर दुर्योधन का आधा राज्य दे देना ही इसकी कथावस्तु है।

६. दूतघटोत्कच—अभिमन्यु-वध के पश्चात् अर्जुन के प्रतिज्ञा करने पर श्रीकृष्ण का घटोत्कच को धृतराष्ट्र के पास विनाश की सूचना देने के लिए भेजना और अन्त में भयंकर युद्ध। उद्धत वीर घटोत्कच और दुर्योधनादि का वार्तालाप बड़ा सफल बन पड़ा है।

७. कर्णभार—प्रस्तुत उत्सृष्टिकांक में कर्ण का ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र को अपना कवच-कुण्डल देना वर्णित है। इसमें कर्ण के उज्ज्वल चरित्र एवं दान-शीलता का प्रभावशाली निरूपण किया गया है।

८. मध्यमव्यायोग—इस व्यायोग में मध्यम पाण्डव (भीम) का मध्यम ब्राह्मण कुमार की रक्षा करना और हिडिम्बा से अन्त में मिलन वर्णित है। पुत्र का पिता को न पहचानते हुए धृष्टतापूर्वक माँ के सम्मुख ला उपस्थित करना बड़ा ही सरस और कौतूहलपूर्ण है।

९. प्रतिमा—सात अङ्कों के इस नाटक में राम-वनवास से रावण-वध तक की कथा वर्णित है। भरत का ननिहाल से अयोध्या आते हुए

प्रतिमा-मन्दिर में अपने पिता राजा दशरथ की 'प्रतिमा' दिवंगतपूर्वजों में देख उनकी मृत्यु का अनुमान लगा लेना वर्णित है।

१०. अभिषेक—कुल छः अंक हैं। रामायण के किष्किंधा, सुन्दर और युद्ध काण्डों की संक्षिप्त कथा पर इसका कथानक आधारित है और अन्त में रामराज्याभिषेक भी वर्णित है।

११. अविमारक—छः अंक हैं। राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरंगी का राजकुमार अविमारक से प्रणय एवं विवाह वर्णित है। अविमारक का संकेत कामसूत्रों में है अतः इसे लोककथानक कह सकते हैं।

१२. चारुदत्त—चार अंकों का एक 'प्रकरण' है। शूद्रक के प्रसिद्ध 'मृच्छकटिक' नाटक का इसे आधार माना जाता है। इस अधूरे नाटक में निर्धन पर सदाचारी ब्राह्मण चारुदत्त तथा गुणवती वेश्या वसन्तसेना का प्रणय वर्णित है। वृहत्कथा में वेश्या-ब्राह्मण के प्रेम पर आधारित कई कहानियाँ हैं, बाद में वे लोककथाओं के रूप में प्रचलित हो गईं, अतएव इस नाटक का भी आधार यही लोककथाएँ मानी जा सकती हैं।

१३. बालचरित्र—यह एक पौराणिक नाटक पाँच अंकों का है। इसका उपजीव्य हरिवंश पुराण माना जाता है। इसमें कृष्ण-जन्म से कंसवध तक की कथाएँ वर्णित हैं।

नाटकों की सामान्य विशेषताएँ—भास के पात्र चाहे स्त्री हों या पुरुष सामान्य भूमिका पर ही सर्वदा दृष्टिगत होते हैं। उन्हें हम कल्पनालोक के प्राणी नहीं कह सकते, जिनमें वायवीय तत्वों के कारण कुछ अलौकिकता या अस्वाभाविकता आ गई हो। यही कारण है कि श्रोता या पाठक इनके नाटकों को देखते-सुनते पात्रों के साथ पूरी सहानुभूति प्रकट करता है एवं अपनी भावनाओं की मानसिक क्रिया-प्रतिक्रियाओं को उनमें बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव से पाता है। देवगुणसम्पन्न पात्र जैसे राम, सीता, लक्ष्मण आदि में भी हम मानवीय भावों की ही झलक पाते हैं। उनके विचारों और क्रियाओं में कहीं भी असाधारणता नहीं आने पाई है।

जहाँ तक पात्रों के मनोवैज्ञानिक चरित्र-विकास का प्रश्न है हम भास

को बिल्कुल आधुनिक युग के नाटककारों के साथ पाते हैं। श्री मीरवर्य ने भास के इस गुण की बड़ी प्रशंसा की है।[1]

इन्होंने अपने नाटकों में जितने पात्रों का विनियोजन किया है सभी सार्थक हैं और सबका अपने अपने स्थान पर एक विशेष महत्त्व है। कवि ने व्यक्तिवैचित्र्य पर सर्वथा ध्यान दिया है और यही कारण है कि एक वर्ग के प्रतीक के रूप की अपेक्षा व्यक्तिगत विशेषताओं से युक्त पात्र हमारे सामने आते हैं।

महाभारत-कथा पर आधारित नाटकों के चरित्र-चित्रण में यद्यपि कवि को स्वतन्त्रता नहीं थी, फिर भी कर्ण और दुर्योधन के चरित्र हमारे हृदय में उदात्त भावनाओं को उत्पन्न करने में समर्थ हैं और इस प्रकार सहज ही वे सहानुभूति के पात्र बनते हैं।

लोककथाओं पर आश्रित नाटकों में कवि को कल्पना की रंगीनी का विनियोग करने की काफी छूट थी फिर भी उनमें अस्वाभाविकता नहीं है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि भास के पात्र कालिदास और बाण की भाँति न तो रोमांटिक और कल्पनाप्रवण हैं, न भवभूति की भाँति काव्यात्मक और भावुक और न तो भट्टनारायण की भाँति अति ओजस्वी, न श्रीहर्ष की भाँति अति काल्पनिक और न शूद्रक की भाँति हास्यप्रधान और अति यथार्थ ही हैं।

नाट्यकला—नाटककार भास ने अपने नाटकों की विषयवस्तु का चुनाव बड़ी बुद्धिमानी और कुशलता से किया है। इनकी भाषा में प्रसाद और माधुर्य के साथ यथा-अवसर ओजगुण की भी प्रधानता पाई जाती है। घटनाओं का विधान अत्यन्त स्वाभाविक होते हुए भी प्रभावोत्पादक और कौतूहलपूर्ण है। पात्रों के चरित्रचित्रण में व्यक्ति-वैचित्र्य के द्वारा सजीवता ला देना भास का प्रिय कौशल है। वाक्य सरल, चुटीले और भावोत्तेजक होने के कारण कथोपकथन के स्थलों पर विशेष नाटकीयता ला देते हैं। घटनाओं का निश्चित लक्ष्य की ओर उत्तरोत्तर बढ़कर प्रभावान्वित करना तथा अन्तर्द्वन्द्व और घात-प्रतिघातों में पड़े हुए पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उद्घाटन करना

---

१. '...in psychological subtlety Bhāsa is almost modern,'
J. A. S. B. 1917 p. 278

इनके नाटकों का मुख्य गुण है। इनके नाटक अपने युगधर्म और सांस्कृतिक तथा सामाजिक गति-विधियों के प्रतिनिधि माने जाते हैं।

इनके नाटकों को देखने से पता चलता है कि रामचरित्र से सम्बद्ध नाटकों में न तो वह रसवत्ता ही पाई जाती है और न चरित्रों का चित्रण ही उतना प्रभावपूर्ण हो सका है जितना कि एक रससिद्ध नाटककार के लिए अपेक्षित है। महाभारत या कृष्णचरित्र से सम्बन्ध रखने वाले कथानकों में नाटककार की भावनाएँ अधिक उदात्त हैं और रसानुकूल घटना-विधान का नियोजन किया गया है अतः ये नाटक मध्यम श्रेणी में आते हैं। तीसरी स्थिति उन नाटकों की है जो उदयन-कथा पर आधारित हैं। इन्हें हम कवि की सर्वोत्कृष्ट रचनाएँ मान सकते हैं तथा इनमें नाटककार या कवि पाठकों या दर्शकों को भावमग्न करने में अधिक सफल हुआ है। प्रणय जैसे व्यापक विषय को लेकर कवि ने बड़ी सफलता से मानव-मन की भावनाओं का रंगीन चित्रण किया है। महाकवि भास आदर्शवादी नाटककार के रूप में हमारे सामने आते हैं। उन्होंने सामाजिक और पारिवारिक आदर्शों का निर्वाह बड़ी मनोरमता से किया है। नाटकीय व्यंग्य से दर्शक या पाठक के कौतूहल का पूर्ण वर्द्धन हुआ है। 'प्रतिज्ञा' के द्वितीय अंक में वासवदत्ता के माता-पिता जब अपनी पुत्री के भावी पति के बारे में विचार करते हैं उसी समय कंचुकी का 'वत्सराज' कहना और बन्दी उदयन के आने का समाचार मिलना 'घटना-साहचर्य' का उज्ज्वल उदाहरण है। ऐसा ही 'अभिषेक' के पाँचवें अंक में सीता-रावण-संवाद के सिलसिले में द्रष्टव्य है।

भास के नाटक उस समय रचे गए जब कि नाटक-कला का पूर्ण विकास नहीं हो पाया था, इस कारण भी कुछ त्रुटियाँ इनके नाटकों में आ गई हैं। कहीं-कहीं 'निष्क्रम्य प्रविशति' आदि द्रुतगति वाले नाटकीय निर्देशों से अस्वाभाविक औपचारिकता सी आ गई है। कवि ने कथानक-सूत्रों के संघटन में कहीं-कहीं समय की अन्विति का ध्यान नहीं दिया है। कृष्ण के निर्जीव शस्त्रों को मानवरूप में रंगमंच पर उपस्थित करके सारी स्वाभाविकता नष्ट कर दी गई है। नाट्यशास्त्र के द्वारा वर्जित दृश्यों (युद्ध, मरणादि) को भी इन्होंने 'ऊरुभंग' आदि में समाजिक के सम्मुख उपस्थित किया है। इनके नाटकों

की अस्वाभाविकता का कारण अपरिचित पात्रों का रंगमंच पर सहसा उपस्थित होना भी है।[1] इसी प्रकार की त्रुटि 'स्वप्नवासवदत्तम्' में 'वासवदत्ता जली नहीं है' ऐसा कहकर बाद की घटनाओं को नीरस और सामान्य बना देने में है। सामाजिकों की सारी उत्कंठा और भविष्य के परिणाम की अनिश्चितता इस भावना के बद्धमूल होने पर समाप्तप्राय हो जाती है।

कतिपय त्रुटियों के होते हुए भी भास की कला महान् है। उसमें प्रौढत्व न होने पर भी भाव-गांभीर्य और रमणीयता है। वीर रस के तो ये सफल नाटककार हैं ही पर मानव के मन का कोमल से कोमलतम पक्ष भी इनकी लेखनी के लिए अछूता नहीं। इन्होंने प्रणय, करुणा एवं विस्मय का बड़ा सुन्दर निर्वाह अपनी कृतियों में किया है।

भास की शैली—शैली की सारी विशेषताओं से विशिष्ट भास कवि की अभिव्यंजना बड़ी ही प्रभावोत्पादक है। प्रसाद और ओज के साथ-साथ माधुर्य की संयोजना सहृदयों को मुग्ध कर देती है। पूरे के पूरे नाटक पढ़ जाइए, कहीं भी दूरारूढ़ कल्पना, समासबहुलता या प्रवाह में अवरोध नहीं मिलेगा। इसे कुछ विद्वानों ने रामायण का प्रभाव माना है। इनकी शैली अलंकारों पर नहीं, भावनाओं के निखार पर गर्व करती है जिससे कृत्रिमता की जगह स्वाभाविकता आ गई है। सरलता से समझ में आने वाले उन अलंकारों का प्रयोग भास ने किया है जिनसे वस्तु-चित्र और भी स्पष्ट हो गए हैं। भावबोधन में जैसी सफलता इन्हें मिली, इनके पूर्ववर्ती किसी भी कवि को नहीं। इसका एकमात्र कारण इनकी सरल शैली और अद्भुत मनोवैज्ञानिक दृष्टि ही है। इनके काव्य को हम मानव-मन के अन्तस् की विभिन्न स्थितियों में होने वाली प्रतिक्रियाओं का संकलित-चित्र (एलबम) आसानी से कह सकते हैं। पिता की मृत्यु का कारण जान कर भरत के हार्दिक उद्गारों की मार्मिक अभिव्यञ्जना कवि ने एक ही लघु श्लोक में कर दी है—'तुम्हारी पुत्र के प्रति कितनी अगाढ़ ममता थी और हमारा भाई के प्रति यह ऐसा

---

१. विशेष के लिये देखिए—पुशलकर : Bhāsa : A study, P. 1024

प्रेम है ?" बात सीधी पर बड़ी मर्मस्पर्शिणी है। वे प्रकृति को मानवीय भावों के प्रतिबिम्ब रूप में उपस्थित करते हैं। पाठक या दर्शक इन वर्णनों को सुनते ही भावमयता की उच्च भूमिका में पहुँच जाता है और साधारणीकरण की स्थिति आ जाती है।[२]

भास के नाटकों में तुलसी के समान पारिवारिक एवं सामाजिक सम्बन्धों एवं आचारों का आदर्श उपस्थित किया गया है।[३]

भास ने लोकोक्तियों के द्वारा गागर में सागर भर दिया है।[४] भास के संश्लिष्ट चित्र नाटकों के कथानक में विशेष प्रभाव उत्पन्न कर देते हैं।[५]

---

१. अद्य खल्ववगच्छामि पित्रा मे दुष्करं कृतम् ।
   कीदृशस्तनयस्नेहो भ्रातृस्नेहोऽयमीदृशः ॥ प्रतिमा ४।१२

२. देखिए—अविमारक ४।४, प्रतिमा २।७, तथा स्वप्नवासवदत्तम् ४।६

३. देखिए—सूर्य इव गतो रामः सूर्यं दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः ।
   सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ॥ प्रतिमा २।७

   तथा

   गोपहीना यथा गावो विलयं यान्त्यपालिताः ।
   एवं नृपतिहीना हि विलयं यान्ति वै प्रजाः ॥ प्रतिमा ३।२४

४. 'आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते ।' १९ । मध्यमव्यायोग ।
   'दृष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेद्वने ।' ४४ । मध्यमव्यायोग ।

५. स्वप्न० १।१६ तथा प्रतिमा १।३ और १।१८

दूतघटोत्कच-समालोचना

मूल स्रोत—महाभारत के विप्लवकारी संग्राम में कौरवों ने एक शाखा और निकाली जिसके परिणामस्वरूप अर्जुन को कुरुक्षेत्र छोड़कर दक्षिण प्रदेश में संसप्तक राजाओं से लड़ने के लिए जाना पड़ा। पाण्डव निःसहाय से हो गये क्योंकि श्रीकृष्ण भी अर्जुन के ही साथ चले गये थे। कौरवों ने इसी समय अच्छा अवसर पाकर व्यूह की रचना की। द्रोणाचार्य ने बड़े कौशल से पद्म व्यूह बनाया और पुनः उसके भेदन में पाण्डवों को असमर्थ जान उन्हें ललकारा।

धर्मराज युधिष्ठिर ने अभिमन्यु को इस विकट व्यूह के भेदन के लिए भेजा और स्वयं चारों पाण्डव उसके पीछे जाने को तैयार हुए। अभिमन्यु ने अर्जुन के समान पराक्रम प्रदर्शित करके कौरवों के छक्के छुड़ा दिए। उस व्यूह में बड़े-बड़े योद्धा—दुर्योधन, दुश्शासन, द्रोणाचार्य और कर्ण आदि थे पर उस बालक की निपुणता ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कौरवों ने सोचा कि ऐसी अवस्था में यदि पाण्डव भी आ जायँगे तो कौरवों की हार सुनिश्चित होगी अतः वरप्राप्त जयद्रथ को लोगों ने पाण्डवों को रोकने के लिए कहा। उसने अपने वरदान के प्रभाव से वैसा ही किया। इसी बीच अभिमन्यु को धनुष और रथ से हीन करके अनेक योद्धाओं ने उसे घेर लिया। इस अवस्था में भी उसने कई योद्धाओं का वध किया। सब कौरवों ने एक साथ उस पर वज्रपात सा प्रहार किया और अन्त में दुश्शासन के पुत्र जयद्रथ ने उसे मार डाला।

यह एक अत्यन्त हृदयद्रावक दृश्य था। युधिष्ठिर और उनके पक्ष के लोग इस समाचार को सुनकर बड़े दुखित हुए। सायंकाल जब श्रीकृष्ण के साथ अर्जुन संसप्तक योद्धाओं को जीत कर लौटे तो किसी भी पाण्डव में उनसे इस दुःखद समाचार को कहने का साहस न हुआ। अन्त में युधिष्ठिर ने ही

बताया कि किस प्रकार पाण्डव रोक लिए गए और किस प्रकार एकाकी अभिमन्यु का वध उन लोगों ने निर्दयता से कर डाला। अर्जुन को इसे सुन बड़ा क्रोध आया और उन्होंने उसी समय प्रतिज्ञा की कि जिसने अभिमन्यु का वध किया है उसे वे सूर्यास्त के पूर्व ही अवश्य मार डालेंगे। महाभारत के 'अभिमन्यु-वध पर्व' में अभिमन्यु की यह कथा सविस्तर वर्णित है। अर्जुन की प्रतिज्ञा का भी उल्लेख महाभारत के द्रोण पर्व में वर्णित है।

कथावस्तु

नान्दीपाठ के पश्चात् सूत्रधार आता है और नायक निर्विघ्न समाप्त हो इसके लिए वह विष्णु की प्रार्थना करता है, तदुपरान्त वह नाटक की सूचना देने को तत्पर होता है। इसी बीच उसे कुछ शब्द सुनाई पड़ते हैं जिससे वह समझ जाता है कि संसप्तक सेना के द्वारा अर्जुन के रोक लिए जाने पर भीष्म के वध से क्षुब्ध कौरवों ने अवसर प्राप्त करके अभिमन्यु का वध कर डाला है।

अर्जुन की प्रतिहिंसा से डरे हुए राजागण अपने-अपने शिविर में प्रवेश करते हैं। इधर इसी दुर्घटना की सूचना देने के लिए आया हुआ भट कहता है कि जिस अभिमन्यु ने बड़ी वीरता से शत्रुपक्ष की सेना को विक्षुब्ध कर अपने अतुलित पराक्रम को प्रदर्शित किया था उसको सैकड़ों राजाओं के बीच इन्द्र ने अपनी गोद में (स्वर्गलोक में) ले लिया।

गान्धारी इस समाचार को सुन कर भविष्य में होनेवाले अनर्थ की आशंका से भयभीत होकर धृतराष्ट्र से पूछती है—'महाराज! क्या आपको मालूम है कि इस बालक के वध से कुल-विग्रह अवश्यम्भावी है?' धृतराष्ट्र स्पष्ट शब्दों में उत्तर देते हैं कि 'जब पुत्र के शोक से संतप्त अर्जुन क्रुद्ध होकर धनुष ग्रहण करेगा और युद्ध के लिए सन्नद्ध होगा तो पूरे विश्व का विनाश हो जायगा।' जब धृतराष्ट्र को पता चलता है कि अभिमन्यु-वध का एक मात्र कारण जयद्रथ है तो उसे और भी क्षोभ होता है। अभिमन्यु की नृशंस हत्या का विवरण सुनकर धृतराष्ट्र की करुणा उमड़ पड़ती है।

यहाँ तक तो कथा का पूर्वार्द्ध समझना चाहिए, फिर धृतराष्ट्र के समीप दुर्योधन, दुश्शासन और शकुनि आदि आते हैं और कथा का उत्तरार्द्ध प्रारम्भ होता है।

दुर्योधनादि के प्रणाम करने पर धृतराष्ट्र कोई उत्तर नहीं देते जिससे कौरवों को बड़ी ग्लानि होती है। वे शंकाकुल होकर धृतराष्ट्र के मौन का कारण पूछते हैं और वे उन सब की निःशेष आयु की ओर संकेत करते हैं। जिसे दुर्योधन अपनी वीरता समझता है उसे ही धृतराष्ट्र उसकी कायरता सिद्ध करते हैं। दुर्योधन के मत से जो कुछ हुआ वह उचित हुआ पर धृतराष्ट्र के विचार से जो कुछ हुआ वह अनुचित ही हुआ। इसी के कारण उनके वंश की हानि हुई, कौरव कुल का अंकुर नष्ट कर डाला गया, यह महान् अनर्थ हुआ। दुर्योधन कहता है कि जिस पाण्डव ने वृद्ध भीष्म-पितामह को छल से मार डाला उसे ऐसी ही यातना देनी चाहिए। धृतराष्ट्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि पुत्र के वध से कुपित अर्जुन तुम लोगों का विनाश कर डालेगे। दुर्योधन पूछता है कि यह अर्जुन कौन है? धृतराष्ट्र उसके अतुलनीय पराक्रम की ओर संकेत करते हुए इन्द्र, अग्नि और गन्धर्व से इसी प्रश्न को पूछने को कहते हैं। दुर्योधन भी अपने पक्ष में अर्जुन के समान पराक्रम वाले कर्ण का उल्लेख करता है जो कि उसकी सेना का संचालक है। धृतराष्ट्र जिस समय अर्जुन के अमोघ शस्त्रों का वर्णन करते हैं उसी समय एकाएक भूकम्प होता है और पता चलता है कि अर्जुन की प्रतिज्ञा के कारण ही यह भूकम्प और उल्कापात हुआ है। दुर्योधन पूछता है कि यदि यह प्रतिज्ञा पूर्ण न हुई तो क्या होगा? और उत्तर में अर्जुन का दिवसावसान के साथ ही साथ अग्नि में प्रवेश सुनकर वह बड़ा ही प्रसन्न होता है तथा अर्जुन की प्रतिज्ञा-पूर्ति में व्याघात उपस्थित करने का पूरा प्रयत्न करता है।

इसी समय श्रीकृष्ण के सन्देश को लेकर दूत रूप में घटोत्कच उपस्थित होता है और वह अपना परिचय स्वयं ही देकर धृतराष्ट्र को अभिवादन करता है तथा अभिमन्यु के निधन से परितप्त कृष्ण का सन्देश कहता है।

दुर्योधन कहता है कि श्रीकृष्ण कोई राजा नहीं है और राजा से इतर सामान्य व्यक्ति का सन्देश सभा में अवज्ञा के कानों सुना जाता है। घटोत्कच श्रीकृष्ण का राजराजेश्वरत्व प्रतिपादित करता है पर बाद में जब कौरव उसे निशाचर मानकर उसकी भी अवहेलना करते हैं तो वह अपने को क्रूर कौरवों की अपेक्षा अधिक दयावान और मानवतापूर्ण सिद्ध करता है।

अन्त में दुर्योधन कहता है कि तुम व्यर्थ बकवाद मत करो। कृष्ण ने जो सन्देश दिया है इसका उत्तर हम सब युद्धक्षेत्र में तीखे बाणों के द्वारा ही देंगे। घटोत्कच अन्तिम श्लोक में पुनः एक बार उन्हें सत्पथ की ओर अग्रसर होने को कहता है। यही श्रीकृष्ण का अन्तिम सन्देश भरतवाक्य के स्थान पर बड़ी निपुणता से प्रयुक्त किया गया है।

शीर्षक—इस नाटक में घटोत्कच को एक दूत के रूप में उपस्थित किया गया है और वह श्रीकृष्ण के सन्देश (वाक्य) को कौरवों से कहता है। यह छोटा सा कथानक कवि-कल्पना पर आधारित है। इसके सभी पात्र प्रायः महाभारत के विख्यात योद्धा हैं।

मूल से अन्तर—प्रस्तुत नाटक में घटोत्कच का दौत्य कर्म कवि की मौलिक उद्भावना है।

नाटक-प्रकार—जैसा कि डा० गणपति शास्त्री ने माना है; यह नाटक न तो सुखान्त है और न दुःखान्त ही, अपितु मध्य में ही जैसे समाप्त हो जाता है। कुछ लोगों की कल्पना है कि कवि ने प्रस्तुत नाटक में कुछ और भी लिखा होगा जो कि खो गया है। इसकी पुष्टि वे भारतवाक्य की अनुपलब्धि से करते हैं। डा० कीथ के मतानुसार यह एक व्यायोग है क्योंकि कथानक का अधिक भाग युद्ध की तैयारी और तद्विषयक वार्ता से सम्बद्ध है।

यद्यपि व्यायोग के कुछ लक्षण नाटक में घटते हैं किन्तु यह नाटक उत्सृष्टिकाङ्क के अधिक निकट पड़ता है क्योंकि इसका प्रमुख रस वीर न होकर करुण है। इसमें स्त्री-रुदन और वैधव्य की भी चर्चा है। युद्ध में विजय और पराजय की बात भी होती है। दशरूपक में इसका लक्षण यों है—

> उत्सृष्टिकाङ्के प्रख्यातं वृत्तं बुद्ध्या प्रपञ्चयेत्।
> रसस्तु करुणः स्थायी नेतारः प्राकृता नराः॥
> भाणवत्सन्धिवृत्त्यङ्गैर्युक्तः स्त्रीपरिदेवितैः।
> वाचा युद्धं विधातव्यं तथा जयपराजयौ॥ ३।७०-७२

इस प्रकार अन्य विद्वानों ने भी इस नाटक को व्यायोग न मानकर उत्सृष्टिकाङ्क ही माना है।[1]

---

१. देखिए—पुशल्कर : भास : ए स्टडी, पृ० १९४।

रस—नाटक का प्रमुख रस करुण है जिसकी निष्पत्ति धृतराष्ट्र, गान्धारी और दुश्शला की उक्तियों से होती है। घटोत्कच के कथोपकथन में वीर-रस की झलक मिलती है पर दुःख एवं विषाद की घनी छाया बराबर बनी रहती है। सात्वती और आरभटी वृत्तियों का प्रयोग किया गया है।

सामान्य विशेषताएँ—भरतवाक्य के बिना ही यह नाटक एकाएक समाप्त होता है अतएव कुछ आलोचकों ने इसे आंशिक कृति (Patchwork) माना है। हमें ध्यान में रखना चाहिए कि महाभारत कथानक पर आश्रित मध्यम व्यायोग और ऊरुभंग नामक दो अन्य कृतियाँ भी भरतवाक्यविहीन हैं। जहाँ तक नाटकके उद्देश्य की बात है यह पूर्ण सफल है। महाभारत के कथानक से सम्बद्ध जितने नाटक हैं प्रायः सब में श्रीकृष्ण की ही महत्ता प्रतिपादित है।

कार्यव्यापार की एकात्मकता की दृष्टि से प्रस्तुत नाटक को हम दो भागों में विभक्त कर सकते हैं, एक तो धृतराष्ट्र का दरबार जिसमें कि वे अपने पुत्रों के दुष्कर्म के लिए पश्चात्ताप करते हैं और उन्हें अर्जुन की प्रतिहिंसा-ज्वाला की भयानकता की चेतावनी देते हैं। दूसरा भाग वह है, जिसमें कि श्रीकृष्ण के सन्देश को लेकर घटोत्कच कौरवों की सभा में उपस्थित होता है।

नाटक के प्रथम अङ्क में हमें बड़े कारुणिक व्यंग्य का उदाहरण मिलता है, जैसे अभिमन्यु के वध करने वाले को न जानते हुए भी दुश्शला ने भयानक सत्य का अमांगलिक उद्घाटन अपने ही निम्न शब्दों से किया—

'जेण दाणि बहूए उत्तराए वेधव्वं दाइदं तेण अत्तणो जुवदिजणस्स वेधव्व-मादिट्ठं।'

इसके उपरान्त ही जयद्रथ आता है और सूचित करता है कि अभिमन्यु के वध का मूल कारण स्वयं वही (दुश्शला पति) है। इसे सुनकर वृद्ध धृतराष्ट्र आश्चर्यचकित होकर कहते हैं 'हन्त ! जयद्रथो निहतः।' अब दुश्शला के ही वचन उनके मानस में बारम्बार प्रतिध्वनित होने लगते हैं और उधर दुश्शला असह्य वेदना से रो पड़ती है।

इसी प्रकार धृतराष्ट्र के विषाद और दुर्योधन के हर्ष का बड़ा ही विरोधी चित्रण किया गया है। संपूर्ण नाटक में तीन बार क्रोध की उग्रता का अवसर आया है और तीनों बार इसके विपरीत घटनाओं का सृजन किया गया है।

पिता (धृतराष्ट्र) और पुत्र (दुर्योधन) में पुरुष वार्तालाप होता है जिससे परिस्थिति गंभीर हो जाती है। निपुण जुआड़ी शकुनि की भर्त्सना भी धृतराष्ट्र कठोर शब्दों में करते हैं पर इसके पहले कि वह उसका कुछ उत्तर दे नेपथ्य में भारी ध्वनि होती है और सबका ध्यान उसी ओर आकृष्ट हो जाता है। फलस्वरूप शकुनि को प्रत्युत्तर देने का अवसर ही नहीं मिलता। घटोत्कच के एकाएक प्रवेश करने से दुर्योधन को भो धृतराष्ट्र की कटूक्तियों का उत्तर देने का समय ही नहीं मिलता। भट के अनुमान के अनुसार तो आगे की घटना बड़ी ही भयंकर होती। वह स्पष्ट कहता है कि किसी अन्य ने यदि ऐसे वचन दुर्योधन को कहे होते तो उसे प्राणदण्ड अवश्य ही दिया जाता। अन्तिम वार जब क्रोध की चरम सीमा उपस्थित की गई है और घटोत्कच दूत-कर्तव्य को त्याग कर दुर्योधनादि की निन्दा करने लगता है तब वहाँ आसन्न युद्ध का निवारण वृद्ध धृतराष्ट्र ने ही किया, वरना सम्भव था कि इस कुल का दूसरा भी प्रांकुर धृतराष्ट्र के देखते ही देखते नष्ट कर दिया जाता।

डा० पुशलकर ने इन्हीं कला की उत्कृष्ट भंगिमाओं के आधार पर प्रश्न किया है कि क्या केरल के चाक्यारादि नाटक करने वालों में नाट्यकला एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टि का ऐसा परिष्कृत रूप प्राप्य है ?[1] डा० विंटरनित्ज कहते हैं कि श्रीकृष्ण का सन्देश जो वह (घटोत्कच) अन्तिम पंक्तियों में देता है (जिसका प्रयोग भरतवाक्य के स्थान पर है) वह बिल्कुल विषय के बाहर है।[2] किन्तु यह आक्षेप युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि घटोत्कच श्रीकृष्ण के तीन सन्देशों को लेकर आया है—पहला तो धृतराष्ट्र के प्रति, दूसरा दुर्योधन के प्रति और तीसरा सब कौरवों के प्रति। अन्त में डा० पुशलकर के कथनानुसार यह अन्तिम श्लोक किसी केरलीय चाक्यार की रचना हो सकती है जिसने अन्त में स्वरचित श्लोक लिख दिया हो।

---

१. "Is any Kerala plagiarist capable of such dramatic-sense and psychological outlook?" Bhāsa : A study. page 195.

२. "The message of Krishna which he (i e Ghatotkach) brings in the final verse (taking the place of Bharata vākya) is quite out of place." Quoted from Bhāsa : A Study. 195.

संक्षिप्तकथासारः

नान्दीपाठानन्तरं सूत्रधार आगच्छति। स किञ्चिच्छब्दमिवाकर्णयति येन अभिमन्युवधस्यानुमानङ्करोति। अर्जुनप्रतिहिंसया भीताः सन्तो राजसमूहाः स्वस्वशिविरं प्रविशन्ति। एवमभिमन्युसम्बन्धिन्या वीरतायाः प्रशंसाङ्करोति। स (भटः) अभिमन्युवधप्रवृत्तिं धृतराष्ट्रं श्रावयति, यामाकर्ण्य गान्धारी शङ्किता आस्ते, एवं भविष्यत्कुलविग्रहस्य विषये धृतराष्ट्रं प्रति प्रश्नङ्करोति। धृतराष्ट्रः पुत्रशोकेन सन्तप्तायार्जुनाय किमपि दुष्करं न आलपति।

विजयवाचिकं गृहीत्वा दुर्योधनादयः धृतराष्ट्रसमीपे उपतिष्ठन्ति। ते सर्वे आनुपूर्व्येण धृतराष्ट्रं प्रणमन्ति, किन्तु स तेभ्य आशीर्वादं न ददाति। अतस्ते सर्वे आशङ्किताः सन्तो वाग्यमनस्य कारणं पृच्छन्ति। धृतराष्ट्रः सर्वेषामायुःशेषं प्रति सङ्केतयति। यद्वधकर्म दुर्योधनो वीरत्वेत्यवगच्छति तदेव कर्म तस्य (दुर्योधनस्य) कायरतेति साधयति। धृतराष्ट्रस्य चेतसि कौरवान्वयस्योत्तरकालः अन्धकाराच्छन्न इव प्रतिभाति।

अभिमन्युः केवलपाण्डवान्वयस्याङ्कुरो नासीदपि तु कौरवकुलस्यापि आसीत्। योऽभिमन्युः कुलाङ्कुरः कौरवस्त्रोटितः। दुर्योधनः स्वपक्षदार्ढ्यार्थं कथयति–यत् मे पितामहस्य वृद्धस्य पाण्डवैः छलेन हत्या कृता। धृतराष्ट्रेणोक्तं यत् मृत्युस्तु तस्य वशमासीत् अतस्तेन स्वात्मना एव मृत्योर्वरणं कृतं किंतु पुत्रशोकेन सन्तप्तोऽर्जुनः अवश्यमेव प्रजानां विनाशं विधास्यति। दुर्योधनस्तु भूयः सभ्यवतयाऽर्जुनमवगन्तुं पृच्छति यत्कोऽयमर्जुनः? धृतराष्ट्रस्तु तस्य प्रशंसामवगन्तुमसमर्थेन्द्रियवद्भिः ग्रस्तं कथयति।

अस्मिन्नेव समये उल्कापातः भूकम्पश्च भवति। सर्वेषां चित्तवृत्तयस्तत्रैव समाकृष्टा भवन्ति, तदनु आकाशवाणी आयाति यदिदं सर्वम् अर्जुनस्य महाप्रतिज्ञायाः प्रभाव आसीत्। यदा दुर्योधन एवमाकर्णयति यत् प्रतिज्ञापूर्त्यभावे अर्जुनः स्वयमेव भस्मीभविष्यति तदा स तादृशमेव प्रयत्नं विधातुं सङ्कल्पयति।

अस्मिन् समये श्रीकृष्णस्य सन्देशं नीत्वा दूतरूपमुररीकृत्य घटोत्कचः समागच्छति। श्रीकृष्णसन्देशं श्रोतुं दुर्योधनः निषेधति। एवं बुध्वा घटोत्कचः क्रुद्धयति किन्तु धृतराष्ट्राश्वासनेन सुस्थिरो भवति। अन्ततोगत्वा घटोत्कचेन पृष्टः दुर्योधनः समुत्तरयति–'यत् त्वया वक्तव्यं कृष्णम्प्रति तस्योत्तरं युद्धभूमौ दास्ये।' घटोत्कचस्तु प्रनिषिद्धमपि कृष्णस्य चरमं सन्देशं श्रावयति। एवं नाटकसमाप्तिः सञ्जायते।

पात्रपरिचयः

पुरुषाः—

१. धृतराष्ट्रः—दुर्योधनस्य पिता।
२. भटः—जयत्रातो वार्ताहरः।
३. दुर्योधनः—कुरुराजः।
४. दुःशासनः—कुरुराजस्य यवीयान् भ्राता
५. शकुनिः—कुरुराजस्य मातुलः।
६. घटोत्कचः—दौत्येनागतो भीमपुत्रो राक्षसः।

स्त्रियः—

१. गान्धारी—दुर्योधनस्य माता।
२. दुःशला—दुर्योधनस्य स्वसा : जयद्रथपत्नी।
३. प्रतिहारी—द्वारपालिका।

॥ श्रीः ॥

भासनाटकचक्रे

दूतघटोत्कचम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

सूत्रधारः—

नारायणस्त्रिभुवनैकपरायणो वः
पायादुपायशतयुक्तिकरः सुराणाम् ।
लोकत्रयाविरतनाटकतन्त्रवस्तु-
प्रस्तावनाप्रतिसमापनसूत्रधारः ॥ १ ॥

दूतघटोत्कचाभिधेयेऽस्मिन् भासकृते नाटके त्रिविधमङ्गलेषु आशीर्वादात्मकं मङ्गलं सूत्रधारमुखेन प्रदर्शयति—नारायणस्त्रिभुवन इति ।

त्रिभुवनैकपरायणः—त्रयाणां भुवनानां समाहारः तस्मिन् एकः=प्रधानः परायणः=तत्परः सुराणां देवानां (विजयार्थम्) उपायशतयुक्तिकरः—उपायानाम्= उद्योगानां शतानि=शतसङ्ख्यकानि तेषां या युक्तिः=योजना तां करोति= विदधाति=विविधविजयेऽनेकोद्योगकर्ता लोकत्रयाविरतनाटकतन्त्रवस्तुप्रस्तावना- प्रतिसमापनसूत्रधारः—लोकत्रयस्य=भुवनत्रयस्य (लोकस्तु भुवने जने ।

(नान्दीपाठ के बाद सूत्रधार आता है ।)

सूत्रधार—तीनों लोकों में जो एकमात्र प्रधान पुरुष, देवताओं के विजय के लिये सैकड़ों उपाय करने वाला है तथा तीनों लोकों में अनवरत अभिनीत होने वाले नाटक के कथावस्तु, प्रस्तावना एवं समाप्ति का नियमन करने वाला सूत्रधार है वह विष्णु आप लोगों की रक्षा करे ॥ १ ॥

(परिक्रम्य) एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि। अये. किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।

(नेपथ्ये।)

भो भो निवेद्यतां निवेद्यतां तावत्।

सूत्रधारः—भवतु। विज्ञातम्। एष खलु संशप्तकानीकनिवाहिते जनार्दनसहाये धनञ्जये तदनन्तरमुपगतभीष्मवधामर्षितैर्धार्तराष्ट्रैः परिवार्य निपातितः कुमारोऽभिमन्युः। तथाहि—

अमरः) यत् अविरतं नाटकं=निरन्तराभिनयस्तस्य तन्त्रं=कला तस्मिन् यद्वस्तु=कथावस्तु तस्य या प्रस्तावना=स्थापना तस्य यत् प्रतिसमापनं= परिसमाप्तिः यस्य सूत्रधारः=निर्देशकः एवंविशेषणविशिष्टः नारायणः— नर एव नाराः=जलानि अयनं=स्थानं यस्य सः (आपो नारा इति प्रोक्ता इति वचनात्) क्षीरसमुद्रवासो विष्णुः वः=युष्मान् अध्येतृश्रोतृदर्शकान् पायात्=रक्षतात् सर्वतोविघ्नराहित्येन रक्षां क्रियात्। वसन्ततिलका वृत्तम्। यथा—ज्ञेया वसन्ततिलका तभजा जगौ गः' ॥ १ ॥

संशप्तकानीकनिवाहिते—संशप्तकाः=तन्नामका राजानः ये शपथपूर्वं युद्धयन्ते ते राजानः। ते च प्रकृते त्रिगर्तराजपुत्राः सुशर्मादयः नव कोटयस्तदनुयायिनः। तेषामनीकैः निवाहिते आहूते निर्बाधिते वा जनार्दनसहाये धनञ्जये=कृष्ण- द्वितीये अर्जुने संशप्तकवधार्थं गते सति तदनन्तरम्=अतः परम् उपगतभीष्मवधा- मर्षितैर्धार्तराष्ट्रैः—उपगतः=प्राप्तः भीष्मस्य=पितामहस्य वधः=उपरतिः तेन

(घूमकर) आप महानुभावों को सूचित करता हूँ। अरे, सूचना देने में व्यग्र मुझ को यह शब्द कैसा सुनाई पड़ रहा है। अच्छा, देखता हूँ।

(नेपथ्य में)

हे हे, निवेदन करो निवेदन करो।

सूत्रधार—हो, समझ गया। यह धनञ्जय और श्रीकृष्ण के सुशर्मादि संशप्त- कानीक से लड़ने के लिए बुलाए जाने पर भीष्मपितामह के वध के कारण क्षुभित धृतराष्ट्र के पुत्रों के द्वारा अभिमन्यु चारों तरफ से घेर कर मार डाला गया। इस प्रकार,

यान्त्यर्जुनप्रत्यभियानभीता
यतोऽर्जुनस्तां दिशमीक्षमाणाः ।
नराधिपाः स्वानि निवेशनानि
सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

स्थापना ।

(ततः प्रविशति भटः ।)

भटः—भो भो ! निवेद्यतां तावत्पुत्रशतश्लाघ्यबान्धवाय विज्ञान-विस्तारितविनयाचारदीर्घचक्षुषे महाराजाय धृतराष्ट्राय । एष खलु

अमर्षिताः = कुपिताः तैः धार्तराष्ट्रैः दुर्योधनादिभिः ।

अर्जुनप्रत्यभियानभीताः—अर्जुनस्य = फाल्गुनस्य प्रत्यभियानेन = आक्रमणेन भीताः = भयं गताः यतः = यस्मात् अर्जुनः = धनञ्जयः गतः = यातः तां दिशं = आशाम् ईक्षमाणाः—ईक्षन्ते इति । अवलोकयन्तः सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः = सुभद्रायाः अपत्यं तस्य बाणाः = विशिखाः तैः = अङ्किताः = चिह्निताः तेन नष्टा = विनष्टा संज्ञा = चेतना येषां ते नराधिपाः—अधिकं पान्तीति अधिपाः नराणाम् अधिपाः = भूपतयः स्वानि = स्वकीयानि निवेशनानि—निविशन्ते एषु निवेशनानि तानि—शिबिराणि यान्ति गच्छन्ति । उपजाति-वृत्तम् । यथा-स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौगः । उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ । इत्यनयोरुपजातिः ॥ २ ॥

सुभद्रा के पुत्र (अभिमन्यु) के तीखे बाणों से क्षत-विक्षत होकर हतचेतन राजागण अर्जुन के पुनः आक्रमण के भय से जिस दिशा में अर्जुन गए थे उसी दिशा की ओर देखते हुए, अपने शिविरों में लौट रहे हैं ॥ २ ॥

(सब चले जाते हैं ।)

स्थापना

(तब भट प्रवेश करता है ।)

भट—हे, हे ! सैकड़ों पुत्रों और सुयोग्य बान्धवों से सम्पन्न दूरदर्शी ज्ञान एवं विद्या से विनम्र व्यवहार वाले महाराज धृतराष्ट्र से निवेदन करो । यह यहीं

योधस्यन्दनवाजिवारणवधैर्विक्षोभ्य राज्ञां बलं
बालेनार्जुनकर्म येन समरे लीलायता दर्शितम्।
सौभद्रः स रणे नराधिपशतैर्वेगागतैः सर्वशः
खे शक्रस्य पितामहस्य सहसैवोत्सङ्गमारोपितः ॥३॥

(ततः प्रविशति धृतराष्ट्रो गान्धारी दुःशला प्रतिहारी च ।)

धृतराष्ट्रः—कथं नु भोः !

भटः उपरतं सौभद्रं धृतराष्ट्राय निवेदयन् तस्य कर्म प्रशंसति—योधस्यन्दनेति । योधानां = सैनिकानां स्यन्दनवाजिनां = रथाश्वानां वारणानां = करिणां वधाः = हननानि तैः, राज्ञां = नृपाणां बलं = सैन्यं विक्षोभ्य = विद्राव्य येन = बालेन अभिमन्युना लीलायता = क्रीडायता रणक्रीडां कुर्वता समरे = संग्रामे अर्जुनकर्म-अर्जुनस्य कर्म (षष्ठीतत्पुरुषसमासः) धनञ्जयपराक्रमो विपक्षविध्वंसनं दर्शितम् = प्रदर्शितम् । रणे = संग्रामे अतिपराक्रमी स सौभद्रः = अभिमन्युः नराधिपशतैः = असंख्यराजभिः वेगागतैः—वेगेन = त्वरया आगताः = सम्प्राप्ताः तैः सर्वशः = सर्वतः खे = आकाशे स्वर्गे पितामहस्य = अभिमन्योः पितुः पितुः शक्रस्य = इन्द्रस्य सहसैव = द्राक् उत्सङ्गं = क्रोडम् आरोपितः = स्थापितः । ऐहिकशरीरं त्यक्त्वा पारलौकिकीं तनुं धृत्वा स्वर्गं गतः । अत्र शार्दूलविक्रीडितवृत्तम् । लक्षणं यथा—

सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितमिति ॥ ३ ॥

युद्धक्षेत्र में राजाओं को हाथी, रथ, घोड़े आदि की सेना के वध से व्याकुल करके (अभिमन्यु) बालक ने कौतुक मात्र से अपने पिता अर्जुन के समान पराक्रम प्रदर्शित किया। सुभद्रा का पुत्र वह अभिमन्यु रण में अत्यन्त शूर होने के कारण स्वर्ग में सब दिशाओं से शीघ्रतापूर्वक सैकड़ों राजकुमारों के आने पर भी अपने पितामह इन्द्र की गोद में बैठाया गया ॥ ३ ॥

(तब धृतराष्ट्र, गान्धारी, दुःशला एवं प्रतिहारी आते हैं ।)

धृतराष्ट्र—हे, यह कैसे,

केनैतच्छ्रुतिपथदूषणं कृतं मे
कोऽयं मे प्रियमिति विप्रियं ब्रवीति ।
कोऽस्माकं शिशुवधपातकाङ्कितानां
वंशस्य क्षयमवघोषयत्यभीतः ॥ ४ ॥

गान्धारी—महाराअ ! अत्थि उण जाणीअदि केवलं पुत्तसंखअकारओ कुलविग्गहो भविस्सदि त्ति । [महाराज ! अस्ति पुनर्ज्ञायते केवलं पुत्रसंक्षयकारकः कुलविग्रहो भविष्यतीति ।]

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! ज्ञायते ।

गान्धारी—महाराअ कदा णु खु । [महाराज कदा नु खलु ।]

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! शृणु—

अभिमन्युवधं श्रुत्वा धृतराष्ट्रो विलपति-केनैतदिति ।

एतत्—सौभद्रः उपरतः इति एतत् शब्दं विश्राव्य श्रुतिपथदूषणं—श्रुत्योः = कर्णयोः पथः = मार्गस्य दूषणं = कर्णकटु मे = मम धृतराष्ट्रस्य केन = जीवेन कृतं = विहितं कोऽयम् मे प्रियं = मम धृतराष्ट्रस्य इष्टम् इति (बुद्धा) कः पुरुषोऽसौ विप्रियं = (मम) अनभिमतं ब्रवीति = वक्ति । अभीतः—न भीतः अभीतः = निर्भीकः कः = पुमान् शिशुवधपातकाङ्कितानां = शिशोर्वधः स एव पातकः तेन अङ्किताः तेषाम् = अभिमन्युहननपापलांछितानाम् अस्माकं = कौरवानां वंशस्य = अन्वयस्य क्षयं = विनाशम् अवघोषयति = घोषणां करोति मम वंशनाशं प्रसारयतीति भावः । अत्र प्रहर्षिणी वृत्तम् ॥ ४ ॥

किसने मेरे कर्णपथ को दूषित किया ? कौन मेरा प्रिय समझ कर अप्रिय बोल रहा है । कौन ऐसा निर्भीक है जो हम लोगों के शिशु (अभिमन्यु) के वध के पाप से कलंकित वंश के विनाश की घोषणा कर रहा है ॥ ४ ॥

गान्धारी—महाराज ! मुझे ऐसा लगता है कि पुत्रों का विनाशकारक दो (कौरव एवं पाण्डव) वंशों में युद्ध होगा ।

धृतराष्ट्र—गान्धारी, मालूम है ।

गान्धारी—महाराज कब ?

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! सुनो,

अद्याभिमन्युनिधनाज्जनितप्रकोपः
सामर्षकृष्णधृतरश्मिगुणप्रतोदः ।
पार्थः करिष्यति तदुग्रधनुः सहायः
शान्तिं गमिष्यति विनाशमवाप्य लोकः ॥ ५ ॥

गान्धारी—हा वच्छ अभिमञ्ञो ! ईदिसे यि णाम पुरुसक्खअकारए कुलविग्गहे वत्तमाणे वालभावणिमज्जणं अम्हाणं भग्गकम्मेण करअंतो कहिं दाणिं पोत्तअ ! गदोसि । [हा वत्स अभिमन्यो ! ईदृशेऽपि नाम पुरुषक्षयकारके कुलविग्रहे वर्तमाने बालभावनिमज्जनमस्माकं भाग्यकर्मेण कुर्वन् कुत्रेदानीं पौत्रक ! गतोऽसि ।]

दुःशला—जेण दाणिं वहूए उत्तराए वेधव्वं दाइदं, तेण अत्तणो

स्थविरः धृतराष्ट्रः महाराज्ञीं गान्धारीं प्रति पुत्रसंक्षयकारकं कुलविग्रहं प्रदर्शयति अद्याभिमन्युनिधनादिति ।

अद्य = अधुना अभिमन्युनिधनाज्जनितप्रकोपः = अभिमन्योः = स्वपुत्रस्य निधनात् = नाशात् जनितः = उत्पन्नः प्रकोपः = क्रोधो यस्य सः, सामर्षकृष्णधृतरश्मिगुणप्रतोदः—अमर्षेण सहितः सामर्षः = सक्रोधः कृष्णेन = वासुदेवेन धृतौ = गृहीतौ रश्मिगुणः = वल्गा प्रतोदः = कशा च येन सः, तदुग्रधनुः=तस्य उग्रं कठिनं धनुः = गाण्डीवः सहायः = साधको यस्य सः पार्थः—पृथायाः पुत्रः = अर्जुनः (एवं) करिष्यति = युद्धं विधास्यति, येन लोकः = भुवनं समस्तलोक इत्यर्थः, विनाशं = संक्षयम् अवाप्य = लब्ध्वा पश्चात् शान्तिं = प्रकृतिं गमिष्यति = यास्यति । सर्वान् विपक्षीयान् विनाश्य लोकशान्तिं करिष्यति । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ ५ ॥

अभिमन्यु के वध से अत्यन्त क्रुद्ध और कुपित कृष्ण के द्वारा गृहीत वल्गा (लगाम) और चाबुक से युक्त अर्जुन अपने कठिन धनुष (गाण्डीव) की सहायता से सारे संसार को नष्ट कर डालेंगे तत्पश्चात् प्रकृति अवस्था में विश्व शान्ति को प्राप्त होगा ॥ ५ ॥

गान्धारी—हाय पुत्र अभिमन्यु ! हम लोगों के भाग्य के दोष से तुमने बालचपलता के कारण इस प्रकार के कुल-विग्रह और मनुष्यों के विनाशकारक युद्ध को उपस्थित करके हे पौत्र ! तुम अब कहां चले गये ।

दुःशला—जिसने इस समय वधू उत्तरा को विधवापन दिया है उसने अपने

जुवदिजणस्स वेधव्वमादिट्ठं । [येनेदानीं वध्वै उत्तरायै वैधव्यं दत्तं, तेनात्मनो युवतिजनाय वैधव्यमादिष्टम् ।]

धृतराष्ट्रः—अथ केनैष व्यसनार्णवस्य सेतुबन्धः कृतः ।

भटः—महाराज ! मया ।

धृतराष्ट्रः—को भवान् ।

भटः—महाराज ! ननु जयत्रातोऽस्मि ।

धृतराष्ट्रः—जयत्रात !

केनाभिमन्युर्निहतः कस्य जीवितमप्रियम् ।
पञ्चानां पाण्डवाग्नीनामात्मा केनेन्धनीकृतः ॥ ६ ॥

भटः—महाराज ! बहुभिः किल पार्थिवैः समागतैर्निहतः कुमारोऽभिमन्युः । स्यात्तु जयद्रथो निमित्तभूतः ।

जयत्रातमानं भटं प्रति परिपृच्छति धृतराष्ट्रः—केनाभिमन्युरिति । हे जयत्रात = भो जयत्रात ! अभिमन्युः = मम पौत्रः केन = मानवेन निहतः = निधनं प्रापितः कस्य = मानवस्य जीवितम् = आयुः अप्रियम् = अनभिलषितम् केन = मर्त्येन पञ्चानां = पञ्चसंख्याकानां पाण्डवाग्नीनां—पाण्डवा एव अग्नयः तेषां पाण्डववह्नीनां मध्ये आत्मा = स्वजीवनम् इन्धनीकृतः = न इन्धनम् अनिन्धनम् तद् एवेन्धनम् इन्धनत्वेन प्रापितः इन्धनीकृतः (अभूततद्भावे च्विः) । अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ ६ ॥

पक्ष की युवतियों को भी विधवापन दिया है ।

धृतराष्ट्र—अब इस विपत्तिरूपी सागर पर किसने पुल बांधा है ?

भट—महाराज ! मैंने ।

धृतराष्ट्र—तुम कौन हो ।

भट—महाराज ! मैं जयत्रात हूँ ।

धृतराष्ट्र—जयत्रात !

किसने अभिमन्यु का वध किया ? किसे अपना जीवन अप्रिय हो गया ? पाचों पाण्डवों की पञ्चाग्नि में किसने अपनी आत्मा की आहुति दी ? ॥ ६ ॥

भट—महाराज ! अवश्य ही अनेक राजाओं ने मिलकर अभिमन्यु को मारा है जयद्रथ ही उसका निमित्त था ।

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निमित्तभूतः।

भटः—महाराज ! अथ किम् ?

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निहतः।

(तच्छ्रुत्वा दुःशला रोदिति।)

धृतराष्ट्रः—कैषा रोदिति।

प्रतीहारी—महाराअ ! भट्टिदारिआ दुश्शला। [महाराज ! भर्तृदारिका दुःशला।]

धृतराष्ट्रः—वत्से अलमलं रुदितेन। पश्य,

भर्तुस्ते नूनमत्यन्तमवैधव्यं न रोचते।
येन गाण्डीविबाणानामात्मा लक्ष्मीकृतः स्वयम् ॥ ७ ॥

धृतराष्ट्रः दुःशलाम् (स्वात्मजां) रोदनात् विनिवार्य वस्तुस्थितिं दर्शयति—भर्तुस्ते इति।

(हे वत्से।) भर्तुः = स्वामिनः जयद्रथस्य ते = तव अवैधव्यं—विधवायाः भावः वैधव्यं तन्न भवतीति अवैधव्यं=सौभाग्यम् अत्यन्तम्=अतिशयं न रोचते=न प्रियमिति नूनं = निश्चितम्। येन तव भर्त्रा = जयद्रथेन गाण्डीविबाणानां—गाण्डीविनः = अर्जुनस्य बाणाः = विशिखाः तेषां मध्ये इत्यर्थः, आत्मा = स्वजीवनं स्वयं = स्वयमेव नान्यप्रेरितमित्यर्थः, लक्ष्मीकृतः = विषयीकृतः अतएवानुमीयते इति भावः। अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ७ ॥

धृतराष्ट्र—शोक है, जयद्रथ निमित्त हुआ।

भट—महाराज ! और क्या।

धृतराष्ट्र—शोक है, जयद्रथ मारा गया।

(यह सुनकर दुःशला रोती है।)

धृतराष्ट्र—कौन रोती है ?

प्रतिहारी—महाराज भर्तृदारिका दुःशला।

धृतराष्ट्र—पुत्री ! मत रोओ। देखो,

तुम्हारे पति को सौभाग्य अवश्य ही अरुचिकर है, जिसने कि स्वयं अपने को अर्जुन के बाणों का लक्ष्य बनाया है ॥ ७ ॥

दुःशला—तेण हि अणुजाणादु मं तादो, अहं वि गमिस्सं वहूए उत्तराए सआसं। [तेन ह्यनुजानातु मां तातः, अहमपि गमिष्यामि वध्वा उत्तरायाः सकाशम्।]

धृतराष्ट्रः—वत्से किमभिधास्यसि।

दुःशला—ताद ! एवं च भणिस्सं–अज्जकालिअं च दे वेसग्गहणं अहं वि उववारइस्सामि त्ति। [तात! एवं च भणिष्यामि–अद्यकालिकं च ते वेषग्रहणमहमप्युपचारयिष्यामीति।]

गान्धारी—पुत्तिए मा खु मा खु अमंगलं भणाहि। जीवदि खु दे भत्ता। [पुत्रिके! मा खलु, मा खल्वमङ्गलं भण। जीवति खलु ते भर्ता।]

दुःशला—अम्ब ! कुदो मे एत्तिआणि भाअधेआणि। जो जणद्दणसहाअस्स धणंजअस्स विप्पिअं करिअ कोहि णाम जीविस्सिदि। [अम्ब ! कुतो मे एतावन्ति भागधेयानि। यो जनार्दनसहायस्य धनञ्जयस्य विप्रियं कृत्वा को हि नाम जीविष्यति।]

धृतराष्ट्रः—सत्यमाह तपस्विनी दुश्शला। कुतः—

कृष्णस्याष्टभुजोपधानरचिते योऽङ्के विवृद्धश्चिरं

धृतराष्ट्रः दुश्शलावचनं द्रढयति–कृष्णस्याष्टेति।

यः = अभिमन्युः कृष्णस्य = वासुदेवस्य अष्टभुजोपधानरचिते = अष्टानाम् =

दुःशला—अतएव मुझे आप आज्ञा दें, हे तात ! मैं भी अपनी वधू उत्तरा के साथ जाऊंगी।

धृतराष्ट्र—पुत्री ! यह क्या कहती हो।

दुःशला—हे तात ! और मैं (उत्तरा से) कहूँगी कि—आज जो वेष उसने धारण किया है उसे काल में भी धारण करुंगी।

गान्धारी—हे पुत्रि ! नहीं अमङ्गल मत बोलो। तुम्हारे पति जीवित हैं।

दुःशला—मां ! मेरा ऐसा सौभाग्य कहां ? कौन, जिसने कृष्ण सखा अर्जुन का अपकार किया है जीवित रहने की आशा करेगा ?

धृतराष्ट्र—बेचारी दुःशला सत्य कहती है, क्योंकि—

जो अभिमन्यु कृष्ण की आठ भुजाओं का तकिया लगाकर उनकी गोदी में

यो मत्तस्य हलायुधस्य भवति प्रीत्या द्वितीयो मदः।
पार्थानां सुरतुल्यविक्रमवतां स्नेहस्य यो भाजनं
तं हत्वा क इहोपलप्स्यति चिरं स्वैर्दुष्कृतैर्जीवितम् ॥८॥

जयत्रात ! अथ तदवस्थं पुत्रं दृष्ट्वा किं प्रतिपन्नं तेन गाण्डीव-धन्वना।

भटः—महाराज ! किं वार्जुनसमीपे वृत्तमेतत्।
धृतराष्ट्रः—कथमर्जुनोऽपि नात्रासीत्।
भटः—महाराज ! अथ किम् ?

अष्टसंख्याकानां भुजानां=बाहूनाम् उपधानम् = उपबर्हः तेन रचितं=विहितं तस्मिन् अङ्के = क्रोडे चिरं=बहुकालम् अद्यावधीति भावः। विवृद्धः=वृद्धिंगतः, यः=सौभद्रः मत्तस्य = मदयुक्तस्य हलायुधस्य—हलः = लाङ्गलम् आयुधम् = अस्त्रं यस्य सः तस्य = बलरामस्य प्रीत्या = स्नेहेन द्वितीयः = अन्यः मदः भवति भागिनेय-स्नेहमदो भवतीति भावः। यः=सौभद्रः, सुरतुल्यविक्रमवतां—सुरतुल्यः=देवसमानः विक्रमः=पराक्रमः अस्ति येषां ते तेषां—देवसमपराक्रमशालिनां पार्थानां = पाण्डवानां स्नेहस्य=पुत्रप्रेम्णः भाजनं=पात्रं तं= तथाभूतम् अभिमन्युं हत्वा = निहत्य स्वैः = स्वकीयैः दुष्कृतैः = नीचकृत्यैः इह = लोके चिरं=बहुकालं जीवितम् = आयुः कः = पुमान् उपलप्स्यति = प्राप्स्यति नास्ति तस्य जीवनमिति भावः। अत्र शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ८ ॥

पला है तथा स्वयं मदयुक्त बलराम जिसे देखकर (भागिनेय) प्रेम से और भी मदमत्त हो जाते थे, जो पृथा के पुत्र देवताओं के समान विक्रम वाले पांचों पाण्डवों का प्रेम-पात्र था उसे मार कर स्वयं दुष्कर्म करने वाला कौन भला इस संसार में अधिक दिन तक जीवित रह सकता है ॥ ८ ॥

जयत्रात ! इस प्रकार को अवस्था में (वध किए गए) अपने पुत्र को देखकर गाण्डीव धनुर्धारी अर्जुन ने क्या किया ?

भट—महाराज ! यह क्या अर्जुन के समक्ष हुई है ?

धृतराष्ट्र—क्या, अर्जुन भी वहां नहीं थे।

भट—महाराज, हाँ ?

धृतराष्ट्रः—कथमिदानीं वृत्तमेतत् ।

भटः—श्रूयतां–संशप्तकानीकनिवाहिते जनार्दनसहाये धनञ्जये स बालभावाददृष्टदोषः संग्राममवतीर्णः कुमारोऽभिमन्युः ।

धृतराष्ट्रः—हन्त युक्तरूपोऽस्य वधः । को हि संनिहितशार्दूलां गुहां धर्षयितुं शक्तः । अथ शेषाः पाण्डवाः किमनुतिष्ठन्ति ।

भटः—महाराज ! श्रूयताम् ।

चितां न तावत्स्वयमस्य देहमारोपयन्त्यर्जुनदर्शनार्थम् ।
तेषां च नामान्युपधारयन्ति यैस्तस्य गात्रे प्रहृतं नरेन्द्रैः ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! तदागम्यताम् । गङ्गाकूलमेव यास्यावः ।

इदानीं पाण्डवाः किमनुतिष्ठन्तीति पृष्टे धृतराष्ट्रे भटो वर्णयति—चितामित्यादिना ।

(महाराज ! ते पाण्डवाः) तावत् = आदौ अर्जुनदर्शनार्थम् = अर्जुनस्य दर्शनम् अर्थः = प्रयोजनं यस्य स तम् अर्जुन इमम् पश्यतु इति प्रयोजनम् अस्य= अभिमन्योः देहं = मृतशरीरं चितां = काष्ठरचितां चितां स्वयं = स्वकरैः न आरोपयन्ति = स्थापयन्ति । इदानीं यैः नरेन्द्रैः = नृपैः तस्य = अभिमन्योः गात्रे = शरीरे प्रहृतं = प्रहारः कृतः, तेषां राज्ञां नामानि = अभिधेयानि उपधारयन्ति = निश्चिन्वन्ति । उपजातिवृत्तम् ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्र—तो यह घटना कैसे घटी ?

भट—सुनिये, जब संशप्तक की सेना ने अर्जुन और कृष्ण को रोक लिया, तभी राजकुमार अभिमन्यु ने युद्ध में कोई दोष न देखकर स्वयं रणाङ्गन में प्रवेश किया।

धृतराष्ट्र—शोक, उसका वध इस अवस्था में सर्वथा सम्भव था । सिंह के रहते हुए भला कौन गुफा में जा सकता है ? अब शेष पाण्डव क्या कर रहे हैं ?

भट—महाराज ! सुनिए,

अर्जुन (मृत पुत्र के) शव को देख ले अतः अन्य पाण्डव स्वयं उसे चिता पर नहीं रख रहे हैं और जिन राजाओं ने उसके शरीर पर शराघात किया है उनके नाम का विचार कर रहे हैं ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! तो आओ, हम सब गंगा के तट पर ही चलें ।

गान्धारी—महाराअ ! णं तहिं गाहामो । [महाराज ! ननु तत्र गाहावहे ।]

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! शृणु ।

अद्यैव दास्यामि जलं हतेभ्यः स्वेनापराधेन तवात्मजेभ्यः ।
न त्वस्मि शक्तः सलिलप्रदानैः कर्तुं नृपाणां शिबिरोपरोधम् ॥१०॥

(ततः प्रविशति दुर्योधनो दुश्शासनः शकुनिश्च ।)

दुर्योधनः—वत्स दुश्शासन !

यातोऽभिमन्युनिधनात् स्थिरतां विरोधः

धृतराष्ट्रः महाराज्ञीं प्रति गंगाकूलगमनकारणं ब्रवीति—अद्यैवेत्यादिना । हे गान्धारि ! स्वेन = स्वकीयेन अपराधेन = आगसा (आगोऽपराधो मन्तुश्चेत्यमरः ।) हतेभ्यः = विनष्टेभ्यः मृतेभ्य इति यावत् तव = भवत्या आत्मजेभ्यः आत्मनो जाताः तेभ्यः = पुत्रेभ्यः अद्यैव = इदानीमेव जलं = जलाञ्जलिं दास्यामि = प्रदास्यामि । सलिलप्रदानैः = एभिः जलाञ्जलिदानैः नृपाणां = राज्ञां शिबिरोपरोधं—शिबिरे उपरोधः तं—प्रति शिबिरं गत्वा अवरोधं कर्तुं न तु = नहि शक्तः = समर्थः अस्मि = भवामि । यतः एते नूनं मरिष्यन्ति अतः एतान् अवरोद्धुमसमर्थोऽस्मीति भावः । अत्र इन्द्रवज्रावृत्तम्, यथा—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः ॥ १० ॥

दुर्योधनः दुःशासनं प्रति स्वाभीष्टसिद्धिं वर्णयति—यात इति ।

अभिमन्युनिधनात्—अभिमन्योः=सौभद्रस्य निधनं=पञ्चत्वं तस्मात् विरोधः=

गान्धारी—महाराज ! हम सब वहां जल में स्नान करेंगे ।

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! सुनो,

आज ही हम अपने ही अपराध से मृत्यु को प्राप्त होने वाले तुम्हारे पुत्रों को जलाञ्जलि दे दें (फिर भी) इस जलाञ्जलि-दान के द्वारा हम राजाओं के शिबिर को युद्ध करने से रोक नहीं सकते ॥ १० ॥

(तब दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि प्रवेश करते हैं ।)

दुर्योधन—वत्स दुःशासन !

अभिमन्यु के वध से हमारा (पाण्डवों से) विरोध भी दृढ़ हो गया, शत्रुओं की

प्राप्तो जयः प्रचलिता रिपवो निरस्ताः।
उन्मूलितोऽस्य च मदो मधुसूदनस्य
लब्धो मयाऽद्य सममभ्युदयेन शब्दः॥ ११॥

दुश्शासनः—अहो नु खलु,

रुद्धाः पाण्डुसुता जयद्रथबलेनाक्रम्य शत्रोर्बलं
सौभद्रे विनिपातिते शरशतक्षेपैर्द्वितीयेऽर्जुने।
प्राप्तैश्च व्यसनानि भीष्मपतनादस्माभिरद्याहवे

द्वेपः स्थिरतां—स्थिरस्य भावः तां=सुदृढत्वं यातः=प्राप्तः; जयः=विजयः प्राप्तः=लब्धः प्रचलिताः=प्रकम्पिताः, रिपवः=शत्रवः, निरस्ताः=पराजिताः। अस्य=वर्तमानस्य मधुसूदनस्य—मधुं=मधुनामकं दैत्यं सूदयति=विनाशयतीति तस्य=केशवस्य मदः=गर्वः उन्मूलितः=उत्पाटितः दूरीकृत इत्यर्थः। अद्य=अस्मिन्दिने इदानीमित्यर्थः। मया=दुर्योधनेन अभ्युदयेन=समुन्नत्या समं=साकं शब्दः=विजयशब्दः लब्धः=प्राप्तः साम्प्रतम् मे सर्वाण्यभीष्टानि लब्धानीत्यर्थः। वसन्ततिलकावृत्तम्॥ ११॥

दुश्शासनः एवं भ्रातरं दुर्योधनं बोधयति—एतानि कर्माण्यस्माभिः कृतानि रुद्धेत्यादिना।

भास के ऐतिहासिक नाटकों में जिन तीन राजाओं की कथा का आश्रय लिया गया है उनमें १ कौशाम्बी के राजा उदयन, २ उज्जैन के राजा प्रद्योत और ३. मगध के राजा दर्शक के नाम उल्लेख्य हैं और इनका शासन-काल छठी शताब्दी ई० पू० के बाद नहीं माना जा सकता।[२] इनके भी पूर्व रामायण और महाभारत की रचना हुई होगी ?

महाकवि ने जिन नागवन, वेणुवन, राजगृह और पाटलीपुत्र का उल्लेख किया है इन सबने बुद्ध के समय में ही प्रसिद्धि प्राप्त की होगी। अतः कवि का समय बुद्ध के बाद ही माना जा सकता है। इससे डा० गणपति शास्त्री की यह मान्यता खण्डित होती है कि भास बुद्ध-पूर्व स्थित थे। इनके नाटकों में जिस समाज का चित्रण है वह अनेक प्रमाणों से भास को एक निश्चित समय में स्थित सिद्ध करता है। श्री ए० डी० पुसलकर ने सामाजिक स्थिति के विस्तृत विवेचन के द्वारा भास का समय ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी निश्चित किया है,[३] जिसमें मुझे भी पर्याप्त तथ्य मिलता है।

द्वितीय मत (ईसा की द्वितीय-तृतीय शताब्दी)—डा० कीथ के अनुसार भास की अन्तिम तिथि-सीमा ३५० ई० हो सकती है क्योंकि कालिदास ने इसके पश्चात् ४ थी शताब्दी में इनके यश का वर्णन किया है अर्थात् ये तब तक प्रथित-यश हो चुके थे।[४] अश्वघोष ने इनकी कहीं चर्चा नहीं की है और न इनका कोई प्रभाव ही उन पर दृष्टिगत होता है पर इनके 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' में 'बुद्ध-

---

१. देखिए—पुसलकर-Bhasa : A Study, अध्याय ६।

२. देखिए विन्सेन्ट स्मिथ कृत 'Early History of India' पृ. ३८, ३९, ५१

३. देखिए ए० डी० पुसलकर कृत 'Bhasa : A Study' पृ० ६७-६८।

४. "It is difficult to arrive at any precipe determination of Bhasa's date. That Kalidas knew his as firmly established is clear, and, if we may fairly safely date Kalidas about A. D. 400, this gives us a periad of not later than AD 350 for Bhasa."
(The Sanskrit drama, Page 93. 1954.)

चरित' के एक श्लोक की स्पष्ट छाया मिलती है[1]। इसलिए यह सिद्ध होता है कि भास अधिक से अधिक द्वितीय शताब्दी (अश्वघोष) के बाद और कम से कम पाँचवीं शताब्दी (कालिदास) से पूर्व अवश्य रहे होंगे ? अब भास कालिदास के अधिक निकट है या अश्वघोष के, यह एक प्रश्न है, जिसके उत्तर में डा० कीथ ने इन्हें कालिदास के अधिक निकट माना है।[2]

भास महाभारत या कृष्ण से सम्बद्ध कथावस्तुओं के निर्वाह में जैसे तल्लीन और सफल हुए हैं। वैसे अन्यत्र नहीं, संभवतः क्षत्रप राजाओं के आश्रित होने से ही उन्होंने यह प्रभाव ग्रहण किया हो जो कि परम कृष्ण-भक्त थे। इन क्षत्रपों का राज्य-काल स्टेन कोनो के मतानुसार दूसरी शताब्दी ईस्वी ठहरता है और भास इसी समय वर्तमान माने जाते हैं।

तृतीय मत (सातवीं शताब्दी)—भास के नाटकों का समय सातवीं शताब्दी ईस्वी मानने वालों में डा० वार्नेट प्रमुख हैं। वार्नेट ने 'नाटक चक्र' के कर्त्ता महाकवि भास नहीं हैं अपितु कोई केरलीय कवि है जो ईसा की सातवीं शताब्दी में वर्तमान था, ऐसा सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त भास के भरतवाक्यों में जिस राजसिंह का उल्लेख है उसे वे केरल का कोई राजा मानते हैं पर स्टेन कोनो ने इसे क्षत्रप रुद्रसिंह प्रथम, ध्रुव ने शुंग पुष्यमित्र तथा दूसरों ने अन्य किसी राजा का विशेषण माना है। पुशलकर ने इसे विन्ध्य और हिमवत् तक फैले हुये उत्तरी भारत पर एकच्छत्र राज्य करने वाले प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्त को मानकर अपने मत की पुष्टि की है।[3]

सिद्धान्त मत—अन्ततोगत्वा भास के नाटकों का अन्तःपरीक्षण एवं वहिःपरीक्षण करके यह सिद्ध किया जा सकता है कि कवि मौर्यकाल के पूर्व वर्तमान था क्योंकि इन्होंने भी कहीं अपनी रचनाओं में अपना नामोल्लेख नहीं किया है। भरतवाक्यों को दृष्टि मे रखते हुये भास की स्थिति उग्रसेन महापद्मनन्द (चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी) के समय में मानी जा सकती है।

जैसे कालिदास, शूद्रक और कौटिल्य का समय असंदिग्ध है वैसे ही भास को अश्वघोष के पहले रखा जाय या पश्चात् यह भी एक समस्या है। भास को सब

---

१. दे० बुद्धचरित सर्ग १३ श्लोक ६०

२. देखिए. 'The Sanskrit drama'–A. B. Keith p. 95.

३. देखिए पुशलकर—'Bhasa : A Study' पृ० ६९।

प्रकार से मौर्यकाल के पूर्व सिद्ध किया जाता है तथा कौटिल्य (४थी शताब्दी ई० पू०) के पश्चात् इन्हें किसी प्रकार नहीं लाया जा सकता।[1]

कर्तृत्व—महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित 'नाटक-चक्र' के सम्पूर्ण नाटकों के कर्त्ता महाकवि भास ही हैं या कुछ अन्य कवियों की भी कृतियाँ इसमें जोड़ी गई हैं[2] यह अब तक निश्चित नहीं हो सका है। अधिकांश विद्वान् अब डा० गणपति शास्त्री से सहमत हो गये हैं, जैसे डा० कीथ, डा० थामस, डा० सल्प, प्रो० परांजपे और प्रो० देवधर आदि। प्रो० जागीरदार ने स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् एवं पंचरात्र को भास की कृति मानकर शेष नाटकों को दो भागों में विभक्त करके भिन्न-भिन्न काल की रचनाएँ माना है। डा० विंटरनित्ज और डा० सुक्थनकर ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायणम्' को भास की कृति माना है, शेष के बारे में कोई निश्चित मत नहीं व्यक्त किया है।

धर्म—प्रो० विंटरनित्ज ने इनके नाटकों को ब्राह्मण-धर्म का पोषक माना है, क्योंकि भास के नाटकों में ब्राह्मणों के प्रति बड़ी श्रद्धा दिखाई गई है।[3] इन्हीं प्रमाणों के आधार पर डा० व्यास ने अपना मत व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भास के समय तक ब्राह्मण-धर्म का पुनरुत्थान हो चुका था।[4]

इन नाटकों के कर्त्ता के प्रमाणस्वरूप हमें इनके अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्य पर विचार करना आवश्यक है।

अन्तः साक्ष्य (रचना-विधान में साम्य)—

१. नांदीपाठ के स्थल पर मंगलपाठ का विधान तथा सूत्रधार के द्वारा नाटकों का प्रारम्भ ('नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः')।

२. 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' का सर्वत्र प्रयोग।

३. प्ररोचना का अभाव।

४. तेरह नाटकों में से पाँच नाटकों के प्रथम श्लोकों से मुद्रालंकार (देवता

---

१. देखिए पुशलकर—'Bhasa : A Study' पृ० ७९-८२।

२. इस विषय में बार्नेट का मत पृष्ठ ४ के 'तृतीय मत' में देखिए।

३. 'द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्' मध्य० १।०, 'ब्राह्मणवचनमिति न मर्यातिक्रान्तपूर्वम्' कर्णभारम् १।२३, बालचरित २।११ आदि।

४. डा० भोलाशंकर व्यास : 'संस्कृत कवि दर्शन' पृ० २२०।

की स्तुति के साथ-साथ पात्रों का भी नामोल्लेख तथा कथानक की ओर भी हल्का संकेत[1] पाया जाता है ।

५. भरतवाक्य में 'राजसिंह' का नामोल्लेख ।[1] (केवल चारुदत्त और दूतघटोत्कच में भरतवाक्य का विधान नहीं है ।)

६. सब नाटकों की भूमिका अल्प तथा प्रारम्भिक वाक्य एक से हैं ।[2] (केवल 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्', 'चारुदत्त', 'अविमारक' और 'प्रतिमा' में कुछ भेद है ।)

७. कंचुकी और प्रतिहारी (बादरायण और विजया) का नाम अनेक नाटकों में दुहराया गया है ।

८. अनेक नाटकों में (नाटकीय व्यंग्य) 'पताकास्थान' का प्रयोग ।

९. कई वाक्यों का समान रूप से अनेक नाटकों में प्रयोग ।

१०. नाटकों की संस्कृत का विशुद्ध-पाणिनीय-व्याकरण सम्मत न होना ।

११. भरत-प्रतिपादित नाट्यशास्त्रीय विधि-निषेधों का उल्लंघन इनके प्रायः सभी नाटकों में पाया जाता है, जैसे (क) दशरथ की मृत्यु 'प्रतिमा' और वालि की 'अभिषेक' में तथा दुर्योधन की मृत्यु 'ऊरुभंग' में प्रदर्शित है । (ख) चाणूर, मुष्टिक और कंस का वध । (ग) कृष्ण और अरिष्ट के घोर युद्ध का दृश्य 'बालचरित' में । (घ) क्रीडा और शयन का विधान 'स्वप्नवासवदत्तम्' में । (ङ) दूर से जोर से पुकारने का वर्णन 'पंचरात्र' और 'मध्यमव्यायोग' में ।

१२. कथानकों का साम्य ।

१३. युद्ध की सूचना इन्होंने भटों, ब्राह्मणों आदि से अधिकांश नाटकों में दिलाई है ।

१४. किसी उच्च पदाधिकारी जैसे राजा, राजकुमार या मन्त्री के आगमन की सूचना 'उस्सरह उस्सरह । अय्या ! उस्सरह' आदि के द्वारा दी गई है । स्वप्नवासदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, प्रतिमा आदि में इसके पर्याप्त उदाहरण हैं ।

१५. किसी विशिष्ट घटना की सूचना के लिए 'निवेद्यतां निवेद्यतां महा-

---

१. 'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥'

२. 'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि । अये किन्तु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग पश्यामि ।'

राजाय' इत्यादि का विधान पंचरात्र, कर्णभारम्, दूतघटोत्कच आदि में किया गया है।

१६. एक की मुख मुद्रा को ही देखकर उसके आन्तरिक भावों का परिज्ञान उनके एकाधिक नाटकों—जैसे प्रतिमा, अविमारक, अभिषेक आदि—में कराया गया है।

भावों में साम्य—भावों की एकता तो प्रत्येक नाटक में पाई जाती है। कुछ विशेष भावसाम्य का नीचे उल्लेख किया जाता है—

१. कवि ने वीर के स्वाभाविक शस्त्र उसके हाथों को ही सिद्ध किया है जिसके उदाहरण बालचरित, मध्यमव्यायोग, पञ्चरात्र, अविमारक आदि में पाए जाते हैं।

२. नारद की अवतारणा कलहप्रिय और स्वरसाधक के रूप में सर्वत्र की गई है।[1]

३. अर्जुन की वीरता का वर्णन दूतवाक्य (श्लो० ३२-३३), दूतघटोत्कच (श्लो० २२) और ऊरुभंग (श्लो० १४ में) किया गया है।

४. राजाओं का शरीर से मरकर भी यशःशरीर से चिरकाल तक जीवित रहने का विचार 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' (पञ्चरात्र श्लो० १, १३) तथा 'हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते' (कर्ण० श्लो० १७) में वर्णित है।

५. लक्ष्मी केवल साहसी के पास रहती है और सन्तोष नहीं धारण करती। ऐसा वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

अन्त में कतिपय अन्य साम्यों को भी परिगणित करते हुए यह सिद्ध किया जाता है कि अन्तःसाक्ष्य के आधार पर तेरहों नाटक एक ही कवि की प्रतिभा से प्रसूत हैं—

१. पताकास्थानकों और नाटकीय व्यंग्यों में काफी समता।

२. समान नाटकीय स्थितियाँ।

३. समान नाटकीय दृश्य।

४. समान अप्रस्तुत विधान।

---

१. तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके। (अविमारक ४।२)
तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि (बाल० १।४)

५. समान वाक्यविन्यास और कथोपकथन ।[1]

६. समान छन्द एवं अलंकारविधान ।

७. समान नाटकीय पात्रों के नाम ।

८. समान सामाजिक व्यवस्था का चित्रण ।[2]

वहिःसाक्ष्य—अनेक आचार्यों ने इनके नाटकों के उल्लेख और गद्यांशों या पद्यांशों के उद्धरण अपने ग्रन्थों में दिए हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि ये नाटक महाकवि भासरचित ही हैं। यहाँ कतिपय आचार्यों एवं कवियों का साक्ष्य दिया जाता है—

१. आचार्य अभिनवगुप्तपाद (१० वीं शती) ने नाट्यशास्त्र पर टीका करते हुए क्रीडा के उदाहरण में स्वप्नवासवदत्तम् का उल्लेख किया है—

'क्वचित् क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

२. भोजदेव (११वीं शती) के 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'……आदि का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

३. शारदातनय (१२वीं शती) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक की व्याख्या करते हुए पूरा स्वप्नवासवदत्तम् का कथानक उद्धृत किया है।

४. सर्वानन्द (११ वीं शती) ने 'अमरकोशटीकसर्वस्व' में शृङ्गार के भेद करते हुए धर्म, अर्थ और काम की गणना की है। इसी में अर्थ के उदाहरण-स्वरूप उदयन और वासवदत्ता के विवाह का वर्णन किया है।

५. रामचन्द्र और गुणचन्द्र (१२ वीं शती का उत्तरार्द्ध) के 'नाट्यदर्पण' में उद्धृत—'यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः'… आदि से स्वप्नवासवदत्तम् का भासकृत होना स्पष्ट सिद्ध है।

६. राजशेखर ने सूक्तिमुक्तावली में स्पष्ट ही घोषित किया है—

भासनाटकचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्तो परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

---

१. देखिए डा० सुकथन्कर का (भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट के १९२३ वें वार्षिक विवरण परिशिष्टांक में प्रकाशित) 'Studies in Bhasa, iv' 'Recurreuce and parallelisms' की सूची।

२. देखिए—पुशलकर 'Bhasa : A study' पृ० ५-२१।

इस प्रकार राजशेखर ने पूरे नाटकचक्र में से स्वप्नवासवदत्तम् को तो अग्नि-परीक्षा के द्वारा भी भासकृत सिद्ध किया है।

७. बाणभट्ट द्वारा उल्लिखित विशेषताओं को कसौटी मानकर भास के नाटकों की यदि परीक्षा की जाय तो बड़ी सरलता से नाटकचक्र के नाटकों का रचयिता भास घोषित किया जा सकता है।[१]

८. वाक्पतिराज (८वीं शती) ने गउडवहो (५, ८००) में भास को 'अग्निमित्र' कहा है। इस विशेषण को दृष्टिपथ में रखकर डा० विंटरनित्ज, डा० बनर्जी शास्त्री और प्रो० घटक आदि ने भास के नाटकों को प्रमाणित सिद्ध किया है।

९. जयदेव (१२वीं ई० शती) ने प्रसन्नराघव की प्रस्तावना में भास के काव्य की मुख्य विशेषता हास मानी है।[२] इसके उदाहरण 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण, प्रतिमा और मध्यमव्यायोग' में पाए जाते हैं।

१०. दण्डी ने 'अवन्तिसुन्दरीकथा' में भास के काव्यगुणों का वर्णन करते हुए बताया है कि—(१) मुख-प्रतिमुख सन्धियाँ इनके काव्यों में स्पष्ट लक्षित होती हैं तथा (२) अनेक वृत्तियों के द्वारा इन्होंने अपने काव्य में विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति की है।[३]

इस प्रकार बाह्य साक्ष्यों में बाण, वाक्पति, जयदेव और दण्डी के द्वारा निर्दिष्ट विशेषताओं पर ध्यान देने से यह निश्चित हो जाता है कि त्रिवेन्द्रम् में सम्पादित भास-नाटकचक्र के सभी नाटक भास की प्रामाणिक कृतियाँ हैं।

भास के तेरह नाटकों को कथावस्तु के आधार पर यों बाँट सकते हैं—

१. उदयन-कथा—इन ऐतिहासिक नाटकों के प्रणयन में कवि को गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' से पर्याप्त सहायता मिली होगी ऐसी डा० कीथ की मान्यता है।[४]

---

१. विशेष देखिए—पुशलकर—'Bhasa A Study' पृष्ठ ३७-४२

२. भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।

... .

केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय॥ (प्रस्तावना, प्रसन्नराघव)

३. सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः॥ ११॥

४. देखिए—कीथ-कृत संस्कृत ड्रामा, पृ० १००।

पर भास के नाटकों में वर्णित घटनाएँ अधिक सत्य और गम्भीर हैं जब कि कथासरित्सागर आदि में केवल सामान्य उल्लेख मात्र है। इसलिए उदयन की कथाओं के लिए भास पर अधिक विश्वास किया जाता है अपेक्षाकृत उक्त दो ग्रन्थों के।[१]

२. महाभारत-कथा—महाकवि भास ने महाभारत के कथानकसूत्रों को लेकर मनोरम कल्पना का उनमें सम्मिश्रण करके उसे नाटकीय परिधान दिया है। कई नाटकीय परिस्थितियाँ कवि की मौलिक प्रतिभा का प्रतीक हैं। इन्होंने कई नाटकों के पात्रों के चरित्र भी अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार परिवर्तित कर लिए हैं जैसे दुर्योधन, कर्ण, हिडिम्बा, घटोत्कच आदि के।

३. कृष्ण-कथा—कृष्णकथा पर आधारित 'बालचरित' का मूल स्रोत डा० स्वरूप और डा० ध्रुव ने हरिवंशपुराण को माना है पर उसे मानने पर भास का समय ४ थी शती ईस्वी मानना होगा जो कि उचित नहीं, अतः डा० वेबर का ही मत ग्राह्य मालूम होता है। उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि इस नाटक में कृष्ण का आरम्भिक काल का रूप चित्रित है। डा० कीथ ने विष्णुपुराण और भागवतपुराण से भी पूर्व बालचरित की रचना मानी है।

४. राम-कथा—प्रतिमा की कथावस्तु का मूल आधार वाल्मीकीय रामायण के द्वितीय-तृतीय स्कंध हैं जिनसे कवि ने कोरा कथानक लिया है। उसकी साज-सज्जा में कवि ने अपनी मौलिक प्रतिभा का विनियोग किया है। इनके चरित्र रामायण की अपेक्षा अधिक उदात्त और भावोद्बोधक हैं। अभिषेक नाटक के लिए कवि ने किष्किन्धा, सुन्दर और युद्ध काण्डों से सामग्रीसंचयन किया है।

५.लोक-कथा (मौलिक कल्पना)—चारुदत्त के लिए किसी निश्चित स्रोत का पता नहीं चलता। एक वेश्या का निर्धन वणिक्प्रेम तो लोक-कथा के रूप में बहुत समय से प्रचलित था। वैसे कवि की मौलिक कल्पना भी हो सकती है। यों तो जातक की 'सुन्दरी-कथा' को संभावित स्रोत माना जाता है और इसकी बहुत कुछ संभावना भी है। डा० स्वरूप की निश्चित धारणा है कि

---

१. 'Bhasa' treats the incident in a more realistic and serious fashion than does the light-hearted account of the Kathasarit-sagır and herein he is probably more faithful to the Udayana legends.'

J: A. O· S. 43 page 169.

६. दूतघटोत्कच—अभिमन्यु वध के पश्चात् अर्जुन के प्रतिज्ञा करने पर श्रीकृष्ण का घटोत्कच को धृतराष्ट्र के पास विनाश की सूचना देने के लिए भेजना और अन्त में भयंकर युद्ध। उद्धत वीर घटोत्कच और दुर्योधनादि का वार्तालाप बड़ा सफल बन पड़ा है।

७. कर्णभार—प्रस्तुत उत्सृष्टिकांक में कर्ण का ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र को अपना कवच-कुण्डल देना वर्णित है? इसमें कर्ण के उज्ज्वल चरित्र एवं दान-शीलता का प्रभावशाली निरूपण किया गया है।

८. मध्यमव्यायोग—इस व्यायोग में मध्यम पाण्डव (भीम) का मध्यम ब्राह्मण कुमार की रक्षा करना और हिडिम्बा से अन्त में मिलन वर्णित हैं। पुत्र का पिता को न पहचानते हुए धृष्टतापूर्वक माँ के सम्मुख ला उपस्थित करना बड़ा ही सरस और कौतूहलपूर्ण है।

९. प्रतिमा—सात अंकों के इस नाटक में राम-वनवास से रावण-वध तक की कथा वर्णित है। भरत का ननिहाल से अयोध्या आते हुए प्रतिमा-मन्दिर में अपने पिता राजा दशरथ की 'प्रतिमा' दिवंगत पूर्वजों में देख उनकी मृत्यु का अनुमान लगा लेना वर्णित है।

१०. अभिषेक—कुल छः अंक हैं। रामायण के किष्किंधा, सुन्दर और युद्ध काण्डों की संक्षिप्त कथा पर इसका कथानक आधारित है और अन्त में रामराज्याभिषेक भी वर्णित है।

११. अविमारक—छः अंक हैं। राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरंगी का राजकुमार अविमारक से प्रणय एवं विवाह वर्णित है। अविमारक का संकेत कामसूत्रों में है अतः इसे लोककथानक कह सकते हैं।

१२. चारुदत्त—चार अंकों का एक 'प्रकरण' है। शूद्रक के प्रसिद्ध 'मृच्छ-कटिक' नाटक का इसे आधार माना जाता है। इस अधूरे नाटक में निर्धन परन्तु सदाचारी ब्राह्मण चारुदत्त तथा गुणवती वेश्या वसन्तसेना का प्रणय वर्णित है। बृहत्कथा में वेश्या-ब्राह्मण के प्रेम पर आधारित कई कहानियाँ हैं, बाद में वे लोककथाओं के रूप में प्रचलित हो गईं, अतएव इस नाटक का भी आधार यही लोककथाएँ मानी जा सकती हैं।

१३. बालचरित—यह एक पाँच अङ्कों का पौराणिक नाटक है। इसका उपजीव्य हरिवंश पुराण माना जाता है। इसमें कृष्ण-जन्म से कंस-वध तक की कथाएँ वर्णित हैं।

अविमारक की कथा कवि-कल्पना-प्रसूत है। डा० ध्रुव इसे लोकगीतों पर आधृत मानते हैं।

भासनाटकचक्र के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

१. स्वप्नवासवदत्तम्—इस नाटक में ६ अङ्क हैं। इसमें स्वप्न को यथार्थ में परिणत करके कवि ने सफल प्रेम का मनोरम चित्रण किया है। मंत्री यौगन्धरायण अपने बुद्धि-वैभव के बल पर उदयन के अपहृत राज्य को पुनः प्राप्त कराता है। वह 'वासवदत्ता अग्नि में जल गई' ऐसा प्रवाद फैला कर पद्मावती से विवाह कराता है जिससे उदयन पुनः राज्य प्राप्त करते हैं।

२. प्रतिज्ञायौगन्धरायण—यह नाटक ५ अंकों का है। 'स्वप्नवासवदत्तम्' के पूर्व की कथा इसमें निबद्ध है। मंत्री यौगन्धरायण के प्रयत्न से वत्सराज उदयन और अवन्तिकुमारी वासवदत्ता के रहस्यमय (गुप्त) परिणय और मंत्री के कौशल तथा दृढ प्रतिज्ञा का रोमांचक वर्णन है।

३. ऊरुभंग—इस एकांकी में भीम के प्रतिज्ञा-निर्वाह की दृढ़ता का भयानक (रौद्र) एवं वीररसपूर्ण वर्णन है। भीम और दुर्योधन के गदा युद्ध में दुर्योधन की कारुणिक मृत्यु का वर्णन है। संस्कृत नाट्य-परम्परा में एक मात्र यही दुःखान्त नाटक है।

४. दूतवाक्य—यह एक अङ्क का व्यायोग है। भास ने इसमें सर्वथा विरुद्ध प्रकृति के दो पात्रों को चुना है, एक जहाँ अपनी उदारता के कारण ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति का है वहाँ दूसरा ईर्ष्या की ज्वाला में जलता हुआ निम्नगामी मनोवृत्ति का प्रतीक। महाभारत-युद्ध के विनाशकारी परिणाम से सबकी रक्षा के लिए पाण्डवों की ओर से श्रीकृष्णका सन्धि-प्रस्ताव लेकर जाना पर दुर्योधन की सभा से विफल होकर लौटना इसमें वर्णित है। कृष्ण और दुर्योधन के कथोपकथन में नाटकीयता का चरम दिग्दर्शन है।

५. पञ्चरात्र—तीन अंकों के इस समवकार में तथ्य (फैक्ट्स) और कथ्य (फिक्शन) का सम्यक् सम्मिलन हुआ है। विराट पर्व के कथासूत्र को लेकर कवि ने इस सुन्दर नाटक का कल्पनापूर्ण निर्माण किया है। द्रोणाचार्य को दक्षिणा-रूप में पाण्डवों का आधा राज्य देने का वचन और अज्ञातवास की स्थिति में पाँच रात्रि के भीतर ही पाण्डवों के मिलने पर दुर्योधन का आधा राज्य दे देना ही इसकी कथावस्तु है।

नाटकों की सामान्य विशेषताएँ—भास के पात्र चाहे स्त्री हों या पुरुष सामान्य भूमिका पर ही सर्वदा दृष्टिगत होते हैं। उन्हें हम कल्पनालोक के प्राणी नहीं कह सकते, जिनमें वायवीय तत्वों के कारण कुछ अलौकिकता या अस्वाभाविकता आ गई हो। यही कारण है कि श्रोता या पाठक इनके नाटकों को देखते-सुनते पात्रों के साथ पूरी सहानुभूति प्रकट करता है एवं अपनी भावनाओं की मानसिक क्रिया-प्रतिक्रियाओं को उनमें बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव से पाता है। देवगुणसम्पन्न पात्र जैसे राम, सीता, लक्ष्मण आदि में भी हम मानवीय भावों की ही झलक पाते हैं। उनके विचारों और क्रियाओं में कहीं भी असाधारणता नहीं आने पाई है।

जहाँ तक पात्रों के मनोवैज्ञानिक चरित्र-चित्रण का प्रश्न है हम भास को बिल्कुल आधुनिक युग के नाटककारों के साथ पाते हैं। श्री मीरवर्य ने भास के इस गुण की प्रशंसा की है।[1]

इन्होंने अपने नाटकों में जितने पात्रों का विनियोजन किया है सभी सार्थक हैं और सबका अपने-अपने स्थान पर एक विशेष महत्त्व है। कवि ने व्यक्ति-वैचित्र्य पर सर्वथा ध्यान दिया है और यही कारण है कि एक वर्ग के प्रतीक के रूप की अपेक्षा व्यक्तिगत विशेषताओं से युक्त पात्र हमारे सामने आते हैं।

महाभारत-कथा पर आधारित नाटकों के चरित्र-चित्रण में यद्यपि कवि को स्वतंत्रता नहीं थी, फिर भी कर्ण और दुर्योधन का चरित्र हमारे हृदय में उदात्त भावनाओं को उत्पन्न करने में समर्थ है और इस प्रकार सहज ही वे सहानुभूति के पात्र बनते हैं।

लोककथाओं पर आश्रित नाटकों में कवि को कल्पना की रंगीनी का विनियोग करनेकी काफी छूट थी फिर भी उनमें अस्वाभाविकता नहीं है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि भास के पात्र कालिदास और बाण की भाँति न तो रोमांटिक और कल्पनाप्रवण हैं, न भवभूति की भाँति काव्यात्मक और भावुक और न तो भट्टनारायण की भाँति अति ओजस्वी, न श्रीहर्ष की भाँति अति काल्पनिक और न शूद्रक की भाँति हास्य-प्रधान और अति यथार्थ ही है।

---

१. '...in psychological subtlety Bhasa is almost modern'
J. A. S. B. 1917 p. 278.

नाट्यकला—नाटककार और भास ने अपने नाटकों की विषयवस्तु का चुनाव बड़ी बुद्धिमानी और कुशलता से किया है। इनकी भाषा में प्रसाद और माधुर्य के साथ यथा-अवसर ओजगुण की भी प्रधानता पाई जाती है। घटनाओं का विधान अत्यन्त स्वाभाविक होते हुए भी प्रभावोत्पादक और कौतूहलपूर्ण है। पात्रों के चरित्र-चित्रण में व्यक्ति-वैचित्र्य के द्वारा सजीवता ला देना भास का प्रिय कौशल है। वाक्य सरल, चुटीले और भावोत्तेजक होने के कारण कथोपकथन के स्थलों पर विशेष नाटकीयता ला देते हैं। घटनाओं का निश्चित लक्ष्य की ओर उत्तरोत्तर बढ़कर प्रभावान्वित करना तथा अन्तर्द्वन्द्व और आघात-प्रतिघातों में पड़े हुए पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उद्घाटन करना इनके नाटकों का मुख्य गुण है। इनके नाटक अपने युगधर्म और सांस्कृतिक तथा सामाजिक गति-विधियों के प्रतिनिधि माने जाते हैं।

इनके नाटकों को देखने से पता चलता है कि रामचरित्र से सम्बद्ध नाटकों में न तो वह रसवत्ता ही पाई जाती है और न चरित्रों का चित्रण ही उतना प्रभावपूर्ण हो सका है जितना कि एक रससिद्ध नाटककार के लिए अपेक्षित है। महाभारत या कृष्णचरित्र से सम्बन्ध रखने वाले कथानकों में नाटककार की भावनाएँ अधिक उदात्त हैं और रसानुकूल घटना-विधान का नियोजन किया गया है अतः ये नाटक मध्यम श्रेणी में आते हैं। तीसरी स्थिति उन नाटकों की है जो उदयन-कथा पर आधारित हैं! इन्हें हम कवि की सर्वोत्कृष्ट रचनाएँ मान सकते हैं तथा इनमें नाटककार या कवि पाठकों या दर्शकों को भावमग्न करने में अधिक सफल हुआ है। प्रणय जैसे व्यापक विषय को लेकर कवि ने बड़ी सफलता से मानव-मन की भावनाओं का रंगीन चित्रण किया है। महाकवि भास आदर्शवादी नाटककार के रूप में हमारे सामने आते हैं। उन्होंने सामाजिक और पारिवारिक आदर्शों का निर्वाह बड़ी मनोरमता से किया है। नाटकीय व्यंग्य ने दर्शक या पाठक के कौतूहल का पूर्ण वर्द्धन हुआ है। 'प्रतिज्ञा' के द्वितीय अंक में वासवदत्ता के माता-पिता जब अपनी पुत्री के भावी पति के बारे में विचार करते हैं उसी समय कंचुकी का 'वत्सराज' कहना और वन्दी उदयन के आने का समाचार मिलना 'घटना-साहचर्य' का उज्ज्वल उदाहरण है। ऐसा ही 'अभिषेक' के पाँचवें अंक में सीता-रावण संवाद के सिलसिले में द्रष्टव्य है।

भास के नाटक उस समय रचे गए जब कि नाटक-कला का पूर्ण विकास नहीं हो पाया था, इस कारण भी कुछ त्रुटियाँ इनके नाटकों में आ गई हैं।

कहीं-कहीं 'निष्क्रम्य प्रविशति' आदि द्रुतगति वाले नाटकीय निर्देशों से अस्वाभाविक औपचारिकता-सी आ गई है। कवि ने कथानक-सूत्रों के संघटन में कहीं-कहीं समय की अन्विति का ध्यान नही दिया है। कृष्ण के निर्जीव शस्त्रास्त्रों को मानवरूप में रंगमंच पर उपस्थित करके सारी स्वाभाविकता नष्ट कर दी गई है। नाटयशास्त्र के द्वारा वर्जित दृश्यों (युद्ध, मरणादि) को भी इन्होंने 'ऊरुभंग' आदि में सामाजिक के सम्मुख उपस्थित किया है। इनके नाटकों की अस्वभाविकता का कारण अपरिचित पात्रों का रंगमंच पर सहसा उपस्थित होना भी है।[1] इसी प्रकार की त्रुटि 'स्वप्नवासदत्तम्' में 'वासवदत्ता जली नही है' ऐसा कहकर बाद की घटनाओं को नीरस और सामान्य बना देने में है। सामाजिकों की सारी उत्कंठा और भविष्य के परिणाम की अनिश्चितता इस भावना के बद्धमूल होने पर समाप्तप्राय हो जाती है।

कतिपय त्रुटियों के होते हुए भी भास की कला महान् है। उसमे प्रौढत्व न होने पर भी भाव-गांभीर्य और रमणीयता है। वीर रस के तो ये सफल नाटककार है ही पर मानव के मन का कोमल से कोमलतम पक्ष भी इनकी लेखनी के लिए अछूता नहीं। इन्होंने प्रणय, करुणा एवं विस्मय का बड़ा सुन्दर निर्वाह अपनी कृतियों मे किया है।

भास की शैली—शैली की सारी विशेषताओं से विशिष्ट भास कवि की अभिव्यंजना बड़ी ही प्रभावोत्पादक है। प्रसाद और ओज के साथ-साथ माधुर्य की संयोजना सहृदयों को मुग्ध कर देती है। पूरे के पूरे नाटक पढ़ जाइए, कहीं भी दुरारूढ़ कल्पना, समासबहुलता या प्रवाह में अवरोध नहीं मिलेगा। इसे कुछ विद्वानों ने रामायण का प्रभाव माना है। इनकी शैली अलंकारों पर नहीं, भावनाओं के निखार पर गर्व करती है जिससे कृत्रिमता की जगह स्वाभाविकता आ गई है। सरलता से समझ में आने वाले उन अलकारों का प्रयोग भास ने किया है जिनसे वस्तु-चित्र और भी स्पष्ट हो गए हैं। भावबोधन में जैसी सफलता इन्हें मिली, इनके पूर्ववर्ती किसी भी कवि को नहीं। इसका एकमात्र कारण इनकी सरल शैली और अद्भुत मनोवैज्ञानिक दृष्टि ही है। इनके काव्य को हम मानव-मन के अन्तस् की विभिन्न स्थितियों में होने वाली प्रतिक्रियाओं का संकलित-चित्र (एलबम) आसानी से कह सकते हैं। पिता की

१. विशेष के लिए देखिए—पुशलकर : Bhasa : A study, P. 1024.

मृत्यु का कारण जान कर भरत के हार्दिक उद्गारों की *मार्मिक अभिव्यञ्जना* कवि ने एक ही लघु श्लोक में कर दी है—'तुम्हारी पुत्र के प्रति कितनी प्रगाढ़ ममता थी और हमारा भाई के प्रति यह ऐसा प्रेम है ?'[1] बात सीधी पर बड़ी मर्मस्पर्शिणी है। वे प्रकृति को मानवीय भावों के प्रतिबिम्ब रूप में उपस्थित करते हैं। पाठक या दर्शक इन वर्णनों को सुनते ही भावमयता की उच्च भूमिका में पहुँच जाता है और साधारणीकरण की स्थिति आ जाती है।[2]

भास के नाटकों में तुलसी के समान पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्धों एवं आचारों का आदर्श उपस्थित किया गया है।[3]

भास ने लोकोक्तियों के द्वारा गागर में सागर भर दिया है।[4] भास के संश्लिष्ट चित्र नाटकों के कथानक में विशेष प्रभाव उत्पन्न कर देते हैं।[5]

—: ० :—

---

१. अद्य खल्ववगच्छामि पित्रा मे दुष्करं कृतम् ।
कीदृशस्तनयस्नेहो भ्रातृस्नेहोऽयमीदृशः ॥ प्रतिमा ४।१२

२. देखिए—अविमारक ४।४, प्रतिमा २।७, तथा स्वप्नवासवदत्तम् ४।६

३. देखिए—सूर्य इव गतो रामः सूर्य दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः ।
सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ॥ प्रतिमा २।७

तथा

गोपहीना यथा गावो विलयं यान्त्यपालिताः ।
एवं नृपतिहीना हि विलयं यान्ति वै प्रजाः ॥ प्रतिमा ३।२४

४. 'आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते ।' १९ । मध्यमव्यायोग ।
'वृष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेद्वने ।' ४४ । मध्यमव्यायोग ।

५. स्वप्न० १।१६ तथा प्रतिमा १।३ और १।१८

मध्यमव्यायोग–समालोचना

कथावस्तु—भास ने यद्यपि इस नाटक का कथानक महाभारत से लिया है पर उसे व्यक्त किया है विशेष साज-सज्जा से युक्त प्रभावोत्पादक शैली में। अस्थि-पंजर तो प्राचीन है पर उसमें मांस, मज्जा और रक्त का संचार सर्वथा नवीन और स्फूर्तिमय है। अब हमें देखना है कि मध्यमव्यायोग में कवि ने प्राचीनता का कितना अंश ग्रहण कर किस कल्पना और मौलिक उद्भावना से उसे पूर्ण बनाया है।

मूलस्रोत—हमें प्रस्तुत 'मध्यमव्यायोग' की कथा का मूलरूप महाभारत के 'हिडिम्बवध पर्व'[1] में मिलता है जिसमें भीम के द्वारा राक्षसी हिडिम्बा के भाई हिडिम्ब का वध वर्णित है। भीम का हिडिम्बा से मिलन, प्रेम तथा विवाह के पश्चात् घटोत्कच की उत्पत्ति भी महाभारत में निबद्ध है, जिसकी मृत्यु रणक्षेत्र में कर्ण के द्वारा होती है।

घटोत्कच का अपने अज्ञात पिता भीम से युद्ध और हिडिम्बा-सम्मिलन सर्वथा कवि की कल्पना का परिणाम है। इस घटना के नियोजन से नाटक की नाटकीयता का विकास तो हुआ ही साथ ही स्वारस्य की भी वृद्धि हुई। भीम और घटोत्कच के चरित्र को स्पष्ट करने और भावों में तनाव लाने के लिए कवि ने ब्राह्मण परिवार को अच्छा माध्यम चुना है। यद्यपि यह बात खटकती है कि माता के आदेशानुसार उसे ब्राह्मण कुमार को नहीं ले जाना चाहिए फिर भी वह ब्राह्मण-परिवार को कष्ट देता है; पर हो सकता है, अन्य मनुष्य के अभाव में ब्राह्मणकुमार को ही ले जाने की मजबूरी आई हो।

हिडिम्बा और भीम-मिलन की पूर्वपीठिका के रूप में ब्राह्मण परिवार के प्रयोग की प्रेरणा बहुत कुछ संभव है कि कवि को 'ऐतरेय-ब्राह्मण[2]' के अन्तर्गत

---

१. हिडिम्बवध पर्व। प्रथम स्कंध, ९ अध्याय।

२. ऐतरेय ब्राह्मण : सप्तम अध्याय श्लोक० १४-१८।

'शुनःशेप' की कथा से मिली हो। डॉ० कीथ[1] के निर्देशानुसार पवोलिनि ने इस कल्पना का मूल महाभारत के बकवध[2] को ही माना है।

नाटक की कथावस्तु को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि भास में घटना-संघटन की अद्भुत कला थी। उपर्युक्त स्रोतों के मूलरूप में कवि ने आमूल परिवर्तन करके ऐसी परिस्थिति उत्पन्न की है कि भाव एकोन्मुख होकर रस की अनुभूति सहज ही करा देते हैं। शुनःशेपोपाख्यान के अजीगर्त और मध्यम व्यायोग के केशवदास में बड़ा अन्तर है। एक में पाशविक वृत्ति की प्रधानता है, वह अपनी बुभुक्षा की शान्ति के लिए अपने पुत्र को बेचने और मार डालने में भी नहीं हिचकता, पर दूसरे में पिता का संवेदना और अपार वात्सल्ययुक्त हृदय है। उसमें मानवोचित कमजोरियाँ और मजबूती भी है। वह अपने बच्चे की रक्षा के लिए आत्मसमर्पण करता है, अपने संत्रस्त परिवार की रक्षा के लिए भीम से प्रार्थना करता है।

महाभारत के घटोत्कच का देखकर भास के घटोत्कच से तुलना करने पर काफी भिन्नता मिलेगी। एक का शिर लोमहीन (घटवत् सुचिक्कण) है[3] पर दूसरे के पिंगल केशादि की प्रभूत प्रशंसा की गई है।[4] हिडिम्बा और घटोत्कच में भास ने मानवीय गुणों का पर्याप्त आरोप किया है। अतः उसकी राक्षसी वृत्तियाँ मन्द पड़ गई हैं। घटोत्कच के दया, संकटापन्न के प्रति सहानुभूति और पूज्यों के प्रति आदर आदि भावों की स्वयं भीम ने प्रशंसा की है। महाभारत की हिडिम्बा एक कर्कशा राक्षसी है पर भास ने उसे बड़ा कोमल और मानव सुलभ प्रेमयुक्त हृदय दिया है। स्पष्ट है कि वह किसी मनुष्य की हत्या नहीं करना चाहती थी अपितु भीम के ही दर्शन की लालसा से उसने इस षड्यन्त्र की रचना की थी!

इस प्रकार हम देखते हैं कि महाकवि भास ने इधर-उधर बिखरे कथासूत्रों

---

१. देखिए कीथ: संस्कृत ड्रामा, पृ० ९५।

२. महाभारत: बकवध-पर्व अ० स्कंध १६०-१६१ अध्याय।

३. घटो हास्योत्कच (ह अस्य उत्कचः) इति माता ते प्रत्यभाषत।
अब्रवीत्तेन नामास्य घटोत्कच इति स्म ह॥'

४. 'तरुणरविकरप्रकीर्णकेशो' श्लो० ४ 'कनककपिलकेशः' श्लो० ५। 'दीप्तविश्लिष्टकेशः' श्लो० २६।

को एक रङ्गीन वातावरण और नवीन साँचे में ढालकर अभिनेय बना दिया है। भास में कथानक-निर्वाह की सबसे बड़ी विशेषता है सब प्रकार की अस्वाभाविकताओं का सर्वथा त्याग। शुनःशेप की मुक्ति वरुणदेव की कृपा और दैवी चमत्कार से होती है, पर ब्राह्मणकुमार की मुक्ति का विधान महापराक्रमी भीम की उदारता और आत्मसमर्पण के द्वारा करके भास ने भारतीय आदर्श का चरम निदर्शन किया है।

गृहीत रूप—स्थापना (नाटकीय प्रस्तावना) के बाद रङ्गमञ्च पर (पर्याप्त जिज्ञासा और कौतूहल उत्पन्न कराने के बाद) एक वृद्ध अपनी वृद्धा पत्नी और तीन युवा पुत्रों के साथ उपस्थित होता है। उसके पीछे विकराल आकृति वाला घटोत्कच भी उसे पकड़ने की इच्छा से आता है। करुण रस का भयानक रस की भूमिका में यही बीजवपन हो जाता है। सामाजिक में यही जिज्ञासा होती है कि एक निर्धन वृद्ध ब्राह्मण को यह क्रूर दैत्य क्यों कष्ट दे रहा है? इसका उत्तर बाद में मिलता है—'माँ (हिडिम्बा राक्षसी) के पारण हेतु एक मनुष्य ले जाने के लिए। पास ही में पाण्डवों की कुटी है यह बतलाकर आशा का अङ्कुरण और बाद में यह बताकर कि वे सब यज्ञ में गये हैं सबको निराश बना दिया गया है। इसी प्रकार काफी देर तक सामाजिकों को आशा और निराशा के बीच थपेड़े खाने के लिए छोड़ दिया जाता है। असहायावस्था में वृद्ध ब्राह्मण स्वयं राक्षस के पास जाता है कि वही कुछ मुक्ति का उपाय बतलाए। एक क्रूर-कर्मा राक्षस से दया की भिक्षा का यह दृश्य बड़ा करुणोत्पादक है। यह बतलाता है कि अपने परिवार की मुक्ति के लिए उसे एक लड़के को बलिदान करना ही होगा। वृद्ध पिता ने अपने को ही सबसे पहले समर्पित किया, पर उसका समर्पण घटोत्कच को स्वीकार नहीं हुआ। यहाँ पुनः दर्शकों के मन में भविष्य के प्रति अनेक आशङ्कायें उठने लगती हैं। वृद्धा ब्राह्मणी ने अपने को समर्पण कर कृतकृत्य माना, पर उसको भी स्त्री होने के कारण घटोत्कच नहीं ले जा सका। अवशिष्ट तीनों भाई अपने-अपने कर्तव्य का पालन करना चाहते हैं, पर अन्त में मध्यम को ही इस महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए अपने को प्रस्तुत करना पड़ता है। इस समय मध्यम के प्रति सबकी सहृदयतापूर्ण सहानुभूति सञ्चित हो जाती है। उसका बलिदान सामान्य मानव की भूमिका से उसे काफी उन्नत कर देता है। यह दृश्य

बड़ा ही रोमाञ्चक बन पड़ा है। मृत्यु के पूर्व वह तृषा-शान्ति के लिए निकट सरोवर पर जाता है। घटोत्कच का उसे स्वेच्छानुकूल जाने की निःसङ्कोच आज्ञा दे देना, अत्यन्त कठोर व्यक्ति में कहीं एक कोमल और दयापूर्ण होने की ओर संकेत करता है। कठोरता में कोमलता का यह स्पर्श एक ओर रसात्मकता की वृद्धि करता है तो दूसरी ओर व्यक्तिवैचित्र्य भी उपस्थित करता है। मध्यम ब्राह्मणकुमार के न लौटने पर घटोत्कच वृद्ध ब्राह्मण से उसका नाम पूछता है और अपने अनुचित व्यवहार पर स्वयं क्षोभ भी प्रकट करता है। यहाँ दर्शकों के मन में ब्राह्मणकुमार के प्रति अनेक भाव उठते हैं और अधिकांश यही निश्चित-सा होता है कि शायद वह घटोत्कच को धोखा देना चाहता है। बाद में घटोत्कच उसके भाई से संकेत पाकर 'मध्यम' कहकर पुकारता है और भीम को अपने सामने उपस्थित पाता है। भीम के इस एकाएक प्रादुर्भाव से दर्शकों के मन पर घिरी हुई दैन्य और नैराश्य की भावनायें धीरे-धीरे छँटने लगती है। यहाँ से कथानक में एक असंभावित मोड़ उपस्थित होता है। एक ओर भीम अपने को 'मध्यम' सिद्ध करने में युक्ति पर युक्ति देते हैं, दूसरी ओर पूर्वपरिचित ब्राह्मण-कुमार उपस्थित होता है। वृद्ध ब्राह्मण की प्रार्थना पर उसके परिवार की रक्षा के लिए भीम बद्धपरिकर, अङ्कुरित आशा को और भी अभिसिञ्चित करते दिखाई देते हैं। घटोत्कच के सम्मुख भीम को उपस्थित देखकर एक बार सारे दर्शक पुनः आशा और निराशा के बीच दोलायमान होने लगते हैं और अन्त में भीम की इस शर्त पर कि बलपूर्वक ही वे उसकी माता के पास जायेंगे, पुनः एक समस्या आती है। समान बलवाले दो योद्धाओं के द्वन्द्व-युद्ध का क्या परिणाम होगा, इसकी प्रतीक्षा में सामाजिकों की आतुरता नाटक की सफलता का ही प्रमाण है। अन्त में सबका हिडिम्बा के पास पहुँचना 'प्राप्त्याशा' की स्थिति का स्पष्ट संकेत है। घटोत्कच शीघ्र ही मा के पास पहुँचकर सारा वृत्तान्त कह सुनाता है। वह द्वार पर आकर देखती है तो भीम को देखकर उसका असंभावित अप्रत्याशित भावपरिवर्तन दर्शकों में एक तीव्र कौतूहल का सर्जन करता है। हिडिम्बा की प्रतिक्रिया का घटोत्कच, वृद्ध ब्राह्मण आदि पर बड़ा विचित्र प्रभाव पड़ता है। वह प्रसन्नतापूर्वक, पर चुपके से भीम के कान में पूरे षड्यन्त्र का कारण बतला देती है। यद्यपि यहाँ हिडिम्बा का एक अपरिचित व्यक्ति के कान में बात

करना अस्वाभाविक और त्रुटिपूर्ण है फिर भी रसवत्ता में कमी नहीं आती। बाद में इनका पता चलता है कि वास्तव में हिडिम्बा भीम से ही मिलना चाहती थी, मानव का आहार नहीं। यही 'फलागम' है जहाँ भीम और हिडिम्बा मिलकर प्रसन्न होते हैं। ब्राह्मण के पैरों पर गिरता हुआ घटोत्कच मानवता की पशुता पर विजय का उद्घोष करता है। यह सुखान्त नाटक भरतवाक्य से समाप्त होता है।

शीर्षक—प्रस्तुत नाटक का शीर्षक दो शब्दों के योग से बना है—मध्यम और व्यायोग। इसकी व्याख्याएँ निम्न प्रकार से होती हैं—

(१) पाण्डवों में 'मध्यम' भीम पर आधारित व्यायोग (एक विशेष नाटक-प्रकार[1])।

पाण्डुपुत्रों में मध्यम किसे माना जाय इसमें मतभेद है। 'वेणीसंहार' में अर्जुन ने तो स्वयं अपना परिचय 'मध्यम' कहकर दिया है।[2] भास ने भीम को कुन्ती पुत्रों में मध्यम मानकर अपने 'पञ्चरात्र' के अभिमन्यु से 'मध्यमस्तातः' तथा 'मध्यम व्यायोग' में स्वयं उन्हीं के मुख से 'भ्रातृणामपि मध्यमः' कहलवाया है। कुन्ती ने भी 'भागवत' में भीम को ही मध्यमः माना है।[3]

इस प्रकार इसकी व्याख्या होगी—कुन्ती के पुत्र पाण्डवों में मध्यम भीम को लक्ष्य करके लिखा गया व्यायोग (एकांकी नाटक)।[4]

(२) मध्यम पाण्डव भीम का हिडिम्बा से विशिष्ट (पुनः) मिलन या संयोग जिसमें वर्णित हो ऐसा नाटक।[5]

(३) पाण्डवों में मध्यम भीम और ब्राह्मणकुमारों में मध्यम युवक—

---

१. मध्यमपाण्डुपुत्रमधिकृत्य कृतो व्यायोगः।

२. 'प्रणमति पितरौ वां मध्यमः पाण्डवोऽयम्। —वेणीसंहार, अंक ५।२७।

३. तं ममाचक्ष्व वार्ष्णेय कथमद्य वृकोदरः।
आस्ते परिघबाहुः स मध्यमः पाण्डवो बली॥ —भगवद्यान पर्व ९०। २७।

४ मध्यमः भीमः कुन्तीतनयत्वावच्छिन्नपाण्डवेषु तस्यैव मध्यमत्वात्। मध्यम-मुद्दिश्य कृतो व्यायोगः इति मध्यमव्यायोगः।

५ मध्यमस्य मध्यमपाण्डवस्य भीमस्य (राक्षसी) हिडिम्बया सह विशेषेण आयोग-संयोगः यस्मिन्निति मध्यमव्यायोगः।

का विनियोजन जिस नाटक में किया गया हो, वह है मध्यमव्यायोग ।[1]

इस प्रकार यद्यपि महाकवि भास ने इस नाटक का कुछ अन्य भी नाम दिया हो तथापि 'मध्यमव्यायोग' शीर्षक के द्वारा सम्पूर्ण नाटक की कथावस्तु सिमट कर एक शब्द में बँध जाती है !

व्यायोग—व्यायोग एकांकी नाटक का वह प्रकार है जिसमें प्रसिद्ध पौराणिक इतिवृत्त होता है। उसका नायक इतिहासप्रसिद्ध धीरोद्धत होता है। गर्भ और विमर्श सन्धियाँ नहीं होती और ओजगुण की प्रधानता होती है अर्थात् हास्य-शृङ्गार से भिन्न वीर, रौद्र आदि रस होते हैं। उसमें शौर्य, विद्या, कुल, धन और रूपादि की स्पर्धा से उत्पन्न संघर्ष होते हैं। कैशिकी वृत्ति का उसमें प्रयोग नहीं होता। सारी घटनाएँ एक ही दिन में घटती हैं अर्थात् एक ही दिन का चरित उसकी कथावस्तु होती है और सबका अभिनय एक ही अङ्क में किया जाता है। इसमें पुरुष पात्रों की बहुलता होती है।[2]

प्रस्तुत नाटक भी एक ही दिन की घटनाओं पर आधारित एकांकी है। इसके नायक प्रख्यात पाण्डव योद्धा भीम हैं। उनमें धीरोद्धत के सभी गुण विद्यमान हैं। हिडिम्बा और ब्राह्मणी दो ही स्त्री पात्र हैं और पुरुष पात्रों में भीम, घटोत्कच, वृद्ध ब्राह्मण और उसके तीन पुत्र आते हैं। इसमें घटोत्कच और भीम का युद्ध स्त्रीनिमित्तक न होकर ब्राह्मण परिवार की रक्षा और बलाबल निर्णय के हेतु हुआ है। इसमें हास्य या शृङ्गार का कहीं भी पुट नहीं है। नाटक का आरम्भ भयानक वातावरण में होता है। घटोत्कच के रौद्र रूप को देखकर ब्राह्मण परिवार में भय का संचार हो जाता है और वे डर के मारे भागते हुए दिखाए गए हैं। घटोत्कच के द्वारा रखे गए प्रस्ताव के लिए ब्राह्मणकुमारों का

---

१. मध्यमौ भीमः ब्राह्मणकुमारश्च व्यायुज्येते अस्मिन् इति नाटकम्।
तथा इसी मत का समर्थन पुशलकर ने निम्न शब्दों में किया है—
......'the work where the two Madhymas are brought together.' Bhasa: A study p. 201.

२. ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः ख्यातोद्धतनराश्रयः।
हीनो गर्भविमर्शाभ्यां दीप्ताः स्युर्डिमवद्रसाः॥
अस्त्रीनिमित्तसंग्रामो जामदग्न्यजये यथा।
एकाहाचरितैकांको व्यायोगो बहुभिर्नरैः॥ धनंजयः दशरूपक ३।६०-६२।

आत्मसमर्पण करुण रस का अङ्कुर करता है तथा बाद में भीम का आगमन अद्भुत रस उत्पन्न करके वीर रस की भूमिका तैयार करता है। युद्ध का वर्णन दोनों उक्त रसों का बराबर वर्द्धन करता है। अन्तिम दृश्य में भी हम हिडिम्बादि के व्यवहार देखकर आश्चर्य-चकित हो जाते हैं। इस प्रकार शुरू से अन्त तक विरोधी रसों का उद्भव नहीं होता और सब दृष्टियों से यह नाटक एक सफल व्यायोग सिद्ध होता है।

नाटकीय संविधान—प्रस्तुत ग्रन्थ की नाटकीय विशेषताओं की चर्चा 'कथावस्तु' और 'व्यायोग' नामक शीर्षकों में काफी हो चुकी है। जो कुछ अंशों में कमी रह गई है यहाँ हम उसे पूरी करेंगे।

'मध्यमव्यायोग' की सारी घटनाएँ रसानुभूति और कौतूहल की वृद्धि में सहायक सिद्ध होती हैं। नेपथ्य से आनेवाली किसी असहाय की पुकार दर्शकों में करुणा का संचार करती है। सूत्रधार के साथ ही सामाजिकों के भी मन में उस वृद्ध ब्राह्मण तथा उग्र प्रकृतिवाले घटोत्कच के विषय में जिज्ञासा उत्पन्न होती है। सबकी नजरें रंगमंच पर टँग जाती हैं और क्षण भर में सबका हृदय भय और करुणा से आपूर्ण हो जाता है। संकटापन्न स्थिति में ब्राह्मणपरिवार का एक दूसरे के प्रति अपूर्व सहानुभूति और प्रेम करुणा को प्रवर्धित कर देता है। भीम और उनके पुत्र घटोत्कच का युद्ध आश्चर्य और आशंका से मन को आन्दोलित कर देता है। भविष्य के परिणाम की जिज्ञासा को बनाये रखने के लिए महाकवि भास ने कथानक के मोड़ बड़े मार्मिक रखे हैं। प्रारंभ से अंत तक आशा और निराशा का धूपछाहीं ताना-बाना बुन गया है। अंत में हिडिम्बा का भावपरिवर्तन दर्शक को आश्चर्यचकित कर देता है। संभावित परिणाम एकाएक बहुत दूर चला जाता है और रौद्ररस के स्थान पर प्रेम की ही पीयूषधारा प्रवाहित होने लगती है; जिससे प्रत्येक व्यक्ति का हृदय भर जाता है और दर्शक हर्षविभोर हो उठते हैं। इस प्रकार कवि ने इस नाटक को नाटकीय तत्त्वों से पूर्ण और रोचक बनाया है।

भाषाशैली और कथोपकथन—भाषाशैली की दृष्टि से यह नाटक बड़ा सफल है। लम्बी और समासान्त पदावलियों का कहीं भी प्रयोग नहीं किया गया है और न कहीं एक या दो वाक्यों से अधिक कोई पात्र बोलता ही है। इससे एक विशेष प्रकार की गतिमयता आ गई है। भाषा में कहीं भी कोई दुरूह या अप्रच-

गलित शब्द नहीं आया है। अतः उसमें पूर्ण प्रवाह और प्रभावोत्पादकता भी है। 'मध्यम' को पुकारने पर भीम का उपस्थित होना और ब्राह्मण परिवार को छोड़ देने के लिए बारम्बार कहे जाने पर यह कहना कि "यदि मेरा पिता भी दृढ़ निश्चयपूर्वक 'इसे छोड़ दो' कहता तो भी माता की आज्ञा से पकड़ा गया यह (ब्राह्मण) न छोड़ा जाता"[1] बड़ा ही नाटकीय बन पड़ा है। प्रत्येक पात्र अपने व्यक्तित्व के कारण एक दूसरे से सर्वथा भिन्न और स्वतन्त्र हैं। कथोपकथनों के द्वारा एक ओर कथा का विकास और फलाप्ति (हिडिम्बा भीम-मिलन) की सुनिश्चितता होती है तो दूसरी ओर पात्रों का चरित्र भी स्पष्ट होकर सामने आता जाता है।

संकलन-त्रय—नाटकों की सफलता कार्य, देश और काल की एकता पर निर्भर रहती है—ऐसा पाश्चात्य विद्वानों का मत है। मध्यमव्यायोग को इस कसौटी पर यदि कसा जाय तो यह खरा उतरता है।

प्रारम्भ में ब्राह्मणपरिवार की कथा मध्यम (पाण्डव) के आगमन की सुदृढ़ भूमिका है और उसी के माध्यम से भीम दर्शकों के सम्मुख सहसा, पर स्वाभाविक रूप में उपस्थित होते हैं। मध्य में घटोत्कच और भीम का युद्ध घटनाचक्र में गत्वरता और उत्सुकता के साथ-साथ प्राप्त्याशा की ओर संकेत करते हैं। इन सबकी परिणति हिडिम्बा-भीम-मिलन में बिना किसी अस्वाभाविकता के होती है। इस प्रकार प्रस्तुत कृति में कार्य की एकता स्पष्ट है।

प्रस्तुत नाटक एकांकी और एक ही दृश्य का है, अतः स्थानान्तर की संभावना भी नहीं होती और है भी नहीं। बस जहाँ पर्दा उठता है वहीं सब घटनाएँ एक के बाद एक बड़ी सरलता से घटित होती चली जाती हैं। रंगमंच एक वनस्थली के रूप में सामने आता है और अन्त तक बना रहता है। थोड़ा सा परिवर्तन हिडिम्बा की कुटी आदि के दृश्य में है पर वह बिना दृश्य बदले ही किसी संकेत द्वारा अवगत कराया जा सकता है। इसलिए इस नाटक में स्थान (देश) की एकता बनी रहती है।

भास ने प्रस्तुत नाटक की सारी घटनाओं को एक ही दिन में कौन कहे दो प्रहरों में ही समाप्त कर दिया है। अतीत की ओर न विशेष आकर्षण है

१. 'मुच्यतामिति विस्रब्धं ब्रवीति यदि मे पिता।
न मुच्यते तथा ह्येष गृहीतो मातुराज्ञया॥' १।३६

और न भविष्य की चिंता। सारी कथावस्तु एक ही दिन के पूर्वार्द्ध तक सीमित है। प्रातःकाल ब्राह्मणपरिवार अपने सम्बन्धी के उत्सव में सम्मिलित होने को निकल पड़ता है और रास्ते के आवर्जित वनप्रदेश में उसका घटोत्कच से पीछा होता है। थोड़ी देर के बाद भीम आते हैं। तत्पश्चात् एक दो घण्टे में युद्ध इत्यादि समाप्त करके हिडिम्बा से मिलन होता है। इस प्रकार सारी घटनाओं की सम्प्राप्ति दोपहर के थोड़ी देर बाद तक हो जाती है अतः समयः (काल) में भी कोई विशेष प्रसार नहीं है और समय की एकता का पूर्ण निर्वाह अवलक्षित हुआ है।

काव्य तत्व—दृश्यकाव्य में तत्व की अनिवार्यता सर्वथा सिद्ध है। भावानुभूतियों की अभिव्यक्ति में बिना काव्य का सहारा लिये सफलता नहीं मिल सकती। रसदशा में सामाजिकों को पहुँचाने के लिए कवि भास ने भी अनूठी कल्पनाओं के अनेक चित्र खींचे हैं। प्रस्तुत नाटक के अप्रस्तुत विधान अधिकतर सादृश्यमूलक हैं जो रूपानुभूति के साथ हृदय में कवि के अभीष्ट रस की भी उत्पत्ति करते हैं।

प्रथम श्लोक का उत्तरार्ध कवि की प्रौढ़ उपमा का सुन्दर उदाहरण है। रूप-सादृश्य के द्वारा कवि ने एक सुन्दर चित्र उपस्थित किया है। तृतीय श्लोक में कवि ने संत्रस्त ब्राह्मण परिवार की मानसिक विकलता का बड़ा ही सजीव चित्र प्रस्तुत किया है, सांगरूपक ने थोड़े से शब्दों में बहुत-कुछ भाव व्यक्त करा दिया है। सूत्रधार कहता है—

> श्रान्तैः सुतैः परिवृतस्तरुणैः सदारैः वृद्धो द्विजो निशिचरानुचरः स एषः।
> व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः सन्त्रस्तवत्सक इवाकुलतामुपैति ॥ ३ ॥

भयाक्रान्त तरुण पुत्रों और पत्नी से युक्त राक्षस से पीछा किया गया वह बुड्ढा ब्राह्मण, सिंह के आक्रमण से चकित गाय और पूर्णरूप से डरे हुए बछड़ों से युक्त वृषभ की भाँति व्याकुल हो रहा है।

कवि ने भावों को बिना किसी आडम्बर के सीधे सरल शब्दों में बड़ी सफलता से व्यक्त किया है।

जहाँ तक काव्य चित्रों का प्रश्न है वे भावोद्रेक और रसानुभूति में बड़े सफल सिद्ध हुए हैं। एक-एक श्लोक के द्वारा कवि ने इतनी गहरी अनुभूति जगाई है कि नाटक के पात्र सजीव और प्रभावोत्पादक बन गये हैं। घटोत्कच के रौद्र रूप का सांगोपांग विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रथम (ब्राह्मण कुमार) कहता है कि इसके

नेत्र सूर्य और चन्द्र की भाँति तेजोमय हैं। मोटा और चौड़ा सीना, स्वर्णिम आभा से युक्त उसके केश और पीले रेशम का वस्त्र पहने हुए, अन्धकार के समान श्याम वर्ण वाले घटोत्कच के बाहर निकले हुए सफेद दाँत ऐसे हैं मानो नवीन चन्द्र की कला जलपूर्ण (होने के कारण विशेष काले) मेघ में लीन हो रही हो।[1]

इसी प्रकार संभावना एवं सादृश्यमूलक अप्रस्तुतों के द्वारा रूप चित्रण करने में इन्हें अन्यत्र भी सफलता मिली है।[2] रूपक के द्वारा भयानक आकृति को और भी स्पष्ट किया गया है। जैसे—'मृत्युः पुरुषविग्रहः' आदि।

भावों को आस्वाद्य बनाने के लिए कवि ने बड़ी सुन्दर उपमाएँ चुनी हैं जिनके दर्शन कई स्थलों पर होते हैं।[3]

भावानुरूप छन्दों के विधान में भी कवि ने कौशल दिखाया है। प्रस्तुत व्यायोग में कुल बावन छन्द हैं जिसमें से ३४ अनुष्टुप्, १ उपेन्द्रवज्रा, २ उपजाति, ३ पुष्पिताग्रा, १ वंशस्थ, ६ वसंततिलका, ४ मालिनी और १ शार्दूलविक्रीडित हैं।

कुछ लोग अनुष्टुप् की अधिकता से इस लघुकाय एकाङ्की को बोझिल मानते हैं पर भास के ये छोटे पर अर्थगर्भित श्लोक नाटक में रसात्मकता ही उत्पन्न करते हैं न कि गत्यवरोध।

चरित्र-चित्रण

'मध्यमव्यायोग' में भीम, घटोत्कच, हिडिम्बा, वृद्ध केशवदास, ब्राह्मणी और उनके तीन पुत्र कुल मिलाकर आठ पात्र हैं। वृद्धा ब्राह्मणी और हिडिम्बा इन को छोड़कर शेष छः पुरुष पात्र हैं। नाटक की दृष्टि से भीम का स्थान महत्त्वपूर्ण है। वे ही इसके नायक हैं क्योंकि उन्हीं को लक्ष्य में रखकर हिडिम्बा ने यह षड्यन्त्र (?) रचा है और बाद में वे ही फल के भोक्ता होते हैं। दूसरा महत्त्व घटोत्कच को दिया जा सकता है जो कि 'फलागम' के लिए एक साधन के रूप में हमारे सामने सिद्ध होते हैं फिर हिडिम्बा, मध्यम (ब्राह्मण कुमार), केशवदास और बाद में दो कुमार और ब्राह्मणी का महत्त्व क्रमशः स्वीकार किया जा सकता है।

---

१. 'ग्रहयुगलनिभाक्षः पीनविस्तीर्णवक्षाः, कनककपिलकेशः पीतकौशेयवासाः।
तिमिरनिवहवर्णः पाण्डुरोद्वृत्तदंष्ट्रो, नव इव जलगर्भो लीयमानेन्दुलेखः।

२. देखिए—श्लो० सं० ६, मध्यमव्यायोग, तथा श्लो० सं० २५ ऊरुभङ्ग।

३. श्लो० सं० २४, ३३, ४८।

भीम—यद्यपि सम्पूर्ण महत्त्वपूर्ण घटनाओं का नियन्ता घटोत्कच है तथापि भीम का व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली है। उसके साथ ही इस नाम से संबद्ध संस्कारजन्य महत्त्व-बुद्धि भी जागृत हो जाती है। उसके शारीरिक बल ने हृदय पक्ष को कमजोर नहीं बनाया अपितु उसमें पर्याप्त सहृदयता और दलित एवं संत्रस्त के प्रति पूरी सहानुभूति है।[१] उसका व्यक्तित्व घटोत्कच पर भी पर्याप्त प्रभाव डालता है और वह कह उठता है—'अहो! यह दर्शन के योग्य पुरुष है'।[२] भीमसेन में आत्माभिमान के साथ दूसरे के गुणों की वृत्ति भी पाई जाती है।[३] गुरु-गुरु में भीम का आगमन ही एक ऐसी स्थिति में होता है कि सबकी दृष्टि उन्हीं पर रुक जाती है। घटोत्कच जैसे शूर को परास्त कर उन्होंने अपने पौरुष का प्रदर्शन किया और अन्त में उसकी चपलता को क्षमा करके उसके गर्व और बल पर उन्होंने प्रसन्नता ही व्यक्त की।

भीम क्षत्रिय के कर्तव्यों को खूब जानते थे और उसका पालन उन्होंने प्राण-पण से किया अतः वे सच्चे अर्थों में वीर क्षत्रिय के रूप में हमारे सामने आते हैं।[४] उनमें माता एवं ब्राह्मणों के प्रति पूज्य बुद्धि सर्वदा बनी रहती है।[५] हिडिम्बा के प्रसङ्ग में भीम एक प्रेमी पति के रूप में चित्रित किए गए हैं। हिडिम्बा को देखकर भीम में मानवसुलभ प्रसन्नता का प्रादुर्भाव होता है और वे उसकी सहृदयता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि तुम जाति से तो राक्षसी हो पर आचरण से नहीं।[६]

---

१. देखिए —श्लोक सं० ३३, एवं ३४।

२. देखिए—,, ,, २७।

३. देखिए—, ,, ३५।

तथा—भीमः—(आत्मगतम्) 'कथं मातुराज्ञेति। अहो गुरुशुश्रूषुः खल्वयं तपस्वी।'

४. 'क्षतात् किल त्रायत इत्युदग्रः, क्षत्रस्य शब्दो भुवनेषु रूढः।'—रघुवंश।

५. माता किल मनुष्याणां दैवतानां च दैवतम्।
मातुराज्ञां पुरस्कृत्य वयमेतां दशां गताः॥ ३७॥

तथा—भीमः—'क्षत्रियकुलोत्पन्नोऽहम्। पूज्यतमा खलु ब्राह्मणाः। तस्माच्छरीरेण ब्राह्मण-शरीरं विनिर्मातुमिच्छामि।

६. '...जातकारुण्यया देवि! संतापो नाशितस्त्वया॥ ४३॥

तथा—भीमः—जात्या राक्षसी, न समुदाचारेण।

घटोत्कच—घटोत्कच का चारित्रिक संघटन ऐसे सन्धिस्थल पर हुआ है जिसमें मानव की सहज उदात्त भावना के साथ वीरता, दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता आदि गुण पाए जाते हैं। पहले पहल उसके उग्र और अमानुषी आचरण पर सूत्रधार ही प्रकाश डालता है।[1] वृद्ध ब्राह्मण को वह प्रलयकालीन (युगनिधने) साक्षात् शङ्कर की प्रतिमा मालूम पड़ता है। द्वितीय कुमार को वह त्रिपुरदाहक रुद्र का रोष ही है और तीसरे कुमार को वह पुरुष रूप में मृत्यु सा मालूम होता है। इसी प्रकार भीम भी उसकी उपमा राहु से देते हैं।[2] उसकी शारीरिक शोभा की प्रशंसा भीम ने प्रथम दृष्टिपात ही में की है।[3] उससे भी पहले उसके उच्च स्वर को सुनकर उन्हें आश्चर्य होता है तथा मन में अनेक तर्क-वितर्क उठने लगते हैं कि अर्जुन के समान यह अन्य किसका स्वर हो सकता है।[4] राक्षसी के गर्भ से समुद्भूत होने पर भी युद्धप्रिय और शरण में आए हुए पर कृपा करनेवाले (युद्धप्रियाश्च शरणागतवत्सलाश्च) पाण्डव भीम का पुत्र होने के कारण उसमें आर्यजनोचित दया, क्षमा, करुणा और ब्राह्मणों के प्रति पूज्य भाव पाया जाता है। वह निरपराध ब्राह्मण परिवार को कष्ट देकर स्वयं ग्लानियुक्त वाणी में कहता है—यद्यपि ब्राह्मण पूज्य होते हैं यह जानता हूँ पर आज माता की आज्ञा से मुझे यह न करने योग्य कार्य भी निःशंक होकर करना होगा।[5] उसे पानी पीने के लिए (मध्यम) ब्राह्मण कुमार को आज्ञा देने में जरा भी हिचक नहीं होती। उसके शीघ्र न आने पर वह उसका नाम वृद्ध से पूछता है और उसके क्रुद्ध होने पर क्षमायाचनापूर्वक अपने स्वाभाविक दोष के लिए खेद करता है। उसे अपने माता-पिता पर गर्व है। परिचय बताते हुए उसका शिर आत्माभिमान से ऊँचा हो जाता है।[6]

केशवदास—प्रस्तुत नाटक में केशवदास का स्थान कोई विशेष महत्त्वपूर्ण

---

१. सूत्रधारः—···'एष खलु पाण्डवमध्यमस्यात्मजो हिडिम्बारणिसंभूतो राक्षसाग्निरकृतवैरं ब्राह्मणजनं वित्रासयति।'

२. देखिए—श्लोक सं०, ४, ६, ७ और ३३।

३. देखिए—,, ,, २६।   ४. देखिए—श्लोक सं० २५।

५. जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमाः पूज्यतमा पृथिव्याम्।
अकार्यमेतच्च मयाद्य कार्यं मातुर्नियोगादपनीय शंकाम्॥ ९॥

६. देखिए—श्लोक सं० ३८।

नहीं है पर उसके द्वारा भीम और घटोत्कच का चरित्र और भी स्पष्ट हुआ है। उसमें कर्तव्यपरायणता के साथ अपने परिवार की रक्षा का भाव बड़ा ऊँचा है। वह अपने शरीर के द्वारा सबकी रक्षा करना चाहता है। वृद्धत्व के कारण सङ्कटग्रस्त होने पर उसकी बुद्धि जड़ हो जाती है, पर क्षण-क्षण में उसे रक्षा का प्रकाश दिखाई देता है, पुनः लुप्त होता है, पुनः दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में वृद्ध और प्रथम कुमार के कथोपकथन के द्वारा कवि ने मानव-मन में होने वाली आशा और निराशा की आँखमिचौनी का बड़ा ही सजीव चित्र खींचा है। वृद्ध का हृदय इतना सरल है कि किसी भी बात पर शीघ्र विश्वास कर लेता है। यह बच्चों जैसी सरलता बड़े स्वाभाविक रूप में चित्रित की गई है[1]। घटोत्कच की शर्त कि (दो पुत्र और अपनी पत्नी का यदि मोक्ष चाहते हो तो एक पुत्र मुझे दे दो) सुनकर उसे बड़ा आघात लगता है और वह तुरंत कहता है, 'मैं वेदविद् ब्राह्मण हूँ, अपना शील और गुण से युक्त पुत्र मानवभक्षी को देकर कैसे आत्मशांति प्राप्त करूँगा'?[2]

द्वितीय पुत्र जब अपने को राक्षस की क्षुधा-शान्ति के लिए अर्पित कर देता है तो वृद्ध ब्राह्मण उसके आत्म-बलिदान की प्रशंसा करता है, उसे ब्रह्मलोक प्राप्ति का आशीष देता है पर यह मूल्य उसे बड़ा महँगा पड़ा। शुनःशेपोपाख्यान के अजीगर्त की भाँति वह अपने पुत्र का विक्रेता लोलुप पशु की भूमिका तक नहीं उतरता, अपितु उसे सारा परिवार खण्डित लगता है, सारा जीवन विद्रूप और प्रवंचित।[3] घटोत्कच उससे उसके पुत्र का नाम पूछता है तो वह व्यथित होकर आक्रोशपूर्ण शब्दों में उसकी भर्त्सना करता है। अन्त में घटोत्कच की सारी धृष्टता को क्षमा करके प्रणाम करने पर हृदय से आशीर्वाद देता है।

इस प्रकार उसमें सच्चे पिता, सदाचारी एवं क्षमाशील ब्राह्मण और आत्म-बलिदान करके भी परिवार की रक्षा करने आदि के गुण पाए जाते हैं।

हिडिम्बा—हिडिम्बा की चर्चा तो हम बहुत पहले से ही सुनने लगते हैं पर उसके दर्शन अन्तिम वेला में होते हैं। उसका चिरकल्पित रूप जितना ही

---

१. देखिए—श्लोक ८ से १२।

२. ब्राह्मणः श्रुतवान्वृद्धः पुत्रं शीलगुणान्वितम्।
पुरुषादस्य दत्त्वाहं कथं निर्वृतिमाप्नुयाम्॥ १३॥

३. देखिए श्लोक सं०, २३।

भयानक और अमानुषी है उतना ही उसका वास्तविक रूप सरल और मानवीय है। पहले तो उसके घटोत्कच के किए गए प्रश्न केवल नाटकीय परिपाटी का पालन मात्र मालूम होते हैं पर बाद में जब यह स्पष्ट होता है कि उसका (मानुषाहार का) आशय क्या था तभी उन प्रश्नों की भी महत्ता मालूम होती है जो उसके कोमल पहलू को और भी चमत्कृत कर देते हैं। उसकी प्रशंसा स्वयं भीम करते हैं। इस प्रकार उसके चरित्र में मानवीय लज्जा (जो षड्यंत्र का मूल कारण है), हर्ष और दया आदि भाव पाए जाते हैं।

मध्यम (द्वितीय ब्राह्मणकुमार)—जिस प्रकार उत्तरार्द्ध में हिडिम्बा आती है उसी प्रकार नाटक के पूर्वार्द्ध में ही मध्यम का चरित्र विकसित होता है। इसका चित्र कवि ने जितना कारुणिक खींचा है और किसी का नहीं। तीन सहोदर भाइयों में से एक को माँ प्यार करती है। दूसरे को पिता, बीच का जो बचा वह न माँ की ओर जा सकता है और न पिता की ओर। अतः उसे आत्मबलिदान करना ही होता है। पर यहाँ मध्यम में किसी प्रकार की विषाद की रेखा नहीं दिखाई देती, वह प्रसन्नतापूर्वक अपने पूज्यों की रक्षा करने को तत्पर होता है। वह कहता है कि 'मैं धन्य हूँ क्योंकि मैंने अपने प्राणों के विनिमय से अपने पूज्यों की प्राणरक्षा की है। भाइयों (बन्धु-बान्धवों) के प्रेम से काल का प्रेम प्राप्त करना, मृत्यु का आलिंगन मिलना बड़ा दुर्लभ है'।[1] घटोत्कच की आज्ञा पाकर ही वह प्यास बुझाने जाता है और अपने वचन के अनुसार (यद्यपि कुछ विलम्ब होता है पर) वापस लौटकर अपने आने की सूचना (भोः पुरुष ! प्राप्तोऽस्मि।) बड़ी निर्भीकता से देता है। जब भीम उसके पिता से कहते हैं कि 'हे ब्राह्मण ! अपने पुत्र को लो। हम इसके साथ जायेंगे।' तो वह 'जान बची लाखों पाए' ऐसा नहीं सोचता अपितु अपने पूर्व संकल्प को पुनः कहता हुआ भीमसेन को उसके साथ जाने से रोकता है। त्याग की इतनी उदात्त भूमिका अन्यत्र दुर्लभ है।

शेष नाटक के पात्र नगण्य हैं यद्यपि अपने कर्त्तव्य का निर्वाह ब्राह्मणी और शेष दो कुमारों ने भी किया है पर उनका कोई विशेष महत्त्व नहीं है।

---

१. धन्योऽस्मि यद् गुरुप्राणाः स्वैः प्राणैः परिरक्षिताः। बन्धुस्नेहाद्धि''''॥३०॥

२. त्यक्ताः प्रागेव मे प्राणा गुरुप्राणेष्वपेक्षया। युवा रूपगुणोपेतः'''॥ ४०॥

कथासारः

त्यक्ताः प्रागेव मे प्राणा गुरुप्राणेष्वपेक्षया ।
युवा रूपगुणोपेतो भवांस्तिष्ठतु भूतले ॥ ४० ॥

वहु = अनल्पं पितृभिः = जनकैः (अस्माभिः) सदृशं = तुल्यं (किन्तु) प्रजासु = जनेषु (प्रजा स्यात् सन्ततौ जने इत्यमरः ।) वीतकारुण्यं वीतं करुणस्य भावः कारुण्यं यस्मिन् तत्=त्यक्तकृपं मनः=चित्तं (चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मनः । अमरः) कीदृशं = कथं (भिन्नं) जातमिति ॥ ३९ ॥

मध्यमः ब्राह्मणपुत्रः भीमं वारयति—त्यक्ता इति ।

गुरुप्राणेषु—गुरूणां प्राणाः तेषु = पूज्यतमजीवेषु अपेक्षया=तेषां कृते मे = मम (ब्राह्मणवटोः) प्राणाः = असवः । प्रागेव = ग्रहणदशायामेव त्यक्ताः=मुक्ताः अतः युवा = तरुणः भवान् = भीमः रूपगुणोपेतः—रूपगुणाभ्याम् उपेतः=युक्तः भूतले= पृथिव्यां तिष्ठतु = वहुकालं जीवतु । अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ ४० ॥

(क्षत्रिय होने के कारण सन्तति के समान) प्राणियों के प्रति कैसे इसका मन इतना दयाविहीन हो गया ॥ ३९ ॥

(प्रकाश में) हे पुरुष ! इसे छोड़ दो ।

घटोत्कच—नहीं छोड़ता ।

भीम—हे ब्राह्मण ! अपने पुत्र को लो । (इसके स्थान पर) मैं ही इसके पीछे जाता हूँ ।

द्वितीय—नहीं, ऐसा नहीं ।

गुरुजनों के प्राण के विनिमय में मैंने पहले ही अपने प्राण के त्याग का निश्चय किया है आप सुन्दर और श्रेष्ठ गुणों वाले (हैं, अतः) इस पृथ्वी पर चिरकाल तक रहें ॥ ४० ॥

भीमः—आर्य ! मा मैवम् । क्षत्रियकुलोत्पन्नोऽहम् । पूज्यतमाः खलु ब्राह्मणाः । तस्माच्छरीरेण ब्राह्मणशरीरं विनिर्मातुमिच्छामि ।

घटोत्कचः—एवं क्षत्रियोऽयं, तेनास्य दर्पः । भवतु, इममेव हत्वा नेष्यामि । अथ केनाय वारितः ।

भीमः—मया ।

घटोत्कचः—किं त्वया ?

भीमः - अथ किम् ।

घटोत्कचः—तेन हि भवानेवागच्छतु ।

भीमः—एवमतिबलवीर्यान्नानुगच्छामि । यदि ते शक्तिरस्ति बलात्कारेण मां नय ।

घटोत्कचः किं मां प्रत्यभिजानीते भवान् ।

भीमः—मत्पुत्र इति जाने ।

घटोत्कचः—कथं कथं तव पुत्रोऽहम् ।

एवमतिबलवीर्यात्—अतिशयिते बलवीर्ये यस्य तस्मात्—आत्मानमतिपराक्रमशालिनं मन्यमानत्वात् । बलात्कारेण = बलपूर्वकेण ।

भीम—आर्य ! ऐसा नहीं । मैं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुआ हूँ । ब्राह्मण तो सबसे पूज्य हैं इसलिए अपने शरीर से ब्राह्मण के शरीर को बदलना चाहता हूँ (अर्थात् अपना शरीर राक्षस को देकर ब्राह्मण के शरीर की रक्षा करना चाहता हूँ) ।

घटोत्कच—ऐसा ? यह क्षत्रिय है इसीसे इसे इतना गर्व है । अच्छा मैं तो इसी (कुमार) को मार कर ले जाऊँगा । फिर किसके द्वारा रोका गया ।

भीम—मुझसे ।

घटोत्कच—क्या तुमसे ?

भीम—और क्या ।

घटोत्कच—तो आपही आइए ।

भीम—इस प्रकार (मैं) अधिक बल-पराक्रमशाली के पीछे नहीं जाऊँगा । यदि तुम में शक्ति है तो मुझे बलपूर्वक ले जाओ ।

घटोत्कच—क्या मुझे जानते हैं आप (मैं कौन हूँ) ?

भीम—मेरे पुत्र ऐसा जानता हूँ ।

घटोत्कच—कैसे-कैसे तुम्हारा मैं पुत्र ?

भीमः—कथं कुप्यति । मर्षयतु भवान् । सर्वाः प्रजाः क्षत्रियाणां पुत्रशब्देनाभिधीयन्ते । अत एवं मयाभिहितम् ।

घटोत्कचः—भीतानामायुधं गृहीतम् ।

भीमः—

शपामि सत्येन भयं न जाने ज्ञातुं तदिच्छामि भवत्समीपे ।
किंरूपमेतद्वद भद्र तस्य गुणागुणज्ञः सदृशं प्रपत्स्ये ॥ ४१ ॥

घटोत्कचः—एष ते भयमुपदिशामि । गृह्यतामायुधम् ।

भीमः—आयुधमिति, गृहीतमेतत् ।

घटोत्कचः—कथमिव ।

भीमः घटोत्कचं प्रति तद्भयस्वरूपं ज्ञातुमिच्छन् पृच्छति—शपामीत्यादिना । हे भद्र = हे वीरपुरुष अहं भीमः सत्येन = ऋतेन शपामि = शपथं करोमि भयं = भीतिं न जाने = न जानामि । तत् भयं भवत्समीपे = भवतः समीपं तस्मिन् = त्वत्पार्श्वे ज्ञातुम् = अवगन्तुम् इच्छामि = ईहे एतद् रूपं = भयस्य रूपं, किमाकारं तस्य = भयस्य गुणागुणज्ञः = गुणावगुणवेत्ता त्वं वद = ब्रूहि सदृशम् = अनुरूपं त्वां प्रपत्स्ये = प्राप्तः । अतः स्वयं त्वमेव अस्य स्वरूपं वक्तुं शक्नोषीति पृच्छामीति भावः । उपजातिवृत्तम् ॥ ४१ ॥

भीम—(आप) क्यों क्रुद्ध होते हैं । क्षमा करें आप । सारी प्रजा क्षत्रियों के द्वारा पुत्र शब्द से ही पुकारी जाती है ।

घटोत्कच—(आपने) दुर्बलों का शस्त्र (बात बनाना) ग्रहण कर लिया ।

भीम—मैं सत्य शपथ खाता हूँ, भय नहीं जानता । उसी को आपके समीप जानने के लिए आया हूँ । हे भद्र ! उसका क्या रूप है बतलाओ क्योंकि तुम उसके अवगुण और गुणों के ज्ञाता हो ॥ ४१ ॥

घटोत्कच—यह तुम्हें डर की शिक्षा देता हूँ । शस्त्र ग्रहण करो ।

भीम—शस्त्र ? यह इसे ले लिया ।

घटोत्कच—किस तरह ?

भीम:—

काञ्चनस्तम्भसदृशो रिपूणां निग्रहे रत: ।
अयं तु दक्षिणो बाहुरायुधं सहजं मम ॥ ४२ ॥

घटोत्कच: - इदमुपपन्नं पितुर्मे भीमसेनस्य ।

भीम:—अथ कोऽयं भीमो नाम ।

विश्वकर्ता शिव: कृष्ण: शक्र: शक्तिधरो यम: ।

आयुधं = शस्त्रं ।

काञ्चनेति—रिपूणां = वैरिणां (रिपौ वैरिसपत्नारिद्विषद्द्वेषणदुर्हृद इत्यमर: ।) निग्रहे = पराजये रत: = संलग्न: काञ्चनस्तम्भसदृश: = काञ्चनस्य स्तम्भ: तेन सदृश: = सुवर्णस्तम्भोपम: अयं = यत् शरीरवर्ती दक्षिण: = वामेतर: बाहु:= भुज: मम = भीमस्य सहजं—सहजातं स्वाभाविकम् आयुधं = शस्त्रम् अस्तीति शेष: । अत: कुतोऽन्यायुधस्यावश्यकता ॥ अनुष्टुब् वृत्तम् । काञ्चनस्तम्भसदृशो उपमा अलङ्कार: ॥ ४२ ॥

उपपन्नम् = योग्यम् ।

विश्वेति— विश्वकर्ता-विश्वस्य = जगत: कर्ता = रचयिता निर्माणकर्त्तेति भाव: = ब्रह्मा, शिव: = पशुपति: (शम्भुरीश: पशुपति: शिव: शूली महेश्वर:) कृष्ण:—कर्षति जनेभ्य: दु:खान् य: स: = विष्णु: (विष्णुर्नारायण: कृष्णो वैकुण्ठो विष्टरश्रवा इत्यमर: ।) शक्र: = दिवस्पति: (जिष्णुर्लेखर्षभ: शक्र: शतमन्युर्दिवस्पति: । अमर:) शक्तिधर:— धरतीति धर: शक्ते: धर: = कुमार: (षाण्मातुर: शक्तिधर: कुमार: क्रौञ्चादारण: । अमर:) यम: = शमन: (शमनो यमराड् यम: ।

भीम—स्वर्ण के खम्भे के समान शत्रु-विनाश में परम संलग्न यह हमारा दक्षिण बाहु ही मेरे अनुरूप शस्त्र है ॥ ४२ ॥

घटोत्कच—यह तो मेरे पिता भीमसेन के ही योग्य (कथन) है ।

भीम—अच्छा, यह भीम नामक कौन (व्यक्ति) है ।

ब्रह्मा (सृष्टि की रचना करने वाले), महेश, विष्णु, इन्द्र, कुमार कार्तिकेय

एतेषु कथ्यतां भद्र केन ते सदृशः पिता ॥ ४३ ॥

घटोत्कचः—सर्वैः ।

भीमः—धिगनृतमेतत् ।

घटोत्कचः—कथं कथमनृतमित्याह । क्षिपसि मे गुरुम् । भवत्विमं स्थूलं वृक्षमुत्पाट्य प्रहरामि । (उत्पाट्य प्रहरति ।) कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम् । किं नु खलु करिष्ये नु । भवतु, दृष्टम् । एतद्गिरिकूटमुत्पाट्य प्रहरामि ।

शैलकूटं मयाक्षिप्तं प्राणानादाय यास्यति ।

भीमः—

रुष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेद्वने ॥ ४४ ॥

अमरः) एतेषु = देवेषु (मध्ये) ते = तव पिता = जनकः केन = देवेन सदृशः = तुल्यः वर्तते इति ते भद्र = हे सौम्य कथ्यताम् = व्याहर । अनुष्टुप् वृत्तम् ॥४३॥

क्षिपसि = निन्दसि । गुरुम् = पूज्यतमम् (जनकम्) ।

मया = घटोत्कचेन आक्षिप्तम् = उत्पाट्य उपक्षिप्तम् (इदं) शैलकूटं=पर्वतशिखरम् (अस्य) प्राणान् = असून् आदाय = गृहीत्वा यास्यति = गमिष्यति ।

वन्यः—वने भवः = आरण्यकः (अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम् । अमरः) कुञ्जरः = हस्ती रुष्टः अपि = क्रुद्धः अपि वने = कानने व्याघ्रं = शार्दूलं (शार्दूलद्वीपिनौ व्याघ्र इत्यमरः ।) न धर्षयेत् = न भर्त्सयेत् । अत्रोत्तरार्धश्लोके

(देवताओं के सेनापति) यमराज इन लोगों में से हे सौम्य ! बतलाओ तुम्हारे पिता किसके सदृश हैं ॥ ४३ ॥

घटोत्कच—सब के ।

भीम—धिक्कार है यह झूठ है ।

घटोत्कच—कैसे-कैसे झूठ कहा ? तुम मेरे पूज्य की निन्दा करते हो ? अच्छा तो इस विशाल वृक्ष को उखाड़ कर मारूँ ।

मेरे द्वारा फेंका गया यह पर्वत-शिखर तुम्हारे प्राण को लेकर (ही) जायेगा ।

भीम—क्रुद्ध होकर भी मतवाला जंगली हाथी वन में बाघ की निन्दा नहीं करता है ॥ ४४ ॥

घटोत्कचः—(प्रहृत्य) कथमनेनापि नु शक्यते । हन्तुम् । किं नु खलु करिष्ये । भवतु दृष्टम् ।

नन्वहं भीमसेनस्य पुत्रः पौत्रो नभस्वतः ।
तिष्ठेदानीं सुसन्नद्धो नियुद्धे नास्ति मत्समः ॥ ४५ ॥

(इत्युभौ नियुद्धं कुरुतः ।)

घटोत्कचः (भीमसेनं बद्ध्वा)

व्रजसि कथमिह त्वं वीर्यमुल्लङ्घ्य बाह्वो-

लोकवादानुकारेण लोकोक्त्यलंकारः यतो हि—'लोकप्रवादानुकृतिर्लोकोक्तिरिति भण्यते ।' अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ ४४ ॥

सगर्वः राक्षसः वंशपरिचयं ददत् आह्वयति—नन्वहमिति ।

अहं = घटोत्कचः भीमसेनस्य = पाण्डवेयस्य पुत्रः = सूनुः नभस्वतः—नभः अस्ति अस्य तस्य = पवनस्य (नभस्वद्वातपवनपवमानप्रभञ्जनाः । अमरः) पौत्रः ननु—निश्चितम् इदानीं साम्प्रतं सुसन्नद्धः—सु + सं + नह + क्त=सुसज्जितः तिष्ठ=आगो स्थिरो भव नियुद्धे = बाहुयुद्धे (नियुद्धं बाहुयुद्धेऽथ । अमरः) मत्समः—मया समः इति = मत्तुल्यः (कश्चिद्) नास्ति=न वर्तते, अतोऽहं त्वाम् पराजये 'समर्थनीयस्यार्थस्य काव्यलिङ्गं समर्थनम्' अतः अत्र अप्रतिमबलशालित्वं नानाप्रकारेण समर्थितम् । अतः काव्यलिङ्गालङ्कारः । अनुष्टुब् वृत्तम् ।

घटोत्कचः बाहुपाशेन भीमं बद्ध्वा एवं प्रक्षिपति—व्रजसीति ॥

त्वम् = भीमसेनः बाह्वोः = मम भुजयोः वीर्यं=विक्रमम् उल्लङ्घ्य=लङ्घयित्वा (तिरस्कृत्य) मद्भुजाभ्यां—मम भुजे ताभ्यां = मम बाहुभ्यां पीडितः = घृष्टः

घटोत्कच—(प्रहार करके) कैसे, इससे भी नही मार सकता ? अब (मैं) क्या करूँ । अच्छा समझा ।

मैं निश्चय ही भीम का पुत्र और वायु का पौत्र हूँ, तो ठहरो, इस समय मल्लयुद्ध में मेरे समान वीर योद्धा कोई नही ॥ ४५ ॥

(दोनों मल्ल युद्ध करते हैं ।)

घटोत्कच—(भीमसेन को [बाहुपाश में] बाँधकर)

मेरी बली भुजाओं की शक्ति का उल्लंघन करके, सुदृढ़ बन्धन में कस कर

गज इव दृढपाशैः पीडितो मद्भुजाभ्याम् ।

भीमः—(आत्मगतम्) कथं गृहीतोऽस्म्यनेन । भोः सुयोधन ! वर्वते ते शत्रुपक्षः । कृतरक्षो भव । (प्रकाशम्) भोः पुरुष ! अवहितो भव ।

घटोत्कचः—अवहितोऽस्मि ।

भीमः—(नियुद्धबन्धमवधूय)

व्यपनय बलदर्पं दृष्टसारोऽसि वीर !
न हि मम परिखेदो विद्यते बाहुयुद्धे ॥ ४६ ॥

दृढपाशैः—दृढाश्च ते पाशाः तैः = कठिनबन्धनैः (बद्धः) गज इव = करीव इह = अस्मिन् वने कथं = केन प्रकारेण व्रजसि = यासि । गज इवेत्युपमाऽलङ्कारः (उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः) । अनुष्टुब् वृत्तम् ।

सुयोधनः = दुर्योधनः । अवधूय = तिरस्कृत्य ।

भीमः घटोत्कचस्य बललाघवं प्रकाशयति— व्यपनयेति । हे वीर = हे पराक्रमिन् दृष्टसारा—दृष्टो सारो यस्य स = प्रकाशितबलः (सारो बले स्थिरांशे च । अमरः (त्वम्) असि=भव ।

बलदर्पं—बलस्य दर्पं = सारगर्वं व्यपनय = दूरीकुरु हि यतः बाहुयुद्धे—बाह्वोः युद्धं तस्मिन् = मल्लयुद्धे मम = भीमस्य परिखेदः = परिश्रमः खिन्नतेति भावः, न विद्यते = न वर्तते । अतः निकामं युद्धं कुर्विति भावः । मालिनी वृत्तम् ॥ ४६ ॥

बँधे हुए हाथी की भाँति तुम कैसे जा सकते हो ।

भीम—(मन में) [मैं] इसके द्वारा कैसे पकड़ लिया गया हूँ ? हे दुर्योधन, तुम्हारा शत्रुपक्ष बढ़ रहा है । अपनी रक्षा में तैयार रहो । (प्रकाश में) हे पुरुष ! तैयार हो जाओ ।

घटोत्कच—तैयार हूँ ।

भीम— (मल्लयुद्ध में बाहुपाश को छुड़ा करके)

हे वीर ! अपने बल का घमण्ड छोड़ दो, तुम्हारी शक्ति देख ली गई । तुमसे बाहु युद्ध करने में मुझे तनिक भी श्रम नहीं करना पड़ा ॥ ४६ ॥

घटोत्कचः—कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम्। किं नु खलु करिष्ये। भवतु, दृष्टम्। अस्ति मातृप्रसादलब्धो मायापाशः! तेन बध्वैनं नेष्यामि। कुतः खल्वापः। भो गिरे! आपस्तावत्। हन्त स्रवति। (आचम्य मन्त्रं जपति।) भोः पुरुष!

मायापाशेन बद्धस्त्वं विवशोऽनुगमिष्यसि।
राजसे रज्जुभिर्बद्धः शक्रध्वज इवोत्सवे॥ ४७॥

(इति मायया बध्नाति।)

भीमः—कथं मायापाशेन बद्धोऽस्मि। किमिदानीं करिष्ये। भवतु दृष्टम्। अस्ति मे महेश्वरप्रसादाल्लब्धो मायापाशमोक्षो मन्त्रः। तं जपामि। कुतः खल्वापः भो ब्राह्मणकुमार! आनय कमण्डलुगता-अपः।

त्वं = भवान् (भीमः) मायापाशेन—मायायाः पाशः तेन = ऐन्द्रजालिकबन्धनेन बद्धः निगडितस्सन् (इदानीं) विवशः—विगतः वशः = स्वातन्त्र्यं यस्य सः = परतन्त्रः अनुगमिष्यसि = मम पश्चाद् गमनं करिष्यसि अतः साम्प्रतम् उत्सवे = सांवत्सरिकोत्सवे शक्रध्वजः—शक्रस्य = इन्द्रस्य ध्वजः = इन्द्रकेतुरिव रज्जुभिः = रशनाभिः बद्धः = नद्धः राजसे = शोभसे। शक्रध्वज इवेत्युपमा अलङ्कारः। अनुष्टुब् वृत्तम्॥ ४७॥

घटोत्कच—क्या, इससे भी (इसे) नहीं मार सकता। अब क्या करूँ? अच्छा समझा। माता के प्रसाद से मुझे मायापाश प्राप्त हुआ है। तो उससे ही बाँधकर इसे ले जाऊँगा। जल कहाँ है? हे पर्वत! मुझे जल दो। अहा-चू रहा (आचमन करके मन्त्र जपता है।) हे पुरुष?

मायापाश से बँधे हुए तुम विवश होकर मेरा अनुगमन करोगे (और) वर्षोत्सव में रस्सियों से बँधे हुए इन्द्र की ध्वजा के समान शोभित होगे॥ ४७॥

(माया से बाँधता है)

भीम—क्या मायापाश से (मैं) बंध गया। अब क्या करूँ? अच्छा, देखा (समझा) शंकर जी की कृपा से मुझे माया पाश से मुक्ति का मन्त्र भी प्राप्त है। उसी को जपता हूँ। जल कहाँ है? हे ब्राह्मणकुमार! कमण्डलु का जल ले आओ।

वृद्धः—इमा आपः ।

(भीमः आदायाचम्य मन्त्रं जप्त्वा मायामपनयति ।)

घटोत्कचः—अये पतितः पाशः । किमिदानीं करिष्ये । भवतु, दृष्टम् । भोः पुरुष ! पूर्वसमयं स्मर ।

भीमः—समयमिति । एष स्मरामि । गच्छाग्रतः । (उभौ परिक्रामतः ।)

वृद्ध—पुत्रकाः किं कुर्मः । अयं गच्छति वृकोदरः ।

आक्रम्य राक्षसमिमं ज्वलदुग्ररूप-
मुग्रेण बाहुबलवीर्यगुणेन युक्तम् ।
एष प्रयाति शनकैरवधूय शीघ्र-
मासारवर्षमिव गोवृषभस्सलीलम् ॥ ४८ ॥

गच्छन्तं वृकोदरं वृद्धः पुत्रान्प्रति प्रकटयति आत्मनो व्यथाम्—आक्रम्येति । ज्वलदुग्ररूपं—ज्वलत् उग्रं रूपं यस्य तम् = प्रदीप्तकठोरस्वरूपम् उग्रेण = घोरेण बाहुबलवीर्यगुणेन—बाह्वोः बलवीर्यगुणः तेन = भुजबलशौर्यगुणेन युक्तम् = सहितम् इमं पुरोवर्तिनं राक्षसं = घटोत्कचम् आक्रम्य = विजित्य एषः = भीमः शनकैः = शनैरेव मन्दं मन्दं सलीलम् लीलया सहितम् आसारवर्षम्—आसारस्य वर्षं तत् = धारासंपातवृष्टि (धारासम्पात आसारः । अमरः) शीघ्रं = त्वरितम् अवधूय = तिरस्कृत्य गोवृषभ इव = गोषु वृषभः (वृषभश्रेष्ठो वा) = महोक्ष इव याति=गच्छति । गोवृषभ इवेत्युपमा अलङ्कारः । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ ४८ ॥

वृद्ध—यह जल है ।

(भीम आचमन कर मन्त्र जपकर पाश दूर करते हैं)

घटोत्कच—अरे बन्धन गिर पड़ा । अब क्या करूँ ? अच्छा समझा । हे पुरुष अपनी पहले की हुई प्रतिज्ञा का स्मरण करो ।

भीम—प्रतिज्ञा । मैं स्मरण करता हूँ । आगे चलो (दोनों जाते हैं ।)

वृद्ध—हे पुत्रो, हम क्या करें । यह भीमसेन जाता है ।

इस अत्यन्त प्रचण्ड राक्षस को अपनी अतुल शक्ति एवं पराक्रम से जीतकर मूसलाधार वृष्टि को धीरे से उपेक्षित करके श्रेष्ठ बैल की भाँति लीलापूर्वक (भीम) जा रहा है ॥ ४८ ॥

घटोत्कचः— इह तिष्ठ। त्वदागमनमम्बायै निवेदयामि।

भीमः—बाढम्। गच्छ।

घटोत्कचः—(उपसृत्य) अम्ब! अयमभिवादये। चिराभिलषितः भवत्या आहारार्थमानीतो मानुषः।

(प्रविश्य)

हिडिम्बा—जाद! चिरं जीव। [जात! चिरं जीव।]

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि।

हिडिम्बा—जाद! कीदिसो माणुसो आणीदो। [जात, कीदृशो मानुषः आनीतः।]

घटोत्कचः—भवति रूपमात्रेण मानुषः। न वीर्येण।

हिडिम्बा—किं बम्हणो। [किं ब्राह्मणः।

रूपमात्रेण मानुषः न वीर्येण—अत्र अधिकार्थवचनमिव प्रतिभाति यतः आकारमात्रेण मानवः न वीर्येण इति कथने मानुषाधिक्यः पराक्रमो वर्तते इति स्तुतिर्गम्यते अथ च रूपमात्रेण मनुष्यः वीर्यं किञ्चिदपि न वर्तते इति निन्दा काकपेया नदीतिवत् अत्र काकूक्तिरपि गम्यते।

घटोत्कच—यहीं ठहरो। माँ को तुम्हारे आने की सूचना दूँ।

भीम—अच्छा। जाओ।

घटोत्कच—(पास जाकर) माता जी! यह (मैं) अभिवादन करता हूं। आप की बहुत दिनों का इच्छित मनुष्य आज (आपके) भोजन के लिए लाया गया है।

(प्रवेश करके)

हिडिम्बा—पुत्र! चिरञ्जीवी हो।

घटोत्कच—अनुगृहीत हुआ।

हिडिम्बा—पुत्र! किस प्रकार का मनुष्य लाए हो।

घटोत्कच— माँ! आकार मात्र से ही वह मनुष्य है बल से नहीं। (अर्थात्) बल में तो वह मनुष्यों से बहुत अधिक बलशाली है अथवा बल में तो मनुष्यों से भी कमजोर है।)

हिडिम्बा—क्या ब्राह्मण है।

घटोत्कचः—न ब्राह्मणः।

हिडिम्बा—आदु थेरो [अथवा स्थविरः।]

घटोत्कचः—न वृद्धः।

हिडिम्बा—किं बालो। [किं बालः।]

घटोत्कचः—न बालः।

हिडिम्बा—जइ एव्वं पेक्खामि दाव णं। (उभौ परिक्रामतः।) [यद्येवं पश्यामि तावदेनम्।]

हिडिम्बा—किं एसो माणुसो आणीदो। [किमेष मानुष आनीतः।]

घटोत्कचः—अम्ब! कोऽयम्।

हिडिम्बा—उम्मत्तअ दव्वदं खु अम्हाअं। [उन्मत्तक दैवतं खल्वस्माकम्।]

घटोत्कचः—आः कस्य दैवतम्।

हिडिम्बा—तव अ, मम अ। [तव च, मम च।]

घटोत्कचः—कः प्रत्ययः।

हिडिम्बा—अअं पच्चओ। जेदु अय्यउत्तो। [अयं प्रत्ययः! जयत्वार्यपुत्रः।]

घटोत्कच—ब्राह्मण नहीं।

हिडिम्बा—अथवा बूढ़ा है?

घटोत्कच—बूढ़ा नहीं।

हिडिम्बा—तो क्या बालक है?

घटोत्कच—बालक भी नहीं।

हिडिम्बा—यदि ऐसा है तो इसे मैं देखूंगी (दोनों जाते हैं।)

हिडिम्बा—क्या यही मनुष्य (तुम्हारे द्वारा) लाया गया है।

घटोत्कच—मां, यह कौन है?

हिडिम्बा—पागल! हम लोगों के देवता हैं।

घटोत्कच—आह! किसके देवता?

हिडिम्बा—तुम्हारे और मेरे भी।

घटोत्कच—कैसे विश्वास किया जाय?

हिडिम्बा—यह विश्वास का परिचायक (है)। आर्यपुत्र की जय हो।

भीमः—(विलोक्य) का पुनरियम् । अये देवी हिडिम्बा ।

अस्माकं भ्रष्टराज्यानां भ्रमतां गहने वने ।
जातकारुण्यया देवि ! सन्तापो नाशितस्त्वया ॥ ४९ ॥

हिडिम्बे ! किमिदम् ।

हिडिम्बा—(कर्णे) अय्यउत्त ! ईदिसं विअ । [आर्यपुत्र ! ईदृशमिव ।]

भीमः—जात्या राक्षसी, न समुदाचारेण ।

हिडिम्बा—उम्मत्तअ ! अभिवादेहि पिदरं । [उन्मत्तक ! अभिवादयस्व पितरम् ।]

घटोत्कचः—भोस्तात !

अज्ञानात्तु मया पूर्वं यद्भवान्नाभिवादितः ।

(हे) देवि ! हिडिम्बे ! गहने = कान्तारे वने = विपिने भ्रष्टराज्यानां भ्रष्टं राज्यं येषां = विनष्टराज्यविषयाणां भ्रमताम् = इतस्ततः परिभ्रमणं कुर्वताम् = अस्माकम् = युधिष्ठिरादीनां भ्रातॄणां जातकारुण्यया करुणस्य भावः कारुण्यम् जातं कारुण्यं यत्र तया = उत्पन्नदयालुतया त्वया = भवत्या हिडिम्बया संतापः = अस्माकं क्लेशः नाशितः=दूरीकृतः, अस्यां विपन्नावस्यायां त्वाम् प्राप्य नितरां प्रमोदमनुभवामि ॥ ४९ ॥

घटोत्कचः उद्धततां क्षमापयन् भीमम् अभिवादयति–अज्ञानादिति (हे तात !) मया = घटोत्कचेन अज्ञानात् = ज्ञानाभावात् पूर्वं = प्रथमम् यत् भवान् भीमः

भीम—(देखकर) यह कौन है ? अरे, देवी हिडिम्बा ।

हम लोगों के राज्य नष्ट हो जाने पर गहन वन में भ्रमण करते हुए हे देवि ! तुमने हमारे कष्ट दूर कर दिए ॥ ४९ ॥

हे हिडिम्बा, यह क्या ?

हिडिम्बा—(कान में) आर्यपुत्र ! ऐसे ही ।

भीम—(तुम) जन्म में ही राक्षसी हो न कि आचरण से ।

हिडिम्बा—अरे उन्मत्त ! (अपने) पिता को प्रणाम कर ।

घटोत्कच—हे पिता !

पहले अज्ञान के कारणजो मैंने आपका अभिवादन नहीं किया (उस) इस पुत्रके

अस्य पुत्रापराधस्य प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥ ५० ॥

अहं स धार्तराष्ट्रवनदवाग्निर्घटोत्कचोऽभिवादये। पुत्रचापलं क्षन्तुमर्हसि।

भीमः—एह्येहि पुत्र व्यतिक्रमकृतं क्षान्तमेव। (इति परिष्वज्य)
अयं स धार्तराष्ट्रवनदवाग्निः। पुत्रापेक्षीणि खलु पितृहृदयानि। पुत्र, अतिबलपराक्रमो भव।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि।

वृद्धः—एवं भीमसेनपुत्रोऽयं घटोत्कचः।

भीमः—पुत्र! अभिवादयात्रभवन्तं केशवदासम्।

घटोत्कचः—भगवन्नभिवादये।

वृद्धः—पितृसदृशगुणकीर्तिर्भव।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि।

नाभिवादितः = न प्रणामविषयीकृतः अस्य—पुत्रेण कृतः अपराधः तस्य = आगसः (आगोऽपराधो मन्तुश्चेत्यमरः।) प्रसादं = क्षमापनं कर्तुं = विधातुम् अर्हसि = योग्योऽसि। ममापराधः क्षन्तव्य इति भावः ॥ ५० ॥

धार्तराष्ट्रवनदावाग्निः धृतराष्ट्रस्यापत्यानि तानि एव वनानि तेषां दावाग्निः—धृतराष्ट्रपुत्रारण्यदावानलः। रूपकालङ्कारः।

अपराध को आप क्षमा कीजिए ॥ ५० ॥

मैं घटोत्कच धृतराष्ट्र के पुत्ररूपी वन के लिए दावाग्नि, आपको प्रणाम करता हूँ। (अपने) पुत्र की चपलता क्षमा करें।

भीम—आओ पुत्र आओ। तुम्हारा अपराध पहले ही क्षमा कर दिया गया। (आलिंगन करके) यही वह धृतराष्ट्रवंशरूपी वन का दावाग्नि है। पिता का हृदय हमेशा पुत्र की अपेक्षा रखता है। पुत्र! अजेय शक्ति वीरता प्राप्त करो।

घटोत्कच—मैं अनुगृहीत हुआ।

वृद्ध—ऐसा भीमसेन का पुत्र यह घटोत्कच है।

भीम—पुत्र! पूजनीय केशवदास जी को प्रणाम करो।

घटोत्कच—भगवन्! आपको प्रणाम करता हूँ।

वृद्ध—पिता के समान गुण और कीर्ति वाले बनो।

घटोत्कच—मैं अनुगृहीत हुआ।

वृद्धः—भोः वृकोदर ! रक्षितमस्मत्कुलं, स्वकुलमुद्धृतं च । गच्छाम-स्तावत् ।

भीमः—

अनुग्रहात्तु भवतः सर्वमासीदिदं शुभम् ।
आश्रमोऽदूरतोऽस्माकं तत्र विश्रम्य गम्यताम् ॥ ५१ ॥

वृद्धः—कृतमातिथ्यमनेन जीवितप्रदानेन । तस्माद् गच्छामस्तावत् ।

भीमः—गच्छतु भवान् सकुटुम्बः पुनर्दर्शनाय ।

वृद्धः—बाढम् । प्रथमः कल्पः । (सपुत्रत्रयकलत्रो निष्क्रान्तः केशवदासः ।)

भीमः—हिडिम्बे ! इतस्तावत् । वत्स घटोत्कच । इतस्तावत् । तत्र-भवन्तं केशवदासम् आश्रमपदद्वारमात्रमपि संभावयिष्यामः ।

भीमः वृद्धं प्रार्थयति—अनुग्रहादिति ।

भवतः = केशवदासस्य तव अनुग्रहात् = अनुकम्पातः इदं = स्वकुलोद्धरणं स्वकुलरक्षणञ्च शुभं = माङ्गलिकं सर्वम् = अशेषम् आसीत् = अभवत् । अस्माकं = पाण्डवेयानाम् आश्रमः = निवासभूमिः अदूरतः = अतिनिकटं वर्तते तत्र = आश्रमे विश्रम्य = अध्वश्रममपनीय गम्यतां = (सुखेन) यात्रा क्रियताम् । अनुष्टुप् छन्दः ॥ ५१ ॥

सम्भावयिष्यामः = आराधयिष्यामः ।

वृद्ध—हे भीम ! हमारे कुल की रक्षा और अपने भी कुल का उद्धार किया । तो हम सब (अब) जाते हैं ।

भीम—आपकी ही कृपा से यह सब मांगलिक कृत्य हुए हैं । हमारा आश्रम निकट ही है वहां विश्राम करके तब यात्रा कीजिये ॥ ५१ ॥

वृद्ध—इस जीवन-दान के द्वारा (आपने) पूरा अतिथि-सत्कार कर दिया । इसलिए अब हम जाते हैं ।

भीम—आप सकुटुम्ब पुनः दर्शन के लिए जांय ।

वृद्ध—अच्छा । अति उत्तम विचार (है) । (केशवदास अपने तीन पुत्र और पत्नी के साथ चला गया ।)

भीम—हे हिडिम्बा ! इधर आओ । पुत्र घटोत्कच इधर आओ । पूज्य केशव-दास को (इस) आश्रम के द्वारा प्रदेश तक तो हम सब पहुँचा आवें ।

यथा नदीनां प्रभवः समुद्रो
यथाहुतीनां प्रभवो हुताशनः ।
यथेन्द्रियाणां प्रभवं मनोऽपि
तथा प्रभुर्नो भगवानुपेन्द्रः ॥ ५२ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

॥ मध्यमव्यायोगं नाम नाटकं समाप्तम् ॥

●

यथा = येन प्रकारेण नदीनां = सरितां समुद्रः = पारावारः = (समुद्रोऽब्धिरकूपारः पारावारः सरित्पतिरित्यमरः ।) प्रभवः = प्रभवति ईष्टे इति प्रभवः (प्र + भू + अ पचाद्यच्) = ईष्टे आश्रय इति भावः । यथा = येन = प्रकारेण आहुतीनां = हव्यादीनां हुताशनः—हुतम् अश्नातीति = हव्यभक्षकोऽनलः प्रभवः = आश्रयः यथा = येन प्रकारेण इन्द्रियाणां = वागादीनां मनः = चित्तं प्रभवम् = आश्रयस्थानं तथा = तेनैव प्रकारेण नः = अस्माकं = (नटानां सामाजिकानाञ्च) भगवान् = ऐश्वर्यवान् (भगः ऐश्वर्यम्) उपेन्द्रः = इन्द्रावरजः विष्णुरित्यर्थः ('उपेन्द्र इन्द्रावरजश्चक्रपाणिरित्यमरः ।) प्रभुः = ईश्वरः आश्रयस्थानमित्यर्थः । 'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' । इतीदं भरतवाक्यमुपेन्द्रवज्रावृत्ते निबद्धम् । अत्र मालोपमालङ्कारः ॥ ५२ ॥

जैसे समुद्र नदियों का स्वामी है, अग्नि आहुतियों का, मन इन्द्रियों का उसी प्रकार हम लोगों के प्रभु भगवान् हैं ॥ ५२ ॥

(सब चले जाते हैं ।)

मध्यमव्यायोग नामक नाटक समाप्त ।

●

श्लोकानुक्रमणिका

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

३५

महाकविभासप्रणीतं

पञ्चरात्रम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः—

आचार्य श्रीरामचन्द्रमिश्रः

रांचीस्थराजकीयसंस्कृतमहाविद्यालयाध्यापकः

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

१९७६

विषय-सूची

अवतारणा

अथायमुपक्रम्यते प्रकाशयितुं प्रकाशव्याख्यासमेतो भासप्रणीतः 'पञ्चरात्र'-नामकः समवकाररूपो रूपकभेदः ।

अस्य रचयितुः परिचयादिकं साहित्यिकं समालोचनं चाग्रे राष्ट्रभाषया लिखितमिति तत एवावगन्तव्यम् ।

अस्य पञ्चरात्रस्य चतस्रो व्याख्याः संस्कृताङ्गलभाषाराष्ट्रभाषामूपनिबद्धा मया विलोकिताः—१—निगमानन्दशास्त्रिकृता संस्कृत-हिन्दीव्याख्या, २—वामन गोपाल ऊर्ध्वरेषे कृता व्याख्या, ३—सी० आर० देवधरकृता व्याख्या, ४—एस्० रङ्गाचारकृता व्याख्या ।

तदेवं व्याख्याचतुष्टयमालोच्य व्याख्यानमिदं प्रस्तुतम्, अत्र व्याख्याने मया प्रयत्य सरलता समानीता, गद्यभागोऽपि प्रायशो व्याख्यातः, आवश्यकतया प्रतीयमानश्छन्दोऽलङ्कारादिनिवेशोऽपि नोज्झितः, परिशिष्टे च ज्ञातव्याः सर्वेऽपि विषयाः समावेशिताः ।

परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य विकसतां सतां नित्यक्षमामयतया दोषैकदृशामसतां तु पुरः क्षमाप्रार्थनाव्यापारस्यापि स्वप्रवञ्चनामात्रसारतया क्षमाप्रार्थनामन्तरैव, समापयामि स्वामिमामवतारणाम् । इति,

गुरुपूर्णिमा
सं० २०१५ रांची

प्रश्रयावनतः
—रामचन्द्रमिश्रः

समर्पणपत्रम्

मुजफ्फरपुरमण्डलान्तर्गत 'चकफतेहा' निवासिनां

पं० श्रीवैद्यनाथझाशर्मणां

करकमलयोः सादरमुपायनीकृतेयं कृतिस्तत्सौजन्यौदार्य-

समासादिताध्ययनावसरेण तदीयेन

रामचन्द्रमिश्रेण

प्रकाशकृता

भूमिका

नाटक-साहित्यकी प्राचीनता

भारतीय नाटकसाहित्य विचारधारा तथा विकास क्रममें मूलतः स्वतन्त्र है, इस बातको अब सभी आलोचक मानने लगे हैं। वैदिक साहित्यकी समीक्षासे पता चलता है कि वैदिककाल में नाटकके सभी अङ्गों—संवाद, सङ्गीत, नृत्य एवं अभिनयका किसी न किसी रूपमें अस्तित्व था।

ऋग्वेदके यम-यमी, उर्वशी-पुरूरवा, सरमा-पणिके संवादात्मक सूक्तों में नाटकीय संवादका तत्त्व विद्यमान है। सामवेदकी सङ्गीतप्राणता सर्वविदित है। आलोचकों का कहना है कि ऐसे संवाद ही कालान्तरमें परिमार्जित होकर नाटकोंमें परिणत हुए।

रामायण-महाभारत कालमें नाटकका कुछ और स्पष्ट उल्लेख पाया जाता है। विराटपर्वमें रङ्गशालाका नाम आया है। रामायण में भी 'नट' 'नर्त्तक' 'नाटक' 'रङ्गमञ्च' आदिका नाम स्थान-स्थान पर आया है।

'नाटचशास्त्र' तथा 'भावप्रकाशन'में इसके प्राचीनत्वका विशद विवेचन पाया जाता है। संस्कृत नाटक-रूपककारों में भासको हम सबसे प्राचीन व्यक्त रूपक-कार कह सकते हैं।

संस्कृत-साहित्यमें भासकी प्रसिद्धि

संस्कृत साहित्यमें भासकी बड़ी प्रसिद्धि है, 'मालविकाग्निमित्र' नामक नाटक में कालिदासने लिखा है—'प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धान्'। 'हर्षचरित' में बाणभट्टने भासको इन शब्दोंमें स्मरण किया है—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव' ॥

दण्डीने अवन्तिसुन्दरी कथामें भासके लिये लिखा है:—

'सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासश्शरीरैरिव नाटकैः' ॥

प्रसिद्ध आलोचक राजशेखरने भासके नाटकोंके सम्बन्धमें लिखा है—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः' ॥

प्रसन्नराघव-प्रणेता जयदेवने 'भासो हासः' कहकर अपना आदर प्रकट किया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृत साहित्यमें भासका बड़ा गौरवपूर्ण स्थान है, किसीका गौरव किसी गुणपर आधारित रहा करता है, जब तक भासके ग्रन्थ प्रकाशमें नहीं आये थे, तब तक जो सोचा जाता रहा हो, किन्तु जब १९१२ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा भासका त्रयोदशरूपात्मक नाटकचक्र प्रकाशित किया गया तबसे तो उनके नाटक ही उनके स्तुति-पाठक बन गये। उनकी सरल प्रसादपूर्ण भाषाने उनको प्रसिद्ध नाटककर्ताके गौरवपूर्ण पदपर प्रतिष्ठित कर दिया।

भासका नाटकचक्र

महाकवि भासके रूपकोंकी संख्या तेरह है। उनके नाम निम्नलिखित हैं—

१—प्रतिज्ञायौगन्धरायण
२—अविमारक
३—स्वप्नवासवदत्त
४—प्रतिमानाटक
५—अभिषेक
६—मध्यमव्यायोग
७—पञ्चरात्र
८—दूतवाक्य
९—दूतघटोत्कच
१०—कर्णभार
११—ऊरुभङ्ग
१२—बालचरित
१३—चारुदत्त

इनमें प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्त और अविमारक यह रूपक बृहत्कथा पर आधारित, प्रतिमानाटक और अभिषेक यह दो रामायणपर आधारित; मध्यमव्यायोग, पञ्चरात्र, दूतघटोत्कच, कर्णभार, ऊरुभङ्ग एवं दूतवाक्य यह छः महाभारतपर आधारित, बालचरितनामक एक रूपक कृष्ण-कथापर आधारित तथा चारुदत्त नामक एक रूपक कल्पित कथामूलक है।

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्रीने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक प्रकाशित किया है, वह भी भासकृत ही माना जाता है। इस प्रकार भासके नाटकचक्रमें च[illegible] रूपकोंका समावेश होता है।

रूपकोंका एककर्तृकत्व

उपर्युक्त सभी रूपक एक कविकी रचना माने जा सकते हैं, क्योंकि इन रूपकों में कुछ आश्चर्यजनक समतायें विद्यमान हैं :—

१—ऊपर लिखित सभी रूपक—'नान्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इन्हीं शब्दोंसे प्रारम्भ होते हैं।

२—इन रूपकोंमें से किसी भी रचयिताके नाम अथवा परिचयका पता नहीं है।

३—प्रायः सभी ग्रन्थोंमें प्रस्तावनाके लिये स्थापना शब्दका प्रयोग हुआ है, केवल कर्णभारमें प्रस्तावना शब्दसे व्यवहार किया गया है।

४—इनमेंसे अधिकांश रूपकों का भरतवाक्य एक सा है। स्वप्नवासवदत्त, बालचरित और दूतवाक्यका भरतवाक्य—'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्य-कुण्डलाम्। महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः'—इस प्रकार है। शेष रूपकों में भी प्रायः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' यह वाक्य अवश्य भरतवाक्यमें समाविष्ट है।

५—इन रूपकों की भाषा तथा शैली भी अद्भुत रूपमें समान है।

६—इनमें से अधिकांश रूपकोंमें पताका-स्थान तथा मुद्रालङ्कारका एक समान प्रयोग किया गया है।

७—छोटे-छोटे पात्रोंमें नाम-साम्य, एवं व्याकरण-लक्षण-हीनता, एक तरह की भावना, एक तरहका वाक्य इन रूपकोंमें समान भावसे पाया जाता है।

८—भरतनाट्यशास्त्रके नियमोंका उल्लङ्घन प्रायः समानरूपसे सभी नाटकोंमें किया गया है, जैसे मृत्यु, युद्धका अभिनय एवं पानीका लाया जाना।

९—नाट्यनिर्देशकी न्यूनता भी प्रायः सब रूपकोंमें समानरूपसे विद्यमान है, जो भी नाट्यनिर्देश दिये गये हैं उनमें भी दो-दो, तीन-तीन आदेश साथ ही दे दिये गये हैं, जैसे [निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य]

१०—इन सभी रूपकोंके नाम केवल ग्रन्थान्तलेखमें ही पाये जाते हैं, अन्य किसी जगह नहीं।

इन कारणोंसे किसीको भी विश्वास करना पड़ता है कि इनके कर्ता एक थे।

भास ही इन रूपकोंके प्रणेता थे

ऊपर निर्दिष्ट समता के द्वारा प्रमाणित होता है कि यह सभी रूपक एक ही

कविकी कृतियाँ हैं और इनमेंसे 'स्वप्नवासवदत्त' की रचना भास द्वारा हुई, इसमें राजशेखरका साक्ष्य उपलब्ध है :—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः' ॥

फलतः अन्य रूपकोंको भी भासकृत माना गया है, जो नितान्त सङ्गत है ।

बाणने भासके नाटकोंके विषयमें—'सूत्रधारकृतारम्भैः' कहा है, जिसका अर्थ यह होता है कि भासके नाटकोंका आरम्भ सूत्रधार-प्रवेशके साथ होता है, इन रूपकोंमें ऐसी बात है, इससे भी इनका भासकृत होना सिद्ध होता है ।

इन रूपकोंके प्रणेता भास वे ही हो सकते हैं, जिनकी प्रशंसा कालिदासने की है । इतने रूपकोंके प्रणेता भास आदर के पात्र हों, इसमें द्वैध ही क्या है ?

इस प्रसङ्गमें एक विरोधी दल भी है, जो कहता है कि इनमें से कोई भी रूपक भासकृत नहीं है, उस पक्षका प्रतिपादन निम्न तर्कोंपर आधारित है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैः' यह लक्षण दाक्षिणात्य रूपकोंमें प्रायः सर्वत्र पाया जाता है, अतः इसी साम्यमूलक प्रमाणसे इन रूपकोंको भासकृत नहीं कह सकते । यदि इसीके बल पर नाटक भासकृत होने लगें तब तो अन्यान्य दाक्षिणात्य नाटक भी भासकृत हो जायेंगे ।

भासकृत स्वप्नवासवदत्तका :—

पादाक्रान्तानि पुष्पाणि सोष्म चेदं शिलातलम् ।
नूनं काचिदिहासीना मां दृष्ट्वा सहसा गता ॥

यह श्लोक रामचन्द्रद्वारा अपने नाट्यदर्पण नामक ग्रन्थमें उद्धृत किया गया है, यह श्लोक इन रूपकोंके दलमें पाये जानेवाले स्वप्नवासवदत्तमें नहीं है, अतः यह स्वप्नवासवदत्त तथा इसके साथ पाये जानेवाले सभी रूपक भासके नहीं, किसी अन्यके ग्रन्थ हैं ।

इस प्रकार इस विषयमें मतभेद बना हुआ है । म. म. गणपति शास्त्री, Prof, Keith, Thomas और पराञ्जपेके विचारमें यह रूपक भासके ही हैं, किसी अन्य अज्ञात नाम व्यक्तिके नहीं ।

श्री काने, Dr. Barnett आदि इसके प्रतिकूल पक्षका समर्थन करते हैं, कुछ अन्य आलोचक, जैसे—Dr. Sukhtankar, Prof. Winternitz का

कहना है कि इसमें किसी भी पक्षका कथन निःसन्देह नहीं है, अतः अभी इस प्रश्नका समाधान नहीं हो सकता है ।

भासका काल

भासका समय कालिदास तथा वाणसे पूर्व और वाल्मीकि से पीछे बीचमें माना जाना अत्युचित है, क्योंकि कालिदास तथा वाणने अपने ग्रन्थों में भासका उल्लेख किया है। कालिदास के समयके सम्बन्धमें तो वड़ा मतभेद है परन्तु वाणका समय प्रायः निश्चित रूपमें षष्ठ शतकका अन्त तथा सप्तम शतकका आदिभाग माना गया है, तदनुसार भासके समयकी अन्तिम संभाव्य सीमा सप्तम शतक मानी जा सकती है, रही आदिम सीमा की वात, उस सम्बन्धमें वाल्मीकि के कालपर विचार करना होगा । Prof. Keith का कहना है कि वाल्मीकि चतुर्थ शतक बी. सी. में विद्यमान थे । Prof. Jacobi के मतानुसार वाल्मीकि पंचम शतक बी. सी. से पूर्व में थे । इसप्रकार पूर्वोत्तर सीमाके हो जानेपर भी निश्चित समयके निर्धारणमें वड़ा मतान्तर है ।

१—गणपति शास्त्री, हरप्रसाद शास्त्री तथा पुसल्कर महोदय भासका समय षष्ठशतक बी. सी. मानते हैं ।

२—जागीरदार तथा कुलकर्णी—तृतीय शतक बी. सी.

३—जायसवाल, चौधरी और ध्रुव—द्वितीय या प्रथम शतक बी. सी.

४—Konow, डा० सरूप तथा Weller—द्वितीय शतक A. D.

५—Keith, Jolly, Jacobi, Banerjee Shastri तथा भण्डारकर —तृतीय शतक A. D.

६—Liseny तथा Winternitz —चतुर्थ शतक A. D.

७—Sankar पञ्चम या षष्ठ शतक A. D.

८—Devadhar, Barnett, हीरानन्दशास्त्री, Nerurkar Pisharoti —सप्तम शतक A. D.

९—Kane —नवम शतक A. D.

१०—पं० रामावतार शर्मा —दशम शतक A. D.

११—रङ्गाचार्य रेड्डी —एकादश शतक A. D.

इनमें सप्तम शतकके वाद भासका समय माननेवाले वाणभट्ट द्वारा भासके उल्लेखका क्या समाधान देते हैं ? इसका पता मुझे नहीं है ?

वस्तुतः भासको पाणिनि तथा भरत मुनिसे अधिक पीछेका मानना ठीक नहीं होगा, क्योंकि पाणिनिके व्याकरण तथा भरतके नाट्यशास्त्रके नियमोंका पालन भासने प्रायः नहीं ही किया है। यह भी कहना सङ्गत नहीं होगा कि भास पाणिनिसे पूर्ववर्त्ती थे, क्योंकि यदि भास पाणिनिसे पूर्ववर्त्ती होते तो पाणिनि अवश्य उनके प्रयोगों की उपपत्तिके लिये नियम बनाते।

अतः यह प्रमाणित हो जाता है कि भास पाणिनि तथा भरतके समसामयिक रहे होंगे।

नाट्यरचनाकलापर दृष्टिपात करनेसे भासका समय कालिदाससे बहुत पहले प्रतीत होता है।

इन सभी बातोंपर विचार करनेसे भास अतिप्राचीन नाटककार सिद्ध होते हैं, भले ही उनका निश्चित काल नहीं बताया जासके।

भासका देश

कुछ दाक्षिणात्य पण्डितोंने यह प्रमाणित करनेका प्रयास किया है कि भास दक्षिण भारतके निवासी थे। उनके तर्क यों हैं :—

१—भासनाटकचक्रके सभी नाटक केरलमें ही मिले।

२—भासकृत प्रतिमानाटकमें अभिषेक संस्कारके समय सीताको रामके साथ नहीं चित्रित किया गया है, प्रायः केरलको छोड़कर भारतके सभी भागों में दम्पतिका संस्कार समयमें सहावस्थानकी प्रथा है केवल केरल ही ऐसा प्रान्त है जहाँ दम्पतिका सहावस्थान नियत नहीं है, इससे भासका केरलीय होना सिद्ध होता है।

३—मामा का अधिक आदर वर्णित किया है, जो दक्षिण देशकी देन है।

इन तर्कोंसे कुछ उतना बल नहीं मिल रहा है, क्योंकि किसीके ग्रन्थोंके कहीं पाये जानेसे उसका वह देश नहीं सिद्ध होता यदि ऐसा माना जाय तब बहुत-सी मान्यतायें परिवर्त्तित करनी पड़ जावेंगीं।

अभिषेक-संस्कार कालमें सीताकी अनुपस्थिति भी नाटकीय विशेषताकी दृष्टिसे की जा सकती है।

मामाके आदरवाली बात में तो कुछ भी तत्त्व नहीं है, वह तो धर्मशास्त्रके वचनपर अवलम्बित है।

वस्तुतः यदि भासके नाटकोंका अन्त.परीक्षण किया जाय तो हमें मिलेगा कि भासने जितने पात्रनाम, शहर, नदियाँ आदि अपने रूपकोंमें वर्णित की हैं वे सभी

उत्तर भारतकी हैं। इससे तो यही मानना उचित है कि भास उत्तर भारतके निवासी थे। उनका 'यज्ञफल' नामक रूपकका उत्तर भारतमें पाया जाना, इस मतकी पुष्टि करता है।

भासकी जीवनी

भासकी जीवनीके सम्बन्धमें कुछ भी निश्चित रूपसे मालूम नहीं है, उनके सम्बन्धमें इतना ही कहा जा सकता है कि वे एक पुराने लेखक व्यास, वाल्मीकिके उत्तरकालीन मुनिकल्प कवि थे और वैष्णवमतानुयायी तथा ब्राह्मणधर्मके समर्थक थे। भासके मतानुसार गृह स्त्रियोंका स्थान था, भास धर्मके प्रति बड़ी आस्था रखा करते थे, 'धर्मो रक्षति रक्षितः' याज्ञिक अनुष्ठानोंके प्रति भासका बड़ा विश्वास था। पञ्चरात्र तथा अन्यान्य रूपकोंमें उन्होंने यज्ञका अच्छा चित्रण किया है :—

'शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति'॥

भासने यद्यपि भाग्यको बड़ा गौरव प्रदान किया है, 'चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः' 'जाग्रतोऽपि बलवत्तरः कृतान्तः' तथापि वे उद्योग का महत्त्व मानते थे, उन्होंने लिखा है :—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति'॥

भासकी शैली

भासकी शैली नाटककारोंके लिये आदर्श शैली कही जाती है। कथोपकथनकी सरल सरस पद्धतिमें कोई नाटककार भासकी समता नहीं कर सका है। भासके रूपकोंकी शैलीके विषयमें म० म० गणपति शास्त्रीने लिखा है :—

The Superior excellence of Sentences which are not subject to the restrictions of verification is everywhere to be observed in these Rupakas. It really surpasses in grandeur, the style of other words and is incomparable.

'अर्थात् भासके रूपकोंमें वाक्ययोजनाकी जो विशेषतायें हैं वे अन्यत्र नहीं प्राप्त हो सकती हैं और न उनका अनुकरण ही किया जा सकता है'।

भासने बोलचालकी भाषाका व्यवहार किया है, जिसमें उनकी समता कालिदास भी नहीं कर सके हैं। भासकी भाषाको यदि हम स्वच्छन्दवाहिनी निर्झरिणी मानें तो कालिदासकी भाषाको हरद्वारकी गङ्गा मानना होगा।

नाट्यकला पर भासका असाधारण अधिकार था। नाट्यकलामें सफल होनेके लिये चरित्रचित्रणमें निपुण होना नितान्त अपेक्षित है। भासके पात्र इतने सजीव रूपमें चित्रित हुए हैं कि हम उन्हें अनायास अपना सकते हैं। प्रायः इन्हीं विशेषताओं पर दृष्टि रखकर बाणभट्टने भासके रूपकोंके सम्बन्धमें लिखा था—'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः' यहाँ भूमिका शब्द चरित्र-परक है, नानाप्रकारके चरित्रचित्रणोंसे ही भासको नाटकनिर्माणमें अक्षय यश मिला है।

भासका पञ्चरात्र, उसका कथासार

पहले कहे गये तेरह या चौदह रूपकोंमें एक महाभारताधारित रूपक 'पञ्चरात्र' है। 'पञ्चरात्र' में वर्णित कथाका सारांश महाभारतके पर्वसंग्रह पर्वमें निम्नलिखित रूपसे निबद्ध है :—

'अतः परं निबोधेदं वैराटं पर्वविस्तरम्।
विराटनगरे गत्वा श्मशाने विपुलां शमीम् ॥ २०६ ॥
दृष्ट्वा सन्निदधुस्तत्र पाण्डवा ह्यायुधान्युत।
यत्र प्रविश्य नगरं छद्मनान्यवसंस्तु ते ॥ २०७ ॥
पाञ्चालीं प्रार्थयानस्य कामोपहतचेतसः।
दुष्टात्मनो वधो यत्र कीचकस्य वृकोदरात् ॥ २०८ ॥
पाण्डवान्वेषणार्थं च राज्ञो दुर्योधनस्य च।
चाराः प्रस्थापिताश्चात्र निपुणाः सर्वतो दिशम् ॥ २०९ ॥
न च प्रवृत्तिस्तैर्लब्धा पाण्डवानां महात्मनाम्।
गोग्रहश्च विराटस्य त्रिगर्त्तैः प्रथमं कृतः ॥ २१० ॥
यत्रास्य युद्धं सुमहत्तैरासील्लोमहर्षणम्।
ह्रियमाणश्च यत्रासौ भीमसेनेन मोचितः ॥ २११ ॥
गोधनं च विराटस्य मोक्षितं यत्र पाण्डवैः।
अनन्तरं च कुरुभिस्तस्य गोग्रहणं कृतम् ॥ २१२ ॥
समस्ता यत्र पार्थेन निर्जिताः कुरवो युधि।
प्रत्याहृतं गोधनं च विक्रमेण किरीटिना ॥ २१३ ॥

विराटेनोत्तरा दत्ता स्नुषा यत्र किरीटिनः ।
अभिमन्युं समुद्दिश्य सौभद्रमरिघातिनम् ॥ २१४ ॥
चतुर्थमेतद्विपुलं वैराटं पर्व वर्णितम् ॥

इसी महाभारतीय कथाको आधार बनाकर भासने पञ्चरात्रका निर्माण किया है, जिसमें दुर्योधनका यज्ञ, उसमें द्रोणाचार्यका आचार्यत्व, दक्षिणामें पाण्डवों का राज्यार्धयाचन, शकुनिद्वारा न दिये जाने का प्रपञ्च, अभिमन्युका भीमद्वारा हरण प्रभृति घटनायें भासद्वारा कल्पनोपनीत की गईं, जिससे नाटकका चमत्कार बढ़ गया है ।

महाभारतीय कथाधार तथा प्रकृत रूपकमें अन्तर

दुर्योधन-यज्ञकी समृद्धि, उत्तरगोग्रहणकी घटना महाभारतमें नहीं हैं । महाभारतके अनुसार दुर्योधनने कुछ ऐसा यज्ञ नहीं किया था और न वह उत्तर गोग्रहण करने ही गया था ।

महाभारतमें इस बातकी भी चर्चा नहीं है कि अभिमन्यु श्रीकृष्णका प्रतिनिधि होकर दुर्योधनके यज्ञमें सम्मिलित हुआ था और न इसी बातका सङ्केत है कि वह गोग्रहणयुद्धमें सम्मिलित होकर भीमद्वारा बन्दी बना लिया गया ।

महाभारतके अनुसार विराट उत्तरगोग्रहणके समय राजधानीमें नहीं थे, वे उस समय दक्षिणगोग्रहणमें प्रवृत्त त्रिगर्त नामक राजासे लड़ने गये हुए थे । इसलिये जब उत्तरगोग्रहण उपस्थित हुआ, तब वह पिताको अनुपस्थित देख कर लड़ने गया था ।

महाभारतके अनुसार उत्तरगोग्रहण युद्धके दो तीन दिन बाद पाण्डवोंने स्वयं अपनेको प्रकट किया, परन्तु इस रूपकमें धर्मराजने स्वयं अपनी प्रतिज्ञाको समाप्त बताया ।

महाभारतमें दुर्योधन कहता रहा है—'सूच्यग्रं नैव दास्यामि विना युद्धेन केशव' । परन्तु इस रूपकमें वह द्रोणके अनुरोध तथा अपनी दान-प्रतिज्ञाको पूर्ण करनेके लिये आधा राज्य पाण्डवोंको देता है ।

पञ्चरात्रकी कथावस्तु

प्रथम अङ्क

कुरुराज दुर्योधनके एक विशाल यज्ञमें कुछ उत्पाती बालकोंके लड़कपनसे यज्ञमण्डपमें आग लग गई किन्तु ऋत्विजोंने किसी प्रकार उसे शान्त करके यज्ञ सम्पन्न किया। तदनन्तर यत्र तत्रसे आये हुए ब्राह्मण, सभासद तथा सामन्तोंने दुर्योधनका साधुवाद किया। अवसानमें दुर्योधनने आचार्य द्रोणसे यज्ञकी आचार्य-दक्षिणा स्वीकार करनेकी प्रार्थना की। पहले द्रोणने कहा कि कभी ले लूँगा, परन्तु अधिक आग्रह किये जानेपर तथा दानजल हाथमें लेकर दुर्योधनद्वारा प्रतिज्ञात होनेपर द्रोणने कहा—पाण्डवोंको उनका राज्यार्ध दे दो, यही हमारी यज्ञदक्षिणा होगी। शकुनिने इसे आचार्यद्वारा की गई दुर्योधनकी धर्मवञ्चना समझी, उसने साफ साफ़ कह दिया कि यह बात नहीं हो सकेगी। इसपर द्रोणाचार्यको थोड़ा क्रोध हो आया, उन्होंने कहा कि तुम्हारे पक्षमें यह ठीक है कि पाण्डवोंका राज्यार्ध उन्हें लौटा दो अन्यथा वह बलपूर्वक अपना हिस्सा ले लेंगे, इस स्थितिमें यही अच्छा होगा कि हमारी प्रार्थनासे ही उन्हें राज्यार्ध दे दो। इस स्थितिमें भीष्मपितामह तथा कर्णके वचनोंसे आचार्यका क्रोध शान्त हुआ।

दुर्योधनने शकुनिके साथ परामर्श किया, अन्तमें दुर्योधनने शकुनिके विचारानुसार घोषणा की कि यदि पाँच रातके अन्दर पाण्डवोंका पता लगा दिया जाय तो उन्हें राज्यार्ध दिया जा सकता है। भीष्मके अनुरोधपर द्रोणाचार्यने यह शर्त मान ली।

इसी समय दुर्योधनके दरबारमें खबर मिली कि विराटके संबन्धी सौ कीचक-बन्धु बिना अस्त्रप्रयोगके मार दिये गये हैं, भीष्मने निश्चय कर लिया कि यह व्यापार भीमका ही हो सकता है, अतः उन्होंने द्रोणाचार्यको बता दिया कि पाण्डव विराटके नगरमें ही हैं। भीष्मने दुर्योधनको बताया कि विराटके साथ हमारी पुरानी शत्रुता है, इस यज्ञमें भी वह नहीं उपस्थित हुआ है, अतः उसके ऊपर आक्रमण करके उसका गोधन हरण कर लिया जाय। भीष्म ने पाण्डवोंका पता लगानेके लिये ही यह अवसरके योग्य चाल चली, उनका

विश्वास था कि विराटपर जब आक्रमण होगा, तब पाण्डव उनकी ओर से अवश्य लड़ने आवेंगे क्योंकि वे लोग बहुत कृतज्ञ हैं। इस प्रकार पाण्डवोंका पता चल जायगा।

द्वितीय अङ्क

विराटके यहाँ उनके जन्मदिनके उपलक्ष्यमें उत्सव मनाया जा रहा था। गोधनकी सजावट की जा रही थी, सभी गोपाल उत्सव मग्न थे। इसी समय दुर्योधनादि राजाओंने बड़ी भारी सेना लेकर गोधनपर आक्रमण कर दिया, गायें हरी जाने लगीं। इसी समय विराटके पास खबर पहुँची कि कौरवोंने गोधन पर आक्रमण कर दिया है, उनकी सेनामें भीष्म भी हैं, उनका सामना करनेके लिये कुमार उत्तर बृहन्नलाको सारथी बनाकर जा चुके हैं। विराट अपने पुत्रकी मददके लिये जानेको उद्यत होते हैं, उसी समय दूतमुखसे उन्हें सूचना मिलती है कि भीष्म आदि राजागण परास्त हो गये हैं, केवल अभिमन्यु लड़ रहा है। थोड़ी देर बाद दूतने खबर दी कि युद्ध समाप्त हो गया है, राजा अपने पुत्रको देखनेकी उत्कण्ठा प्रकट करते हैं, जो उस समय युद्धमें बहादुरी दिखाने वाले वीरोंका नाम अंकित कर रहा था। विराट बृहन्नलाको पुकारकर युद्धके विवरण पूछते है। इसी समय एक दूत आकर प्रसन्नतापूर्वक खबर देता है कि युद्धमें अभिमन्यु पकड़ लिया गया है, अभिमन्युको पकड़ने वाला वही है जिसे आपने पाकशालामें अधिकृत कर रखा है। राजा प्रसन्नतासे आप्यायित हो उठते हैं और वह बृहन्नलाको आदेश देते हैं कि वह आदरके साथ अभिमन्युको बुला लावे। बृहन्नलाकी अभिमन्युसे तथा भीमसे भेंट होती है। भीम तथा बृहन्नला दोनों मिलकर अभिमन्युको चिढ़ाते हैं, अभिमानी अभिमन्यु इसे अपना अपमान मानता है, और अभिमानपूर्ण शब्दों में इसपर अपनी अप्रसन्नता प्रकट करता है। इस प्रकार बृहन्नला अभिमन्युके साथ कुछ बातें करके भीम तथा अभिमन्युको विराटके पास ले जाती है। वहाँ जानेपर अभिमन्युसे कुछ अपमान-जनक प्रश्न किये जाते हैं जिसका उत्तर वह उत्तेजित स्वरमें देता है।

इसी समय कुमार उत्तर वहाँ उपस्थित होता है, और घोषित करता है कि आजके युद्धमें अर्जुनकी जीत हुई है हमारी नहीं। ये हैं अर्जुन जो श्मशान स्थित शमीवृक्षसे अपने गाण्डीव धनुष तथा तूणीर लाकर कौरवोंको परास्त करनेमें समर्थ हुए हैं। युधिष्ठिर—भगवान्‌ने घोषित किया कि अज्ञातवासका

समय समाप्त हो गया है, इन सब बातोंसे अभिमन्युको आनन्दके साथ आश्चर्य भी हुआ और उसे अपने पितृवर्गोंसे मिलकर नितान्त सन्तोष हुआ। पाण्डवोंका परिचय पाकर विराटको बड़ा गौरवका अनुभव हुआ। विराटने युद्धमें प्राप्त विजयके उपलक्ष्यमें अर्जुनको अपनी कन्या उत्तरा देनेकी घोषणा की, जिसे अर्जुनने पुत्रवधू (अभिमन्यु की वधू) के रूपमें स्वीकार किया।

तृतीय अङ्क

इधर कौरवोंके पक्षमें यह खबर फैल गई कि अभिमन्युको एक पदातीने रथसे उतारकर हरण कर लिया है। खबर पाते ही भीष्मने समझ लिया कि अभिमन्युका हर्त्ता भीमसेन ही हो सकता है। शकुनिको यह कथन ठीक नहीं जँचा, उसने उपहासमें कहा कि तब तो आप उत्तरको भी अर्जुन ही कह सकते हैं जिसने हमलोगोको पराजित किया है।

द्रोण और भीष्मने स्पष्ट कर दिया कि वह बाणवृष्टि केवल अर्जुनकी ही हो सकती है जिसने सूर्यको अस्त कर दिया था। भीष्मके ध्वजमें लगा एक बाण लाया गया, और शकुनिने उसमें अर्जुनका नाम पढ़ा, पढ़ते ही उसने उस बाणको फेंक दिया। द्रोणाचार्यका यह कथन शकुनिको अच्छा नहीं लगा कि वह अर्जुन था जिसने हमें परास्त किया। असन्तुष्ट होकर शकुनिने कहा कि आप लोगोंको सारे संसारमें पाण्डव ही वीर दीखते हैं। क्या यह नहीं हो सकता कि दूसरा भी कोई अर्जुन हो सकता है, उसीके यह बाण हो सकते हैं ? दुर्योधनने भी इस कथनका समर्थन किया।

इसी समय दुर्योधनके दरबार में कुमार उत्तर आया। उसने अभिमन्युके विवाहमें भीष्मादि गुरुजनों की अनुमति युधिष्ठिर की ओरसे याचना की।

इस तरह सबको ज्ञात हो गया कि पाण्डव विराटके यहाँ वर्त्तमान हैं। इस पर भीष्मकी प्रेरणासे द्रोणने कहा कि अभी पञ्चरात्रकी अवधि बीत नहीं पायी है, दुर्योधन अपनी प्रतिज्ञा पूरी करें तो अच्छा हो। हारकर दुर्योधनने भी पाण्डवोंको राज्यार्ध देने की घोषणा कर दी। द्रोणने अपनी प्रसन्नता प्रकट की।

पात्रालोचन

दुर्योधन—इस रूपकमें दुर्योधन एक उदार नायकके रूपमें चित्रित किया गया है। आदिसे अन्ततक उसकी उदारता बनाई रखी गई है। प्रारम्भमें उसके द्वारा यज्ञानुष्ठान कराया गया है, जिसकी प्रशंसा सबने की। यज्ञ की सफलता-से उसे इतना सन्तोष हुआ कि वह इसी देहसे स्वर्गसुखका अनुभव करने लगा और मरणानन्तर होनेवाले स्वर्गको काल्पनिक कहने लगा। वह उदारतासे वशीभूत होकर अपने आचार्य द्रोणाचार्यसे अपनी पूर्व त्रुटियोंके लिये क्षमा याचना करता है। अपनी सदाशयता पर विश्वास उत्पन्न करानेके लिये उसने दान-जल लेकर आचार्यको अनुरोध किया कि आप अपनी यज्ञ-दक्षिणा ले लें। दुर्योधनको शकुनिने कितना भी समझाया कि आपको द्रोणाचार्य ठग रहे हैं, तब भी दुर्योधन अपनी प्रतिज्ञाको छोड़ना नहीं चाहता, वह कहता है—'तदिदमपनयो वा वञ्चना वा यथा वा भवतु नृपजलं तत् सत्यमिच्छामि कर्त्तुम्' पञ्चरात्रकी शर्त भी वह केवल शकुनि की बात रखने के लिये करता है। अन्तमें गोग्रहणयुद्धमें अभिमन्युके बन्दी हो जाने पर उसने जो यह कहा कि :—

अद्य च मम स पुत्रः पाण्डवानां तु पश्चात्।
सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः॥'

इससे उसकी उदारता स्पष्ट हो जाती है। सत्यके प्रति उसकी अगाध निष्ठाका चित्रण उसके चरित्रकी पराकाष्ठा है, वह अन्तमें कहता है :—

'मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति'।

द्रोण—ब्राह्मण होकर भी द्रोण एक ख्यातिप्राप्त योद्धा थे, दुर्योधन उनको वर्म तथा धनुष दोनोंका आचार्य समझता था। द्रोणकी युद्धविद्याविशारदताका आभास तब होता है जब हम भीष्मके मुँहसे द्रोणके विषयमें सुनते हैं कि :—

'ममायुधं वृत्तिरपह्नवस्तव'

हम क्षत्रियोंका शस्त्र जीविका है परन्तु आपका अस्त्र विनोद है। युद्ध-विद्यामें द्रोणकी प्रवीणता इसीसे प्रमाणित है कि वे सर्वक्षत्राचार्य कहे जाते हैं। इस रूपकमें द्रोणका लक्ष्य कौरव तथा पाण्डवके बीच राज्यविभाजन द्वारा

सौजन्य स्थापन चित्रित किया गया है, द्रोण अपने इस लक्ष्यमें इतना सतर्क हैं कि वे दुर्योधनसे भिक्षाके रूपमें भी पाण्डवोंका राज्यार्ध मांगनेमें हिचकते नहीं, वह कह देते हैं:—

'एषैव भिक्षा मम दक्षिणा च'

उनका यह लक्ष्य जव पूर्ण हो जाता है तव वे प्रसन्नताको छिपा नहीं सकते, वे कह ही उठते है :—

'हन्त सर्वे प्रसन्नाः स्मः प्रवृद्धकुलसंग्रहाः'

द्रोण एक मनस्वी पुरुष हैं, वे शकुनिके नीच व्यवहारसे असन्तुष्ट होकर विगड़ उठते हैं। यही द्रोणाचार्यकी दुर्वलता भी कही जा सकती है कि वे अपने मनोभावोंको छिपा नहीं सकते। कभी-कभी उनके भाव क्षत्रियके से हो जाते हैं। वे पञ्चरात्रकी शर्त स्वीकार करनेमें इतनी शीघ्रता करते हैं कि भीष्मको सन्देह होने लगता है कि कहीं दुर्योधन उनकी मायाको ताड़ न जाय। एक शव्दमें यही कहा जा सकता है कि द्रोण एक सरलमति ब्राह्मण और वहादुर थे।

भीष्म—भीष्मका चित्रण एक वृद्धपितामहके रूपमें किया गया है जो पाण्डवोंके लिये गहरी सहानुभूति रखते हैं। उनका हित कथन सदा न्यायोचित रूपमें ही होता है, वे दुर्योधनको सावधान करते हैं कि शकुनि तुम्हारा मित्रमुख शत्रु है, इस पर विश्वास करना ठीक नहीं। वे सदा शान्त परन्तु सतर्क नीतिज्ञके रूपमें वने रहते हैं। जव उन्होंने सुना कि कीचकका अशस्त्र वध हुआ है, तव ही वे समझ गये कि यह कार्य भीमका ही है, और उन्होंने द्रोणको राय दी कि आप पञ्चरात्रकी शर्त स्वीकार कर लें। वह द्रोणको शर्त्त स्वीकार करनेके लिये प्रेरित करके चुपचाप वैठे ही नहीं रहे, उनकी पूर्तिके लिये दुर्योधनको विराटपर आक्रमण करनेको उसकाया। उनके इसी नीतिपूर्ण पदन्यास का पता न दुर्योधनको चला और न उसके मामा दुष्ट शकुनिको। उनकी नीतिज्ञताका सवसे सुन्दर चित्र वहाँ उपस्थित हुआ जव उन्होंने कहा कि शकुनि, आप इस वाणपर खुदे नामाक्षरोंको पढ़िये, वुढ़ापेके कारण मेरी आँखें वेकाम हो गई हैं।

कर्ण—कर्णका चित्रण एक उदाराशय वीरके रूपमें किया गया है, यद्यपि उसका कार्य थोड़ा है, फिर भी उसका सौम्य मनोभाव प्रकट हो गया है। वह

इसलिये वह पाण्डवोंसे जला करता था। अर्जुनके नामाक्षरोंसे अङ्कित वाणके पाये जानेपर भी वह डाहसे कहता है कि यह कोई दूसरा अर्जुन हो सकता है। इस तरहका सन्देह करना उसकी स्वभावगत दुष्टताका परिचय देता है।

मामा होनेके कारण शकुनि दुर्योधनपर प्रभाव रखता है, वह दुर्योधनके हितैषी वीरोंसे भी वैरभाव ही रखता है, तथापि सरलमति दुर्योधन उसे अपना हितैषी समझता है, इसलिये तो भीष्मने उसे दुर्योधनका मित्रमुख शत्रु कहा।

युधिष्टिर—इस रूपकमें युधिष्ठिरको एक सदाशय तथा चतुरप्रतिज्ञा-परायणके रूपमें चित्रित किया गया है। कौरवोंने उनके साथ वड़ा बुरा व्यवहार किया था, फिर भी उनका सदाशय हृदय वन्धुत्वकी भावनासे भरा रहा, विराटके ऊपर आक्रमण करके जब दुर्योधनने अपनी कुरुचिका परिचय दिया तब धर्मराज युधिष्टिरको दुःख हुआ, उन्होंने दुर्योधनकी भूलको अपनी भूल समझकर खेदके स्वरमें कहा :—

'एकोदकत्वं खलु नाम लोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि।
वैरप्रियैस्तैर्हि कृतेऽपराधे यत् सत्यमस्माभिरिवापराद्धम्'॥

उनकी सहायताके विषयमें उनके घोर विरोधी शकुनिको भी हारकर कहना पड़ा कि :—

'ऊषरेष्वपि सस्यं स्याद् यत्र राजा युधिष्टिरः'

युधिष्ठिरकी सदाशयताका सबसे बड़ा प्रमाणपत्र यह है :—

'द्विषन्मुखेऽपि स्वदते स्तुतिर्या, सैव प्रमाणं खलु योग्यतायाः'

विराटके मुंहसे यह कहवाकर :—

'यदि शक्रोऽपि युधिष्ठिरो मर्षयति, नाहं मर्षयामि'

युधिष्ठिरकी क्षमाशीलताका परिचय दिया गया है। इस विषयमें द्रोणाचार्यकी निम्नोद्धृत उक्ति और अधिक स्पष्ट प्रकाश डालती है—

'अत्रेदानीं धर्माश्रयवृत्तिर्युधिष्ठिरः प्रष्टव्यः। येन भीमः सभास्तम्भं तोलयन्नेन वारितः'॥

वे भगवान्‌के नामसे विराटके यहाँ अज्ञातवास करते हुए भी अपने स्वरूपकी रक्षा करते रहे। युधिष्ठिर कभी भी अपने प्रति सन्देह नहीं होने देते, जब अभिमन्यु वन्दी वनाकर लाया गया, तव विराटने उसके प्रति यथोचित आदर करना चाहा, इसपर युधिष्ठिरने अपनी असम्मति व्यक्त की, जिससे यह

स्पष्ट हो जाता है कि वे अपने प्रति सन्देह नहीं होने देना चाहते थे। अपने भाइयोंके प्रति उनका प्रेम अगाध था, उनको विश्वास था कि उनके सामने उनका अनुज अर्जुन अपने पुत्रके प्रति स्नेह नहीं प्रकट कर सकता।

अन्तमें जब विराटने अर्जुनको उत्तरा प्रदानकी बात चलाई तब युधिष्ठिरने सोचा कि यदि विराट अर्जुनके साथ उत्तराके यौन प्रेमको हृदयमें रखकर यह कार्य कर रहे हैं तब तो यह बड़ा लज्जाजनक विषय है—

'एतदवनतं शिरः'।

इससे उनका उदात्त चरित्र स्पष्ट हो उठता है।

भीम—भीमका चित्र एक वीरके रूपमें अभिव्यक्त हुआ है। उसके पराक्रमी होनेका प्रबल प्रमाण यही है कि वह केवल बाहुकी सहायतासे बिना अस्त्र-शस्त्रके सौ कीचकोंको मार देता है और अभिमन्युके समान रथपर चढ़कर सव्य-साचीको गोदमें उठा लाता है। उसकी द्रुतगामिताके विषयमें द्रोणाचार्यकी यह उक्ति प्रमाण है :—

'कर्णायते तेन शरे विमुक्ते विकल्पितं तस्य शिरो मयोक्तम्।
गत्वा तदा तेन च बाणतुल्यमप्राप्तलक्ष्यः सशरो गृहीतः'॥

इस वीरताका उसे यथोचित अभिमान है, वह कहता है :—

'सहजौ मे प्रहरणं भुजौ'।

जिसे भीष्मपितामह भी स्वीकार करते हैं—

'द्वाविव दोर्भ्यां समरे प्रयातौ हलायुधश्चैव वृकोदरश्च'।

भीम बहादुर होनेके साथ अपने भाईका आज्ञाकारी भी है, उसे कौरवों से बड़ी शत्रुता है, द्रौपदीके प्रति किये गये अपमानका बदला वह भरी सभामें सभास्तम्भ उखाड़ कर तत्काल लेना चाहता है, परन्तु युधिष्ठिरके इशारे पर तत्काल रुक जाता है :—

'येन भीमः सभास्तम्भं तोलयन्नेव वारितः'।

वीर होनेके साथ ही वह द्रौपदीके प्रति बहुत प्रेम रखता है। अर्जुनने जब कहा कि अभिमन्युको वन्दी बनाकर आपने अच्छा नहीं किया तब उसने सरल उत्तर दिया कि :—

'जानाम्येतान् विग्रहादस्य दोषान् को वा पुत्रं मर्षयेच्छत्रुहस्ते।
इष्टापत्त्या किन्तु दुःखे हि मग्ना पश्यत्वेनं द्रौपदीत्याहृतोऽयम्'॥

अभिमन्युके वन्दी होनेमें सभी दोषोंको जानते हुए भी उसने वैसा केवल द्रौपदीको पुत्रदर्शनसे प्रसन्न करने के लिये किया।

अर्जुन—इस रूपकमें अर्जुनका चरित बहुत संक्षिप्त परन्तु स्पष्ट है, वह एक वीर योद्धा है जिसकी प्रशंसा उसके शत्रु शकुनिके द्वारा की गई है :—

'कः पार्थाद्बलवत्तरः'।

बृहन्नलाके रूपमें उत्तरका सारथ्य करके भी उसने अपनी वीरताका वड़ा अच्छा प्रदर्शन किया है।

युधिष्ठिरके प्रति श्रद्धासे उसका हृदय पूर्ण है, वह उनके सामने अपने प्रिय पुत्रका भी आलिङ्गन नहीं कर सका है। अर्जुनके चरितमें सबसे स्वच्छ चित्रण वहाँ हुआ है, जब युद्धावसानमें विराट ने पारितोपिकके रूपमें उसे उत्तरा देनेकी वात कही है, और उसने कहा है कि—

'इष्टमन्तःपुरं सर्वं मातृवत् पूजितं मया।
उत्तरैषा त्वया दत्ता पुत्रार्थे प्रतिगृह्यते'॥

अभिमन्यु—अभिमन्यु अदम्य उत्साहसम्पन्न एक वीर बालक है; वह युद्धकी नीतिसे परिचित नहीं है, फिर भी शूरता उसकी स्तुत्य है, सभी योद्धा पीठ दिखलाते गये परन्तु वह लड़ता ही रहा—

'भयेऽप्येको वाल्यान्न भयमभिमन्युर्गणयति'।

अभिमन्युकी वीरताका परिचय अर्जुन भी देते है, वे कहते हैं :—

'अहमपि च परिक्षतो भवेयं यदि न मया परिवर्त्तितो रथः स्यात्'।

अभिमन्यु मुझको भी आहत कर देता, यदि मैं रथको घुमा न लेता।

अभिमन्यु राजपुत्रके नाते वड़ा अभिमानी है। वन्दी होकर विराटके यहाँ आने पर जव उसे नाम लेकर पुकारा जाता है तव वह कह उठता है कि यह यहाँकी कैसी प्रथा है कि राजकुमारको भी नाम लेकर पुकारा जाता है, यह तो अपमान है।

उसके हृदयमें अपने पिता अर्जुन तथा मामा श्रीकृष्णका वड़ा आदर है, उसने कहा कि मैं इसलिये पकड़ा गया कि मुझे पकड़नेवाला अशस्त्र होकर मेरे सामने आया, मैं तात अर्जुन तथा श्रीकृष्णमातुलको याद करके उस अशस्त्र व्यक्तिपर किस प्रकार शस्त्रप्रहार करता ?

सच्चा क्षत्रिय होनेके कारण वह ब्राह्मणोंके प्रति अति श्रद्धालु है, विराटके यहाँ जब उसे कहा जाता है कि यही महाराज हैं तब वह घमण्डके साथ कहता है कि :—

'कस्य महाराजः ?'

परन्तु तत्क्षण ही जब उसे बताया जाता है कि ब्राह्मणके साथ हैं, तब झटसे वह कह उठता है :—

'भगवन् ! अभिवादये,।

जब भगवान् (युधिष्ठिर) उससे पूछते हैं कि आखिर अर्जुनपुत्र तथा श्रीकृष्णभागिनेय होकर तुम युद्ध में बन्दी कैसे हुए तब उसका क्षत्रियत्व उबल पड़ता है, वह कहता है—'मैं अपनी प्रशंसा नहीं करना चाहता, मेरे वंशमें इसकी आदत है ही नहीं, यदि आप मेरी वीरता देखना चाहते हैं तो अपने पक्षके आहत जनोंमें लगे बाणोंको देखिये, एक भी बाण दूसरेके नामसे अङ्कित नहीं मिलेगा, सभी बाण मेरे ही होंगे।

विराट—विराटका चित्रण एक आत्मपरिचेता तथा सुसंस्कृत राजाके रूपमें हुआ है। वे अपनी जन्मगांठके दिन विशेष गोदान करते हैं। ब्राह्मणोंके प्रति उन्हें बड़ी भक्ति है, पाण्डवोंसे उन्हें प्रेम है। वे अपने पुत्र उत्तरको बहुत प्यारे करते हैं, गोग्रहणयुद्धमें उत्तर चला गया है, इसकी खबर पाते ही वे चिन्तित हो जाते हैं और अपने सारथिपर इसलिये क्रुद्ध होते हैं कि वह उत्तरके साथ क्यों नहीं गया ? उन्हें तब सन्तोष होता है जब वे भीष्म तथा द्रोण आदिका परास्त हो जाना सुन लेते हैं, उन्हें हम सरलमति कह सकते हैं क्योंकि उन्हें विश्वास हो जाता है कि मेरे पुत्रद्वारा कौरवका पक्ष पराजित हो गया होगा।

अभिमन्युके साथ उनका व्यवहार सौजन्यपूर्ण रहा, क्योंकि वे पाण्डवोंके प्रति अति आदर रखते थे।

पाण्डवों के प्रति विराटका आदर उनके इस कथनसे स्पष्ट हो उठता है :—

'शूराणां सत्यसन्धानां प्रतिज्ञां परिरक्षताम्।
पाण्डवानां निवासेन कुलं मे नष्टकल्मषम्'॥

उत्तर—उत्तर एक साधारण राजकुमार था, उसको युद्धक्षेत्रमें बृहन्नलाके यथार्थरूप (अर्जुन) का ज्ञान हुआ, और उसको यह भी विश्वास हो गया कि

यदि अर्जुन मेरे साथ नहीं होते तो आजके युद्धमें हमारी हार निश्चित थी। इस बातको उसने स्पष्ट शब्दोंमें कहा भी है।

अपने सैनिकोंके वीरतापूर्ण चरित्रको लिपिबद्ध करके उसने अपने चातुर्य तथा सैन्यसंरक्षण-कौशलका परिचय दिया है।

प्राहितः अमृतमन्थने निर्वृत्ते सति सासुरैः = असुरवर्गेण सहितैरित्यर्थः । सुरैः = देवैः, क्षितिधरात्=मन्दरपर्वतात् मुक्तः=बन्धनमुक्तः श्रान्तोज्झितः—श्रान्तश्चासौ—उज्झितश्च = परित्याजितः इति भावः, अर्णवजले = अर्णवस्य = समुद्रस्य जले भोगम् = (स्वकीय) शरीरम् आकर्षन् वासुकिः इव प्रतीयत इति शेषः ॥ २९ ॥

भीमेनेति । भीमेन समयव्यवस्थाम्=युद्धनियमम् भित्त्वा=उल्लङ्घ्य गदाभिघातक्षतजर्जरोरुः—गदाया अभिघातेन = प्रहारेण क्षतौ = छिन्नभिन्नौ (तथा) जर्जरौ ऊरू यस्य सः (एषोऽहम्) भुजाभ्याम् परिकृष्यमाणम् अर्धोपरतम् = अर्धमृतम् स्वम् देहम् वहामि = धारयामि, इतस्ततः नयामि इत्याशयः ॥ ३० ॥

त्वदिति । भूमौ पतितस्य दुर्योधनस्येति शेषः ? एतत् शिरः त्वत्पादयोः =

की भूमिका अदा कर रहे हों ऐसा लग रहा है, अमृत-मंथन के बाद सुर और असुरों द्वारा मंदर पर्वत से मुक्त अपने शरीर को समुद्र के जलमें धीरे-धीरे खींचते हुए श्रान्त वासुकि की भांति (दुर्योधन) दिखाई पड़ रहे हैं ॥ २९ ॥

(इसके बाद टूटी हुई जंघा वाले दुर्योधन का प्रवेश)

दुर्योधन—अरे ! मैं यहाँ हूँ !

भीम ने युद्ध के नियमों का अतिक्रमण कर गदा के प्रहार से मेरी जंघाओं को घायल और जर्जर बना दिया है। इसीलिये मैं अपने अधमरे शरीर को जमीन पर इन हाथों से खींचता हुआ परिवहण (धारण) कर रहा हूँ ॥ ३० ॥

जमीन पर गिरा हुआ मेरा यह सिर आपके युगल चरणों पर पड़ा है। (ऐसी

वेतच्छिरः प्रथममद्य विमुञ्च रोषम् ।
जीवन्तु ते कुरुकुलस्य निवापमेघा
वैरं च विग्रहकथाश्च वयं च नष्टाः ॥ ३१ ॥

बलदेवः—भोः दुर्योधन ! मुहूर्तं तावदात्मा धार्यताम् ।

दुर्योधनः—किं भवान्करिष्यति ।

बलदेवः—भोः श्रूयताम्,

आक्षिप्तलाङ्गलमुखोल्लिखितैः शरीरै-
र्निर्दारितांसहृदयान्मुसलप्रहारैः ।
दास्यामि संयुगहतान्सरथाश्वनागान्

त्वदीययुगलचरणयोः निपतितम् अद्य प्रथमम् = अर्थात् सर्वप्रथमम् मधुनैव (अतः) रोषम् = कोपम् विमुञ्च = त्यज येन ते = पाण्डवाः कुरुकुलस्य = कुरुवंशस्य निवापमेघाः—निवापस्य = पितृदानस्य अर्थात् पितॄनुद्दिश्य प्रदत्तस्य जलाञ्जलेरित्याशयः । 'पितृदानं निवापः स्यात्' इत्यमरः । मेघाः = मेघतुल्याः जीवन्तु, वैरं च = वैरभावं च विग्रहकथा च—विग्रहस्य = युद्धस्य कथा च वयं च नष्टाः = नष्टप्रायाः ॥ ३१ ॥

आक्षिप्तेति । आक्षिप्तलाङ्गलमुखोल्लिखितैः—आक्षिप्तस्य = हन्तुं प्रक्षिप्तस्य लाङ्गलस्य = हलस्य मुखेन=अग्रभागेन उल्लिखितैः=विदीर्णैः शरीरैः मुसलप्रहारैः—मुसलस्य प्रहारैः = आघातैः निर्दारितांसहृदयान्—निर्दारितानि = विदारितानि अंसहृदयानि = स्कन्धवक्षःस्थलानि येषां तान्, सरथाश्वनागान् = रथाश्वगजैः

अवस्था में) आज सर्वप्रथम अपने रोष को त्याग दें ताकि कुरुवंश (के पितरों) को जलाञ्जलि प्रदान करने वाले पाण्डवरूपी मेघ जीवित रहें, क्योंकि सारी शत्रुता, विग्रहसम्बन्धी कथाएँ और हमलोग स्वयं विनष्ट हो चुके हैं ॥ ३१ ॥

बलदेव—ओ दुर्योधन ! क्षणमात्र के लिए आत्मा को थामे रखो ।

दुर्योधन—आप क्या कीजिएगा ?

बलदेव—सुनो !

संचालित हल के मुख (नोक) से क्षत-विक्षत (छिन्न-भिन्न) शरीर वाले और मूसल के प्रहार के कारण जिनका कंधा और हृदयस्थान चकनाचूर

स्वर्गानुयात्रपुरुषांस्तव पाण्डुपुत्रान् ॥ ३२ ॥

दुर्योधनः—मा मा भवानेवम् ।

प्रतिज्ञावसिते भीमे गते भ्रातृशते दिवम् ।
मयि चैवं गते राम ! विग्रहः किं करिष्यति ॥ ३३ ॥

बलदेवः—मत्प्रत्यक्षं वञ्चितो भवानित्युत्पन्नो मे रोषः ।

दुर्योधनः—वञ्चित इति मां भवान् मन्यते ।

बलदेवः—कः संशयः ।

दुर्योधनः—हन्त भोः ! दत्तमूल्या इव मे प्राणाः । कुतः—

सहितानित्यर्थः । संयुगहतान्—संयुगे = समरभूमौ हतान्, स्वर्गानुयात्रपुरुषान्—स्वर्गम् = स्वर्गलोकं गन्तुम् अनुयात्रा = प्रस्थानम् येषां ते एतादृशाः पुरुषाः=सहायकाः वीरयोद्धारः येषां तान् (एवम्भूतान्) पाण्डुपुत्रान् तव दास्यामि ॥ ३२ ॥

प्रतिज्ञेति । हे राम ! भीमे प्रतिज्ञावसिते—प्रतिज्ञा = 'ऊरुभङ्ग' रूपा प्रतिज्ञा अवसिता = पूर्त्ति गता यस्य सः तस्मिन्, पूर्णमनोरथे इति भावः, भ्रातृशते = बन्धुशते दिवं गते = स्वर्गलोकं गते मयि च एवं गते विग्रहः किं करिष्यति अतः अलमतियुद्धेन इत्याशयः ॥ ३३ ॥

हो गया है ऐसे रथ, अश्व और हाथियों के साथ पाण्डुपुत्रों को युद्ध में विनष्ट करके इनके अनुयायियों को स्वर्ग का यात्री बनाकर मैं इन्हें तेरे लिये समर्पण कर दूँगा ॥ ३२ ॥

दुर्योधन—नहीं, नहीं, आप ऐसा न कहें ।

जबकि भीमसेन की प्रतिज्ञा पूरी हो चुकी है, मेरे सौ भाई (मरकर) स्वर्ग पहुँच गए हैं और मैं (स्वयं) इस दीन अवस्था में डाल दिया गया हूँ, तब हे राम ! (इस) युद्ध से क्या सरेगा ॥ ३३ ॥

बलदेव—मेरे समक्ष तुम्हें धोखा दिया गया इसीलिए मुझे भी रोष चढ़ आया है ।

दुर्योधन—मुझे धोखा दिया गया इस बात को आप मानते हैं ?

बलदेव—इसमें क्या शक ?

दुर्योधन—अहो ! तब तो मेरे प्राणों की कीमत अच्छी लगी है (ऐसा मैं मानता हूँ) । क्योंकि—

आदीप्तानलदारुणाज्जतुगृहाद् बुद्ध्यात्मनिर्वाहिणा
 युद्धे वैश्रवणालयेऽचलशिलावेगप्रतिस्फालिना।
भीमेनाद्य हिडिम्बराक्षसपतिप्राणप्रतिग्राहिणा
 यद्येवं समवैषि मां छलजितं भो राम! नाहं जितः ॥ ३४ ॥

बलदेवः—भीमसेन इदानीं तव युद्धवञ्चनामुत्पाद्य स्थास्यति।

दुर्योधनः—किं चाहं भीमसेनेन वञ्चितः।

बलदेवः—अथ केन भवानेवंविधः कृतः।

दुर्योधनः—श्रूयताम्,

आदीप्तेति। भो राम! आदीप्तानलदारुणात्—आदीप्तानलेन = प्रज्वल्यमानाग्निना अतएव दारुणात् = भयानकात् जतुगृहात् = लाक्षाभवनात् बुद्ध्या = प्रत्युत्पन्नमत्या आत्मनिर्वाहिणा = स्वकीयजीवनसंरक्षकेण इत्यर्थः। वैश्रवणालये = कुबेरभवने युद्धे अचलशिलावेगप्रतिस्फालिना—अचलशिलानाम् = पर्वतशिलानाम् वेगेन प्रतिस्फालिना=प्रत्याघातकारिणा, हिडिम्बराक्षसपतिप्राणप्रतिग्राहिणा—हिडिम्बराक्षसपतेः=दानवराजहिडिम्बस्य प्राणानाम् प्रतिग्राहिणा=संहारिणा भीमेन यदि माम् एवं छलजितम् = कपटेन पराजितमित्यर्थः, समवैषि = जानासि (तदा) अहम् अद्य = इदानीमपि न जितः = न पराभूतः, न छलितः इत्यर्थः ॥ ३४ ॥

चारों तरफ से धधकती हुई आग से भयावह लाक्षा गृह से अपने को बुद्धिमानी से बचाने वाले, कुबेर के घर निवास करते हुए युद्ध में जोरों से पत्थर की वर्षा करने वाले और हिडिम्ब नामक दैत्यराज के प्राणों का हनन करने वाले इस भीम के द्वारा यदि आप मुझे छल से पराजित समझ रहे हैं तो, हे राम! निश्चय ही मैं आज भी परास्त नहीं हुआ ॥ ३४ ॥

बलदेव– इस समय भीमसेन तुम्हें युद्ध में धोखा देकर क्या जीवित रह सकता है?

दुर्योधन—क्या मैं भीमसेन के द्वारा छला गया हूँ।

बलदेव—(यदि ऐसा नहीं है) तब तुम्हारी यह दशा किसने की है?

दुर्योधन—सुनें।

येनेन्द्रस्य स पारिजातकतरुर्मानेन तुल्यं हृतो
दिव्यं वर्षसहस्रमर्णवजले सुप्तश्च यो लीलया।
तीव्रां भीमगदां प्रविश्य सहसा निर्व्याजयुद्धप्रिय-
स्तेनाहं जगतः प्रियेण हरिणा मृत्योः प्रतिग्राहितः ॥३५॥

(नेपथ्ये)

उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह। [उत्सरतोत्सरतार्याः। उत्सरत।]

बलदेवः—(विलोक्य) अये अयमत्रभवान् धृतराष्ट्रः गान्धारी च दुर्जयेनादेशितमार्गोऽन्तःपुरानुबन्धः शोकाभिभूतहृदयश्चकितगतिरित एवाभिवर्तते। य एषः,

---

येनेति। येन इन्द्रस्य पारिजातकतरुः = कल्पवृक्षः मानेन तुल्यम् = मानेन सदैव हृतः, यश्च दिव्यम् वर्षसहस्रम् अर्णवजले = क्षीरसागरजले लीलया = कौतूहलेन योगमायया वा, सुप्तः तेन जगतः प्रियेण = कल्याणकारिणा इति भावः। हरिणा = विष्णुना, श्रीकृष्णेन वा तीव्राम् = अतिकठोराम् भीमगदाम् = भीमस्य गदायाम् सहसा प्रविश्य निर्व्याजयुद्धप्रियः—निर्व्याजम्=छलरहितम् युद्धम् प्रियम्= इष्टम् यस्य सः अर्थात् धर्मयुद्धप्रियः इत्यर्थः। अहम् मृत्योः = कालस्य प्रतिग्राहितः = हस्ते समर्पित इत्यर्थः ॥ ३५ ॥

बलदेवः। आदेशितमार्गः—आदेशितः = निर्देशितः मार्गः यस्य सः, दुर्जयेन = दुर्योधनपुत्रेणेति शेषः। अन्तःपुरानुबन्धः = अन्तःपुरस्य अनुबन्धो यत्र

जिसने इन्द्र के पारिजात (कल्पतरु) वृक्ष को उसके (इन्द्र के) मानके साथ ही अपहरण कर लिया और जिसने दिव्य सहस्र वर्ष पर्यन्त क्षीरसागर के जल में कौतुकी माया के द्वारा शयन किया उसी जगत् के प्रिय श्रीकृष्ण ने भीम की गदा में प्रविष्ट होकर छलरहित युद्ध (अर्थात् धर्मयुद्ध) के अभिलाषी मुझको अचानक मृत्यु के हाथ सौंप दिया ॥ ३५ ॥

(नेपथ्य में)

आर्य ! दूर हटें, दूर हटें ! दूर हटें !

बलदेव—(देखकर) अरे ! यह तो (पुत्र-मरणादि) शोक से संतप्त महाराज धृतराष्ट्र, जिसका मार्ग दुर्जय द्वारा निर्देशित किया जा रहा है तथा अन्तःपुरवासी स्त्रियाँ भी जिनके पीछे-पीछे हैं, गान्धारी के साथ इधर ही आरहे हैं। जो यह,

वीर्याकरः सुतशतप्रविभक्तचक्षु—
दर्पोद्यतः कनकयूपविलम्बबाहुः ।
सृष्टो ध्रुवं त्रिदिवरक्षणजातशङ्कै-
र्देवैररातितिमिराञ्जलिताडिताक्षः ॥ ३६ ॥

(ततः प्रविशति धृतराष्ट्रो गान्धारी देव्यौ दुर्जयश्च ।)

धृतराष्ट्रः—पुत्र क्वासि ।

गान्धारी—पुत्तअ ! कहिं सि । [पुत्रक ! क्वासि ।]

देव्यौ—महाराज ! कहिं सि । [महाराज ! क्वासि ।]

सः, अर्थात् अन्तःपुरसहितः इत्यर्थः । शोकाभिभूतहृदयः—शोकेन = पुत्रादि-विनाशदुःखेन अभिभूतम् = आकुलं, त्रोटितं वा हृदयं यस्य सः, अभिवर्तते = आगच्छतीत्यर्थः ॥

वीर्याकर इति । वीर्याकरः सुतशतप्रविभक्तचक्षुः—सुतशतेषु प्रविभक्ते = विभाजिते संलग्ने वा चक्षुषी=नेत्रे यस्य सः, अर्थात् शतपुत्रवियोगातुर इत्याशयः, दर्पोद्यतः दर्पेण उद्यतः = तत्परः साभिमान इत्यर्थः । कनकयूपविलम्बबाहु—कनकयूपवत् = सुवर्णनिर्मितयज्ञवध्यपशुबन्धनकाष्ठवत् विलम्बौ=लम्बमानौ बाहू = भुजौ यस्य सः, त्रिदिवरक्षणजातशङ्कैः—त्रिदिवस्य = स्वर्गलोकस्य रक्षणे जाता = प्रादुर्भूता शंका येषां तैः देवैः, अरातितिमिराञ्जलिताडिताक्षः—अरातितिमिराञ्जलिना = शत्रुरूपिणा गाढान्धकारेण ताडिते = आहते, अक्षिणी=लोचने यस्य सः, अर्थात् 'नेत्रहीन' इत्येवं कृत्वा ध्रुवं = निश्चितमेव सृष्टः = सर्जितवान् ॥ ३६ ॥

जो पराक्रम की खान हैं, जिनकी आंखें अपने सौ पुत्रों में लगी हैं, जो अभिमान से भरे हुए हैं, सोने के यज्ञ स्तम्भ (यज्ञपुरुष) की भांति जिनकी भुजाएँ लम्बी हैं; निःसन्देह स्वर्ग की रक्षा के विषय में शंकित देवोंने शत्रुरूपी मुट्ठीभर अंधकार के द्वारा आंखों को मार कर इन्हें उत्पन्न किया है ॥ ३६ ॥

(इसके बाद धृतराष्ट्र, गान्धारी, दोनों रानियाँ और दुर्जय का प्रवेश ।)

धृतराष्ट्र—पुत्र ! तुम कहाँ हो ?

गान्धारी—पुत्र ! कहाँ हो ?

दोनों रानियाँ—महाराज ! आप कहाँ हो ?

धृतराष्ट्रः—भोः ! कष्टम् ।

> वञ्चनानिहतं श्रुत्वा सुतमद्याहवे मम ।
> मुखमन्तर्गतास्राक्षमन्धमन्धतरं कृतम् ॥ ३७ ॥

गान्धारि ! किं धरसे ।

गान्धारी—जीवाविदम्हि मन्दभाआ । [जीवितास्मि मन्दभागा ।]

देव्यौ—महाराअ ! महाराअ ! [महाराज ! महाराज !]

राजा—भोः ! कष्टम् । यन्ममापि स्त्रियो रुदन्ति ।

> पूर्वं न जानामि गदाभिघातरुजामिदानीं तु समर्थयामि ।
> यन्मे प्रकाशीकृतमूर्धजानि रणं प्रविष्टान्यवरोधनानि ॥ ३८ ॥

वञ्चनेति । अद्य आहवे = युद्धे वञ्चनानिहतम्—वञ्चनया = छलेन निहतम् = मारितम् मम सुतं श्रुत्वा अन्धं मुखम् = मुखमण्डलम् अन्तर्गतास्राक्षम्—अन्तर्गतानि अस्राणि = अश्रूणि 'रोदनं चास्रमश्रु च' इत्यमरः, ययोस्ते अन्तर्गतास्रे (एवंभूते) अक्षिणी = लोचने यस्य तत् (मुखमिति शेषः), अन्धतरम्, अतिशयेन अन्धम् इति भावः । कृतम् ॥ ३७ ॥

पूर्वमिति । पूर्वम् = प्रथमम् गदाभिघातरुजाम् = गदाप्रहारजनितव्यथाम् न जानामि तु = किन्तु इदानीं समर्थयामि = अनुमोदयामि यत् प्रकाशीकृतमूर्धजानि—

धृतराष्ट्र—अरे रे ! अफसोस !

जब मैंने यह सुना कि मेरे पुत्र (गदा) युद्ध में छल से मारे गए तो मेरा अंधा चेहरा (मुँह, जो पहले ही अंधा था) आँसू भरी आंखों से और अंधा हो गया है ॥ ३७ ॥

गान्धारी ! क्या तुम (अब भी) जीवित हो ?

गान्धारी—मैं अभागिनी हूँ तभी तो जी रही हूँ ।

दोनों रानियाँ—महाराज ! महाराज !

राजा—अरे ! अफसोस की बात है कि मेरी भी रानियाँ रो रही हैं !

पहले तो गदा के प्रहार की पीड़ा को जाना भी नहीं था, परन्तु अब उसका अनुभव कर रहा हूँ, क्योंकि खुली बालवाली मेरे अन्तःपुर की रानियाँ रणक्षेत्र में चली आई हैं ॥ ३८ ॥

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! किं दृश्यन्ते दुर्योधननामधेयः कुलमानी ।

गन्धारी—महाराअ ! ण दिस्सदि । [महाराज ! न दृश्यते ।]

धृतराष्ट्रः—कथं न दृश्यते । हन्त भो ! अद्यास्म्यहमन्धो योऽहमन्वेष्टव्ये काले पुत्रं न पश्यामि । भो कृतान्तहतक !

रिपुसमरविमर्दं मानवीर्यप्रदीप्तं
सुतशतमतिधीरं वीरमुत्पाद्य मानम् ।
धरणितलविकीर्णं किं स योग्यो न भोक्तुं
सकृदपि धृतराष्ट्रः पुत्रदत्तं निवापम् ॥ ३९ ॥

प्रकाशीकृतानि = बन्धनात् निर्मुक्तानि इति भावः । मूर्धजानि = स्वस्वालकाः यैस्तानि, मम अवरोधनानि = अन्तःपुरस्त्रियः 'अन्तःपुरं स्यादवरोधनम्' इत्यमरः । रणम् = समरभूमिम् प्रविष्टानि = समागतानि इत्यर्थः ॥ ३८ ॥

रिपुसमरेति । रिपुसमरविमर्दम्—रिपूणाम् = वैरिणाम् समरे = युद्धे विमर्दम्—विमर्दयतीति विमर्दम्=संहारकम् अतिधीरम्=धीरम् मानवीर्यप्रदीप्तम् = मानेन (तथा) वीर्येण = पराक्रमेण प्रदीप्तम् = देदीप्यमानम् धरणितलविकीर्णम् मानम् = मानयुक्तम् सुतशतम् = दुर्योधनादिपुत्रशतम् उत्पाद्य = जनयित्वा स धृतराष्ट्रः पुत्रदत्तम् निवापम् = जलाञ्जलिम् सकृत् अपि = एकवारमपि भोक्तुम् किं न योग्यः = समर्थः ॥ ३९ ॥

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! अपने कुलका अभिमानी दुर्योधन क्या तुम्हें दिखाई दे रहा है ?

गान्धारी—महाराज, नहीं दिख रहें हैं ।

धृतराष्ट्र—क्यों नहीं दिखाई दे रहा है ? अरे ! अफसोस ! क्या मैं आज सचमुच अन्धा हूँ जो पुत्र के खोजने के समय में भी नहीं देख रहा हूँ । अरे ! अधम यमराज !

शत्रुओं को संग्राम-क्षेत्र में मसल देने वाले, वीर, (परन्तु इस समय युद्ध की) भूमि पर मरे पड़े हुए हैं ऐसे सौ पुत्रों को पैदा कर के भी वह मानी धृतराष्ट्र क्या (एक भी) पुत्र द्वारा प्रदत्त तर्पण के जलको एक वक्त भी उपभोग के लायक नहीं रहा ? ॥ ३९ ॥

गान्धारी—जाद सुयोधण ! देहि मे पडिवअणं । पुत्तसदविणास-दुत्थिदं समस्सासेहि महाराअं । [जात सुयोधन ! देहि मे प्रतिवचनम् । पुत्रशतविनाशदुःस्थितं समाश्वासय महाराजम् ।]

बलदेवः—अये ! इयमत्रभवती गान्धारी ।

या पुत्रपौत्रवदनेष्वकुतूहलाक्षी
दुर्योधनास्तमितशोकनिपीतधैर्या ।
अस्रैरजस्रमधुना पतिधर्मचिह्न-
मार्द्रीकृतं नयनबन्धमिदं दधाति ॥ ४० ॥

धृतराष्ट्रः—पुत्र दुर्योधन ! अष्टादशाक्षौहिणीमहाराज ! क्वासि ।

राजा—अद्यास्मि महाराजः ।

धृतराष्ट्रः—एहि पुत्रशतज्येष्ठ ! देहि मे प्रतिवचनम् ।

या पुत्रेति । या = गान्धारी पुत्रपौत्रवदनेषु—पुत्रपौत्राणाम् वदनेषु मुखमण्डलेषु अकुतूहलाक्षी—नास्ति कुतूहलम् = दर्शनकौतूहलम् ययोस्ते एवंभूते अक्षिणी = नयने यस्याः सा, दुर्योधनास्तमितशोकनिपीतधैर्या—दुर्योधनस्यास्तमितेन = पराभूतेन यः शोकः = संतापः तेन निपीतम् = नाशितम् धैर्यं यस्याः सा' अधुना अजस्रम्=निरन्तरम् अस्रैः = नेत्राम्बुभिः आर्द्रीकृतम् इदम् पतिधर्मचिह्नम्—पतिव्रतायाः चिह्नम् नयनबन्धनम् दधाति = धारयति ॥ ४० ॥

गान्धारी—पुत्र सुयोधन ! मुझे जबाब दो ! सौ पुत्रों के विनाश से व्यथित महाराज को आश्वासन दो ।

बलदेव—अरे ! यह तो महारानी गान्धारी हैं ।

पुत्र और पौत्रों के मुख को देखने के लिए जिनकी आंखें कभी लालायित नहीं हुईं, वही गान्धारी आज दुर्योधन के पराजय के पश्चात्ताप से अपने धैर्य को खो चुकी हैं, (तथापि) इस समय निरंतर आसुओं के बहने के कारण भींगे हुए, एवं पतिव्रत धर्म के चिह्न रूप आखों की पट्टी को धारण कर रही है ॥ ४० ॥

धृतराष्ट्र—पुत्र दुर्योधन ! अट्ठारह अक्षौहिणी सेनाओं के राजा तुम कहाँ हो ?

राजा—क्या सचमुच आज मैं महाराज हूँ !

धृतराष्ट्र—सौ पुत्रों में ज्येष्ठ ! आओ, मुझे जबाब दो ।

राजा—ददामि खलु प्रतिवचनम्। अनेन वृत्तान्तेन व्रीडितोऽस्मि।

धृतराष्ट्रः—एहि पुत्र! अभिवादयस्व माम्।

राजा—अयमयमागच्छामि। (उत्थानं रूपयित्वा पतति) हा धिक्! अयं मे द्वितीयः प्रहारः। कष्टं भोः!

हतं मे भीमसेनेन गदापातकचग्रहे।
सममूरुद्वयेनाद्य गुरोः पादाभिवन्दनम्॥ ४१॥

गान्धारी—एत्थ जादा!। [अत्र जाते!]

देव्यौ—अय्ये! इमा म्ह। [आर्ये! इमे स्वः।]

गान्धारी—अण्णेसह भत्तारं। [अन्वेषेथां भर्तारम्।]

देव्यौ—गच्छाम मन्दभाआ [गच्छावः मन्दभागे।]

राजा—व्रीडितः = लज्जितः॥

हतमिति। गदापातकचग्रहे = गदापातपूर्वककेशाकर्षणे भीमसेनेन अद्य ऊरुद्वयेन समम् = सह मे = मम गुरोः = गुरुजनस्य अत्र धृतराष्ट्रस्य आक्षेपः सूचितः।' पादाभिवन्दनम्—पादयोः = चरणयोः अभिवन्दनम् = अभिवादनम् हतम् = हतवान्॥ ४१॥

राज—मैं अवश्य उत्तर देना चाह रहा हूँ पर इस वृत्तान्त से लज्जित हो गया हूँ।

धृतराष्ट्र—मेरे पुत्र आओ! मेरा अभिवादन करो।

राजा—यह मैं आया। (उठने और गिरने का अभिनय करता है) अरे रे! अफसोस! यह मेरे ऊपर दूसरा प्रहार है। हाय! बड़े कष्ट की बात है।

मेरे बालों को पकड़ तथा मेरे ऊपर गदा का प्रहार करके भीमने मेरी दोनों जंघाओं को ही नहीं बरबाद किया, बल्कि मुझे पिताजी के (गुरुजनों के) चरणों के अभिवादन से भी वंचित कर दिया॥ ४१॥

गान्धारी—पुत्रियो! आओ।

देवियाँ—आर्ये! हमलोग यहाँ हैं।

गान्धारी—अपने पतिदेव की तलाश करो।

देवियाँ—हमदोनों अभागिनी जा रही हैं।

धृतराष्ट्रः—क एष भो ! मम वस्त्रान्तमाकर्षन् मार्गमादेशयति ।

दुर्जयः—ताद ! अहं दुज्जओ । [तात ! अहं दुर्जयः)]

धृतराष्ट्रः—पौत्र दुर्जय ! पितरमन्विच्छ ।

दुर्जयः—ताद ! परिस्संतो खु अहं । [तात ! परिश्रान्तः खल्वहम् ।]

धृतराष्ट्रः—गच्छ, पितुरङ्के विश्रमस्व ।

दुर्जयः = ताद ! अहं गच्छामि । (उपसृत्य) ताद ! कहिं सि [तात ! अहं गच्छामि । तात क्वासि ।]

राजा—अयमप्यागतः । भोः ! सर्वावस्थायां हृदयसंनिहितः पुत्रस्नेहो मां दहति । कुतः,

दुःखानामनभिज्ञो यो ममाङ्कशयनोचितः ।
निर्जितं दुर्जयो दृष्ट्वा किन्नु मामभिधास्यति ॥ ४२ ॥

दुर्जयः—अअं महाराओ भूमीए उवविट्ठो । [अयं महाराजो भूम्यामुपविष्टः ।]

दुःखेति । यः दुःखानाम् अनभिज्ञः = अपरिचितः मम अङ्कशयनोचितः—अङ्कशयनस्य उचितः = अभ्यासी दुर्जयः मां निर्जितम् = पराजितम् दृष्ट्वा किन्नु अभिधास्यति = कथयिष्यति ॥ ४२ ॥

धृतराष्ट्र—अरे ! यह कौन है जो मेरे वस्त्र को खींचते हुए मार्ग दिखा रहा है ।

दुर्जय—दादाजी, मैं दुर्जय हूँ ।

धृतराष्ट्र—पौत्र दुर्जय ! पिताजी का पता लगाओ ।

दुर्जय—दादाजी, मैं सचमुच में थक गया हूँ ।

धृतराष्ट्र—जाओ, पिताजी की गोद में आराम करो ।

दुर्जय—दादाजी, मैं जा रहा हूँ (समीप जाकर) पिता जी, कहाँ हैं ?

राजा—यह भी आ गया । अफसोस !

सभी अवस्थाओं में हृदय में रहने वाला पुत्र के प्रति प्रेम मुझे जला रहा है । क्योंकि :—

दुःखों से अनभिज्ञ, मेरी गोद में शयन करने के योग्य दुर्जय मुझे पराजित देख अपने मन में क्या कहता होगा ? ॥ ४२ ॥

दुर्जय—ये महाराज तो भूमि पर बैठे हुए हैं ।

राजा—पुत्र किमर्थमिहागतः !

दुर्जयः—तुवं चिरायसि त्ति । [त्वं चिरासीति ।]

राजा—अहो अस्यामवस्थायामपि पुत्रस्नेहो हृदयं दहति ।

दुर्जयः—अहं पि खुदे अङ्के उवविसामि । (अङ्कमारोहति) [अहमपि खलु ते अङ्के उपविशामि ।]

राजा—(निवार्य) दुर्जय ! दुर्जय ! भोः ! कष्टम् ।

हृदयप्रीतिजननो यो मे नेत्रोत्सवः स्वयम् ।
सोऽयं कालविपर्यासाच्चन्द्रो वह्नित्वमागतः ॥ ४२ ॥

दुर्जयः—अङ्के उववेसं किण्णिमित्तं तुवं वारेसि । [अङ्क उपवेशं किन्निमित्तं त्वं वारयसि ।]

राजा—

त्यक्त्वा परिचितं पुत्र ! यत्र तत्र त्वयास्यताम् ।

हृदयेति । यः = दुर्जयः मे = मम हृदयप्रीतिजननः = हृदयस्य प्रीतिजननः = प्रेमजनकः, स्नेहवर्धको वा स्वयं नेत्रोत्सवः = नयनानन्दः स अयं चन्द्रः = चन्द्रवत् आनन्ददायकः कालविपर्यासात् = कालविपर्ययात् वह्नित्वम् = अग्निभावम् आगतः, अर्थात् अग्निरिव प्रदाहकारी संजातः इत्याशयः ॥ ४२ ॥

त्यक्त्वेति । हे पुत्र पूर्वभुक्तम् परिचितम् 'मदीयम् अङ्कम्' त्यक्त्वा त्वया

राजा—बेटा, तुम यहाँ क्यों आए ?

दुर्जय—(क्योंकि) तुम देर कर रहे हो ।

राजा—अहो ! इस दशा में भी पुत्र का स्नेह हृदय को जला रहा है ।

दुर्जय—निःसंदेह मैं भी तुम्हारी गोद में बैठूँगा ।

(गोद में बैठता है ।)

राजा—(उसे दूर हटाकर) दुर्जय ! दुर्जय ! अरे रे ! अफसोस ! मेरे हृदय को जो आनंदित कर देता था और इन आँखों के लिए जो स्वयं उत्सव स्वरूप था वही यह चन्द्रमा आज समय के फेर से आग की तरह लग रहा है ! ॥

दुर्जय—क्यों आप गोद में बैठने से मुझे रोक रहे हो ?

राजा—हे पुत्र ! तू पहले का उपभोग किया हुआ और परिचित आसन को

अद्यप्रभृति नास्तीदं पूर्वमुक्तं तवासनम् ॥ ४४ ॥

दुर्जयः—कहिं णु हु महाराओ गमिस्सदि । [कुत्र नु खलु महाराजो गमिष्यति ।]

राजा—भ्रातृशतमनुगच्छामि ।

दुर्जयः—मं पि तहिं णेहि । [मामपि तत्र नय ।]

राजा—गच्छ पुत्र ! एवं वृकोदरं ब्रूहि ।

दुर्जयः—एहि महाराअ ! अण्णसीअसि । [एहि महाराज ! अन्विष्यसे ।]

राजा—पुत्र केन ।

दुर्जयः—अय्याए अय्येण सव्वेण अन्तेउरेण अ । [आर्ययार्येण सर्वेणान्तःपुरेण च ।]

राजा—गच्छ पुत्र ! नाहमागन्तुं समर्थः ।

दुर्जयः—अहं तुमं णइस्सं । [अहं त्वां नेष्यामि ।]

राजा—बालस्तावदसि पुत्र !

यत्र तत्र आस्यताम् = उपविश्यताम् (यतः) अद्यप्रभृति = अद्यारभ्य इदम् आसनम् = अङ्कम् तव योग्यं नास्ति = तव अनुरूपं नास्तीति भावः ॥ ४४ ॥

छोड़ कर जहाँ कहीं चाहो वहाँ बैठ जा, क्योंकि आज से यह (गोद रूप आसन) तुम्हारे लायक नहीं रहा ॥ ४४ ॥

दुर्जय—महाराज कहाँ जाओगे ?

राजा—मैं अपने सौ भाइयों का अनुसरण करूँगा ।

दुर्जय—मुझे भी वहीं ले चलो ।

राजा—जा बेटा, भीम से ऐसा कहो ।

दुर्जय—आइये महाराज, आपकी तलाश हो रही है ।

राजा—कौन खोज कर रहा है बेटा ?

दुर्जय—पितामही, पितामह और अन्तःपुर का सारा स्त्रीसमाज ।

राजा—जाओ बेटा, मैं वहाँ तक जाने में असमर्थ हूँ ।

दुर्जय—मैं आपको ले चलूँगा ।

राजा—तुम तो निछक्के बालक हो बेटा ।

दुर्जयः—(परिक्रम्य) अय्या ! अअं महाराओ । [आर्याः ! अयं महाराजः ।]

देव्यौ—हा हा ! महाराओ ! [हा हा ! महाराजः ।]

धृतराष्ट्रः—क्वासौ महाराजः ।

गान्धारी—कहिं मे पुत्तओ । [कुत्र मे पुत्रकः ।]

दुर्जयः—अअं महाराओ भूमीए उवविट्ठो । [अयं महाराजो भूम्यामुपविष्टः ।]

धृतराष्ट्रः—हन्त भोः ! किमयं महाराजः ।

यः काञ्चनस्तम्भसमप्रमाणो लोके किलैको वसुधाधिपेन्द्रः ।
कृतः स मे भूमिगतस्तपस्वी द्वारेन्द्रकीलार्धसमप्रमाणः ॥ ४५ ॥

गान्धारी—जाद सुयोधण ! परिस्संतोसि । [जात सुयोधन ! परिश्रान्तोऽसि ।]

यः काञ्चनेति । यः – दुर्योधनः काञ्चनस्तम्भसमप्रमाणः—काञ्चनस्य = स्वर्णस्य स्तम्भसमम् = स्तम्भतुल्यम् प्रमाणम् यस्य सः अर्थात् सुवर्णनिर्मित स्तम्भतुल्य इत्यर्थः, लोके = भूमण्डले किल = निश्चयेन एकः वसुधाधिपेन्द्रः = चक्रवर्ती राजा (आसीत्) स मे (पुत्रः) भूमिगतः = धराशायी, तपस्वी = वराकः, द्वारेन्द्रकीलार्धसमप्रमाणः—द्वारेन्द्रस्य = नगरस्य, गृहस्य वा प्रमुखद्वारस्य इत्याशयः, यः कीलः अर्गला तस्य अर्धम् = अर्धभागः तेन समम् प्रमाणं = परिमाणं यस्य सः (एवं) कृतः = संजातः ॥ ४५ ॥

दुर्जय—(घूमकर) माताओ ! महाराज यहाँ हैं ।

दोनों रानियाँ—हाय रे, हाय ! महाराज !

धृतराष्ट्र—महाराज कहाँ हैं ?

गान्धारी—मेरा पुत्र कहाँ है ?

दुर्जय—महाराज यहाँ हैं, जो भूमि पर पड़े हुए हैं ।

धृतराष्ट्र—अरे रे ! क्या यही महाराज हैं ? जो सोने के खम्भे की तरह नपे तुले शरीर वाला (मेरा पुत्र) निःसंदेह इस संसार में एक महान चक्रवर्ती राजा था, वही मेरा पुत्र आज तपस्वीरूप में भूमि पर पड़ा हुआ बड़े दरवाजे के कीले के अर्धभाग की तरह बना दिया गया है ॥ ४५ ॥

गान्धारी—पुत्र सुयोधन ! क्या तुम थक गए हो ?

राजा—भवत्याः खल्वहं पुत्रः ।

धृतराष्ट्रः—केयं भोः ! ।

गान्धारी—महाराज ! अहमभीदपुत्तप्पसविणी । [महाराज ! अहमभीतपुत्रप्रसविनी ।]

राजा—अद्योत्पन्नमिवात्मानमवगच्छामि । भोस्तात किमिदानीं वैक्लव्येन ।

धृतराष्ट्रः—पुत्र कथमविक्लवो भविष्यामि ।

यस्य वीर्यबलोत्सिक्तं संयुगाध्वरदीक्षितम् ।
पूर्वं भ्रातृशतं नष्टं त्वय्येकस्मिन्हते हतम् ॥ ४६ ॥

गान्धारी—अभीतपुत्रप्रसविनी—अभीतपुत्राणाम्=भयशून्यपुत्राणाम् प्रसविनी=उत्पादिका इत्यर्थः ॥

राजा—वैक्लव्येन–विक्लवः=विह्वलः, शोकाभिभूत इत्यर्थः । 'विक्लवो विह्वलः स्यात्' इत्यमरः । विक्लवस्य भावः वैक्लव्यम् तेन वैक्लव्येन किम् ? अर्थात न किमपि प्रयोजनं शोकेनेति भावः ।

यस्येति । यस्य वीर्यबलोत्सिक्तम्—वीर्यबलाभ्याम् उत्सिक्तम्=उद्धतम् संयुगाध्वरदीक्षितम्—संयुगः=संग्राम एव अध्वरः=यज्ञः तस्मिन् दीक्षितम्=प्रवीणम् भ्रातृशतम् पूर्वम्=त्वत् प्राक् नष्टम् एकस्मिन् त्वयि हते सर्वम्=सर्वस्वम् हतम्=विनष्टम् इत्यर्थः ॥ ४६ ॥

राजा—मैं सचमुच में तुम्हारा पुत्र हूँ ।

धृतराष्ट्र—यह कौन है?

गान्धारी—महाराज ! निडर संतान को जन्म देनेवाली मैं गान्धारी हूँ ।

राजा—आज ही मेरा जन्म हुआ है ऐसा मैं समझ रहा हूँ। पिताजी, अब इस समय आप क्यों पश्चात्ताप कर रहे हैं?

धृतराष्ट्र—पुत्र ! मैं अपने क्लेशों को कैसे दूर करूँ।

वीर्य तथा पराक्रम से उद्धत और संग्रामरूपी यज्ञ में दीक्षित जिसके सौ भाई पहले मृत्यु के मुख में डाल दिए गए हैं, किन्तु इस समय एक तुम्हारे ही मृत्यु से मेरा सब कुछ खो गया है ॥ ४६ ॥

(पतति ।)

राजा—हा धिक् ! पतितोऽत्रभवान् ! तात ! समाश्वासयात्रभवतीम् ।

धृतराष्ट्रः—पुत्र ! किमिति समाश्वासयामि ।

राजा—अपराङ्मुखो युधि हत इति । भोस्तात ! शोकनिग्रहेण क्रियतां ममानुग्रहः ।

त्वत्पादमात्रप्रणताग्रमौलिर्ज्वलन्तमप्यग्निमचिन्तयित्वा ।
येनैव मानेन समं प्रसूतस्तेनैव मानेन दिवं प्रयामि ॥ ४१ ॥

धृतराष्ट्रः—

वृद्धस्य मे जीवितनिःस्पृहस्य निसर्गसंमीलितलोचनस्य ।

राजा—शोकनिग्रहेण—शोकस्य निग्रहेण = परित्यागेन इत्यर्थः ।

त्वदिति । त्वत्पादमात्रप्रणताग्रमौलिः—त्वत्पादमात्रे = त्वदीययुगलचरणमात्रे प्रणतः = नतः अग्रमौलिः यस्य सः, येन एव मानेन समम् = सह प्रसूतः = प्रादुर्भूतः तेनैव मानेन (समम्) ज्वलन्तमपि अग्निम् अचिन्तयित्वा दिवम् = स्वर्गलोकम् प्रयामि = प्रयाणं करोमि ॥ ४७ ॥

वृद्धस्येति । जीवितनिःस्पृहस्य—जीविते = पुनरपि जीवनधारणे निःस्पृहस्य = निरभिलाषस्य, निसर्गसम्मीलितलोचनस्य—निसर्गेण = जन्मना सम्मीलिते

(गिर जाता है ।)

राजा—अरे ! आप गिर पड़े ! हे तात ! माताजी को सान्त्वना दें ।

धृतराष्ट्र—पुत्र ! मैं कैसे सान्त्वना दूँ ?

राजा—युद्ध से सबके सामने मारा गया हूँ (ऐसा जानकर) पिताजी, आप अपना शोक त्याग दें और मेरे ऊपर दया करें ।

आपके चरणों पर माथा टेकनेवाला मैं जिस मान के साथ पैदा हुआ उसी मान के साथ धधकती हुई अग्नि की भी परवाह किए बिना मैं स्वर्ग जा रहा हूँ ॥ ४७ ॥

धृतराष्ट्र—मैं वृद्ध हो गया हूँ, जिसमें जीवन की लालसा से हाथ धो बैठा हूँ और कुदरत ने जिसे जन्म से ही अन्धा बना रखता है, किन्तु अपने पुत्रों के प्रति

धृतिं निगृह्यात्मनि संप्रवृत्तस्तीव्रस्समाक्रामति पुत्रशोकः ॥ ४८ ॥

बलदेवः—भोः ! कष्टम् ।

दुर्योधननिराशस्य नित्यास्तमितचक्षुषः ।
न शक्नोम्यत्रभवतः कर्तुमात्मनिवेदनम् ॥ ४९ ॥

राजा—विज्ञापयाम्यत्रभवतीम् ।
गान्धारी—भणाहि जाद ! । [भण जात !]

राजा—नमस्कृत्य वदामि त्वां यदि पुण्यं मया कृतम् ।
अन्यस्यामपि जात्यां मे त्वमेव जननी भव ॥ ५० ॥

= उन्मीलिते लोचने = नयने यस्य तस्य, एवंभूतस्य वृद्धस्य मे = मम धृतिं = धैर्यं निगृह्य = प्रणाश्य आत्मनि संप्रवृत्तः = हृदये जनितः तीव्रः = प्रबलः पुत्रशोकः = पुत्रमरणवियोगः समाक्रामति = समन्तात् आक्रमणं करोति = संतापयति ॥४८॥

दुर्योधनेति । दुर्योधननिराशस्य दुर्योधनस्य जीवनं प्रति निराशस्य = आशारहितस्य नित्यास्तमितचक्षुषः—नित्यम् अस्तमिते निमीलिते चक्षुषी = लोचने यस्य तस्य अत्रभवतः = पूज्यधृतराष्ट्रस्येति भावः । आत्मनिवेदनम् कर्तुं न शक्नोमि = न समर्थोऽस्मि ॥ ४९ ॥

नमस्कृत्येति । त्वां नमस्कृत्य = प्रणम्य वदामि = निवेदयामि यदि मया पुण्यं कृतम् (तदा) अन्यस्यामपि = अन्यस्मिन्नपि जात्याम् = जन्मनि त्वम् मे मम जननी = माता भव ॥ ५० ॥

तीव्र शोक हृदय में उत्पन्न हो गया है, जो मेरी वीरता को विनष्ट कर के चारों ओर से आक्रमण कर रहा है ॥ ४८ ॥

बलदेव—अरे ! कितने दुःख की बात है !

दुर्योधन के जीवन से निराश और जन्म से अंधा पूज्य धृतराष्ट्र को मैं आत्मनिवेदन नहीं कर सकता ॥ ४९ ॥

राजा—अम्बा, मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूँ ।

गान्धारी—कहो बेटा !

राजा—मैं प्रणाम करके तुमसे कहता हूँ कि यदि मेरा कुछ भी पुण्य हो तो, अगले जन्म में तू ही मेरी माँ बनो ॥ ५० ॥

गान्धारी—मम मणोरहो खु तुए भणिदो । [मम मनोरथः खलु त्वया भणितः ।]

राजा—मालवि ! त्वमपि श्रुणु ।

भिन्ना मे भ्रुकुटी गदानिपतितैर्व्यायुद्धकालोत्थितै-
वक्षस्युत्पतितैः प्रहाररुधिरैर्हारावकाशो हृतः ।
पश्येमौ व्रणकाञ्चनाङ्गदधरौ पर्याप्तशोभौ भुजौ
भर्ता ते नपराङ्मुखो युधि हतः किं क्षत्रिये ! रोदिषि ॥५१॥

देवी—बाला एसा सहधर्मचारिणी रोदामि । [बाला एषा सहधर्मचारिणी रोदिमि ।]

राजा—पौरवि ! त्वमपि शृणु !

भिन्नेति । मे = मम भृकुटी व्यायुद्धकालोत्थितैः-व्यायुद्धस्य=मल्लयुद्धस्य द्वन्द्वयुद्धस्य वा काले=समये उत्थितैः गदानिपतितैः=गदाप्रहारैः भिन्ना=विदारिता वक्षसि उत्पतितैः प्रहाररुधिरैः = गदाघातजनितरक्तैः हारावकाश—हारस्य अवकाशः स्थानं हृतः = अपहृतः, अर्थात् सर्ववक्षःस्थलं रक्ताप्लावितम् अस्तीति भावः, व्रणकाञ्चनाङ्गदधरैः—व्रण एव काञ्चनाङ्गदम् = सुवर्णनिर्मितकेयूरम् तस्य धरौ, पर्याप्तशोभौ = अतिसुशोभितौ इमौ भुजौ पश्य, ते = तव भर्ता युधि पराङ्मुखः सन् न हतः = मृत्युं प्राप्तः (अतः) हे क्षत्रिये ! किम् = कथं रोदिषि = विलपसि ॥५१॥

गान्धारी—निःसन्देह तुमने मेरे मन की जो बात कही।

राजा—मालवि! तुम भी सुनो।

द्वन्द्वयुद्ध के समय हुए गदा के प्रहार के कारण मेरी भौंहें छिन्न-भिन्न हो गई हैं, वक्षस्थल पर प्रहार होने से रुधिर का इतना संचार हो गया है कि हार के लिए कोई जगह नहीं है। व्रणरूपी सोना के बाजूबन्द को धारण करने से अत्यन्त सुशोभित इन दोनों भुजाओं को देखो। तुम्हारा पति युद्ध में पीठ दिखा कर नहीं मारा गया है, फिर भी हे क्षत्रियाणी! तू क्यों रो रही है? ॥ ५१ ॥

देवी—मैं फिर भी आपकी धर्मपत्नी हूँ, अभी अबोध बाला हूँ इसीलिए रो रही हूँ।

राजा—हे पौरवि ! तुम भी सुनो।'

वेदोक्तैर्विविधैर्मखैरभिमतैरिष्टं धृता बान्धवाः
शत्रूणामुपरि स्थितं प्रियशतं न व्यंसिताः संश्रिताः ।
युद्धेऽष्टादशवाहिनीनृपतयः संतापिता निग्रहे
मानं मानिनि ! वीक्ष्य मे न हि रुदन्त्येवंविधानां स्त्रियः ॥५२॥

पौरवी—एक्ककिदप्पवेसणिश्चआ ण रोदामि । [एककृतप्रवेशनिश्चया न रोदिमि ।]

राजा—दुर्जय ! त्वमपि श्रणु ।

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ; किं नु खलु वक्ष्यति ।

वेदोक्तैरिति । वेदोक्तैः अभिमतैः = अभिलषितैः विविधैः मखैः = यज्ञैः इष्टम् = पूजितम् , बान्धवाः = सम्बन्धिनः धृताः = परिपोषिताः, आश्रिता वा, प्रियशतम्—प्रियाणाम्=दुःशासनादिभ्रातृणां शतम् शत्रूणाम् उपरि स्थितम्=अधिकृतम् शासितं वा, अर्थात् शत्रवः पराभूता इति भावः । संश्रिताः—मदीयाश्रयीभूताः जनाः न व्यंसिताः = न परित्याजिताः युद्धे अष्टादशवाहिनीनृपतयः = अष्टादशानाम् (अक्षौहिणी) सैन्यानां संचालका भूपतयः इत्याशयः । निग्रहे = बन्दीगृहे संतापिताः (अतः) हे मानिनि ! एवंविधानाम्=मादृशानाम् वीरपुरुषाणाम् मानम् = अभिमानम् , गौरवम् वा वीक्ष्य = अवलोक्य, संस्मृत्य वा मे = मम स्त्रियः नहि रुदन्ति ॥ ५२ ॥

मैंने वेद में कहे हुए एवं शास्त्रों से अनुमोदित अनेकों यज्ञों के द्वारा देवताओं के द्वारा देवताओं की अर्चना की है, सगे सम्बन्धियों को आश्रय दिया, मेरे सौ भाइयों ने शत्रुओं पर अपना अधिकार कायम किया, तथा जो आश्रितों को हमेशा अपने पास रखा; अट्ठारह अक्षौहिणी सेना के अधिनायकों को बन्दी बनाकर उन्हें कष्ट पहुँचाया है. हे मानिनि ! इस प्रकार के गौरव को देखकर मेरे जैसे व्यक्ति के लिए तुम जैसी मानिनियों का विलाप करना उचित नहीं है ॥ ५२ ॥

पौरवी—(मैं आपके साथ) चिता की अग्नि में प्रवेश करने के लिए दृढ़ निश्चय कर चुकी हूँ इसलिये मैं रोती नहीं ।

राजा—दुर्जय, तुम भी सुनो ।

धृतराष्ट्र—गांधारि ! वास्तव में वह क्या कहेगा ।

गान्धारी—अहं पि तं एव्व चिन्तेमि। [अहमपि तदेव चिन्तयामि।]

राजा—अहमिव पाण्डवाः शुश्रूषयितव्याः. तत्रभवत्याश्चाम्बायाः कुन्त्या निदेशो वर्तयितव्यः। अभिमन्योर्जननी द्रौपदी चोभे मातृवत्पूजयितव्ये। पश्य वत्र !

श्लाघ्यश्रीरभिमानदीप्तहृदयो दुर्योधनो मे पिता
तुल्येनाभिमुखं रणे हत इति त्वं शोकमेवं त्यज।
स्पृष्ट्वा चैवं युधिष्ठिरस्य विपुलं क्षौमापसव्यं भुजं
देयं पाण्डुसुतैस्त्वया मम समं नामावसाने जलम् ॥५३॥

पौरवीति। एककृतप्रवेशनिश्चया—एकः = समानः कृतः प्रवेशनिश्चयः = अग्निप्रवेशनिश्चयः, चितारोहणनिश्चयो वा यया सा।

राजा—निदेशः = निर्देशः, शासनं वा वर्तयितव्यः = शिरोधार्यः, अनुपालनीयो वा ॥

श्लाघ्येति। श्लाघ्यश्रीः—श्लाघ्या श्रीः = शरीरशोभा (संपत् वा) यस्य सः, अभिमानदीप्तहृदयः—अभिमानेन = आत्मगौरवेण दीप्तम् = देदीप्यमानम् हृदयं यस्य सः, (एवंभूतः) मे = मम पिता दुर्योधनः रणे = समराङ्गणे तुल्येन = समानबलेन (भीमेनेति शेषः) अभिमुखं हतः इति त्वम् एवं (मनसि संस्मृत्य) शोकं त्यज। युधिष्ठिरस्य विपुलं क्षौमापसव्यम् = क्षौमेण = दुकूलेन 'दुपट्टा' इति भाषायम् 'क्षौमं दुकूलं स्यात्' इत्यमरः। आच्छादितम् अपसव्यम् = दक्षिणशरीरभागम् इत्यर्थः। एतादृशं भुजं च एवं स्पृष्ट्वा त्वया पाण्डुसुतैः समम् = सह मम

गान्धारी—मैं भी ऐसा ही सोच रही हूँ।

राजा—मेरे समान ही पाण्डवों की भी तू सेवा करना, पूजनीया माता कुन्ती की आज्ञा मानना; अभिमन्यु की माता और द्रौपदी को अपनी माँ की तरह पूजन करना। देखो बेटा !

प्रशंसनीय वैभव वाला, अभिमान से देदीप्यमान हृदय वाला मेरा पिता दुर्योधन युद्ध में अपनी बराबरी वाले (भीम) के साथ सब के समक्ष मार दिया गया—यह विचार कर तू शोक त्याग दे। मेरी मृत्यु के बाद युधिष्ठिर के विशाल रेशमी वस्त्र से ढँके हुए दाहिने हाथ को स्पर्श कर के तू पाण्डु के पुत्रों के साथ तर्पण के समय मेरे नामोच्चरण बाद जलाञ्जलि अर्पण करना ॥ ५३ ॥

बलदेवः—अहो वैरं पश्चात्तापः संवृत्तः। अये शब्द इव।

सन्नाहदुन्दुभिनिनादवियोगमूके
विक्षिप्तबाणकवचव्यजनातपत्रे।
कस्यैष कार्मुकरवो हतसूतयोधे
विभ्रान्तवायसगणं गगनं करोति॥ ५४॥

(नेपथ्ये)

दुर्योधनेनाततकार्मुकेण यो युद्धयज्ञः सहितः प्रविष्टः।
तमेव भूयः प्रविशामि शून्यमध्वर्युणा वृत्तमिवाश्वमेधम्॥ ५५॥

नामावसाने = पितृसुहृदः नामोच्चारणसमये इत्यर्थः। जलम् = तर्पणजलम् देयम्॥

सन्नाहेति। सन्नाहदुन्दुभिनिनादवियोगमूके—सन्नाहाश्च पटहाश्च दुन्दुभयश्च तेषां निनादस्य = शब्दस्य वियोगेन = अभावेन मूके = निःस्तब्धे, विक्षिप्तबाणकवचव्यजनातपत्रे = विक्षिप्तानि बाणाश्च कवचश्च चामरश्च=आतपत्रं च=छत्रं च तानि बाणकवचव्यजनातपत्राणि यत्र तस्मिन्, हतसूतयोधे = विनष्टसारथिसैनिके कस्य एषः कार्मुकरवः—कार्मुकस्य = धनुषः रवः = टङ्कारः गगनम् = आकाशमण्डलम् विभ्रान्तवायसगणम्—विभ्रान्तः = भयभीतः वायसगणः = काकसमूहः यस्मिन् तत्, करोति॥ ५४॥

दुर्योधनेनेति। आततकार्मुकेण—आततम् = सज्जीकृतं कार्मुकम् = धनुः येन सः तेन दुर्योधनेन सहितः यः युद्धयज्ञः = युद्धरूपी यज्ञः प्रविष्टः = प्रवेशितवान्

बलदेव—अहो! शत्रुता तो पश्चात्ताप में परिणत हो गई! अरे! कुछ शब्द सा हो रहा है!

युद्ध कवच (नगाड़ा?) और दुन्दुभी की आवाज बन्द हो जाने के कारण (युद्ध क्षेत्र) शान्त हो जाने पर, बाण, कवच, छत्र और चामरों के चारों ओर बिखर जाने और, सारथी तथा योद्धाओं के विनष्ट हो जाने पर किसके धनुष का रव (आवाज) आकाश-मण्डल कौरवों से त्रस्त बना रहा है॥ ५४॥

(नेपथ्य में)

धनुष पर डोरी चढ़ाए हुए दुर्योधन के साथ जिस युद्ध रूप यज्ञ में प्रवेश किया था आज फिर उसी युद्ध में ठीक वैसे ही प्रवेश करता हूँ जैसे कोई व्यक्ति अध्वर्यु (पुरोहित) के द्वारा पूर्ण किए गए यज्ञ में पदार्पण करता है॥ ५५॥

बलदेवः—अये अयं गुरुपुत्रोऽश्वत्थामेत एवाभिवर्तते। य एषः,

स्फुटितकमलपत्रस्पष्टविस्तीर्णदृष्टी
रुचिरकनकयूपव्यायतालम्बबाहुः।
सरभसमयमुग्रं कार्मुकं कर्षमाणः
सदहन इव मेरुः शृङ्गलग्नेन्द्रचापः ॥ ५६ ॥

(ततः प्रविशत्यश्वत्थामा।)

अश्वत्थामा—(पूर्वोक्तमेव पठित्वा) भो भोः! समरसंरम्भोभयबल-

तमेव, शून्यम् भूयः अध्वर्युणा = पुरोहितेन वृत्तम् = परिसमाप्तम् अश्वमेधमिव प्रविशामि ॥ ५५ ॥

स्फुटितेति। स्फुटितकमलपत्रस्पष्टविस्तीर्णदृष्टिः—स्फुटितानि = विकसितानि कमलपत्राणि तद्वत् स्पष्टे विस्तीर्णे च दृष्टी = लोचने यस्य सः, रुचिरकनयूपव्यायतालम्बबाहुः—रुचिरौ = रमणीयौ कनकयूप इव = सुवर्णनिर्मितयज्ञस्तम्भ इव व्यायतौ = विशालौ आलम्बौ बाहू यस्य सः, उग्रं = भयंकरम् कार्मुकम् सरभसम् = वेगपूर्वकम् यथा स्यात्तथा कर्षमाणः शृङ्गलग्नेन्द्रचापः—शृङ्गे=शिखरे लग्नः इन्द्रचापः = इन्द्रधनुः यस्य सः, सदहनः = प्रज्वलयमानः मेरुः इव = सुमेरुपर्वत इव अयम् (प्रतीयते इति शेषः) ॥ ५६ ॥

अश्वत्थामा। समरसंरम्भोभयबलजलधिसंगमसमयमुत्थितशब्दनकृत्त-विग्रहाः—समराय = संग्रामाय समरे वा संरम्भः ययोस्ते उभयबले = कौरव-

---

बलदेव—अरे! यह गुरुपुत्र अश्वत्थामा इधर ही आ रहे हैं। जो यह (अश्वत्थामा)।

विकसित कमल की पंखुड़ियों की भाँति जिनकी आँखें बड़ी-बड़ी हैं, रुचिर सुवर्ण के यज्ञस्तम्भ की तरह जिनकी बाहें मजबूत एवं लम्बी हैं; जो अपना कठोर धनुष बड़ी तेजी से खींच रहा है, जिनके शिखर पर इन्द्रधनुष स्थित है ऐसे जलते हुए सुमेरु पर्वत की भाँति लग रहा है ॥ ५६ ॥

(इसके बाद अश्वत्थामा का प्रवेश)

अश्वत्थामा—(दुर्योधन······इत्यादि पूर्वोक्त श्लोक को ही पढ़कर) भो, भो! अरे! युद्ध की उत्कंठा रखने वाले राजाओं! तुम्हारी देह युद्ध के उत्साह से

जलधिसङ्गमसमयसमुत्थितशस्त्रनक्रकृत्तविग्रहाः स्तोकावशेषश्वासानुबद्धमन्दप्राणाः समरश्लाघिनो राजानः शृण्वन्तु शृण्वन्तु भवन्तः ।

छलबलदलितोरुः कौरवेन्द्रो न चाहं
शिथिलविफलशस्त्रः सूतपुत्रो न चाहम् ।
इह तु विजयभूमौ द्रष्टुमद्योद्यताङ्गः
सरभसमहमेको द्रोणपुत्रः स्थितोऽस्मि ॥ ५७ ॥

पाण्डवयोः सैन्यरूपे एव जलधी = सागरौ तयोः संगमस्य समये = अर्थात् परस्पर-संमिलनसमये समुत्थितानि शस्त्राणि = आयुधानि एव नक्राः = जलचरजीवविशेषाः तैः कृत्ताः = विदारिताः विग्रहाः = शरीरावयवाः येषां ते तथा, स्तोकावशेषश्वासानुबद्धमन्दप्राणाः — स्तोकावशेषाः = अल्पमात्रावशेषाः श्वासैः अनुबद्धाः मन्दप्राणाः येषां ते, समरश्लाघिनः — समरं समरे वा श्लाघिनः = प्रशंसनीयाः ॥

छलबलेति । अहम् छलबलदलितोरुः — छलबलेन = कपटेन दलितौ ऊरू यस्य सः, एवंभूतः कौरवेन्द्रः = दुर्योधनः न (अस्मि), अहम् शिथिलविफलशस्त्रः — शिथिलानि (तथा) विफलानि = निष्फलानि (शत्रुसंहरणे इति शेषः) शस्त्राणि यस्य सः, अर्थात् परशुरामशापवशेन कुण्ठितास्त्र इति भावः । एतादृशः सूतपुत्रः = कर्णः न (अस्मि), तु = किन्तु अहम् अद्य इह = अस्मिन् विजयभूमौ उद्यताङ्गः = अक्लेशेन सुसज्जितः इत्यर्थः । द्रोणपुत्रः = अश्वत्थामा सरभसम् अहम् = कमपि योद्धारमन्वेष्टुमिति भावः । एकः = एकाकी स्थितः (अस्मि) ॥ ५७ ॥

(मरे हुए) दोनों दल (कौरव तथा पाण्डव) के सैन्यरूपी समुद्र के संगम (मुठभेड़) के समय ऊपर की ओर उछलते हुए शस्त्ररूपी मगरमच्छ से छिन्न-भिन्न कर दी गई है और श्वास बहुत थोड़े बचे रहने के कारण तुम्हारे प्राण मंद हो गए हैं। (ऐसी स्थिति में) आप लोग सुनें।

जिसकी जंघा छल से तोड़ दी गई है ऐसा मैं दुर्योधन नहीं हूँ, ढीले और निष्फल शस्त्रवाला मैं सूतपुत्र (कर्ण) नहीं हूँ, बल्कि इस विजयभूमि पर अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित मैं द्रोणपुत्र (अश्वत्थामा) हूँ, जो किसी लड़ाकू योद्धा की खोज में आज अकेले खड़ा हूँ ॥ ५७ ॥

किमनया समाप्यप्रतिलाभविजयश्लाघया समरश्रिया। (परिक्रम्य) मा तावत्। मयि गुरुनिवपनव्यग्रे वञ्चितः किल कुरुकुलतिलकभूतः कुरुराजः। क एतच्छ्रद्धास्यति। कुतः,

उद्यत्प्राञ्जलयो रथद्विपगताश्चापद्वितीयैः करै-
र्यस्यैकादशवाहिनीनृपतयस्तिष्ठन्ति वाक्योन्मुखाः।
भीष्मो रामशरावलीढकवचस्तातश्च योद्धा रणे
व्यक्तं निर्जित एव सोऽप्यतिरथः कालेन दुर्योधनः ॥५८॥

अप्रतिलाभविजयश्लाघया—अविद्यमानः प्रतिलाभः यस्यां सा एवंभूता विजयश्लाघा = विजयप्रशंसा यस्याः सा तया (समरश्रिया इति शेषः)। गुरुनिवपनव्यग्रे—गुरवे = मृतपित्रे द्रोणाचार्याय निवपने = तिलाञ्जलिप्रदाने, पिण्डदाने वा व्यग्रे सति कुरुकुलतिलकभूतः = कुरुवंशशिरोभूषणः कुरुराजः=दुर्योधनः वञ्चितः= प्रतारितः ॥

उद्यदिति। रथद्विपगताः—रथद्विपेषु = रथगजेषु गताः = आरूढाः, चापद्वितीयैः चापः = धनुः द्वितीयः = सहायः येषां तैः एतादृशैः। करैः = हस्तैः उद्यत्प्राञ्जलयः—उद्यन्तः = उत्थापितवन्तः प्रांजलयः = पाणिपुटाः येषां ते एकादशवाहिनीनृपतयः यस्य = दुर्योधनस्य वाक्योन्मुखाः—आज्ञापालने तत्परा इत्यर्थः तिष्ठन्ति, रामशरावलीढकवचः—रामस्य = परशुरामस्य शरैः = बाणैः अवलीढः = जर्जरितः विद्धो वा कवचः यस्य सः, भीष्मः योद्धा तातश्च = मदीयपिता च रणे = संग्रामे (यस्य पक्षे इमौ द्वौ संरक्षकौ भूत्वा

लाभरहित विजय की प्रशंसावाली मेरी इस समर-लक्ष्मी से क्या फल? (घूमकर) नहीं, ऐसा नहीं। जब कि मैं श्रीपिताजी को तिलाञ्जलि देने में व्यग्र था तभी कुरुकुलभूषण महाराज (दुर्योधन) को धोखा दिया गया, लेकिन इसे कौन मानेगा? क्योंकि :—

रथ और हाथियों पर चढ़े हुए, हाथ में धनुष लिए हुए ग्यारह अक्षौहिणी (सेना) वाले राजालोग जिसकी आज्ञा को पालन करने के लिए हाथ जोड़कर तत्पर रहते थे, परशुराम के बाणों से जिनका कवच जर्जरित हो गया है ऐसा भीष्म और महाबली श्री पिताजी (जिनकी ओर से लड़ रहे थे) ऐसा महान वीर दुर्योधन भी वास्तव में काल के प्रभाव से जीता गया ॥ ५८ ॥

तत् क नु खलु गतो गान्धारीपुत्रः । (परिक्रम्यावलोक्य) अये अयमभिहतगजतुरगनररथप्राकारमध्यगतः समरपयोधिपारगः कुरुराजः । य एषः,

मौलीनिपातचलकेशमयूखजालै-
गत्रैर्गदानिपतनक्षतशोणितार्द्रैः ।
भात्यस्तमस्तकशिलातलसंनिविष्टः
सन्ध्यावगाढ इव पश्चिमकालसूर्यः ॥ ५९ ॥

आहताम्) सोऽपि अतिरथः=अतिक्रान्ताः रथिनः येन सः, दुर्योधनः अपि कालेन =कालप्रभावेण, समयवैपरीत्येन वा व्यक्तमेव = सुनिश्चितमेव निर्जितः = पराजितः ॥ ५८ ॥

तदिति । गान्धारीपुत्रः = दुर्योधनः समरपयोधिपारगः—समरः = समरभूमिः एव पयोधिः = समुद्रः तस्य पारगः = पारं गच्छतीत्यर्थः ॥

मौलीति । मौलीनिपातचलकेशमयूखजालैः—मौल्याः = मुकुटस्य निपातेन चलाः = चंचला विकीर्णाः केशा एव मयूखजालानि = किरणसमूहाः तैः । गदानिपतनक्षतशोणितार्द्रैः—गदायाः निपतनेन = प्रहारेण यानि क्षतानि = व्रणस्थानानि तेभ्यः निस्सृतं यत् शोणितम्=रक्तम् तेन आर्द्रैः गात्रैः=शरीरैः । अस्तमस्तकशिलातलसंनिविष्टः—अस्तमस्तकस्य = अस्ताचलस्य शिलातलेषु सन्निविष्टः = संश्लिष्टः इत्यर्थः । संध्यावगाढः = संध्यया = संध्याकालीनरागेण इत्यर्थः । अवगाढः = अवलिप्तः पश्चिमकालसूर्यः—दिवान्तसूर्य इव, अस्तकालीन सूर्य इव वा । भाति = प्रकाशीभवतीत्यर्थः ॥ ५९ ॥

तब गान्धारीपुत्र (दुर्योधन) कहाँ चला गया । (घूमकर और देखकर) अरे ! मरे हुए हाथी, घोड़े, मनुष्य और रथों की चहारदीवारी के बीच में, समररूपी समुद्र को पार करने वाला यह दुर्योधन स्थित है । जो यह,

मुकुट के गिरने से चंचल-केश सूर्य की किरणों की तरह लग रहे हैं, गदा के प्रहार के कारण (जिखमी बने) घावों के बहते खून से लथपथ शरीर, अस्ताचल-पर्वत के शिखर के ऊपरी भाग पर आधारित, संध्या के रंग में डूबते हुए सूर्य की भांति दिखाई पड़ रहा है ॥ ५९ ॥

(उपसृत्य) भोः कुरुराज ! किमिदम् ।

राजा—गुरुपुत्र ! फलमपरितोषस्य !

अश्वत्थामा—भोः कुरुराज ! सत्कारमूलमावर्जयिष्यामि ।

राजा—किं भवान् करिष्यति ।

अश्वत्थामा—श्रूयताम् ।

युद्धोद्यतं गरुडपृष्ठनिविष्टदेह-
मष्टार्धभीमभुजमुद्यतशार्ङ्गचक्रम् ।
कृष्णं सपाण्डुतनयं युधि शस्त्रजालैः
संकीर्णलेख्यमिव चित्रपटं क्षिपामि ॥ ६०॥

अपरितोषस्य = असंतोषस्य ।

सत्कारमूलम्—सत्कारस्य मूलमेव । आवर्जयिष्यामि = उपहारेण समर्पयामि इत्याशयः ।

युद्धोद्यतमिति । युद्धोद्यतम् गरुडपृष्ठनिविष्टदेहम्—गरुडस्य पृष्ठे निविष्टो देहः येन तम् , अष्टार्धभीमभुजम्—अष्टार्धाः = चत्वारः भीमाः = भयोत्पादकाः भुजा यस्य तम् , उद्यताशार्ङ्गचक्रम्—शार्ङ्गम् च = धनुश्च चक्रम् च = चक्रसुदर्शनं च इति शार्ङ्गचक्रे उद्यते शार्ङ्गचक्रे यस्य तम् , सपाण्डुतनयम्—पाण्डुपुत्रसहित-मित्यर्थः, कृष्णम् सङ्कीर्णलेख्यम् चित्रपटम् इव युधि क्षिपामि = प्रक्षिपामि ॥६०॥

(पास में जाकर)

हे कुरुराज ! यह क्या ?

राजा—आचार्यपुत्र ! यह तो मेरे असंतोष का फल है ।

अश्वत्थामा—हे कुरुराज ! मैं आपके सत्कार के लिए अपेक्षित सामग्री प्रस्तुत करूँगा ।

राजा—आप क्या करेंगे ?

अश्वत्थामा—सुनिये ।

युद्ध के लिए तत्पर गरुड की पीठ पर चढ़े हुए, भयंकर चार भुजावाले धनुष और चक्र को धारण करनेवाले, पाण्डुपुत्रों के साथ कृष्ण को, युद्ध में शस्त्र के समूह से संकीर्ण चित्र वाले चित्रपट की भांति नष्ट कर डालूँगा ॥ ६० ॥

राजा—मा मा भवानेवम् ।

गतं धात्र्युत्संगे सकलमभिषिक्तं नृपकुलं
गतः कर्णः स्वर्गं निपतिततनुः शान्तनुसुतः ।
गतं भ्रातॄणां मे शतमभिमुखं संयुगमुखे
वयं चैवंभूता गुरुसुत ! धनुर्मुञ्चतु भवान् ॥ ६१ ॥

अश्वत्थामा—भोः कुरुराज !

संयुगे पाण्डुपुत्रेण गदापातकचग्रहे ।
सममूरुद्वयेनाद्य दर्पोऽपि भवतो हृतः ॥ ६२ ॥

राजा—मा मैवम् । मानशरीरा राजानः । मानार्थमेव मया निग्रहो गृहीतः । पश्य गुरुपुत्र !

गतमिति । अभिषिक्तम्=युवराजपदे प्रतिष्ठितमित्यर्थः । सकलम्=सर्वं नृप-कुलम्=राजवंशः, धात्र्युत्संगे=पृथिवीतले, रसातले वा गतम्, कर्णः स्वर्गं गतः, शंतनुसुतः=भीष्मपितामहः । निपतिततनुः=भूमौ पतितशरीरः, शरशय्या-रूढः मे=मम भ्रातॄणाम् शतम्=बन्धुशतम् अभिमुखम्=प्रत्यक्षमेव संयुगमुखे=रण-मध्ये गतम्=मृत्युं प्राप्तम् वयं च एवंभूताः (अतएव) हे गुरुसुत । हे गुरुपुत्र भवान् धनुः मुञ्चतु=त्यजतु ॥ ६१-६२ ॥

निग्रहः=संग्रामः, गृहीतः=रचितः इति भावः ।

राजा—नहीं, ऐसा न कहें ।

सम्पूर्ण राजवंश, जिनका अभिषेक हो चुका था पृथ्वी की गोद में सो गया है, कर्ण स्वर्ग चला गया, शान्तनुपुत्र (भीष्म) का शरीर भी पृथ्वी पर पड़ा है; मेरे सौ भाई युद्ध में सबके सामने ही मार डाले गये और हम स्वयं इस हालत में गुजर रहे हैं । आचार्यपुत्र ! अब आप धनुष को त्याग दें ॥ ६१ ॥

अश्वत्थामा—हे कुरुराज !

आज पाण्डुपुत्र भीमसेन ने जिस संग्राम में गदा की वार करने के साथ ही साथ तुम्हारे केशों को पकड़ा और तुम्हारी दोनों जंघाओं के साथ ही तुम्हारा गर्व भी हर लिया (अर्थात् चूर-चूर कर दिया) ॥ ६२ ॥

राजा—नहीं, नहीं । मान ही तो राजाओं का शरीर कहलाता है और एक मात्र मान के लिए ही मैंने युद्ध ठाना; देखो आर्यपुत्र—

यत्कृष्टा करनिग्रहाञ्चितकचा द्यूते तदा द्रौपदी
यद्बालोऽपि हतस्तदा रणमुखे पुत्रोऽभिमन्युः पुनः ।
अक्षव्याजजिता वनं वनमृगैर्यत्पाण्डवाः संश्रिता
नन्वल्पं मयि तैः कृतं विमृश भो ! दर्पाहतं दीक्षितैः ॥६३॥

अश्वत्थामा—सर्वथा कृतप्रतिज्ञोऽस्मि ।

भवता चात्मना चैव वीरलोकैः शपाम्यहम् ।
निशासमरमुत्पाद्य रणे धक्ष्यामि पाण्डवान् ॥ ६४ ॥

यदिति । यत् करनिग्रहाञ्चितकचाः—कराभ्यां = हस्ताभ्यां निग्रहः = बलपूर्वकं यथा स्यात्तथा आकर्षणं येषां ते, अंचिताश्च = कुटिलाश्च रमणीयाश्च वा ते कचाश्च = अलकाश्च करनिग्रहाः अंचितकचाः यस्याः सा एतादृशी द्रौपदी द्यूते कृष्टा = आनीता, पुत्रः अभिमन्युः तदा रणमुखे = युद्धमध्ये यत् हतः, अक्षव्याजजिताः = द्यूतक्रीडाव्याजेन पराभूताः पाण्डवाः, वनमृगैः = वन्य-जन्तुभिः (सह) वनं यत् संश्रिताः, भो ! तैः दीक्षितैः = रणयज्ञे दीक्षितैः, अर्थात् युद्धप्रवीणैरित्यर्थः, मयि दर्पाहतम्—दर्पस्य आहतम् = आहरणम् मानभंगो वा कृतम् (तत्) ननु = निश्चयेन अल्पमेव (कृतम्) एवं विमृश = (त्वं) विचारय ॥ ६३ ॥

भवतेति । भवता आत्मना वीरलोकैश्च = महाभटैश्च एव शपामि = शपथं करोमि (यत्) अहम् निशासमरम् = रात्रियुद्धम् उत्पाद्य = कृत्वा, पाण्डवान् धक्ष्यामि = संहरिष्यामि, ज्वलयिष्यामि इति वा ॥ ६४ ॥

मैंने दोनों हाथों से बालों को पकड़े हुए द्रौपदी को द्यूत-सभा में घसीट कर लाया, युद्ध में अभिमन्यु के प्राणों का संहार किया और जुआ में पाण्डवों को छल से जीत कर उन्हें जंगल में बनैले पशुओं के साथ आश्रय दिया, इतना होने पर भी रणविद्या में दीक्षित पाण्डवों ने मेरा जो मान-मर्दन किया वह अपेक्षाकृत थोड़ा ही है । इसे आप (स्वयं) विचार कीजिए ॥ ६३ ॥

अश्वत्थामा—मैं सब प्रकार से दृढ़ निश्चय कर चुका हूँ ।

मैं अपना, आपकी और वीर पुरुषों की सौगंध खाकर कहता हूँ कि मैं रात्रि-युद्ध करके पाण्डवों का विध्वंस कर डालूँगा ॥ ६४ ॥

बलदेवः—एतद्भविष्यत्युदाहृतं गुरुपुत्रेण ।
अश्वत्थामा—हलायुधोऽत्रभवान् ।
धृतराष्ट्रः—हन्त ! साक्षिमती खलु वञ्चना ।
अश्वत्थामा—दुर्जय ! इतस्तावत् ।

पितृविक्रमदायाद्ये राज्ये भुजबलार्जिते ।
विनाभिषेकं राजा त्वं विप्रोक्तैर्वचनैर्भव ॥ ६५ ॥

राजा—हन्त ! कृतं मे हृदयानुज्ञातम् । परित्यजन्तीव मे प्राणाः । इमेऽत्रभवन्तः शन्तनुप्रभृतयो मे पितृपितामहाः । एतत्कर्णमग्रतः कृत्वा समुत्थितं भ्रातृशतम् । अयमप्यैरावतशिरोविषक्तः काकपक्षधरो महेन्द्रकरतलमवलम्ब्य क्रुद्धोऽभिभाषते माममिमन्युः । उर्वश्यादयोऽ-

---

उदाहृतम् = उक्तम् ।

पितृविक्रमेति । त्वं पितृविक्रमदायाद्ये—पितुः विक्रमः = पराक्रमः एव दायाद्यः = दायभागः यस्मिन् तस्मिन , भुजबलार्जिते = बाहुबलोपार्जिते राज्ये अभिषेकं विना विप्रोक्तैः वचनैः राजा भव ॥ ६५ ॥

राजेति । ऐरावतशिरोविषक्तः—ऐरावतस्य शिरसि विषक्तः = उपारूढः इत्यर्थः । महेन्द्रकरतलम् = इन्द्रकरतलम् महार्णवाः = महासागराः । सहस-

---

बलदेव—जो कुछ आर्यपुत्र ने कहा है निःसंदेह वही होगा ।
अश्वत्थामा—यही तो पूज्य बलदेवजी हैं ।
धृतराष्ट्र—हाय ! वंचना (धोखाबाजी) भी बलदेव जी के समक्ष ही की गई है ।
अश्वत्थामा—दुर्जय, यहाँ आओ ।

तू पिता के पुरुषार्थ से उपलब्ध पैतृक संपत्ति तथा बाहुबल से अर्जित इस राज्य में अभिषेक के विना विप्र (मुझ अश्वत्थामा) के वचनों से राजा होवो (अर्थात् राज्य का अधिकारी बनो ।) ॥ ६५ ॥

राजा—वाह ! मेरे मन की बात पूरी हुई । मेरे प्राण मानों अब निकलने ही वाले हैं । ये शन्तनु आदि मेरे परमपूज्य पितामह हैं । ये मेरे सौ भाई हैं, जो कि कर्ण को आगे करके खड़े हुए हैं । ऐरावत हाथी के ऊपर बैठा हुआ, काकपक्ष धारण करने वाला, इन्द्र के हाथों का सहारा लेकर क्रोधी अभिमन्यु मुझ से

प्सरसो मामभिगताः। इमे महार्णवा मूर्तिमन्तः। एता गंगाप्रभृतयो महानद्यः। एष सहस्रहंसप्रयुक्तो मां नेतुं वीरवाही विमानः कालेन प्रेषितः। अयमयमागच्छामि। (स्वर्गं गतः।)

(यवनिकास्तरणं करोति।)

धृतराष्ट्रः—

यास्येष सज्जनवनानि तपोवनानि
पुत्रप्रणाशविफलं हि धिगस्तु राज्यम्।

अश्वत्थामा—

यातोऽद्य सौप्तिकवधोद्यतबाणपाणिः

हंसप्रयुक्तः—सहस्रहंसैः प्रयुक्तः=युक्तः वीरवाही=वीरवहनयोग्यः। कालेन=यमराजेन॥

यामीति। एषः (अहम्) सज्जनवनानि=सज्जनानां वनानि, अथवा सज्जनाः=सत्पुरुषा एव वनानि येषु तानि (एवंभूतानि) तपोवनानि यामि, हि=यतः पुत्रप्रणाशविफलम्—पुत्राणां प्रणाशेन=विनाशेन विफलम्=निष्फलम्. राज्यम् धिक् अस्तु॥

यात इति। अद्य=अधुना एष सौप्तिकवधोद्यतबाणपाणिः—सुप्तौ=

कुछ कह रहा है। उर्वशी आदि अप्सराएँ मुझे चारों ओर से घेर ली हैं। ये शरीरधारी महासागर; ये गंगा आदि महानदियाँ। यह सहस्र हंस से युक्त, वीरों को वहन करने वाला धर्मराज के द्वारा पठाया हुआ विमान मुझे लेने के लिये (प्रस्तुत) है। यह, यह मैं आया।

(स्वर्ग को जाता है।)

(परदा गिर जाता है।)

धृतराष्ट्र—मैं सज्जनों के वनरूप तपोवन को जा रहा हूँ, क्योंकि पुत्रों के विनाश से निष्फल मेरे इस राज्य को धिक्कार है।

अश्वत्थामा—आज ही शयन किए हुए पाण्डुपुत्रों के वध के लिये सुसज्जित बाणों को हाथ में लेकर जा रहा हूँ।

(भरतवाक्यम्)

बलदेवः—गां पातु नो नरपतिः शमितारिपक्षः ॥ ६६ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

ऊरुभङ्गं नाम नाटकं समाप्तम् ॥

सुप्तिकाले भवः, अथवा सुप्तिकाले = रात्रौ कृतः सौप्तिकः, सौप्तिकानाम् = शयनगतानां पाण्डुपुत्राणाम् वधाय उद्यतः पाणः पाणौ = हस्ते यस्य सः तथा ।

गामिति । शमितारिपक्षः—शमितः = विनाशितः अरिपक्षः = शत्रुवर्गः, (दलम्) येन असौ नः = अस्माकम् नरपतिः = राजा गाम् = पृथिवीमण्डलम्, पातु = रक्षतु, शास्तु वा ॥ ६६ ॥

समाप्तश्चायं ग्रन्थः

(भरत वाक्य)

बलदेव—शत्रु-पक्ष का विनाश करने वाला हमारा राजा पृथ्वी का पालन करे ॥ ६६ ॥

(सब के सब चले जाते हैं।)

ऊरुभंग नामक नाटक समाप्त ।

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

७६

भासनाटकचक्रे

अभिषेकनाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः—

न्याय-व्याकरण-वेदान्त-साहित्याचार्य-

आचार्यः श्रीरामचन्द्रमिश्रः

मुजफ्फरपुरस्थराजकीयसंस्कृतमहाविद्यालयप्राध्यापकः

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

स्वर्गीय गुरुदेव पण्डित किशोरीझा शर्मणां

स्मृतौ

सादरं समर्प्यते निजा तुच्छा

कृतिरियं

तदीयाध्यापनाधिगतबोधेन

प्रकाशकृता

रामचन्द्रेण

अवतारणा

अथायमुपक्रम्यते प्रकाशयितुं प्रकाशव्याख्या समन्वितो भासप्रणीतोऽभिषेक-नाटकनामकः प्रबन्धः।

अस्य नाटकस्य प्रणेतुः परिचयादिकं साहित्यिकं समालोचनाख्याग्रे राष्ट्रभाषया लिखितमिति तत एवावगन्तव्यम्।

अस्य अभिषेकनाटकस्य सम्प्रत्यवधि कापि व्याख्या मया नावलोकिता न वा श्रुता। केवलं मूलमात्रं मया दृष्टं यद् भासनाटकचक्रसंज्ञया प्रथमाने पुस्तकेऽवयवतां गतम्।

अत्र व्याख्याने मया प्रयासं कृत्वा सरलताऽऽनीता, गद्यभागोऽपि प्रायः सर्वत्र व्याख्यातः। आवश्यकः कोऽपि विषयो नोज्झितो यं पाठकोऽन्विष्येदं प्राप्य चान्तर्व्यथेत।

परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य विकसतां सतां नित्यक्षमामयतया, दोषैकदृशामसतां तु पुरः क्षमाप्रार्थनाव्यापारस्यापि स्वप्रवञ्चनामात्रसारतया। क्षमाप्रार्थनामन्तरैव समापयामि स्वामिमामवतारणाम्। इति।

प्रश्रयावनतः

रामचन्द्रमिश्रः

भूमिका

नाटक साहित्य की प्राचीनता

भारतीय नाटक साहित्य विचारधारा तथा विकासक्रम में मूलतः स्वतन्त्र है, इस बात को अब सभी आलोचक मानने लगे हैं। वैदिक साहित्य की समीक्षा से पता चलता है कि वैदिक युग में ही नाटक के सभी अङ्गों—संवाद, सङ्गीत, नृत्य तथा अभिनय का किसी न किसी रूप में अस्तित्व था।

ऋग्वेद के यम-यमी, उर्वशी-पुरूरवा, सरमापणि के संवादात्मक सूक्तों में नाटकीय संवाद का तत्त्व विद्यमान है। सामवेद की सङ्गीतप्राणता सर्वविदित है। आलोचकों का कहना है कि ऐसे संवाद ही कालान्तर में परिमार्जित होकर नाटकों के रूप में परिणत हुए।

रामायण-काल तथा महाभारत-काल में नाटक का कुछ और स्पष्ट उल्लेख पाया जाता है। विराटपर्व में रङ्गशाला का नाम आया है। रामायण में भी नट, नर्तक, नाटक, रङ्गमञ्च आदि के नाम स्थान-स्थान पर आये हैं।

'नाट्यशास्त्र' तथा 'भावप्रकाशन' में इसके प्राचीनत्व का विशद विवेचन पाया जाता है।

संस्कृत साहित्य में भास की प्रसिद्धि

संस्कृत-साहित्य में भास की बड़ी प्रसिद्धि है। 'मालविकाग्निमित्र' में कालिदास ने लिखा है :—

'प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धान्' 'हर्षचरित' में 'बाणने' भास को इन शब्दों में याद किया है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशोलेभे भासो देवकुलैरिव ॥'

दण्डीने 'अवन्तिसुन्दरी कथा' में भास के लिये लिखा है :—

'सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासश्शरीरैरिव नाटकैः ॥'

प्रसिद्ध आलोचक राजशेखरने भास के नाटकों के सम्बन्ध में लिखा है :—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥'

'प्रसन्नराघव' प्रणेता 'जयदेव' ने 'भासो हासः' कहकर भास के प्रति अपना आदर प्रकट किया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृत-साहित्य में भास का बड़ा गौरवपूर्ण स्थान है। किसी का भी गौरव किसी गुण पर ही आधारित रहता है।

जब तक भास के ग्रन्थ प्रकाश में नहीं आये थे तब तक जैसा सोचा जाता रहा हो, किन्तु १६१२ में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा त्रयोदश रूपकात्मक भासका नाटकचक्र प्रकाश में लाया गया, तब से तो उनके नाटक ही उनके स्तुति पाठक बन गये। उनकी सरल प्रसादपूर्ण भाषाने ही उनको प्रसिद्ध नाटककार के समादृत पद पर प्रतिष्ठित कर दिया।

भास का नाटकचक्र

महाकवि भास के रूपकों की संख्या १३ है। उनके नाम इस प्रकार हैं :—

१—प्रतिज्ञायौगन्धरायण
२—अविमारक
३—स्वप्नवासवदत्त
४—प्रतिमानाटक
५—मध्यमव्यायोग
६—पञ्चरात्र
७—अभिषेक
८—दूतवाक्य
९—दूतघटोत्कच
१०—कर्णभार
११—ऊरुभङ्ग
१२—बालचरित
१३—चारुदत्त

इन रूपकों के मूल प्रायः प्राचीनग्रन्थ ही हैं, जैसे :—

रामायण पर आधारित— १. प्रतिमानाटक, २. अभिषेक नाटक

महाभारत पर आधारित—	१. मध्यमव्यायोग, २. पञ्चरात्र
	३. दूतघटोत्कच, ४. कर्णभार
	५. ऊरुभङ्ग, ६. दूतवाक्य
भागवत पर आधारित—	१. बाल चरित
बृहत्कथा पर आधारित—	१. स्वप्नवासवदत्त
	२. प्रतिज्ञायौगन्धरायण
	३. अविमारक

केवल 'चारुदत्त' नामक भासका रूपक कल्पित कथामूलक है। गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक प्रकाशित किया, वह भी भासकृत ही माना गया है। इस प्रकार भास के नाटकचक्र में अब चौदह रूपकों का समावेश करना चाहिए।

इन रूपकों का एक कर्तृकत्व

उपर्युक्त सभी रूपक एक कविकी रचनायें हैं क्योंकि इन रूपकों में कुछ आश्चर्यजनक समतायें विद्यमान हैं :—

१—ऊपर लिखे नाम वाले सभी रूपक—'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इन्हीं शब्दों से प्रारम्भ करते हैं।

२—इन रूपकों में से किसी भी रूपक में रचयिता के नाम तथा परिचय का पता नहीं है।

३—प्रायः इन सभी ग्रन्थों में प्रस्तावना की जगह स्थापना शब्द का प्रयोग किया गया है, एकमात्र कर्णभार में प्रस्तावना शब्दका व्यवहार हुआ है।

४—इनमें से अधिकांश रूपकों में भरतवाक्य एक से हैं, 'स्वप्नवासवदत्त' 'बालचरित' और दूतवाक्य में भरतवाक्य है—'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम्। महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः' ॥ शेष रूपकों में भी प्रायः 'राजसिंह प्रशास्तु नः' इतना अंश भरतवाक्य में अवश्य है।

५—इन रूपकों की भाषा तथा शैलीमें अद्‌भुत समता है।

६—इनमें से अधिकांश रूपकों में पताका स्थान तथा मुद्रालङ्कार का एकसा प्रयोग किया गया है।

७—छोटे पात्रों के नामसाम्य, व्याकरण की त्रुटि, एक तरह की भावना, एकसा वाक्य इन रूपकों में समानभाव से पाये जाते हैं।

८—भरतकृत नाटयशास्त्र के नियमों का उलङ्घन प्रायः समान रूप से सभी रूपकों में किया गया है, जैसे मृत्यु तथा युद्ध का अभिनय, पानी का लाया जाना आदि।

९—नाटयनिर्देश की न्यूनता प्रायः सभी रूपकों में समान रूप से विद्यमान है, जो भी नाटयनिर्देश पाये जाते हैं उनमें भी दो-दो तीन-तीन आदेश साथ ही दे दिये गये हैं, जैसे—(निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य)

१०—इन सभी रूपकों के नाम केवल ग्रन्थान्त लेख में ही पाये जाते हैं, अन्य किसी जगह नहीं।

इस तरह यह सभी रूपक एक कर्तृक हैं इस विश्वास के लिये इतने कारण पर्याप्त माने जा सकते हैं।

भास ही इनके प्रणेता थे

ऊपर बताई गई समताओं से प्रमाणित होता है कि यह सभी रूपक एक ही कवि की कृतियाँ हैं। इनमें से 'स्वप्नवासवदत्त' की रचना भास द्वारा हुई है इस विषय में राजशेखर का साक्ष्य उपलब्ध है :—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥'

फलतः अन्य रूपकों को भी भासकृत माना गया है, जो ठीक ही है।

बाण ने भास के नाटकों के सम्बन्ध में 'सूत्रधारकृतारम्भैः' कहा है, जिसका अर्थ यह होता है कि भास के नाटकों का आरम्भ सूत्रधार के प्रवेश के साथ होता है, इन रूपकों में यह बात है, इससे भी इनका भासकृतत्व सिद्ध होता है।

इन रूपकों के प्रणेता भास वही हैं जिनकी प्रशंसा कालिदास ने की है, यह विषय सन्देहास्पद है, किन्तु इतने रूपकों के प्रणेता भास जनसमादर के पात्र हों, इस विषय में मतद्वैध नहीं होना चाहिये।

इस प्रसङ्ग में एक विरोधी दल भी है जो कहता है कि इनमें से कोई रूपक भास का बनाया नहीं है। इन विरोधियों के पक्षमें निम्नलिखित तर्क उपस्थित किये जाते है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैः' यह लक्षण दाक्षिणात्यविरचित रूपकों में सर्वत्र पाया जाता है, अतः केवल इसी साम्यमूलक प्रमाण से इन रूपकों को भासकृत नहीं कहा जा सकता है। यदि इसी साम्य के बल पर नाटक भासकृत माने जाने लग जाँय, तब तो सभी दाक्षिणात्य कवियों के नाटक भासकृत मानने पड़ेंगे।

भासकृत 'स्वप्नवासवदत्त' का—

'पादाक्रान्तानि पुष्पाणि सोष्म चेदं शिलातलम्।
नूनं काचिदिहासीनां मां दृष्ट्वा सहसा गता' ॥

यह श्लोक रामचन्द्र द्वारा अपने 'नाटयदर्पण' नामक ग्रन्थ में उद्वृत किया गया है, यह श्लोक इन रूपकों के दल में पाये जाने वाले स्वप्नवासवदत्त में नहीं है। अतः यह 'स्वप्नवासवदत्त' तथा इसके साथ-साथ पाये जाने वाले रूपक भास के नहीं हैं, किसी अन्य कवि ने बनाकर भास के नाम से प्रचलित कर दिया है। ग्रन्थ को प्रचलित करने के लिये इस तरह का कार्य किया जा सकता है, प्रत्युत किया गया है इसका प्रमाण संस्कृत-साहित्य में अति सुलभ है।

इस प्रकार इस विषय में मतभेद बना हुआ है। म० म० गणपतिशास्त्री Prof. keith और पराञ्जपे के विचार में यह सभी रूपक भास के ही हैं।

श्रीकाने, Dr. Barnett आदि इसके प्रतिकूल पक्ष का समर्थन करते हैं। कुछ अन्य आलोचक—जैसे Dr. Sukhtankar, Prof. Winternitz का कहना है कि इनमें किसी पक्ष का कथन असन्दिग्ध नहीं है। इस स्थिति में अभी इस प्रश्न का समाधान कठिन है।

मैं समझता हूँ कि समन्वयात्मक दृष्टि से यदि दो भास मान लिये जाते तो इस विवाद का अन्त हो जाता। एक भास परम प्राचीन माने जाते जिन्हें कालिदास, बाण आदि ने सादर स्मरण किया है, इसी के साथ यह भी मान लिया जाय कि उनके लिखे रूपक अब प्राप्य नहीं रहे। दूसरे भी एक भास मान लिये जाते जो कुछ आर्वाचीन होते, उन्हीं की कृति के रूप में इन प्राप्य रूपकों

को स्वीकार कर लिया जाता। क्या इस तरह इस झगड़े को नहीं मिटाया जा सकता है ?

भास का काल

कुछ दाक्षिणात्य पण्डितों ने यह प्रमाणित करने का प्रयास किया है कि भास दाक्षिणात्य तथा कालिदासादि कवियों से पूर्वकालिक थे। कालिदास का समय तो सन्दिग्ध है, परन्तु वाण का समय प्रायः निश्चित रूप में षष्ठशतक का अन्त तथा सप्तमशतक का आदि माना गया है, तदनुसार भास के समय की अन्तिम संभाव्य-सीमा, सप्तम शतक मानी जा सकती है। रही आदिम सीमा की वात, उस संवन्ध में वाल्मीकि के काल पर विचार करना होगा Prof. Jacodi के मतानुसार वाल्मीकि ५म शतक B. C. के पूर्व में थे। Prof. Keith का कहना है कि ४र्थ शतक B. C. में विद्यमान थे। इस प्रकार पूर्वोत्तर सीमा के निर्णीत हो जाने पर भी निश्चित समय के निर्धारण में वड़ा मतान्तर है।

१—गणपतिशास्त्री, हरप्रसादशास्त्री, तथा पुसलकर भास का समय ईसा से पूर्व मानते हैं।

२—जागीरदार तथा कुलकर्णी—	तृतीय शतक B. C.
३—जायसवाल, चौधरी, तथा ध्रुव—	२य या १म शतक B. C.
४—Konow, Dr. सरूप, तथा Willer—	२य शतक A. D.
५—Keith, Jolly. Jacobi, Banerjee, Shastri तथा भण्डारकर—	३य शतक A. D.
६—Liseny तथा Winternitz—	४र्थ शतक A. D.
७—Sankar—	५म शतक या ६ष्ठ शतक A. D.
८—Devadhar, Barnett, हीरानन्दशास्त्री, Nerurkar, तथा Pisharoti—	७म शतक A. D.
९—Kane—	९म शतक A. D.
१०—पं रामावतार शर्मा	१०म शतक A. D.
११—रङ्गाचार्य रेड्डी—	११श शतक A. D.

इनमें सप्तम शतक के बाद भास का समय मानने वाले बाणभट्ट द्वारा भास के उल्लेख का क्या समाधान देते हैं इसका पता मुझे नहीं है। यदि वास्तव में इस प्रश्न का समाधान देना है तो यही कहना होगा कि भास नामक दो नाटककार हुए हैं, १म भास कालिदास से पूर्व में थे। उन्होंने भी स्वप्नवासवदत्त नामक नाटक लिखा था, जिसका स्मरण अन्य प्राचीन आचार्यों ने किया है। इसी प्राचीन भास को भरतकृत नियमों का उल्लङ्घन माना जा सकता है। २य भास बहुत बाद के हैं, उन्होंने ने जो कुछ लिखा प्राचीन भास के नाम पर ही प्रख्यात किया। इस प्रकार मानने पर सारी आपत्तियों का समाधान संभव हो जाता है। इन सारी बातों को ध्यान में रखकर यह तो असन्दिग्ध भाव से कहा जा सकता है कि भास ख्यात तथा प्राचीन नाटककार थे, भले ही उनका निश्चित समय नहीं कहा जा सके।

भास का देश

कुछ दाक्षिणात्य पण्डितों ने यह प्रमाणित करने का प्रयास किया है कि भास दक्षिण भारत के निवासी थे। उनके तर्क निम्नलिखित हैं :—

१—भासनाटकचक्र के सभी रूपक केरल में ही मिले।

२—भासकृत प्रतिमानाटक में अभिषेक संस्कार के समय सीता को राम के साथ नहीं चित्रित किया गया है, प्रायः केरल को छोड़कर भारत के सभी भागों मे सस्कार-काल में दम्पति का सहावस्थान नियम है। केवल केरल ही ऐसा प्रान्त है जहाँ संस्कार-काल में दम्पति का सहावस्थान नियम नहीं है। इससे भास का केरलीय होना सिद्ध होता है।

३—मामा का अधिक आदर भास ने वर्णित किया है जो दक्षिण भारत की ही देन हो सकती है।

इन तर्कों से कुछ अधिक बल नहीं मिल रहा है। किसी के ग्रन्थों के कहीं पाये जाने भर से उसका वह देश जन्मस्थान या निवासस्थान नहीं सिद्ध होता है। यदि दृढ़तापूर्वक इस सिद्धान्त का अनुसरण किया जाय तो बहुत सी मान्यतायें परिवर्तित करनी पड़ेंगी। अभिषेक संस्कार-काल में सीता की अनुपस्थिति भी नाटकीय विशेषता की दृष्टि से की गई कही जा सकती है। मामा के अधिक

आदर वाली बात में भी कुछ तत्त्व नहीं है, वह तो धर्मशास्त्र के वचन पर अवलम्बित है।

वस्तुतः यदि भास के नाटकों का अन्तःपरीक्षण किया जाय तो हमें मिलेगा कि भासने जितने पात्र नाम, शहर, नदियां आदि अपने रूपकों में वर्णित की हैं, वे सभी उत्तर भारत की हैं, इसके आधार पर तो यही मानना उचित है कि भास उत्तर भारत के निवासी थे। उनके 'यज्ञफल' नामक रूपक का उत्तर भारत में पाया जाना इसी मत के पक्ष में पड़ता है।

भास की जीवनी

भास की जीवनी के सम्बन्धमें कुछ भी निश्चित रूप से मालूम नहीं है। उनके सम्बन्ध में इतना ही कहा जा सकता है कि वह एक पुराने नाटककार, वैष्णव मतानुयायी, तथा ब्राह्मण धर्म के समर्थक थे। भास के मतानुसार गृह ही स्त्रियों का स्थान था, धर्म के प्रति उनकी बड़ी आस्था थी, 'धर्मो रक्षति रक्षितः' पञ्चरात्र तथा अन्यान्य रूपकों में भास ने यज्ञ का अच्छा वर्णन किया है :—

'शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति'॥

भास ने यद्यपि भाग्य को बड़ा आदर दिया है, 'चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः' कहा है, तथापि वह उद्योग का महत्त्व मानते थे :—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति'॥

भास की शैली

भास की शैली नाटककारों के लिए आदर्श शैली कही जा सकती है। कथोपकथन की सरस सरल पद्धति में कोई भी नाटककार भास की समता नहीं कर सका है। भास के रूपकों की शैली के संबन्ध में म० म० गणपति शास्त्री ने लिखा है :—

The superior excellence of sentences which are not subject to the restriction of verification is, every where

to be observed in these Rupakas. It really surpasses in grandeur the style of other works is incomparable.' अर्थात् भास के रूपकों में वाक्ययोजना की जो विशेषतायें हैं वे अन्यत्र नहीं प्राप्त हो सकती हैं, उनका अनुकरण भी नहीं किया जा सकता है।

भास ने बोलचाल की भाषा का व्यवहार किया है, जिसमें उनकी समता कालिदास भी नहीं कर सके हैं। भास की भाषा को यदि हम स्वच्छन्दवाहिनी निर्झरिणी मानें तो कालिदास की भाषा को हरिद्वार की गङ्गा मानना होगा।

नाट्यकला पर भास का असाधारण अधिकार था। नाटक रचना में सफल होने के लिये चरित्र-चित्रण में सफल होना नितान्त अपेक्षित है। भास के पात्र इतने सजीव रूप में चित्रित हुए हैं कि हम उन्हें अनायास अपना सकते हैं। प्राय: इन्हीं विशेषताओं पर दृष्टि रखकर बाणभट्ट ने भास के रूपकों के संबन्ध में लिखा था—'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः' यहाँ भूमिका शब्द चरित्र परक है। नानाविध चरित्र-चित्रणों से ही भास को नाटक-निर्माण में अखण्ड यश मिला है।

अभिषेक नाटक की कथावस्तु

अभिषेक नाटक में किष्किन्धाकाण्ड से लेकर युद्धकाण्डपर्यन्त की रामायणी कथा का ही वर्णन है जो नितान्त प्रसिद्ध है।

वाली के साथ सुग्रीव का युद्ध होता है उसीमें सुग्रीव का पक्ष लेकर रामने वाली पर प्रहार किया। वाली मरा, मरते-मरते उसने राम को कहा कि आप ने हमें क्यों मारा। रामने इसका उत्तर यह दिया कि तुम्हें तुम्हारे दुराचार का दण्ड दिया गया है। इस प्रकार वाली स्वर्ग गया, सुग्रीव वानरराज हुए। (प्रथम अङ्क)

पूर्व व्यवस्था के अनुसार सुग्रीव ने सीता के अन्वेषणार्थ सभी दिशाओं में वानर गण भेजे। उनमें से हनूमान् को मुमूर्षु जटायु ने बताया कि रावण सीता को ले गया है। उसकी बात पर श्रद्धा करके हनूमान् लङ्का गये, उन्हें वहाँ अशोकवाटिका में सीता का साक्षात्कार हुआ, उनसे हनूमान् ने अपना परिचय प्रदान किया। (द्वितीय अङ्क)

सीता से मिलकर हनूमान् ने रावण की अशोकवाटिका का विध्वंस करना प्रारम्भ किया। दूतों ने उसकी सूचना रावण को दी। रावण ने हनूमान् को पकड़ने के लिये वानर सैन्य भेजा, वह मारा गया, अनन्तर अक्षकुमार आया, वह भी हनूमान् द्वारा निहत हुआ। इसके बाद मेघनाद नामक रावणके बड़े लड़के ने हनूमान् को रावण के पास लाकर उपस्थित किया। हनूमान् ने अपना परिचय देते हुए राम का आदेश सुना दिया। रावण बहुत तेज बिगड़ा, दोनों में गरमागरम बहस हुई। विभीषण बुलाये गये, उन्होंने रावण को सीता लौटा देने की राय दी, परन्तु दुर्बुद्धि रावण इस बात को कब मानने वाला था। उसने विभीषण को शत्रु पक्षपाती करार कर भाग जाने की आज्ञा दी।

(तृतीय अङ्क)

हनूमान् के आने पर सुग्रीवने रामजी की ओर से सेना सजाई, सेना समुद्र के तट पर पहुँची, राम के डर से सागर ने मार्ग प्रदान किया, सारी सेना के साथ राम लङ्का पहुँचे। वहाँ विभीषण उनके शरणागत हुए। उनके वहाँ पहुँचने के बाद शुकसारण नामक दो राक्षस वानर रूप धारण करके राम की सेना में पहुँचे, शङ्का होने पर वे पकड़े गये, विभीषण ने उन्हें पहचान भी लिया। उदाराशय राम ने उन्हें बिना दण्ड दिये छोड़ दिया। उन्हीं के द्वारा राम ने रावण को युद्ध का सन्देश भेजा। (चतुर्थ अङ्क)

राम तथा रावण की सेनायें लड़ीं, एक-एक करके योद्धा राक्षस मारे जाने लगे। कुम्भकर्ण तथा इन्द्रजीत के मारे जाने पर रावण बौखला उठा। उसने सीता को ही मार डालना चाहा, परन्तु उसके मन्त्रियों ने उसे स्त्रीवध से रोका। इसके बाद उसने एक चाल चली। राम-लक्ष्मण के शिर की प्रतिकृति बनवाकर मंगवाई, सीता को कहा कि राम तथा लक्ष्मण तो मारे गये अब तुम मुझे स्वीकार करो, सीता फिर भी दृढ़ रहीं। (पञ्चम अङ्क)

अन्त में राम-रावणका घोर युद्ध हुआ, रावण मारा गया, सीता जब राम के पास लाई गई तब राम ने उसे राक्षस के यहाँ रहने से कलङ्कित बताकर स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। सीता ने अग्नि-परीक्षा दी। अग्निदेव ने साक्षात् आकर राम की सेवा में निवेदन किया कि यह सीता लक्ष्मी हैं, विशुद्ध चरित्रा हैं, आप नारायण इन्हें स्वीकार करें। आप के पिता ने आप के अभिषेक

की इच्छा प्रकट की है, अतः आप अपना अभिषेक करा लें। तदनुसार राम ने सीता को स्वीकार किया, उनका अभिषेक हुआ। (षष्ठ अङ्क)

अभिषेक नाटक का साहित्यिक मूल्य

जहाँ तक नाटकीयता का सम्बन्ध है यह नाटक अच्छा बना है, वाक्य छोटे-छोटे तथा स्वाभाविक भाव से प्रयुक्त हैं। अधिक वर्णनात्मकता नहीं होने दी गई है। कवित्व की दृष्टि से यह नाटक अच्छा नहीं कहा जा सकता है। किसी भी स्थान में कुछ वैसा कवित्व प्रस्फुटित नहीं हो पाया है। इस सम्बन्ध में मुझे इतना ही कहना है कि यह नाटक लिखकर भासने रामकथा मात्र प्रस्तुत की है।

—रामचन्द्र मिश्र

पात्र-परिचयः

रामः—	दशरथस्य ज्येष्ठः पुत्रः
लक्ष्मणः—	रामानुजः
सुग्रीवः—	कपीश्वरः
नीलः—	सुग्रीवानुचरो वानरः
विभीषणः—	रावणभ्राता
वाली—	किष्किन्धाराजः
अङ्गदः—	वालिपुत्रः
रावणः—	लङ्केश्वरः
हनूमान्—	वानरमुख्यः
बलाध्यक्षः—	वानरसेनापतिः
विद्युज्जिह्वः—	राक्षसः
शङ्कुकर्णः—	लङ्केश्वरस्य वार्त्ताहरः
अक्षः, इन्द्रजित्—	रावणस्य पुत्रौ
शुकः, सारणः—	मायारूपधरौ राक्षसौ
विलमुखः—	सुग्रीवस्य वार्त्ताहरः
ककुभः	वानरेश्वरभृत्यः
कांचुकीयः—	रावणस्य भृत्यः
काञ्चुकीयः—	वानरराजस्य भृत्यः
प्रथमः, द्वितीयः, तृतीयः—	विद्याधराः
अग्निः, वरुणः—	
सीता—	रामपत्नी
तारा—	वालिपत्नी
राक्षस्यः—	

॥ श्रीः ॥

भासनाटकचक्रे

अभिषेकनाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधार :—

यो गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता
युद्धे विराधखरदूषणवीर्यहन्ता ।

भूनेत्रे नियमाय मानिनि गते दूरं क्वचिन्नन्दिनि
म्लाने बालविधौ तथामृतभुजां सिन्धौ भजन्त्या क्रुधम् ।
यस्मिन् हैमवती बबन्ध विविधा भावानुबन्धोद्धुरां
चेतोवृत्तिमसौ कृपीष्ट कुशलं देवो द्विपेन्द्राननः ॥

श्रद्धानतेन शिरसा पितरं मधुसूदनम् ।
प्रसूं जयश्रीं चाहं प्रणमामि पुनः पुनः ॥

रूपकरचनातुरो महाकविर्भासो निजकृतेरविघ्नभावेन समाप्तये विद्वत्समुदयप्रतिपत्तये च सूत्रधारमुखेन स्वेष्टदेवतां स्मरति—**यो गाधिपुत्रेति**—यो रामः गाधिपुत्रस्य विश्वामित्रस्य मखे यागे विघ्नकराणाम् प्रतिबन्धमाचरताम् अभिहन्ता नाशकरः, युद्धे संग्रामे विराध-खर-दूषणानां वीर्यस्य पराक्रमस्य हन्ता

(नान्दी के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—जिन्हों ने विश्वामित्र के यज्ञ में विघ्न करने वाले राक्षसों का वध किया, युद्ध में विराध, खर, दूषण आदि राक्षसों के पराक्रम का अन्त किया, एवं

दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता
पायात् स वो निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि (परिक्रम्यावलोक्य) अये किन्तु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते ! अङ्ग ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

सुग्रीव ! इत इतः ।

(प्रविश्य)

पारिपार्श्विकः—भाव !

कुतो नु खल्वेष समुत्थितो ध्वनिः
प्रवर्तते श्रोत्रविदारणो महान् ।

समाप्तिकरः किञ्च, दर्पोद्धतयोः अतिगर्वशालिनोऽत्युल्बणयोः उग्रयोः कबन्धकपीन्द्रयोः कबन्धनामकराक्षसवानरेन्द्रवालिनोः हन्ता नाशकः सः प्रसिद्धः निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता राक्षसराजरावणवंशसमाप्तिकरो रामः वः युष्मान् सामाजिकान् पातु रक्षतु । वसन्ततिलकं वृत्तम् ॥ १ ॥

आर्यमिश्रान्—आदरणीयान्सामाजिकान् । विज्ञापयामि—सूचयामि । अङ्गेति सम्बोधनेऽव्ययम्, 'स्युः प्याट् प्याडङ्ग हे हे भोः' इत्यमरः ।

कुतो नु खल्विति—अयं प्रत्यक्षदृश्यः श्रोत्रविदारणः कर्णविवरभेदकः महान् तारः ध्वनिः शब्दः कुतो नु समुत्थितः कुतो नु सञ्जातः सन् प्रवर्तते श्रुतिविषयो भवति योऽयं भीषणः शब्दोऽस्माभिराकर्ण्यते स कुत उत्थित इति जिज्ञासा-

---

अतिगर्वी कबन्ध तथा बाली का वध किया, वह भगवान् रावणान्तक आप का कल्याण करें ॥ १ ॥

आप आदरणीय सज्जनों से मैं यह निवेदन करता हूँ-(चलकर तथा देखकर) अरे, मैं विज्ञापन में लगा हूँ और यह कैसा शब्द सुनाई देरहा है ? देखूँ तो ।

(नेपथ्य में)

सुग्रीव, इधर आओ इधर ।

(प्रवेश करके)

पारिपार्श्विक—महाशय, कानों को फाड़ता हुआ सा यह महान् शब्द कहाँ से

प्रचण्डवातोद्धूतभीमगामिनां
बलाहकानामिव खेऽभिगर्जताम् ॥ २ ॥

सूत्रधारः—मार्ष ! किं नावगच्छसि । एष खलु सीतापहरणजनितसन्तापस्य रघुकुलप्रदीपस्य सर्वलोकनयनाभिरामस्य रामस्य च, दाराभिमर्शननिर्विषयीकृतस्य सर्वहर्यृक्षराजस्य सुविपुलमहाग्रीवस्य सुग्रीवस्य च परस्परोपकारकृतप्रतिज्ञयोः सर्ववानराधिपतिं हेममालिनं वालिनं हन्तुं समुद्योगः प्रवर्तते । तत एतौ हि,

---

वाक्यार्थः । प्रचण्डवातोद्धूताः प्रबलप्रभञ्जनप्रेरिताः अतएव भीमगामिनः भीषणगतयो ये तेषां तथोक्तानाम् अतएव खे व्योम्नि अभिगर्जताम् शब्दायमानानाम् बलाहकानाम् मेघानामिव अयं श्रोत्रविदारकः शब्दः कुतः प्रवर्त्तते इत्यर्थः, यथा वातचालितानां मेघानां खे भीषणो ध्वनिर्भवति तत्समोऽयं शब्दः कुत इति तात्पर्यम् ॥ २ ॥

सीतापहरणजनितसन्तापस्य—सीताया अपहरणेन खिद्यमानस्य । रघुकुलप्रदीपस्य रघुकुलभूषणस्य । सर्वलोकनयनाभिरामस्य—सकललोकप्रियस्य । दाराभिमर्शननिर्विषयीकृतस्य—स्त्रियाः अपहरणं कृत्वा देशान्निष्कासितस्य । सर्वहर्यृक्षराजस्य—सर्वेषां वानराणाम् ऋक्षाणां भल्लूकानाम् स्वामिनः । सुविपुलमहाग्रीवस्य—विशालोन्नतकन्धरस्य । परस्परोपकारकृतप्रतिज्ञयोः—अन्योन्यमुपकारं साधयिष्याम इति प्रतिज्ञां कृतवतोः । सर्ववानराधिपतिम्—समस्तवानरराजम् । हेममालिनम्—इन्द्रप्रदत्तसुवर्णमाल्यधरम् । परस्परमुपकारं करिष्यावो येन द्वयोरपि दाराणामवाप्तिर्भविष्यतीति प्रतिज्ञां कृतवतोः समदशयो रामसुग्रीवयोर्वालिवधायोद्यमं कुर्वतोरयं भीषणो ध्वनिरिति प्रबन्धार्थः ।

आ रहा है, यह ऐसा लगता है मानों प्रबल आँधी से प्रेरित होकर आकाश में दौड़ने वाले मेघों का गर्जन हो ॥ २ ॥

सूत्रधार—अजी, नहीं जानते हो ? सीताहरण से सन्तप्त रघुवंशावतंस सर्वलोकप्रिय भगवान् राम एवं स्त्री-हरण पूर्वक देश से निष्कासित सकलवानराधीश सुग्रीव के बीच परस्पर उपकार करने की प्रतिज्ञा हुई है, तदनुसार स्वर्णमालाधारी वाली को मारने का प्रयत्न हो रहा है । इसी लिये यह—

इदानीं राज्यविभ्रष्टं सुग्रीवं रामलक्ष्मणौ
पुनः स्थापयितुं प्राप्ताविन्द्रं हरिहराविव ॥ ३ ॥

(निष्क्रान्तौ)

स्थापना ।

(ततः प्रविशति रामो, लक्ष्मणसुग्रीवौ, हनुमांश्च)

रामः—सुग्रीव ! इत इतः ।

मत्सायकाभिहतभिन्नविकीर्णदेहं
शत्रुं तवाद्य सहसा भुवि पातयामि ।
राजन् ! भयं त्यज ममापि समीपवर्ती
दृष्टस्त्वया च समरे निहतः स वाली ॥ ४ ॥

इदानीमिति—राज्यविभ्रष्टं राज्यच्युतम् इन्द्रम् हरिहरौ विष्णुशिवौ इव राज्यविभ्रष्टम् सुग्रीवम् पुनः स्थापयितुं राज्यं लम्भयितुम् इदानीम् रामलक्ष्मणौ प्राप्तौ आगतौ इत्यर्थः । राज्यच्युतस्येन्द्रस्य पुना राज्यप्राप्तये यथा विष्णुशिवौ समागतौ स्यातां तथा राज्यच्युतस्य सुग्रीवस्य पुनस्तत्पदप्रापणाय रामलक्ष्मणौ समागतौ स्त इति भावः ॥ ३ ॥

मत्सायकादिति—मत्सायकात् निहतभिन्नः खण्डितविदीर्णः विकीर्णश्च देहो यस्य तं तथोक्तं मदीयबाणनिहतगात्रं तव शत्रुं वालिनमद्य सहसा हठात् भुवि पृथिव्यां पातयामि, हे राजन्, ममापि समीपवर्ती मत्पार्श्वस्थितः भयं त्यज भयं मा कार्षीर्वाली तव किमप्यनिष्टं न करिष्यतीति भयं मा कृथा इत्यर्थः । स वाली

राम लक्ष्मण राज्यच्युत सुग्रीव को पुनः राज दिलाने आये हैं जैसे राज्यच्युत इन्द्र को पुनः राज्य-स्थापित करने के लिये आये हुए विष्णु तथा शिव हों ॥३॥

(अनन्तर राम, लक्ष्मण, सुग्रीव तथा हनुमान् का प्रवेश)

राम—सुग्रीव, इधर आइये,

अपने बाणों द्वारा तुम्हारे शत्रु वाली की देह को छिन्न-भिन्न करके मैं अभी उसे धराशायी बना रहा हूँ, राजन् आप मेरे पास रहिये, डरने की कोई बात नहीं है, अभी आप वाली को युद्ध में मरा देखिये ॥ ४ ॥

सुग्रीव :—देव ! अहं त्वत्वार्यस्य प्रसादाद् देवानामपि राज्यमाशङ्के, किं पुनर्वानराणाम् । कुतः,

मुक्तो देव ! तवाद्य वालिहृदयं भेत्तुं न मे संशयः
सालान् सप्त महावने हिमगिरेः शृङ्गोपमाञ्छ्रीधर ! ।
भित्त्वा वेगवशात् प्रविश्य धरणीं गत्वा च नागालयं
मज्जन् वीर ! पयोनिधौ पुनरयं सम्प्राप्तवान् सायकः ॥५॥

त्वया सुग्रीवेण समरे युद्धे निहतः मारितो दृष्टः अचिरेणैव त्वं वालिनं समरे निहन्यमानं द्रक्ष्यसीति तात्पर्यम् ॥ ४ ॥

आर्यस्य—पूज्यस्य भवतो रामस्य । प्रसादात्—अनुग्रहात् । आशङ्के—संभावयामि, आशंसे इति पाठो युक्तः । वानराणां राज्यं मया प्राप्स्यते इति तु लघ्वी कथा, देवानामपि राज्यमहं भवदनुग्रहात्प्राप्तुं शक्नोमीति तात्पर्यम् ।

मुक्तो देवेति—हे देव श्रीधर लक्ष्मीनाथ विष्णो, मुक्तः धनुष्यारोप्य विसृष्टः तव सायकः हिमगिरेः शृङ्गोपमान् हिमालयशिखरसदृशान् महावने सप्तसालान् सप्तसंख्यान् सालवृक्षान् वेगवशात् भित्त्वा विदार्य धरणीं प्रविश्य पृथिव्यां प्रवेशं कृत्वा नागालयं गत्वा पातालं प्रविश्य पयोनिधौ सागरे मज्जन् पुनः संप्राप्तवान् पुनरपि भवदन्तिकमागतः, अद्य वालिहृदयं भेत्तुं मे संशयः सन्देहो न । तवानेन शरेण सप्तसालान् भित्त्वा पातालं प्रविश्य समुद्रे मज्जनं कृत्वा च पुनस्तव धनुरासादितं तदयं भीमकर्मा तव शरोऽवश्यं वालिनो हृदयं भेत्स्यतीति मम दृढो विश्वास इति भावः ॥ ५ ॥

सुग्रीव—देव, मैं आपकी कृपा से देवों के राजा के पद की भी आशा करता हूँ वानरों के राजा होने की क्या बात है ? क्योंकि—

आप का बाण पर्वतशृङ्गोपम सात साल वृक्षों को भेदकर वेग से पाताल में पैठा, नागलोक गया, फिर समुद्र में मज्जन करके इस समय वाली के हृदय में भेदन करने के लिये आप के पास आ गया है, इसमें मुझे सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

हनुमान्—

तव नृप! मुखनिःसृतैर्वचोभि—
विगतभया हि वयं विनष्टशोकाः।
रघुवर! हरये जयं प्रदातुं
गिरिमभिगच्छ सनीरनीरदाभम् ॥ ६ ॥

लक्ष्मणः—आर्य! सोपस्नेहतया वनान्तरस्याभितः खलु किष्किन्धया भवितव्यम्।

सुग्रीवः—सम्यगाह कुमारः।

सम्प्राप्ता हरिवरबाहुसम्प्रगुप्ता
किष्किन्धा तव नृप! बाहुसम्प्रगुप्ता।

तव नृपेति—हे नृप राजन्, तव मुखनिःसृतैः त्वद्वदननिर्गतैः वचोभिर्वचनैः वयं विनष्टशोकाः निवृत्तखेदाः विगतभयाः निवृत्ताशङ्काश्च जाताः स्मः। हे रघुवर, हरये सुग्रीवाय वानराय जयं प्रदातुं सनीरनीरदाभम् सजलजलधरोपमानम् गिरिम् पर्वतम् अभिगच्छ प्रतिष्ठस्व। हे नृप भवद्वचसि वयं विश्वस्ताः, सुग्रीवो यथा वालिनं जयेत्तथा प्रयासं कर्त्तुं त्वं सम्प्रति सजलजलदश्यामं वालिनाऽध्युष्यमाणञ्च गिरिं चलेति तात्पर्यम् ॥ ६ ॥

सोपस्नेहतया—निर्मलतया। यथेदं वनान्तरं निर्मलं प्रतिभाति तथा मन्ये वनान्तरस्यास्य समीपे किष्किन्धा भविष्यति, पुरीसन्निकृष्टस्यैव वनस्य निर्मलत्वौचित्यादिति भावः, सम्यक्—युक्तम्।

सम्प्राप्तेति—हरिवरस्य वानरश्रेष्ठस्य वालिनो बाहुभ्यां सम्प्रगुप्ता साधुरक्षिता, हे नृप राजन्, तव बाहुसम्प्रगुप्ता सम्प्रति तव भुजाभ्यां पालिता

हनुमान्—रघुनाथ, आपके वचनों से हमारे शोक नष्ट हो गये हैं, हम अब निर्भय हैं। आप सुग्रीव को विजय प्राप्त कराने के लिये जलपूर्ण मेघ के सदृश इस पर्वत पर चलें ॥ ६ ॥

लक्ष्मण—आर्य, यहाँ के जङ्गल कुछ साफ है, इसी के पास किष्किन्धा होगी।

सुग्रीव—कुमार ने ठीक कहा है,

पूर्व में वाली के बाहुओं द्वारा पालित, अब आप के अधीन, किष्किन्धा

तिष्ठ त्वं नृवर ! करोम्यहं विसंज्ञं
नादेन प्रचलमहीधरं नृलोकम् ॥ ७ ॥

रामः—भवतु, गच्छ ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति देवः । (परिक्रम्य) भोः !

अपराधमनुद्दिश्य परित्यक्तस्त्वया विभो ! ।
युद्धे त्वत्पादशुश्रूषां सुग्रीवः कर्तुमिच्छति ॥ ८ ॥

(नेपथ्ये)

कथं कथं सुग्रीव इति ।

किष्किन्धा नाम नगरी सम्प्राप्ता समायाता, त्वं तिष्ठ क्षणं विरम, हे नृवर नरश्रेष्ठ, अहं नादेन स्वगर्जितेन प्रचयमहीधरं चलायमानपर्वतगणम् नृलोकम् सकलमपि भूलोकम् विसंज्ञम् गतचेतनम् करोमि । इयमेव किष्किन्धा नाम नगरी, त्वं क्षणं तिष्ठ, अहं तथा गर्जामि यन्मम गर्जितं श्रुत्वा समस्तोऽपि भूलोको मूर्च्छित इव संपत्स्यत इति तात्पर्यम् ॥ ७ ॥

भवतु गच्छ—अस्तु, त्वं गत्वा गर्जितेन भुवं पूरय ।

अपराधमिति—अपराधं मम कमपि दोषम् अनुद्दिश्य अकथयित्वा, विभो प्रभो, परित्यक्तः नगरान्निष्कासितः सुग्रीवः युद्धे संमुखसमरे त्वत्पादशुश्रूषां त्वदीयपादसेवां कर्तुमिच्छति कामयते । हे प्रभो वालिन्—योऽहं सुग्रीवस्त्वया कारणमनभिधायैव नगराद्बहिष्कृतः स सम्प्रति युद्धे भवदीयं चरणं सेवितुमुत्कः समागतोऽस्मिस्तद् देहि मह्यं युद्धमिति तात्पर्यम् ॥ ८ ॥

आ गई । आप ठहरिये, मैं अपने गर्जन से पर्वत को कम्पित तथा मनुष्यलोक को गतचैतन्य किये दे रहा हूँ ॥ ७ ॥

राम—एवमस्तु, जाइये ।

सुग्रीव—आप की जैसी आज्ञा । (चलकर)

महाराज, आपने विना अपराध बताये मुझे देश-निकाला दे दिया है, अब मैं सुग्रीव युद्ध में आप के चरणों की सेवा करना चाहता हूँ ॥ ८ ॥

(नेपथ्य में)

क्यों, सुग्रीव आया है ।

(ततः प्रविशति वाली, गृहीतवस्त्रया तारया सह ।)

वाली—कथं कथं सुग्रीव इति ।

तारे ! विमुञ्च मम वस्त्रमनिन्दिताङ्गि !
प्रस्रस्तवक्त्रनयने ! किमसि प्रवृत्ता ।
सुग्रीवमद्य समरे विनिपात्यमानं
तं पश्य शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रम् ॥ ९ ॥

तारा—पसीअदु पसीअदु महाराओ । अप्पेण कारणेण ण आगमिस्सइ सुग्गीओ । ता अमच्चवग्गेण सह सम्मन्तिअ गन्तव्वं । [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः । अल्पेन कारणेन नागमिष्यति सुग्रीवः । तदमात्यवर्गेण सह संमन्त्र्य गन्तव्यम् ।]

तारे विमुञ्चेति—हे अनिन्दिताङ्गि प्रशंसनीयसर्वावयवे तारे, हे प्रशस्तवक्त्रनयने प्रशंसनीयमुखनेत्रशालिनि तारे, मम वस्त्रं विमुञ्च त्यज, किं प्रवृत्ता किमिदमकार्यं मदवरोधं कर्तुमुद्यतासि । अद्य अधुना समरे युद्धे विनिपात्यमानम् व्यापाद्यमानम् शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रम् रुधिराक्तवपुषं सुग्रीवं पश्य अवलोकस्व । वृथा मद्वस्त्रमवलम्ब्य मां मा रुन्धि, निश्चयेन मया सुग्रीवो युद्धे मारयिष्यत इत्याशयः ॥ ९ ॥

प्रसीदतु—अनुग्रहं करोतु । अल्पेन कारणेन नागमिष्यति सुग्रीवो नागतो भविष्यति । अमात्यवर्गेण—मन्त्रिसमूहेन । सम्मन्त्र्य—विचार्य ।

(वाली तथा वाली के वस्त्र को पकड़ती हुई तारा का प्रवेश)

वाली—क्यों, सुग्रीव आया है ?

हे अनिन्दिताङ्गि तारे, मेरे कपड़े छोड़ो, तुम्हारा मुख तथा नयन क्यों उदास है, यह तुम क्या कह रही हो, अभी तुम देखोगी कि शोणित से लथपथ यह सुग्रीव मेरे हाथों युद्ध में मारा जाता है ॥ ९ ॥

तारा—महाराज, कृपा कीजिये । साधारण कारण से सुग्रीव नहीं आयेगा, अतः मन्त्रियों से राय करके जाना चाहिए ।

वाली—आः,

शक्रो वा भवतु गतिः शशाङ्कवक्त्रे !
शत्रोर्मे निशितपरश्वधः शिवो वा ।
नालं मामभिमुखमेत्य सम्प्रहर्तुं
विष्णुर्वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः ॥ १० ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ । इमस्स जणस्स अणुग्गहं दाव करेउं अरिहदि महाराओ । [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः । अस्य जनस्यानुग्रहं तावत् कर्तुमर्हति महाराजः ।]

वाली—श्रूयतां मत्पराक्रमः ।

तारे ! मया खलु पुरामृतमन्थनेऽपि
गत्वा प्रहस्य सुरदानवदैत्यसङ्घान् ।

शक्रो वेति—हे शशाङ्कवक्त्रे चन्द्रमुखि, शक्रः इन्द्रः शत्रुर्भवतु, निशितपरश्वधः करधृतपरमतीक्ष्णपरशुः शिवो वा शत्रुर्भवतु, मे मम गतिः पराक्रमोऽस्तीति शेषः, इन्द्रेण शिवेन वा शत्रुणा सहाहं योद्धुं शक्त इत्यर्थः । विकसितपुण्डरीकनेत्रः प्रफुल्लकमलोपमनयनः विष्णुर्वा अभिमुखं सम्मुखस्थितं मां वालिनमेत्य प्राप्य संप्रहर्तुं युद्धं कर्तुं नालम् न शक्तः । सम्मुखयुद्धे मम प्रतिपक्षी न संभवति, का कथा सुग्रीवस्य, तन्मा भैषीरित्यर्थः ॥ १० ॥

अस्य जनस्य-मम ताराया: । अनुग्रम्—कृपाम्

तारे मयेति—पुरा पूर्वकाले अमृतमन्थने सुधाप्राप्तये समुद्रमन्थनकाले मया वालिना गत्वा तत्रोपस्थाय सुरदानवदैत्यसङ्घान् देवदनुजराक्षससमू-

---

वाली—आः, हे चन्द्रमुखी, मेरे शत्रु के रक्षक इन्द्र हों अथवा परशुधारी शिव हों, या विकसित कमल समान नयनवाले विष्णु हों, मेरे सामने आकर वह भी मुझपर प्रहार नहीं कर सकते हैं ॥ १० ॥

तारा—कृपा कीजिए महाराज, आपको मुझपर कृपा करनी चाहिए ।

वाली—तारे, मेरा पराक्रम सुनो—

पूर्वकाल में अमृत-मन्थन के समय मैं गया, देव-दानवगणों का उपहास

उत्फुल्लनेत्रमुरगेन्द्रमुदग्ररूप-
माकृष्यमाणमवलोक्य सुविस्मितास्ते ॥ ११ ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ । [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः ।]

वाली—आः, मम वशानुवर्तिनी भव । प्रविश्य त्वमभ्यन्तरम् ।

तारा—एसा गच्छामि मन्दभाआ । (निष्क्रान्ता) [एषा गच्छामि मन्दभागा ।]

वाली—हन्त प्रविष्टा तारा । यावदहं सुग्रीवं भग्नग्रीवं करोमि । (द्रुतमुपगम्य) सुग्रीव ! तिष्ठ तिष्ठ ।

इन्द्रो वा शरणं तेऽस्तु प्रभुर्वा मधुसूदनः ।

हान् प्रहस्य हसित्वा उत्फुल्लनेत्रम् कर्षणश्रमवशाद् बहिर्निर्गच्छन्नयनम् उदग्ररूपम् भीषणस्वरूपम् उरगेन्द्रम् वासुकिनागम् आकृष्यमाणम् अवलोक्य दृष्ट्वा ते देव-दानवराक्षसाः सुविस्मिताः आश्चर्यचकिताः अजायन्त । पूर्वममृतप्राप्तये समुद्रे मथ्यमानेऽहं मन्दप्रवृत्या वासुकिनागरूपां रज्जुमाकर्षतो देवादीनुपहस्य यदा बलपूर्वकं वेगेन वासुकिमाक्रष्टुं प्रावर्त्तिषि तदा वासुकेरक्षिणी फुल्ले जाते, मम तादृशं प्रौढं पराक्रमं दृष्ट्वा च सर्वे विस्मिता जाता इत्यर्थः ॥ ११ ॥

वशानुवर्तिनी—आज्ञाकारिणी । अभ्यन्तरम् गृहमध्यम् ।

भग्नग्रीवम्—त्रोटितकन्धरम् ।

इन्द्रो वेति—हे सुग्रीव, इन्द्रः प्रभुः समर्थो मधुसूदनो विष्णुर्वा ते तव शर-

---

करके मैं वासुकी नाग स्वरूप रस्सी खींचने लगा जिससे वासुकी नाग की आँखें निकल आईं और उनका रूप भयंकर हो उठा, सभी मेरे इस कार्य पर आश्चर्य करने लगे ॥ ११ ॥

तारा—महाराज कृपा कीजिये ।

वाली—आः, मेरी बात मानो, जाओ तुम भीतर जाओ !

तारा—जाती हूँ मैं अभागी । (जाती है)

वाली—तारा तो भीतर गई, अब मैं सुग्रीव की गरदन तोड़ता हूँ । (वेग से जाकर) ठहर, सुग्रीव ठहर—

चाहे तुम्हारे रक्षक इन्द्र हों या भगवान् विष्णु हों, तू हमारे सामने से

मच्चक्षुष्पथमासाद्य सजीवो नैव यास्यसि ॥ १२ ॥

इत इतः ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः ।

(उभौ नियुद्धं कुरुतः ।)

रामः—एष एष वाली,

सन्दष्टोष्ठश्चण्डसंरक्तनेत्रो
मुष्टिं कृत्वा गाढमुद्वृत्तदंष्ट्रः ।
गर्जन् भीमं वानरो भाति युद्धे
संवर्त्ताग्निः सन्दिधक्षुर्यथैव ॥ १३ ॥

लक्ष्मणः—सुग्रीवमपि पश्यत्वार्यः,

णम् रक्षकः अस्तु, मच्चक्षुष्पथमासाद्य मदक्षिगोचरो भूत्वा त्वं सजीवः प्राणैः सह नैव यास्यसि वहिर्गमिष्यसि । इन्द्रे विष्णौ वा रक्षके सत्यपि मया हन्यमानस्य तव नास्ति त्राणमवश्यं त्वया मर्त्तव्यमिति भावः ॥ १२ ॥

सन्दष्टेति—सन्दष्टः दन्तेन धृतः ओष्ठ अधरो येन तादृशः, चण्डे भीषणे संरक्ते अरुणे च नेत्रे नयने यस्य तादृशः, मुष्टिं कृत्वा वद्ध्वा गाढमुद्वृत्तदंष्ट्रः ऊर्ध्वमुखप्रकटदशनः, भीमं भयङ्करं गर्जन् शब्दायमानः वानरो वाली युद्धे भाति शोभते यथैव यथा सन्दिधक्षुः दग्धुं प्रवृत्तः संवर्त्ताग्निः प्रलयवह्निः, स्वभावोक्तिः ॥ १३ ॥

जिन्दा नहीं लौट सकता है ॥ १२ ॥

सुग्रीव—महाराज की जैसी आज्ञा । (दोनों लड़ते हैं)

राम—यह वाली ओठ चबा रहा है, इसकी आँखें लाल तथा भयङ्कर हैं, मुक्का बाँधकर दाँत निकाल रहा है, भयङ्कर शब्द करके गरजता हुआ यह वाली युद्ध में ऐसा लगता है मानों संसार को दग्ध करने की इच्छा रखने वाला प्रलयाग्नि हो ॥ १३ ॥

लक्ष्मण—आप कृपया सुग्रीव को भी देखें—

विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः
कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः ।
हरिवरमुपयाति वानरत्वाद्
गुरुमभिभूय सतां विहाय वृत्तम् ॥ १४ ॥

वालिना ताडितः पतितः सुग्रीवः ।

हनुमान्—हा ! धिक् । (ससम्भ्रमं राममुपगम्य) जयतु देवः । अस्यैषावस्था ।

बलवान् वानरेन्द्रस्तु दुर्बलश्च पतिर्मम ।
अवस्था शपथश्चैव सर्वमार्येण चिन्त्यताम् ॥ १५ ॥

विकसितेति—विकसितशतपत्रवत् प्रफुल्लकमलवत् रक्तं नेत्रं नयनं यस्य स तथोक्तः, कनकमयेन स्वर्णनिर्मितेन अङ्गदेन केयूरेण नद्धः युक्तो बाहुर्भुजो यस्य तादृशश्चायं सुग्रीवः सतां वृत्तं सज्जनमर्यादां विहाय त्यक्त्वा गुरुं ज्येष्ठं भ्रातरं वालिनम् अभिभूय अनादृत्य हरिवरम् वालिनम् उपयाति युद्धार्थमुपतिष्ठति ॥ १४ ॥

ताडितः—आहतः ।

अस्य—सुग्रीवस्य । एषावस्था—इयं स्थितिः, सुग्रीवो वालिना ताडितः पतितश्च, तदयं विषमदशायां वर्त्तते, तदाशु रक्षैनमिति तात्पर्यम् ॥

बलवानिति—वानरेन्द्रो वाली बलवान् अधिकबलः, मम पतिः स्वामी राजा सुग्रीवश्च दुर्बलः, वालिनोऽपेक्षया क्षीणशक्तिकः । अवस्था सुग्रीवस्य पति-

---

इसके नेत्र विकसित कमल के समान हैं, इसके हाथ में केयूर है । वानर होने के कारण यह अपने श्रेष्ठ भ्राता वाली का अपमान करके उसके साथ युद्ध कर रहा है, इसने सज्जनों के आचार का त्याग कर दिया है ॥ १४ ॥

वाली से ताडित सुग्रीव गिर गया ।

हनुमान्—हाय, (घबड़ाहट के साथ, राम के पास आकर) इसकी यह अवस्था !

वाली बड़ा बलवान् है, मेरे स्वामी उससे दुर्बल हैं, आप मेरे स्वामी की अवस्था तथा अपनी प्रतिज्ञा सब पर ध्यान दीजिये ॥ १५ ॥

रामः—हनूमन्! अलमलं सम्भ्रमेण। एतदनुष्टीयते। (शरं मुक्त्वा) हन्त पतितो वाली।

लक्ष्मणः—एष एष वाली,

रुधिरकलितगात्रः स्रस्तसंरक्तनेत्रः
कठिनविपुलबाहुः काललोकं विविक्षुः।
अभिपतति कथञ्चिद् धीरमाकर्षमाणः
शरवरपरिवीतं शान्तवेगं शरीरम् ॥ १६ ॥

वाली—(मोहमुपगम्य पुनः समाश्वस्य शरे नामाक्षराणि वाचयित्वा राममुद्दिश्य)

तत्वरूपा स्थितिः शपथः वालिवधविषया स्वप्रतिज्ञा चेति सर्वम् आर्येण भवता चिन्त्यताम् विचार्यताम् ॥ १५ ॥

संभ्रमेण—चिन्तया आवेगेन। एतदनुष्टीयते—इदमस्य वचनं स्वं सार्थकयितुं प्रयते।

रुधिरेति—रुधिरकलितगात्रः शोणिताप्लुतदेहः, स्रस्ते वहिर्निर्गते रक्ते रक्तवर्णे नेत्रे यस्य तादृशः, कठिनौ कर्कशौ विपुलौ विशालौ बाहू यस्य तथोक्तश्च काललोकं विविक्षुः यमलोकं गन्तुमिच्छुः शरवरपरिवीतं रामस्य बाणमुखेन क्षतं शान्तवेगं शिथिल-व्यापारम् शरीरम् कथञ्चित् केनापि प्रकारेण धीरम् मन्दम् आकर्षमाणः पातयन् अभिपतति भूमौ निपतति। शोणितव्याप्तो रक्तवहिर्गताक्षो मुमूर्षुश्चायं वाली रामबाणविद्धं स्वमङ्गं मन्दं भूमौ पातयन् स्वयमपि पततीति तात्पर्यम् ॥ १६ ॥

मोहमुपगम्य—मूर्च्छां प्राप्य।

राम—हनूमन्, घबड़ाने की जरूरत नहीं है। यही कर रहा हूँ (बाण छोड़ कर) हाय, वाली गिर गया।

लक्ष्मण—यही है वाली।

शरीर रुधिराक्त है, आँखें शिथिल तथा लाल हैं, कठोर तथा विशाल इसके हाथ हैं, अब यह यमलोक जाने की इच्छा लिए बाण से विद्ध शान्त वेग अपने शरीर के साथ धीरे धीरे पृथ्वी पर गिर रहा है ॥ १६ ॥

वाली—(मूर्च्छित होकर, फिर होश में आकर, बाण पर खुदे हुए अक्षरों को

युक्तं भो ! नरपतिधर्ममास्थितेन
युद्धे मां छलयितुमक्रमेण राम ! ।
वीरेण व्यपगतधर्मसंशयेन
लोकानां छलमपनेतुमुद्यतेन ॥ १७ ॥

हन्त भोः ।

भवता सौम्यरूपेण यशसो भाजनेन च ।
छलेन मां प्रहरता प्ररूढमयशः कृतम् ॥ १८ ॥

भो राघव ! चीरवल्कलधारिणा वेषविपर्यस्तचित्तेन मम भ्रात्रा सह युद्धव्यग्रस्याधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वधः ।

युक्तमिति—भो राम, नरपतिधर्ममास्थितेन राजमर्यादां पालयता व्यपगतधर्मसंशयेन धर्मस्वरूपविषये निवृत्तसर्वसंशयेन लोकानां छलम् वञ्चकताम् अपनेतुं दण्डादिना दूरीकर्त्तुम् उद्यतेन प्रवृत्तेन भवता अक्रमेण अनुचितमार्गेण युद्धे माम् छलयितुम् वञ्चयितुं युक्तम् ? राजवृत्तमनुवर्तमानेनासन्दिग्धधर्मस्वरूपं जानता लोकानां वञ्चकतावृत्तिं शमयितुं प्रवृत्तेन त्वया यदहमिह युद्धे छलेन हन्ये, तदिदं किं युक्तम् ? इत्यर्थः ॥ १७ ॥

भवतेति—सौम्यरूपेण अक्रूरस्वरूपेण यशसः कीर्त्तेः भाजनेन पात्रेण भवता रामेण मां वालिनं छलेन अन्तर्मलं छन्नरूपेण प्रहरता बाणेन विध्यता अयशः स्वीया अकीर्तिः प्ररूढं कृतम्, स्वमयशः प्रख्यापितम् इति भावः ॥१८॥

चीरवल्कलधारिणा—वृक्षत्वचं वसानेन साधुमूर्त्तिधारिणा । वेषविपर्यस्त-

---

पड़कर राम से—)

हे राम, आप राजा के धर्म पर आरूढ़ हैं, आपको धर्म के स्वरूप का असन्दिग्ध ज्ञान है, आप संसार का छलप्रयत्न दूर करने चले हैं, आप वीर भी हैं, क्या आपके लिये यही उचित था कि आप मुझे इसी तरह अन्याय से मारें ॥ १७ ॥

खेद है, आपने सौम्यरूप तथा यशस्वी होकर भी मुझे छल से मारा, इससे आपको बड़ा अयश प्राप्त हुआ ॥ १८ ॥

अजी राघव, आपने चीरवल्कल धारण कर रखा है परन्तु आपका हृदय ठीक

रामः—कथमधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वध इति ।

वाली—कः संशयः ।

रामः—न खल्वेतत् । पश्य,

वागुराच्छन्नमाश्रित्य मृगाणामिष्यते वधः ।
वध्यत्वाच्च मृगत्वाच्च भवाञ्छन्नेन दण्डितः ॥ १९ ॥

वाली—दण्ड्य इति मां भवान् मन्यते ।

त्त्तेन वेपाननुरूपहृदयेन, वेपः साधूनां कार्यञ्च व्याधानामिति वेषविपर्यस्तचित्त-तोक्ता । युद्धव्यग्रस्य—संग्रामनिरतस्य । अधर्म्यः—धर्मादपेतः । प्रच्छन्नः—आत्मानं प्रच्छाद्य क्रियमाणः ।

कथमधर्म्यः प्रच्छन्नो वधः ?—नहि सर्वः प्रच्छन्नो वधोऽधर्मः, स्वाचित्ताद्दृग-स्यापि वधस्य मृगयादौ शास्त्रसमर्थितत्वात् इत्यर्थः ।

वागुरेति—वागुरा जालं तत्र च्छन्नम् वृतं मृगम् आश्रित्य प्राप्य मृगाणाम् आखेटपशूनां वध इष्यते शास्त्रेण समर्थ्यते वागुरायां पतितं मृगं हन्यादिति शास्त्रं वक्ति, वध्यत्वात् हन्तुं योग्यत्वात् च मृगत्वात् शाखामृगत्वाच्च भवान् मया छन्नेन वृक्षादौ गुप्तकायेन दण्डितः । मृत्युदण्डेन दण्डितः । मृगाणां वागुराच्छ-न्नानामपि वधो न निन्दितोऽस्तो भवन्तमपि च्छन्नभावेन दण्डयन्नहं न वाच्य इति भावः ॥ १९ ॥

भवान् मां दण्ड्य इति मन्यते—भवद्विचारेणाहं किं दण्डयोग्यः ?

इसके उलटा है, मैं अपने भाई से लड़ने मे व्यस्त था, आपने छिपकर मुझे मारा, यह आपने अधर्म किया है ।

राम—छिपकर मारना कैसे अधर्म है ?

वाली—इसमें क्या संदेह है ?

राम – यह नहीं है, देखो,

जाल में बझे हुए हरिण छिपकर ही मारे जाते हैं, तुम वध्य हो, मृग हो, अतः मैंने छिपकर तुझे दण्ड दिया है ॥ १९ ॥

वाली—आप मुझे दण्डनीय समझते हैं ।

रामः—कः संशयः ?

वाली—केन कारणेन ?

राम—अगम्यागमनेन ।

वाली—अगम्यागमनेनेति । एषोऽस्माकं धर्मः ।

राम—ननु युक्तं भोः !

भवता वानरेन्द्रेण धर्माधर्मौ विजानता ।
आत्मानं मृगमुद्दिश्य भ्रातृदाराभिमर्शनम् ॥ २० ॥

वाली–भ्रातृदाराभिमर्शनेन तुल्यदोषयोरहमेव दण्डितो, न सुग्रीवः ।

रामः—दण्डितस्त्वं हि दण्डयत्वाद्, अदण्डयो नैव दण्डयते ।

अगम्यागमनेन—यस्याः स्त्रियो गमनं शास्त्रनिषिद्धं तस्या गमनेन ।

एषः—अगम्यागमनरूपः । अस्माकम्—वानराणाम् ।

भवतेति—धर्माधर्मौ पापपुण्ये विजानता परिचिन्वता भवता वानरेन्द्रेण वालिना आत्मानं स्वं मृगमुद्दिश्य सावारणं मृगं मत्वा किं भ्रातृदाराभिमर्शनम्; स्वानुजस्त्रियं रमयित्वा तस्या दूषणं किम् युक्तमिति पूर्वेणान्वयः । साधारणस्य मृगस्य भ्रातृदाराभिमर्शनं मा नाम भूदधर्मः, परं धर्मज्ञस्य वानरराजस्य च भवतोऽवश्यमेव भ्रातृदाराभिमर्शनं पापमेव, धर्मस्य ज्ञाननियम्यत्वादिति भावः ॥२०॥

तुल्यदोषयोः—समानापराधयोः ।

राम—इसमें क्या सन्देह है ?

वाली—क्यों आप मुझे दण्डनीय समझते हैं ?

राम—अगम्यागमन के कारण मैं तुझे दण्डनीय मानता हूँ ।

वाली—अगम्यागमन, यह तो हमारा धर्म है ।

राम—क्या ठीक कहा ? आप वानरराज हैं, धर्माधर्म का ज्ञान रखते हैं, आप अपने को मृग कहें और भाई की स्त्री को दूषित करें, यह कैसे ठीक होगा ॥२०॥

वाली—भाई की स्त्री को दूषित करने के अपराधी हम तथा सुग्रीव दोनों ही थे फिर मुझे ही क्यों ताडित किया, सुग्रीव को क्यों नहीं दण्ड दिया गया ?

राम—तुम दण्डनीय थे अतः दण्ड दिया गया, सुग्रीव दण्डनीय नहीं था, उसे क्यों दण्ड दिया जाता ॥

वाली—

सुग्रीवेणाभिमृष्टाऽभूद् धर्मपत्नी गुरोर्मम।
तस्य दाराभिमर्शेन कथं दण्ड्योऽस्मि राघव! ॥ २१ ॥

रामः—न त्वेवं हि कदाचिज्ज्येष्ठस्य यवीयसो दाराभिमर्शनम्।

वाली—हन्त अनुत्तरा वयम्। भवता दण्डितत्वाद् विगतपापोऽहं ननु।

रामः—एवमस्तु।

सुग्रीवः—हा धिक्।

करिकरसदृशौ गजेन्द्रगामि-
स्तव रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ च।

सुग्रीवेणेति—गुरोः ज्येष्ठभ्रातुः मम वालिनः धर्मपत्नी स्त्री सुग्रीवेण अभिमृष्टा रमयित्वा दूषिताऽभूत्, तस्य सुग्रीवस्य दाराभिमर्शेन स्त्री संभोगेन अहं कथं दण्ड्यः अस्मि। य एव सुग्रीवस्यापराधः स एव ममापि, अथापि सुग्रीवोऽदण्ड्योऽहं च दण्ड्य इति विचित्रस्तव निर्णय इत्याशयः ॥ २१ ॥

ज्येष्ठस्य यवीयसो दाराभिमर्शनम्—यवीयसः कनिष्ठस्य। यदि कनीयान् भ्राता ज्येष्ठस्य स्त्रियं गच्छति तदा नासौ पापेन लिप्यते, तस्य देवरतया द्वितीय-वररूपत्वात्, ज्येष्ठस्तु कनिष्ठस्य स्त्रियं गत्वा प्रत्यवैत्येवेति भावः, अनुत्तरा :—उत्तरं दातुमशक्ताः।

एवमस्तु—मया हतस्य तव समस्तमपि पापं नश्यत्वित्यर्थः।

करिकरेति—हे गजेन्द्रगामिन् गजवरसमानगते, तव करिकरसदृशौ

वाली—सुग्रीव ने मुझ बड़े भाई की स्त्री को दूषित किया, फिर भी वह अपराधी नहीं हुआ, उसकी स्त्री को दूपित करके मैं ही तब क्यों दण्डनीय मान लिया गया ॥ २१ ॥

राम-छोटे भाई के संसर्ग से बड़े भाई की स्त्री दूषित नहीं होती है।

वाली—आपने मुझे निरुत्तर कर दिया, आप से दण्डित होकर मैं निष्पाप हो गया।

राम— एवमस्तु।

सुग्रीव—हाय,

हे गजेन्द्र की तरह चलने वाले, हाथी के शुण्डादण्ड के समान आपके बाहुओं को

अवनितलगतौ समीक्ष्य बाहू
हरिवर ! हा पततीव मेऽद्य चित्तम् ॥ २२ ॥

वाली—सुग्रीव ! अलमलं विषादेन । ईदृशो लोकधर्मः ।

(नेपथ्ये)

हा हा महाराओ ।

वाली—सुग्रीव ! संवार्यतां संवार्यतां स्त्रीजनः । एवंगतं नार्हति मां द्रष्टुम् ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः । हनूमन् ! एवं क्रियताम् ।

हनूमान्—यदाज्ञापयति कुमारः । (निष्क्रान्तः ।)

(ततः प्रविशत्यङ्गदो हनूमांश्च)

हस्तिशुण्डोपमौ रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ शत्रुबाणत्रुटितकेयूरौ च अवनितलगतौ पृथिव्यां पतितौ बाहू दृष्ट्वा, हे हरिवर, वानरराज, अद्य सम्प्रति मम सुग्रीवस्य चित्तं पततीव पातित्यमिवानुभवति । त्वां शत्रुणा सादितबाहुं दृष्ट्वाऽहमात्मानं पतितमिवानुभवामीति तात्पर्यम् ॥ २२ ॥

विषादेनालम्—खेदं मा कुरु । लोकधर्मः—संसारस्य नियमः, जातस्य मृत्युनियमादलं शोकेनेति तात्पर्यम् ।

संवार्यताम्—अत्रागमनान्निरुध्यताम् एवंगतं—ईदृशीं दशां प्राप्तम् ।

शत्रु के बाणों द्वारा क्षत-विक्षत होकर पृथ्वी पर लोटते देख कर मेरा हृदय बैठा जा रहा है ॥ २२ ॥

वाली—सुग्रीव, विषाद करना व्यर्थ है यही तो लोक का नियम है ।

(नेपथ्य में)

हाय महाराज, हाय,

वाली—सुग्रीव, स्त्रियों को रोको । इस हालत में वे मुझे देखें यह ठीक नहीं है ।

सुग्रीव—महाराज की जो आज्ञा । हनुमान्, ऐसा करो ।

हनुमान्—कुमार की जो आज्ञा । (जाता है)

(अंगद तथा हनुमान् का प्रवेश)

हनूमान्—अङ्गद ! इत इतः ।

अङ्गदः—

श्रुत्वा कालवशं यान्तं हरिमृक्षगणेश्वरम् ।
समापतितसन्तापः प्रयामि शिथिलक्रमः ॥२३ ॥

हनूमन् ! कुत्र महाराजः ।

हनूमान्—एष महाराजः,

शरनिर्भिन्नहृदयो विभाति धरणीतले ।
गुहशक्तिसमाक्रान्तो यथा क्रौञ्चाचलोत्तमः ॥ २४ ॥

श्रुत्वेति—ऋक्षगणेश्वरम् ऋक्षाणां नायकम् हरिं वानरं वालिनम् कालवशं यान्तं म्रियमाणं श्रुत्वा समापतितसन्तापः प्राप्तखेदः अत एव शिथिलक्रमः मन्दवेगः प्रयामि । वालिनं स्वतातं म्रियमाणं निशम्य मम पादौ न पुरः सरत इत्यर्थः ॥ २३ ॥

शरनिर्भिन्नेति—शरनिर्भिन्नहृदयः रामस्य शरेण विदारितवक्षःस्थलः एषः महाराजः वानरराजो वाली धरणीतले पृथिव्यां (पतितः) विभाति यथा गुहशक्तिसमाक्रान्तः कार्तिकेयद्वारा शक्तिनामकेनास्त्रेण हतः क्रौञ्चाचलोत्तमः क्रौञ्चनामकगिरिरिव । पुरा महादेवादस्त्रविद्यामधीयानयोः परशुरामकार्त्तिकेययोः शक्तिमत्तरता विषये विवादः प्रावर्त्तत, तदा बलपरीक्षणाय यः स्वास्त्रेण पर्वतमिमं क्रौञ्चनामानं भिन्द्यात्स बलीति समयं कृत्वा कार्त्तिकेयः स्वशक्त्या तं पर्वतं विव्याधेति पौराणिकी कथा । उपमा स्फुटा । तथा च वालिनो हृदयस्य विशालता कठोरता च ध्वनिता, रामशरस्य शक्तिसमशक्तिकता चेति बोध्यम् ॥

हनुमान्—अङ्गद, इधर आइये इधर ।

अङ्गद—वानर गण के अधिराज को मरते हुए सुना है इससे हमारी आत्मा सन्तप्त हो रही है, मुझे चलने में शिथिलता हो रही है ॥ २३ ॥

हनुमन्, महाराज कहाँ है ?

हनुमान्—यही हैं महाराज,

वाण से इनका हृदय विद्ध हो चुका है, यह धरणी पर लोट रहे हैं, ऐसा लगता है मानो कार्त्तिकेय के वाण से भिन्न क्रौञ्च गिरि हो ॥ २४ ॥

अङ्गदः—(उपसृत्य) हा महाराज !

> अतिबलसुखशायी पूर्वमासीर्हरीन्द्रः
> 　　क्षितितलपरिवर्ती क्षीणसर्वाङ्गचेष्टः ।
> शरवरपरिवीतं व्यक्तमुत्सृज्य देहं
> 　　किमभिलषसि वीर स्वर्गमद्याभिगन्तुम् ॥ २५ ॥

(इति भूमौ पतितः ।)

वाली—अङ्गद ! अलमलं विषादेन, भोः सुग्रीव !

> मया कृतं दोषमपास्य बुद्ध्या
> 　　त्वया हरीणामधिपेन सम्यक् ।

अतिबलेति—अतिबलेन लोकाधिकेन स्वपराक्रमेण सुखशायी अक्लेशशयनशीलः सन् पूर्ववत् हरीन्द्रः वानराधिपतिः आसीः अभवः, इदानीं त एव सन् क्षितितलपरिवर्ती पृथिव्यां लुठन् क्षीणसर्वाङ्गचेष्टः समस्ते शरीरावयवे निश्चेष्टः शरवरपरिवीतं रामशरेण हतं देहं व्यक्तम् स्फुटम् उत्सृज्य त्यक्त्वा, हे वीर—अद्य किं किमर्थं स्वर्गम् अभिगन्तुम् अभिलषसि जिगमिषसि । येन त्वया वानरराजेन स्वपराक्रमानुपघातात्र सुखं सुखं विहृतम्, सोऽपि त्वं रामशरविदारितोरःस्थलः स्वर्गं यियासतीति अहो नियत्या बलवत्त्वमिति तात्पर्यम् ॥ २५ ॥

मया कृतमिति—मया वालिना कृतम् आचरितम् दोषम् यथाभिलषितं देशान्निष्कासनादिकम् अपराधम् अपास्य दूरीकृत्य त्वया सुग्रीवेन सम्यक् विधिवत् हरीणामधिपेन वानरराजपदाभिषिक्तेन रोषं मयि कोपं विमुच्य परि-

---

अङ्गद—(समीप जा कर) हा महाराज,

आप अत्यन्त बलपूर्वक आराम से सोने वाले हरीश्वर थे, इस समय आप के अङ्गों में चेष्टा नहीं रह गई है, आप पृथ्वी पर पड़े हुए हैं, क्या आप अपनी इस बाणविद्ध देह को छोड़ कर स्वर्ग जाना चाह रहे हैं ॥ २५ ॥

(भूमी पर गिरता है)

वाली—अङ्गद, विषाद मत करो । सुग्रीव,

तुम अब वानरराज हुए, मैंने जो गलतियाँ की हैं उन्हें अपनी बुद्धि से दूर

विमुच्य रोषं परिगृह्य धर्मं
कुलप्रवालं परिगृह्यतां नः ॥ २६ ॥

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः।

वाली—भो राघव ! यस्मिन् कस्मिन् चापराधेऽनयोर्वानरचापलं क्षन्तुमर्हसि।

रामः—बाढम्।

वाली—सुग्रीव ! प्रतिगृह्यतामस्मत्कुलधनं हेममाला।

सुग्रीवः—अनुगृहीतोऽस्मि। (प्रतिगृह्णाति)

वाली—हनूमन् ! आपस्तावत्।

हनूमान्—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रम्य प्रविश्य) इमा आपः

त्यज्य बुद्ध्या सदसद्विवेकिन्या मत्वा धर्मं तत्कालोचितं कर्त्तव्यम् परिगृह्य आश्रित्य नः अस्माकं कुलप्रवालम् वंशप्ररोहः वंशप्रवर्त्तकः पुत्रः परिगृह्यताम् स्वीक्रियताम्, पालनीयतया रक्ष्यताम् इति शेषः ॥ २६ ॥

अनयोः—सुग्रीवाङ्गदयोः।

अस्मत्कुलधनम्—मदीया पैतृकी सम्पत्तिः, वालिने स्वपुत्रायेन्द्रेण विशिष्टगुणा कापि हेममाला प्रदत्तेति तस्याः कुलधनत्वमुक्तम्। आपः—जलानि। मामभिगताः—मामुद्दिश्य प्राप्ताः। सहस्रहंसप्रयुक्तः—हंससहस्रवाह्यः। वीरवाही—वीरान् वहति तच्छीलः।

करके तथा क्रोध को भुलाकर तुम हमारे इस वंशाङ्कुर की रक्षा करना ॥ २६ ॥

सुग्रीव—महाराज की जैसी आज्ञा।

वाली—हे राम, किसी अपराध में आप अङ्गद तथा सुग्रीव का वानर-चापल क्षमा करेंगे !

राम—अच्छी बात है।

वाली—सुग्रीव, हमारे कुलधन स्वरूप यह माल्य ग्रहण करो।

सुग्रीव—बड़ी कृपा हुई। (माला लेता है)

वाली—हनुमन्, पानी लाना।

हनुमान्—महाराज की जैसी आज्ञा। (जाकर पानी ले आकर) यह पानी लीजिए।

वाली—(आचम्य) परित्यजन्तीव मां प्राणाः। इमा गङ्गाप्रभृतयो महानद्य एता उर्वश्यादयोऽप्सरसो मामभिगताः। एष सहस्रहंसप्रयुक्तो वीरवाही विमानः कालेन प्रेषितो मां नेतुमागतः। भवतु। अयमयमागच्छामि। (स्वर्यातः।)

सर्वे—हा हा महाराज!।

रामः—हन्त स्वर्गं गतो वाली। सुग्रीव! क्रियतामस्य संस्कारः।

सुग्रीव—यदाज्ञापयति देवः।

रामः—लक्ष्मण! सुग्रीवस्याभिषेकः कल्प्यताम्।

लक्ष्मणः—यदाज्ञापयत्यार्यः।

(निष्क्रान्ताः सर्वे।)

प्रथमोऽङ्कः

—::ꕥ::—

कालेन—यमराजेन। मां नेतुम्—स्वर्गं प्रापयितुम्।

संस्कारः—मरणोत्तरकालिकः दाहभूनिक्षेपादिको विधिः।

अभिषेकः—राज्याभिषेकः कल्प्यताम्—सम्पाद्यताम्।

इति श्रीरामचन्द्रमिश्रकृतेऽभिषेकनाटक 'प्रकाशे' प्रथमाङ्क 'प्रकाशः'।

—::ꕥ::—

वाली—(आचमन करके) मुझे मेरे प्राण छोड़ रहे हैं। यह गङ्गा प्रभृति नदियाँ, उर्वशी प्रभृति अप्सरायें मुझे लेने आ रही हैं। यह हजार हंसों द्वारा चालित वीरवाही विमान यमराज द्वारा भेजा गया है जो मुझे लेने आया है। अस्तु, यह आ रहा हूँ। (स्वर्ग गया)

सभी—हाय महाराज, हाय।

राम—हाय, वाली स्वर्ग चला गया, सुग्रीव, अब इसका संस्कार करो।

सुग्रीव—आप की जैसी आज्ञा।

राम—लक्ष्मण, सुग्रीव के अभिषेक का प्रबन्ध करो।

लक्ष्मण—आप की जैसी आज्ञा। (सबका प्रस्थान)

प्रथम अङ्क समाप्त

●

द्वितीयोऽङ्कः

(ततः प्रविशति ककुभः)

ककुभः—निष्ठितप्रायत्वात् कार्यस्याहारव्यापृताः सर्वे वानर-यूथपाः। तस्मादहमपि किञ्चिदाहारजातं सम्भावयामि। (तथा करोति।)

(प्रविश्य ।

विलमुख—पेसियो म्हि महाराएन सुग्गीवेण-अय्यरामस्स किदो-वआरप्पच्चुवआरणिमित्तं सव्वासु दिसासु सीदाविअअणे पेसिआ सव्वे वाणरा आअदा। तेसं दक्खिणापहमुहस्स कुमारस्स अङ्गदस्स पवुत्तिं जाणिअ सिग्घं आअच्छति। ता कहिं णुहु गओ कुमारो। (परिक्रम्याग्रतो विलोक्य) एसो अय्यकउहो। जाव णं पुच्छामि। (उपसृत्य) सुहं अय्यस्स। (प्रेषितोऽस्मि महाराजेन सुग्रीवेण-आर्यरामस्य कृतोपकारप्रत्युपकारनिमित्तं सर्वासु दिशासु सीताविचयने प्रेषिताः सर्वे वानरा आगताः। तेषां दक्षिणापथमुखस्य कुमारस्याङ्गदस्य प्रवृत्तिं ज्ञात्वा शीघ्रमागच्छेति।

निष्ठितप्रायत्वात्—सम्पन्नप्रायत्वात्। आहारव्यापृताः-भोजने प्रवृत्ताः। वानरयूथपाः—वानरदलपतयः। आहारजातम्-भोजनादिकम्।

कृतोपकारप्रत्युपकारनिमित्तम्—पूर्वं कृतस्य वालिवधपूर्वकराज्याभिषेक पर्यन्तस्य स्वोपकारस्य प्रत्युपकाराय। सीताविचयने-सीताया अन्वेषणे। दक्षि-

---

द्वितीय अङ्क

(ककुभ का प्रवेश)

ककुभ—कार्य समाप्तप्राय है अतः सभी वानरगण भोजन में लगे हुए हैं, अतः मैं भी कुछ भोजन करलूँ। (खाता है)

विलमुख-राम द्वारा किये गये उपकार के बदले में सारी दिशाओं में सीता की खोज करने को गये हुए समस्त वानरगण लौट आये परन्तु दक्षिण दिशा की ओर गये हुए कुमार अंगद नहीं लौट सके हैं, उन्हीं का पता लेने के लिए

तत् क्व नु खलु गतः कुमारः एष आर्यककुभः। यावदेनं पृच्छामि। सुखमार्यस्य ।]

ककुभः—अये विलमुखः। कुतो भवान्।

विलमुखः—अय्य ! महालाअस्ससासणेण कुमारं अङ्गदं पेक्खिदुं आअदो म्हि । [आर्य ! महाराजस्य शासनेन कुमारमङ्गदं प्रेक्षितुमागतोऽस्मि।]

ककुभः—अपि कुशली आर्यरामो महाराजश्च ।

विलमुखः—आम्।

ककुभः—कोऽभिप्रायो महाराजस्य।

(विलमुखः पेसिओ म्हि इति पूर्ववत् पठति ।)

ककुभः—किं न जानीषे निष्ठितमर्धं कार्यस्य ।

विलमुखः—किं किम्।

ककुभः—श्रूयतां,

लब्ध्वा वृत्तान्तं रामपत्न्याः खगेन्द्राद्

णापथमुखस्य दक्षिणदिशाभिमुखस्य दक्षिणां दिशं । गतस्य । कुमारस्य—अङ्गदस्य। प्रवृत्तिम्—वार्त्ताम्। सुखम्—कुशलम्।

लब्ध्वेति—रामपत्न्याः सीतायाः वृत्तान्तम् रावणगृहावस्थानवार्त्ताम्

सुग्रीव ने हमको भेजा है। न जाने कुमार कहाँ चले गये ? यह हैं आर्य ककुभ, तब तक इनसे पूछता हूँ। (समीप जाकर) आप सकुशल तो हैं ?

ककुभ—अरे विलमुख ! तुम किधर से आरहे हो ?

विलमुख—महाराज सुग्रीव की आज्ञा से कुमार की खोज करने आया हूँ

ककुभ—आर्य राम तथा महाराज तो सकुशल हैं ?

विलमुख—हाँ।

ककुभ—महाराज की क्या इच्छा है ?

(विलमुख पहले ही वाली बात को दुहराता है)

ककुभ—क्या तुम नहीं जानते हो कि आधा कार्य हो गया है ?

विलमुख—क्या कहा ?

ककुभ—सुनो, जटायु से सीता का समाचार जान कर हाथियों से परिपूर्ण

आरुह्यागेन्द्रं सद्विपेन्द्रम्।
लङ्कामभ्येतुं वायुपुत्रेण शीघ्रं
वीर्यप्रावल्याल्लङ्घितः सागरोऽद्य ॥ १ ॥

तस्मादागच्छ, कुमारपादमूलमेव संश्रयावः।

(निष्क्रान्तौ।)

विष्कम्भकः।

(ततः प्रविशति राक्षसीगणपरिवृता सीता।)

सीता—हृद्धि अदिधीरा खु म्हि मन्दभाआ। जा अय्यउत्तविरहिदा रक्खसराअभवणं आणीदा अणिट्ठाणि अणरिहाणि जहमणोरहप्पवुत्ताणि वअणाणि साविअमाणा जीवामि मन्दभाआ। आदु अय्यउत्तसाअअप्पच्चएण कहं वि अत्ताणं पय्यवत्थावेमि। किं णु खु अज्ज पज्जालिअमाणे कम्मआरग्गिमण्डले उदअप्पसेओ विअ किञ्चि हिअ

खगेन्द्रात् पक्षिश्रेष्ठात् जटायुषः लब्ध्वा ज्ञात्वा सद्विपेन्द्रम् हस्तिगणयुक्तम् महेन्द्रं नाम अगेन्द्रम् पर्वतमुख्यम् आरुह्य आक्रम्य वायुपुत्रेण-हनूमता शीघ्रं लङ्काम् अभ्येतुं गन्तुम् अद्य वीर्यप्रावल्यात् पराक्रमप्रकर्षात् सागरः समुद्रः लङ्घितः। जटायुषो मुखात् सीताया रावणकर्तृकं हरणं निशम्य हनूमान् महेन्द्रं नाम पर्वतमारुह्य वीर्यातिशयात् सागरं लङ्घयामासेति भावः ॥ १ ॥

कुमारपादमूलम्—अङ्गदस्य समीपम्। संश्रयावः गच्छावः।

महेन्द्र पर्वत पर चढ़कर हनुमान् ने लङ्का जाने के अभिप्राय से अपनी ताकत से आज समुद्र लाँघ लिया है ॥ १ ॥

अतः चलो, हम लोग कुमार के समीप चलें।

(राक्षसियों से घिरी सीता का प्रवेश)

सीता—मुझे धिक्कार है। मैं अभागी अति कठोर हूँ जिससे प्रियतम से बिछुड़कर लङ्का लाई गई, अप्रिय, अनुचित यथेच्छ कथित वचन कहे गये, फिर भी मैं जीती रही।

अप्पसादो समुप्पण्णो । किं णु खु मं अन्तरेण पसण्णहिअओ अय्यउत्तो भवे । [हा धिग् अतिधीरा खल्वस्मि मन्दभागा । आर्यपुत्रविरहिता राक्षसराजभवनमानीतानिष्टान्यनर्हाणि यथामनोरथप्रवृत्तानि वचनानि श्राव्यमाणा जीवामि मन्दभागा । अथवा आर्यपुत्रसायकप्रत्ययेन कथमप्यात्मानं पर्यवस्थापयामि । किन्तु खल्वद्य प्रज्वाल्यमाने कर्मकाराग्निमण्डले उदकप्रसेक इव किञ्चिद् हृदयप्रसादः समुत्पन्नः । किन्तु खलु मामन्तरेण प्रसन्नहृदय आर्यपुत्रो भवेत् ।]

(ततः प्रविशति हनूमान् अङ्गुलीयकहस्तः ।)

हनूमान्—(लङ्कां प्रविश्य) अहो रावणभवनस्य विन्यासः ।

कनकरचितचित्रतोरणाढ्या

अतिधीरा—अत्यन्तगभीरा । आर्यपुत्रविरहिता-रामवियुक्ता । राक्षसराजभवनम्—रावणगृहम् । आनीता-प्रापिता । अनिष्टानि-श्रोतुमनभिलषितानि । अनर्हाणि-श्रोतुमयोग्यानि । यथामनोरथप्रवृत्तानि-यथेच्छं प्रयुक्तानि । श्राव्यमाणा-श्रोतुं बाध्यमाना । मन्दभागा हतभाग्या । आर्यपुत्रसायकप्रत्ययेन-रामस्य वाणे विश्वासेन । पर्यवस्थापयामि—स्थिरीकरोमि । रामवाणा अस्य सर्वस्यापि कष्टस्य विनाशाय भविष्यन्तीति विश्वासेनाश्राव्याण्यपि राक्षसराजवचनानि कथञ्चिदाकर्णयन्ती धैर्यं धारयामीति वाक्यार्थः ।

कर्मकाराग्निमण्डले—लौहसन्धुक्षणाय कर्मकारैः प्रज्वालिते वह्नौ । उदकप्रसेकः—जलनाभ्युक्षणम् । हृदयप्रसादः मनःसुखम् । मामन्तरेण—मां विना । प्रसन्नहृदयः—सुखी । अङ्गुलीयकहस्तः-करधृताङ्गुलिमुद्रः ।

विन्यासः—सज्जा ।

कनकरचितेति—कनकरचितः स्वर्णविरचितो यस्तोरणः वहिर्द्वारम् तेना-

---

अथवा—प्रियतम के वाणों पर विश्वास करके किसी प्रकार जीती रही हूँ । न जाने क्यों आज थोड़ी प्रसन्नता हुई जैसे कर्मकार द्वारा प्रज्वलित अग्नि पर जल सींचने से उसमें थोड़ी शीतलता आती है । क्या मेरे विना मेरे प्रिय प्रसन्न होंगे ।

(अँगूठी हाथ में लिये हनुमान् का प्रवेश)

हनुमान्—(लङ्का में आकर) रावण के भवन का विन्यास आश्चर्यकर है:— इस लंका में सोने के बने विचित्र तोरण हैं, इसका प्रदेश मणियों तथा

मणिवरविद्रुमशोभितप्रदेशा !
विमलविकृतसञ्चितैर्विमानै-
र्वियति महेन्द्रपुरीव भाति लङ्का ॥ २ ॥

अहो नु खलु,

एतां प्राप्य दशग्रीवो राजलक्ष्मीमनुत्तमाम् ।
विमार्गप्रतिपन्नत्वाद् व्यापादयितुमुद्यतः ॥ ३ ॥

(सर्वतो गत्वा) विचरितप्राया लङ्का ।

ध्या समृद्धा मणिवरेण मणिश्रेष्ठेन विद्रुमेण प्रवालेन च शोभितः प्रान्तभागो यस्यास्तादृशी च लङ्का रावणनगरी विमलानि रम्याणि विकृतानि नानाप्रकारस्थितानि सञ्चितानि राशीकृतानि च यानि विमानानि-यानानि तैः वियति स्वर्गे महेन्द्र पुरीव इन्द्रनगरीव विभाति । इयं स्वर्णविरचिततोरणा मणिरचितप्रान्तभागा च स्वर्णनगरी लङ्का सुन्दरैः सुविन्यस्तैर्विमानैराकाशे द्यौरिव विभातीति भावः । उपमालंकारः ॥ २ ॥

एतामिति—एताम् अनुत्तमाम् असाधारणीम् राजलक्ष्मीम् प्राप्य दशग्रीवः रावणः विमार्गप्रतिपन्नत्वात् कुमार्गप्रचलितचित्तत्वात् व्यापादयितुम् हन्तुम् उद्यतः, इमां शोभातिशयशालिनीम् राजलक्ष्मीम् सीतां प्राप्य रावणो विमार्गगामित्वात् हन्तुमुद्यत इत्याश्चर्यकरम्, तादृशमहालक्ष्मीव्यापादनस्य नितान्तमनुचितत्वादित्यर्थः ॥ ३ ॥

विचरितप्राया—अन्विष्टा ।

प्रवाल से शोभित है । निर्मल तथा सञ्चित विमानों से यह नगरी आकाश में अवस्थित स्वर्गपुरी की तरह मालूम पड़ती है ॥ २ ॥

आश्चर्य की बात है—

इस असाधारण राजलक्ष्मी को प्राप्त करके रावण अपनी कुमार्ग-प्रवृत्ति से इसे नष्ट करने पर उतारू हो रहा है ॥ ३ ॥

(चारो ओर घूमकर) मैंने सारी लंका में भ्रमण कर लिया,

गर्भागारविनिष्कुटेषु बहुशः शालाविमानादिषु
स्नानागारनिशाचरेन्द्रभवनप्रासादहर्म्येषु च ।
पानागारनिशान्तदेशविवरेष्वाक्रान्तवानस्म्यहं
सर्वं भो ! विचितं न चैव नृपतेः पत्नी मया दृश्यते ॥४॥


प्रथम—चित्ररथ, यह देव, देवर्षि, सिद्ध, तथा विद्याधर प्रभृति आकाश को

कृत्वा स्थिताः। तस्माद् वयमप्येतेषामेतान् गणान् परिहरन्तः स्वैर-मेकान्ते स्थित्वा रामरावणयोर्युद्धविशेषं पश्यामः।

उभौ—बाढम्।

(तथा कृत्वा)

प्रथमः—अहो प्रतिभयदर्शनीया खल्वियं युद्धभूमिः। इह हि,

रजनिचरशरीरनीरकीर्णा कपिवरवीचियुता वरासिनक्रा।
उदधिरिव विभाति युद्धभूमी रघुवरचन्द्रशरांशुवृद्धवेगा ॥ २ ॥

द्वितीयः—एवमेतत्।

हरन्तः—दूरे स्थापयन्तः। एकान्ते रहसि। युद्धविशेषम्—युद्धे कौशलम्। प्रति-भयदर्शनीया—प्रतिभया भीषणा दर्शनीया रम्या च।

रजनिचरेति—रजनिचराणां राक्षसानां शरीराण्येव नीराणि जलानि तैः कीर्णा व्याप्ता कपिवराः वानरवीराः एव वीचयस्तरङ्गास्तैर्युता वरासयः श्रेष्ठाः करवालाः एव नक्रा ग्राहा यत्र ताहशी युद्धभूमिः रणस्थली रघुवरः चन्द्र इव तस्य शराः अंशव इव तेन वृद्धः प्रचितः वेगो यस्यास्ताहशी (रणभूमिः) उदधिरिव सागर इव विभाति। सागरे जलम् अत्र रणभूमौ राक्षसानां शरीराण्येव जलानि, तत्र वीचयः अत्र वानरयोधा एव वीचयः, तत्र नक्राः अत्र असय एव नक्राः, सागर-श्चन्द्रांशुभिर्वर्द्धते इयञ्च रामशरैर्वेगेन वर्द्धत इति सागरेणोपमिताऽत्ररणभूमिः ॥ २॥

घेर कर अवस्थित हैं, अतः हम लोग इन्हें छोड़ कर एकान्त में खड़े होकर राम तथा रावण का युद्ध कौशल देखें।

दोनों—बहुत अच्छा।

(एकान्त में खड़े होकर)

प्रथम—अहा, यह युद्धभूमि भय के साथ देखने योग्य है, यहाँ राक्षसों के शरीर स्वरूप जल से व्याप्त, वानर स्वरूप तरङ्ग शालिनी, तलवार रूप ग्राहों से भरी, तथा रामबाण से वेगवती यह युद्धभूमि समुद्र के समान प्रतीत हो हो रही है ॥ २ ॥

द्वितीय—हाँ, यही बात है।

एते पादपशैलभग्नशिरसो मुष्टिप्रहारैर्हता
क्रुद्धैर्वानरयूथपैरतिबलैरुत्पुच्छकर्णैर्वृताः।
कण्ठग्राहविवृत्ततुङ्गनयनैर्दष्टोष्ठतीव्रैर्मुखैः
शैला वज्रहता इवाशु समरे रक्षोगणाः पातिताः ॥ ३ ॥

तृतीयः—एते चापि द्रष्टव्या भवद्भ्यां,

निशितविमलखड्गाः क्रोधविस्फारिताक्षा
विमलविकृतदंष्ट्रा नीलजीमूतकल्पाः।
हरिगणपतिसैन्यं हन्तुकामाः समन्ताद्
रभसविवृतवक्त्रा राक्षसाः सम्पतन्ति ॥ ४ ॥

एते पादपेति—पादपा वृक्षा शैलाः पर्वताश्च तैर्भग्नानि शिरांसि येषां ते तथोक्ताः, मुष्टिप्रहारैर्हताः मुष्टिं प्रहृत्य मारिताः अतिबलैः असाधारणबलशालिभिः क्रुद्धैः कुपितैः वानरयूथपैः वानरसेनानायकैर्वृताः परिवृताः, एते रक्षोगणाः समरे युद्धे कण्ठग्राहे मारणीयराक्षसानां कन्धराग्रहणकर्मणि विवृत्तानि उत्थमुखानि तुङ्गानि विशालानि नयनानि येषु तैः दंष्ट्रोष्ठतीव्रैः ओष्ठदंशनेन तीक्ष्णदर्शनैर्मुखैः (उपलक्षिताः) वज्रहताः शैलाः पर्वता इव पातिताः भूमौ शायिताः ॥ ३ ॥

निशितेति—निशिताःतीक्ष्णाः विमलाश्च खड्गा येषां ते तथोक्ताः, क्रोधेन विस्फारितानि दीर्घीभूतानि अक्षीणि येषां ते तादृशाः विमलाः स्वच्छाः विकृता तैक्ष्ण्यादिविकारभाजश्च दंष्ट्राश्च दशनानि येषां ते तथोक्ताः, नीलजीमूतकल्पाः

पूँछ तथा कान को खड़ा करके ये कुपित वानर गण इन राक्षसों को वृक्षों तथा पर्वतों के प्रहारों से शिर फोड़ कर और मुष्टि प्रहार से मार रहे हैं, कुछ राक्षसों का गला दबा देते हैं जिससे उनकी आंखें बाहर निकल आती हैं, इस प्रकार यह राक्षससमुदाय वज्राहत वृक्ष की तरह शीघ्रता-पूर्वक युद्ध में गिर रहे हैं ॥ ३ ॥

तृतीय—आप इन्हें भी देखें—

तीक्ष्ण तथा चमकदार खड्ग लिए, क्रोध पूर्णनेत्र, विमल तथा विकृत दांतों वाले, कालेमेघ के समान, आनन्द से मुंह बाये हुए ये राक्षस गण चारों ओर से मार करने की इच्छा से वानर सैन्य पर टूट रहे हैं ॥ ४ ॥

प्रथम—अहो नु खलु,

वाणाः पात्यन्ते राक्षसैर्वानरेषु

द्वितीय—

शैला क्षिप्यन्ते वानरैर्नैर्ऋतेषु ।

तृतीय—

मुष्टिप्रक्षेपैर्जानुसङ्घट्टनैश्च

सर्वे—

भीमश्चित्रं भोः ! सम्प्रमर्दः प्रवृत्तः ॥ ५ ॥

प्रथमः—रावणमपि पश्येतां भवन्तौ,

कनकरचितदण्डां शक्तिमुल्लालयन्तं

विमलविकृतदंष्ट्रं स्यन्दनं वाहयन्तम् ।

श्यामनेघसमानाः रभसेन युद्धोत्साहेन विवृतानि व्यात्तानि वक्त्राणि मुखानि येषां ते तथोक्ताः हरिगणपतिसैन्यं वानरराजबलं हन्तुकामाः हन्तुमिच्छन्तः राक्षसाः समन्तात् सर्वासु दिक्षु सम्पतन्ति धावन्ति ॥४॥

वाणा इति—राक्षसैः वानरेषु वाणाः पात्यन्ते । प्रक्षिप्यन्ते, वानरैः नैर्ऋतेषु शैलाः पर्वताः क्षिप्यन्ते पात्यन्ते । मुष्टिप्रक्षेपैः मुष्टिप्रहारैर्जानुसङ्घट्टनैर्जानुद्वारा-मर्दनैश्च चित्रं भोः आश्चर्यम्, भीमः भीषणः सम्प्रमर्दः परस्परप्रहारः प्रवृत्तः प्रारब्धः ॥ ५ ॥

कनकरचितदण्डामिति—कनकरचितदण्डम् सुवर्णमययष्टिम् शक्तिं नामास्त्रभेदम्, उल्लालयन्तं क्षेप्तुं दधानम्, विमलविकृतदंष्ट्रम्, स्वच्छदन्तं स्यन्दनं वाहनं वाहयन्तम् चालयन्तम् उदयशिखरिमध्ये उदयाचले पूर्णबिम्बं सम्पूर्णमण्डलं

प्रथम—राक्षस गण वानरों पर वाणवर्षा कर रहे हैं ।

द्वितीय—वानर गण राक्षसों पर पर्वत फेंक रहे हैं !

तृतीय—मुष्टि प्रहार एवं जानुमर्दन के द्वारा ।

सभी—यह भयंकर युद्ध जारी है । आश्चर्य !! ॥ ५ ॥

प्रथम—आप रावण की ओर भी देखें—

स्वर्णमय दण्ड वाली शक्ति को भांजता हुआ, स्वच्छ विकृत दांतोंवाले

उदयशिखरमध्ये पूर्णविम्बं शशाङ्कं
ग्रहमिव भगणेशं राममालोक्य रुष्टम् ॥ ६ ॥

द्वितीयः—राममपि पश्येतां भवन्तौ ।

सव्येन चापमवलम्ब्य करेण वीर-
मन्येन सायकवरं परिवर्तयन्तम् ।
भूमौ स्थितं रथगतं रिपुमीक्षमाणं
क्रौञ्चं यथा गिरिवरं युधि कार्त्तिकेयम् ॥ ७ ॥

तृतीयः—हहह !!!

शशाङ्कम् चन्द्रम् आलोक्य रुष्टं कुपितं भगणमिव नक्षत्रराशिमिव राममालोक्य रुष्टं कुपितं रावणं भवन्तौ पश्येतां । अयमर्थः यथा सम्पूर्णमण्डलं चन्द्रमालोक्य भगणः कुप्येत्तया राममालोक्य कुपितं रावणं भवन्तौ पश्येताम्, यो रावणः शक्तिं करे दधानो वाहनं चालयतीति, उपमया रामस्य पुरो रावणस्य क्षीयमाणतेजस्कता ध्वनिता ॥ ६ ॥

सव्येनेति—सव्येन वामेन करेण हस्तेन चापं धनुरवलम्ब्य अन्येन सव्येतरेण करेण सायकवरं महावाणं परिवर्तयन्तं चापोपरि निधातुमितस्ततश्चालयन्तम्, भूमौ स्थितम् अरथम्, रथगतं स्यन्दनस्थं रिपुं शत्रुम् रावणमीक्षमाणम् पश्यन्तम् यथा युधि युद्धे क्रौञ्चं नाम गिरिवरं पश्यन्तम् कार्त्तिकेयं पार्वतीतनयम् । रामं पश्यतामित्यन्वयः । अत्रापि पूर्ववदेवोपमालङ्कारेण कार्त्तिकेयेन यथा क्रौञ्चगिरिर्भिन्नस्तथा रावणमपि रामो भेत्स्यतीति वस्तु व्यज्यते ॥ ७ ॥

वाहन को हांकता हुआ, यह रावण राम पर कोप प्रकट कर रहा है ऐसा लगता है मानों उदयाचल पर पूर्ण मण्डल चन्द्रग्रहों पर कोप प्रकट कर रहा हो ॥ ६ ॥

द्वितीय—आप राम को भी देखें—

बायें हाथ में धनुष लेकर रामजी दाहने हाथ से बाण का परिवर्त्तन कर रहे हैं, वह स्वयं भूमि में खड़े हैं और रथगत शत्रु को देख रहे हैं, ऐसा लगता है जैसे कार्त्तिकेय क्रौञ्च पर्वत को देखते हों ॥ ७ ॥

तृतीय—ह ह ह !!!

रावणेन विमुक्तेयं शक्तिः कालान्तकोपमा।
रामेण स्मयमानेन द्विधा छिन्ना धनुष्मता ॥ ८॥

प्रथमः—

शक्तिं निपातितां दृष्ट्वा क्रोधविस्फारितेक्षणः।
रामं प्रत्यैषवं वर्षमभिवर्षति रावणः ॥ ९॥

द्वितीयः—अहो रामस्य शोभा।

एता रावणजीमूताद् बाणधारा विनिस्सृताः।
विभान्ति राममासाद्य वारिधारा वृष यथा ॥ १०॥

तृतीयः—एष एषः,

रावणेनेति—इयं कालान्तकोपमा प्रलयकालिकयमसमा रावणेन विमुक्ता प्रहृताशक्तिः धनुष्मता धनुर्धरेण रामेण स्मयमानेन हसता द्विधा छिन्ना खण्डिता ॥ ८ ॥

शक्तिमिति—क्रोधविस्फारितेक्षणः कुपितदृष्टिः रावणः शक्तिं निपातिता रामेण द्विधाकृत्वा भूमौ पातितां शक्तिं नाम स्वमस्त्रं दृष्ट्वा रामं प्रति उद्दिश्य ऐषवं वर्षमभिवर्षति बाणवृष्टिं करोति ॥ ९ ॥

एता इति—रावणजीमूतात् रावणरूपात् मेघात् विनिसृताः निर्गताः बाणधाराः राममासाद्य वृषम् महोक्षम् आसाद्य वारिधाराः जलधारा यथा तथा विभान्ति। यथा वृषोपरि वारिधारा विफला तथैव रामोपरि रावणबाणधारा वृथेति भावः ॥ १० ॥

रावण ने काले यमराज के सदृश वह शक्ति चला दी थी, धनुर्धारी राम ने हंसते हंसते उसे काट कर दो टुकड़े कर डाले ॥ ८ ॥

प्रथम—शक्ति को खण्डित होकर पतित देख कर कोप से आँखें फैलाये हुए यह रावण राम के ऊपर बाणों की वर्षा कर रहा है ॥ ९ ॥

द्वितीय—राम की शोभा विलक्षण है—

रावण स्वरूप मेघ से बाण की धारा निकल रही है, वह राम पर पड़ रही है, ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों वृषराज पर जल की धारा बरस रही है ॥ १० ॥

तृतीय—यह देखो यह,

कनकरचितचापं तीक्ष्णमुद्यम्य शीघ्रं
रणशिरसि सुघोरं बाणजालं विधुन्वन् ।
रथगतमभियान्तं रावणं याति पद्भ्यां
गजपतिमिव मत्तं तीक्ष्णदंष्ट्रो मृगेन्द्रः ॥ ११ ॥

सर्वः—अये ज्वलित इव प्रभयायं देशः । किन्नु खल्विदम् ।

प्रथमः—आ युद्धसामान्यजनितशङ्केन महेन्द्रेण प्रेषितो मातलि-वाहितो रथः ।

द्वितीयः—उपस्थितं मातलिं दृष्ट्वा तस्य वचनाद् रथमारूढवान् रामः ।

कनकरचितचापमिति—तीक्ष्णं कनकरचितचापं सुवर्णमयं धनुः शीघ्रम् त्वरया उद्यम्य उत्थाप्य रणशिरसि युद्धे सुघोरं बाणजालं शरसमुदयं विधुन्वन् निक्षिपन् रथगतम् रथस्थं रावणमभियान्तम् युद्धोद्यतम् पद्भ्याम् पादचारी एव रामः मत्तं गजपतिं मदच्युतं गजराजं तीक्ष्णदंष्ट्रः तीव्रदशनः मृगेन्द्रः सिंहो यथा तथा याति प्रत्याक्रामति ॥ ११ ॥

प्रभया ज्वलितः—दीप्तिप्रकाशितः ।

युद्धसामान्यजनितशङ्केन—सर्वेषु युद्धेषु यथा भवति तथैवात्रापि स्यादिति भीतेन । महेन्द्रेण—शक्रेण ।

मातलिम् इन्द्रसारथिम् । वचनात्—वचनमादृत्य ।

तीक्ष्ण एवं स्वर्ण विरचित धनुष को शीघ्रता से उठाकर—रामजी युद्ध में भयङ्कर बाणवर्षा कर रहे हैं, रथस्थ तथा आक्रमणकारी रावण का सामना यह पैदल होकर रहे हैं, ऐसा लगता है जैसे मतवाले हाथी पर तीक्ष्णदंष्ट्राशाली सिंह झपट रहा हो ॥ ११ ॥

सर्व:—अरे, यह प्रदेश प्रकाश से प्रज्वलित हो रहा है, यह क्या है ?

प्रथम—अहा ! युद्ध की आशङ्का से महेन्द्र ने मातलि सञ्चालित रथ भेजा है।

द्वितीय—मातलि को उपस्थित देखकर उसके कहने पर राम रथ पर बैठ गये हैं ।

तृतीयः—एष हि,

सुरवरजयदर्पदेशिकेऽस्मिन् दितिसुतनाशकरे रथे विभाति ।
रजनिचरविनाशकारणः संस्त्रिपुरवधाय यथा पुरा कपर्दी ॥१२॥

प्रथमः—अहो महत् प्रवृत्तं युद्धम् ।

शरवरपरिपीततीव्रबाणं नरवरनैऋ्रतयोः समीक्ष्य युद्धम् ।
विरतविविधशस्त्रपातमेते हरिवरराक्षससैनिकाः स्थिताश्च ॥१३॥

द्वितीयः—अहो नु खलु,

चारीभिरेतौ परिवर्तमानौ रथे स्थितौ बाणगणान् वमन्तौ ।

सुरवरेति—सुरवरजयदर्पदेशिके इन्द्रस्य विजयगर्वोपदेशके इन्द्राय युद्धे जयं दापयित्वा गर्वं शिक्षितवति. दितिसुतनाशकरे दैत्यदलनप्रथिते रथे स्यन्दने (स्थितो रामः) रजनिचरविनाशकारणः राक्षससंहर्त्ता सन् पुरा पूर्वकाले त्रिपुरवधाय त्रिपुरासुरविनाशाय यथा कपर्दी शिवस्तथा विभातीति भावः ॥ १२ ॥

प्रवृत्तम्—समारब्धम् ।

शरवरेति—नरवरनैऋ्रतयोः पुरुषोत्तमरामराक्षसरावणयोः शरवरैः महाबाणैः परिपीताः साकल्येनसमापिताः तीव्रा बाणा यत्र तादृशम् युद्धं समीक्ष्य एते हरिवराः वानरश्रेष्ठाः राक्षससैनिकाश्च विरतविविधशस्त्रपातं नानाविधशस्त्रप्रहारकर्मणः विरम्य स्थिताः । रामरावणयोर्युद्धे प्रवृत्ते तद्दर्शनसमासक्ताः पक्षद्वयस्यापि योद्धारो बाणवृष्टिं विसस्मरुरिति भावः ॥ १३ ॥

चारीमिति—एतौ रामरावणौ चारिभिः युद्धकालोपयुक्ताभिर्गतिभिः परि-

---

तृतीय—देवगण को विजय दिलाने वाले एवं दैत्यगण विनाशकारी इस रथ पर आरूढ़ रामचन्द्र ऐसे लगते हैं जैसे पूर्वकाल में त्रिपुरासुर वधार्थ रथारूढ़ शङ्कर हों ॥ १२ ॥

प्रथम—अहो, भयङ्कर युद्ध प्रारम्भ हो गया है :—

पुरुषोत्तम राम एवं रावण के इस युद्ध में एक का बाण दूसरे के बाण का संहार कर रहा है, इस भयङ्कर युद्ध को देखकर वानर सैन्य तथा राक्षसगण नाना प्रकार के अस्त्र प्रहार से विरत होकर केवल देखते हुए खड़े हैं ॥ १३ ॥

द्वितीय—अहा ! यह दोनों क्रमशः घूमते हुए रथों पर अवस्थित हैं, बाण

स्वरश्मिजालैर्धरणिं दहन्तौ सूर्याविव द्वौ नभसि भ्रमन्तौ ॥१४॥

तृतीयः—रावणमपि पश्येतां भवन्तौ ।

शरैर्भीमवेगैर्हयान् मर्दयित्वा ध्वजं चापि शीघ्रं बलेनाभिहत्य ।
महद् बाणवर्षं सृजन्तं नदन्तं हसन्तं नृदेवं भृशं भीषयन्तम् ॥१५॥

प्रथमः—एष हि रामः,

स्थानाक्रामणवामनीकृततनुः किञ्चित् समाश्वास्य वै
तीव्रं बाणमवेक्ष्य रक्तनयनो मध्याह्नसूर्यप्रभः ।

वर्तमानौ रथे स्थितौ स्यन्दने तिष्ठन्तौ बाणगणान् शरसम्पातान् वमन्तौ वर्षन्तौ स्वरश्मिजालैः स्वतेजोभिः धरणीं दहन्तौ भुवं प्रज्वालयन्तौ नभसि भ्रमन्तौ आकाशे परिवर्त्तमानौ द्वौ सूर्य इव भासेते इति शेषः । उपमालङ्कारः ॥१४॥

शरैर्भीमवेगैरिति—भीमवेगैः भीषणवेगशालिभिः शरैर्बाणैः हयान् रामरथाश्वान् मर्दयित्वा विनाश्य बलेन प्रसभं ध्वजं रामरथपताकाञ्चापि अभिहत्य विनाश्य महत् बाणवर्षं शरवृष्टिं सृजन्तं कुर्वाणम् नदन्तं नादं कुर्वन्तम् हसन्तम् (आभिः स्वक्रियाभिः) नृदेवं नरनाथं रामं भृशमत्यर्थं भीषयन्तं भयं प्रापयन्तम् रावणं भवन्तौ पश्येतामिति पूर्वेण सम्बन्धः ॥१५॥

स्थानाक्रामणेति—स्थानाक्रामणेन बाणत्यागाय स्थानमाक्रम्य वामनीकृततनुः खर्वीकृतशरीरः, किञ्चित् समाश्वस्य ईषत् धैर्यमाधाय तीव्रं बाणं स्वं शरम् अवेक्ष्य परीक्षणधिया दृष्ट्वा रक्तनयनः कोपरक्तलोचनः मध्याह्नसूर्यप्रभः मध्याह्न-

---

वर्षा कर रहे हैं, अपनी प्रभा से पृथ्वी को दग्ध कर रहे हैं, मानो आकाश में घूमते हुए दो सूर्य हों ॥१४॥

तृतीय—आप रावण को भी देखें, जो भीमवेग-बाणों द्वारा घोड़ों का संहार करके बलपूर्वक ध्वजा का नाश कर बाणों की वर्षा से हंसते हुए राम को भयान्वित करने का प्रयास कर रहा है ॥१५॥

प्रथम—स्थान पकड़ कर शरीर को वामन बनाकर थोड़ा स्थिर हो रक्तनयन होकर बाण की ओर देखकर मध्याह्नसूर्य सदृश मातलि द्वारा स्थान के दिये जाने

व्यक्तं मातलिना स्वयं नरपतिर्[1]दत्तास्पदो वीर्यवान्
क्रुद्धः संहितवान् शराग्र्यममितं पैतामहं पार्थिवः ॥१६॥

द्वितीयः—एतदस्त्रं,

रघुवरभुजवेगविप्रमुक्तं ज्वलनदिवाकरयुक्ततीक्ष्णधारम्।
रजनिचरवरं निहत्य सङ्ख्ये पुनरभिगच्छति राममेव शीघ्रम् ॥१७॥

सर्वे—हन्त निपातितो रावणः।

प्रथमः—

रावणं निहतं दृष्ट्वा पुष्पवृष्टिर्निपातिता।
एता नदन्ति गम्भीरं भेर्यस्त्रिदिवसद्मनाम् ॥ १८ ॥

कालाग्निसूर्यसमानतेजाः, व्यक्तं स्फुटं स्वयं मातलिना इन्द्रसारथिना दत्तास्पदः कृतप्रतिष्ठः प्रशंसितः वीर्यवान् प्रशस्तपराक्रमः पार्थिवो राजा रामः क्रुद्धः कुपितः सन् अमितं अप्रमेयसामर्थ्यं पैतामहं ब्राह्मं शराग्र्यम् महास्त्रम् संहितवान् धनुष्यारोपितवान् ॥१६॥

रघुवरेति—रघुवरस्य रामस्य भुजवेगेन बाहुवेगेन विप्रमुक्तम् प्रयुक्तम् ज्वलनदिवाकरयुक्ततीक्ष्णधारम् अग्निसूर्यसमानतीक्ष्णधारम् एतद् अस्त्रम् संख्ये युद्धे रजनिचरवरं राक्षसराजं रावणं निहत्य पुनः शीघ्रं रामम् अभिगच्छति रामस्य समीपमायाति ॥१७॥

निपातितः—रामेण हतः।

रावणमिति—रावणं निहतं रामेण मारितं दृष्ट्वा (देवैः) पुष्पवृष्टिः रामोपरि पुष्पवर्षा निपातिता कृता। एताः श्रूयमाणाः त्रिदिवसद्मनाम् देवानाम् भेर्यः वाद्यानि नदन्ति शब्दायन्ते ॥१८॥

पर क्रुद्ध होकर रामने पितामह संबन्धी भीषण शर को धनुष पर आरोपित किया ॥१६॥

द्वितीय—यह राम के भुजवेग से प्रेरित होकर अग्नि सूर्य तुल्य तीक्ष्णधार अस्त्र युद्ध में रावण को मार कर पुनः शीघ्रतापूर्वक राम के पास आ रहा है ॥

सभी—हाय रावण गिर पड़ा।

प्रथम—रावण को गिरते देख ऊपर से पुष्पवृष्टि हो रही है और स्वर्ग में गंभीर नाद से देववाद्य बजने लगे हैं ॥१८॥

द्वितीयः—भवतु। सिद्धं देवकार्यम्।

प्रथमः—तदागम्यताम्। वयमपि तावत् सर्वहितं रामं सम्भावयिष्यामः।

उभौ—बाढम्। प्रथमः कल्पः।

(निष्क्रान्ताः सर्वे।)

विष्कम्भकः।

(ततः प्रविशति रामः।)

रामः—

हत्वा रावणमाहवेऽद्य तरसा मद्बाणवेगार्दितं
कृत्वा चापि विभीषणं शुभमतिं लङ्केश्वरं साम्प्रतम्।

सर्वहितम्—सर्वजनहितकरम्। संभावयिष्यामः—अभिनन्दयिष्यामः॥

विष्कम्भकः—वृत्तवर्त्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।

संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः॥ इति लक्षितः॥

हत्वेति—मद्बाणवेगार्दितम् मदीयबाणरयपीडितम् रावणम् अद्य आहवे युद्धे तरसा त्वरया हत्वा निपात्य साम्प्रतम् रावणवधात्परतः शुभमतिं पवित्रबुद्धिं विभीषणम् नाम रावणानुजं चापि लङ्केश्वरं कृत्वा लङ्काराज्येऽभिषिच्य एवम्

द्वितीय—अस्तु। देवकार्य सम्पन्न हुआ।

प्रथम—अच्छा तो आओ, हम भी सकलकल्याणकारी रामका अभिनन्दन करें।

दोनों—बहुत अच्छा। सब से उत्तम।

[सबका प्रस्थान]

विष्कम्भक समाप्त

[राम का प्रवेश]

राम—बाणवेग से पीड़ित रावण को बलात् मारकर, पवित्र-बुद्धिवाले विभीषण को लङ्केश्वर बनाकर एवं अनेक सात्त्विक आचरणों से परिपूर्ण प्रतिज्ञा-

तीर्त्वा चैवमनल्पसत्त्वचरितं दोर्भ्यां प्रतिज्ञार्णवं
लङ्कामभ्युपयामि बन्धुसहितः सीतां समाश्वासितुम् ॥१९॥
(प्रविश्य)
लक्ष्मणः—जयत्वार्यः। आर्य ! एषा ह्यार्यायस्य समीपमुपसर्पति।
रामः—वत्स ! लक्ष्मण !
अपायाच्च हि वैदेह्या उषिताया रिपुक्षये।
दर्शनात् साम्प्रतं धैर्यं मन्युर्मे वारयिष्यति ॥ २० ॥
लक्ष्मणः—यदाज्ञापयत्यार्यः। (निष्क्रान्तः।)
(प्रविश्य)

अनेन प्रकारेण अनल्पसत्त्वचरितम् नानाविधसात्त्विकक्रियारूपजन्तुव्याप्तम् प्रतिज्ञार्णवम् प्रतिज्ञारूपं सागरम् दोर्भ्यां भुजाभ्याम् तीर्त्वा उल्लङ्घ्य बन्धुसहितः लक्ष्मणयुक्तः सीतां समाश्वसितुम् समाश्वासयितुं धैर्यं प्रापयितुं लङ्काम् अभ्युपयामि गच्छामि ॥ १९ ॥

आर्या—सीता। आर्यस्य—भवतः। समीपं—पार्श्वम्। उपसर्पति—आगच्छति।

अपायाच्चेति—वैदेह्याः सीतायाः अपायात् अपहरणकृताददर्शनात् उषितायाः शत्रुगृहे कृतवासायाः साम्प्रतं शत्रुविनाशात्परतः दर्शनात् अवलोकनात् मे मम मन्युः कोपः धैर्यं वारयिष्यति अधः करिष्यति। सीतामवलोक्य मम रावणविषयकः कोपः पुनरुद्दीपितः सन् धैर्यं नाशयिष्यतीति भावः ॥ २० ॥

सागर को बाहुबल से पार कर इस समय मैं अपने भाई के साथ सीता को आश्वासन प्रदान करने लङ्का में प्रवेश कर रहा हूँ ॥ १९ ॥

[प्रवेश करके]

लक्ष्मण—जय हो महाराज की। आर्य, यही आर्या सीता आप के पास आ रही हैं।

राम—वत्स लक्ष्मण,

वैदेही हरी गई, राक्षसरूप शत्रु के घर में रही, उसे यदि मैं देखूंगा तो मुझे क्रोध अधीर बना देगा ॥ २० ॥

लक्ष्मण—महाराजकी जो आज्ञा। (जाता है)

(प्रवेश करके)

विभीषणः—जयतु देवः।

एषा हि राजंस्तव धर्मपत्नी त्वद्बाहुवीर्येण विधूतदुःखा।
लक्ष्मीः पुरा दैत्यकुलच्युतेव तव प्रसादात् समुपस्थिता सा ॥२१॥

रामः—विभीषण! तत्रैव तावत् तिष्ठतु रजनिचरावमर्शजातकल्मषा इक्ष्वाकुकुलस्याङ्कभूता। राजानं दशरथं पितरमुद्दिश्य न युक्तं भो लङ्काधिपते! मां द्रष्टुम्। अपि च,

मज्जमानमकार्येषु पुरुषं विषयेषु वै।
निवारयति यो राजन्! स मित्रं रिपुरन्यथा ॥ २२ ॥

एषा हीति—राजन्; एषा सीता तव धर्मपत्नी भार्या त्वद्बाहुवीर्येण तव भुजयोः पराक्रमेण विधूतदुःखा अपगतसकलकष्टा पुरा दैत्यकुलच्युता दैत्यकुलाद् परावृत्यागता लक्ष्मीरिव तव प्रसादात् प्रभावात् समुपागता ॥ २१ ॥

रजनिचरावमर्शजातकल्मषा—राक्षससंसर्गजातपापा। अङ्कभूता-कलङ्कस्वरूपा। दशरथं पितरमुद्दिश्य दशरथं तातं स्मृत्वा।

मज्जमानमिति—अकार्येषु अकर्त्तव्यग्रहणेषु विषयेषु वैषयिकसुखेषु मज्जमानम् आसक्तम् पुरुषं यः निवारयति तत उद्धरति स मित्रम् अन्यथा रिपुरेव। अतस्त्वयापि सीतास्वीकाराय नाहमनुरोद्धव्यः तद्ग्रहणस्य विषयासक्तिस्वरूपत्वात् ॥ २२ ॥

विभीषण—जय हो महाराजकी।

यह हैं आपकी धर्मपत्नी जिनका सारा कष्ट आपके परामर्शसे मिट चुका है। यह पहले दैत्यकुल में पहुँची लक्ष्मी की तरह आपके प्रसाद से आपके पास आकर उपस्थित हुई हैं॥ २१ ॥

राम—विभीषण, तब तक वह वहीं रहें क्योंकि वह राक्षसों के स्पर्शसे दूषित हो इक्ष्वाकुवंश के लिये कलङ्कस्वरूप हो चुकी है। पितृदेव राजा दशरथका ख्याल करके उसका मेरे सामने आना ठीक नहीं होगा।

जो अकर्त्तव्य विषयों में डूबते हुए पुरुष को उबारता है वही मित्र है अन्यथा वह शत्रु है॥ २२ ॥

विभीषणः—प्रसीदतु देवः ।

रामः—नार्हति भवानतः परं पीडयितुम् ।

(प्रविश्य)

लक्ष्मणः—जयत्वार्यः । आर्यस्याभिप्रायं श्रुत्वैवाग्निप्रवेशाय प्रसादं प्रतिपालयत्यार्या ।

रामः—लक्ष्मण ! अस्याः पतिव्रतायाश्छन्दमनुतिष्ठ ।

लक्ष्मणः—यदाज्ञापयत्यार्यः । (परिक्रम्य) भोः कष्टम् ।

विज्ञाय देव्याः शौचं च श्रुत्वा चार्यस्य शासनम् ।
धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता बुद्धिर्दोलायते मम ॥ २३ ॥

प्रसीदतु—सीतास्वीकारानुग्रहं करोतु ।

पीडयितुम्—मयाऽनिष्यमाणे सीताग्रहणे मां बलात्प्रवर्त्तयितुम् ।

प्रसादं प्रतिपालयति—भवदीयादेशं प्रतीक्षते ।

छन्दमनुतिष्ठ—इच्छामनुवर्त्तस्व । यथेच्छति सा तपस्विनी तथा प्रबन्धं कुरु ।

विज्ञायेति—देव्याः सीतायाः शौचं पातिव्रत्यस्वरूपं पवित्रत्वं विज्ञाय ज्ञात्वा आर्यस्य रामस्य शासनम् आदेशम् वह्निप्रवेशप्रबन्धविषयामाज्ञाम् च श्रुत्वा धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता धर्मस्य प्रेम्णश्चान्तराले वर्त्तमाना मम बुद्धिर्दोलायते इतस्ततो भवति किमपि निश्चित्य कर्त्तुं न क्षमा भवति । धर्मो रामस्यादेशस्य पालनम्—

विभीषण—महाराज कृपा करें ।

राम—इसके आगे आपको मुझे कष्ट नहीं देना चाहिये ।

(प्रवेश करके)

लक्ष्मण—जय हो महाराज की, आपके अभिप्राय को जान कर आर्या सीता अग्निप्रवेशार्थ आपके आदेश की प्रतीक्षा कर रही हैं ।

राम—लक्ष्मण, उस पतिव्रता की इच्छा पूर्ण करो ।

लक्ष्मण—महाराज की जो आज्ञा । (चलकर) बड़ा कष्ट है ।

सीता की पवित्रता तथा राम की आज्ञा को जान कर मेरी बुद्धि धर्म तथा स्नेह के बीच में पड़ कर झूला झूल रही है ॥ २३ ॥

कोऽत्र ।

(प्रविश्य)

हनूमान्—जयतु कुमारः ।

लक्ष्मणः—हनूमन् ! यदि ते शक्तिरस्ति, एवमाज्ञापयत्यार्यः ।

हनूमान्—अत्र किं तर्कयति कुमारः ।

लक्ष्मणः—निष्फलो मम तर्कः । अथवा वयमार्यस्याभिप्रायमनुवर्तितारः । गच्छामस्तावत् ।

हनूमान्—यदाज्ञापयति कुमारः । (निष्क्रान्तौ ।)

(प्रविश्य)

लक्ष्मणः—प्रसीदत्वार्यः । आर्य ! आश्चर्यमाश्चर्यम् । एषा ह्यार्या,

---

स्नेहश्च सीताया वह्निप्रवेशो तत्प्राणसंशयस्मारकः । तदत्र किं क्रियतामिति नावधारयामीत्याशयः ॥ २३ ॥

यदि ते शक्तिरस्ति—यदि कर्त्तुं शक्नोषि तदा रामस्यादेशं पालय ।

अनुवर्त्तयितारः—पालयिष्यामः, फलमविचार्य रामस्यादेशं करिष्यामः ।

विकसितेति—विकसितशतपत्रदामकल्पा प्रफुल्लकमलनालसमाना एषा आर्या सीता विमुक्तजीविताशा परित्यक्तप्राणमोहा सती इह लङ्कायां तव श्रमं रावणवधप्रयासं निष्फलम् व्यर्थं कृत्वा यथा हंसी पद्मवनं प्रविशति तथा समुखं ज्वलनं प्रविशति वह्नौ प्रवेशं कुरुते । आश्चर्यमिदमित्यर्थः ॥ २४ ॥

कोई है यहाँ ?

(प्रवेश करके)

हनूमान्—जय हो कुमार की ।

लक्ष्मण—हनूमान्, यदि तुम में शक्ति है, (तो प्रबन्ध करो) महाराज की यही आज्ञा है ।

हनूमान्—कुमार इस विषय में क्या सोचते हैं ?

लक्ष्मण—मेरा सोचना निरर्थक है, अथवा हम तो आर्य राम की इच्छा का अनुवर्त्तन करनेवाले हैं, तब तक चलते हैं ।

हनूमान्—कुमार की जो आज्ञा । (दोनों का प्रस्थान)

(प्रवेश करके)

लक्ष्मण—आप कृपा करें, आर्य, आश्चर्य है आश्चर्य, यह कमलनालसमा आर्या

विकसितशतपत्रदामकल्पा ज्वलनमिहाशु विमुक्तजीविताशा ।
श्रममिह तव निष्फलं च कृत्वा प्रविशति पद्मवनं यथैव हंसी ॥२४॥

रामः—आश्चर्यमाश्चर्यम् । लक्ष्मण ! निवारय निवारय ।

लक्ष्मणः—यदाज्ञापयत्यार्यः ।

(प्रविश्य)

हनूमान्—जयतु देवः !

एषा कनकमालेव ज्वलनाद् वर्धितप्रभा ।
पावना पावकं प्राप्य निर्विकारमुपागता ॥ २५ ॥

रामः—(सविस्मयम्) किमिति किमिति ।

निवारय—सीतामग्निप्रवेशात् वारय ।

एषा कमलेति—कनकमाला इव एषा सीता ज्वलनात् अग्नौ प्रविश्य वर्धितप्रभा समेधितकान्तिः पावना स्वतः पवित्रा पावकं प्राप्य वह्नौ प्रवेशं कृत्वा निर्विकारम् सकलपापसंपर्कराहित्यम् उपागता । अथवा वह्नौ प्रविश्य अक्षतावयवा अदग्धा बहिर्गता ॥ २५ ॥

जीवन की आशा छोड़ कर तथा आपके सारे परिश्रम को व्यर्थ बनाकर देवी से आग में प्रवेश कर रही हैं जैसे हंसी पद्मवन में प्रवेश करती है ॥ २४ ॥

राम—आश्चर्य है, आश्चर्य, लक्ष्मण, रोको रोको ।

लक्ष्मण—महाराज की जो आज्ञा ।

(प्रवेश करके)

हनूमान्—जय हो महाराज की ।

जैसे सोने की माला आग में रखने पर दीप्त हो उठती है उसी तरह यह पावना सीता आग में प्रवेश करके अधिक प्रभायुक्त हो निर्विकार रूप में निकल आई है ॥ २५ ॥

राम—(आश्चर्य से) क्या कहा ? क्या कहा ?

लक्ष्मणः—अहो, आश्चर्यम् ।

(प्रविश्य)

सुग्रीवः—जयतु देवः ।

को नु खल्वेष जीवन्तीमादाय जनकात्मजाम् ।
प्रणम्यरूपः सम्भूतो ज्वलतो हव्यवाहनात् ॥ २६ ॥

लक्ष्मणः—अये अयमार्यां पुरस्कृत्येत एवाभिवर्तते भगवान् विभावसुः ।

रामः—अये अयं भगवान् हुताशनः । उपसर्पामस्तावत् ।

(सर्वे उपसर्पन्ति)

(ततः प्रविशत्यग्निः सीतां गृहीत्वा ।)

अग्निः—एष भगवान् नारायणः । जयतु देवः ।

को नु खल्विति—जीवन्तीम् पावकप्रवेशेऽपि प्राणान् धारयन्तीम् जनकात्मजाम् सीताम् आदाय गृहीत्वा ज्वलतः प्रज्वलद्रूपात् हव्यवाहनात् अग्नेः संभूतः बहिर्भूतः प्रणम्यरूपः को नु खलु एषः । कोऽयं सीतामादाय वह्नेरुद्गन्नादरणीयस्वरूपः कोऽयं स्यादिति भावः ॥ २६ ॥

आर्यां पुरस्कृत्य—सीतामग्रतः कृत्वा । इत एवाभिवर्त्तते-इत एवागच्छति ।

विभावसुः—अग्निः ॥

हुताशनः—हविर्भुक् अग्निः ।

लक्ष्मण—अहा ! आश्चर्य है ।

(प्रवेश करके)

सुग्रीव—जय हो महाराज की ।

यह कौन प्रणम्यरूप जीती हुई जनकात्मजा को साथ लिये इस धधकती आग में से निकल रहा है ॥ २६ ॥

लक्ष्मण—अरे आर्या सीता को आगे करके यह अग्निदेव इधर ही आते हैं ।

राम—अरे, यह तो अग्निदेव हैं, चलें उनके पास ।

(सभी समीप जाते हैं)

(सीता को साथ लिये अग्निदेव का प्रवेश)

अग्नि—यही भगवान् विष्णु हैं । जय हो महाराज की ।

रामः—भगवन् ! नमस्ते ।

अग्निः—न मे नमस्कारं कर्तुमर्हति देवेशः ।

इमां गृहीष्व राजेन्द्र ! सर्वलोकनमस्कृताम् ।
अपापामक्षतां शुद्धां जानकीं पुरुषोत्तम ! ॥ २७ ॥

अपि च,

इमां भगवतीं लक्ष्मीं जानीहि जनकात्मजाम् ।
सा भवन्तमनुप्राप्ता मानुषीं तनुमास्थिता ॥ २८ ॥

रामः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

जानतापि च वैदेह्याः शुचितां धूमकेतन ! ।
प्रत्ययार्थं हि लोकानामेवमेव मया कृतम् ॥ २९ ॥

इमां गृहीष्वेति—हे पुरुषोत्तम नरश्रेष्ठ राजेन्द्र राम, सर्वलोकनमस्कृताम् अपापाम् अक्षताम् वह्निप्रवेशे कृतेऽप्यदग्धाम् शुद्धां निष्कलङ्काम् इमां जानकीं गृहीष्व भार्याभावेन स्वीकुरु ॥ २७ ॥

इमामिति—इमां जनकात्मजां सीतां भगवतीं लक्ष्मीं जानीहि । सा लक्ष्मीः मानुषीं तनुमास्थिता मनुष्यशरीरमनुप्रपन्ना भवन्तं रामचन्द्रमनुप्राप्ता ॥ २८ ॥

जानतापीति—हे धूमकेतन वह्ने, वैदेह्याः सीतायाः शुचितां पातिव्रत्यलक्षणां पवित्रतां जानताऽपि मया लोकानाम् सर्वसाधारणजनानां प्रत्ययार्थं विश्वासाय मया एवम् एव कृतम् । जानामि सीतामनघेति, परन्तु लोका अप्येना-

---

राम—भगवन् नमस्कार करता हूँ ।

अग्नि- आप देवाधिदेव हैं, आप मुझे नमस्कार नहीं करें ।

हे पुरुषोत्तम, हे राजेन्द्र, सर्वलोकवन्दिता, अपापा, अक्षता, तथा शुद्धा इस अपनी सीता को स्वीकार कीजिये ॥ २७ ॥

और—आप जनकात्मजा इस सीता को लक्ष्मी ही समझें, लक्ष्मी ही मनुष्य रूप धर कर आप के पास आई हैं ॥ २८ ॥

राम—यह आपका अनुग्रह है ।

हे अग्निदेव, मैं सीता की पवित्रता को जानता हूँ, लोकों के विश्वासार्थ ही मैंने ऐसा किया है ॥ २९ ॥

(नेपथ्ये दिव्यगन्धर्वा गायन्ति ।)

नमो भगवते त्रैलोक्यकारणाय नारायणाय ।
ब्रह्मा ते हृदयं जगत्त्रयपते ! रुद्रश्च कोपस्तव
नेत्रे चन्द्रदिवाकरौ सुरपते ! जिह्वा च ते भारती ।
सब्रह्मेन्द्रमरुद्गणं त्रिभुवनं सृष्टं त्वयैव प्रभो !
सीतेयं जलसम्भवालयरता विष्णुर्भवान् गृह्यताम् ॥ ३० ॥

(पुनर्नेपथ्ये अपरे गायन्ति ।)

मग्नेयं हि जले वराहवपुषा भूमिस्त्वयैवोद्धृता

मनघां जानीयुरिति मनसिकृत्य मयाऽस्या वह्निप्रवेशान्ता शुद्धिरपेक्षिताऽऽसीदित्यर्थः ॥ २९ ॥

ब्रह्मा ते हृदयमिति—हे जगत्त्रयपते, लोकत्रयाधीश, ब्रह्मा ते तव हृदयं हृदयस्थानीयः, रुद्रः शिवः तव कोपः क्रोधरूपः, चन्द्रदिवाकरौ सूर्याचन्द्रमसौ तव नेत्रे नयने, हे सुरपते देवाधीश, ते तव जिह्वा भारती सरस्वती । हे प्रभो, ब्रह्मणा धात्रा, इन्द्रेण देवराजेन, मरुद्गणैः देवसङ्घैः सहितं सब्रह्मेन्द्रमरुद्गणं त्रिभुवनं लोकत्रयं त्वयैव सृष्टम् जनितम्, इयं सीता जलात्संभवः उत्पत्तिर्यस्य तत् जलसंभवम् कमलं तदेव आलयो गृहं तत्र रता अनुरक्ता कमलरूपालयवासनिरता लक्ष्मीः, भवान् विष्णुः, अत इयं भवता गृह्यताम् स्वभार्याभावेन स्वीक्रियताम् ॥ ३० ॥

मग्नेयमिति—जले प्रलयपयोधिजले मग्ना पतिता इयं भूमिः पृथ्वी वराह-

---

(नेपथ्य में दिव्यगन्धर्व गाते हैं)

लोकत्रय के उत्पादक भगवान् नारायण को नमस्कार है ।

हे लोकत्रयाधीश, ब्रह्मा आप के हृदय, रुद्र आप के कोप, चन्द्र-सूर्य आप के नेत्र, और सरस्वती आप की जिह्वा हैं । ब्रह्मा, इन्द्र तथा देवों से युक्त इस त्रिभुवन की सृष्टि आपने ही की है, यह सीता कमलालया लक्ष्मी हैं, आप विष्णु हैं, आप इन्हें स्वीकार करें ॥ ३० ॥

(फिर नेपथ्य में दूसरे लोग गाते हैं)

पृथ्वी जलमें निमग्न थी, वराह रूप धारण करके आपने ही उसे बाहर

विक्रान्तं भुवनत्रयं सुरपते ! पादत्रयेण त्वया ।
स्वैरं रूपमुपास्थितेन भवता देव्या यथा साम्प्रतं
हत्वा रावणमाहवेन हि तथा देवाः समाश्वासिताः ॥ ३१ ॥

अग्निः—भद्रमुख ! एते देवदेवर्षिसिद्धविद्याधरगन्धर्वाप्सरोगणा-स्स्वविभवैर्भवन्तं वर्धयन्ति ।

रामः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

अग्निः—भद्रमुख ! अभिषेकार्थमित इतो भवान् ।

रामः—यदाज्ञापयति भगवान् ।

(निष्क्रान्तौ)

(नेपथ्ये)

वसुधा वराहरूपधारिणा त्वया रामेण एव उद्धृता उपरि नीता, हे सुरपते देवाधिप, यथा इदं भुवनत्रयं लोकत्रयं त्वया वामनावतारधारिणा पादत्रयेण व्याप्तम् परिच्छिन्नम् । स्वैरं रूपम् उपस्थितेन यदृच्छारूपधारिणा भवता देव्या सीतया सह तथा साम्प्रतम् आहवेन सम्मुखयुद्धेन देवाः समाश्वासिताः धैर्यमनुप्रापिताः ॥ ३१ ॥

स्वविभवैर्भवन्तं वर्धयन्ति—स्वीयान् विभवान् पराक्रमादीन् भवतेऽर्पयन्ति ।

निकाला, हे सुरपते, आपने ही तीन डेगों से पृथ्वी को नापा, यथेच्छरूपधारी आपने युद्ध में रावण का वध करके सीता के साथ ही समस्त देवों को आश्वासन प्रदान किया है ॥ ३१ ॥

अग्नि—भद्रमुख, यह देव, देवर्षि, सिद्ध, विद्याधर, गन्धर्व, अप्सरागण अपने-अपने विभवों से आप की अभ्यर्थना कर रहे हैं।

राम—अनुग्रह है ।

अग्नि—भद्र, अभिषेकार्थ आप इधर चलें ।

राम—आप की जो आज्ञा ।

(दोनों का प्रस्थान)

(नेपथ्य में)

जयतु देवः। जयतु स्वामी। जयतु भद्रमुखः। जयतु महाराजः। जयतु रावणान्तकः। जयत्वायुष्मान्।

विभीषणः—एष एष महाराजः,

तीर्त्वा प्रतिज्ञार्णवमाहवेऽद्य
सम्प्राप्य देवीं च विधूतपापाम्।
देवैः समस्तैश्च कृताभिषेको
विभाति शुभ्रे नभसीव चन्द्रः॥ ३२॥

लक्ष्मणः—अहो नु खल्वार्यस्य वैष्णवं तेजः।

यमवरुणकुबेरवासवाद्यैस्त्रिदशगणैरभिसंवृतो विभाति।
दशरथवचनात् कृताभिषेकस्त्रिदशपतित्वमवाप्य वृत्रहेव॥ ३३।

(ततः प्रविशति कृताभिषेको रामः सीतया सह।)

तीर्त्वा प्रतिज्ञेति—अद्य सम्प्रति प्रतिज्ञार्णवम् रावणवधरूपं प्रतिज्ञा-सागरं तीर्त्वा उल्लङ्घ्य विधूतपापाम् निष्कलङ्कां देवीं सीतां च संप्राप्य समस्तैः सकलैर्देवैश्च कृताभिषेकः कृताभिषेकसंस्कारः सन् शुभ्रे स्वच्छे नभसि आकाशे चन्द्र इव एष महाराजः रामः विभाति॥ ३२॥

यमवरुणेति—यमेन कालेन वरुणेन जलाधिष्ठातृदेवेन कुबेरेण वास-वाद्यैः इन्द्रप्रभृतिभिश्च अभिसंवृतः महाराजः दशरथवचनात् कृताभिषेकः राज्याभिषेकेण संस्कृतः सन् त्रिदशपतित्वम् देवनाथत्वम् अवाप्य वृत्रहा इन्द्र इव विभाति॥ ३३॥

जय हो महाराज की भद्रमुख की जय हो, रावणान्तक की जय हो। आयुष्मान् की जय हो।

विभीषण—यह हमारे महाराज,

आज युद्ध में प्रतिज्ञा-सागर पार करके निष्पापा सीता को प्राप्त कर समस्त देवों द्वारा किये गये अभिषेक को पाकर निर्मल आकाश में अवस्थित चन्द्रमा की तरह शोभा पा रहे हैं॥ ३२॥

लक्ष्मण—आश्चर्य है आर्य का वैष्णव तेज।

यम, कुबेर, वरुण तथा इन्द्रादिदेवों से युक्त हमारे आर्य दशरथ-वचनानुसार अभिषिक्त होकर देवाधिप इन्द्र के समान दीख रहे हैं॥ ३३॥

(कृताभिषेक राम का सीता के साथ प्रवेश)

रामः—वत्स ! लक्ष्मण !

येनाहं कृतमङ्गलप्रतिसरो भद्रासनारोपितो-
ऽप्यम्बायाः प्रियमिच्छता नृपतिना भिन्नाभिषेकः कृतः ।
व्यक्तं दैवगतिं गतेन गुरुणा प्रत्यक्षतः साम्प्रतं
तेनैवाद्य पुनः प्रहृष्टमनसा प्राप्ताभिषेकः कृतः ॥ ३४ ॥

अग्निः—भद्रमुख ! एता हि महेन्द्रनियोगाद् भरतशत्रुघ्नपुरःसरा प्रकृतयो भवन्तमुपस्थिताः ।

रामः—भगवान् ! प्रहृष्टोऽस्मि ।

अग्निः—इमे महेन्द्रादयोऽमृतभुजो भवन्तमभिवर्धयन्ति ।

रामः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

येनाहमिति—कृतमङ्गलप्रतिसरः विहितमाङ्गलिकरक्षासूत्रबन्धनः कृतसर्वराज्याभिषेकपूर्वकर्त्तव्यः भद्रासनारोपितः शुभासनोपवेशितः अपि अहं रामः येन नृपतिनाऽस्मत्तातेन दशरथेन अम्बायाः अस्मन्मातुः कैकेय्याः प्रियम् इच्छता वचनं पालयता भिन्नाभिषेकः निषिद्धराज्याभिषेकः कृतः, तेन व्यक्तं दैवगतिं गतेन स्वर्गं गतेन गुरुणा पित्रा दशरथेन एव अद्य प्रहृष्टमनसा रावणवधहृष्टचित्तेन सता पुनः प्राप्ताभिषेकः राज्येऽभिषिक्तः कृत इति पश्य ॥३४॥

महेन्द्रनियोगात्—इन्द्रस्यादेशात् । भरतशत्रुघ्नपुरस्सराः—भरतादयः प्रकृतयः—प्रजाः ।

अमृतभुजः—देवाः । अभिवर्द्धयन्ति—आशीर्भिःसंवर्द्धयन्ति ।

राम—वत्स लक्ष्मण,

मङ्गल सूत्र के बँध जाने पर और भद्रासन पर आरूढ़ करके भी जिन्होंने अम्बा की इच्छापूर्ति के लिए मेरा अभिषेक रोक दिया, वही हमारे पिता स्वर्गीय होकर आज प्रसन्न हृदय से मेरा अभिषेक कर रहे हैं ॥ ३४ ॥

अग्नि—भद्रमुख, इन्द्र के आदेशानुसार भरत-शत्रुघ्न-प्रजाजन आप की सेवा में उपस्थित हैं ।

राम—भगवन्, मैं अति हृष्ट हूँ ।

अग्नि—यह इन्द्र आदि देवगण आपकी अभ्यर्थना कर रहे हैं ।

राम—मैं अनुगृहीत हूँ ।

अग्निः—भद्रमुख ! किं ते भूयः प्रियमुपहरामि ।

रामः—यदि मे भगवान् प्रसन्नः, किमतः परमहमिच्छामि ।

(भरतवाक्यम्)

भवन्त्वरजसो गावः परचक्रं प्रशाम्यतु ।
इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ ३५ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

षष्ठोऽङ्कः

अभिषेकनाटकं समाप्तम् ।

भवन्त्विति—गावः अस्माकमिन्द्रियाणि अरजसः निवृत्तरजोगुणाः सत्त्वभूयिष्ठा भवन्तु, परचक्रं शत्रुमण्डलम् प्रशाम्यतु, इमाम् कृत्स्नामपि महीं पृथ्वीं नः राजा सिंह इव राजसिंहः प्रशास्तु पालयतु ॥ ३५ ॥

यो जातो धरणीसुरान्वयसरो हंसात्प्रसर्पद्यशो-
ज्योत्स्नाद्योतितदिङ्मुखान्मधुरिपुध्यानैकबद्धाशयात् ।
मिश्राख्यान्मधुसूदनाज्जयमणौ सीमन्तिनीनां मणौ
तस्य श्रीयुतरामचन्द्रसुधियो व्याख्याप्रसिद्ध्यादियम् ॥

इतिमुजफ्फरपुरमण्डलान्तर्गतपकड़ीग्रामवासिना धर्मसमाजसंस्कृत-महाविद्यालये साहित्याध्यापकेन व्याकरणवेदान्तसाहित्याचार्याद्युपाधिप्रसाधिना मैथिल-पण्डितश्रीरामचन्द्रमिश्रशर्मणा विरचितायामभिषेकनाटकस्य प्रकाशाभिधायां षष्ठाङ्कप्रकाशः

अग्नि—भद्रमुख, इसके अतिरिक्त आपका क्या प्रिय करूँ ?

राम—आप यदि मुझ पर प्रसन्न हैं, तो इससे अधिक मैं क्या चाहूँगा ।

(भरत वाक्य)

हमारी इन्द्रियाँ रजोविकार रहित हों, शत्रुमण्डल का शमन हो, और इस समस्त पृथ्वी का हमारे राजसिंह शासन करें ॥ ३५ ॥

(सभी का प्रस्थान)

षष्ठ अङ्क समाप्त

समाप्तश्चायं ग्रन्थः

श्लोकानुक्रमणिका

—:‌ॐ:—

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

५६

भासनाटकचक्रे

बालचरितम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

श्री पं० रामजीमिश्रः एम० ए०

(रिसर्चस्कालर, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९७२

THE
VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA
56

BĀLACHARITA

OF

MAHĀKAVI BHĀSA

Edited with

'Prakāśa' Sanskrit Hindī Commentaries

By

Pt. RĀMAJĪ MĪSHRA M. A.

THE
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI-1
1972

प्राक्कथन

भगवान् कृष्ण का चरित्र स्वयं अपने में पूर्ण एवं रसमय है। 'यो यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' की समर्थ घोषणा वास्तव में भगवान् कृष्ण ही कर सकते थे क्योंकि शृङ्गारी कवियों के लिए उनका नाम, रूप, लीला और धाम सब रसमय है। वीर-रस के कवियों ने उनके चरित्र में वीर, भयानक, अद्भुत और हास्य के अनुपम एवं पर्याप्त स्थल प्राप्त किये हैं। शान्त एवं करुण रस के समर्थ कवियों के लिये भी कृष्ण का चरित्र पर्याप्त है। महाकवि भास ने उनके वीरता एवं अद्भुत कर्मों से पूर्ण 'बाल-चरित' का ओजस्विनी भाषा में चित्रण किया है।

प्रस्तुत पुस्तक की भूमिका को दो भागों में बांटा जा सकता है। पहला कवि-परिचय, दूसरा ग्रन्थ-परिचय। मूल पुस्तक की हिन्दी और संस्कृत टीकाएँ सामान्य विद्यार्थियों के बुद्धि-वैभव को दृष्टि में रखकर की गई हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ को इस रूप में उपस्थित करने का श्रेय मेरे पूज्य व्याकरणाचार्य पण्डित मङ्गलदत्त जी त्रिपाठी एवं अनुज आयुष्मान् श्याम जी मिश्र को है। पहले की सहायता के बिना इसका परिमार्जन नहीं हो सकता था और दूसरे की सहायता के बिना शुद्ध पाण्डुलिपि इतनी जल्दी तैयार न हो सकती थी। एक की कृपा के लिये उन्हें धन्यवाद और दूसरे की मनोयोग पूर्ण तत्परता के लिये आशीर्वाद है।

डॉ० भोलाशंकर व्यास ने समय-समय पर जिस आत्मीयता से मुझे उपयोगी सुझाव दिये हैं इसके लिये मैं उनके प्रति आभार-नत हूँ। अन्त में मैं उन अनेक विद्वानों को धन्यवाद देता हूँ जिनकी रचनाओं ने मेरा कार्य सुगम किया है। इस कार्य काल में निश्चिन्तता पूर्वक काशी-निवास की सुविधा प्रदान करने के लिये अपने अग्रज पूज्य श्री लालजी मिश्र का आभार प्रदर्शन किस रूप में करूँ समझ नहीं पाता।

रामजी मिश्र

महाकवि भास

संस्कृत वाङ्मय का भण्डार भास ने लालित्यपूर्ण सफल नाटकों से सम्पन्न किया। मानवीय भावनाओं का जैसा सफल चित्रण हमें भास के नाटकों में मिलता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। महाकवि अश्वघोष और कालिदास से भास किसी भी क्षेत्र में न्यून नहीं दृष्टिगोचर होते। श्री सुशीलकुमार डे ने जो कहा है कि अश्वघोष के नाटकों को पढ़ने के बाद जब हम कालिदास के नाटकों को पढ़ते हैं तो हमें काफी ऊँची भावभूमि पर आना पड़ता है, रचनाविधान की दृष्टि से भी पर्याप्त सौष्ठव मिलता है। सहसा इतनी अधिक प्रगति पाकर हमें आश्चर्य होता है, पर जब हम भास की कृतियों का आस्वादन कर लेते हैं तो विकासक्रम हमें बिलकुल स्वाभाविक प्रतीत होता है। अतः हमने महाकवि भास को अश्वघोष और कालिदास के बीच की कड़ी माना है।

भास को साहित्य-जगत् में पुनः प्रतिष्ठित करने का श्रेय महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को है। इन्होंने सन् १९१२ ई० में अनन्तशयन ग्रन्थमाला (त्रिवेन्द्रम्) से भास के स्वप्नवासवदत्तम् आदि १३ नाटकों का बड़ा ही प्रामाणिक प्रकाशन कराया। साहित्य-समीक्षकों और सहृदयों के मन में 'निधिविषये जिज्ञासा' खूब बढ़ी और भास के विषय में सर्वांगीण गवेषणाओं का श्रीगणेश हुआ। ये सब नाटक अपनी रचना-पद्धति, भाषाशैली एवं रसवत्ता की दृष्टि से बेजोड़ हैं, इसे मानने में किसी को भी आपत्ति नहीं, पर सब नाटक एक ही कवि की कृति हैं या नहीं इस पर विद्वानों में बड़ा मतभेद है। इतने बड़े कवि के जन्मकाल की समस्या तो अनेक ऊहापोह के बाद भी अभी सुलझी नहीं।

प्राचीन महाकवियों की भाँति भास ने भी अपनी रचनाओं में अपनी चर्चा नहीं की है। जिस प्रकार कविकुलगुरु कालिदास के विषय में अनेक पाश्चात्य और पूर्वीय विद्वानों के परस्पर विरुद्ध मत हैं उसी प्रकार भास के विषय में भी पाये जाते हैं। उन सभी मतमतान्तरों का मन्थन कर श्री पुसालकर जी ने निम्नलिखित तालिका बनाई है[1]—

---

१. देखिये—पुसालकर—Bhasa : A Study पृष्ठ ६१ की टिप्पणी।

विद्वान्	समय
भिडे, दीक्षितार, गणपति शास्त्री, हरप्रसाद शास्त्री, धुपेरकर, किरत और टक्के	६ठी से ४थी शताब्दी ई० पू०
जागीरदार, कुलकर्णी, गोखलेकर, चौधुरी, ध्रुव एवं जायसवाल	३री शताब्दी ई० पू०
कोनो, लिण्डेन्यू, मन्ट्रप, सौली, एवं वेलर	२री शताब्दी ई०
बनर्जी शास्त्री, भण्डारकर, जैकोबी, जौली एवं कीथ	३री शताब्दी ई०
लेस्नी और विन्टरनित्ज़	४थी शताब्दी ई०
शंकर	५ वीं या ६ ठी शताब्दी ई०
बार्नेट, देवधर, हीरानन्द शास्त्री, तिलकर, पिशरोटी और सरस्वती	७ वीं शताब्दी ई०
काणे और कुन्हनराजा	९ वीं शताब्दी ई०
रामावतार शर्मा	१० वीं शताब्दी ई०
रेड्डी शास्त्री	११ वीं शताब्दी ई०

उपर्युक्त मतों को तीन भागों में बाँट कर उनकी प्रामाणिकता पर विचार करने में सुविधा होगी। इन्हें यों रखा जा सकता है—

प्रथम मत—

(चतुर्थ-पंचम शताब्दी ई० पू०)—महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री, दीक्षितार आदि के अनुसार महाकवि भास पाणिनि और कौटिल्य से भी अधिक प्राचीन ठहरते हैं। कौटिल्य ने युद्ध-क्षेत्र में शूरों के उत्साहवर्द्धन के लिए जिन श्लोकों का उद्धरण दिया है उनमें से एक श्लोक भासकृत 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' में उपलब्ध है।[1] भास के 'प्रतिमानाटक' में भी महापण्डित रावण ने स्वयं अपने को बृहस्पति-अर्थशास्त्र का ज्ञाता कहा है।[2] इससे भी यह सिद्ध होता है कि भास के समय में कौटिल्य के प्रसिद्ध अर्थशास्त्र का प्रणयन नहीं हुआ था।

---

१. नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं च गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्॥
(अर्थशास्त्र, १०।३ पृ० ३६७–३६८) तथा प्रतिज्ञा ४।२

२. 'भोः काश्यपगोत्रोऽस्मि। साङ्गोपाङ्गं वेदमधीये, मानवीयं धर्मशास्त्रं, माहेश्वरं योगशास्त्रं बार्हस्पत्यमर्थशास्त्रं, मेधातिथेर्न्यायशास्त्रं, प्राचेतसं श्राद्धकल्पं च॥'
प्रतिमा, अंक ५

पाणिनीय व्याकरण के नियमों की व्यवस्था भास के ग्रन्थों में नहीं पाई जाती। इससे यह सिद्ध होता है कि भास पाणिनि से पूर्ववर्ती अवश्य थे।

विन्सेन्ट ए० स्मिथ के मतानुसार ई० पू० २२० से १९७ तक शूद्रक का शासन था जिसके 'मृच्छकटिक' पर 'दरिद्र चारुदत्त' का स्पष्ट प्रभाव माना जाता है।[1] अतः अपने 'दरिद्र चारुदत्त' की रचना भास ने संभवतः ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी में की होगी।

भास के ऐतिहासिक नाटकों में जिन तीन राजाओं की कथा का आश्रय लिया गया है उनमें १. कौशाम्बी के राजा उदयन, २. उज्जैन के राजा प्रद्योत और ३. मगध के राजा दर्शक के नाम उल्लेख्य हैं और इनका शासन-काल छठी शताब्दी ई० पू० के बाद नहीं माना जा सकता।[2] इसके भी पूर्व रामायण और महाभारत की रचना हुई होगी।

महाकवि ने जिस नागवन, वेणुवन, राजगृह और पाटलिपुत्र का उल्लेख किया है इन सबने बुद्ध के समय में ही प्रसिद्धि प्राप्त की होगी। अतः कवि का समय बुद्ध के बाद ही माना जा सकता है। इससे डा० गणपति शास्त्री की यह मान्यता खण्डित होती है कि भास बुद्ध-पूर्व स्थित थे। इनके नाटकों में जिस समाज का चित्रण है वह अनेक प्रमाणों से भास को एक निश्चित समय में स्थित सिद्ध करता है। श्री ए० डी० पुशलकर ने सामाजिक स्थिति के विस्तृत विवेचन के द्वारा भास का समय ई० पू० पाँचवीं या चौथी शताब्दी निश्चित किया है,[3] जिसमें मुझे भी पर्याप्त तथ्य मिलता है।

द्वितीय मत—

(ईसा की द्वितीय-तृतीय शताब्दी)—डा० कीथ के अनुसार भास की अन्तिम तिथि-सीमा ३५० ई० हो सकती है क्योंकि कालिदास ने इसके पश्चात् चौथी शताब्दी में इनके यश का वर्णन किया है अर्थात् ये तब तक प्रथितयश हो चुके थे।[4] अश्वघोष ने इनकी कहीं चर्चा नहीं की है और न इनका कोई

---

१. देखिए—पुशलकर–Bhasa : A Study, अध्याय ६

२. देखिए विन्सेन्ट स्मिथ कृत 'Early History of India' पृ० ३८, ३९, ५१।

३. देखिए ए० डी० पुशलकर कृत 'Bhasa : A Study' पृ० ६७–६८।

४. "It is difficult to arrive at any precipe determination of Bhasa's date. That Kalidas knew his fame as firmly established is clear, and, if we may fairly safely date Kalidas about A. D. 400, this gives us a period of not later than A. D. 350 for Bhasa."

(The Sanskrit drama, Page 93. 1954.)

प्रभाव ही उन पर दृष्टिगत होता है पर इनके 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्' में 'बुद्धि-चरित' के एक श्लोक की स्पष्ट छाया मिलती है[1]। इसलिए यह सिद्ध होता है कि भास अधिक से अधिक द्वितीय शताब्दी (अश्वघोष) के बाद और कम से कम पाँचवीं शताब्दी (कालिदास) से पूर्व अवश्य रहे होंगे। अब भास कालिदास के अधिक निकट हैं या अश्वघोष के, यह एक प्रश्न है, जिसके उत्तर में डा० कीथ ने इन्हें कालिदास के अधिक निकट माना है।[2]

भास महाभारत या कृष्ण से सम्बद्ध कथावस्तुओं के निर्वाह में जैसे तल्लीन और सफल हुए हैं वैसे अन्यत्र नहीं, संभवतः क्षत्रप राजाओं के आश्रित होने से ही उन्होंने यह प्रभाव ग्रहण किया हो जो कि परम कृष्णभक्त थे। इन क्षत्रपों का राज्य-काल स्टेनकोनो के मतानुसार दूसरी शताब्दी ईस्वी ठहरता है और भास इसी समय वर्तमान माने जाते हैं।

तृतीय मत—

(सातवीं शताब्दी)—भास के नाटकों का समय सातवीं शताब्दी ईस्वी मानने वालों में डा० बार्नेट प्रमुख हैं। बार्नेट ने 'नाटकचक्र' के कर्त्ता महाकवि भास नहीं है अपितु कोई केरलीय कवि है जो ईसा की सातवीं शताब्दी में वर्तमान था ऐसा सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त भास के भरतवाक्यों में जिस राजसिंह का उल्लेख है उसे वे केरल का कोई राजा मानते हैं पर स्टेनकोनो ने इसे क्षत्रप रुद्रसिंह प्रथम, ध्रुव ने शुंग पुष्यमित्र तथा दूसरों ने अन्य किसी राजा का विशेषण माना है। पुशलकर ने इसे विन्ध्य और हिमवत् तक फैले हुए उत्तरी भारत पर एकच्छत्र राज्य करने वाले प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्त को मानकर अपने मत की पुष्टि की है।[3]

सिद्धान्त मत—

अन्ततोगत्वा भास के नाटकों का अन्तःपरीक्षण एवं बहिःपरीक्षण करके यह सिद्ध किया जा सकता है कि कवि मौर्यकाल के पूर्व वर्तमान था क्योंकि इन्होंने भी कहीं अपनी रचनाओं में अपना नामोल्लेख नहीं किया है। भरतवाक्यों को दृष्टि में रखते हुए भास की स्थिति उग्रसेन महापद्मनन्द (चन्द्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी) के समय में मानी जा सकती है।

---

१. दे० बुद्धचरित सर्ग १३ श्लोक ६० ।

२. देखिए 'The Sanskrit drama'—A. B. Keith p. 95.

३. देखिए पुशलकर—'Bhasa : A Study' पृ० ६९ ।

जैसे कालिदास, शूद्रक और कौटिल्य का समय असंदिग्ध है वैसे ही भास को अश्वघोष के पहले रखा जाय या पश्चात् यह भी एक समस्या है। भास को सब प्रकार से मौर्यकाल के पूर्व सिद्ध किया जाता है तथा कौटिल्य (४थी शताब्दी ई० पू०) के पश्चात् इन्हें किसी प्रकार नहीं लाया जा सकता।[१]

कर्तृत्व—

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित 'नाटकचक्र' के सम्पूर्ण नाटकों के कर्ता महाकवि भास ही हैं या कुछ अन्य कवि की भी कृतियाँ इसमें जोड़ी गई हैं[२] यह अब तक निश्चित नहीं हो सका है। अधिकांश विद्वान् अब डा० गणपति शास्त्री से सहमत हो गये हैं, जैसे डा० कीथ, डा० थामस, डा० सरूप, प्रो० परांजपे और प्रो० देवधर आदि। प्रो० जागीरदार ने स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् एवं पंचरात्र को भास की कृति मानकर शेष नाटकों को दो भागों में विभक्त करके भिन्न-भिन्न काल की रचनाएँ मानी हैं। डा० विंटरनित्स और डा० सुक्थनकर ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्' को भास की कृतियाँ माना है, शेष के बारे में कोई निश्चित मत नहीं व्यक्त किया है।

धर्म—

प्रो० विंटरनित्स ने इनके नाटकों को ब्राह्मण-धर्म का पोषक माना है, क्योंकि भास के नाटकों में ब्राह्मणों के प्रति बड़ी श्रद्धा दिखाई गई है।[३] इन्हीं प्रमाणों के आधार पर डा० व्यास ने अपना मत व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भास के समय तक ब्राह्मण-धर्म का पुनरुत्थान हो चुका था।[४]

इन नाटकों के कर्ता के प्रमाणस्वरूप हमें इनके अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्य पर विचार करना आवश्यक है।

अन्तःसाक्ष्य—

(रचना-विधान में साम्य)—

१. नांदीपाठ के स्थल पर मंगलपाठ का विधान तथा सूत्रधार के द्वारा नाटकों का प्रारम्भ ('नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः')।

---

१. देखिए पुसालकर—'Bhasa : A Study' पृ० ७३–८१।

२. इस विषय में बार्नेट का मत पृष्ठ ४ के 'तृतीय मत' में देखिये।

३. 'द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्' मध्य० २१०, 'ब्राह्मणवचनमिति न मयाति-क्रान्तपूर्वम्' कर्णभारम् १।२३, बालचरित २।११ आदि।

४. डा० भोलाशंकर व्यास : 'संस्कृत कवि दर्शन' पृ० २२०।

२. 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' का सर्वत्र प्रयोग।

३. प्ररोचना का अभाव।

४. तेरह नाटकों में से पाँच नाटकों के प्रथम श्लोकों में मुद्रालंकार (देवता की स्तुति के साथ-साथ पात्रों का भी नामोल्लेख तथा कथानक की ओर भी हल्का संकेत) पाया जाता है।

५. भरतवाक्य में 'राजसिंह' का नामोल्लेख।[1] (केवल चारुदत्त और दूत-घटोत्कच में भरतवाक्य का विधान नहीं है।)

६. सब नाटकों की भूमिका अल्प तथा प्रारम्भिक वाक्य एक से हैं।[2] (केवल 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्', 'चारुदत्त', 'अविमारक' और 'प्रतिमा' में कुछ भेद है।)

७. कंचुकी और प्रतिहारी (बादरायण और विजया) का नाम अनेक नाटकों में दुहराया गया है।

८. अनेक नाटकों में (नाटकीय व्यंग्य) 'पताकास्थान' का प्रयोग।

९. कई वाक्यों का समान रूप से अनेक नाटकों में प्रयोग।

१०. नाटकों की संस्कृत का विशुद्ध-पाणिनीय-व्याकरण-सम्मत न होना।

११. भरत-प्रतिपादित नाट्यशास्त्रीय विधि-निषेधों का उल्लङ्घन इनके प्रायः सभी नाटकों में पाया जाता है, जैसे (क) दशरथ की मृत्यु 'प्रतिमा' और बालि की 'अभिषेक' में तथा दुर्योधन की मृत्यु 'उरुभंग' में प्रदर्शित है। (ख) चाणूर, मुष्टिक और कंस का वध। (ग) कृष्ण और अरिष्ट के घोर युद्ध का दृश्य 'बालचरित' में। (घ) क्रीडा और शयन का विधान 'स्वप्नवासवदत्तम्' में। (ङ) दूर से जोर से पुकारने का वर्णन 'पंचरात्र' और 'मध्यमव्यायोग' में।

१२. कथानकों का साम्य।

१३. युद्ध की सूचना इन्होंने भटों, ब्राह्मणों आदि से अधिकांश नाटकों में दिलाई है।

१४. किसी उच्च पदाधिकारी जैसे राजा, राजकुमार या मन्त्री के आगमन की सूचना 'उस्सरह-उस्सरह। अय्या! उस्सरह' आदि के द्वारा दी गई है। स्वप्न-वासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, प्रतिमा आदि में इसके पर्याप्त उदाहरण हैं।

---

१. 'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥'

२. 'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किन्नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।'

१५. किसी विशिष्ट घटना की सूचना के लिए 'निवेद्यतां निवेद्यतां महाराजाय' इत्यादि का विधान पंचरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में किया गया है।

१६. एक की मुख-मुद्रा को ही देखकर उसके आन्तरिक भावों का परिज्ञान इनके एकाधिक नाटकों—जैसे प्रतिमा, अविमारक, अभिषेक आदि—में कराया गया है।

भावों में साम्य—भावों की एकता तो प्रत्येक नाटक में पाई जाती है। कुछ विशेष भावसाम्य का नीचे उल्लेख किया जाता है :—

१. कवि ने वीर के स्वाभाविक शस्त्र उसके हाथों को ही सिद्ध किया है जिसके उदाहरण बालचरित, मध्यमव्यायोग, पञ्चरात्र, अविमारक आदि में पाए जाते हैं।

२. नारद की अवतारणा कलहप्रिय और स्वरसाधक के रूप में सर्वत्र की गई है।[1]

३. अर्जुन की वीरता का वर्णन दूतवाक्य (श्लो० ३२-३३), दूतघटोत्कच (श्लो० २२) और ऊरुभंग (श्लो० १४) में किया गया है।

४. राजाओं का शरीर से मरकर भी यशःशरीर से चिरकाल तक जीवित रहने का विचार 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' (पञ्चरात्र श्लो० १, २३) तथा 'हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते' (कर्ण० श्लो० १७) में वर्णित है।

५. लक्ष्मी केवल साहसी के पास रहती है और संतोष नहीं धारण करती। ऐसा वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

अन्त में कतिपय अन्य साम्यों को भी परिगणित करते हुए यह सिद्ध किया जाता है कि अन्तःसाक्ष्य के आधार पर तेरहों नाटक एक ही कवि की प्रतिभा से प्रसूत हैं—

१. पताकास्थानकों और नाटकीय व्यंग्यों में काफी समता।

२. समान नाटकीय स्थितियाँ।

३. समान नाटकीय दृश्य।

४. समान अप्रस्तुत विधान।

---

१. तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके। (अविमारक ४।२)
तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामिम। (बाल० १।४)

५. समान वाक्यविन्यास और कथोपकथन।[1]
६. समान छन्द एवं अलंकारविधान।
७. समान नाटकीय पात्रों के नाम।
८. समान सामाजिक व्यवस्था का चित्रण।

बहि:साक्ष्य—

अनेक आचार्यों ने इनके नाटकों के उल्लेख और गद्यांशों या पद्यांशों के उद्धरण अपने ग्रन्थों में दिए हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि ये नाटक महाकविभास-रचित ही हैं। यहाँ कतिपय आचार्यों एवं कवियों का साक्ष्य दिया जाता है—

१. आचार्य अभिनवगुप्तपाद (१० वीं शती) ने नाट्यशास्त्र पर टीका करते हुए क्रीडा के उदाहरण में स्वप्नवासवदत्तम् का उल्लेख किया है—

'क्वचित् क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

२. भोजदेव (११ वीं शती) के 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ते पद्मावती-मस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'……आदि का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

३. शारदातनय (१२ वीं शती) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक की व्याख्या करते हुए पूरा स्वप्नवासवदत्तम् का कथानक उद्धृत किया है।

४. सर्वानन्द (१२ वीं शती) ने 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में शृङ्गार के भेद करते हुए धर्म, अर्थ और काम की गणना की है। इसी में अर्थ के उदाहरणस्वरूप उदयन और वासवदत्ता के विवाह का वर्णन किया है।

५. रामचन्द्र और गुणचन्द्र (१२ वीं शती का उत्तरार्द्ध) के 'नाट्यदर्पण' में उद्धृत—'यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः' ……आदि से स्वप्नवासवदत्तम् का भासकृत होना स्पष्ट सिद्ध है।

६. राजशेखर ने सूक्तिमुक्तावली में स्पष्ट ही घोषित किया है—

भासनाटकचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

इस प्रकार राजशेखर ने पूरे नाटकचक्र में से स्वप्नवासवदत्तम् को तो अग्नि-परीक्षा के द्वारा भी भासकृत सिद्ध किया है।

---

१. देखिए डा० सुकथन्कर का (भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट के १९२३ के वार्षिक विवरण के परिशिष्टांक में प्रकाशित) 'Studies in Bhasa, iv' में 'Recurrence and Parallelisms' की सूची।

२. देखिए—पुशलकर 'Bhasa : A stndy' पृ० ५-२१।

७. बाणभट्ट द्वारा उल्लिखित विशेषताओं को कसौटी मानकर भास के नाटकों की यदि परीक्षा की जाय तो बड़ी सरलता से नाटकचक्र के नाटकों का रचयिता भास घोषित किया जा सकता है।[१]

८. वाक्पतिराज (८ वीं शती) ने गउडवहो (५, ८००) में भास को 'अग्निमित्र' कहा है। इस विशेषण को दृष्टिपथ में रखकर डा० विंटरनित्ज, डा० बनर्जी शास्त्री और प्रो० घटक आदि ने भास के नाटकों को प्रमाणित सिद्ध किया है।

९. जयदेव (१२ वीं शती) ने प्रसन्नराघव की प्रस्तावना में भास के काव्य की मुख्य विशेषता हास मानी है।[२] इसके उदाहरण 'प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्', 'प्रतिमा' और 'मध्यमव्यायोग' में पाए जाते हैं।

१०. दण्डी ने 'अवन्तिसुन्दरीकथा' में भास के काव्यगुणों का वर्णन करते हुए बताया है कि—(१) मुख-प्रतिमुख सन्धियाँ इनके काव्यों में स्पष्ट लक्षित होती हैं तथा (२) अनेक वृत्तियों के द्वारा इन्होंने अपने काव्य में विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति की है।[३]

इस प्रकार बाह्य साक्ष्यों में बाण, वाक्पति, जयदेव और दण्डी के द्वारा निर्दिष्ट विशेषताओं पर ध्यान देने से यह निश्चित हो जाता है कि त्रिवेन्द्रम् में सम्पादित भास-नाटकचक्र के सभी नाटक भास की प्रामाणिक कृतियाँ हैं।

भास के तेरह नाटकों को कथावस्तु के आधार पर यों बांट सकते हैं—

उदयन-कथा—

१. इन ऐतिहासिक नाटकों के प्रणयन में कवि को गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' से पर्याप्त सहायता मिली होगी ऐसी डा० कीथ की मान्यता है।[४] पर भास के नाटकों में वर्णित घटनाएँ अधिक सत्य और गम्भीर हैं जब कि कथासारित्सागर

---

१. विशेष देखिए—पुशल्कर—Bhasa A Study, पृ० ३७।४२

२. भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ... ।
... ...
केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय ॥ (प्रस्तावना, प्रसन्नराघव)

३. सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥ ११ ॥

४. देखिए—कीथ-कृत संस्कृत ड्रामा, पृ० १०० ।

आदि में केवल सामान्य उल्लेख मात्र है। इसलिए उदयन की कथाओं के लिए भास पर अधिक विश्वास किया जाता है अपेक्षाकृत उक्त दो ग्रंथों के।[1]

महाभारत-कथा—

२. महाकवि भास ने महाभारत के कथानकसूत्रों को लेकर मनोरम कल्पना का उसमें सम्मिश्रण करके उसे नाटकीय परिधान दिया है। कई नाटकीय परिस्थितियां कवि की मौलिक प्रतिभा की प्रतीक हैं। इन्होंने कई नाटकों के पात्रों के चरित्र भी अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार परिवर्तित कर लिए हैं जैसे दुर्योधन, कर्ण, हिडिम्बा, घटोत्कच आदि के।

कृष्ण-कथा—

३. कृष्णकथा पर आधारित 'बालचरित' का मूल स्रोत डा० स्वरूप और डा० ध्रुव ने हरिवंशपुराण को माना है पर उसे मानने पर भास का समय ४थी शती ईस्वी मानना होगा जो कि उचित नहीं, अतः डा० वेबर का ही मत ग्राह्य मालूम होता है। उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि इस नाटक में कृष्ण का आरम्भिक काल का रूप चित्रित है। डा० कीथ ने विष्णुपुराण और भागवत पुराण से भी पूर्व बालचरित की रचना मानी है।

राम-कथा—

४. 'प्रतीमा' की कथावस्तु का मूल आधार वाल्मीकीय रामायण के द्वितीय-तृतीय स्कन्ध हैं जिनसे कवि ने कोरा कथानक लिया है। उसकी साज-सज्जा में कवि ने अपनी मौलिक प्रतिभा का विनियोग किया है। इनके चरित्र रामायण की अपेक्षा अधिक उदात्त और भावोद्बोधक हैं। 'अभिषेक' नाटक के लिए कवि ने किष्किन्धा, सुन्दर और युद्ध काण्डों से सामग्री-संचयन किया है।

लोक-कथा—

५. (मौलिक कल्पना)—चारुदत्त के लिए किसी निश्चित स्रोत का पता नहीं चलता। एक वेश्या का निर्धन वणिक्प्रेम तो लोक-कथा के रूप में बहुत समय से प्रचलित था। वैसे कवि की मौलिक कल्पना भी हो सकती है। यों तो जातक की 'सुन्दरी-कथा' को संभावित स्रोत माना जाता है और इसकी बहुत कुछ

---

१. 'Bhasa' treats the incident in a more realistic and serions fashion than does the light-hearted account of the Kathasaritsagar and herein he is probably more faithful to the Udayana legends.'

J. A. O. S. 43 page 169.

११. अविमारक—

छः अंक हैं। राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरंगी का राजकुमार अविमारक से प्रणय एवं विवाह वर्णित है। अविमारक का संकेत कामसूत्रों में है अतः इसे लोककथानक कह सकते हैं।

१२. चारुदत्त—

चार अंकों का एक 'प्रकरण' है। शूद्रक के प्रसिद्ध 'मृच्छकटिक' नाटक का इसे आधार माना जाता है। इस अधूरे नाटक में निर्धन पर सदाचारी ब्राह्मण चारुदत्त तथा गुणवती वेश्या वसन्तसेना का प्रणय वर्णित है। वृहत्कथा में वेश्या-ब्राह्मण के प्रेम पर आधारित कई कहानियाँ हैं, बाद में वे लोककथाओं के रूप में प्रचलित हो गईं, अतएव इस नाटक का भी आधार यही लोककथाएँ मानी जा सकती हैं।

१३. बालचरित—

यह एक पौराणिक नाटक पाँच अंकों का है। इसका उपजीव्य हरिवंश पुराण माना जाता है। इसमें कृष्ण-जन्म से कंसवध तक की कथाएँ वर्णित हैं।

नाटकों की सामान्य विशेषताएँ—

भास के पात्र चाहे स्त्री हों या पुरुष सामान्य भूमिका पर ही सर्वदा दृष्टिगत होते हैं। उन्हें हम कल्पनालोक के प्राणी नहीं कह सकते जिनमें वायवीय तत्वों के कारण कुछ अलौकिकता या अस्वाभाविकता आ गई हो। यही कारण है कि श्रोता या पाठक इनके नाटकों को देखते-सुनते पात्रों के साथ पूरी सहानुभूति प्रकट करता है एवं अपनी भावनाओं की मानसिक क्रिया-प्रतिक्रियाओं को उनमें बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव से पाता है। देवगुणसम्पन्न पात्र जैसे राम, सीता, लक्ष्मण आदि में भी हम मानवीय भावों की ही झलक पाते हैं। उनके विचारों और क्रियाओं में कहीं भी असाधारणता नहीं आने पाई है।

जहाँ तक पात्रों के मनोवैज्ञानिक चरित्र-विकास का प्रश्न है हम भास को बिल्कुल आधुनिक युग के नाटककारों के साथ पाते हैं। श्री मीरवर्च ने भास के इस गुण की बड़ी प्रशंसा की है।[१]

इन्होंने अपने नाटकों में जितने पात्रों का विनियोजन किया है सभी सार्थक हैं और सबका अपने अपने स्थान पर एक विशेष महत्व है। कवि ने

---

१. '...in psychological subtlety Bhasa is almost modern.'

J, A, S, B, 1917 p, 278

व्यक्तिवैचित्र्य पर सर्वथा ध्यान दिया है और यही कारण है कि एक वर्ग के प्रतीक के रूप की अपेक्षा व्यक्तिगत विशेषताओं से युक्त पात्र हमारे सामने आते हैं।

महाभारत-कथा पर आधारित नाटकों के चरित्र-चित्रण में यद्यपि कवि को स्वतन्त्रता नहीं थी, फिर भी कर्ण और दुर्योधन का चरित्र हमारे हृदय में उदात्त भावनाओं को उत्पन्न करने में समर्थ है और इस प्रकार सहज ही वे सहानुभूति के पात्र बनते हैं।

लोककथाओं पर आश्रित नाटकों में कवि को कल्पना की रंगीनी का विनियोग करने की काफी छूट थी फिर भी उनमें अस्वाभाविकता नहीं है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि भास के पात्र कालिदास और बाण की भाँति न तो रोमांटिक और कल्पनाप्रवण हैं, न भवभूति की भाँति काव्यात्मक और भावुक और न भट्टनारायण की भाँति अति ओजस्वी, न श्रीहर्ष की भाँति अति काल्पनिक और न शूद्रक की भाँति हास्यप्रधान और अति-यथार्थ ही हैं।

नाट्यकला—

नाटककार भास ने अपने नाटकों की विषयवस्तु का चुनाव बड़ी बुद्धिमानी और कुशलता से किया है। इनकी भाषा में प्रसाद और माधुर्य के साथ यथा-अवसर ओजगुण की भी प्रधानता पाई जाती है। घटनाओं का विधान अत्यन्त स्वाभाविक होते हुए भी प्रभावोत्पादक और कौतूहलपूर्ण है। पात्रों के चरित्रचित्रण में व्यक्ति-वैचित्र्य के द्वारा सजीवता ला देना भास का प्रिय कौशल है। वाक्य सरल, चुटीले और भावोत्तेजक होने के कारण कथोपकथन के स्थलों पर विशेष नाटकीयता ला देते हैं। घटनाओं का निश्चित लक्ष्य की ओर उत्तरोत्तर बढ़कर प्रभावान्वित करना तथा अन्तर्द्वन्द्व और घात-प्रतिघातों में पड़े हुए पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उद्घाटन करना इनके नाटकों का मुख्य गुण है। इनके नाटक अपने युगधर्म और सांस्कृतिक तथा सामाजिक गति-विधियों के प्रतिनिधि माने जाते हैं।

इनके नाटकों को देखने से पता चलता है कि रामचरित्र से सम्बद्ध नाटकों में न तो वह रसवत्ता ही पाई जाती है और न चरित्रों का चित्रण ही उतना प्रभावपूर्ण हो सका है जितना कि एक रससिद्ध नाटककार के लिए अपेक्षित है। महाभारत या कृष्णचरित्र से सम्बन्ध रखने वाले कथानकों में नाटककार की भावनाएँ अधिक उदात्त हैं और रसानुकूल घटना-विधान का नियोजन किया गया है, अतः ये नाटक मध्यम श्रेणी में आते हैं। तीसरी स्थिति उन नाटकों की है जो उदयन-कथा पर आधारित हैं। इन्हें हम कवि की सर्वोत्कृष्ट रचनाएँ मान सकते हैं तथा इनमें नाटककार या कवि पाठकों

या दर्शकों को भावमग्न करने में अधिक सफल हुआ है । प्रणय जैसे व्यापक विषय को लेकर कवि ने बड़ी सफलता से मानव-मन की भावनाओं का रंगीन चित्रण किया है । महाकवि भास आदर्शवादी नाटककार के रूप में हमारे सामने आते हैं । उन्होंने सामाजिक और पारिवारिक आदर्शों का निर्वाह बड़ी मनोरमता से किया है । नाटकीय व्यंग्य से दर्शक या पाठक के कौतूहल का पूर्ण वर्द्धन हुआ है । 'प्रतिज्ञा' के द्वितीय अंक में वासवदत्ता के माता-पिता जब अपनी पुत्री के भावी पति के बारे में विचार करते हैं उसी समय कंचुकी का 'वत्सराज' कहना और बन्दी उदयन के आने का समाचार मिलना 'घटना-साहचर्य' का उज्जवल उदाहरण है । ऐसा ही 'अभिषेक' के पाँचवें अंक में सीता रावण-संवाद के सिलसिले में द्रष्टव्य है ।

भास के नाटक उस समय रचे गए जब कि नाटक-कला का पूर्ण विकास नहीं हो पाया था, इस कारण भी कुछ त्रुटियाँ इनके नाटकों में आ गई हैं । कहीं-कहीं 'निष्क्रम्य प्रविशति' आदि द्रुतगति वाले नाटकीय निर्देशों से अस्वाभाविक औपचारिकता सी आ गई है । कवि ने कथानक-सूत्रों के संघटन में कहीं-कहीं समय की अन्विति का ध्यान नहीं दिया है । कृष्ण के निर्जीव शस्त्रास्त्रों को मानवरूप में रंगमंच पर उपस्थित करके सारी स्वाभाविकता नष्ट कर दी गई है । नाट्यशास्त्र के द्वारा वर्जित दृश्यों (युद्ध मरणादि) को भी इन्होंने 'ऊरुभंग' आदि में सामाजिक के सम्मुख उपस्थित किया है । इनके नाटकों की अस्वाभाविकता का कारण अपरिचित पात्रों का रंगमंच पर सहसा उपस्थित होना भी है।[1] इसी प्रकार की त्रुटि 'स्वप्नवासवदत्तम्' में वासवदत्ता जली नहीं है, ऐसा कहकर बाद की घटनाओं को नीरस और सामान्य बना देने में है। सामाजिकों की सारी उत्कंठा और भविष्य के परिणाम की अनिश्चितता इस भावना के बद्धमूल होने पर समाप्तप्राय हो जाती है ।

कतिपय त्रुटियों के होते हुए भी भास की कला महान् है। उसमें प्रौढत्व न होने पर भी भाव-गांभीर्य और रमणीयता है। वीर रस के तो ये सफल नाटककार हैं ही पर मानव के मन का कोमल से कोमलतम पक्ष भी इनकी लेखनी के लिए अछूता नहीं। इन्होंने प्रणय, करुणा एवं विस्मय का बड़ा सुन्दर निर्वाह अपनी कृतियों में किया है ।

भास की शैली—

शैली की सारी विशेषताओं से विशिष्ट भास कवि की अभिव्यंजना बड़ी ही प्रभावोत्पादक है । प्रसाद और ओज के साथ-साथ माधुर्य की संयोजना सहृदयों

१. विशेष के लिए देखिए—पुशलकरः 'Bhasa' : A study, P. 102-4

को मुग्ध कर देती है। पूरे के पूरे नाटक पढ़ जाइए, कहीं भी दूरारूढ़ कल्पना, समासबहुलता या प्रवाह में अवरोध नहीं मिलेगा। इसे कुछ विद्वानों ने रामायण का प्रभाव माना है। इनकी शैली अलंकारों पर नहीं, भावनाओं के निखार पर गर्व करती है जिससे कृत्रिमता की जगह स्वाभाविकता आ गई है। सरलता से समझ में आने वाले उन अलंकारों का प्रयोग भास ने किया है जिनसे वस्तु-चित्र और भी स्पष्ट हो गए हैं। भावबोधन में जैसी सफलता इन्हें मिली, इनके पूर्ववर्ती किसी भी कवि को नहीं। इसका एकमात्र कारण इनकी सरल शैली और अद्‌भुत मनोवैज्ञानिक दृष्टि ही है। इनके काव्य को हम मानव-मन के अन्तस् की विभिन्न स्थितियों में होने वाली प्रतिक्रियाओं का संकलित-चित्र (एलबम) आसानी से कह सकते हैं। पिता की मृत्यु का कारण जान कर भरत के हार्दिक उद्गारों की मार्मिक अभिव्यञ्जना कवि ने एक ही लघु श्लोक में कर दी है—'तुम्हारी पुत्र के प्रति कितनी प्रगाढ़ ममता थी और हमारा भाई के प्रति यह ऐसा प्रेम है ?'[1] बात सीधी पर बड़ी मर्मस्पर्शिणी है। वे प्रकृति को मानवीय भावों के प्रतिबिम्ब-रूप में उपस्थित करते हैं। पाठक या दर्शक इन वर्णनों को सुनते ही भावमयता की उच्च भूमिका में पहुँच जाता और साधारणीकरण की स्थिति आ जाती है।[2]

भास के नाटकों में तुलसी के समान पारिवारिक एवं सामाजिक सम्बन्धों एवं आचारों का आदर्श उपस्थित किया गया है।[3]

भास ने लोकोक्तियों के द्वारा गागर में सागर भर दिया है।[4] भास के संश्लिष्ट चित्र नाटकों के कथानक में विशेष प्रभाव उत्पन्न कर देते हैं।[5]

---

१. अद्य खल्ववगच्छामि पित्रा मे दुष्करं कृतम् ।
कीदृशस्तनयस्नेहो भ्रातृस्नेहोऽयमीदृशः ॥ प्रतिमा ४।१२

२. देखिए—अविमारक ४।४, प्रतिमा २।७, तथा स्वप्नवासवदत्तम् ४।६

३. देखिए—सूर्य इव गतो रामः सूर्यं दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः ।
सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ॥ प्रतिमा २।७

तथा

गोपहीना यथा गावो विलयं यान्त्यपालिताः ।
एवं नृपतिहीना हि विलयं यान्ति वै प्रजाः ॥ प्रतिमा ३।२४

४. 'आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते ।' १९ । मध्यमव्यायोग ।
'दृष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेद्वने ।' ४४ । मध्यमव्यायोग ।

५. स्वप्न० १।१६ तथा प्रतिमा १।३ और १।१८

भूमिका

भारतीय नाटकों का विकास

भारतीय संस्कृति की तरह इसका नाट्य-साहित्य भी पुराना है। नाटकों का कब, कैसे और कहाँ प्रादुर्भाव हुआ; यह अभी तक निर्णीत नहीं हो सका है। कुछ भी हो हमारी नाट्य-परंपरा बहुत प्राचीन है इसे भारतीय और विदेशी भी एक स्वर से स्वीकार करते हैं।

यूरोपीय विद्वानों में मैक्समूलर को इस क्षेत्र में काफी सफलता मिली और धार्मिक अवगुण्ठन में छिपे हुए वेदों के संवाद-सूक्तों को पहली बार प्रकाश में लाने का सारा श्रेय एकमात्र मैक्समूलर को प्राप्त है। पिशेल आदि विद्वानों का कथन है कि ग्रन्थिको ने बाद में इनको प्रस्तुत रूप दिया जिसे देख कर यह लगता है कि इनमें नाटकीयता अधिक है। एक विदेशी विद्वान् का कथन है कि सामवेद में जो गद्य भाग जोड़े गये हैं वे सूक्तों के लिए कोई महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनके बिना ये सूक्त अपने अपने आप में पूर्ण और साहित्यिक-काव्य के सुन्दर नमूने हैं। उदाहरणार्थ पुरुरवा सूक्त लिया जा सकता है।

विंटरनित्ज़ महोदय का कथन है कि इन संवादों में कुछ तो पुराने आख्यान हैं और कुछ धार्मिक नाटक। इस प्रकार हम देखते हैं कि भारतीय नाटकों का आदि स्वरूप वेदों में सुरक्षित है किन्तु जितने भी विदेशी विद्वान् हैं उनके उतने ही मत और मतान्तर हैं। कुछ भी हो वेदों के इन संवाद-सूक्तों में हमें भारतीय नाट्य-परंपरा का आदि रूप प्राप्त हो जाता है।

अभिनय की परंपरा का सूत्रपात संभवतः यजुर्वेद के 'शैलूष' (वाजसनेयि-संहिता, ३०, ४) शब्द के प्रयोग से ही हुआ हो। सामवेद में गान-विद्या का आदि स्रोत प्राप्त ही होता है और उसी से गान-कला का विकास हुआ होगा। अनेक पर्वों के नृत्यों का आरंभ भी अथर्ववेद (१२, १४१) से माना जाता है। इस तरह अभिनय के सभी तत्व वेदों से लिये गये हैं और उन सबका मिलित रूप नाटक है। इसकी पुष्टि आचार्य भरत का निम्नलिखित श्लोक करता है—

जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि ॥ —नाट्यशास्त्र, १, १७।

संहिताओं और ब्राह्मणों का अध्ययन मेरे इस विचार की और भी पुष्टि करता है कि भारतीय नाटकों का विकास इनमें भी पर्याप्त मात्रा में हुआ है।

शतपथ ब्राह्मण में सोम-लता के क्रय-विक्रय का सुन्दर नाटकीय निरूपण हुआ है। क्रेता एक ब्राह्मण और विक्रेता एक शूद्र है। ब्राह्मण कम मूल्य देना चाहता है, शूद्र अधिक लेने को लालायित है, इसी प्रसंग को लेकर दोनों में संवाद होता है।

बृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य तथा उनकी दो पत्नियों कात्यायनी और मैत्रेयी का नाटकीय संवाद अपनी दार्शनिकता के कारण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

वैदिक काल का महाव्रत पर्व भी बड़ा ही नाटकीय होता था, ऐसा कई पाश्चात्य विद्वानों का मत है।

वेद, उपनिषद् और संहिताओं के बाद पाणिनि के समय तक नाट्यसाहित्य का पूर्ण विकास हो चुका था। शिलालि और कृशाश्व के नट-सूत्रों का प्रणयन हो चुका था क्योंकि पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में नट-सूत्रों का उल्लेख किया है। पतञ्जलि के महाभाष्य में नाटकों के पूर्ण प्रचार, प्रसार का उल्लेख है। इसमें ग्रन्थिक या कथकों का स्पष्ट उल्लेख है। पाणिनि-काल में ही शोभनिकों ने कंस-वध या बलिबन्धन का अभिनय किया था।

भारतीय नाट्य-परंपरा के अनुसार नाटक को पंचम् वेद माना गया है जिसे द्विजात्येतर तथा स्त्रियों के मनोरंजन के लिए चार वेदों से संवाद, गान, अभिनय और रसों को लेकर बनाया गया था। पहले-पहल नाटक का अभिनय एक धार्मिक पर्व पर इन्द्रध्वज के सम्मानार्थ किया गया था इसमें गन्धर्व एवं अप्सराओं ने भाग लिया था।

कुछ लोग भारतीय नाट्य-परंपरा का मूल स्रोत ग्रीक नाटक मानते हैं और यवनिका शब्द की व्युत्पत्ति 'यवन देश से आने वाली' करते हैं। कुछ लोगों का कथन है कि पाँच अङ्क, दृश्यों का विधान, नेपथ्य, प्रवेश और प्रस्थान आदि पर ग्रीक प्रभाव है किन्तु इन नाट्य-तत्त्वों का विकास भारत में स्वतन्त्र रूप से हुआ जिसका समर्थन कोनो ने किया है।[1]

बालचरित

शीर्षक—

प्रस्तुत नाटक के नाम में दो शब्द जुड़े है, बाल और चरित। बाल (श्री कृष्ण) के चरित का नाटकीय वर्णन इसमें प्राप्त होता है।

---

१. Konow has observed that the Grecian drama and the Indian drama are absolutely different in character. —Bhasa : A Study-180

नाट्य-प्रकार—

बालचरित एक नाटक है और इसमें नाटक के सभी तत्वों का सम्यक् समावेश किया गया है। इसका कथानक प्रख्यात है, नायक धीरोदात्त है। यद्यपि इस नाटक में स्त्री पात्रों का भी सन्निवेश पर्याप्त है तथापि नायिका के रूप में किसी का अवतरण नहीं हुआ और न शृङ्गार रस का ही समिनिवेश हुआ है। प्रस्तुत नाटक में कुल पांच अंक हैं। कृष्णकथा प्रमुख और संकर्षण-कथा गौण (पताका) रूप में आई है।

रस—

इस नाटक में ("एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा।" के अनुसार) वीर रस प्रमुख, एवं भयानक, अद्भुत, रौद्र आदि अङ्ग रूप में आए हैं। वीर के बाद अद्भुत रस की ही प्रमुखता है। जब बालक के प्रभाव से अनेक असम्भव कार्य सम्भव होने लगते हैं तो दर्शक आश्चर्यचकित रह जाता है, जैसे अर्धरात्रि के गहनान्धकार में प्रकाश का होना, यमुना का वसुदेव-संतरण के लिए मार्ग देना, अनेक दिव्यायुधों का अवतरण और नन्दकुमारिका का पुनर्जीवन आदि आदि। इन घटनाओं से दामोदर के दिव्याऽदिव्यत्व का प्रतिपादन होता है। देवकी का निम्नांकित रूप करुणा की अनेक धाराएँ प्रस्रवित करता है—

'अगणितपरिखेदा याति षण्णां सुताना-
मपचयगमनार्थं ससमं रक्षमाणा।
बहुगुणकृतलोभा जन्मकाले निमित्तैः
सुत इति कृतसंज्ञं कंसमृत्युं वहन्ती॥'[1]

(छः पुत्रों के विनाश से अत्यन्त शोक में संतप्त सातवें पुत्र की रक्षा करती हुई, जन्म के शुभ शकुनों से (उसके) अनेक गुणों से लुब्ध होकर 'पुत्र' ऐसा नाम रख कर कंस की मृत्यु को ले जा रही है)।

इसी प्रकार देवकी की मनःस्थिति और शारीरिक स्थिति की विषमता का द्योतक यह श्लोक—

'हृदयेनेह तत्राङ्गैर्द्विधाभूतेव गच्छति।
यथा नभसि तोये च चन्द्रलेखा द्विधा कृता॥'[2]

कितना कारुणिक बन पड़ा है।

---

१. बालचरितम् (१, १०)

२. बालचरितम् (१, १२)

रौद्र और भयानक रसों का आस्वादन राजा कंस के कथनों से होता है।[1] शाप का प्रस्तुत रूप बड़ा ही भयानक है तथा स्वयं उसका उद्बोध कितना निर्मम एवं रोमांचकारी है—

> 'श्मशानमध्यादहमागतोऽस्मि
>
> चण्डालवेषेण विरूपचण्डम्।
>
> कपालमालातिविचित्रवेषः
>
> कंसस्य राज्ञो हृदयं प्रवेष्टुम् ॥'[2]

राजा कंस के स्वप्न बड़े ही भयानक हैं।

हास्य का सृजन कंस की मृत्यु के बाद यादव कुल का राज्य होने पर ग्वालों के द्वारा बड़ी स्वाभाविकता से हुआ है जैसे—

गोपालकाः सर्वे—'हि हि गोपालकानां राज्यं संवृत्तं' आदि। भगवान विष्णु के प्रति अगाध भक्ति के प्रदर्शन से शान्त रस का समावेश होता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भास की प्रस्तुत नाट्य-कृति में शृंगार को छोड़ कर अन्य सभी रसों का सम्यक् समावेश हुआ है।

पहला अङ्क

कथानक—

नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार मंगलाचरण करता है। भगवान् विष्णु के वामनावतार, रामावतार एवं कृष्णावतार की प्रशंसा करने के पश्चात् श्रोताओं को कुछ सूचित करने के लिए जब वह आकुल रहता है तभी आकाश में संचरण करने वाले महर्षि नारद का रंगमंच पर आगमन होता है। उन्हें अन्तरिक्ष के शान्त वातावरण में, स्वभाव से कलहप्रिय होने के कारण शान्ति नहीं मिलती। वे लोकहित के लिए तथा कंस के संहार के लिए देवकी के घर उत्पन्न हुए विष्णु के दर्शन के लिए आते हैं। नारद जी दुखित देवकी को हाथ में नवजात शिशु लेकर धीरे-धीरे वसुदेव की ओर जाती हुई देखते हैं। बालक कृष्ण के रूप में नारायण को देख उनकी प्रदक्षिणा करके नारद जी ब्रह्मलोक को जाते हैं। यहीं से मूल कथानक प्रारम्भ होता है।

देवकी शिशु को हाथ में लेकर प्रवेश करती है। उसका मुख मलिन और शरीर चिन्ता से बोझिल है। कंस ने उसके छः बच्चों की हत्या कर डाली है। यह बालक उसे कंस की मृत्यु का स्वरूप मालूम होता है। देवकी अपने पति से बालक को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने और उसकी कंस से रक्षा करने को कहती है। अर्ध रात्रि, निस्तब्धता एवं गहनान्धकार में स्वयं

---

१. देखिए—वही (२, १-४) २. ,, ,, (२, ५)

वसुदेव भी नहीं जानते कि वालक को कहाँ ले जाएँ । वे देवकी को अन्तःपुर में जाने के लिए कह कर स्वयं मथुरा नगरी के वाहर जाना चाहते हैं । नगर के वहिर्द्वार पर पहुँच कर उन्हें नारायण की कृपा से कुछ प्रकाश दिखायी देता है । कुछ आगे वर्षा-काल की भरी हुई यमुना दिखायी देती है । नारायण की कृपा से उसका जल दो भागों में वँट जाता है । उस पार पहुँच कर कृष्ण को समीपस्थ आभीर-ग्राम के नन्द गोप के यहाँ ले जाने को जव तक सोचते हैं तव तक मृत पुत्री को लेकर स्वयं नन्द गोप आ उपस्थित होता है । शोकपूर्ण नन्द गोप को देखकर वसुदेव उसे समझाते हैं कि वह मरी हुई पुत्री को त्याग कर वालक कृष्ण को ग्रहण करे । मृत वालिका को वहीं छोड़कर अपनी शुद्धि के लिए जव भूमि खोदता है तभी नन्द गोप को भूमि से निकलने वाली जल की चार धाराएँ प्राप्त होती हैं । वह शुद्ध होकर वालक कृष्ण को ग्रहण करता है और उसकी गुरुता से आश्चर्यान्वित होता है और वसुदेव के निर्देशानुसार वह वालक की प्रार्थना करता है कि वह हल्का हो जाए । इसी समय पाँच, विष्णु के आयुध और गरुड़ रंगमंच पर आकर वालक की स्तुति करते हैं और गोप वंश में उत्पन्न होने का निश्चय भी करते हैं । नन्द गोप वालक के सुचारु रूप से पालन-पोषण करने का वचन देकर प्रस्थान करता है । वसुदेव मथुरा लौटने का विचार करते हैं। इसी वीच मृत वालिका के रोने की आवाज आती है। वच्चे को लेकर पुनः रुकी हुई यमुना पार करके नगर के वहिर्द्वार से होते हुए कारागार में देवकी को सारा वृत्तान्त सुनाने के लिए और उसे धीरज वँधाने के लिए आते हैं।

दूसरा अङ्क

राजभवन में चाण्डाल युवतियाँ प्रवेश करती हैं जिन्हें देख राजा कंस को वड़ा विस्मय होता है । इसके वाद शाप भी आता है जिसका वारण स्वयं राजा करते हैं। उनके पूछने पर शाप वतलाता है कि मेरा नाम वज्रवाहु है और मैं मधूक ऋषि का शाप हूँ । चाण्डाल रूप धारण करके भयंकर वेष वनाकर राजा कंस के हृदय में प्रवेश करूँगा । राजा के सो जाने पर वह अपने सहायकों के साथ अन्दर प्रवेश करता है । राज्य श्री उसे रोकती हैं तो वह कहता है कि विष्णु की आज्ञा से कंस को त्याग कर तुम भी चली जाओ । लक्ष्मी के चले जाने पर शाप की दूतियाँ निद्रित राजा के अन्दर प्रवेश करके उसे धर्माचार से विमुख कर देती हैं। प्रतिहारी के आने पर चाण्डालिनियों के भीतर घुस आने की वात राजा उससे कहता है । प्रतिहारी के द्वारा उसे

विश्वास होता है कि यह सारी घटनाएँ सत्य नहीं दुःस्वप्न मात्र हैं। वह राजपुरोहित से दुःस्वप्न का फल पूछता है। वे सब इसे अन्तरिक्ष में निवास करने वाले नारायण के भू-लोक में जन्म लेने के कारण होने वाले विकार बतलाते हैं। कंचुकी के द्वारा कंस को देवकी के संतान होने की सूचना मिलती है। राजा को एक लड़की की उत्पत्ति में इतने बड़े परिवर्तन पर विश्वास नहीं होता अतः स्वयं वसुदेव को बुलाता है। वे भी देवकी को पुत्री हुई है ऐसा बतलाते हैं। राजा अपनी मृत्यु से अत्यन्त शंकित होने के कारण उसे भी मारने को तैयार हो जाता है। ऋषि-शाप के कारण, उत्पन्न होने वाली सातवें गर्भ की इस बच्ची को लेकर कंस शिला पर पटकता है। उसका एक भाग भूमि पर और दूसरा आकाश में अनेक तीखे शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित दिखाई पड़ता है। देवी के पार्षद, कुण्डोदर, शूल, नील, मनोजव आदि उनकी आज्ञा से ग्वालों के घर जन्म लेते हैं। इतने में रात्रि समाप्त हो जाती है और राजा कंस जगकर दुःस्वप्न के शांत्यर्थ शान्ति-पाठ करने के लिए पूजा-गृह में जाते हैं।

तीसरा अङ्क

प्रवेशक के पहले ग्वालों के द्वारा हमें यह सूचना मिलजाती है कि जिस दिन से भगवान् कृष्ण का प्रादुर्भाव हुआ उसी दिन से व्रज में सुख और समृद्धि की वर्षा होने लगी। पशु नीरोग, वृक्ष फलयुक्त और लताएँ पुष्पाच्छादित हो गईं। वृद्ध गोपालक बालक की अनेक अद्भुत लीलाओं का तथा पूतनादि राक्षसों का वध भी वर्णन करते हैं जिससे कृष्ण के बढ़ने की सूचना मिलती है। दामोदर और संकर्षण भी गोप–कन्याओं और गोप–कुमारों के आमोद-प्रमोद का वर्णन करते हुए स्वयं भी सबके साथ हल्लीसक नृत्य करते हैं। इसी समय अरिष्ट वृषभ नामक दैत्य आता है जिसे बालकृष्ण सबके सामने सहज ही मार डालने को प्रस्तुत होते हैं। अरिष्टर्षभ कहता है कि आज मैं वृषभ का रूप धारण करके शत्रु पर अपनी सारी शक्ति से आक्रमण करके उसे मार डालूँगा और फिर वृन्दावन में सुखपूर्वक चरूँगा। मेरे गर्जन को सुनकर देव-रमणियों का गर्भपात हो जाता है, और मेरे खुरपुट के प्रहार से विस्तृत पृथ्वी थरथराने लगती है। जब वह कृष्ण को अपने सम्मुख निर्भीकता से खड़ा हुआ देखता है तो उसे बड़ा आश्चर्य होता है। भगवान् दामोदर कहते हैं कि मैं भय को नहीं जानता। इस पृथ्वी-तल पर भयभीतों को निर्भय करने ही आया हूँ। दैत्य उन्हें बालक समझता है किन्तु स्वयं श्रीकृष्ण अनेक बालकों के निर्भय कर्मों का उल्लेख

करके अपनी असामान्यता सिद्ध करते हैं। अरिष्टर्षभ उन्हें अपनी जाति के अनुकूल अस्त्रों को ग्रहण करने के लिए कहता है। इस पर दामोदर अपने भुजदण्डों को ही अपना स्वाभाविक शस्त्र बताते हैं। वे अपने एक पैर को पृथ्वी पर रख कर उस राक्षस से उसे हिलाने को कहते हैं पर वह ऐसा नहीं कर पाता। तत्पश्चात् उसे विश्वास होता है कि यह बालक त्रिलोक को धारण करने वाले स्वयं पुरुषोत्तम ही हैं अतएव इनके द्वारा मारे जाने पर मुझे मोक्ष की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी। दामोदर उसे उठाकर पृथ्वी पर वज्र से आहत कज्जल गिरि के सदृश फेंक देते हैं। उसके रुधिर से मुख, नेत्र और नाक भींग जाते हैं। उसका शरीर थरथराने लगता है और तदनन्तर वह मर जाता है। दामक आकर यमुना नद में उठे हुए कालिय नामक नाग की सूचना देता है। दामोदर उस गर्वीले सर्पराज का गर्व खर्व करने के लिए, गो ब्राह्मण के हित के लिए उसे निष्प्रभ और शान्त करने की प्रतिज्ञा करते हैं।

चौथा अङ्क

दामोदर अपने पीछे आने वाली सर्पराज से भयभीत गोप-कुमारियों का वर्णन करते हैं। रंगमंच पर मत्त चक्रवाक के बच्चे की भाँति नेत्रों वाली, ईषत् प्रस्फुटित यौवन वाली, अधरोष्ठ की कान्ति से और भी अधिक मनोज्ञ। बिखरे हुए केश की पुष्पमाला और गिरते हुए उत्तरीय वाली गोप-कन्याएँ आती हैं। वे कृष्ण को क्रूर सर्पराज के निवास वाले नद में प्रवेश करने से मना करती हैं। किन्तु दामोदर उन्हें आश्वस्त करते हैं कि वे गम्भीर जल में जाकर कालिन्दी में रहने वाले सर्प को बाहर निकाल फेंकेंगे। संकर्षण गोपियों को धैर्य देते हुए प्रचण्ड ज्वाला को उगलने वाले भयानक एवं विस्तृत फणों वाले सर्पराज को कृष्ण को देखकर विनम्र होता हुआ बतलाते हैं। वृद्ध गोपालक कृष्ण के साहस पर चकित होकर पलाश पर चढ़कर ध्यान लगाता है। संकर्षण काले नाग के फणों पर स्थित कृष्ण को दिखाते हैं जो कि इस समय काले मेघ पर स्थित इन्द्र की भाँति मालूम पड़ते हैं। दामोदर नाग को वश में करके हल्लीसक नामक नृत्य करते हैं। कालिय अपनी प्रखर एवं विषैली ज्वाला से सारे संसार को भस्म कर डालने की धमकी देता है किन्तु दामोदर की एक भुजा को तनिक भी नहीं जला पाता। कालिय दामोदर की प्रभुता से पराभूत होकर उनका वन्दन करता है और अन्त में अपनी रानियों के सहित कृष्ण की शरण में आता है। कृष्ण के पूछने पर यमुना ह्रद में अपने निवास का कारण गरुड़

का भय बतलाता है और भगवान् से अभय-दान की याचना करता है। दामोदर कहते हैं कि तुम्हारे मस्तक पर मेरा चरण-चिह्न देखकर गरुड़ तुम्हें छोड़ देगा। कालिन्दी नद से वह सपरिवार निकल जाता है। दामोदर नद से लाए हुए पुष्पों को सभी ग्वालबालों को देते हैं और गोप-गोपियों को सर्वदा के लिए अभय प्रदान करते हैं। इसी समय भट आकर महाराज कंस का निमंत्रण देता है और मथुरा में होने वाले महाधनु नामक महोत्सव में साथियों के सहित आने की प्रार्थना करता है। भगवान् दामोदर गिरे हुए रत्न मुकुट वाले, बिखरे बालों वाले और टूटे हुए हार वाले कंस को, सिंह शावक की भाँति गर्वीले हाथी को मारने की प्रतिज्ञा करते हैं।

पाँचवाँ अङ्क

राजा कंस अपने इस निश्चय से बड़ा ही प्रसन्न होता है कि वह अत्यन्त पराक्रमी कृष्ण और बलराम को व्रज से धानुषोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आने पर उन्हें मल्लशाला में योद्धाओं से लड़ाकर आज मरवा डालेगा। वह बारम्बार ध्रुवसेन से नन्दगोप-कुमार के आगमन को पूछता है। भट ध्रुवसेन बतलाता है कि दामोदर और संकर्षण ने धोबी से वस्त्र छीन कर महाबलशाली उत्पलापीड हाथी के दाँत को उखाड़ कर उसे मार डाला। भट पुनः बतलाता है कि अनेक मालाओं, अगरु, धूप आदि सुगन्धित द्रव्यों तथा ध्वजाओं से सजाए हुए राज-पथ से आकर राज-कुल के द्वार पर स्थित मदनिका नामक कुब्जा से सुगंधित द्रव्य लेकर उसके कुब्जात्व को दूर कर दिया। मालियों के बाजार से पुष्पों को लेकर और उन्हें मारकर धनुप-शाला की ओर गए हैं। पुनः राजा के द्वारा पूछे जाने पर बताता है कि धनुपशाला के रक्षक सिंहबल को मार कर धनुप के दो टुकड़े करके इस समय सभामण्डप की ओर गये हैं। राजा भट को आज्ञा देता है कि वह चाणूर और मुष्टिक को भेजे, यादव-कुमारों से कहे कि वे द्वन्द्व के लिए तैयार हो जाएँ। राजा भवन के ऊपर जाकर द्वन्द्व-युद्ध देखता है। चाणूर और मुष्टिक अपनी-अपनी विशेषताओं को बतलाते हुए युद्ध-भूमि पर उतरते हैं। दामोदर और संकर्षण भी आते हैं। दामोदर बतलाते हैं कि जब तक मैं कंस को न मार लूँ, मुझे सन्तोष नहीं। कृष्ण को देखकर राजा कहता है कि इनके द्वारा किए गए उग्र कर्म कोई असम्भव नहीं हैं। दुन्दुभी-वादन के साथ युद्ध प्रारम्भ होता है और चाणूर तथा मुष्टिक का वध दामोदर और बलराम कर डालते हैं। एकत्रित हुई मथुरा की सेना को वसुदेव आकर समझाते हैं और दामोदर तथा संकर्षण का परिचय देते हैं। दोनों उन्हें प्रणाम करते हैं।

वसुदेव उन्हें सदा विजयी होने का आशीर्वाद देते हैं और सत्पुत्रों के पैदा करने से अपने को धन्य मानते हैं। वसुदेव भट से कहते हैं कि दामोदर की आज्ञा से महाराज उग्रसेन को कारावास से मुक्त करके तथा अभिषेक करके यहाँ बुला लाओ। देवतागण दुन्दुभी बजाते और आकाश से पुष्पवृष्टि करते हुए कंस के निधनकर्ता की पूजा के लिए उपस्थित होते हैं। वसुदेव दैत्य-विनाशक सर्वजित वासुदेव की आज्ञा से उग्रसेन को पुनः राज्य मिलने की घोषणा करते हैं। उग्रसेन आकर भगवान् की प्रार्थना करते हैं तत्पश्चात् नारद कंस के वध के पश्चात् देवताओं की आज्ञा से गन्धर्व-अप्सराओं के सहित विष्णु की पूजा के लिए देवलोक से भूलोक पर आते हैं। दामोदर उनका सत्कार करते हैं। गन्धर्व और अप्सराएं गाती हैं। उनकी स्तुति से दामोदर प्रसन्न हो जाते हैं और अपना परिश्रम सफल जानकर वे देवलोक वापस चले जाते हैं। यहीं परम्परित भरत-वाक्य के बाद नाटक समाप्त होता है।

मूल कथानक से अन्तर :—

प्रस्तुत नाटक को पढ़ कर यह मालूम होता है कि कवि ने अपनी काव्य-प्रतिभा, कल्पना एवं मौलिकोद्भावना से पर्याप्त सहायता लेकर इसके कथानक का संघटन किया है। यद्यपि बालचरित के स्रोतों का अन्तिम निर्णय नहीं दिया जा सकता तथापि कृष्ण के विषय में प्रचलित किम्वदन्तियों का लेखक ऋणी है, इसमें दो मत नहीं। अगाध पानी के द्वारा मार्ग दिए जाने वाली घटना अभिषेक में भी वर्णित है। प्रेमसागर में भी इस प्रकार की अद्भुत घटनाओं की कमी नहीं। हरिवंशपुराण तथा अन्य पुराणों में भी कृष्ण-लीला का यह रूप नहीं प्राप्त होता। कोनो के मतानुसार भास-प्रणीत बालचरित नाटक पर्याप्त प्राचीन है क्योंकि इसमें न तो राधा का ही उल्लेख है और न शृंगारिक प्रसंगों का ही। महाभारत और पुराणों में नन्दगोप की पुत्री का पहले से ही मृत होना तथा कृष्ण का सातवाँ पुत्र होना नहीं वर्णित है। वास्तव में वे आठवें पुत्र थे।

प्रमुख विशेषताएँ :—

महाकवि भास प्रणीत सम्पूर्ण नाटक-चक्र में अनेक समानताएँ हैं जिससे स्पष्ट होता है कि कलेवर और कथावस्तु में पर्याप्त अन्तर होने पर भी सब में एक ही आत्मा अनुस्यूत है। बालचरित में भी बहुत सी घटनाएँ सम्वाद और नाटकीय विधान अन्य भास प्रणीत नाटकों के समान है। बालचरित

में पंचरात्र की भाँति आमोद-प्रमोद मय ग्वालों के जीवन की झाँकी मिलती है। उनके पर्वों, उत्सवों और त्योहारों में नाटक ने पर्याप्त स्वाभाविकता ला दी है। इन्द्रमहा और धनुर्महा पर्वों का उल्लेख आभीर जन-जीवन से लेखक का प्रगाढ़ परिचय द्योतित करता है। बालक दामोदर और संकर्षण तथा उत्तेजित सेना पंचरात्र के अभिमन्यु की सहज ही याद दिलाते हैं। निर्जीव शस्त्रों का सजीव रूप में रंगमंच पर अवतरण 'दूत वाक्य' में भी हो चुका है। नारद का प्रादुर्भाव कुछ ऐसी ही परिस्थितियों में 'अविमारक' में हुआ है। प्रस्तुत नाटक में जिस प्रकार कंस के दुर्दिन आने पर उनकी राज्य लक्ष्मी उन्हें छोड़कर चली जाती है (बालचरित २ अंक) ठीक उसी प्रकार 'अभिषेक' (५; ४, ५;) में रावण को छोड़ कर लंका भी चली जाती है।

सम्वाद-तत्व की दृष्टि से भास बड़े सफल रहे हैं। इनके वाक्य छोटे चुस्त, नाटकीय एवं भावपूर्ण होते हैं जिसकी म० म० गणपति शास्त्री ने बड़ी प्रशंसा की है।[१] इनकी भाषा बड़ी ही सरल और प्रवाहमयी है जैसे—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥[२]

उक्त श्लोक की सरल भाषा डा० विंटरनित्ज द्वारा प्रशंसित हुई है। जहाँ भावनाएँ गहन या परिस्थिति जटिल हो गई है वहाँ कथोपकथन में विशेष गति दृष्टिगोचर होती है। अरिष्टर्षभ और दामोदर, कालिय और दामोदर, चाणूर और दामोदर, मुष्टिक और संकर्षण आदि के संवाद इसी प्रकार के हैं।

भाषा की पात्रानुकूलता और समर्थ अभिव्यंजना-शक्ति भास की अपनी विशेषता है। कथोपकथन के बीच पद्य का सम्मिश्रण मणि-कांचन-संयोग हुआ है। कहीं-कहीं पद्य के छोटे-छोटे टुकड़े सम्वाद-तत्व को और भी प्रभावोत्पादक बनाते हैं जैसे प्रस्तुत नाटक के पंचम अंक में संकर्षण और दामोदर के सम्वाद रूप में आया हुआ दसवाँ श्लोक।

बालचरित में भी काल की एकता की कमी खटकती है। प्रथम अंक के अन्त में जब वसुदेव कृष्ण को नन्दगोप के हाथों में देते हैं तो रात्रि के

---

१. 'The sentences are everywhere replete with a wealth of ideas beautifully expressed, which cultured minds will easily appriciate.'
—Critical Study P. 27.

२. बाल चरितम् (१, १५)

पर्यवसान का वर्णन है और तत्पश्चात् वसुदेव जब मथुरा को पहुँचते हैं तो मथुरावासियों को रात्रि की मोहक निद्रा में निमग्न पाते हैं।

भास की प्रौढ़ वर्णन-शैली के अनेक काव्यात्मक रूप बालचरित में उपलब्ध होते हैं। प्रसाद, ओज एवं माधुर्य गुण से युक्त इनके अनेक श्लोक पात्रों के स्वरूप एवं गुणों को उद्घाटित करने में समर्थ हैं। उपमा, रूपक, यमक और दृष्टान्तादि अलंकार कवि को बड़े प्रिय हैं। रात्रि के घनान्धकार का वर्णन 'अविमारक' और 'चारुदत्त' के अतिरिक्त 'बालचरित' (१; १५, १६, १९) में बड़ी कलात्मकता के साथ हुआ है। नन्द गोप के द्वारा किया गया रात्रि के अन्धकार और नीरवता का बड़ा ही आलंकारिक वर्णन हुआ है—

दुर्दिनविनष्टज्योत्स्ना रात्रिर्वर्तते निमीलिताकारा।
संप्रावृतप्रसुप्ता नीलनिवसना यथा गोपी॥

इसमें चन्द्रमा के मेघाच्छन्न होने से रात्रि के अन्धकार की उपमा नीले वस्त्रों में अपने को ढँक कर सोई हुई गोपी से दी गई है। भास ने अधिकांश उपमान के रूप में मन्दर, (१; ६, १४, ४; ११) मेरु (२; ६,) अञ्जन-पर्वत (३; १४), गिरि (३; १५) तथा जलनिधि (५; १२) अम्भोद (५; ७) मेघ पर स्थित इन्द्र, कार्तिकेय (२; २२) शक्तिधर (२; २३) आदि का प्रयोग किया है। वसुदेव के हाथों में नवजात शिशु को सौंप कर अन्तःपुर में जाती हुई देवकी के वर्णन में—

हृदयेनेह तत्राङ्गैर्द्विधा भूतेव गच्छति।
यथा नभसि तोये च चन्द्रलेखा द्विधा कृता॥

शोकार्ता देवकी की उपमा चन्द्रमा से करके कवि आन्तरिक भावों को परिस्थिति के अनुकूल परिवर्तित करने में समर्थ हो सका है।

महाकवि भास भयभीत गोपियों का रूप-चित्रण बड़े ही मनोवैज्ञानिक ढंग से कर सके हैं। अनुभाव और शारीरिक चेष्टाओं का वर्णन पाठक के समक्ष गोपियों के प्रकृत भोलेपन का ऐन्द्रिय चक्षु-चित्र उपस्थित करता है—

एता मत्तचकोरशावनयनाः प्रोद्भिन्नकप्रस्तनाः
कान्ताः प्रस्फुरिताधरोष्ठरुचयो विस्रस्तकेशस्रजः।
सम्भ्रान्ता गलितोत्तरीयवसनास्त्रासाकुलव्याहता-
स्त्रस्ता मामनुयान्ति पन्नगपतिं दृष्ट्वैव गोपाङ्गनाः॥

प्रथम पंक्ति में 'मत्तचकोरशावनयनाः', 'प्रोद्भिन्नकम्रस्तनाः' एवं 'कान्ताः प्रस्फुरिताधरोष्ठरुचयः' गोप कुमारियों के सौन्दर्य, यौवन एवं कान्ति का द्योतक है तो 'विलस्तकेशलजः', 'सम्भ्रान्ताः', 'गलितोत्तरीयवसनाः', 'त्रासाकुलव्याहृताः' एवं 'त्रस्ता मामनुयान्ति' आदि से उनकी भयभीत मनःस्थिति की समर्थ अभिव्यञ्जना होती है।

चरित्र-चित्रण

प्रस्तुत नाटक में कुल २६ पुरुष पात्र और १० से अधिक स्त्री पात्र हैं। किन्तु इनमें से दामोदर, वसुदेव, कंस, नन्दगोप, संकर्षण और देवकी प्रमुख चरित्र हैं। प्रस्तुत नाटक के नाम के अनुसार इसके नायक कृष्ण ही ठहरते हैं। उपनायक के रूप में संकर्षण और खल नायक के रूप में कंस को लिया जा सकता है।

दामोदर :—

भगवान् कृष्ण या दामोदर को ब्रह्म का सोलह कलाओं से युक्त अवतार माना गया है।[1] नर विग्रह में भगवान् का यह अवतरण 'भीतानामभयं दातुं' तथा 'दानवानां वधार्थाय' होता है अतएव दामोदर दिव्यादिव्य नायक हुए। इनकी अनन्त शक्ति, अलौकिक सौन्दर्य एवं अद्भुत पराक्रम का दिग्दर्शन अनेक स्थानों पर होता है। महर्षि नारद ने अपनी स्तुति में इनके रूप, शक्ति और गुण की प्रशंसा की है।[2] दामोदर की उत्पत्ति से ही अनेक अलौकिक घटनाएँ घटित होती हैं तथा 'सुत इति कृतसंज्ञा कंसमृत्युं वहन्ती' से फल-प्राप्ति की ओर संकेत होता है। वसुदेव और नन्दगोप इनके विशेष गुरुत्व का अनुभव करते हैं और 'गिरिमिव मन्दरं'[3] के द्वारा इसकी वारम्वार पुष्टि भी हुई है। तृतीय अंक के प्रारम्भ से प्रवेशक के रूप में कृष्ण के वाल-चरित का विवरण वृद्ध गोपालक उपस्थित करता है। रमणीय गोपांगनाओं और प्रमुदित गोपकुमारों के साथ हल्लीसक नृत्य में रत दामोदर जब संहार-मूर्ति अरिष्टर्षभ के आने की सूचना पाते हैं तो उससे अकेले ही निपटने के लिए परिकरवद्ध हो जाते हैं। अरिष्टर्षभ भी वालक के अद्भुत साहस और पराक्रम को देखकर अभिभूत हो जाता है। कृष्ण भी निःशस्त्र ही उससे लड़ने को प्रस्तुत होते हैं।

भोली गोप-कुमारिकाओं को वालकृष्ण के अद्भुत पराक्रम पर सहसा विश्वास नहीं होता। वे इन्हें वार-वार कालिन्दी में कूदने से मना करती हैं किन्तु उनके प्रवेश करते ही प्रचण्ड नाग शंकित होकर इन्हें नमस्कार करता है। दामोदर उसके गर्व को खर्व करके शीघ्र ही यमुना नद को आपद्रहित कर देते हैं। दामोदर

१. कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्। २. (१; ६–८) ३. (१; ६, १४)

कंस—

द्वितीय अंक में भयभीत और भविष्य के प्रति शंकित राजा कंस हमारे सम्मुख आता है। उसे अपने पौरुष पर गर्व और दृढ़ आत्मविश्वास है।[1] वह भयंकर शाप को देख कर भी डरता नहीं। जब वह उसके हृदय में प्रवेश करने को उद्यत होता है तो कंस इसे उसकी एक असम्भव प्रार्थना मानता है। अप-शकुन के होने का कारण कंचुकी के मुख से भगवान् का जन्म सुनकर वह उनका पता लगाता है और बाद में देवकी को ही लड़की हुई है ऐसा जानकर उसे आश्चर्य होता है। वसुदेव यद्यपि दुखित और प्रताड़ित है फिर भी असत्य नहीं बोलेगा ऐसा उसे दृढ विश्वास है। किन्तु वसुदेव के आंशिक असत्य ने भी उसकी इस धारणा को अन्यथा नहीं किया। कंस देवकी की प्रार्थना पर भी कन्या-वध को प्रस्तुत हो जाता है। अनेक दानवों के विनाश के बाद उसे दामोदर की अलौकिक शक्ति पर विश्वास हो जाता है और वह कहता है कि—

मदमत्त गजराज की भाँति गम्भीर एवं सविलास गति वाले दृढ़ स्कन्ध, भुजा और मांसल तथा विस्तृत वक्षःस्थल वाले, शोभा से युक्त, कृष्ण वर्ण के इस दामोदर के पहले सुने हुए चरित्र आश्चर्यजनक (झूठे) नहीं हैं किन्तु यह तीनों लोकों को परिवर्तित करने में समर्थ हैं।[2]

वह ललित गम्भीर आकृति वाले बलराम की भी प्रशंसा ही करता है।[3]

नन्दगोप :—

नन्दगोप अपनी नवजात पुत्री के शव को वहन करता हुआ रंगमंच पर आता है। इसका विलाप बड़ा ही स्वाभाविक और हृदय-विदारक है। सामान्य प्राकृतभाषी गोप होने पर भी उसकी भाषा समर्थ और भावात्मक है। बादलों से चन्द्र के ढकने पर नीरव रात्रि की उपमा नील-निवसना गोपी के साथ देना इसकी असाधारण सूझ का द्योतक है। यह एक भीरु और शंकालु गोप के रूप में चित्रित किया गया है। उसमें हीनता की ग्रन्थि सर्वदा विद्यमान है। वह स्वयं कहता है कि मेरा बल दुष्ट से दुष्ट बैल को वश में करने और बर्तनों से लदी गाड़ी को कीचड़ से निकालने तक ही सीमित है। वसुदेव के पूछने पर वह कुमार के लिए कहता है कि इसे पूरे आभीर ग्राम में दूध पीने, दही और मक्खन खाने तथा खीर और मट्ठा खाने की पूरी स्वतन्त्रता रहेगी। यहाँ तक कि गोप बस्ती में यह बालक स्वामी बनकर रहेगा।

---

१. बालचरित (२; ३) २. बालचरित (५; ८)
३. बालचरित (५; ९)

संकर्षण :—

संकर्षण का कोई अलग व्यक्तित्व हमारे सामने नहीं आता। ये दामोदर के सहायक रूप में ही आते हैं फिर भी इनका रूप-सौन्दर्य और बल प्रभावशाली है। मुष्टिक को मारने की दृढ़ प्रतिज्ञा करके जब ये कंस के सम्मुख आते हैं तो वह इनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। इनको कृष्ण की अतुल शक्ति पर सबसे अधिक विश्वास था।

देवकी—

देवकी का चित्रण एक पुत्रवत्सला माता के रूप में हुआ है। वह प्रारम्भ में ही एक ओर तो अपने होनहार बालक की ओर देखती है पर दूसरी ओर जब कंस की क्रूरता को सोचती है तो उसे अपना ही भाग्य-दोष दिखाई देता है। वसुदेव उसके अनेक गुणों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं। उसकी पुत्र-वत्सलता सीमा-रहित है। वह अपने पुत्र को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने के लिए उत्सुक है किन्तु उसका मातृ-हृदय शिशु को सहज ही अलग नहीं होने देता और वह कह उठती है—

देवकी—आर्यपुत्र ! मैं इसे नजर भर कर देखना चाहती हूँ।[1] वह अपने बच्चे के बारे में कभी भी अमंगल नहीं सुनना चाहती। उसे विश्वास है कि कंस उसके इस बच्चे की मृत्यु का कारण नहीं हो सकता। अपनी गोद के हँसते-खेलते छः बच्चों की हत्या देखकर उसका हृदय कैसे न विदीर्ण होता। भाग्यवश प्राप्त हुई बेचारी नन्हीं सी बच्ची के प्रति भी जब वह दया न उत्पन्न करा सकी तो उसे कितनी ग्लानि हुई होगी इसका अनुमान वसुदेव के निम्नलिखित वाक्य से हो सकता है—

शौरसेनी-पुत्र, तपस्विनी देवकी की प्रार्थना स्वीकार कर लो। लड़कियों में स्त्रियों का अधिक स्नेह होता।[2]

उपर्युक्त पात्रों के अतिरिक्त जो पात्र हैं उनका नाटक में कोई प्रमुख स्थान नहीं है अतएव उनके चरित्र-चित्रण की कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

---

१. देवकी—आर्यपुत्र ! इच्छामि तावदेनं सुदृष्टं कर्तुम्।

२. शौरसेनीमातः ! क्रियतां तपस्विन्या देवक्या वाक्यम्। दारिकासु स्त्रीणामधिकतरः स्नेहो भवति।

—बालचरित (२ अंक)

श्लोकानुक्रमणिका

पात्र-परिचय

पुरुष पात्र

नारद : देवर्षि
वसुदेव : कृष्ण का पिता
नन्दगोप : वसुदेव का मित्र : गोकुलाध्यक्ष
उग्रसेन : कंस का पिता
दामोदर : श्रीकृष्ण, वसुदेव के पुत्र
संकर्षण : बलदेव, „ „
गरुड़ : विष्णु का वाहन
चक्र, शार्ङ्ग, शङ्ख, नन्दक : भगवान के हथियार
राजा : कंस : मथुरा का राजा
चाणूर : कंस के आश्रित पहलवान
मुष्टिक : „ „
भट : कंस का नौकर (ध्रुवसेन)
कंचुकी : „ „ (बालाकि)
शाप : शाप का अधिष्ठातृ देव
सब : रक्षा करने वाले पुरुष
कुंडोदर : कात्यायनी के नौकर
शूल : „ „
नील : „ „
मनोजव : „ „
वृद्धगोपालक : ग्वाला
दामक : „
अरिष्टर्षभ : असुरविशेष
कालिय : यमुनानिवासी महानाग

स्त्री पात्र

देवकी : श्रीकृष्ण की माता
प्रतिहारी : देवकी की द्वारपालिका
धात्री : मायादारिका की उपमाता
सब : चण्डाल युवतियाँ
कात्यायनी : देवी
सब : घोष-सुन्दरी ग्वालिन
राजश्री : राज्य की देवता
प्रतिहारी : कंस की द्वारपालिका: मधुकरिका
प्रतिहारी : कंस की द्वारपालिका: यशोधरा
कौमोदकी : भगवान् की गदा

भासनाटकचक्रे

बालचरितम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

सूत्रधारः—

शङ्खक्षीरवपुः पुरा कृतयुगे नाम्ना तु नारायण-
स्त्रेतायां त्रिपदार्पितत्रिभुवनो विष्णुः सुवर्णप्रभः ।

महाकविर्भासो बालचरितन्नाम नाटकं परिचिकीर्षुस्तस्य निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थमाशीर्वादात्मकं मंगलमाचरति–शंखक्षीरवपुरिति ।

पुरा = कदाचित् प्राचीनकाले । कृतयुगे = कृतं सत्यन्नाम च तद् युगं तस्मिन्—सत्ययुगे शङ्खक्षीरवपुः—शंख इव = कम्बुरिव क्षीरम् इव = दुग्धम् इव, वपुः शरीरं यस्य सः नाम्ना = अभिधया तु नारायणः—नरस्यायं नारः, स एव अयनं = स्थानं यस्य सः 'आपो नारा इति प्रोक्ता अयनं स्थानमुच्यते । नारायण इति ख्यातिरि'त्याद्यभियुक्तोक्तेः ॥ त्रेतायां = त्रेतायुगे सुवर्णप्रभः = सुवर्णस्य = हाटकस्य प्रभा = कान्तिरिव प्रभा यस्य सः—काञ्चनच्छविः 'शोभा-कान्तिर्द्युतिश्छविरि'त्यमरः । त्रिपदार्पितत्रिभुवनः—त्रिपदा = पादत्रयेण अर्पितं = दत्तं त्रिभुवनं = लोकत्रयं येन स विष्णुः व्यापकः (वेवेष्टि ,व्याप्नोतीति विष्णुः) =

पहले सतयुग में जो शंख और दूधके समान नारायण नाम से प्रसिद्ध थे, त्रेता युग में कुन्दन की कान्ति वाले जिस विष्णु (वामन) ने तीन पादक्रमों (पगों)

दूर्वाश्यामनिभः स रावणवधे रामो युगे द्वापरे
नित्यं योऽञ्जनसन्निभः कलियुगे वः पातु दामोदरः ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि । अये किन्तु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

अहं गगनसञ्चारी ।

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम् ।

पतत्यसौ पुष्पमयी च वृष्टिर्नदन्ति तूर्याणि च देवतानाम् ।

परमेश्वरः आसीत् स एव द्वापरे—एतन्नामके युगे = काले दूर्वाश्यामनिभः = दूर्वाश्यामसदृशः रावणवधे = दशशीर्षविनाशे रामः = दाशरथिनाम्ना प्रसिद्धः आसीत् । यः = परमेश्वरः कलियुगे = कलिकाले अञ्जनसन्निभः = अञ्जनेन = कज्जलेन सन्निभः = सदृशः सः दामोदरः—दाम = रज्जुरुदरे = कटिप्रदेशे यस्य सः कृष्णः वः = युष्मान् श्रोतॄन् सभासदः नित्यं = सर्वदा पातु = रक्षतु । नामभेदेन एक एव परमेश्वरः युगचतुष्टये युष्मान रक्षतु इति भावः ॥ १ ॥

गगने = आकाशे संचरितुं शीलमस्य, व्योमचारीति भावः ।

असौ = पुरोवर्तिनी पुष्पमयी = सुमनोमयी वृष्टिः = वर्षणं पतति—खात् पुष्पवृष्टिर्भवतीति भावः । देवतानां = सुराणाम् तूर्याणि = दुन्दुभयः नदन्ति = नादं कुर्वन्ति

से तीनों लोकों को नाप लिया था, द्वापर में दूर्वा के समान श्यामल जिस रामचन्द्र ने रावण का वध किया, और जो दामोदर कलियुग में अञ्जन के समान कृष्ण शरीर वाले हैं वे सर्वदा तुम लोगों (नाटक सुनने और देखने वालों) की रक्षा करें ॥ १ ॥

मैं आप महानुभावों को सूचित करता हूँ । अरे, मेरे सूचना देने में व्यग्र होने पर यह कैसा शब्द सुनाई पड़ता है ? अच्छा, देखता हूँ ।

(नेपथ्य में)

मैं आकाश में घूमने वाला हूँ ।

सूत्रधार—अच्छा, समझ गया ।

यह (आकाश से) पुष्पवृष्टि हो रही है । देवताओं की भेरी बज रही है ।

द्रष्टुं हरिं वृष्णिकुले प्रसूतमभ्यागतो नारद एष तूर्णम् ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

स्थापना

(ततः प्रविशति नारदः ।)

नारदः—

अहं गगनसञ्चारी त्रिषु लोकेषु विश्रुतः ।
ब्रह्मलोकादिह प्राप्तो नारदः कलहप्रियः ॥ ३ ॥

भोः !

क्षीणेषु देवासुरविग्रहेषु नित्यप्रशान्ते न रमेऽन्तरिक्षे ।

वृष्णिकुले = वृष्णीनाम् यादवानां कुलं वंशस्तस्मिन् प्रसूतं-प्रादुर्भूतं हरिं = विष्णुं द्रष्टुम् =अवलोकयितुम् एषः=आगन्ता नारदः=नारं ज्ञानं ददातीति एतन्नामकः देवर्षिः तूर्णं =शीघ्रम् अभ्यागतः = समायातः । इति मया ज्ञातम् ॥ २ ॥

अहं=देवर्षिः गगनसञ्चारी—गगने = आकाशे सञ्चरितुं = गन्तुं शीलमस्य = व्योमयायी त्रिषु लोकेषु=त्रिभुवने 'लोकस्तु भुवने जने ।' अमरः । विश्रुतः = प्रसिद्धः कलहप्रियः—कलहः=विग्रहः प्रियः=रुचिकरः यस्य सः नारदः=एतन्नामकः ऋषिः ब्रह्मलोकात् ब्रह्मणः लोकस्तस्मात् = परमेष्ठिसकाशात् इह = अस्मिन् स्थाने प्राप्तः = समागतः ॥ ३ ॥

देवर्षिः स्वाभिप्रायं प्रकटयति—क्षीणेष्विति । देवासुरविग्रहेषु—देवाश्च असुराश्च तेषां विग्रहाः=कलहाः तेषु = सुरासुरकलहेषु क्षीणेषु=नष्टेषु नित्यप्रशान्ते=

वृष्णिकुल में उत्पन्न हुए श्री कृष्ण के दर्शन की इच्छा से नारद जी शीघ्रतापूर्वक आ रहे हैं ॥ २ ॥

(चला जाता है ।)

स्थापना

(तत्पश्चात् नारद आते हैं ।)

नारद—मैं अन्तरिक्ष में घूमनेवाला, तीनों लोकों में प्रसिद्ध, कलहप्रिय नारद ब्रह्मलोक से यहाँ आ पहुँचा हूँ ॥ ३ ॥

अरे !

देवताओं और राक्षसों में कलह के नष्टप्राय होने से सर्वदा शान्त अन्तरिक्ष में

अहं हि वेदाध्ययनान्तरेषु तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि ॥ ४ ॥

अपि च,

भक्तिः परा मम पितामहभाषितेषु
सर्वाणि मे बहुमतानि तपोवनानि ।
सत्यं ब्रवीमि करजाग्रहता च वीणा
वैराणि भीमकठिनाः कलहाः प्रिया मे ॥ ५ ॥

तद् भगवन्तं लोकादिमनिधनमव्ययं लोकहितार्थे कंसवधार्थं वृष्णिकुले प्रसूतं नारायणं द्रष्टुमिहागतोऽस्मि । अये, इयमत्रभवती

शाश्वतप्रशमोपेते अन्तरिक्षे=गगने (अहं) न रमे=रमणं कर्तुम् अशक्तोऽस्मि । अहं हि=नारदः वेदाध्ययनान्तरेषु=वेदस्याध्ययनं तस्य अन्तराणि तेषु=वेदाध्ययनान्तरकालेषु तन्त्रीश्च=महतीवीणायाः सूत्राणि वैराणि=कलहान् च घट्टयामि=संयोजयामि ॥ ४ ॥

देवर्षिः पुनरपि स्वस्वभावं वर्णयति—भक्तिरिति । मम=नारदस्य पितामहस्य=ब्रह्मणः भाषितानि=लपितानि 'लपितं भाषितं वचनं वचः ।' अमरः । तेषु—परमेष्ठिवचनेषु परा=उत्कृष्टा भक्तिः=श्रद्धा वर्तते इति शेषः । मे=मम सर्वाणि=अशेषाणि तपोवनानि—तपसः=तपश्चर्यायाः वनानि=विपिनानि तानि तपःस्थानानि बहुमतानि=अतिसम्मतानि । (अहं) सत्यम्=ऋतं ब्रवीमि=कथयामि करजाग्रः—करेजातः करजः तस्य अग्रः तेन=नखाग्रेण हता=ताडिता वीणा=महती नाम्नी । वैराणि=द्वेषाः भीमकठिनाः=अत्यन्तकठिनाः कलहाः=विग्रहाः मे=मम नारदस्य प्रियाः=प्रीतिकराः सन्तीति शेषः ॥ ५ ॥

मैं नहीं रमण करता । मैं वेदाध्ययन के मध्य वीणा का वादन और कलह की सृष्टि भी करता हूँ ॥ ४ ॥

और भी,

मेरी पितामह के वचनों में परम भक्ति है । सब तपोवन मेरे लिए सम्मान करने के योग्य हैं । मैं सत्य कहता हूँ कि उंगलियों से छेड़ी गई वीणा और कठिन से कठिन वैर तथा कलह मुझे प्रिय है ॥ ५ ॥

लोकों के आदि, अमर, अव्यय, लोकहित के लिए कंस के मारने के लिए वृष्णिकुल में उत्पन्न भगवान् नारायण को देखने के लिए आया हूँ । अरे, यह

देवकी। मायया शिशुत्वमुपागतं त्रिलोकेश्वरं प्रगृह्य वसुदेवेन सह शनैः स्वगृहान्निष्क्रामति। यैषा,

> लोकानामभयंकरं गुरुं सुराणां
> दैत्यानां निधनकरं रथाङ्गपाणिम्।
> शोकार्ता शशिवदना निशि प्रशान्ता
> बाहुभ्यां गिरिमिव मन्दरं वहन्ती ॥ ६ ॥

एष भगवान् नारायणः,

> अनन्तवीर्यः कमलायताक्षः सुरेन्द्रनाथोऽसुरवीर्यहन्ता।

नारदः देवकीं दृष्ट्वा तामुपवर्णयति—लोकानामिति।

लोकानां=त्रयाणां भुवनानाम् अभयंकरम्—करोतीति करः, अभयस्य करः, तम्=भयहर्तारं सुराणां गुरुम्=श्रेष्ठम् रक्षकमिति शेषः। दैत्यानां दानवानां निधनकरं = करोतीति करः निधनस्य करः तं, रथाङ्गपाणिं रथस्याङ्गं = चक्रं पाणौ=करे यस्य तम् = चक्रिणं श्रीकृष्णं शोकार्ता–शोकेन = दुःखेन आर्ता=पीडिता शशिवदना शशी = चन्द्र इव वदनं=मुखं यस्याः सा = चन्द्रमुखी प्रशान्ता = स्थिरा निशि = रात्रौ मन्दरं गिरिमिव = एतन्नामकमचलमिव बाहुभ्यां=कराभ्यां वहन्ती= धारयन्ती एषा देवकी गृहान्निष्क्रामतीति भावः ॥ ६ ॥

भगवन्तं दृष्ट्वा तं वर्णयति नारदः–अनन्तवीर्येति। एषः=भगवान् अनन्तवीर्यः- अनन्तं वीर्यं = पराक्रमो यस्य सः = अपरिमितपराक्रमः कमलायताक्षः–कमले इव आयते अक्षिणी यस्य सः = पद्मनेत्रः सुरेन्द्रनाथः–सुरेष्विन्द्रः तस्य नाथः =

भगवती देवकी हैं। माया से शिशुरूप को प्राप्त त्रिभुवनपति को लेकर वसुदेव के साथ धीरे-धीरे अपने घर से निकल रही हैं।

यह जो,

शोकसंतप्त चन्द्रवदनी सारे संसार को अभय प्रदान करने वाले, देवताओं के गुरु और दानवों को विनाश करने वाले चक्रधर को, रात्रि के सन्नाटे में अपनी भुजाओं से मन्दराचल की तरह धारण किए जा रही हैं ॥ ६ ॥

यह भगवान् नारायण हैं।

इनकी शक्ति का अन्त नहीं, कमल-दल के समान इनके नेत्र विशाल हैं। ये

त्रिलोककेतुर्जगतश्च कर्ता भर्ता जनानां पुरुषः पुराणः ॥ ७ ॥

हन्तैतदुत्पन्नं कलहस्य मूलम्। यावदहमपि भगवन्तं नारायणं प्रदक्षिणीकृत्य ब्रह्मलोकमेव यास्यामि। नमो भगवते त्रैलोक्यकारणाय।

नारायणाय नरलोकपरायणाय
लोकाननाय कमलामललोचनाय।
रामाय रावणविरोचनपातनाय
वीराय वीर्यनिलयाय नमो वराय ॥ ८ ॥

अमरस्वामी असुरवीर्यहन्ता-असुराणां वीर्यं तस्य हन्तीति हन्ता = दैत्यबलविघाती त्रिलोककेतुः = त्रयाणां लोकानां केतुरिव = लोकत्रयपताकेव जगतश्च कर्ता = संसारस्य च कर्ता = विधाता जनानां = लोकानाम् भर्ता = पालकः पुराणः = सनातनः पुरुषः = पुरुषविशेषः, एष नारायणः अस्तीति शेषः ॥ ७ ॥

नारदः भगवन्तं नारायणं स्तौति—नारायणायेति। नारायणाय = त्रिविक्रमाय अथ च नरावताराय नरलोकपरायणाय—नरलोको मनुष्यलोकः अन्यत्र च जललोकः परम् उत्कृष्टम् अयनं = स्थानं यस्य तस्मै लोकाननाय-लोकः = भुवनम् आननं = मुखं यस्य तस्मै = भुवनमुखाय कमलामल० कमले = पद्मे इव अमले = स्वच्छे लोचने = नेत्रे यस्य तस्मै रावणविरोचनपातनाय—रावणस्य = दशाननस्य विरोचनस्य = एतन्नामकदानवस्य च पातनं = निधनकारणम् तस्मै, वीराय = पराक्रमिणे वराय = श्रेष्ठाय वीर्यनिलयाय—वीर्यं = शौर्यं तस्य निलयः = स्थानं तस्मै रामाय = दाशरथये नमः = प्रह्वीभावः, अस्त्विति शेषः ॥ ८ ॥

देवताओं के भी अधिदेव हैं और राक्षसों की शक्ति के नाशक हैं। तीनों लोकों की पताका हैं, संसार के कर्त्ता हैं, प्राणिमात्र के पोषक और पुराणपुरुष हैं ॥ ७ ॥

अहा, यह कलह का कारण उत्पन्न हो गया। तब तक मैं भगवान नारायण की प्रदक्षिणा करके ब्रह्मलोक को चला जाऊंगा। भगवान तीनों लोकों के आदि कारण को नमस्कार है।

नरावतार, अथवा क्षीरशायी मानव लोक ही जिनका उत्कृष्ट स्थान है अथवा मानव लोक के लिए परम प्राप्य, भुवनमुख, कमलवत् स्वच्छ नेत्रों वाले, रावण का नाश करने वाले, बल के आगार, श्रेष्ठ बलवान राम को नमस्कार है ॥ ८ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

(ततः प्रविशति बालहस्ता देवकी ।)

देवकी—हद्धि, पुत्तअस्स मे महाणुभावत्तणं सूअइस्सन्दाणि जम्मसमअसमुब्भूदाणि महाणिमित्ताणि पच्चक्खीकरअन्ती अवि कंसहदअणिसंसत्तणं चिन्तअन्ती सुट्ठु ण पच्चआमि मन्दभाइणी। कहिं णु गदो अय्यउत्तो। (परिक्रम्य अग्रतो विलोक्य) अम्मो, एसो अय्यउत्तो हरिसविम्हअफुल्लणअणो इदो एव्व आअच्छदि। [हा धिक्, पुत्रकस्य मे महानुभावत्वं सूचयिष्यन्ति जन्मसमयसमुद्भूतानि महानिमित्तानि प्रत्यक्षीकुर्वत्यपि कंसहतकनृशंसत्वं चिन्तयन्ती सुष्ठु न प्रत्येमि मन्दभागिनी। क नु गत आर्यपुत्रः। अम्मो, एष आर्यपुत्रो हर्षविस्मयफुल्लनयन इत एवागच्छति।]

(ततः प्रविशति वसुदेवः)।

वसुदेवः—(सविमर्शम्) भोः! किं नु खल्विदम्,

भ्रमति नभसि विद्युच्चण्डवातानुविद्धै-
नवजलदनिनादैर्मेदिनी सप्रकम्पा।

वसुदेवः जन्मकालीनं निमित्तं पश्यन् भगवदवतारं विमृशति- भ्रमतीत्यादिना। नभसि = खे 'नभः खं श्रावणो नभाः।' अमरः। विद्युच्चण्डवातानुविद्धैः-विद्युता= चपलया 'तडित् सौदामिनी विद्युच्चञ्चला चपला अपि।' अमरः। चण्डवातेन= प्रखरवायुना अनुविद्धाः = अनुस्यूतास्तैः। नव० -नवानां = प्रत्यग्राणां 'प्रत्यग्रोऽभिनवो नव्यो नवीनो नूतनो नवः।' अमरः। जलदानां = मेघानां निनादाः =

(चला जाता है)

(हाथों में बालक को लिये देवकी का प्रवेश)

देवकी—हाय, धिक्कार है, यद्यपि जन्म के समय के शुभ शकुन मेरे बालक की महानता सूचित करते हैं, तथापि मुझ मन्दभाग्य वाली को क्रूर कंस की निर्दयता के कारण पूर्ण विश्वास नहीं होता।

(वसुदेव का प्रवेश।)

वसुदेव—(आश्चर्य से) अरे! यह सब क्या है?

आकाश में बिजली और तेज हवा से युक्त नए बादलों के गर्जन से पृथ्वी कांप

इह तु जगति नूनं रक्षणार्थं प्रजाना-
मसुरसमितिहन्ता विष्णुरद्यावतीर्णः ॥ ९ ॥

(विलोक्य) एषा देवकी,

अगणितपरिखेदा याति षण्णां सुताना-
मपचयगमनार्थं सप्तमं रक्षमाणा ।
बहुगुणकृतलोभा जन्मकाले निमित्तैः
सुत इति कृतसंज्ञं कंसमृत्युं वहन्ती ॥ १० ॥

गर्जितानि तैः सप्रकम्पा—प्रकम्पेन = वेपथुना सहिता मेदिनी=मही 'क्ष्माऽवनिर्मेदिनी मही ।' अमरः । भ्रमति = भ्रमणं करोति प्रजानां = जनानां 'प्रजा स्यात् सन्ततौ जने ।' अमरः । रक्षणार्थं = पालनार्थम् असुराणां = राक्षसानां समिति= सभा समूहः इति यावत् । तस्या हन्ता=विनाशकः इह = अस्मिन् जगति = संसारे अद्य = इदानीं विष्णुः=व्यापकः परमेश्वरः नूनं = निश्चितम् अवतीर्णः= प्रादुर्भूतः ॥ ९ ॥

(एषा वसुदेवपत्नी) षण्णाम् = रससंख्यकानां सुतानां=पुत्राणाम् अपचयो =विनाशः तस्य गमनार्थं=प्राप्तिनिमित्तकम् अगणितपरिखेदा-अगणिताः-अनन्ताः परितः खेदाः = दुःखानि यस्याः सा सप्तमम् = एतत्संख्याकं पुत्रं रक्षमाणा = रक्षन्ती जन्मकाले = प्रादुर्भावसमये निमित्तैः = शुभकारणैः बहुगुणकृतलोभा- बहुगुणैः कृतो लोभो यस्याः सा = विशेषगुणलुब्धा सुत इति = पुत्र इति कृतसंज्ञं- कृता संज्ञा यस्य तम् = विहिताभिधं कंसमृत्युं = कंसहन्तारं श्रीकृष्णं वहन्ती = धारयन्ती याति=गच्छति ॥ १० ॥

रही है। आज इस संसार में प्रजा की रक्षा और असुरों का विनाश करनेवाले विष्णु अवश्य ही अवतीर्ण हुए हैं ॥ ९ ॥

(देखकर) यह देवकी हैं।

छः पुत्रों के विनाश से अत्यन्त शोक से सन्तप्त सातवें पुत्र की रक्षा करती हुई। जन्म के शुभ शकुनों से (उसके) अनेक गुणों से लुब्ध होकर 'पुत्र' ऐसा नाम रखकर कंस की मृत्यु को ले जा रही हैं ॥ १० ॥

देवकी—(उपसृत्य) जेदु अय्यउत्तो । [जयत्वार्यपुत्रः ।]

वसुदेवः—देवकि ! अर्धरात्रः खलु वर्तते । प्रसुप्तो मथुरायां सर्वो जनः । तस्माद् यावन्न कश्चित् पश्यति, तावद् बालं गृहीत्वाऽपक्रामामि ।

देवकी—कहिं अय्यउत्तो इमं णइस्सदि । [क्वार्यपुत्र इमं नेष्यति ।]

